अदीनात्मा (त्रि.) अत्यन्त कष्ट होने पर भी जिसकी आत्मा विचलित न हो।

अदृश्यम् (न.) न देखे जाने योग्य रूप। (त्रि.) इन्द्रियों से नहीं देखे जाने योग्य।

अदृष्टम् (न.) भाग्य। नियति। शुभाशुभ रूप कर्म।

अदृष्टपूर्वः (त्रि.) पहले नहीं देखा गया।

अदृष्टि (स्त्री.) दृष्टि का अभाव। अन्धा। वक्रदृष्टि। क्रोध के साथ देखना।

अदेवमातृकः (पुं.) जिस देश में नदी या नहर आदि के जल से अन्न उत्पन्न होता है उस देश के वासी।
अद्धा (अ.) सत्यार्थक अव्यय। सामने। साफ।
अद्भुत (न.) उत्पात। विस्मय। चित्तका विस्मयनामक विकार। नवरसों में से एक रसविशेष।
अद्भुतस्वनः (पुं.) महादेव। आश्चर्यशब्द। आश्चर्यशब्दयुक्त।
अद्भरः (त्रि.) बहुत खाने वाला। भक्षणशील।
अद्य (अ.) आज का दिन। वर्त्तमान दिन।
अद्यतन (त्रि.) आज की उत्पन्न हुई वस्तु कालविशेष। बीती हुई रात का अन्तिम पहर और आने वाली रातका पहला पहर तथा समस्त दिन यह अद्यतन काल कहा जाता है।
अद्यत्वे (अ.) आज का। इस समय। संप्रति।
अद्यश्वीन (स्त्री.) आज कल में प्रसव करने वाली स्त्री। आसन्नप्रसवा।
अद्रिः (पुं.) पर्वत। पहाड़। वृक्ष। सूर्य। मान विशेष। सात की संख्या।
अद्रिकर्णी (स्त्री.) अपराजिता नाम की औषधि।
अद्रिकीला (स्त्री.) भूमि। पृथिवी।
अद्रिजम् (न.) शिलाजीत नामक औषध। (त्रि.) पर्वतपर उत्पन्न होनेवाले पदार्थ।
अद्रिजतुम् (न.) शिलाजतु।
अद्रिजा (स्त्री.) पार्वती। गिरिजा।
अद्रिजिन् (पुं.) वासव। इन्द्र।
अद्रितनया (स्त्री.) हिमालय पर्वत की कन्या। पार्वती।
अद्रिभित् (पुं.) इन्द्र। देवराज।
अद्रिभू (स्त्री.) अपराजिता नाम की लता।
अद्रिराज (पुं.) पर्वतों का राजा। हिमालय।
अद्रिसार (पुं.) लोहा।
अद्रीश (पुं.) हिमालय पर्वत।
अद्रोह (पुं.) द्रोह का अभाव।
अद्वय (न.) परब्रह्म। स्वजातीय, विजातीय और स्वगत भेद शून्य। अद्वितीय। (पुं.) बुद्ध।
अद्वयकारणम् (न.) परब्रह्म। जगत् के निमित्त और उपादान दोनों कारण।
अद्वयवादी (पुं.) वेदान्ती। बौद्ध। एक वस्तु की सत्ता माननेवाला। अद्वैतवादी। बौद्ध विशेष।
अद्वितीय (त्रि.) केवल। एक। उसके समान दूसरा नहीं। परमात्मा। श्रेष्ठ। असमान।
अद्वेष्टा (त्रि.) अद्वेषी। द्वेष न करनेवाला। हितकारी।
अद्वैत (वि.) स्वजातीय विजातीय भेदशून्य। भेदविकल्परहित। सिद्धान्त विशेष। वेदान्त सिद्धान्त।
अद्वैतवादी (पुं.) बुद्ध। (त्रि.) विवेकी ब्रह्म और आत्मा की एकता कहने वाला।
अधःक्रिया (स्त्री.) अपमान। तिरस्कार।
अधःक्षिप्त (त्रि.) नीचे की ओर मुँह करके रखा गया द्रव्य।
अधःपुष्पी (स्त्री.) एक पौधे का नाम। जिसके फूल नीचे की ओर होते हैं।
अधनः (त्रि.) भार्या, पुत्र, भृत्य आदि।
अधम (त्रि.) कुत्सित। निन्दित। (पुं.) जार। उपपतिविशेष।
अधमर्ण (त्रि.) ऋणकर्ता। ऋण लेनेवाला। कर्जखोर।
अधमर्णिकः (त्रि.) अधमर्ण। ऋणकर्ता।
अधमा (स्त्री.) नायिकाभेद।
अधमांग (न.) चरण। पाँव। पैर। पाद।
अधरः (पुं.) ऊपर या नीचे का ओठ। (त्रि.) पृथिवी से जो न मिला हुआ हो। नीचे। तल।
अधरतः (अ.) नीचे की ओर।
अधरमधुम् (न.) अधररस। अधरामृत।
अधरान् (अ.) नीचे का भाग। अधोभाग।
अधरेण (अ.) नीचे की ओर। पश्चिम दिशा।
अधरेद्युः (अ.) पर दिन। दूसरा दिन। परसों। आनेवाला परसों।
अधर्म (त्रि.) ब्रह्महत्या आदि निषिद्ध कर्मों से उत्पन्न पाप। वेदनिषिद्ध कर्म। अनेक प्रकार के दुःख देनेवाले कर्म। धर्म का विरोधी।
अधर्मज्ञ (त्रि.) अधार्मिक। धर्म न जानने वाला। धर्म को तुच्छ समझने वाला।
अधर्ममित्र (पुं.) कलियुग। (त्रि.) अधार्मिक। मिथ्यावादी।

अधश्चर (पुं.) निन्दित कर्मों मे जिसकी रूचि हो। चोर आदि। नीचे की ओर जानेवाला।
अधस्तात् (अ.) नीचार्थक अव्यय।
अधि (अ.) अधिकार। ऐश्वर्य। भाग। हिस्सा।
अधिकम् (न.) बहुत। अनेक। ज्यादा। अर्थालंकारविशेष।
अधिकरणम् (न.) आधार कारक। कर्ता और कर्म क्रिया का आश्रय। मीमांसा।
अशय्या (स्त्री.) पृथिवीपर सोना। भूमिशयन।
अधिकरणविचाल (पुं.) द्रव्य की अवस्था के भेद से संख्या का भेद करना। एक राशि को अनेक बनाना अथवा अनेक राशि को एक बनाना।
अधिकरणसिद्धान्तः (पुं.) सिद्धांत विशेष। जहां एक की सिद्धि से दूसरे की सिद्धि होती है, वह अधिकरण-सिद्धान्त है अर्थात् जिस अर्थ के सिद्ध होते ही दूसरे प्रकरण की सिद्धि होती हो।
अधिकर्तव्यम् (न.) जो अधिकरण में उत्पन्न हो।
अधिकर्मिकः-म् (पुं.न.) हाट का मालिक। बाजार का चौधरी।
अधिकाङ्गम् (न.) कवच आदि बाँधने की पट्टी। कमरकस (त्रि.) अधिक अंग वाला। जिसके अंग बढ़े हुए हों।
अधिकार (पुं.) फलस्वामित्व। किसी काम करने की स्वाधीनता। पैतृकाधिकार। स्वत्व। नियुक्त किये गये पुरुष का सम्बन्ध, यथा- राजाओं को छत्र, चामर आदि धारण करने का अधिकार है। अधीनस्थ देश आदि। प्रकरण। व्याकरण के मत से पहले सूत्र के पद को दूसरे सूत्र में ले जाना।
अधिकारविधि (पुं.) मीमांसा शास्त्र की परिभाषा। कर्मों से उत्पन्न फल को बोधन करनेवाली विधि।
अधिकारी (पुं.) प्रमाता। फलस्वामी। अधिकार विशिष्ट।
अधिकार्थवचन: (न.) स्तुति और निन्दा को प्रकाशित करने वाली अधिक उक्ति।
अधिकृत (त्रि.) अध्यक्ष। नियुक्त। आयव्यय देखने वाला कर्मजन्य फलसंबन्धी अधिकार प्राप्त। जिसको कोई काम सौंपा गया है।
अधिक्रमः (पुं.) आक्रमण। अधिक्रमण।
अधिक्षिप्त (त्रि.) स्थापित। कुत्सित। भर्त्सित। तिरस्कृत।
अधिक्षेप (पुं.) निन्दा। तिरस्कार।
अधिगत: (त्रि.) प्राप्त। ज्ञात। जाना गया। पाया गया। स्वीकार किया गया।
अधिगम (पुं.) साक्षात्कार। प्राप्ति। स्वीकार।
अधित्यका (स्त्री.) पर्वत के ऊपर की भूमि।
अधिदेवता (स्त्री.) पदार्थों के अधिष्ठाता देवता।
अधिदैवतम्, (न.) हिरणयगर्भ। अन्तर्यामी पुरुष। चक्षु आदि इन्द्रियों के अधिष्ठाता देवता।
अधिपः (त्रि.) राजा। प्रभु। अधिपति।
अधिपतिः (पुं.) प्रभु। स्वामी।
अधिभूः (पुं.) प्रभु। नायक। स्वामी।
अधिमांसका (पुं.) दन्तरोगविशेष। दाँत का एक रोग।
अधिमासः (पुं.) मलमास। अधिक मास। संक्रान्ति रहित देश।
अधियज्ञः (पुं.) परमेश्वर। "अधियज्ञोहमेवात्र देहे देहभृतां वर" (गीता)।
अधिकयोग (पुं.) यात्रा का योगविशेष।
अधिरथ (पुं.) कर्ण के पिता का नाम।
अधिराज (पुं.) सम्राट्।
अधिरोहिणी (स्त्री.) बाँस या लकड़ी की बनी सीढ़ी। ऊपर चढ़ने या ऊपर से नीचे उतरने का साधन।
अधिवचनम् (न.) नाम। संज्ञा।
अधिवासः (पुं.) सुगन्धित करना। पांसना। निवास। रहना। ठहरना।
अधिवासनम् (न.) यज्ञ प्रारम्भ का पहना दिन। जिस दिन देवता आदि की स्थापना होती है। गन्ध माल्य आदि से पूजा करना।
अधिविन्ना (स्त्री.) प्रथम ब्याही स्त्री। जिसको सौति न आयी हो।
अधिश्रयणम् (न.) भात आदि बनाने के लिऐ बर्तन को चूल्हे पर रखना।

अधिश्रयणी (स्त्री.) चूल्हा।

अधिष्ठाता (त्रि.) अध्यक्ष। प्रवृत्ति और निवृत्ति करने वाला। स्वामी। प्रभु।

अधिष्ठानम् (न.) वेदान्तशास्त्र के प्रसिद्ध आरोप का अधिकरण। पहिया। नगर। प्रभाव। स्थान। अध्यासन।

अधीत (त्रि.) पठित। कृताध्ययन। पढ़ा हुआ।

अधीति (स्त्री.) अध्ययन। पठन। पढ़ना।

अधीन (त्रि.) आयत्त। वश में आया हुआ। अधिकार में वर्तमान।

अधीयान (त्रि.) पढ़ने वाला। वेदपाठी।

अधीर (त्रि.) चञ्चल। कातर। घबड़ाया हुआ।

अधीरा (स्त्री.) विद्युत्। बिजली। नायिकाविशेष।

अधीशः (त्रि.) प्रभु। स्वामी। ईश्वर।

अधीश्वरः (पुं.) बुद्ध भगवान् (पुं.स्त्री.) चक्रवर्ती सम्राट् जिसको सामन्तगण कर देते हों।

अधीष्टः (पुं.) सत्कारपूर्वक व्यापार। (त्रि.) सत्कार करके व्यापार में नियुक्त किया गया। आदर के साथ किसी काम के लिये किसी को आज्ञा देना।

अधुना (अ.) सम्प्रति। इस समय।

अधुनातन (त्रि.) इस समय का। इस काल में होने वाला।

अधृष्टः (त्रि.) लज्जाशील। विनयी।

अधृष्यः (त्रि.) तिरस्कार करने के अयोग्य। प्रगल्भ। धृष्ट। जो किसी से न दवे।

अधृष्या (स्त्रीं.) एक नदी का नाम।

अधोंशुकम् (न.) पहनने का कपड़ा। नीचे पहनने का कपड़ा। धोती आदि।

अधोक्षज (पुं.) विष्णु। जो इन्द्रियसम्बन्धी ज्ञान का विषय न हो। परब्रह्म। जिसने इन्द्रिय जन्य ज्ञान को तिरस्कृत कर दिया है। कृष्ण भगवान्। ज्ञानी। जीवन्मुक्त।

अधोगतिः (स्त्री.) नरक। अवनति। नीचे की ओर गति।

अधोजिह्विका (स्त्री.) छोटी जीभ। जो तालु के मूल में रहती है।

अधोदृष्टिः (त्रि.) अपना विनय जनाने के लिये सदा नीचे की ओर देखने वाला। विनीत। विनयी।

अधोभुवन (न.) पाताललोक। नागलोक।

अधोमुख (त्रि.) नीचे की ओर मुखवाला। नक्षत्रविशेष। मूल, अश्लेषा, कृत्तिका, विशाखा, भरणी, मघा और तीनों पूर्वा ये अधोमुख नक्षत्र कहे जाते हैं।

अधोमुखा (स्त्री.) गोजिह्वा नामक पौधा।

अधोलोकः (पुं.) पाताल। अधःस्थित सप्तलोक।

अधोवायुः (पुं.) अपान वायु। हवा खुलना।

अध्यक्षः (पुं.) क्षीरिका वृक्ष (त्रि.) किसी विषय का अधिकारी। किसी काम की देख-रेख करने के लिये नियत। आयव्यय-निरीक्षक। व्यापक। विस्तृत। चारो ओर फैला हुआ। (ग.स.) प्रत्यक्ष ज्ञान। इन्द्रियों के द्वारा जानने योग्य।

अध्यग्निः (न.) स्त्रीधन। जो विवाह के समय अग्नि को साक्षी करके पिता आदि देते हैं।

अध्यधीनम् (न.) अधिक अधीन। जन्म का दास। बिका हुआ दास।

अध्ययनम् (न.) पढ़ना। गुरु के मुख से उपदेश ग्रहण करना। गुरु की कही हुई वातों को दुहराना। अर्थ सहित अक्षरों का ग्रहण करना।

अध्यर्द्धम् (त्रि.) आधे के साथ। एक और आधा। डेढ़।

अध्यवसाय (पुं.) निश्चय। निर्द्धारण। युक्तियों के द्वारा किसी वात को निश्चित करना। उत्साह। वुद्धिसम्वन्धी व्यापार। किसी पदार्थ के ज्ञान होने के समय रजोगुण और तमोगुण की न्यूनता होने के कारण जो सत्त्वगुण का प्रादुर्भाव होता है वह अध्यवसाय है। वुद्धि। वुद्धि का प्रधान व्यापार।

अध्यशनम् (न.) अधिक भोजन करना। अजीर्ण पर खाना।

अध्यस्तः (त्रि.) कृताध्यास।

अध्यात्म (अ.) आत्मा। देह। मन। "स्वभावोऽध्यात्ममुच्यते" इस गीता के श्लोक में स्वभाव को अध्यात्म कहा गया है। "स्वभाव" का अर्थ

टीकाकारों ने इस प्रकार किया है। कार्य कारण के समूह रूप देह का अवलम्बन कर के आत्मा विषय-भोग करता है, उसी को "अध्यात्म" कहते हैं। (मधुसूदनसरस्वती) प्रत्येक देह में परब्रह्म का जो अंश वर्तमान है, वह अध्यात्म कहा जाता है। (श्रीधर)।

अध्यात्मज्ञानम् (न.) आत्मा और अनात्मा का विवेक।

अध्यात्मयोगः (पुं.) चित्त को विषयों से हटा कर आत्मा में लगाना।

अध्यात्मविद्या (स्त्री.) अध्यात्मतत्त्व। न्याय और वैशेषिक के मत से देह भिन्न आत्मा के स्वरूप को बतलाने वाली विद्या अध्यात्मविद्या कही जाती है। सांख्य मत से प्रकृति से भिन्न आत्मा के रूप को बतलाने वाली विद्या अध्यात्मविद्या कही जाती है और वेदान्तियों के मत से आत्मा और ब्रह्म में अभेद बतलाने वाली विद्या अध्यात्मविद्या है।

अध्यापक (त्रि.) अध्यापन कराने वाला। उपाध्याय। पढ़ाने वाला।

अध्यापन (न.) ब्राह्मण का मुख्य कर्म। ब्रह्मयज्ञ। पढ़ाना। विद्यादान करना।

अध्यायः (पुं.) अध्ययन। प्रकरण। ग्रन्थों का भागविशेष। जो एक विषय की समाप्ति बतलाता है। सर्ग। वर्ग परिच्छेद। काण्ड।

अध्यारूढ़ (त्रि.) समारूढ़। चढ़ा हुआ।

अध्यारोप (पुं.) दूसरी वस्तु के धर्म को दूसरी वस्तु में लगाना। मिथ्या ज्ञान। भ्रम वश दूसरी वस्तु को दूसरी वस्तु समझना, यथा-रस्सी को साँप समझ लेना।

अध्यावाहनिक (न.) पिता के घर से पति के घर जाने के समय स्त्री को मिला हुआ धन। स्त्रीधन।

अध्याशन (न.) भोजन पर भोजन। एक बार भोजन करने पर भोजन करना।

अध्यास (पुं.) अन्य वस्तु में दूसरी वस्तु के धर्म का आरोप करना। अध्यारोप। मिथ्या ज्ञान। बैठने का स्थान। आसन।

अध्यासित (त्रि.) अधिष्ठित। आश्रित। सहारा दिया गया। भरोसा दिया गया। निवेशित। स्थापन किया गया।

अध्याहार (पुं.) तर्क। ऊह। साकांक्ष वाक्य को पूर्ण करने के लिए दूसरे शब्दों का अनुसन्धान करना। अपूर्व उत्प्रेक्षा।

अध्युषितः (त्रि.) ठहरा हुआ। स्थित।

अध्युष्ट्रः (पुं.) उष्ट्रयुक्त रथ। ऊँटगाड़ी।

अध्यूढ़ः (पुं.) ईश्वर। प्रभु। धनी। चढ़ने वाला।

अध्यूढ़ा (स्त्री.) अनेक ब्याह करने वाले की पहली स्त्री।

अध्येषणम् (न.) प्रार्थना। याचना के लिये प्रार्थना।

अध्येष्यमाणः (त्रि.) वह मनुष्य, जो अध्ययन करने वाला है।

अध्रुवः (त्रि.) चञ्चल। विकारवाला। अनित्य। अस्थिर। विनाशी।

अध्वग (पुं.) पथिक। मार्ग चलने वाला। (त्रि.) सूर्य। ऊँट। मार्गगामी।

अध्वगभोग्य (पुं.) पथिकों को सरलता से प्राप्त होने योग्य वृक्षविशेष। अमड़ा नामक वृक्ष।

अध्वजा (स्त्री.) मार्ग में उत्पन्न होने वाला एक प्रकार का पौधा। स्वर्णपुष्पी।

अध्वन् (पुं.) मार्ग। रास्ता। राह।

अध्वनीन (त्रि.) पथिक। मार्ग चलने वाला। चलने का काम करने वाला।

अध्वन्य (त्रि.) पथिक। अधिक मार्ग चलने वाला।

अध्वर (पुं.) यज्ञ। क्रतु। सावधान। वसुविशेष।

अध्वरथ (पुं.) मार्ग चलने वाला। दूत। हरकारा। मार्ग में जाने के उपयोगी रथ।

अध्वर्युः (पुं.) यजुर्वेद को जानने वाला। यज्ञ कराने वाला। ऋत्विक्। पुरोहित।

अध्वर्युः (स्त्री.) अध्वर्यु शाखा पढ़ने वाली। अध्वर्युशाखाध्यायी के वंश में उत्पन्न स्त्री।

अध्वशल्यः (पुं.) अपामार्ग।

अध्वात्रशात्रव (पुं.) वृक्षविशेष। स्योनाक नामक वृक्ष।

अन् (धा. पर.) प्राण धारण करना। जीना।

अनंशुमत्फला (स्त्री.) कदली वृक्ष।

अनक्षम् (त्रि.) चक्ररहित। विना पहिये की गाड़ी। अन्धा।

अनक्षरम् (न.) दुर्वचन। गुण छिपाकर दोष प्रकाश करना। अवाच्य। निन्दावचन। गाली।

अनक्षिम् (न.) मन्द नेत्र। (त्रि.) मन्द नेत्र-वाला। अन्धा।

अनगारः (पुं.) श्रौत-स्मार्त कर्महीन अग्निहोत्र-रहित। सन्यासी।

अनग्निका (स्त्री.) रजोवती कन्या। जिसको मासिक धर्म हुआ हो।

अनघः (त्रि.) निर्मल। पापरहित। रमणीय। दुःखरहित।

अनङ्गम् (न.) आकाश। मन। (पुं.) मदन। कामदेव।

अनङ्गशेखरः (पुं.) दण्डक नामक एक प्रकार का छन्द। इसमें क्रमशः लघु और गुरु अक्षर रखे जाते हैं।

अनङ्गसुहृत् (पुं.) शिव। महादेव।

अनच्छः (त्रि.) कलुश। अप्रसन्न, मैला।

अनञ्जनम् (न.) व्योम। आकाश। तत्त्व। (पुं.) नारायण।

अनडुहः (पुं.) साँड़। वृषभ। बैल।

अनडुही (स्त्री.) गौ।

अनतिरेकः (पुं.) अभेद।

अनद्यः (पुं.) सफेद सरसों।

अनध्यक्षः (त्रि.) अध्यक्षभिन्न। अप्रत्यक्ष।

अनध्यायः (पुं.) अध्ययन के अनुपयुक्त समय। पढ़ने के लिए निषिद्ध काल।

अनुनुगतम् (न.) आत्मतत्त्व। (त्रि.) अनिश्चित। अपरिभाषित। जिसकी कोई परिभाषा न हो।

अनन्तः (पुं.) केशव । विष्णु। नारयण। देवता। मनुष्य आदि उसके अन्त को नहीं पा सकते। इस कारण विष्णु को "अनन्त" कहते हैं। शेषनाग। बलभद्र।

अनन्तजित् (पुं.) बुद्धविशेष। जैनियों के चौबीसवें जिन। विष्णु।

अनन्तमात्रः (त्रि.) अपरिच्छिन्न। जिसकी इयत्ता न हो।

अनन्तमूर्तिः (पुं.) सर्वात्मा। परमात्मा।

अनन्तमूलः (पुं.) कराला नाम की औषधि। बच का एक भेद।

अनन्तरम् (न.) आनेवाला काल। पश्चात्। पश्चात् का काल। (त्रि.) परमात्मा। छिद्रशून्य। सन्निहित। अव्यवहित। सटा हुआ।

अनन्तरूपः (पुं.) भगवान्। विश्वरूप। (त्रि.) अनन्तरूप युक्त। जिसके अनन्त रूप हों।

अनन्तलोकः (पुं.) अविनाशी लोक। स्वर्गलोक।

अनन्तविजयः (पुं.) राजा युधिष्ठिर के शंख का नाम।

अनन्तवीर्यः (पुं.) आर्हतविशेष। आने वाले कल्प में होने वाले जैनियों का तेईसवाँ तीर्थंकर।

अनन्तव्रत (न.) व्रतविशेष। इस व्रत में अनन्त की उपासना की जाती है। यह व्रत भादों की शुल्क चतुर्दशी को होता है।

अनन्तशीर्षा (स्त्री.) वासुकी नाग की पत्नी।

अनन्ता (स्त्री.) विशल्या नाम की औषधि। एक प्रकार की जड़। जिसका नाम "अनन्त मूल" है। पार्वती। पृथिवी। कुश। हरीतकी। आमलकी। गुडूची। अग्निमन्थ वृक्ष।

अनन्तात्मा (पुं.) परब्रह्म। विष्णु। देश। काल और वस्तु से अपरिच्छिन्न।

अनन्यः (त्रि.) सर्वभोगनिःस्पृह। सब को अद्वैत दृष्टि से देखनेवाला। आत्मा और ब्रह्म को अभिन्न दृष्टि से देखने वाला। एक तान। किसी एक विषय में लगा हुआ।

अनन्यगतिक (त्रि.) एकाश्रय। गत्यन्तर रहित।

अनन्यचेता (त्रि.) एक में जिसका चित्त लगा हो। एक में आसक्त।

अनन्यजः (पुं.) कामदेव। अन्य से उत्पन्न नहीं। केवल एक ही से उत्पन्न।

अनन्यभवः (त्रि.) किसी एक के द्वारा साधन होने योग्य कर्म। दूसरे के द्वारा असाध्य।

अनन्यभावः (त्रि.) एकान्त भक्त। जिसका भाव एक के अतिरिक्त दूसरे में न हो।

अनन्यवृत्ति (त्रि.) इष्टदेव के अतिरिक्त जो दूसरे का ध्यान न करे। एकाग्र। एक तान। एकान्तचित्त।

अनन्वक् (त्रि.) अननुगत। अधीन नहीं। जो वश में न हो।
अनन्वयः (पुं.) अर्थालंकारविशेष। जहाँ एक ही उपमान और उपमेय हो। वहाँ यह अलंकार होता है। (त्रि.) अन्वयशून्य। सम्बन्धरहित।
अनपायी (त्रि.) अपायशून्य। अनश्वर। अविनाशी। निश्चल।
अनपेक्षः (त्रि.) निरपेक्ष। निःस्पृह। अपेक्षा वर्जित। हेय।
अनभिज्ञः (त्रि.) अविद्वान्। मूर्ख। अभिज्ञ नहीं।
अनभियुक्तः (त्रि.) अनादृत। असत। तिरस्कृत।
अनभिलाषः (पुं.) अरुचि। अनिच्छा।
अनयः (पुं.) अशुभभाग्य। विपत्ति। व्यसन। अनीति।
अनर्गल (त्रि.) बेरोकटोक। प्रतिबन्धक शून्य। यथेच्छ।
अनर्घ्य: (त्रि.) अमूल्य। जिसका मोल न हो।
अनर्थः (पुं.) अप्रयोजन। प्रयोजन का अभाव। अनिष्ट। अनभीप्सित। नहीं चाहा गया। जिसका कुछ अर्थ या प्रयोजन न हो।
अनर्थक (न.) अर्थशून्य। प्रलाप। अर्थ के बिना। सम्बन्धरहित वाक्य।
अनर्थमूलम् (न.) आत्मज्ञान का अभाव। अपने बलाबल का न जानना।
अनर्थान्तरम् (न.) अभिन्न। समान। भेद नहीं।
अनलः (पुं.) जिसकी तृप्ति न हो। अनेक पदार्थों के जलाने पर भी जिसकी तृप्ति न हो। अग्नि। अष्ट वसु में से पञ्चम वसु। कृत्तिका नामक नक्षत्र। क्योंकि इसका देवता अग्नि है। वृक्षविशेष। जो चिता नाम से प्रसिद्ध है। (पुं.) भिलावा नामक वृक्ष। शरीरस्थ पित्त। नल नामक तृण से भिन्न। साठ वर्षों में पचासवाँ वर्ष।
अनलदः (पुं.) जल। सन्ताप को शान्त करनेवाला।
अनलप्रभा (स्त्री.) जिसकी प्रभा अग्नि के समान हो। जयोतिष्मती नामक लता।
अनलि (पुं.) वृक्षविशेष।
अनवः (त्रि.) प्राचीन। नवीन नहीं।
अनवधानम् (न.) प्रमाद। मन न लगाना।
अनवधानता (स्त्री.) प्रमाद। बिना विचार से किया गया कर्म। चित्तवृत्तिविशेष।
अनवनः (त्रि.) रक्षा नहीं करना। मारना।
अनवमः (त्रि.) समान। सदृश।
अनवरः (त्रि.) प्रधान। श्रेष्ठ। बड़ा। छोटा नहीं।
अनवरतम् (न.) अविरत। निरन्तर। उत्कृष्ट। अच्छा।
अनवलोभन (न.) संस्कारविशेष। सीमन्तोन्नयन के पश्चात् चौथे मास में बालक के किये जाने वाला संस्कार।
अनवसरः (त्रि.) जिसका ठीक समय न हो। बेमौका। निरवकाश।
अनवस्करम् (त्रि.) मलरहित। साफ। स्वच्छ। निर्मल। विमल।
अनवस्थः (त्रि.) अवस्थितिरहित। अप्रतिष्ठित। दरिद्र। निर्धन।
अनवस्था (त्रि.) तर्कविशेष। किसी विषय को युक्तियों के द्वारा सिद्ध करना तर्क है। जिस तर्क में प्रमाणित करने वाली युक्तियों का अन्त न हो वह अनवस्था कहा जाता है। स्थिति का अभाव।
अनवस्थान: (न.) अवस्थिति का अभाव। कहीं नहीं ठहरना। वायु चञ्चल।
अनवस्थितिः (स्त्री.) चपलता। मत्सरता। राग, द्वेष आदि से उत्पन्न चपलता।
अनशनम् (न.) भोजन का अभाव। उपवास। (त्रि.) उपवासी। नहीं भोजन करने वाला।
अनश्नन् (त्रि.) उपवासी। न खानेवाला।
अनश्वरः (त्रि.) शाश्वत। सनातन।
अनस् (न.) शकट। रथ। माता। भात।
अनसूया (स्त्री.) अत्रि मुनि की स्त्री। कर्दम प्रजापति की कन्या। ये बड़ी पतिव्रता थीं। असूया का अभाव।
अनसूयुः (त्रि.) अनिन्दक। निन्दा न करने वाला।
अनहंवादी (त्रि.) गर्वोक्तिहीन। जो अपना गर्व प्रकाशित न करे।
अनहङ्कार (त्रि.) अहंकारशून्य।

अनहङ्कृति (स्त्री.) गर्व का अभाव।
अनाकुल (त्रि.) अव्यग्रचित्त। एकाग्रचित्त। स्थिर। एकाग्र।
अनाक्रान्तः (त्रि.) अपराजित। अजेय।
अनाक्रान्ता (स्त्री.) कण्टकारी। भटकटैया।
अनागत (त्रि.) नहीं आया हुआ काल। भविष्यत् काल। अनुपस्थित। अज्ञात।
अनागतार्तवा (स्त्री.) मासिकधर्मशून्य।
अनाचार (पुं.) निन्दित आचार। आचारहीन।
अनातपः (पुं.) धूप का अभाव। छाया।
अनात्मा (पुं.) शरीर। निकृष्ट शरीर।
अनात्म्यम् (त्रि.) रागादिदोषरहित।
अनाथः (त्रि.) नाथरहित। दीन। स्वतन्त्र।
अनादरः (पुं.) तिरस्कार। परिभव।
अनादिः (पुं.) परमेश्वर। चतुर्मुख। ब्रह्मा। (त्रि.) आदिरहित।
अनादित्वम् (न.) जिसकी आदि किसी को मालूम न हो।
अनादिनिधनः (त्रि.) आद्यन्तशून्य। परमेश्वर। जन्ममरणरहित।
अनादृतम् (त्रि.) अवज्ञात। तिरस्कृत।
अनापन्नः (त्रि.) अप्राप्त।
अनामकम् (न.) अर्शरोग (पुं.) मलमास।
अनामय (न.) आरोग्य। मोक्ष नामक पुरुषार्थ षड्भाव विकाररहित परमात्मा। (त्रि.) नीरोग। रोगरहित।
अनामा (स्त्री.) छोटी अंगुली के पास की अंगुली। कहते हैं इस अंगुली ने ब्रह्मा के सिर काटे जाने में सहायता पहुँचायी थी इसी कारण इसका नाम नहीं लिया जाता।
अनामिका (स्त्री.) मध्यमा और कनिष्ठा के बीच की अंगुली।
अनायास (पुं.) अपरिश्रम। अक्लेश। कष्ट का अभाव। यत्न का अभाव। बिना परिश्रम।
अनायासकृतम् (त्रि.) बिना यत्न किया हुआ। अल्प परिश्रम से किया हुआ काम।
अनारतम् (न.) सतत। सदा सर्वदा। अविरत। लगातार।
अनारम्भ (पुं.) अननुष्ठान। आरम्भ का अभाव।
अनार्जव (पुं.) रोग। कुटिलता। सरलता का अभाव।
अनार्तवम् (न.) पौष आदि चार महीनों में होने वाली वृष्टि का जल।
अनार्यः (त्रि.) दुर्जन। दुःशील। अधम। दस्यु।
अनार्यकम् (न.) आर्यावर्त से भिन्न देश। अगुरु काठ। अनार्य देश में उत्पन्न।
अनार्यजुष्टम् (त्रि.) निन्दित आचार। अनार्यों का सेवित मार्ग।
अनार्यतिक्तः (पुं.) भूनिम्ब। चिरायता।
अनाविद्ध (त्रि.) अनभिभूत। अस्पृष्ट। न छुआ हुआ।
अनाविलः (त्रि.) निर्मल। विमल। मलरहित।
अनावृत (त्रि.) प्रथम। आवरणरहित। विना ढका हुआ।
अनावृत्ति (स्त्री.) नहीं लौटना।
अनावृष्टि (स्त्री.) वर्षा का अभाव। उपद्रव विशेष। खेती को नाश करने वाला। उपद्रव। ईतिविशेष।
अनाशकम् (न.) उपवासपरायण। उपवास करने वाला।
अनाशी (पुं.) अपरिच्छिन्न। आत्मा।
अनाश्रितः (त्रि.) फल की इच्छा न रखने वाला। जिसको आश्रय न हो।
अनाश्वान् (त्रि.) भोजन न करने वाला।
अनासिकः (त्रि.) नासिकारहित।
अनास्था (स्त्री.) अनादर। अश्रद्धा।
अनाहत (न.) नया कपड़ा। नहीं फटा हुआ कपड़ा। तन्त्रशास्त्र प्रसिद्ध हृदय स्थित द्वादश दल कमल। शब्दविशेष। मध्यमा वाक्। आघातरहित वस्तु।
अनिकेतः (त्रि.) नियत निवास शून्य। नियम से एक स्थान पर न रहने वाला। सन्यासी।
अनिगीर्णः (त्रि.) अनुक्त। अकथित।
अनित्यः (त्रि.) अध्रुव। विनाशी। नश्वर। व्यक्त।
अनिभृतः (त्रि.) चपल। अविनीत।
अनिमिष (पुं.) स्पन्दनशून्य नेत्र। जिसकी आँखें बन्द न हों। देवता। मछली। विष्णु।

अनिमिषक्षेत्र (न.) एक तीर्थ का नाम। नैमिषारण्य नामक क्षेत्र।

अनिमिषाचार्यः (पुं.) गुरु। बृहस्पति। देवताओं के आचार्य।

अनिमेष (पुं.) देवता। जिसके निमेष न हो। मछली।

अनियतः (त्रि.) अनैकान्तिक। अनित्य। विनाशी। अस्थायी।

अनियन्त्रितः (त्रि.) उच्छृंखल। अनियमित। नियमविरुद्ध।

अनिरुक्तः (त्रि.) वचनों के अगोचर। जो वचन से प्रकट न किया जाय।

अनिरुद्धः (पुं.) प्रद्युम्न का पुत्र। कृष्ण का पौत्र। ऊषा का पति। मन के अधिष्ठाता। पशु आदि को बाँधने की रस्सी। (त्रि.) अप्रतिरुद्ध। चर। नहीं रुका हुआ।

अनिरुद्धपथम् (न.) आकाश। गगन। (त्रि.) बिना रोक का मार्ग।

अनिरुद्धभामिनी (स्त्री.) स्वैरिणी। वाण की कन्या। ऊषा।

अनिरोधः (पुं.) अप्रतिबन्ध। स्वतन्त्र।

अनिर्देश्य (त्रि.) निर्देश करने के अयोग्य। जो शब्दों के द्वारा प्रकाशित न किया जाय। परमेश्वर।

अनिर्वचनीय (पुं.) जो शब्द द्वारा प्रकाशित न हो। जिस वस्तु का लक्षण न किया जा सके।

अनिर्विण्णः (त्रि.) विषादरहित। निर्वेद रहित।

अनिर्विण्णचेता (त्रि.) अविरक्तचित्त। धीर। कभी न कभी सिद्ध ही होगा, शीघ्रता से क्या लाभ, ऐसा समझने वाला।

अनिल (पुं.) वायु। जिससे मनुष्य प्राण धारण करते हैं। स्वाती नक्षत्र। इसका अधिष्ठाता देवता वायु है। वसुभेद।

अनिलघ्नक (पुं.) बहेड़ा का वृक्ष।

अनिलसखः (पुं.) अग्नि।

अनिलान्तक (पुं.) वायुरोग को दूर करने वाला औषध। इंगुदीवृक्ष।

अनिलामयः (पुं.) वातरोग।

अनिवार (त्रि.) जिसका निवारण न हो। सतत। निरन्तर। अनिवार्य। न टरने योग्य।

अनिशम् (न.) सदा। अविरत। सर्वदा।

अनिष्टम् (न.) दुःख। कष्ट। प्रतिकूल। पापफल, (त्रि.) अनभिलषित।

अनिष्टा (स्त्री.) नागवला नाम की औषधि।

अनीकः (पुं.न.) रण। सेना।

अनीकस्थ (पुं.) युद्ध में तत्पर। हस्तिशिक्षा में निपुण। रक्षक। राजाओं के अगंरक्षक। चिन्ह। वीरमर्दलनामक वाजा।

अनीकाधिकृतः (त्रि.) सेनापति।

अनीकिनी (स्त्री.) सेना। जिसका युद्ध करना प्रयोजन हो। इस सेना में २१८७ हाथी। २१८७ रथ ६५६१ घोड़े और १०९३५ पैदल होते हैं।

अनीचिदर्शी (पुं.) बुद्धविशेष।

अनीशः (पुं.) विष्णु। अनाथ। दीन। सहायकहीन।

अनीशा (स्त्री.) दीनभाव। दीना स्त्री।

अनीश्वरः (त्रि.) नास्तिक। शुभाशुभ कर्मों का फलदाता ईश्वर नहीं है ऐसा कहने वाला।

अनीहः (त्रि.) फलाशारहित। फल की इच्छा न रखनेवाला। निश्चेष्ट। अनिच्छुक।

अनु (अ.) उपसर्गविशेष। हीन। सहार्थक, पश्चादर्थक। सादृश्य। लक्षण। भाग। वीप्सा। इत्थंभूताख्यान।

अनुकः (त्रि.) कामी। कामना करने वाला। इच्छुक।

अनुकम् वितर्क। युक्ति।

अनुकम्पा (स्त्री.) दया। करुणा। नृशंसता का अभाव।

अनुकम्प्यः (त्रि.) कृपा करने के योग्य। दयनीय।

अनुकरणम् (न.) अनुकृती। समानता करण। नकल करना। चेष्टा शब्द आदि से किसी की समानता करना।

अनुकर्ष (पुं.) रथ के नीचे रहने वाली लकड़ी। जिसके बल पर पहिये रहते हैं।

अनुकर्षणम् (न.) आकर्षण। ऊपर खींचना।

अनुकल्पः (पुं.) गौणकल्प। मुख्य के अभाव में उसके प्रतिनिध का कल्पना करना। प्रतिनिधि।

अनुकामीनः (त्रि) इच्छापूर्वक चलने वाला। यथेष्टगमनशील।

अनुकारः (पुं.) समानताकरण। अनुकरण। समान काम करना।

अनुकूल (पुं.) नायकविशेष। जो एक नायिका में अनुरक्त रहे। (त्रि.) सहायक। साथी। साथ चलने वाला। सहचर।

अनुकूलता (स्त्री.) दक्षता।

अनुकूला (स्त्री.) छन्दविशेष। इस छन्द के प्रत्येक पाद में ११ ग्यारह अक्षर होते हैं।

अनुकृतिः (स्त्री.) अनुकरण।

अनुक्रमः (पुं.) परिपाटी। क्रम। यथाक्रम। सिलसिला।

अनुक्रमणिका (स्त्री.) भूमिका। ग्रन्थों का मुखबन्ध। परिपाटी बतलाने वाली। जिसमें किसी ग्रन्थ का विषय संक्षेप से दिखाया जाय।

अनुक्रमणी (स्त्री.) भूमिका। ग्रन्थों का मुखबन्ध।

अनुक्रान्त (त्रि.) अनुक्रम से कहा गया।

अनुक्रोश (पुं.) दया। कृपा।

अनुगः (त्रि.) अनुगत। पीछे जाने वाला। सहचर।

अनुगत (त्रि.) शरणागत। पीछे पीछे चलने वाला। अधीन। आयत्त।

अनुगमः (पुं.) पीछे चलना। सहायक होना। अधीन होना। सामान्य धर्म से समस्त विशेष धर्मों का संग्रह करना। नैयायिकों के मत से, जिस पदार्थ का जैसा रूप ज्ञान हुआ है वह रूपज्ञान ही उस पदार्थ का अनुगमक है।

अनुगमन (न.) पश्चाद्गमन। सहगमन। सहमरण। पति के साथ सती होना।

अनुगवीनः (पुं.) गोप। गोपाल। ग्वाला।

अनुगामी (त्रि.) अनुवर्ती। पश्चाद्गमनशील।

अनुगुण (त्रि.) अनुकूल। अनुगत। अपने मत के अनुकूल।

अनुग्रहः (पुं.) प्रसन्नता। प्रसन्न हो कर मनोरथ की पूर्ति करना। इष्टसम्पादन करने की इच्छा। दुःख दूर करके इष्टसाधन करना। तारा। नक्षत्र।

अनुग्राहकः (त्रि.) समर्थक। अनुग्रह करने वाला।

अनुचर (त्रि.) सहाय। दास। सेवक।

अनुचिन्तनम् (न.) अनुध्यान। उत्कण्ठापूर्वक स्मरण।

अनुजः (पुं.) पीछे उत्पन्न हुआ सहोदर भाई। छोटा भाई। प्रपौण्डरीक नामक सुगन्धिद्रव्य।

अनुजन्मा (पुं.) छोटा भाई।

अनुजा (स्त्री.) जिसकी रक्षा की गयी हो। छोटी बहिन।

अनुजिघृक्षा (स्त्री.) अनुग्रह करने की इच्छा।

अनुजीवी (पुं.) सेवक। आश्रित। भृत्य। नौकर।

अनुज्ञा (स्त्री.) अनुमति। आज्ञा देना।

अनुज्ञातः (त्रि.) अनुमत। आज्ञप्त।

अनुतर्षः (न.) मद्य पीने का पात्र। कटोरा या प्याला। मद्यपान। पीने की इच्छा। अभिलाष।

अनुपात (पुं.) पश्चाताप। कर्म करने के अनन्तर दुःख।

अनुत्तमः (न.) जिससे उत्तम और न हो। श्रेष्ठ। उत्तम। मुख्य। ईश्वर। उत्तम नहीं। अधम। नीच। निकृष्ट।

अनुत्तरः (त्रि.) श्रेष्ठ। निरुत्तर। उत्तर देने का अभाव। दक्षिण दिशा। अधम। स्थिर अनतिशय।

अनुदात्तः (पुं.) स्वरविशेष। उदात्तस्वर से भिन्नस्वर।

अनुदितः (पुं.) कालविशेष। सूर्योदय के पहले का काल। ब्राह्ममुहूर्त।

अनुद्घात (त्रि.) प्रतिबन्ध की निवृत्ति। प्रतिघातरहित।

अनुद्रुतः (त्रि.) धावित। दौड़ाया हुआ। अनुगत। अनुगामी। (न.) तालविशेष। मात्रा का चौथा भाग।

अनुद्विग्नमनाः (त्रि.) स्वस्थचित्त। जिसका मन उद्विग्न न हो।

अनुद्वेगकरः (त्रि.) किसी को दुःख न पहुँचाने वाला।

अनुधावन (न.) पीछे दौड़ना। अनुसन्धान करना। किसी की टोह लगाना।

अनुध्यानम् (न.) अनुचिन्तन। अनुग्रह। आसक्ति। बार-बार सोचना। कृपा करना। एक बात में लग जाना। किसी विषय में तत्पर रहना।

अनुनय (पुं.) विनय। प्रणिपात। सान्त्वन। प्रार्थना।

अनुनासिक (पुं.) मुख सहित नासिका से उच्चरित होने वाले वर्ण।

अनुनेय (त्रि.) अनुनय करने योग्य।

अनुन्नः (त्रि.) कआ हुआ नहीं। अविद्ध।

अनुपकारी (त्रि.) उपकार न करने वाला। अपकारी। प्रत्युपकार करने में असमर्थ।

अनुपद (न.) अनुगत। पश्चाद्गमन करने वाला।

अनुपदी (त्रि.) अन्वेष्टा। ढूँढ़ने वाला। पैरों के चिन्ह के सहारे ढूँढ़ने वाला।

अनुपदीना (स्त्री.) खड़ाऊँ विशेष।

अनुपपत्तिः (स्त्री.) अभाव। असंगति। युक्ति का अभाव।

अनुपम (त्रि.) उत्तम। अतुलनीय। जिसकी उपमा न हो।

अनुपमा (स्त्री.) कुमुदनामक दिग्गज की हथिनी।

अनुपरत (त्रि.) अविरत। सन्तत। लगा हुआ। जिसकी इच्छा निवृत्त न हो।

अनुपलब्धि (स्त्री.) प्राप्ति का अभाव। ज्ञानाभाव, इन्द्रियजन्य ज्ञान का अभाव।

अनुपसंहारी (पुं.) हेत्वाभास विशेष। दुष्टहेतु। जिसमें अन्वय या व्यतिरेक का कोई दृष्टान्त न मिले।

अनुपस्कृत (त्रि.) अविकृत। विकाररहित। अनिन्दित। अविगर्हित।

अनुपहित (त्रि.) अक्षर। चिद्‌ब्रह्म।

अनुपाकृत (पुं) असंस्कृत यज्ञीय पशु।

अनुपात (पुं.) त्रैराशिक गणित। पीछे गिरना।

अनुपातक (न.) पातकविशेष। महापातन के समान पाप।

अनुपानम् (न.) औषध का अंगविशेष। औषध के साथ पीने योग्य।

अनुपूर्व (पुं.) परिपाटी। यथाक्रम।

अनुपेत (त्रि.) अयुक्त। पृथक् पृथक्।

अनुप्रास (पुं.) शब्दालंकारविशेष। स्वरों की विषमता होने पर भी व्यञ्जनों की समानता से यह अलंकार होता है।

अनुप्लव (पुं.) सहायता करनेवाला। सहायक। अनुचर। अनुगामी।

अनुबन्ध (पुं.) इच्छा से अपराध करना। वात पित्त आदि दोषों की अप्रधानता। विनाशी। व्याकरण में प्रकृति, प्रत्यय आगम आदेश आदि में कार्य के लिये जो वर्ण लगा दिये जाते हैं वे भी अनुबन्ध कहे जाते हैं। पिता माता आदि का अनुवर्तन करनेवाला पुत्र। प्रारम्भ किये हुए किसी काम का अनुवर्तन करना। सम्बन्ध। भावी अशुभ परिणाम। फल साधन।

अनुबन्धी (त्रि.) सहचारी। सतत, व्यापकशील।

अनुबोध (पुं.) पुनः उद्दीप्त करना। उत्तेजित करना। पीछे से जानना।

अनुभव (पुं.) स्मरण भिन्न ज्ञान। प्राथमिक ज्ञान। वह दो प्रकार का होता है यथार्थ और अयथार्थ। यथार्थानुभव का ही नाम प्रमात्मक ज्ञान है।

अनुभाव (पुं.) राजाओं का तेज विशेष। कोप और दण्ड से उत्पन्न तेज। प्रभाव। सामर्थ्य। निश्चय। हृदय स्थित भाव को प्रकाशित करने वाली चेष्टा।

अनुभाव्य (त्रि.) अनुभव का विषय।

अनुभूत (त्रि.) परिचित। जाना हुआ।

अनुभूति (स्त्री.) ज्ञान विशेष। अनुभव।

अनुमत (त्रि.) अनुज्ञात। किसी काम के लिये आज्ञा पाया हुआ। सम्मत। स्वीकृत।

अनुमति (स्त्री.) अनुज्ञा। आज्ञा देना। श्रद्धा की कन्या का नाम। एक पूर्णिमा का नाम। जिस पूर्णिमा को उदय काल में प्रतिपद् होने के कारण चन्द्रमा कलाहीन हो।

अनुमन्ता (त्रि.) आज्ञा देने वाला। दूसरों को कार्य में उत्साहित करने वाला।

अनुमरण (न.) किसी के मरण के पश्चात् का मरण। सती होना। मृत पति का साथ देना।

अनुमा (स्त्री.) अनुमिति। अनुमान।

अनुमान (न.) कल्पना। सांख्य कथित प्रधान। न्याय के मत से प्रमाण विशेष।

अनुमितिः (स्त्री.) अनुभवविशेष। परामर्श से उत्पन्न ज्ञान। हेतु वा तर्क से किसी वस्तु को जानना।

अनुमेय (त्रि.) अनुमान करने के योग्य।

अनुमोद (पुं.) स्वीकार करना। एवमस्तु। तथास्तु।

अनुमोदित (त्रि.) अनुज्ञात। अनुमोदन किया हुआ। अनुमत।

अनुयाज (पुं.) यज्ञ का अंगविशेष। प्रयाज आदि पाँच यज्ञ।

अनुयायी (त्रि.) अनुचर। सदृश। पश्चात् गमन करनेवाला।
अनुयुक्तः (पुं.) वेतन लेकर पढ़ानेवाला।
अनुयोग (पुं.) प्रश्न पूछना।
अनुयोगकृत (पुं.) आचार्य।
अनुरक्तः (त्रि.) अनुरागी। अनुकूल।
अनुराग (पुं.) अत्यन्त प्रीति। परस्पर प्रेम।
अनुरागी (त्रि.) अनुरक्त। प्रीतियुक्त।
अनुराधा (स्त्री.) सत्रहवां नक्षत्र।
अनुरुद्धः (त्रि.) रोका गया। निबद्ध।
अनुरूपम् (अ.) समान। सदृश। योग्य। जैसे का तैसा।
अनुरोध (पुं.) अनुवृत्ति। अनुवर्तन। अनुसरण। पीछा करना। आराध्य का इष्ट सम्पादन करना।
अनुलापः (पुं.) बार-बार बात करना। बार बार बोलना।
अनुलिप्त (पुं.) कृतानुलेप। लेप लगाया हुआ।
अनुलेपः (पुं.) अंगलेप। चन्दन आदि।
अनुलेपनम् (न.) चन्दन आदि शरीर में गन्धद्रव्य आदि का लगाना।
अनुलोम (पुं.) क्रमिक। यथाक्रम। क्रमानुसार।
अनुलोमज (पुं.) ऊँचे वर्ण के औरस से निकृष्ट वर्ण की स्त्री के गर्भ से उत्पन्न पुत्र।
अनवर्तनः (न.) स्वामी आदि बड़ों की इच्छा को पूर्ण करना। अनुकूलताचरण।
अनुवर्तित (त्रि.) सेवित। आराधित। पूजित।
अनुवर्ती (त्रि.) अनुकूल। अनुवर्तन करने वाला आज्ञाकारी।
अनुवाक (पुं.) नहीं गाने योग्य। ऋग्विशेष। ऋग्यजुः समूह।
अनुवाक्या (स्त्री.) देवता के आवाहन करने का मन्त्र विशेष। जिसका ज्ञान प्रशास्ता करना है।
अनुवातः (पुं.) वायुविशेष। जो शिष्य की ओर से गुरु की ओर वायु आता है वह "अनुवात" कहा जाता है।
अनुवादः (पुं.) जानी हुई बात को कहना। हुई बात को कहना। अन्य प्रमाणों से जानी हुई बात को शब्दों से प्रकाशित करना।
अनुवास (पुं.) सुगन्ध। सौरभ।
अनुवासन (न.) धूप आदि से सुगन्धित करना।
अनुविद्ध (त्रि.) खचित। जड़ा हुआ। पिरोया गया।
अनुवृत्त (त्रि.) प्रविष्ट। व्याप्त। पालित।
अनुवृत्ति (स्त्री.) लगातार पीछा करने वाला। अनुरोध। सेवा। दूसरे की इच्छा पर निर्भर रहना। अनुकूलता। व्याकरण में पहले सूत्र के पद को आगे के सूत्र में ले जाना।
अनुव्रजनम् (न.) घर आये हुए शिष्टों के जाने के समय कुछ दूर तक उनको पहुँचाने के लिए जाना। शिष्टाचार-विशेष।
अनुव्रज्या (स्त्री.) अनुगमन करना। अनुव्रजन।
अनुशयः (स्त्री.) द्वेष। पश्चात्ताप। शास्त्रोक्त कर्मविशेष। भारी वैर।
अनुशयी (त्रि.) पश्चात्तापी। पछतावा करनेवाला।
अनुशरः (पुं.) राक्षस।
अनुशायद् (पुं.) जीव।
अनुशासनम् (न.) शासन। आज्ञा। उपदेश। व्युत्पत्ति करना।
अनुशासित (त्रि.) अनुशिष्ट। अनुशिक्षित। सिखाया हुआ।
अुनशासिता (त्रि.) नियन्ता। नियमन करनेवाला।
अनुशिष्टः (त्रि.) ज्ञापित। अनुमत। शिक्षित।
अनुशिष्टिः (स्त्री.) विचारपूर्वक कर्तव्याकर्तव्य का निरूपण करना।
अनुशीलन (न.) आलोचन। बार बार देखना। विशेष रूप से अध्ययन।
अनुशोचन (न.) शोक।
अनुश्रवः (पुं.) गुरुपरम्परा से उच्चारण द्वारा जो केवल सुना जाय। वेद।
अनुषंगः (पुं.) दया। करुणा। एकत्र अन्वीत अर्थ का दूसरे अर्थ में अन्वय करना। आसक्त। न्याय। अनायास प्राप्त।
अनुष्टुप् (स्त्री.) सरस्वती। छन्द विशेष। इसके प्रत्येक पाद में आठ अक्षर होते हैं।
अनुष्ठानम् (न.) क्रिया का प्रारम्भ करना।
अनुष्ठितः (त्रि.) किया हुआ। सम्पादित।
अनुष्ठाः (त्रि.) अलस। मन्द। शीतल।

अनुष्ठावल्लिका (स्त्री.) नीली दूब।
अनुसंस्था (स्त्री.) अनुमरण।
अनुसञ्चरन् (त्रि.) आना जाना करनेवाला।
अनुसन्धानम् (न.) अन्वेषण। खोज। पता लगाना। ढूंढना।
अनुसमुद्रम् (अ.) समुद्र के समीप।
अनुसरण (न.) अनुवर्तन।
अनुसारः (पुं.) पहले के अनुरूप। अनुसरण। अनुक्रम।
अनुसारी (त्रि.) अनुसार चलने वाला।
अनुस्मृतः (त्रि.) सेवित। आराधित। उपासित।
अनुस्मृतिः (स्त्री.) ध्यान। अनुस्मरण।
अनुस्यूतम् (त्रि.) ग्रथित। मिला हुआ। निरन्तर संसक्त। खूब मिला हुआ।
अनुस्वारः (पुं.) स्वर के आश्रय से उच्चारण किया जानेवाला।
अनुहरण (न.) अनुकरण।
अनुहारः (पुं.) अनुकार। समानताकरण। दूसरे के समान रूप भाषा आदि का आविष्कार करना।
अनूकः (पुं.) पूर्वजन्म। बीता हुआ जन्म। (न.) कुल। शील।
अनूचानः (पुं.) सांगवेद पढ़ने वाला। वेदों का अर्थ करनेवाला। (त्रि.) विनय युक्त। सविनय।
अनूचानमानी (त्रि.) अपने को वेदार्थ का ज्ञाता समझने वाला।
अनूढः (त्रि.) अविवाहित। कुंवारा।
अनूद्यम् (त्रि.) न कहने योग्य। गुरु आदि का नाम।
अनूनः (त्रि.) अहीन। भरा।
अनूपः (पुं.) महिष। शूकर। (त्रि.) जलप्रायदेश। अधिक जलवाला देश। जिस देश के चारों ओर जल हो।
अनूपनम् (न.) अदरख। आदी। (त्रि.) जल में उत्पन्न होने वाला।
अनूरुः (पुं.) अरुण नामक सूर्य का सारथि। यह विनता का ज्येष्ठ पुत्र था। इसके ऊरु आदि अंग नहीं थे।
अनूरुसारथिः (पुं.) सूर्य।
अनृचः (पुं.) बालक। जिसने वेदों का अभ्यास नहीं किया है।
अनृजुः (त्रि.) शठ। कुटिल। दुष्टाशय।
अनृणी (त्रि.) ऋणमुक्त। ऋणरहित।
अनृतम् (न.) असत्य। विना देखे हुए झूठ कहना। असत्य कथन।
अनेक (त्रि.) एक से अधिक। बहुत।
अनेकधा (अ.) अनेक प्रकार। बहुत तरह।
अनेकप (पुं.) हाथी। वृक्ष।
अनेकरूपम् (त्रि.) जिसके अनेक रूप हों।
अनेकान्तः (त्रि.) अनियत। अनिश्चित। जो एकरूप न हो। जिसके विषय में कुछ निश्चित नहीं कहा जा सके।
अनेकान्तवादी (त्रि.) है या नहीं। जो यह निश्चित नहीं बतला सके। बौद्ध। जैन विशेष। सात पदार्थों को माननेवाले नास्तिक विशेष।
अनेडमूकः (त्रि.) शठ। मूक। बधिर। गूंगा। बहरा। बोलने और सुनने की शक्ति से रहित।
अनेनस् (त्रि.) निर्दोष। दोषरहित।
अनेहा (पुं.) काल। समय।
अनैकान्तिक (पुं.) व्यभिचारी हेतु। हेतु का एक प्रकार का अभाव। इसके तीन भेद हैं। साधारण। असाधारण और अनुपसंहारी।
अनैक्यम् (त्रि.) एकता का अभाव। विरोध।
अनैपुण्यम् (न.) अनिपुणता। दक्षता का अभाव।
अनैश्वर्यम् (न.) असामर्थ्य। अशक्ति।
अनोकह (पुं.) वृक्ष। पेड़।
अनौचिती (स्त्री.) उचित नहीं। मर्यादा को अतिक्रम करना। लौकिक मर्यादा का उल्लंघन करना।
अन्तम् (न.) स्वरूप। स्वभाव। (पुं.) नाश। (न. पुं.) अवसान। समाप्ति। (त्रि.) समीप। प्रदेश। अत्यन्त मनोहर। रुचिर। अवयव। निर्णय। अवधि। सीमा।
अन्तःकरणम् (न.) मन। बुद्धि। अहंकार और चित्त। हृदयस्थित ज्ञान का साधन।
अन्तःकुटिलः (पुं.) शंख। (त्रि.) कुटिल हृदय। वक्रान्तःकरण।
अन्तःपुरम् (न.) राजाओं का रनिवास। राजमहल। शुद्धान्त।

अन्तःपुराध्यक्ष (पुं.) राजाओं के अन्तःपुर का अध यक्ष। रनिवास का कारबारी।

अन्तःसत्त्वा (स्त्री.) गर्भिणी। जिसके पेट में प्राणी हो।

अन्तःस्वेदः (पुं.स्त्री.) गज। हाथी।

अन्तकः (पुं.) नाश करनेवाला। यमराज। भरणी नक्षत्र।

अन्तकरः (त्रि.) नाशक। नाश करने वाला।

अन्तकर्म (न.) नाशन। मरण। मृत्यु।

अन्तकाल (पुं.) अन्तसमय। मरणकाल।

अन्तगः (त्रि.) पर जानेवाला। पारग। कार्य की सिद्धि तक जानेवाला। अन्तगत।

अन्तगतः (त्रि.) समाप्त हुआ। अवसान प्राप्त।

अन्ततः (अ.) सम्भावना। अवयव।

अन्तः (अ.) मध्य। बीच। प्रान्त। अभ्युपगम। चित्त।

अन्तरम् (न.) अवकाश। अवधि। पहनने का कपड़ा। छिपना। भेद। विशेष। अवसर। आत्मीय। बिना। छोड़कर। मध्य। बीच। आत्मा। सदृश।

अन्तरंगः (त्रि.) अंग का मध्य। आत्मीय। अपना। व्याकरण में अन्तरंग उसको कहते हैं जिसका निमित्त दूसरे की अपेक्षा थोड़ा हो।

अन्तरज्ञः (त्रि.) छोटे बड़े का भेद जाननेवाला।

अन्तरप्रभवः (त्रि.) संकीर्ण जाति। अनुलोम प्रतिलोमज सकंर।

अन्तरा (अ.) निकट। मध्य। रहित। बिना।

अन्तरात्मा (पुं.) अन्तःकरण। हृदयस्थित आत्मा। सर्वान्तर्यामी परमात्मा। अन्तःकरण का अधिष्ठाता जीवात्मा।

अन्तरापत्या (स्त्री.) गर्भिणी।

अन्तराय (पुं.) विघ्न। बाधा। रुकावट। चित्तविक्षेप।

अन्तरारामः (त्रि.) योगी, जीवन्मुक्त। वासना नाश होने के कारण जिसने सांसारिक सुखों का त्याग किया है।

अन्तरालम् (न.) अभ्यन्तर। मध्य। बीच।

अन्तरिक्षम् (न.) अम्बर। आकाश। पक्षी और मेघों के घूमने का मार्ग। भूलोक और सूर्यलोक के मध्य का स्थान।

अन्तरित (त्रि.) तिरस्कृत। व्यवहित। व्यवधान किया गया। बांकी।

अन्तरिन्द्रियम् (न.) अन्तःकरण।

अन्तरीपः (न.पु.) वह स्थान जिसके बीच में जल हो। द्वीप। दो आब।

अन्तरीप (न.) पहिनने का कपड़ा। नीचे पहनने का वस्त्र। धोती।

अन्तरे (अ.) मध्य। बीच।

अन्तरेण (अ.) बिना। रहित। मध्य। बीच।

अन्तर्गडु (त्रि.) निरर्थक। गले की गिलटी जिस प्रकार निरर्थक होती है उसी प्रकार का निरर्थक। प्रहेलिका। पहेली।

अन्तर्गतम् (त्रि.) मध्य प्राप्त। अन्तर्भूत। विस्मृत।

अन्तर्गृहम् (न.) बीच का घर, घर के भीतर का घर।

अन्तर्घनः (पुं.) देशविशेष।

अन्तर्जठर (न.) कोठा। पेट के बीच का एक कोठा।

अन्तर्जलम् (न.) जल के मध्य में अघमर्षण मन्त्र का जप करना।

अन्तर्ज्योतिः (न.) भीतर ज्योति के समान प्रकाश करने वाला। अन्तरात्मा।

अन्तर्दाहः (पुं.) भीतर का सन्ताप। हृदय का दाह।

अन्तर्द्वार (पुं.) भीरत का द्वार। घर के भीतर का द्वारा। खिड़की। गुप्त दरवाजा।

अन्तर्द्धानम् (न.) छिपना। गुप्त होना। तिरोधान। अदृश्य होना। शरीर त्याग।

अन्तर्द्धि (पुं.) व्यवधान। छिपाव। लुकाव।

अन्तर्भूत (त्रि.) मध्यस्थित। अन्तर्गत। बीच में आया हुआ।

अन्तर्मना (त्रि.) व्याकुल चित्त। एकाग्र चित्त। खिन्न चित्त। योगी। जिसका मन बाह्य विषयों से विरक्त होकर भीतर अवस्थित रहता है।

अन्तर्यामी (पुं.) वायु। प्राणवायु। जो प्राणियों के हृदय में प्रविष्ट होकर इन्द्रियों को अपने-अपने काम में लगाता है। ईश्वर। (त्रि.) मनोगत बातों को जानने वाला। हृदयज्ञ।

अन्तर्वंशिकः (पुं.) राजाओं के अन्तःपुर के अधिकारी। वामन। कुब्ज। नपुंसक आदि।
अन्तर्वत्नी (स्त्री.) गर्भिणी। गर्भवती स्त्री।
अन्तर्वाणि (त्रि.) शास्त्रज्ञ। विद्वान्। पण्डित।
अन्तर्वेदी (स्त्री.) देशविशेष। हरिद्वार से लेकर प्रयाग तक का देश। ब्रह्मावर्त नाम से प्रसिद्ध देश।
अन्तर्हासः (पुं.) उद्धर्धन। गूढ़ हास्य। मुसकाना।
अन्तर्हितम् (पुं.) संवीत। तिरोभूत। छिपा हुआ।
अन्तवत् (त्रि.) विनाशी। नाशवान्।
अन्तवासी (पुं.) समीप रहने वाला। जो स्वभाव से ही समीप रहे। शिष्य।
अन्तशय्या (स्त्री.) मरण। भूमिशय्या। मरण के लिए भूमिशय्या।
अन्तसद् (पुं.) शिष्य। विद्यार्थी।
अन्तःस्थ (पुं.) स्पर्श और ऊष्मा के मध्य का वर्ण। य, व, र, ल, आदि।
अन्तावसायी (पुं.) य क च। नाई। नख केश आदि को काटनेवाला। एक मुनि, जिसने वृद्धावस्था में तत्त्व-ज्ञान प्राप्त किया था। हिंसक। चाण्डाल।
अन्तिक (त्रि.) निकट। समीप। पास।
अन्तिका (स्त्री.) औषधविशेष। नाटक में जेठी बहिन को कहते हैं।
अन्तिकाश्रयः (पुं.) पास रहने वाला। विद्यार्थी।
अन्तिमः (त्रि.) चरम। अन्त में होने वाला।
अन्तेवासी (पुं.) शिष्य। विद्यार्थी।
अन्त्य (पुं.) सब से पीछे का। चाण्डाल। (त्रि.) अधम। अन्त में होनेवाला चरमस्थ। (न.) रेवती नक्षत्र। मीन राशि। संख्या विशेष। १०००००००००००००००।
अन्त्यजः (पुं.) नीच जाति विशेष।
अन्त्यजन्मा (पुं.) जिस का जन्म अन्त में हुआ हो। शूद्र।
अन्त्यजाति (पं.) चाण्डाल आदि सात जाति।
अन्त्यवर्णः (पुं.) शूद्र। अन्तिम वर्ण। अन्त का अक्षर।
अन्त्यावसायी (पुं.) चाण्डाल के औरस और निषाद जाति की स्त्री के गर्भ से उत्पन्न पुत्र।

अन्त्येष्टिः (स्त्री.) मृतक का अन्तिम संस्कार। श्राद्ध। पिण्ड दानादि क्रिया।
अन्त्रम् (नुं.) शरीर के अवयवों को बाँधने वाली शिरा अंतड़ी। पुरीतत नाम की नाड़ी।
अन्त्रवृद्धिः (स्त्री. पुं.) रोगविशेष। अण्डकोश की वृद्धि।
अन्दुक (पुं.) हाथी के पैर की बेड़ी। सिक्कड़। जिस से हाथी बांधे जाते हैं।
अन्दूः (स्त्री.) निगड़। बेड़ी। पैर का भूषणविशेष।
अन्ध् (धा. प.) न दिखना। दर्शन का अभाव।
अन्धः (पं. न.) तिमिर। अन्धकार। अदर्शनात्मक। अज्ञान। (त्रि.) अक्षि रहित। नेत्रहीन। (पुं.) भिक्षुक।
अन्धक (पुं.) देश विशेष। एक मुनि का नाम। यदुवंशी एक राजा का नाम। एक दैत्य का नाम। हिरण्याक्ष पुत्र।
अन्धकरिपुः (पुं.) अन्धक नामक दैत्य का शत्रु। शिव। महादेव।
अन्धकारः (पुं.) प्रकाश का अभाव। तम। अँधेरा।
अन्धकूपः (पुं.) अँधेरा कुँआ। एक नरक का नाम।
अन्धतमस् (न.) बड़ा अँधेरा।
अन्धतामिस्र (पुं.) नरक विशेष।
अन्धमूषिका (स्त्री.) औषध विशेष। देवताड़ का वृक्ष। वैद्यकशास्त्र में लिखा है कि इस के उपयोग से अन्धों की आँखें अच्छी हो जाती हैं।
अन्धस (न.) भात। ओदन। चावल।
अन्धिका (स्त्री.) द्युति विशेष। सिद्धा नाम की औषधि। नेत्ररोग विशेष।
अन्धुः (पुं.) कूप। कूँआ।
अन्धुल (पुं.) शिरीष का वृक्ष।
अन्ध्र (पुं.) चाण्डाल विशेष। देश विशेष। तैलंग देश।
अन्न (न.) भात। ओदन। पके हुए चावल। कच्चा धान्य। जौ, चना आदि। पृथिवी। अन्न उत्पन्न करने के सम्बन्ध में पृथिवी भी अन्न कही जाती है।

अन्नकोष्ठक (पुं.) अन्न रखने का छोटा कोठा। कोठी। गोला। मण्डी जहाँ अन्न बिकता है।
अन्नगन्धिः (पुं.) रोगविशेष। उदररोग। अतिसार।
अन्नदः (त्रि.) अन्नदाता। अन्न देनेवाला।
अन्नदा (स्त्री.) काशी की अन्नपूर्णा देवी।
अन्नदाता (स्त्री.) स्वामी। प्रभु।
अन्नपूर्णा (स्त्री.) अपने नाम से प्रसिद्ध देवी; ये काशी में हैं।
अन्नप्राशनम् (न.) संस्कार विशेष। प्रथम अन्न भक्षण। छठवें या आठवें महीने बालक को पांचवें या सातवें महीने बालक को जो पहले अन्न दिया जाता है।
अन्नमयः (पुं.) स्थूल शरीर। मञ्चकोशों में का पहला कोश।
अन्नविकारः (पुं.) अन्न के विकार से उत्पन्न। रेत। शुक्र। वीर्य।
अन्नादः (त्रि.) अन्न के भोक्ता। प्रदीप्त अग्नि। नीरोग। (पुं.) विष्णु।
अन्नाशनम् (न.) विधि पूर्वक अन्न का खाना। अन्नप्राशन।
अन्यः (त्रि. स.) असदृश। भिन्न। दूसरा।
अन्यतम (त्रि.) समूह से एक को निश्चित करना। बहुतों में का एक।
अन्यतर (त्रि.) दो में से एक का निर्द्धारण करना।
अन्यतः (अ.) अन्यत्र। दूसरी ओर।
अन्यत्र (अ.) व्यतिरेक। दूसरा। बिना। अन्यस्थान।
अन्यथा (अ.) असत्य। प्रकारान्तर। दूसरा प्रकार। पक्षान्तर।
अन्यथासिद्धि (स्त्री.) कार्य की उत्पत्ति के पहले वर्त्तमान रहने पर भी जो कारण न हो।
अन्यदा (अ.) कालान्तर। अन्य काल में। दूसरे समय में। अन्य समय। पश्चात्। फिर।
अन्यपूर्वा (स्त्री.) एक बार व्याह के पश्चात् दूसरी वार व्याही गयी स्त्री।
अन्यभृत् (पुं.) काक। यह कोइल को पोसता है।
अन्यवादी (पुं.) असत्यवादी। उलट पलट वोलने वाला।
अन्यादृश (त्रि.) अन्य प्रकार। दूसरे के सदृश।
अन्याय (पुं.) अविचार। दूसरे का धन आदि हरण करना। अनुचित कार्य।
अन्याय्यम् (त्रि.) अयोग्य। अनुचित।
अन्येद्युः (अ.) दूसरे दिन।
अन्योदर्यः (त्रि.) वैमात्रेय। सौतेला भाई।
अन्योन्यम् (त्रि.) परस्पर। आपस में। अर्थालंकार विशेष। दो वस्तुओं को एक क्रिया के द्वारा परस्पर उपकार्य और उपकारक भाव का जहां वर्णन हो वहां यह अलंकार होता है।
अन्योन्याभावः (पुं.) आपस में एक दूसरे का अभाव। परस्पर अभाव। यथा घट का पट में और पट का घट में अभाव।
अन्योन्याश्रय (त्रि.) जो एक दूसरे के आश्रय से वर्त्तमान हो। तर्क विशेष। एक पदार्थ की सिद्धि दूसरे पदार्थ की सिद्धि के आपेक्षिक हो। जैसे- एक पदार्थ का ज्ञान होना दूसरे पदार्थ के अधीन है और उस दूसरे पदार्थ का ज्ञान पहले पदार्थ क अधीन है। इसी को अन्योन्याश्रय कहते हैं। यह एक दोष है।
अन्वक्षम् (त्रि.) अनुपद। पीछा करना। दौड़ना। प्रत्यक्ष। इन्द्रियजन्य ज्ञान।
अन्वक् (त्रि.) अनुक्। अनुपद। अनुगामी। पीछा करनेवाला।
अन्वय (पुं.) सन्तति। कुल। पदों का परस्पर सम्बन्ध। अनुगम। अनुवृत्ति। एक पदार्थ की सत्ता के अधीन दूसरे पदार्थ की सत्ता।
अन्वयबोधः (पुं.) पदों से उपस्थित अर्थों के सम्वन्ध का ज्ञान। नैयायिक मत से शाब्द प्रमाण। वैशेषिक मत से शब्द से उत्पन्न अनुमान।
अन्वयव्यतिरेकी (त्रि.) हेतुविशेष। सत् हेतु। जिस हेतु में अन्वय और व्यतिरेक वर्त्तमान हो।
अन्वयव्याप्तिः (स्त्री.) हेतु विशेष। अन्वय के साथ नियम से रहना। जहाँ धूम है वहाँ अग्नि इस प्रकार की व्याप्ति।
अन्ववसर्गः (पुं.) इच्छानुसार काम करने की आज्ञा देना।

अन्ववायः (पुं.) वंश। सन्तान। कुल।
अन्वष्टका (स्त्री.) अग्निहोत्रियों का श्राद्ध विशेष। पूस, माघ, फागुन और आश्विन के कृष्णपक्ष की नवमी को होने वाला श्राद्ध।
अन्वहम् (अ.) प्रत्यह। प्रतिदिन।
अन्वाचयः (पुं.) मुख्य कार्य की सिद्धि के साथ-साथ जहां अप्रधान कार्य की भी सिद्धि हो। यथा किसी काम के लिये जाते हुए को दूसरा एक और काम बतला देना।
अन्वादेश (पुं.) एक काम के लिये कहने पर भी पुनः दूसरे काम के लिये कहना।
अन्वाधेय (न.) स्त्री धन विशेष। पिता के अनन्तर पति कुल से स्त्रियों को जो धन प्राप्त होता है वह अन्वाधेय है।
अन्वासनम् (न.) उपासना। सेवा करना। पश्चाताप। पछतावा। शुश्रूषा। आराधना।
अन्वाहार्य (न.) मासिक श्राद्ध। प्रतिमास किया जानेवाला श्राद्ध। दर्शश्राद्ध जो अमावास्या को होता है।
अन्वाहार्यपचन (पुं.) जिस से श्राद्ध का अन्न पकाया जाता है। दक्षिणाग्नि। ऋग्वेदोक्त विधि से स्थापित अग्नि।
अन्वितम् (त्रि.) मिलित। युक्त। संवंध प्राप्त।
अन्वीक्षा (स्त्री.) सुनी हुई बात का पुनः युक्तायुक्त विवेचन करना। तर्क के द्वारा यथार्थ अर्थ का निर्णय करना।
अन्वेषणम् (न.) अनुसन्धान। गवेषणा। छिपी हुई बात को प्रकट करने का प्रयत्न करना।
अन्वेषणा (स्त्री.) खोज। मार्गण। अनुसन्धान। तर्कादि द्वारा शास्त्रोक्त तत्वों का पता लगाना।
अन्वेष्टव्यः (त्रि.) ज्ञातव्य। जानने योग्य।
अन्वेष्टा (त्रि.) अन्वेषणा करने वाला। अनुसन्धानकारी। खोज करने वाला।
अप् (स्त्री.) जल। रसतन्मात्रा से उत्पन्न शीतस्पर्शवान् पदार्थ को अप् कहते हैं। व्यापनशील पदार्थ विशेष।
अप (उप. अ.) अपकृष्ट। वर्जन। वियोग। विपर्यय। विकार। चौर्य। निर्देश। हर्ष।
अपकर्म (न.) दुष्कर्म। दुराचार। दुष्टाचरण।
अपकर्षः (पुं.) विद्यमान धर्म की हानि।
अपकारः (पुं.) द्वेष। अनिष्ट। शत्रुता। वैर। विरोध।
अपकारक (त्रि.) अनिष्टकर्ता। अनिष्ट करने वाला।
अपकारगीः (स्त्री.) भर्त्सन वाक्य। तिरस्कार वचन। अपकारार्थक वचन।
अपकारी (त्रि.) धूर्त। शठ। अपकारक। अपकार करने वाला।
अपकुशः (पुं.) दन्तरोग विशेष।
अपकृतः (त्रि.) अपकार किया हुआ। अपकारी। (न.) अपकार।
अपकृष्टः (त्रि.) हीन। अधम। नीच।
अपक्रमः (पुं.) पलायन। भागना।
अपक्रिया (स्त्री.) द्रोह। अपकार। वैर। द्वेष।
अपक्रोश (पुं.) निन्दन। जुगुप्सन। तिरस्कार।
अपक्वम् (त्रि.) अपरिणत। नहीं बड़ा हुआ। कच्चा।
अपक्षेपणम् (न.) क्रिया विशेष। जिस से किसी वस्तु का संयोग अपने स्थान से अधोदेश से होता है।
अपगतः (त्रि.) मृत। पलायित। दूरीभूत। गया।
अपगमः (पुं.) अपगमन। निकल जाना। भाग जाना।
अपघन (त्रि.) देह। शरीर।
अपघात (पुं.) अपहनन। निर्दयतापूर्वक मारना।
अपचयः, (पुं.) हानि। व्यय। अवनति। अपहार। चोर्य। खर्च।
अपचायितम् (त्रि.) पूजित। आराधित। पूजागया।
अपचारः (पुं.) अहित। आचरण। दुराचार।
अपचारिणी (स्त्री.) व्यभिचारिणी। अपचार करनेवाली स्त्री।
अपचारी (त्रि.) अपचार करने वाला।
अपचितम् (त्रि.) अर्चित। पूजित। हीन। बढ़ा हुआ।
अपचितिः (स्त्री.) पूजा। आराधना। व्यय। निष्कृति। निस्तार। हानि। न्यूनता। घटाव।
अपटान्तरम् (त्रि.) आसक्त। अव्यवहित। बीच रहित। खुला हुआ। संसक्त। लगा हुआ। फँसा हुआ।

अपटी (स्त्री.) छोटा वस्त्र। काण्डपट। कनात। कपड़े का पड़दा।

अपटुः (त्रि.) अचतुर। कार्य के अयोग्य। रोगी। काम करने में असमर्थ।

अपतर्पणम् (न.) रोग आदि में भोजन न करना।

अपत्यम् (न.) पुत्र। कन्या।

अपत्यधदा (स्त्री.) गर्भ धारण करनेवाली औषधि। वह क्रिया जिससे गर्भ रहता है।

अपत्यशत्रुः (पुं.) कुलीर। कर्कट। केंकड़ा नामक एक जन्तु।

अपत्र (पुं.) जिसके पत्ते न हों। करीर वृक्ष। (त्रि.) अंकुर।

अपत्रप (त्रि.) लज्जाहीन। निर्लज।

अपत्रपिष्णुः (त्रि.) लज्जाशील। स्वभाव से लज्जा।

अपथम् (न.) अमार्ग। कुत्सित मार्ग। निन्दित पथ।

अपन्था (पुं.) अपथ। मार्ग का अभाव।

अपथ्यम् (त्रि.) अहितकर भोजन। रोगी के न खाने योग्य वस्तु।

अपदस्थः (त्रि.) स्वकर्मच्युत। पदच्युत।

अपदानम् (न.) शोधन करना। साफ करना।

अपदिशम् (न.) दो दिशाओं का मध्य। विदिक्। कोन।

अपदिष्टः (त्रि.) किया हुआ। प्रयुक्त।

अपदेशः (पुं.) लक्ष्य। निराशा। स्वरूप को आच्छादन करना। छल। बहाना। निमित्त। स्थान।

अपध्वंसज (पुं.) वर्णसंकर। भिन्न-भिन्न वर्णों के समागम से उत्पन्न संकीर्ण वर्ण।

अपध्वस्त (त्रि.) परित्यक्त। निन्दित। छोड़ा हुआ। विनष्ट।

अपनयनम् (न.) दूर करना। खण्डन करना। हटाना। अपहरण। स्थान परिवर्तन।

अपनीत (त्रि.) विनीत। हत। हटाया हुआ।

अपनेयः (त्रि.) अपनयन करने योग्य। हटाने योग्य। निरसनीय।

अपनोदन (न.) दूर ले जाना। हटाना। तोड़ देना। प्रतीकार करना।

अपभ्रंश (पुं.) अपशब्द। अशास्त्रीय शब्द। असंस्कृत शब्द। ग्राम्यभाषा।

अपमानम् (न.) अवज्ञा। निरादर। अनादर। तिरस्कार।

अपमित्यक (न.) ऋण। उधार। कर्ज।

अपमृत्यु (पुं.) अपकृष्टमृत्यु। रोग आदि के बिना मरना। अपघातजन्य मृत्यु।

अपयानम् (न.) निकलना। भागना। पलायन करना।

अपर (न.) हाथी का पिछला भाग। (त्रि.) दूसरा। अन्य। भिन्न। नवीन। निकृष्ट। कार्य। सन्निकृष्ट। पश्चिमदिशा।

अपरक्तः (त्रि.) विरक्त। जो अनुकूल न हो।

अपरितः (स्त्री.) विराग। हट जाना। विरुद्ध भाव।

अपरत्र (अ.) परलोक। पीछे। दूसरे समय।

अपरत्वम् (न.) छोटाई के व्यवहार का कारण। जिस के द्वारा वह छोटा और वह बड़ा ऐसा व्यवहार होता है। कालिक और दैशिक भेद से वह दो प्रकार का होता है।

अपरपक्षः (पुं.) दूसरा पक्ष। कृष्णपक्ष।

अपरात्र (पुं.) रात्रिविशेष। रात का पिछला भाग। रात का पिछला पहर।

अपरवक्त्रम् (न.) छन्दविशेष। वैतालीय नामक छन्द।

अपरवैराग्यम् (न.) वैराग्य विशेष।

अपरस्परः (त्रि.) क्रियासातत्य। काम का नैरन्तर्य्य। सतत काम करना।

अपरा (स्त्री.) जटायु। परिश्चम दिशा। विद्याविशेष।

अपरागः (पुं.) अप्रीति। द्वेष।

अपरांगः (पुं.) गुणीभूत व्यंग्य का भेद।

अपराजितः (पुं.) शिव। विष्णु। एक ऋषि का नाम। (त्रि.) दूर्वा। लता विशेष। जयन्तीवृक्ष।

अपराजिता (स्त्री.) जया। उमा। जूही नाम की लता।

अपराद्धः (त्रि.) अपराधी। अपराध करने वाला।

अपराद्धपृषत्क (त्रि.) वह धनुर्धारी जिसका बाण लक्ष्य से च्युत हो।

अपराधः (पुं.) पातक। पाप। गुनाह। भूल। न करने योग्य काम करना।

अपराधी (त्रि.) कृतापराध। जिस ने अपराध किया हो।

अपरान्तः (त्रि.) पाश्चात्त्य देश। पश्चिमी देश। समुद्र मध्यवर्ती देश।
अपराह्णः (पुं.) दिन के तीन भागों का अन्तिम भाग। दिन का तीसरा भाग। दिन का शेष भाग।
अपराह्णतनः (त्रि.) अपराह्ण में होने वाली वस्तु।
अपरिकलितः (त्रि.) अज्ञात। अदृष्ट।
अपरिग्रहः (पुं.) असंग्रह। पास कुछ न रखना। अस्वीकार। संन्यासी। (त्रि.) परिग्रहहीन।
अपरिच्छद (त्रि.) परिच्छदरहित। दरिद्र। निर्धन।
अपरिच्छिन्नः (त्रि.) परिच्छेदरहित। असीम। इयत्तारहित।
अपरिसंख्यानम् (न.) आनन्त्य। असीम।
अपरिहार्यम् (त्रि.) छोड़ने योग्य नहीं। अत्याज्य। जो रोका न जाय।
अपरेद्युः (अ.) दूसरा दिन। परसों।
अपरोक्षम् (त्रि.) प्रत्यक्ष। विषय और इन्द्रियों के संयोग से जो ज्ञान होता है।
अपर्णा (स्त्री.) पार्वती। हिमालय की कन्या। (त्रि.) पर्णरहित। पत्रशून्य।
अपर्याप्तम् (त्रि.) असमर्थ। असम्पूर्ण। शक्तिरहित। जो पूर्ण न हो।
अपलम् (न.) कीलक। (त्रि.) मांसहीन।
अपलाप (पुं.) प्रेम। अपह्नव। छिपाव। सच्ची बात को भी झूठ कहना।
अपवटक (न.) वासगृह। रहने का घर।
अपवर्गः (पुं.) त्याग। मोक्ष। कार्यों की सफलता। कर्म का फल। दुःखों का अत्यन्त नाश।
अपवर्गगुरु (पुं.) सदाशिव। हरि।
अपवर्जनम् (न.) दान। त्याग। मोक्ष। निर्जन।
अपवर्जितः (त्रि.) परिहृत। त्यक्त।
अपवर्तनम् (न.) परिवर्त। वक्र होना। लौटना। टेढ़ा करना। गणितशास्त्र में प्रसिद्ध भाज्य भाजक दोनों को किसी एक समान अंक से बाँटना संक्षिप्त करना। अल्प करना।
अपवादः (पुं.) निन्दा। आज्ञा। प्रेम। विश्वास। विशेष नियम। व्याकरण शास्त्रानुसार अपवाद शास्त्र।
अपवारण (न.) अन्तर्द्धान। छापना। व्यवधान।
अपविद्धः (त्रि.) त्यक्त। छोड़ दिया गया। प्रत्याख्यात। तिरस्कार किया हुआ। पुत्रविशेष-जो पिता माता के द्वारा परित्यक्त हो।
अपविषा (स्त्री.) ओषधिविशेष। जिस से दूर हो जाय।
अपवृत्त (पुं.) पराङ्मुख। किसी की न माननेवाला। दुराचारी।
अपशब्दः (पुं.) अपभ्रंश शब्द। असंस्कृत शब्द। बिगड़ा हुआ शब्द।
अपशुक् (पुं.) आत्मा।
अपशोक (पुं.) अशोक नामक वृक्ष।
अपष्ठु (पुं.) काल। (त्रि.) वाम। प्रतिकूल। विरोध।
अपसद (पुं.) अधम। नीच। अपकृष्ट। नीच जातिविशेष।
अपसरः (पुं.) अपसरण। हटना।
अपसरणम् (न.) एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना।
अपसर्जन (न.) परिवर्तन। दान। छोड़ना। निर्जन। मोक्ष।
अपसर्पः (त्रि.) गुप्तचर। छिपा हुआ दूत। (पुं.) एक प्रकार का सर्प।
अपसव्य (त्रि.) शरीर का दक्षिण भाग। प्रतिकूल। विरुद्धार्थ। पितृतीर्थ।
अपसिद्धान्तः (पुं.) माने हुए सिद्धान्त से गिरना।
अपस्करः (पुं.) रथांग। पहिये को छोड़ कर रथ का अंग।
अपस्नात (त्रि.) निन्दित स्नान। मृतक के लिये स्नान करनेवाला।
अपस्नान (न.) मरणनिमित्तक स्नान।
अपस्मार (पुं.) रोगविशेष। भूतविकार। मिरगी रोग।
अपस्मारी (त्रि.) अपस्माररोगी।
अपहतः (त्रि.) अपनीत। नष्ट। ताड़ित। पीड़ित।
अपहतपाप्मा (पुं.) जिसके समस्त पाप दूर हो गये हों। वेदान्तवाक्यों द्वारा जानने योग्य आत्मा।

अपहतिः (स्त्री.) विनाश। उच्छेद।
अपहन्ता (पुं.) विनाशक। नाश करने वाला।
अपहर्ता (त्रि.) अपहरण करने वाला। विनाशक।
अपहस्तित (त्रि.) निरस्त। हटाया हुआ। गले में हाथ देकर निकाल दिया हुआ।
अपहारः (पुं.) हानि। चोरी। छिपाना। लुटाना। अपचय। हानि। अपहरण।
अपहारक (त्रि.) अपहरण करने वाला।
अपहारी (त्रि.) अपहरण शील। अपहरण करने वाला।
अपहासः (पुं.) अकारण हँसी। निरर्थक हास्य।
अपहृतः (त्रि.) अपनीत।
अपह्नवः (पुं.) स्नेह। अपलाप। सत्य को छिपाना।
अपह्नुतिः (स्त्री.) अपलाप अर्थालंकार विशेष। प्रकृत बात को छिपाकर उस को दूसरे रूप से वर्णन करने से यह अलंकार होता है।
अपांनाथः (पुं.) समुद्र। सागर। वरुण।
अपाक (पुं.) अजीर्ण होना। नहीं पकना। कच्चा।
अपाकरणम् (न.) निराकरण। दूर करना। हटाना।
अपाकशाकम् (न.) अरदख।
अपाकृत (त्रि.) त्यक्त। दूरीकृत। हटाया हुआ।
अपाङ्क्तेयः (त्रि.) पङ्क्ति में भोजन करने के अयोग्य। पतित। अधम। जातिच्युत।
अपाङ्ग (पुं.) नेत्रका अन्तभाग। कटाक्ष।
अपाङ्गकः (पुं.) अपामार्ग नामक पौधा। कटाक्ष। (त्रि.) अंगहीन।
अपाङ्गदर्शनम् (न.) कटाक्ष। कटाक्ष से देखना।
अपाटवम् (न.) रोग। पटुता का अभाव। चतुराई के बिना। बेवकूफी।
अपात्रम् (न.) अयोग्य। योग्यताहीन। निन्दित। दुराचारी।
अपात्रीकरणम् (न.) नवविध पापों में से एक पाप का नाम। यह चार प्रकार का होता है। (१) निन्दित से धन लेना (२) व्यापार करना (३) शूद्रसेवा (४) असत्य बोलना।
अपादान (न.) छः कारकों में का पाँचवाँ कारक। जिस वस्तु से दूसरी वस्तु का विभाग होता है वह अपादान कहा जाता है

अपानः (पुं.) नीचे जाने वाली शरीर की वायु।
अपाप (त्रि.) पापरहित। निष्पाप।
अपापविद्धः (त्रि.) धर्माधर्मरहित।
अपामार्गः (पुं.) औषधविशेष। एक पौधे का नाम। चिचड़ा।
अपाम्पतिः (पुं.) समुद्र। वरुण।
अपायः (पुं.) वियोग। नाश। हटना। दुःख आपत्ति।
अपारः (पुं.) समुद्र। जिसका पार न हो। जिस की अवधि न हो। सागर।
अपार्थः (त्रि.) अर्थ शून्य। निरर्थक। अर्थ रहित।
अपावृतः (त्रि.) खुला हुआ। स्वतन्त्र। उद्घाटित।
अपाश्रयः (पुं.) आश्रयशून्य। आश्रय रहित। चन्दवा।
अपासनम् (न.) मारण।
अपास्तः (त्रि.) निरस्त। अवधीरित। तिरस्कृत। हटाया हुआ।
अपि (अ.) सम्भावना। प्रश्न। शंका। गर्हा। समुच्चय। अनुज्ञा। अवधारणा।
अपिगीर्णम् (न.) स्तुत। प्रशंसित। जिसकी स्तुति की गयी हो।
अपितु (अ.) किन्तु। यदि। यद्यपि। एक अव्यय है।
अपिधान (न.) आच्छादन। ढकना।
अपिनद्धः (त्रि.) पहना हुआ वस्त्र।
अपीच्यम् (त्रि.) अत्यन्त सुन्दर।
अपीनम् (त्रि.) पीनसरोगरहित। नासिका के एक रोग को पीनस कहते हैं उससे रहित। दुबला।
अपुच्छा (स्त्री.) शिखरहीन। शिंशपा वृक्ष। (त्रि.) पुच्छहीन।
अपुनरावृत्ति (स्त्री.) जहाँ से पुनः आवृत्ति न हो। मुक्ति। मोक्ष।
अपुनर्भवः (पुं.) पुनः जन्म का अभाव। मोक्ष। मुक्ति। संसारबन्धन का नाश।
अपुष्पफलदः (पुं.) वनस्पति। जो बिना फूल के भी फल दे।
अपूपः (पुं.) पिष्टक। पूआ। मालपूआ।
अपूप्यम् (न.) जिसके पूआ बनते हैं। आटा।
अपूरणी (स्त्री.) शाल्मलिवृक्ष। सेमल का पेड़।
अपूर्वः (त्रि.) पहले का नहीं देखा गया। अद्भुत।

अविदित। अज्ञात। आश्चर्य। (पुं.) आत्मा। कारणशून्य।

अपूर्वविधि (पुं.) अन्य प्रमाणों से अप्राप्त अर्थ का विधान करने वाला।

अपेक्षणीयः (त्रि.) अपेक्षा के योग्य।

अपेक्षा (स्त्री.) आकांक्षा कार्य और कारण का परस्पर संबन्ध।

अपेक्षाबुद्धि (स्त्री.) अनेक विषयक बुद्धि। जो बुद्धि अनेक विषय की हो।

अपेक्षितः (त्रि.) ईप्सित। अभीष्ट।

अपेतः (त्रि.) रहित।

अपेतकृत्यः (त्रि.) कार्यशून्य। कृतकृत्य। जिसके कोई काम न हो।

अपोगण्डः (त्रि.) अतिभीरु। डरने वाला। अवस्थाविशेष। बाल्यावस्था।

आ (अव्य.) (१) वर्णमाला का द्वितीय अक्षर तथा स्वर है।
(२) जब केवल "आ" का प्रयोग किया जाता है तब इसका अर्थ होता है-अनुमति। हाँ। सचमुच। यह अक्षर अनुकम्पा, दया, वाक्य, समुच्चय, घोड़ा, सीमा, व्याप्ति, अवधि से और तक के अर्थ में भी प्रयुक्त किया जाता है। किन्तु जब "आ" क्रिया अथवा संज्ञावाचक शब्दों के पूर्व लगाया जाता है, तब यह -समीप, सम्मुख। चारों ओर से आदि अर्थ को व्यक्त करता है। "आ" वैदिक साहित्य में सप्तम्यन्त शब्द के पहले-में और आदि अर्थव्यञ्जक होता है।
आ (पुं.) महादेव। लक्ष्मी।
आकत्थनं (क्रि.) बड़ाई बघारना। डींग हाँकना।
आकम्पित (त्रि.) कम्पयुक्त, काँपता हुआ। लोभ को प्राप्त। थोड़ा कम्प युक्त।

आकर्त्यं (क्रि.) किसी वस्तु को अपवित्र कर डालना।
आकर्ण (क्रि.) सुनना। कान देना।
आकरः (पुं.) समूह। श्रेष्ठ। अच्छा। रत्नादि के निकलने का स्थान। खान।
आकल् (क्रि.) पकड़ना। धरना। विचारना। देखना। बाँधना। रोकना। समर्पण करना। नापना। गिनना।
आकल्प (पुं.) भूषण। शृंगार। परिच्छद। बीमारी। वृद्धि। बढ़ती।
आकल्य (पुं.) बीमारी। रोग।
आकष (पुं.) कसौटी। चकमक पत्थर। पारस। जुआं। इन्द्रिय।
आकषक (पुं.) काटना। घिसना। कसौटी पर रखना।
आकर्षणी (स्त्री.) ऊँचाई पर स्थित फूल, फल, पत्ती तोड़ने की लकड़ी। डण्डी।
आकर्षिक (पुं.) चुम्बक नाम अयस्कान्त पत्थर। खींचने वाला।
आकस्मिक (अव्य.) अकस्मात्। सहसा हुआ। पहिले जो न सोचा विचारा अथवा देखा गया हो।
आकांक्षा (स्त्री.) अभिलाषा। चाह। सम्बन्ध। अभिलाष।
आकायः (पुं.) निवास। घर। श्मशान का अग्नि।
आकार (पुं.) मूर्ति। स्वरूप। मन का अभिप्राय।
आकारगुप्ती (स्त्री.) अपने मन के भाव को गुप्त रखना। स्वरूप को छिपाना।
आकारण (क्रि.) बुलाना।
आकाल ठीक समय। वेठीक समय।
आकालिक (त्रि.) बे फसल की वस्तु। शीघ्र नष्ट होने वाली। (स्त्री.) बिजली।
आकाश (पुं.न.) अकास। गगन। आसमान। पोला स्थान पञ्चभूतों अथवा तत्वों में से एक तत्व। सूर्य, चन्द्र ताराओं के देदीप्यमान होने का स्थान ब्रह्म। छिद्र। शून्य।
आकाशदीप (पुं.) आकाशदीपक अर्थात् वह दीपक जो विष्णु भगवान की प्रीति के लिए कार्तिक मास में एक बल्ली पर आकाश में रात के समय लटकाया जाता है।
आकाशवल्ली (स्त्री.) अमरबेल।
आकाशवाणी (स्त्री.) देवता की बोली। आकाशवाणी, वह वाणी जिसका बोलने वाला न दीख पड़े।
आकिञ्चनं आकिञ्चन्यं (न.) धनहीनता। गरीबी। निर्धनता।
आकीर्णः (त्रि.) व्याप्त। फैला हुआ।
आकुञ्चन (न.) सिकोड़ना। समेटना। फैले हुए को एकत्र करना।
आकुल (त्रि.) व्याकुल। घबड़ाया हुआ। व्यग्र।
आकूत (न.) अभिप्राय। आशय।
आकृ (क्रि.) समीप लाना। नीचे लाना। सम्पूर्ण प्रस्तुत करना। बुलाना। चिनौती देना। उत्पन्न करना। किसी से कोई वस्तु माँगना।
आकृति (स्त्री.) आकार। जाति। रूप। देह। बानगी।
आकृतिछत्रा (स्त्री.) घोषा नाम की एक लता।
आकेकरा (स्त्री.) दृष्टि विशेष। आधी खुली, आधी मुँदी।
आकेनिप (अव्य.) समीपवर्ती। बुद्धिमान्।
आक्रन्द (क्रि.) रोना। दहाड़ मार कर रोना। चीख मारना। चिल्लाना। गरजना। (सं.) शब्द। युद्ध का शब्दविशेष। मित्र। त्राता। भाई। घोर युद्ध। रोने का स्थान। राजा जो अपने मित्र राजा को दूसरे की सहायता देने से रोकता है।
आक्रम (पुं.) चढ़ाई करना। धावा करना। समीप जाना। अधिकृत कर लेना। ढक लेना।
आक्रमण (न.) धावा। चढ़ाई।
आक्रीड (पुं.) खेल की जगह या मैदान।
आक्रोश (पुं.) निन्दा। चीख। चिल्लाहट। हल्लागुल्ला। कोलाहल। शपथ। किरिया। गाली गलौज।
आक्षद्यूतिक (न.) पांसे के खेल में उत्पन्न विरोध या वैर।
आक्षपणं (न.) व्रत। उपवास। छोड़ा वारी।
आक्षपारिक (पुं.) पांसे का खेल देखने वाला। न्यायकर्त्ता। शासक।
आक्षपाद (पुं.) अक्षपाद या गौतम का सिखलाया हुआ। न्यायशास्त्र का अनुयायी।
आक्षर् (क्रि.) गाली देना। झूठा दोष लगाना।
आक्षार (पुं.) व्यभिचार अथवा लम्पटता

सम्बन्धी पुरुष वा स्त्री का दोष। पर पुरुष अथवा स्त्री के साथ सम्भोग करने का दोष।

आक्षि (क्रि.) रहना। ठहरना। वास करना। स्थितशील होना। अधिकार करना।

आक्षीव (पुं.) मत्त। मतवाला। मस्त।

आक्षेप (पुं.) धुड़कना। कलंक लगाना। खेंचना। धनादि की अमानत रखना। अर्थालंकारभेद।

आक्षोट-ड अखरोट का वृक्ष।

आख (पुं.) कुदाली। फावड़ा।

आखण (न.) कड़ा। सख्त।

आखण्डल (पुं.) पर्वतों को तड़काने या फाड़ने वाला। इन्द्र।

आखनिक (पुं.) चोर। सुअर। मूँसा। चूहा। खोदने वाला।

आखर (पुं.) कुदाली। फावड़ा। कुल्हाड़ी। तबेला या किसी भी जानवर के रहने का घर।

आखात (न.) अपने आप बना हुआ जलाशय। खाड़ी।

आखु (पुं.) मूँसा। चोर। सूम। सुअर।

आखुकर्णी (स्त्री.) मूँसे के कान जैसे पत्ते वाली उन्दरकारणी नामक एक बेल।

आखुगः (पुं.) चूहावाहन। गणपति। गणेश।

आखुभुज् (पुं.) बिल्ला। बिलौटा।

आखुविषहा (स्त्री.) देवताड़ वृक्ष जो मूँसे के विष को दूर करता है। देवताली लता। वनस्पति विशेष।

आखेटः (पुं.) मृगया। शिकार। अहेर।

आखेटिक (पुं.) शिकारी। आखेट करने वाला। भयानक। डराने वाला।

आखोट (पुं.) अखरोट का वृक्ष।

आख्या (स्त्री.) संज्ञा। नाम। जिससे प्रसिद्ध हो।

आख्यातृ (त्रि.) कहने वाला। पढ़ाने वाला। उपदेशक।

आख्यानम् (न.) उपाख्यान। कथा। सच्ची कहानी। प्रसिद्ध इतिहास। बोलना। समझना।

आख्यायिका (स्त्री.) प्रसिद्ध कहानी। गद्यपद्यमयी रचना। जैसे "हर्षचरित" या, "कादम्बरी।"

आगत (त्रि.) आया हुआ। उपस्थित। विद्यमान।

आगन्तु (त्रि.) अतिथि। आगमनशील। अनियमित रहने वाला। आया हुआ।

आगम (न. पुं.) तन्त्रशास्त्र। वेदादि शास्त्र। आना। सन्दिग्ध अर्थ का सिद्ध करने वाला। व्यवहार। शिवजी के मुख से आया, पार्वती के कान में गया, और जिसे विष्णु ने माना अतः आगम हुआ। यथा

"आगतं शिववक्त्रेभ्यो गतञ्च गिरिजासुजे।
मतञ्च वासुदेवस्य तस्मादागममुच्यते।।"

आगरः (पुं.) अमावास्या।

आगलित (त्रि.) सुस्त। उदास। दुःखी। मलिन।

आगवीन (त्रि.) वह मनुष्य जो गोधूलि के समय तक कार्य में संलग्न रहे।

आगस् (न.) अपराध। चूक। पाप। भूल। दण्ड।

आगस्ती (स्त्री.) दक्षिण दिशा।

आगाध (गु.) बहुत गहरा। अथाह।

आगार (न.) घर। छिपा हुआ स्थान।

आगुर् (क्रि.) स्वीकार गरना। सम्मत होना। प्रतिज्ञा करना।

आगू (स्त्री.) यह अवश्य कर्तव्य है-इसको अंगीकार करना। प्रतिज्ञा।

आगै (क्रि.) संगीत द्वारा पाना।

आग्नापौष्ण (गु.) अग्नि और पूषा सम्बन्धी।

आग्नीध्र (पुं.) होम करने वाले का ग्रह। मनु वंशोद्भव महाराज प्रियव्रत का ज्येष्ठ पुत्र।

आग्नेय (न.) अग्नि देवता वाला। जिसका अग्नि देवता हो। सुवर्ण। सोना। घी। लाल रंग। अग्नि पुराण। आग वाला। एक नगर। अगस्त्य मुनि।

आग्नेयी (स्त्री.) पूर्व और दक्षिण के बीच वाली विदिशा। अग्नि की पत्नी स्वाहा। प्रतिपदा तिथि। अग्निदेव का मंत्र।

आग्न्याधानिकी (स्त्री.) दक्षिणा विशेष। जो ब्राह्मण को दी जाती है।

आग्रयणः (न.) एक प्रकार का यज्ञ जो नया अन्न अथवा नये फल आदि खाने के पूर्व किया जाता है। अग्नि का स्वरूप। नया अन्न।

आग्रहायणिक (पुं.) मार्गशिर का मास। पूर्णमासी वाला महीना।

आग्रहायणी (स्त्री.) मृगशिर नक्षत्र वाली पूर्णिमा। मार्गशीर्ष महीने की पूर्णमासी।

आग्रहारिक (पुं.) नियम से पहला भाग पाने वाला। प्रथम भाग पाने योग्य ब्राह्मण। श्रेष्ठ ब्राह्मण। उत्तम ब्राह्मण।

आघट्ट (पुं.) लाल रंग। अपामार्ग अथवा अज्जाझारे का वृक्ष (क्रि.) मारना। छूना।

आघात (पुं.) आहनन। चोट। मारने का स्थान। वधस्थान। कसाईखाना।

आघार (पुं.) घी। मंत्र विशेष से किसी विशेष देव को घृत प्रदान।

आघूर्णित (त्रि.) हिलाया डुलाया हुआ।

आघृ (क्रि.) उड़ेलना। छिड़कना।

आघृणि (त्रि.) गर्मी से चमकने वाला। प्रकाशमान। अधिक धन वाला। सूर्य्य।

आघ्रा (क्रि.) सूँघना।

आघ्रातण (त्रि.) सूँघा हुआ। छुआ हुआ। दबाया हुआ। लाँघा हुआ।

आङ्गिक (त्रि.) भावों को प्रकाश करने वाला। भौं का चढ़ाव उतार। मृदंग बाजा। शरीर सम्बन्धी।

आङ्गिरस (पुं.) अंगिरा के पुत्र वृहस्पति।

आङ्गूष (पुं.) प्रशंसा। स्तव।

आचक्ष् (क्रि.) बोलना। कहना। शिक्षा देना।

आचमन (न.) अभिमंत्रित जल पान। मुख आदि का धोना। उपोषण। विहित कर्म के पूर्व देहशुद्धि के अर्थ तीन बार दक्षिण हथेली पर रख कर जल पीना।

आजमनक (न.) आचमन का जल। पीकदान। उगालदान।

आचमनीय (न.) मुँह धोने या कुल्ला करने योग्य जल।

आचायः (पुं.) एकत्र करना। (सं.) ढेर। राशि।

आचर (क्रि.) व्यवहार करना। आचरण करना। अभ्यास करना। समीप आना। घूमना। फिरना। व्यवहार रखना। भक्षण कर जाना।

आचार (पुं.) चरित्र। आचरण। मनु आदि महर्षियों द्वारा बतलाया हुआ स्नानादि व्यवहार। कर्त्तव्य कर्म।

आचार्य (पुं.) आचार्य संज्ञा उस पुरुष की है जो अपने शिष्य का यज्ञोपवीत संस्कार करके कल्प और उपनिषद सहित वेदाध्ययन करावे। जो किसी सम्प्रदाय को स्थापन करते हैं वे भी आचार्य कहलाते हैं जैसे शंकराचार्य। श्रीरामानुजाचार्य प्रभृति। आचार्य की स्त्री "आचार्य्यानी" कहलाती है।

आचार्यक (पुं.) आचार्य पना। आचार्य के करने योग्य काम।

आचि (क्रि.) एकत्र करना। बटोरना। ढेर लगाना। जमा करना। संग्रह करना। लादना। ढकना।

आचित (पुं.) संगृहीत। एकत्र किया हुआ। फैला हुआ। (सं.) वाक्य। वचन। एक रथ का वजन अर्थात् पच्चीस मन।

आच्छन्न (त्रि.) ढका हुआ। मुँदा हुआ। रखा हुआ।

आच्छाद (पुं.) वस्त्र। कपड़ा।

आच्छादन (न.) कपड़ा। परदा। गिलाफ। उढ़ोना। चोंगा।

आच्छिन्न (त्रि.) बलपूर्वक पकड़ा गया। काटा गया। खोया हुआ।

आच्छुरित (न.) जोर से हँसना। खिलखिला कर हँसना। नखों का घिसना।

आच्छोटन (क्रि.) उंगलियाँ चटकाना।

आच्छोदन (न.) आखेट। शिकार।

आजनिः (स्त्री.) हाँकने की लकड़ी।

आज (क्रि.) आना। बकरे से उत्पन्न या बकरे से सम्बन्ध युक्त। फेंकना।

आजकं (न.) बकरियों का गल्ला। झुण्ड।

आजकारः (पुं.) शिवजी का नाँदिया।

आजगवं (न.) शिवधनुष या शिवधनुष के समान सुदृढ़ धनुष।

आजन् (क्रि.) उत्पन्न होना। जन्म ग्रहण करना।

आजवनं (न.) हमला करना। आक्रमण करना।

आजानु (न.) घुटनों तक।

आजि (स्त्री.) समरभूमि। रणस्थली। लड़ाई। की जगह। गाली। झिड़की। (क्रि.) जीतना। पाना। अधिकृत करना।

आजिर (न.) आँगन के पास वाला।

आजीव (पुं.) आजीविका। जीने का साधन।
आजीविका (स्त्री.) (देखो आजीव ।)
आजू-आजुर (स्त्री.) बिना वेतन के काम करने वाला। नरकगामी।
आज्ञा (स्त्री.) अनुमति। हुक्म। निर्देश। आदेश। ज्योतिष। प्रसिद्ध लग्न से १० वां स्थान। (क्रि.) जानना। समझना। सीखना। बात किसी का ज्ञान प्राप्त करना। खोज करना। देखना।
आज्यं (न.) घी। घृत।
आज्यभाग (पुं.) आज्य का भाग। होम। आहुति के लिये घी।
आञ्जनेय (पुं.) अञ्जनीगर्भसम्भूत श्री हनुमानजी।
आटविक (न.) वनरखा। बनैला।
आटोप (पुं.) अहंकार। आडम्बर। वेग। वायु से उत्पन्न उदररोग।
आडम्बर (पुं.) घमण्ड। अहंकार। बाजे की आवाज। आरम्भ। दिखावट। क्रोध। हर्ष। हाथियों की चिघ्घाड़। बालक की गरज। पलक। युद्ध भेरी। युद्ध चीत्कार।
आढक (पुं.न.) चारों ओर से दस अंगुल का नाप। चार प्रस्थ परिमाण। चार सेर। अनाज का पात्र।
आढ़की (स्त्री.) अहरनामी शमी का धान। अरहर की दाल। गन्धमय मिट्टी।
आढ्य (त्रि.) युक्त। मिश्रित। मिला हुआ। बड़ा धनी।
आणक (पुं.) नीच। छोटा। दुष्ट।
आणिः (पुं.) रथ के पहिये की आगे की कील। नोंक। सीमा। कोना।
आण्ड (त्रि.) अण्डे से उत्पन्न। अण्डकोष।
आत (त्रि.) फैला हुआ।
आतंक (पुं.) रोग। सन्ताप। सन्देह। ढोल का शब्द। भय। डर। ज्वर। पीड़ा।
आतञ्चन (न.) वेग भस्म करना। फेंकना। (सं.) नाश। उपद्रव। कठिनाई। संकट।
आततायिन् (पुं.) महापापी। शस्त्र उठाकर वध करने को उद्यत। आततायी छः प्रकार के पापी होते हैं:- १. आग लगाने वाला। २. विष खिलाने वाला ३. शस्त्र लिये हुए। ४. धन का चोर। ५. खेत का चोर और ६. स्त्री चोर।
आतप (पुं.) पीड़ा का कारण। सूर्य्य अथवा अग्नि की गर्मी। धूप। प्रकाश।
आतपत्र (न.) जो धूप से बचावे अर्थात् छाता।
आतर (पुं.) नदी आदि की उतराई या भाड़ा।
आतापि (पुं.) एक दैत्य जिसे अगस्त्य जी निगल गये थे।
आतापिन् (त्रि.) खच्चर। चील।
आतायिन (पुं.) चील पक्षी।
आतिथेय (न.) अतिथि का पूजन। चतुर। कुशल।
आतिथ्य (न.) अतिथिसेवा।
आतिवाहक (त्रि.) परलोक में पहुँचाने का काम करनेवाला। अर्चिरादि स्थान में रहने वाला।
आतुर (पुं.) पीड़ित। रोगी। दुखिया। विकल।
आतोद्य (न.) वीणा आदि चार प्रकार का बाजा। सब प्रकार के बाजे।
आत्तगन्ध (त्रि.) शत्रु ने जिसके अहंकार को दबा लिया। शत्रु से दबाया गया। काम।
आत्मगुप्ता (त्रि.) लता विशेष।
आत्मघातिन् (त्रि.) जो वृथा ही जल में डुब कर अथवा अग्नि में जल कर अपने प्राण गँवावे। आत्मघाती। अपनी हत्या करने वाला।
आत्मघोष (पुं.) स्वयं अपने को बुलाने वाला। कौवा। कुक्कुर।
आत्मज (पुं.) स्वयं उत्पन्न होने वाला अथवा अपने से उत्पन्न वाला अर्थात् पुत्र। यथा- "आत्मा वै जायते पुत्रः।" आत्मजन्मा का प्रयोग भी इसी अर्थ में होता है। लकड़ी। कन्या। मन से उत्पन्न हुई बुद्धि।
आत्मदर्श (पुं.) दर्पण। शीशा। आरसी। वट्टा।
आत्मन् (पुं.) आत्मा। प्राण। परमात्मा। मन। बुद्धि। मनन शक्ति। मूर्ति। पुत्र "आत्मा वै पुत्रनामासि"। स्वरूप। यत्न। देह। वृत्ति। सूर्य। अग्नि। वायु। जीव। ब्रह्म।

आत्मबान्धव (पुं.) अपने भाई बन्धु। मौसी के लड़के, बुआ के लड़के, ममेरे भाई-ये सब अपने बन्धु हैं।

आत्मभू (पुं.) जो मन से अथवा देह से उत्पन्न होता है। ब्रह्मा। कामदेव।

आत्मनीन (त्रि.) अपना। पुत्र। साला। विदूषक। अपना हित चाहने वाला। स्वहितकारी।

आत्मनेपद (न.) अपने लिये पद। संस्कृत व्याकरण में दो पद वाली धातुएँ होती हैं-एक आत्मनेपद की दूसरी परस्मैपद की।

आत्मम्भरि (त्रि.) पेटू। अपना ही पेट भरने वाला। स्वार्थी। लोभी। लालची। अपना ही पालन करने वाला।

आत्मयोनि (पुं.) विष्णु। शिव। ब्रह्मा। कामदेव।

आत्मरक्षा (स्त्री.) निज रक्षा। अपनी रक्षा।

आत्महन् (पुं.) अपने को मारने वाला। आत्मा न तो कर्त्ता है, न भोक्ता है और न स्वयं प्रभु है, किन्तु जो इसे कर्त्ता भोक्ता आदि माने। जिसे यथार्थ आत्मज्ञान नहीं हैं। मूर्ख। अज्ञानी। आत्मघाती। अपने को मारने वाला मनुष्य।

आत्माधीन (पुं.) अपने वश। अपने अधीन। पुत्र। साला। प्राणाश्रय।

आत्माश्रय (पुं.) अपना आश्रय लेने वाला। तर्क का एक दोष अर्थात् जिसे अपनी अपेक्षा आप ही हो।

आत्मसात् (अव्य.) अपने वश में। (क्रि.) हड़प जाना। दूसरे का धन विना धनी की अनुमति के अपने काम में ले आना।

आत्मीय (त्रि.) अपना अपना सम्बन्धी।

आत्म्द (त्रि.) अपना। व्यक्तिगत। निज का।

आत्यन्तिक (त्रि.) अनन्त। अविरत। स्थायी। अविनाशी। बहुत। अतिशय।

आत्ययिक (त्रि.) नाशकारी। उपद्रवी। अभागा। कष्टदायी। शीघ्र नाशशील। विलम्ब न सहने वाला। असाधारण। विशेष।

आत्रेय (पुं.) अत्रि मुनि का सन्तान। शरीर सम्बन्धी रस धातु। अत्रि वंशोद्भव। शिव जी का नाम। एक नदी का नाम जो उत्तर में है।

आत्रेयी (स्त्री.) रजस्वला स्त्री। ऋतुमती स्त्री। तिष्टा नाम की एक नदी। अत्रि मुनि की भार्य्या।

आथवर्ण (पुं.) वेद जो अथर्व मुनि को मिला। जो अथर्ववेद को जानता हो। अथर्व- वेदविहित अभिचार आदि धर्म। अथर्ववेद के अनुसार क्रिया करने वाला पुरोहित।

आदर (पुं.) सम्मान। प्रतिष्ठा।

आदर्श (पुं.) दर्पण। वट्टा। टीका। प्रतिरूप। बानगी। पुस्तक।

आदानम् (न.) ग्रहण करना। लेना। घोड़े के गहने।

आदि (पुं.) प्रथम। कारण। निकट। प्रकार। भाग। प्रधान।

आदिकवि (पुं.) ब्रह्मा और वाल्मीकि मुनि।

आदितेय (पुं.) अदिति के सन्तान अर्थात् देवता।

आदित्य (पुं.) सूर्य्य। देवता। आक का वृक्ष। सूर्यमण्डल में रहने वाले सूर्य। आदित्य बारह हैं। पुनर्वसु नक्षत्र।

आदित्यसूनु (पुं.) सूर्य का पुत्र, सुग्रीव। यमराज। शनि। सावर्णिनामक मनु। वैवस्वत मनु। कर्ण नामक राजा।

आदिदेव (पुं.) प्रथम क्रीड़ा करने वाला। आप ही प्रकाशमान। नारायण।

आदिपुरुष (पुं.) पहले शरीर में रहने वाला। सारे जगत् को आप ही पूर्ण करने वाला। हिरण्यगर्भ। नारायण।

आदिम (त्रि.) पहले हुआ। आदि का। पहला।

आदिवाराह (पुं.) विष्णु। इन्होंने सब से पहले वाराहरूप में अवतार धारण किया था।

आदिष्ट (न.) आज्ञा। हुक्म। अनुमति।

आदीनव (पुं.) दोष। अवगुण। दुःख। दुर्दम। जिसे वश में लाना कठिन है।

आदृत (गु.) आदर किया हुआ। पूजा हुआ।

आदेश (पुं.) निर्देश। आज्ञा। हुक्म।

आदेष्टृ (पुं.) यजमान जो अपने पुरोहित से कहता है कि "मेरा इष्ट सम्पादन सम्बन्धी कर्म कीजिये।"

आद्य (त्रि.) पहले हुआ। प्रथम जात।

आद्यून (त्रि.) आदि शून्य। जिसका आरम्भ न हो। पेटू। मरभुखा। बुभुक्षित।

आद्योत: (पुं.) प्रकाश। चमक।

आद्रिसार (पुं.) लोहे का बना हुआ।

आधमन (न.) बन्धक। हुण्डी। धरोहर।

आधमर्ण्य ऋणी। कर्जदार।

आधर्मिक (त्रि.) अन्यायी। न्याय न करने वाला। धर्म न करने वाला।

आधर्षित (त्रि.) अन्याय से आक्रमण किया गया। जिसका अपराध देख लिया गया हो। अन्यायपूर्वक दवाया गया हो।

आधान (न.) धरोहर। मंत्र द्वारा अग्नि स्थापन। गर्भाधान।

आधार आश्रय। आसरा। अधिकरण। आड़। वृक्ष। का खोडुआ। पुल।

आधि (पुं.) मन की पीड़ा। बड़ी आशा। आश्रय धरोहर। व्यसन। एँड़ी। शाप।

आधिक्य (न.) बहुतायत। अधिक।

आधिज्ञ (त्रि.) वक्र। टेढ़ा। कष्ट दिया गया । पीड़ा अनुभव करने वाला।

आधिदैविक (त्रि.) अधिदैव सम्बन्धी। सुश्रुत के अनुसार कष्ट तीन प्रकार के होते हैं आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधि-दैविक। १. आध्यात्मिक पीड़ा अर्थात् ज्वरादि रोग। २. आधिभौतिक पीड़ा। अर्थात् सर्पादि दुष्ट जन्तुओं से क्लेश। ३. आधिदैविक पीड़ा अर्थात् मन आदि इन्द्रियों के क्लेश। प्रारब्ध से उत्पन्न।

आधिपत्य (न.) स्वामी होना। शक्ति। अधिकार प्राप्ति। राजा के कर्त्तव्य कर्म।

आधिभौतिक (त्रि.) क्लेश जो सर्पादिदुष्ट जन्तुओं से उत्पन्न हुए हों। प्राणि सम्बन्धी। तत्वों से उत्पन्न।

आधिराज्य (न.) राजकीय। आधिपत्य। सर्वश्रेष्ठ शासन।

आधिवेदनिक (न.) सम्पत्ति। वह धन जिसे पुरुष अपनी प्रथम स्त्री को, अपना दूसरा विवाह करते समय देता है।

आधु (क्रि.) हिलाना। आन्दोलन करना।

आधुनिक (त्रि.) अब का। नवीन। इदानीन्तन।

आधृ (क्रि.) धरना। पकड़ना। रखना। सहारा देना। लाना। देना।

आधेय (त्रि.) आश्रित। एक वस्तु में दूसरी वस्तु, जैसे लोटे में दूध। यहाँ दूध आधेय और लोटा आधार है।

आधोरण (पुं.) हाथी के चलाने की विद्या में पटु। महावत। हस्तिपक।

आध्मात (त्रि.) फूँकना। फूँक कर फुलाना। हवा या फूँक से मारना। शब्द।

आध्मान (पुं.) लुहार की धौंकनी। फूलना। बढ़ना। वायु की बीमारी।

आध्यात्मिक (त्रि.) मोह। ज्वरादि शारीरिक क्लेश। शोक। दुःख।

आध्यान (न.) चिन्ता। सोच। फिक्र। उत्कण्ठा। सोत्कण्ठ। स्मरण। बड़ी उत्कण्ठा। के साथ किसी को स्मरण करना।

आध्वनिक (त्रि.) यात्री। यात्रा करने वाला। यात्रा करने में चतुर।

आध्वनिक (त्रि.) यज्ञ कराना जानने वाला। पुरोहित। सोमयज्ञ का विधान बतलाने वाला ग्रन्थ।

आध्वर्यव यज्ञ में अध्वर्यु का करने वाला। यजुर्वेद जानने वाला।

आन (पुं.) मुख। मुँह। नाक। भीतर के वायु का नाक से होकर बाहिर निकलना। स्वांस लेना।

आ ाक (पुं.) मारू बाजा। लड़ाई का बाजा। बड़ा ढोल। मृदंग गरजने वाला बादल। उत्साही।

आनकदुन्दुभि (पुं.) वसुदेव का नाम। श्रीकृष्ण के पिता। बड़ा ढोल।

आनत् (त्रि.) प्रणाम करने वाला। निम्न मुख। विनम्र। टिढ़ाई।

आनति (स्त्री.) सन्तोष। नम्रता। (क्रि.) झुकना। नीचा होना। आतिथ्य करना। सम्मान करना।

आनद्ध (न.) चर्माच्छादित बाजा। चाम से मढ़ा हुआ बाजा। अर्थात् मृदंग। नगाड़ा। तबला। ढोलक। (क्रि.) केशों को सँवारना। गुँथा हुआ। फैला हुआ। बँधा हुआ। परिच्छद धारण करना। वस्त्रों पर गहनों का डालना।

आनन (न.) मुँह। मुख भाग। अध्याय। परिच्छेद ग्रन्थ।

आनन्तर्य्य (न.) बाहुल्य। बहुतायत। असंख्यत्व। अनगिनती। अनन्तत्व। असीमत्व। अमरत्व। परलोक। स्वर्ग। भावी सुख।

आनन्द (पुं.) प्रसन्नता। हर्ष। सुख। ब्रह्म। आनन्द वाला। शिव। विष्णु। बुद्धदेव के एक चचेरे भाई और उनके एक अनुयायी का नाम जिसने सूत्रों का संग्रह किया था।

आनन्दन (न.) आने जाने के समय कुशल पूंछ कर, आनन्द उत्पन्न करना। आते जाते समय मित्रों से मिलना। प्रसन्न करने वाला। आनन्द उपजाने वाला।

आनन्दमय (पुं.) वेदान्तानुसार सुषुप्ति का साक्षी प्राज्ञ जीव। सुख से पूर्ण। शरीर के पाँच कोषों में से एक कोष।

आनन्दार्णव (पुं.) आनन्द का समुद्र। अर्थात् परमात्मा। ज्योतिष में यात्रा समय का लग्न विशेष।

आनन्दिन् (पुं.) हर्ष, कौतुक, प्रसन्नता, आश्चर्य से युक्त।

आनपत्यं (सं.) असन्तानत्व। अपुत्रत्व।

आनम् (क्रि.) झुकना। प्रणाम करना। नवना।

आनर्त (पुं.) नाचघर। नृत्यशाला। रस। जल। द्वारका के समीप का प्रान्त अर्थात् काठियावाड़। युद्ध। लड़ाई। सूर्यवंशी। एक राजा का नाम।

आनाय (पुं.) जाल। यज्ञोपवीत। संस्कार। जनेऊ धारण करना।

आनव (पुं.) मानवी। दयालु। मानव। विदेशी जन।

आनस (पुं.) गाड़ी या छकड़े का। पिता सम्बन्धी।

आनाह (पुं.) अर्ज। कपड़े की चौड़ाई। मलमूत्र अवरोध रोग विशेष। दस्त पेशाब को रोकने वाली बीमारी। दस्त न होने की बीमारी। कोष्ठबद्धता।

आनिल (पुं.) वायु से उत्पन्न। बातल। जिस पर वायु का आधिपत्य हो। हनुमान जी अथवा भीम का नाम।

आनी (क्रि.) लाना। उत्पन्न करना। संमिश्रण करना। फेरना।

आनीति (स्त्री.) पास लाना। समीप लाना।

आनुकूल्य (न.) अनुकूलता। आपस में मिल कर रहना। आपस में दया दिखाना।

आनुगत्य (न.) जान-पहचान। हेलमेल।

आनुगण्य (न.) समानता। बराबरी। दयालु होना। कृपा करना।

आनुपूर्वी (स्त्री.) शैली। परिपाटी। क्रम। रीति। आदि से क्रम। यथार्थ जाति क्रम। मूल से लेकर क्रम।

आनुमानिक (न.) केवल अनुमान पर निर्भर। अटकलपच्चू। अनुमान प्रमाण से सिद्ध होने वाला। सांख्य शास्त्र में कहा गया प्रधान।

आनुयात्रिक (पुं.) अनुयायी। पिछलगा।

आनुरक्ति (स्त्री.) प्रीति। अनुराग।

आनुलोमिक (त्रि.) क्रमानुयायी। क्रम से और नियमपूर्वक काम करनेवाला। अनुकूल। उपयुक्त।

आनुविधित्सा (स्त्री.) कृतघ्नता।

आनुवेश्य (स्त्री.) पड़ोसी जो अपने घर के पास वाले पड़ोसी के घर के पास रहता हो।

आनुशासनिक (पुं.) निर्देश सम्बन्धी।

आनुश्रविक (पुं.) वेद में विधान किया हुआ। स्वर्गप्राप्ति का साधन होने से वैदिक कर्मानुष्ठान।

आनृत (पुं.) सदैव मिथ्या बोलने वाला। झूठा। झूठ बोलने वाला।

आनृशंस्य (न.) दयालु। कृपालु। नम्रता। दयालुता।

आन्तर (न.) मध्यवर्ती। भीतरी। छिपा हुआ।

आन्तरतम्य (न.) सादृश्य। समानता।

आन्तिका (स्त्री.) बड़ी बहिन।

आन्त्र (न.) नखसम्बन्धी। (सं.) कोष्ठ। आँत।

आन्दोल् (क्रि.) इधर उधर हिलना। हिलना। काँपना।

आन्दोलन (न.) बार बार हिलना। झूलना। ढूँढ़ना।

आन्धसिक (पुं.) रसोइया। पाचक। अन्न रींधने वाला।

आन्ध्य (न.) अन्धापन। अँधेरा।
आन्वयिक (त्रि.) कुलीन। अच्छे कुल में उत्पन्न।
आन्बाहिक (त्रि.) निम्य कर्म। नित्य होने वाले काम।
आन्वीक्षिकी (स्त्री.) तर्कविद्या। न्याय शास्त्र। अध्यात्मविद्या। आत्मविद्या।
आन्वीपिक (पुं.) अनूकुल।
आप् (क्रि.) पाना। प्राप्त करना। पहुँचना। पकड़ना। मिलना। भेंट करना। अधिकार करना। परवानगी देना। बराबर करना। अष्ट वस्तुओं में से एक। आकाश।
आपगा (स्त्री.) नदी।
आपणिक (पुं.) व्यापारी जो लेवे और बेचे।
आपन्न (त्रि.) प्राप्त। पाया हुआ। सकंट में फँसा हुआ।
आपन्नसत्वा (स्त्री.) गर्भवती स्त्री।
आपरान्हिक (त्रि.) अपरान्ह सम्बन्धी। दोपहर के बाद के कर्म श्राद्धादि।
आपस् (न.) जल। पाप। एक धर्म्मानुष्ठान।
आपस्कार (पुं.) वृक्ष या शरीर का धड़।
आपस्तम्भ (पुं.) धर्मशास्त्र सम्बन्धी सूत्रों के रचयिता एक मुनि।
आपस्तम्भिनी (स्त्री.) पानी को रोकने वाली। लिंगिनी नाम की एक लता।
आपात (पुं.) अवा। तन्दूर। रास्ता। (क्रि.) सहसा गिरना।
आपातत (अव्य,) अधुना। अभी। झट। बिना। शीघ्र।
आपान (न.) वह स्थान जहाँ लोग एकत्र हो मदिरा पान करें। चक्र। मद्यपों की मण्डली।
आपिञ्जर (न.) थोड़ा थोड़ा लाल सोना।
आपीड (न.) सीसफूल। सिर का भूषण। (क्रि.) दबाना। निचोड़ना। तंग करना।
आपीत (न.) कुछ-कुछ पीला। थोड़ा-थोड़ा पीया हुआ। सोनामक्खी।
आपीन (न.) कूप। कुआ। इनारा। थोड़ा। मोटा।
आपूपिक (पुं) पूआ या मीठी पूड़ी बनाने वाला। पूआ खाने का आदी। पूआ बेचने वाला। खमीर।
आपूप्य (पुं.) सत्त। भिगोया हुआ आटा। जिससे पुआ बनाये जायँ।
आपोक्लिम (न.) लग्न से तीसरी, छठवी, नवमी और बारहवीं राशि।
आपृच्छा (स्त्री.) आलाप। वातचीत। विदाई। विलक्षणता।
आप्त (त्रि.) विश्वस्त। विश्वास के योग्य। प्राप्त। सत्य। रोगद्वेषादिशून्य। सत्योपदेश करने वाला। भ्रमादिरहित। सत्य ज्ञाता।
आप्तकाम (त्रि.) अपनी इच्छा पूरी करने वाला। अपना मनोरथ सिद्ध करने वाला। सन्देहयुक्त विषय का निर्णय करने के अर्थ। किसी सिद्धान्ती का वचन। यथार्थ जानने वाले का वचन।
आप्यायन (न.) तृप्ति। प्रीति। तसल्ली। खुशी। प्रसन्न करना।
आप्रदिवं (अव्य.) सदैव।
आप्रपदं (अव्य.) पाँव तक। एक प्रकार की पोशाक जो पैर तक लम्बी हो। पाँव तक पहुँचने वाला।
आप्रपदीन (त्रि.) पाँवों तक लटकने वाला वस्त्र। "आप्रपदिन" भी इसी अर्थ में प्रयुक्त होता है।
आप्ल (क्रि.) कूदना। नाचना। उछलना। नहाना। धोना। डुबकी मारना। पानी के डूबे में डूब जाना।
आप्लुत (त्रि.) स्नान किया हुआ। नहाया हुआ।
आप्लुव्रत (पुं.) वेद पढ़ा हुआ। ब्रह्मचारी भेद जो गृहस्थाश्रम में नहीं है। स्नातक व्रत को पूरा कर के घर में आया हुआ। ब्राह्मण।
आप्वन् (पुं.) पवन। वायु
आप्वा (स्त्री.) गरदन।
आफूकं (सं.) अफीम। अहिफेन।
आबंध (क्रि.) बाँधना। बनाना। चिपटाना। मजबूती से पकड़ना।
आबल्यं (सं.) निर्बलता। कमजोरी।
आबाध् (क्रि.) रोकना। बाधा डालना। चिढ़ाना।
आबाध (पुं.) दुःख। चोट। कष्ट। हानि।
आबिल (गु.) गँदीला। मैला।

आबुद्ध (न.) जानना। समझना। प्रेम। अनुराग। भूषण। बँधा हुआ। रुका हुआ।

आब्दिन (गु.) वार्षिक। सालाना।

आभरणम् (न.) भूषण। गहना।

आभा (स्त्री.) चमकना। दमकना। दिखलाई पड़ना। प्रकाश। चमक दमक। रंग। स्वरूप। सुन्दरता। समानता। कान्ति। दीप्ति। शोभा। उपमान। वायु-जन्य एक रोग विशेष।

आभासाक (सं.) एक प्रचलित कहावत या लोकोक्ति।

आभाष् (क्रि.) सम्बोधन करना। बातचीत करना। नाम लेना। जोर से बोलना।

आभाषण (न.) बातचीत। परस्पर कथोपकथन।

आभास् (पुं.) चमकना। दीखना। असत्य प्रतीत होना। (स्त्री.) चमक। दीप्ति। प्रभा। प्रतिबिम्ब। ग्रन्थारम्भ की प्रस्तावना। भूमिका। सादृश्य। समानता।

आभास्वर (पुं.) चौंसठ वा बारह देवगण।

आभिजन (पुं.) जन्म सम्बन्धी। जन्मकाल में किया गया सम्बन्धी। कुलीन।

आभिजात्य (न.) कौलीन्य। पाण्डित्य। चतुराई। अच्छी समझ।

आभिख्री (स्त्री.) शब्द। नाम। वर्ण।

आभीक्ष्ण्य (न.) बार बार होना। पुनः पुनः।

आभीर (पुं.) गोप। ग्वाला। देश भेद (स्त्री.) गोपी। अहीरिन। ब्राह्मण पिता और अम्बष्ठा जाति की स्त्री से उत्पन्न जाति।

आभीरपल्ली (स्त्री.) अहीरों के गाँव।

आभील (न.) भयानक। भयंकर। डरावना। चोट। शारीरिक क्लेश।

आभोग (पुं.) मोड़। टिढ़ाई। गोलाई। परिपूर्णता। गान की समाप्ति।

आभ्युदयिक (त्रि.) चूड़ा आदि। शुभ कर्मों की वृद्धि के लिय श्राद्ध। धन देने वाला। आनन्द का अवसर।

आम (त्रि.) कच्चा। अपक्क। दुर्वच नामक रोग।

आमगन्धि (न.) कच्चे मांस जैसी गन्धिवाला। चिता के धुएं की गन्धि।

आमनस्य (न.) बुरे मन वाला। दुःख। शोक। पीड़ा।

आमंत्रण (न.) अभिनन्दन। न्योता। बुलावा। आह्वान।

आमय (पुं.) रोग। जिससे रोग उत्पन्न हो।

आमयाविन् (पुं.) रोगयुक्त। रोगी।

आमर्शन (न.) छूना। स्पर्श करना। विचारना।

आमर्ष (पुं.) क्रोध। रोष।

आमलक -की (पुं.) वासक वृक्ष। आँवला। आँवले का पेड़। आँवले का फल।

आमाशय (पुं.) नाभि और स्तनों के मध्य का भाग। अपाक स्थान। न पकने का स्थान। कच्ची जगह।

आमिक्षा (स्त्री.) फटा हुआ दूध। छाना।

आमिष (न.पुं.) मांस। खाने। पीने और पहनने की वस्तु। घूंस। सुन्दरता। अति लोभ। लाभ। कामदेव का गुण। भोजन। विषय। निबन्ध। जम्बीर वृक्ष का फल।

आमुक्त (त्रि.) छोड़ा गया। पहिने हुए। सजा हुआ। कवच धारण किये हुए पुरुष।

आमुख (न.) प्रारम्भ। नाटकीय प्रस्तावना। नटी। सूत्रधार। विदूषक और पारिपार्श्वक की परस्पर वह बातचीत जिसमें संक्षिप्त नाटकीय कथा आ जाय।

आमुष्मिक (त्रि.) परलोक में होने वाली बात। अगले जन्म की घटना।

आमुष्यायण (त्रि.) अच्छे वंश के कारण अथवा अच्छे कर्मों द्वारा प्रसिद्धिप्राप्त पुरुष का सन्तान। सद्वंशोद्भव का पुत्र।

आमोद (पुं.) गन्धमात्र। हर्ष प्रसन्नता।

आमोदिन् (त्रि.) चित्त प्रसन्न करने वाले कर्पूरादि पदार्थ। सुगन्ध।

आम्नाय (पुं.) वेद। आगम। निगम। गुरुपरम्परा से प्राप्त उपदेश। कुल की रीति भाँति। जातीय चाल या व्यवहार।

आम्बिकेय (पुं.) धृतराष्ट्र और कार्तिकेय का नाम।

आम्भस (पुं.) पनीला। रसीला। पतला।

आम्भसिक (पुं.) मछली।

आम्र (पुं.) आम का पेड़। आम का वृक्ष।

आम्रकूटः (पुं.) एक पर्वत का नाम।
आम्रातक (पुं.) आमड़े का वृक्ष। आमडे का फल। भिलावा।
आम्रेड् (क्रि.) दुहराना।
आम्रेडित (त्रि.) उन्मत्त की तरह एक वात को बार-बार कहना। पुनः पुनः कहा गया। व्याकरण की एक संज्ञा।
आम्ला (स्त्री.) बड़े खट्टे रस वाला। फल। इमली का वृक्ष।
आय (पुं.) आमदनी। प्राप्ति। धनागम। कुण्डली का एकादश घर। स्त्रियों के घर की रखवाली करने वाला। पहरुआ।
आयत (त्रि.) लम्बा। खींचा हुआ। उद्योगी। चौड़ा।
आयतन (न.) देवालय। मन्दिर। आश्रम। बैठक। विश्रामस्थान। यज्ञस्थान।
आयतीगवम् (न.) गौओं के लौटने का समय। गोधूली।
आयति-ती (स्त्री.) आने वाला समय। भावी काल। उत्तरकाल। प्रभाव। फल देने का समय। मेल। लम्बाई। पहुँचना।
आयत्त (त्रि.) अधीन। पराधीन। अवलम्बित। वश में।
आयत्ति (स्त्री.) स्नेह। प्रीति। सामर्थ्य। बल। सीमा। मर्य्यादा। दिन। शयन। बिस्तरा।
आयस् (न.) लोहे का बना पात्र। लोह। लोहे से बना।
आयस्त (त्रि.) फेंका गया। दुःख दिया गया। मारा गया। तेज किया गया।
आयाम (पुं.) लम्बाई। रोकना।
आयास (पुं.) मिहनत। बड़ा। यत्न दुःख। उद्यम। क्लेश। चिन्ता।
आयु (पुं. न.) उम्र। जीवनकाल। उमर। घी पवन। पुत्र। वंशज। सन्तान। पुरूरवा और उर्वशी के पुत्रगण।
आयुज् (क्रि.) जोड़ना। बाँधना। जुआँ रखना। नियुक्त करना। बनाना।
आयुत (त्रि.) मिला हुआ।
आयुध् (क्रि.) लड़ना। आक्रमण करना। सामना करना। (न.) हथियार। ढाल। आयुध तीन प्रकार के होते हैं। यथा १. प्रहरण, जैसे तलवार २. हस्तमुक्त, जैसे चक्र ३. यंत्रमुक्त, जैसे तीर बरतन।
आयुधधर्मिणी (स्त्री.) जयन्ती वृक्ष।
आयोधनम् (न.) लड़ाई। युद्ध। रणस्थल। वध करना। मारना।
आयुस् (सं.) जीवन। जीवनकाल। भोजन। दीर्घजीवी होने के लिये आयुष्टोम नामक अनुष्ठान।
आयुष्मत् (न.) दीर्घजीवी। बहुत दिनों तक जीनेवाला। (पुं.) विषकुम्भ आदि योगों में से तीसरा योग।
आयुष्य (त्रि.) बड़ी उम्र करने वाला। पथ्य। हितकारी। अच्छा।
आयोग (पुं.) गन्धमाल्योपहार। काम, फूल चन्दन आदि चढ़ाने की सामग्री। तट। किनारा।
आयोगव (पुं.) शूद्र का पुत्र जो वैश्या के गर्भ से उत्पन्न हुआ हो। बढ़ई प्रतिलोम बर्णसंकर से उत्पन्न एक जातिविशेष।
आयोजन (न.) उद्योग। आहरण। इकट्ठा करना या लेना। लगाना। जोड़ना।
आयोधन (न.) लड़ाई की जगह। युद्धस्थान। (क्र.) लड़ना। मारना। युद्ध। वध।
आर (पुं.) पीतल। मंगलग्रह। शनिग्रह। मधुराम्रफल। खटमिट्ठा फल। वृक्षभेद। अन्तर। फासला। प्रान्तभाग। सन्तरे का पेड़। चाकू। आरा।
आरकूट (पुं.न.) पीतल का बना भूषण। पीतल का गहना।
आरक्षक (पुं.) सन्तरी। चौकीदार।
आरट (पुं.) नट। नाटक का एक पात्र।
आरह (पुं.) एक देश का नाम जो पञ्जाब के उत्तर-पूर्व में है और जो घोड़ों के लिये प्रसिद्ध है। गुजरात के लोग अब भी इस प्रान्त को हैरात या ऐरात देश कहते हैं। इस देश के लोग या घोड़े।
आरणं (न.) गहराई। खाल।

आरणिः (पुं.) भँवर। चक्कर।

आरण्य (न.) जंगली, बनैला। वन। एक प्रकार का अनाज जो विना बोये अपने आप उत्पन्न होता है। राशि विशेष। गोबर। महाभारत के पर्वों में से एक का नाम।

आरण्यक (पुं.) बनैला या जगंली मार्ग। अध्याय। न्याय। विहारस्थान। हाथी। वेद का एक अंशविशेष।

आरतिः (स्त्री.) उपरम। हटना। निवृत्ति। ठहराव।

आरथ (पुं.) रथ जिसमें एक बैल अथवा एक घोड़ा जोता जाता है।

आरब्ध (त्रि.) आरम्भ किया गया।

आरभटी (स्त्री.) नटों की कलाबाजी। एक प्रकार की रचना। खेल। नाच।

आरम्भ (पुं.) त्वरा। उद्यम। यत्न। वध। मारना। अहंकार प्रस्तावना।

आर-रा (पुं.) शब्दमात्र। हर प्रकार का शब्द।

आरा (स्त्री.) चमड़ा चीरने का लोखर। लोहे का एक औजार।

आरात् (अव्य.) दूर। समीप। पास। तुरन्त। सीधा।

आराति (पुं.) शत्रु। बैरी।

आरात्रिक (न.) प्रकाश दिखाना या आरती जो रात्रि के समय प्रतिमाविशेष के सन्मुख की जाती है। आरती। नीराजन कर्म।

आराधन (न.) उपासना। पूजन। प्रसन्न करना। प्राप्ति। सेवाकरना। पकाना।

आराम (पुं.) उपवन। वाटिका। क्रीड़ार्थ बनाया गया बगीचा।

आरालिक जो टेढ़ा बरताव करे। भातके गुण।

आरिच् (क्रि.) रीता करना। खाली करना।

आरू (पुं.) केकड़ा। सूअर। एक प्रकार का वृक्ष।

आरुच् (क्रि.) चुनना। पसन्द करना।

आरुध् (क्रि.) रोकना। बन्द करना।

आरुषी (स्त्री.) मनु की पुत्री और और्व की माता।

आराह (क्रि.) चढ़ना।

आरु (पुं.) साँवलें अथवा धौरे रंग का। धौरा या साँवला रंग। सूअर। हिमालय पर उत्पन्न होने वाली एक वनस्पति का नाम।

आरूढ़ चढ़ा हुआ। बैठा हुआ। सवार।

आराद् दूर। अन्तर। पास। समीप।

आरेहण चाटना। चूमना।

आरोग्य (न.) रोग का अभाव। रोग से छुटकारा।

आरोपः (पुं.) अन्य धर्म में अन्य धर्म का प्रतीत होना (जैसे रस्सी में सर्प का)। संस्थापन। कल्पना। मान लेना। धुनष झुकाना।

आरोह (पुं.) चढ़ना। लम्बाई। उत्तम स्त्रियों का नितम्ब देश या चूतड़। ऊँचाई। परिमाण विशेष।

आर्जव (पुं.) सरलता। सीधापन।

आर्त्त (त्रि.) अस्वस्थ। पीड़ित। कष्ट प्राप्त।

आर्त्तव (न.) ऋतु वाला। स्त्रीधर्म या रज जो प्रतिमास स्त्रियों को होता है।

आर्त्तिज्य (न.) ऋत्विग के करने योग्य काम।

आर्थिक (त्रि.) अर्थग्राही। पण्डित। दाना। अर्थ से आया हुआ। निशान। धनी। धनवान्। सच्चा। यथार्थ।

आर्द्र (त्रि.) गीला (।) (स्त्री.) आर्द्रा नामक छठवां नक्षत्र।

आर्द्रक (न.) अरदक। आदी। आर्द्रा नक्षत्र में उत्पन्न।

आर्य्य (त्रि.) स्वामी। गुरु। सुहृद। मित्र। श्रेष्ठ। वृद्ध। योग्य। कुलीन। पूज्य। मान्य। उदारचरित। शान्त चित्तवाला। नाटकों में यह सम्वोधन प्रायः श्रेष्ठ पुरुषों के प्रति प्रयुक्त होता है।

आर्यपुत्र (पुं.) ससुर का बेटा। पति। गुरु का पुत्र। भर्त्ता मालिक।

आर्यमिश्र (त्रि.) श्रेष्ठ। मानने के योग्य।

आर्यावर्त्त (पुं.) पवित्र भूमि। विन्ध्याचल और हिमालय के बीच की भूमि। आर्यों के बसने का स्थान। पूर्व सागर से आरम्भ कर पश्चिम सागर के मध्य का भूखण्ड।

आर्ष (त्रि.) ऋषिसम्बन्धी। ऋषिप्रणीत शास्त्र।

आर्षविवाह (सं.) विवाह विशेष। जिसमें दो गौ लेकर कन्या दी जाती है।

आर्हत (पुं.) जैन सम्प्रदाय का।

आल (न.) सजाना। (सं.) विश। फरफन्द। पीत संखिया।

अलगर्द (पुं.) पनिहा साँप।

आलम् (क्रि.) स्पर्श करना। छूना। पाना। मार डालना। पकड़ना। थामना। जीत लेना। आरम्भ करना।

आलम्ब (पुं.) अवलम्ब। आश्रय।

आलम्भ (न.) पकड़ना। स्पर्श करना। यज्ञ में बलि के लिये पशु का हनन करना। यथा "अश्वालम्भं गवालम्भम्।"

आलय (पुं.) घर। गृह। (अव्य.) मृत्यु तक। यथा "पिबत भागवतं रसमालयम्।"

आलयविज्ञान (न.) लय तक रहने वाला विज्ञान। बौद्ध दर्शनानुसार अहंकार का स्थान विज्ञान।

आलवाल (न.) जो चारों ओर से जल को ग्रहण करता है। खोडुआ। वृक्षमूल के चारों ओर जल भरने का स्थान।

आलस्य (न.) आलस। शक्ति होने पर भी अवश्य कर्तव्य में उत्साह न करना।

आलान (न.) हाथी के बाँधने का थम्भा। रस्सा। बंधन।

आलाप (पुं.) बातचीत। कथोपकथन। बोलचाल। सम्भाषण। संगीत के सप्तस्वर।

आलि-ली (स्त्री.) व्यर्थ, निरर्थक। सुस्त। अर्थशून्य। बिच्छू। मधुमक्खी। सखी। पंक्ति। अवली। पुल। भ्रमर। भौंरा।

आलिंगन (न.) प्रीतिपूर्वक परस्पर मिलना।

आलिञ्जर (पुं.) मटका। डहर। कूँड़ा। नाँद।

आलिम्पन (न.) मंगलार्थ लेपन। दीवालों को सफेदी से पोतना। अट्टा।

आलीढ चाटा। खाया। आहत किया। घायल किया। बन्द।

आलीनक (न.) ऐसा केमल जो आग देखते ही पिघल जाय।

आलेख्य (न.) चित्रपट। लेख। मूर्त्ति। शीशा। नक्शा। (क्रि.) लिखना।

आलुड् (क्रि.) आन्दोलन कराना। हिलवाना। भलीभाँति जांच पड़ताल करना।

आलुः (न.) उल्लू। घुग्घू। काली आबनूस की लकड़ी।

आलुल (पुं.) हिलने डुलने वाला। निर्बल।

आलोक (पुं.) देखना। पहचानना। विचारना। सोचना। बधाई देना।

आलोचन (क्रि.) किसी काम को कार्यरूप में परिणत करने का निश्चय करना। विचार। सोचना। सांख्य दर्शन के अनुसार निर्विकल्पक शुद्ध विषयक प्रथम उत्पन्न ज्ञान।

आलोल (पुं.) मन्द मन्द हिलता हुआ। हिला हुआ। आन्दोलित।

आवत् (अव्य.) सामीप्य। निकटत्व।

आवनेय (पुं.) पृथिवीपुत्र। मगंल का एक नाम।

आवपन (न.) धान रखने का पात्र। थाली। परात।

आवरक (न.) छिपाना। ढ़ाकना। ढ़ाकने वाला कपड़ा आदि।

आवरण (न.) ढाल। परदा। छिपाना। लुकाना। ज्ञान का परदा।

आवर्त्त (पुं.) चक्र का गोलाकार हो कर चक्कर खाना। भँवर। एक देश का नाम। आप्तचिह्न। चिन्ता। माक्षिक धातु।

आवर्त्तन (न.) दूध आदि का मथना। विलोना।

आवश्यक (त्रि.) नित्य कृत्य। जरूरी काम।

आवसथ (पुं.) रहने का स्थान। घर। कुटी। एक विशेष वृत्त।

आवाप (पुं.) खोडुआ। कियारी। बोना। फेंकना। अन्य के राज्य की चिन्ता। नीची ऊँची भूमि। ऊबड़ खाबड़ भूमि। प्रधान होना।

आवास (पुं.) वासस्थान। घर आदि।

आवाहन (न.) देवताओं को निकट बुलाना। पास लाना। बुलाना।

आविक (न.) भेड़ के बालों का बना। ऊनी। (सं.) कम्बल। लोई।

आविग्न (पुं.) उद्विग्न। घबराया हुआ। वृक्ष विशेष।

आविद् (क्रि.) जतलाना, बतलाना। प्रकट करना। घोषणा करना (पुं.) एक फलदार वृक्ष का नाम।

आविद्ध (त्रि.) बेधा गया। टेढ़ा। हराया गया। फेंका गया। दबाया गया। मूर्ख।

आविल (पुं.) गँदला। कुत्सित। मैला।

आविस् (अव्य.) प्रकाश। प्रकट।
आविश् (क्रि.) प्रवेश करना। घुसना। भीतर जाना। अधिकार जताना। समीप जाना।
आवी (स्त्री.) रजस्वला स्त्री। गर्भिणी स्त्री। प्रसवपीड़ा।
आवुक (पुं.) (नाट्योक्ति में) पिता। जनक।
आवुत्तः (पुं.) बहनोई। भगिनीपति।
आवृत (न.) ढकना। छिपाना। भरना। चुनना। पसन्द करना। घेरना। रोकना। बन्द करना।
आवृत्त (त्रि.) हटा हुआ। निवृत्त। लौटा हुआ। अभ्यस्त।
आवृत्ति (स्त्री.) बेर बेर पाठ करना या गुणन करना।
आवेश (पुं.) अहङ्कार। रोष। अभिनिवेश। हठ। प्रवेश होना। ग्रहपीड़ा। भूत प्रेतादि का डर।
आवेग (पुं.) घवड़ाहट। चिन्ता। अस्वस्थता। शोक। दुःख। भय। त्वरा। ी = वृद्धदारक का पेड़। जिसको "विधारा" कहते हैं।
आवेशिक (त्रि.) घर वाला। निज सम्बन्धी। अतिथि। मेहमान। पूज्य। आदरणीय।
आवेष्टक (पुं.) ढक्कन। ढाँपने वाला। वेड़ा।
आश (क्रि.) खाना। भोजन करना।
आशंसा (स्त्री.) अभिलाषा। आशा। (विशेष- कर ऐसी वस्तु के जो प्राप्त नहीं हो सकती।)
आशंसु (स्त्री.) इच्छा वाला। अभिलषित वस्तु को प्राप्त करने की इच्छा। कहने वाला। आशावान्।
आशंका (स्त्री.) भय। त्रास। डर। सङ्कोच। सन्देह। संशय।
आशय (पुं.) अभिप्राय। अभिप्रेत। आसरा। ऐश्वर्य। धन। पनस का वृक्ष। अजीर्ण स्थान। कर्म से उत्पन्न वासनारूप संस्कार। धर्माधर्म रूप अदृष्ट। शयन। सोना। स्थान।
आशा (स्त्री.) आस। दिशा। आकांक्षा बड़ी इच्छा। लालसा। चाह।
आशित (त्रि.) भुक्त। खाया। भोजन द्वारा तृप्त।
आशीर्वाद (पुं.) भलाई की प्रार्थना। शुभेच्छा। आशीर्वाद।
आशीविष (पुं.) जहरीली दाढ़ वाला। सर्प। साँप।
आशुग (पुं.) वायु। हवा। पवन। वाण। सूर्य। शीघ्र चलने वाला।
आशुतोष (त्रि.) शीघ्र प्रसन्न होने वाला। महादेव। शिव।
आशुशुक्षणि (पुं.) अग्नि। आग। पवन। वायु।
आशु (अव्य.) तेज। शीघ्र।
आशेकुरिन् (पुं.) पहाड़। पर्वत।
आशौच (न.) वैदिक कर्म के अयोग्य दशा। अशुद्धि। सूतक। "दशाहं शावमाशौचं ब्राह्मणस्य विधीयते" मनु।
आश्यान (त्रि.) किञ्चित् एकत्र हुआ। सूखा हुआ।
आश्रम् (अव्य,)) आँसू।
आश्रम (पुं.) ब्रह्मचर्यादि चार आश्रम, अर्थात् अवस्था। मुनियों के रहने का स्थान। कुटी। मठ। विद्यार्थियों के रहने की जगह। तपोवन। विष्णु का नाम।
आश्रय (पुं.) आसरा। समीप। समीपी। आधार। घर। प्रवल। बलवान् शत्रु का सहारा लेना। सन्धि आदि छः में एक गुण।
आश्रयाश (पुं.) जो अपने आश्रय को खा डाले। अर्थात् अग्नि, आग।
आश्रव (पुं.) नदी। नाला। दोष। अपराध। आज्ञाकारी।
आश्रित (त्रि.) शरणागत। शरण में आ पड़ने वाला। अधीन। आसरे पर रहने वाला। चाकर। भृत्य। नौकर। अनुयायी रहने वाला।
आश्रिः (स्त्री.) तलवार की धार। खड्ग की बाढ़।
आश्रु (क्रि.) सुनना। प्रतिज्ञा करना। वचन देना। स्वीकार करना। खींचना। जपना।
आश्रुत (त्रि.) सुना। प्रतिज्ञात। स्वीकृत।
आश्लिष् (क्रि.) आलिङ्गन करना। गले लगाना। चिपकना।
आश्लेष (पुं.) एक ओर से जुड़ा हुआ। (ा) नवाँ नक्षत्र।
आश्व (न.) घोड़ों का समूह। घोड़ों का रथ या गाड़ी।
आश्वयुज (पुं.) महीना जिसमें अश्विनी नक्षत्रयुक्त पूर्णिमा हो, अर्थात् आश्विन या क्वार का मास।

आश्वलायन (पुं.) एक सूत्रकार। जिनका ग्रन्थ आश्वलायन सूत्रों के नाम से प्रसिद्ध है।
आश्वास (पुं.) आश्रयहीन। भयभीत का भय दूर करने के लिये ढाढ़स बँधाना।
आश्विन (पुं.) आसोज। क्वार का मास।
आश्विनेय (पुं.) देवताओं के चिकित्सक नकुल और सहदेव। घोडे की एक दिन की मञ्जिल। सूर्यपत्नी संज्ञा के पुत्र। अश्विनी कुमार।
आश्वीन (पुं.) घोड़े की एक दिन की मञ्जिल।
आषाढ़ (पुं.) वर्षा ऋतु का प्रथम मास। आषाढ़ मास। पलाश वृक्ष का दण्ड जो संन्यासियों के पास रहता है। ब्राह्मण को यज्ञोपवीत संस्कार में ब्रह्मचर्य का चिह्न दिया जाता है।
आस् (क्रि.) बैठना। लेटना। आराम करना।
अस् (अव्य.) स्मरण। दूर करना। कोप। सन्ताप। गर्व से घुड़कना।
आसक्त (त्रि.) फँसा हुआ। अनुरक्त। निरत। सब धन्धा छोड़कर एक में अनुरक्त होना। निरन्तर। नित्य।
आसङ्ग (न.) अभिनिवेश। एक बात का हठ। भोग की अभिलाषा। कोई काम करने का अभिमान। बचाना। सङ्ग।
आसत्ति (स्त्री.) संसर्ग। मेल। लाभ। समीप। न्यायशास्त्र में दो अन्वय योग्य। दोनों पदार्थों को बिना फरक बोलना।
आसन (न.) उपवेशन। बैठना। (सं.) चौकी। हाथी का स्कन्ध। राजाओं के छः गुणों में एक। शत्रु। आराम करना। जीरक का पेड़।
आसन्न (त्रि.) समीपस्थ। उपस्थित। निकट का।
आसव (पुं.) हर प्रकार की मदिरा। अपक्व इक्षु रस।
आसादन (न.) रख देना। आक्रमण करना। मिलना। सम्मुख जाना। पाना। पूर्ण करना।
आसार (पुं.) घमाघम बरसना। मूसलाधार वर्षा। फैलना। सेनाओं का चारों ओर फैलना। मित्र का बल।
आसुति (स्त्री.) मद्य निकालना। प्रसव। उत्तेजन।
आसुर (पुं.) असुर सम्बन्धी। दैत्य। यज्ञ न करने वाला। आठ प्रकार के विवाहों में से एक प्रकार का विवाह, जिसमें वर कन्या-पिता वा उसके सम्बन्धियों को धन देकर वधू लेता है।
आसुरिः (पुं.) कपिल के एक शिष्य का नाम।
आसेव (क्रि.) अभ्यास करना। प्रसन्नता में मग्न होना।
आसेचन (त्रि.) छिड़काव। सींचना। जहाँ मन न लगे। बहुत सुन्दर दर्शन।
आसेध (पुं.) राजाज्ञा से अन्यत्र जाने का निषेध। बन्दी।
आसेवा (स्त्री.) अभिलाषा सहित किसी कार्य को बारबार करने की प्रवृत्ति। किसी कार्य को बारबार करना। बारबार अच्छी प्रकार सेवा करना।
आस्कन्दन (न.) अनादर करना। आक्रमण करना। चढ़ना। गाली देना। घोड़े की चाल। युद्ध।
आस्तर (पुं.) बिछौना। हाथी की पीठ का झूल।
आस्तिक (त्रि.) जो परलोक को मानता हो। जो वेदशास्त्र और ईश्वर को माने। पवित्र। सच्चा। एक मुनि का नाम, देखो आस्तीक शब्द।
आस्तीक (पुं.) जरत्कारु ऋषि के पुत्र का नाम जिसने जनमेजय का सर्पयज्ञ बन्द करवा कर नागों की रक्षा की थी। आस्तिक ऋषि।
आस्तीर्ण (त्रि.) फैला हुआ। विस्तीर्ण।
आस्था (स्त्री.) ध्यान। आदर। आशा। सहारा। विश्वास। भरोसा। स्थिति। यत्न।
आस्थान (न.) जहाँ बैठते हैं। सभा। सहारा। चढ़ना। यत्न। विश्राम स्थान।
आस्थित (त्रि.) निवास किया। ठहरा। रहा। चढ़ा। पहुँचा। मान गया। बड़े यत्न से किसी काम में संलग्न होना। घिरा हुआ। फैला हुआ।
आस्पद (न.) स्थान। जगह। आधार। प्रतिष्ठा। पद। स्थान। कृत्य। काम। प्रभुत्व। बड़प्पन। कमरा। लग्न से दसवाँ स्थान।
आस्पर्धा (स्त्री.) प्रतिद्वन्द्विता। ईर्ष्या। बदाबदी। होड़ाहोड़ी।

आस्फालन (न.) रगड़ना। मलना। चलना। दबाना। पछाड़ना। गर्व। अभिमान।
आस्फुजित् (पुं.) शुक्र ग्रह का नाम।
आस्फोट (पुं.) मदार का पेड़। ताल मारना या ठोंकना। पहलवानों का भुजाओं पर ताल ठोंकना। ताल। कम्पन। नलमल्लिका का वृक्ष।
आस्य (न.) मुख सम्बन्धी।
आस्यपत्र (न.) पद्म। कमल। पङ्कज। जिसका मुख ही पत्र हो।
आस्या (स्त्री.) स्थिति। आसन। ठहरना। निवास।
आस्यासव (पुं.) थूक। खखार। लार।
आश्रव (पुं.) पीड़ा। दुःख। क्लेश। बहना। भागना। निकास। अपराध।
आस्वाद (पुं.) रस। स्वाद। चखना।
आह (अव्य.) यह कष्टसूचक अव्यय है।
आहक (पुं.) एक विलक्षण नाक का रोग।
आहन् (क्रि.) मारना। पीटना।
आहत (त्रि.) ताड़न किया गया। चुटीला। ज्ञात। जाना हुआ। ढक्का। बाजा। (पुं.) पुराना या नया कपड़ा।
आहव (न.) स्थान जहाँ शत्रु बुलाये जायँ। लड़ाई। युद्ध। यज्ञ। होम।
आहवनीय (पुं.) गृहस्थी के अग्नि से लेकर होम के लिये संस्कार किया हुआ अग्नि। हवन के योग्य।
आहार (पुं.) लाना। हर लाना। किसी वस्तु को गले के नीचे करना। भोजन। अन्नादि।
आहार्य्य (त्रि.) आहरणीय। भोजन के योग्य। लाने योग्य। आगन्तुक। अतिथि। नेपथ्य। रङ्गभूमि। कृत्रिम। बनावटी। रसादि को प्रकाश करने वाले आभूषणादि।
आहाव (पुं.) कुयें की मेंड़ के पास गौ आदि के पानी के लिये पक्की चरी। हौद या छोटा कुण्ड। चोहबच्चा। लड़ाई। बुलाना। आह्वान।
आहित (त्रि.) रखा गया। स्थापित। टिकाया गया। डाला हुआ। किया हुआ। संस्कारित।
आहितुण्डिक (त्रि.) मदारी। सपेरा।
आहुति (स्त्री.) देवता के उद्देश्य से मंत्र पढ़ कर अग्नि में घी डालना। देवता के लिये होम में घी प्रदान करना।
आहुकः (पुं.) श्रीकृष्ण के बाबा का नाम।
आहुल्यं (न.) तगर। तरवट नामक वनस्पति।
आहेय (त्रि.) साँपं का विष। विष।
आहो (अव्य.) प्रश्न। विकल्प। विचार। सन्देह।
आहोपुरुषिका (स्त्री.) अहंकार से उत्पन्न अपने महत्व का विचार। दर्पजन्य आत्मोत्कर्ष। सम्भावना।
आहोस्वित् (अव्य.) विकल्प। सन्देह। प्रश्न। जानने की इच्छा। दैनिक।
आह्निक (त्रि.) नित्य का काम। स्नान, सन्ध्या तर्पणादि। भोजन। (न.) समूह। ग्रन्थ का भाग। सदैव करने का काम।
आह्लाद (पुं.) आनन्द। हर्ष। प्रसन्नता।
आह्वय (पुं.) नाम। जूआ।
आह्वान (न.) आहुति। बुलाना।

इ

इ देवनागरी वर्णमाला का तीसरा अक्षर। कामदेव का नाम। क्रोधावेश में कहा हुआ वचन। तिरस्कार। दया। खेद। विस्मय। निन्दा। कुत्सा। सम्बोधन। (क्रि.) जाना। गिरना। प्राप्त करना।
इक् (प्रत्य.) याद करना। स्मरण करना।
इकटा (स्त्री.) चटाई बुनने की एक प्रकार की घास।
इक्कवाल (पुं.) ज्योतिष में वर्षफल के सोलह योगों में से एक योग सौभाग्य। सम्पत्ति।
इक्षु (पुं.) गन्ना। ऊख। पौड़ा। कोकिला नामक दूसरा एक वृक्ष। इच्छा। अभिलाष।
इक्षुकाण्ड (पुं.) काँस और मूँज तृण। काही। गन्ना।
इक्षुदर्भा (स्त्री.) एक प्रकार की घास।
इक्षुपत्र (पुं.) घास जिसका पत्ता गन्ना जैसा हो। जुआर। अन्न भेद।
इक्षुमती (स्त्री.) गन्ने जैसे रसवाली। एक नदी का नाम।
इक्षुमेह (पुं.) मधुमेह रोग।
इक्षुर (पुं.) तालमखाना। कोकिल वृक्ष।

इक्षुसार (पुं.) गुड़। गन्ने का सत्व।
इक्ष्वाकु (पुं.) कटुतुम्बी। वैवस्तव मनु का बेटा सूर्यवंश का प्रथम राजा।
इक्ष्वालिका (स्त्री.) काँस। काही।
इख् (क्रि.) जाना। डोलना।
इगृ (क्रि.) जाना। हिलना। डोलना।
इङ्ग (क्रि.) पढ़ना। अद्‌भुत।
इङ्गः (पुं.) सङ्केत। ज्ञान।
इङ्गित (न.) सङ्केत। मन के भाव को प्रकाश करने वाली शारीरिक क्रिया। मनोभिप्राय। आशय। इशारा।
इङ्गुः (पुं.) एक प्रकार का रोग।
इङ्गुद -दी (पुं.स्त्री.) इंङ्गुल हिंगोट। तापसतरु। तपस्वियों का वृक्ष, आहार में इसका फल काम आता है।
इचिकिल (पुं.) कच्चा तालाब। कीचड़।
इच्छा (स्त्री.) अभिलाष। सुख और उसका साधन। आत्मा का धर्म। चाह।
इच्छकः (पुं.) वृक्ष विशेष।
इच्छलः (पुं.) छोटा वृक्ष जो जल के समीप उगता है। हिज्जल।
इज्य (पुं.) वृहस्पति। सुरगुरु। नारायण। परमात्मा। पूज्य।
इज्या (स्त्री.) यज्ञ। दान। मिलन। प्रतिमा। गौ। कुटिनी। भेंट। पुरस्कार।
इज्वाक (पुं.) जलवृश्चिक। पनबीछी।
इट् (क्रि.) जाना।
इटः (पुं.) एक प्रकार की घास। चटाई।
इट्चरः (पुं.) साँड़ या हिरन जो स्वतंत्र छोड़ दिया जाय।
इड् (स्त्री.) (वैदिक प्रयोग) इलु, बलि। प्रार्थना। धाराप्रवाह वक्तृता। पृथिवी। भोजन सामग्री। वर्षा ऋतु। पञ्च प्रयोगों में से तीसरा प्रयोग (इडोजयति) प्रजा।
इडस्पति (पुं.) विष्णु का नाम।
इडः (पुं.) अग्नि का नाम।
इडाला (स्त्री.) पृथिवी। वाणी। वलिप्रदान। गौ। स्वर्ग। वुध की पत्नी। शरीर के दाहिने भाग की टेढ़ी नाड़ी। एक देवी। मनु की पुत्री। इसका दूसरा नाम मैत्रावारुणी भी है। इसी के गर्भ से पुरूरवा का जन्म हुआ था। दुर्गा का नाम।
इडाचिका (स्त्री.) वर्र। वर्रैया।
इडिका (स्त्री.) धरती। पृथिवी।
इण् (क्रि.) जाना।
इत (त्रि.) गया। स्मरण किया हुआ। गत। प्राप्त।
इतर (त्रि.) नीच। पामर। निम्न श्रेणी का। दूसरा। भिन्न।
इतरथा (अव्य.) अन्यथा। अन्य रीति से। और तरह से। और प्रकार से।
इतरेतर (त्रि.) अन्योन्य। परस्पर। आपस में।
इतस् (अव्य.) यहाँ से। मुझ से। यहाँ। इस ओर। इधर। इसमें। अबसे।
इतरेद्युः दूसरे दिन। अन्य दिवस।
इतस्ततः (अव्य.) इधर उधर। इसमें उसमें।
इति (अव्य.) समाप्ति। हेतु। निदर्शन। निकटता। मत। प्रत्यक्ष। अवधारण। व्यवस्था। मान। परामर्श। शब्द के यथार्थ रूप को प्रकट करने वाला। वाक्य के अर्थ का प्रकाशक।
इतिकर्त्तव्यता (स्त्री.) अवश्य करने योग्य काम करने का क्रम। जिसके अनुसार एक काम के अनन्तर दूसरा काम किया जाय।
इतिमध्ये (अव्य.) इतने में।
इतिह (अव्य.) उपदेशपरम्परा। देर से सुना जाने वाला। उपदेश। सुना सुनाया अच्छा वचन।
इतिहास (पुं.) ग्रन्थ जिसमें धर्म अर्थ और काम मोक्ष का उपदेश प्राचीन कथानकों से युक्त हो। पुरावृत्तान्त का प्रकाशक। संस्कृत में पुराने इतिहास ग्रन्थ दो ही हैं। अर्थात् महाभारत और वाल्मीकीय रामायण।
इत्थम् (अव्य.) इस तरह। इस प्रकार। ऐसे।
इत्थशालः (पुं.) ज्योतिष में वर्षफल के तीसरे योग का नाम।
इत्वर (त्रि.) निष्ठुर कर्म करने वाला। क्रूर कर्म्म। नीच। पथिक। बटोही।
इत्वरी (स्त्री.) अभिसारिका। अपने प्रणयी द्वारा निश्चित स्थान पर अपने प्रणयी से जो मिलने जाय। व्यभिचारिणी। कुलटा स्त्री।

इत्य (त्रि.) प्राप्य। पहुँचने के योग्य। जाने योग्य।
इद् (क्रि.) ऐश्वर्य होना।
इदम् (त्रि.) किसी ऐसी वस्तु को वतलाने वाला जो कहने वाले के समीप हो। यह। यहाँ।
इदानीम् (अव्य.) सम्प्रति। अव। इस समय। अभी।
इद्ध (न.) धूप। घाम। आतप। दीप्ति। प्रकाश। आश्चर्य। वूढ़ा। निर्मल। साफ।
इध्म (न.) समिध्। समिधा। काष्ठ। लकड़ी।
इनः (पुं.) योग्य। सुदृढ़। बलवान्। साहसी। प्रतापी। सूर्य। प्रभु। नृप विशेष। राजा।
इनक्षति (क्रि.) पहुँचने का यत्न करना। पाने की चेष्टा करना।
इन्दिरा (स्त्री.) लक्ष्मी। कमला। धन की अधिष्ठात्री देवी। विष्णु की स्त्री।
इन्दिवर (न.) लक्ष्मी का प्रिय। नीलोत्पल। नीला कमल। इन्दीवर।
इन्दु (पुं.) चन्द्रमा। मृगशिर नक्षत्र। एक संख्या। कपूर। चाँदनी से पृथिवी को गीला करने वाला।
इन्दुकलिका (स्त्री.) केतकी। निवाड़ी केवड़े का फूल।
इन्दुकान्त (पुं.) चन्द्रकान्तमणि। यह मणि चन्द्रमा के सामने पिघलती है।
इन्दुजनक (पुं.) चाँद को पैदा करने वाला समुद्र। अत्रिऋषि (इनके नेत्र से भी चन्द्र की उत्पत्ति किसी कल्प में होती है।)
इन्दुजा (स्त्री.) चन्द्र से निकली नर्मदा नदी। चाँदनी।
इन्दुपुत्र (पुं.) चन्द्रपुत्र अर्थात् वुध।
इन्दुभृत (पुं.) शिव। शङ्कर। महादेव।
इन्दुमती (स्त्री.) पूर्णिमा। राजा अज की स्त्री।
इन्दुरत्न (पुं.) मुक्ता। मोती।
इन्दुलेखा (स्त्री.) चाँद की कला। सोमलता। अमृतलता।
इन्दुवासर (सं.) चन्द्रमा का वार। सोमवार।
इन्द्र (पुं.) देवताओं का स्वामी। परमेश्वर। ज्येष्ठा नक्षत्र। द्वादश सूर्यों में से एक। चौदह की संख्या।
इन्द्रक (न.) सभाभवन। कमेटी घर।
इन्द्रकील (पुं.) मन्दर पर्वत।
इन्द्रगोप (पुं.) पटबीजना। वर्षाती लाल रङ्ग का कीड़ा।
इन्द्रजालिक (त्रि.) मदारी। जादूगर। छलिया।
इन्द्रजित् (पुं.) इन्द्र को जीतने वाला। मेघनाद। रावण का पुत्र।
इन्द्रधनुष (न.) सूर्य की किरणें जो धनुषाकार बादलों पर पड़ कर विचित्र रङ्ग धारण करती हैं।
इन्द्रनील (पुं.) मरकत मणि। नीलम।
इन्द्रनेत्र (न.) एक हजार की गिनती।
इन्द्रपर्वत (पुं.) महेन्द्र पर्वत।
इन्द्रपुरोहित (पुं.) वृहस्पति।
इन्द्रप्रस्थ (न.) दिल्ली नगर।
इन्द्रभेषज सोंठ। शुण्ठी।
इन्द्रवंशा (स्त्री.) जिसके प्रति पाद में वारह अक्षर हों-वह छन्द।
इन्द्रवज्रा (स्त्री.) ग्यारह अक्षरों के पाद वाला छन्दविशेष।
इन्द्रशत्रु (पुं.) वृत्रासुर।
इन्द्राणी (स्त्री.) शची। सिन्धुवार वृक्ष। वड़ी। इलायची। षोडशमातृकाओं में से प्रथम माता। लता विशेष।
इन्द्रायुध (न.) व्रज। इन्द्र-धनुष।
इन्द्रिय (न.) ईश्वर-प्रणीत ज्ञान और कर्म के साधन अर्थात् हाथ, पैर, कान, नाक आदि।
इन्द्रियार्थ (पुं.) इन्द्रियों के विषय। यथा-शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध।
इन्द्रियायतन (न.) शरीर।
इन्ध (क्रि.) जलना। चमकना। आग का जलना।
इन्धन (न.) लकड़ी। इन्धन।
इभ (पुं.) हाथी। निर्भीक। शक्ति। नौकर। अधीनस्थ। आठ की गिनती।
इभकणा (स्त्री.) बड़ी पीपल। गजपिप्पली।
इभनिमिलिका (स्त्री.) वनस्पति विशेष जिसके सेवन से हाथी भी सो जाय। भाङ्ग। विजया। बूटी।
इभपालक (पुं.) हस्पितक। पीलवान। महावत।
इभपोटा (स्त्री.) युवा हथिनी।

इभपोतः (पुं.) हाथी का बच्चा।
इभमाचल (पुं.) शेर। केशरी।
इभया (स्त्री.) स्वर्णक्षीरी।
इभ्य (त्रि.) बड़ा धनी। धनवान् मालिक।
इभ्या (स्त्री.) हथिनी। हस्तिनी।
इभ्यक (पुं.) धनी।
इयत् (त्रि.) इतना। एतावत्।
इयत्ता (स्त्री.) सीमा। माप। गिनती।
इरम्मद (पुं.) बिजली। बज्राग्नि। समुद्र की आग। बड़वानल।
इरा (स्त्री.) धरती। भूमि। वाणी। सुरा। मद्य। जल। अन्न। कश्यप की स्त्री।
इरावती (स्त्री.) एक नदी का नाम। यह नदी पञ्जाब में है और इसका प्रसिद्ध नाम रावी है। दुर्गा।
इरिण (न.) ऊसर भूमि। आश्रयशून्य। सूना।
इरेश (पुं.) वरुण। वृहस्पति। राजा। विष्णु।
इर्वारू-लु (स्त्री) कर्कटी। आलू।
इल् (क्रि.) धोना। फेंकना।
इलविला (स्त्री.) कुबेरजननी। पुलस्त्य की स्त्री। माता का नाम इलविला होने से कुबेर का नाम ऐलविल है।
इला (स्त्री.) भूमि। पृथिवी। गौ। वाणी। जम्बूद्वीप के नव वर्षों में से एक। वैवस्वत मनु की कन्या। बुध की स्त्री।
इलावृत (न.) जम्बूद्वीप के नव वर्षों में से एक। चार सीमा वाला देश। जगत् के नव खण्डों में से एक।
इली (स्त्री.) छोटा खड्ग। छुरी। करवालिक।
इलीविल (पुं.) एक दैत्य जिसे इन्द्र ने परास्त किया था।
इल्वल (पुं.) अति चञ्चल। एक प्रकार का मच्छ। एक दैत्य जो अगस्त्य द्वारा मारा गया था।
इव् (क्रि.) फैलना। (अव्य.) जैसा। थोड़ा। मानों। बराबरी। थोड़ा। वाक्यालंकार।
इष् (क्रि.) चाहना। पसन्द करना। चुनना। माँगना। प्रार्थना करना। सरकना। जाना।
इष (पुं.) आश्विन मास। जिस मास में जय की इच्छा करने वाले यात्रा करते हैं।
इषु (पुं.) बाण। तीर। पाँच की संख्या।
इषुधिः (पुं.) तरकस। बाण रखने का स्थान।
इष्ट (त्रि.) आदर किया गया। पूज्य। अभिलषित। चाहा गया। प्रिय। यज्ञादि कर्म। रेड़ी का पेड़। (पुं.) संस्कार (न.) चाह। धर्म कार्य।
इष्टका (स्त्री.) मिट्टी आदि का वना हुआ एक प्रकार का मिट्टी का खण्ड अर्थात् ईंट। खपरैल।
इष्टा (स्त्री.) शमी वृक्ष।
इष्टापूर्त्तम् (न.) अग्निहोत्र तप। सत्य। यज्ञ। दान। वेदरक्षा। आदित्य। वैश्वदेव। ध्यानादि कर्म। बावली। कुँआ। तालाब। देवालय। अन्नदान। वाटिका रोपना आदि इष्टों की पूर्ति।
इष्टि (स्त्री.) यज्ञ। दर्श पौर्णमास यज्ञभेद। अभिलाषा। इच्छा। चाह।
इष्वासन (पुं.) धनुष।
इह (अव्य.) यहाँ। इस समय। इस देश में। इस जगत में। अब।
इहलः (पुं.) चेदि देश का नाम।
इहामुत्र (अव्य.) यहाँ वहाँ। इस लोक और परलोक में।

ई

ई (स्त्री.) लक्ष्मी तथा कामदेव का नाम। अनुत्साह। पीड़ा। शोक। क्रोध। अनुकम्पा। कृपा। प्रत्यक्ष। पुकारना।
ई (क्रि.) जाना। चमकना। फैलना। इच्छा करना। फेंकना। माँगना। गर्भ धारण करना।
ईक्ष् (क्रि.) देखना। ताकना। जानना। विचार करना।
ईक्षण (न.) देखना। दृष्टि। आँख।
ईक्षणिक (त्रि.) मनुष्य के शारीरिक चिह्नों अथवा जन्मकुण्डली को देख कर शुभाशुभ फल बतलाने वाला। दैवज्ञ। सामुद्रक जानने वाला। सगुनोतिया। सगुन उठाने वाला। ज्योतिषी।
ईक्षा (स्त्री.) दर्शन। देखना।
ईरव् (क्रि.) डोलना। झूलना। हिलना।
ईज् (क्रि.) जाना। भर्त्सना करना। दोषारोपण करना।
ईड् (क्रि.) स्तुति करना। सराहना।
ईडा (स्त्री.) स्तुति। प्रशंसा। सराहना।

ईण्मत् (पुं.) जिसका कोई स्वामी या प्रभु हो।

ईति (स्त्री.) उत्पन्न हुआ। खेती सम्बन्धी छः प्रकार के उपद्रव यथा-१. अतिवृष्टि। २. अनावृष्टि। ३. मकड़ी। ४. चूहे। ५. तोता। ओर ६. राजाओं का दौरा। यात्रा करना। कष्ट।

ईदृक्ष (त्रि.) इसके समान। ऐसा। इसके बराबर। इसके सदृश।

ईप्सित (त्रि.) अपेक्षित। चाहा हुआ। इष्ट।

ईर् (क्रि.) जाना।

ईर्म्मम् (न.) व्रण। घाव। फोड़ा। जखम।

ईर्ष्य (क्रि.) डाह करना। होड़ करना।

ईर्ष्या (स्त्री.) डाह। दूसरे की बढ़ती को देख कर जलना। बैर।

ईला (स्त्री.) पृथिवी। वाणी। गौ। स्तुति।

ईलिः-ली (स्त्री.) हथियार। छुरी। करवालिका।

ईवत् (अव्य.) इतना लम्बा। ऐसा भड़कदार।

ईश् (क्रि.) शासन करना। शक्तिमान् होना। स्वामी के समान बर्ताव करना। परवानगी देना।

ईशान (पुं.) महादेव। परमेश्वर। धनी। प्रभु। आर्द्रा नक्षत्र। शिव की अष्ट मूर्त्तियों में सूर्य की मूर्त्ति। शमी वृक्ष। विष्णु। दुर्गा।

ईशिता (स्त्री.) अष्ट ऋद्धियों पर प्रभुत्व।

ईश्वर (पुं.) महादेव। कामदेव। चैतन्य आत्मा। परमेश्वर। पातञ्जल के मतानुसार क्लेश कर्मविपाकाशयों से अस्पृश्य पुरुष विशेष। पहिला। स्वामी। लताभेद।

ईष (पुं.) स्वामी। मालिक। महादेव। परमेश्वर।

ईषत् (अव्य,) अल्प। थोड़ा। कुछ।

ईषत्कर (पुं.) लेशमात्र, थोड़े से यत्न या प्रयास से सिद्ध हो जाने वाला।

ईषदुष्ण (पुं.) गुनगुना। कुछ कुछ गर्म। मन्दोष्ण।

ईषा (स्त्री.) हलदण्ड। हल की नोंक। हल की फाल।

ईषिका (स्त्री.) हाथी की आँख की पुतली। चित्रकार की कूँची। तीर। अस्त्र।

ईह (क्रि.) अभिलाषा करना। चाहना। वस्तु पाने के लिये प्रयत्नशील होना।

ईहा (स्त्री.) चेष्टा। उद्योग। प्रयत्न। वाञ्छा।

ईहित (त्रि.) ढूँढ़ा हुआ। खोजा हुआ। प्रार्थित। (सं.) अभिलाषा। चाह। इच्छा किया हुआ।

उ

उ हिन्दी वर्णमाला का पाँचवाँ अक्षर।

उ (क्रि.) शब्द करना। कोलाहल मचाना। धौंकना। गरजना। माँगना। तगादा करना।

उः (सं.) शिव का नाम। ब्रह्म का नाम। चन्द्र का बिम्ब। सम्बोधन का शब्द। क्रोध। दया। अनुकम्पा। आज्ञा। विस्मय। हैरानी।

उकानहः (सं.) लाल और पीले रङ्ग का घोड़ा।

उकुणः (पुं.)खटमल। खटकीरा।

उक्त (त्रि.) कथित। कहा गया। कथन। कहना। एक अक्षर के पाद का चिह्न।

उक्ति (स्त्री.) कहना। कथन।

उक्थ (न.) नव प्रकार के सामवेद का एक भाग। सामवेद का प्रधान अङ्ग। महाव्रताख्य यज्ञ। प्राण। कथन। वाक्य। स्तोत्र। प्रशंसा।

उक्ष् (क्रि.) छिड़कना। सींचना। भिंगोना। नम करना। उड़ेलना। फैलाना। साफ करना।

उक्षतर (पुं.) तीसरी अवस्था को पहुँचा हुआ बैल। बड़ा बैल।

उक्षन् (पुं.) बड़ा। सोम। मरुत। अग्नि। ऋषभौषधि।

उक्षाल (पुं.) तेज। भयानक। ऊँचा। बड़ा। सर्वोत्तम। बन्दर।

उख् (क्रि.) जाना। हिलना। डोलना।

उख (पुं.) पाकपात्र। किसी वस्तु को उबालने का पात्र। बटलोई। भगौना। तसला। वेदी। शरीर का अङ्ग।

उग्र (त्रि.) भयानक। निष्ठुर। बनैला। बली। दृढ़। तीक्ष्ण। तेज। क्रुद्ध। क्षत्रिय पिता और शूद्रा माता के गर्भ से उत्पन्न सन्तान। वायु की मूर्त्ति धारण करने वाले शिव। विष विशेष। नक्षत्र-समूह।

उग्रकाण्ड (पुं.) करेला। कारवेल्ल अर्थात् करेला का वृक्ष।

उग्रगन्ध (त्रि.) तेज गन्धवाला। चम्पा। चमेली। अर्जक वृक्ष। लशुन। हींग।

उग्रधन्वन् (त्रि.) जिसका धनुष बड़ा तेज हो। महादेव। इन्द्र।
उग्रश्रवस् (पुं.) रोमहर्षण का पुत्र। सुनी हुई बात को तुरन्त अवधारण करने वाला।
उग्रसेन (पुं.) कंस का पिता। यह यदुवंश था और इसका दूसरा नाम आहुक था। धृतराष्ट्र का पुत्र।
उच् (क्रि.) एकत्र करना। योग्य होना।
उचित (त्रि.) योग्य। मुनासिब।
उच्च (त्रि.) ऊँचा। उन्नत।
उच्चतरु (पुं.) नारियल का वृक्ष।
उच्चक्षुस् (पुं.) आँख उठाए हुए।
उच्चाटन (न.) उत्पाटन। उखाड़ना। अपनी जगह से अलग करना। किसी मन्त्र-प्रयोग से पागल कर देना।
उच्चण्ड (पुं.) बड़ा उग्र। बलवान्।
उच्चार (पुं.) उच्चारण। कहना। विष्ठा। मल।
उच्चावच (त्रि.) बड़े-छोटे। ऊँचे-नीचे।
उच्चूलन (पुं.) ऊँची चोटी वाला। झण्डे के ऊपर वाला। भूषण। झण्डा।
उच्चैःश्रवस (पुं.) ऊँचे कान वाला। इन्द्र का घोड़ा।
उच्चैर्घुष्ट (न.) ढण्डोरा। डौंड़ी। मुनादी।
तूष्णीक (त्रि.) चुप रहने वाला।
तूष्णीम् (अव्य.) मौन। चुपचाप।
तूस्त (न.) जटा। लट। धूर। महीन।
तृण् (क्रि.) खाना।
तृण (न.) तिनका। घास।
तृणकाण्ड (न.) तिन अथवा घास का ढेर।
तृणद्रुम (पुं.) नारियल। ताल। खजूर।
तृणधान्य (सं.) बिना जोती हुई भूमि में उत्पन्न धान। नीवार। धान्यविशेष।
तृणराज (पुं.) ताल का वृक्ष।
तृणौकस (न.) तिनकों का बना हुआ घर।
तृण्य (स्त्री.) तिनकों का ढेर।
तृतीय (त्रि.) तीसरा।
तृतीयप्रकृति (स्त्री.) हिजड़ा। नपुंसक।
तृतीया (स्त्री.) तीज।
तृतीयाकृत (त्रि.) तिगुना किया गया।
तृद् (क्रि.) अनादर किया गया।
तृन्ह (क्रि.) मारना।
तृप् (क्रि.) तृप्त होना।
तृप्ति (स्त्री.) पेट भर जाना। प्रसन्न होना। सन्तुष्ट होना।
तृफ् (क्रि.) प्रसन्न होना।
तृफला (स्त्री.) हर्र, बहेरा, आमला का संयोग तृफला कहलाता है।
तृष् (क्रि.) चाहना। तृष्णा करना।
तृषाभू (स्त्री.) क्लोम। हृदय का एक स्थान।
तृषित (त्रि.) प्यासा। चाह वाला।
तृष्णाक्षय (पुं.) मन को रोकना। चाह का नाश।
तृह (क्रि.) मारना।
तॄ (क्रि.) तरना। पार होना। उछलना। दबाना।
तेज् (क्रि.) तेज करना। पैना करना।
तेजःफल (पुं.) तेजबल का वृक्ष।
तेजस् (न.) उष्ण। अग्नि आदि द्रव्य। आग। प्रकाश। पराक्रम। वीर्य। घी। तपाने वाला। ज्योति। सूर्य। कान्ति (शरीर की)। सुवर्ण आदि धातु द्रव्य। पित्त। अपमान आदि का न सहना। घोड़ों का स्वाभाविक बल। ब्रह्म। सत्त्वगुण (सांख्यमतानुसार)।
तेजस्विनी (स्त्री.) तेजबल। ज्योतिष्मती बेल। तेज वाली स्त्री।

तेजीयस् (त्रि.) तेज वाला।
तेजोमय (त्रि.) ज्योतिर्मय। प्रकाशमय। प्रधान तेज वाला।
तेजोमात्रा (स्त्री.) सत्त्वगुण का अंश। इन्द्रियसमूह।
तेष् (क्रि.) काँपना। गिरना।
तेम (पुं.) आर्द्रीभाव। गीला होना।
तेमन (न.) चूल्हाविशेष। भाजी। गीला करना।
तैजस (न.) तेज का विकार। घी। चमकीला। सूक्ष्म शरीर।
तैतिल (पुं.) गैंड़ा।
तैत्तिरीया (स्त्री.) यजुर्वेद की शाखा विशेष। कृष्णयजुः।
तैत्तिरीय (त्रि.) तैत्तिरीय शाखा का पढ़ने वाला या जानने वाला।
तैमिरिक (न.) पुरुष जिसकी आँख में जाला हो गया हो।
तैर्थिक (त्रि.) दर्शन शास्त्र का रचने वाला। कपिल कणाद प्रभृति।
तैल (न.) तेल।
तैलकार (पुं.) तेली।
तैलकिट्ट (न.) तेल का मैल। खली।
तैलङ्ग (पुं.) कर्णाटक, तैलङ्ग देश के वासी।
तैलफला (स्त्री.) इङ्गुदी का पेड़।
तैलम्पाता (स्त्री.) श्राद्ध। तैलमिश्रित।
तैलीन (त्रि.) तिलों का खेत।
तैष (पुं.) पूस मास। पौष मास की पूर्णिमा।
तोक (न.) अपत्य। सन्तान। पुत्र। बेटा। लड़की। बेटी।
तोटक (न.) छन्द जिसका बारह अक्षर का पाद होता है।
तोड् (क्रि.) अनादर करना। अप्रतिष्ठा करना। बेइज्जत करना।
तोत्र (न.) छड़ी। गौ हाँकने की साँटी। चाबुक। हण्टर। अंकुश।
तोदन (न.) मुख। मूँ। व्यथा। पीड़ा।
तोमर (पुं.) एक प्रकार का लोहे का डंडा जिससे लड़ाई में शत्रुसंहार करने के अर्थ काम लिया
तोयकाम (पुं.) पानी चाहने वाला। पानी का बेत।
तोयद (पुं.) बादल। मोथा। घास।
तोयधि (पुं.) समुद्र।
तोयसूचक (पुं.) मेड़क।
तोरण (पुं.न.) बाहिरी द्वार। द्वार का बाहिरी प्रदेश। गर्दन।
तोल (पुं.न.) तोलक। मापविशेष। एक तोला।
तौर्य्य (न.) मृदङ्ग तबला आदि बाजों का शब्द।
तौर्य्यत्रिक (न.) नाचना, गाना और बजाना तीनों काम।
तौलिक (पुं.) चित्रकार। मूर्ति बनाने वाला। मानचित्र। नकशा।
त्यज् (क्रि.) छोड़ना। दान देना।
त्यक्त (गु.) छोड़ा हुआ। त्यागा हुआ
त्याग (पुं.) उत्सर्ग। छुड़ाव। पृथकृत्व। दान। उदारता।
त्यागिन् (त्रि.) दाता। शूर। वर्ज्जनशील। त्यागी। कर्मफल छोड़ने वाला।
त्याज्य (त्रि.) त्यागने योग्य। छोड़ने योग्य। बाहिर निकालने योग्य।
त्रक् (क्रि.) जाना।
त्रप् (क्रि.) लज्जित होना।
त्रपा (स्त्री.) लज्जा। कुलटा स्त्री। कुल। कीर्ति। यश।
त्रपु (न.) टीन। सीसा।
त्रपुटी (स्त्री.) छोटी इलायची।
त्रपुस (न.) राँगा। टीन।
त्रय (न.स्त्री.) तीनों का भाग। तीन भाग वाला। तीन संख्या वाला। वेदत्रयी। देवत्रयी। कुटुम्बिनी स्त्री। अच्छी बुद्धि।
त्रयीधर्म (पुं.) वेदत्रयी से विधान किया गया धर्म। वैदिक धर्म।
त्रयोदशन (त्रि.) तेरह। त्रयोदशी।
त्रस् (क्रि.) डरना। भय खाना।
त्रसरेणु (पुं.) सूर्य की किरण में व्याप्त परमाणु का छठवाँ अंश। सूर्य्य की स्त्री का नाम।
त्रस्त (त्रि.) भीत। डरा हुआ। चकित। हैरान। जल्दी। त्वरा।
त्रस्नु (त्रि.) डरपोंक। भीरु।

त्रापुष (त्रि.) राँगे अथवा टीन का पात्र।
त्रि (त्रि.) तीन।
त्रिंश (त्रि.) तीस का तीसवाँ।
त्रिक (न.) तीन का समुदाय। पीठ की हड्डी के नीचे का प्रदेश। त्रिफला। त्रिकटु (सोंठ, मद्य, मिरच)।
त्रिककुद (पुं.) त्रिकूट पर्वत।
त्रिकाल (न.) भूत। भविष्य। वर्त्तमान।
त्रिकालज्ञ (पुं.) ज्योतिषी। सर्वज्ञ। सब कुछ जानने वाला।
त्रिकूट (पुं.) लङ्का जिस पर्वत पर बसी हुई है वह सुवेल पर्वत।
त्रिकोण (त्रि.) त्रिभुज। लग्न से नवाँ और पाँचवाँ स्थान।
त्रिगर्त (पुं.) तीन गढ़े। देशविशेष। उस देश के रहने वाले।
त्रिगुण (न.) रज, सत्त्व और तमस्।
त्रिगुणाकृत (त्रि.) तिगुना खींचा गया या जोता गया खेत आदि।
त्रिगुणात्मक (त्रि.) त्रिगुणमय। त्रिगुण रूप। (न.) अज्ञान। 'प्रधान' नामक तत्त्व।
त्रिजटा (स्त्री.) एक राक्षसी।
त्रितय (न.) तीन वस्तुओं का समूह। तीन।
त्रिदण्ड (न.) संन्यासियों का चिह्न।
त्रिदण्डी (पुं.) संन्यासीविशेष।
त्रिदश (पुं.) देवता।
त्रिदशाधिप (पुं.) इन्द्र। परमात्मा। विष्णु।
त्रिदशालय (पुं.) देवतों के रहने का स्थान। स्वर्ग।
त्रिदिव (पुं.) आकाश। स्वर्ग।
त्रिदोष (पुं.) सन्निपात की अवस्था, जब वात पित्त श्लेष्मा तीनों में दोष हो जाता है।
त्रिधा (अ.) तीन तरह। तीन टुकड़े।
त्रिधामा (पुं.) अग्नि। शिव। विष्णु।
त्रिनयन (पुं.) शिव (त्रि.) तीन आँख वाला। (स्त्री.) दुर्गा। क्रोधी।
त्रिनेत्र (पुं.) महादेव जी।
त्रिपथगा (स्त्री.) गंगा। तीन रास्तों से जाने वाली। मन्दाकिनी आदि नामों वाली।
त्रिपदी (स्त्री.) लताविशेष। एक वैदिक छन्द। हाथी के पैर बाँधने की साँकल। तिपाई। एक भाषा का छन्द।
त्रिपर्ण (पुं.) ढाक। बेल का वृक्ष।
त्रिपात् (पुं.) विष्णु। ज्वर।
त्रिपुट (पुं.) दोना। हथेली। धनुष। चमेली। छोटी इलायची। गोखरू।
त्रिपुण्ड्र (न.) मस्तक में भस्म की तीन लकीरों का तिलक। आड़ा तिलक।
त्रिपुर (पुं.) दैत्यविशेष। मयासुर के बनाये असुरों के तीन सोने चाँदी और लोहे के पुर, जिन्हें शिव जी ने बाण मार कर भस्म कर दिया।
त्रिपुरभैरवी (स्त्री.) देवीविशेष।
त्रिपुरारि (पुं.) शिव।
त्रिपुष्कर (पुं.) एक ज्योतिष का योग। (न.) पुष्करक्षेत्र।
त्रिफला (स्त्री.) हड़, बहेड़ा, आँवला।
त्रिभंगी (स्त्री.) एक प्रकार का भाषाछन्द।
त्रिभुज (न.) तीन कोने वाला क्षेत्र।
त्रिभुवन (न.) स्वर्ग, पृथ्वी, पाताल-ये तीनों लोक।
त्रिमधु (न.) घी, मिश्री, शहद।
त्रिमार्गगा (स्त्री.) गंगा। आकाश। पृथ्वी और पाताल तीनों रास्तों से जाने वाली।
त्रिमूर्ति (पुं.) ब्रह्मा, विष्णु, शिव।
त्रियामा (स्त्री.) रात। हल्दी। नील। यमुना।
त्रियुग (पुं.) यज्ञपुरुष।
त्रिरात्र (न.) तीन रातें।
त्रिरुक्त (न.) तीन बार कह कर प्रतिज्ञा करना।
त्रिरेख (पुं.) शंख। (त्रि.) तीन रेखा वाला।
त्रिलोकी (स्त्री.) तीनों लोक। त्रिभुवन।
त्रिलोकेश (पुं.) विष्णु। शिव। सूर्य।
त्रिलोचन (पुं.) शिव।
त्रिवर्ग (पुं.) धर्म, अर्थ, काम। सत्त्व, रज, तम। आमदनी, खर्च और बढ़ती।
त्रिविक्रम (पुं.) वामन अवतार से रूप बढ़ाने वाले श्रीविष्णु। तीनों लोक नाप कर भी एक पाँव घटा रहने से त्रिविक्रम नाम हुआ।
त्रिविध (त्रि.) तीन तरह का।

त्रिविष्टपम् (न.) स्वर्ग।
त्रिवृत् (पुं.) मन, प्रणव। ओंकार।
त्रिवेणी (स्त्री.) प्रयाग में स्थित गंगा यमुना सरस्वती का संगमस्थल।
त्रिवेणु (पुं.) रथ का धुरा।
त्रिशंकु (पुं.) एक सूर्यवंशी राजा। टीड़ी। जुगनू। बिल्ली। पपीहा।
त्रिशिख (पुं.) एक राक्षस। बिल्वपत्र। (न.) त्रिशूल। किरीट मुकुट। (त्रि.) तीन नोकों वाला।
त्रिशिरा (पुं.) बुखार। कुबेर। राक्षस विशेष।
त्रिशूल (न.) तीन नोकों वाला अस्त्र।
त्रिशूली (पुं.) शिव।
त्रिष्टुप् (स्त्री.) एक वैदिक छन्द।
त्रिसन्ध्या (स्त्री.) सबेरे, दोपहर और शाम।
त्रिसवन (न.) त्रिकाल।
त्रिहायणी (स्त्री.) तीन बरस की गऊ। द्रौपदी।
त्रुटि (स्त्री.) लेश। संशय। जितनी देर में आँख झपकती है उतना समय। कमी। हानि। गलती।
त्रुटित (त्रि.) टूटा हुआ।
त्रेता (स्त्री.) सत्ययुग के बाद का (दूसरा) युग।
त्रेधा (अ.) तीन तरह। तीन रूप।
त्रैगुण्य (न.) संसार। तीन (सत्त्व, रज, तम) गुण।
त्रैमासिक (त्रि.) तीन महीने का।
त्रैराशिक (न.) गणितविशेष।
त्रैलोक्य (न.) त्रिलोकी।
त्रैवर्णिक (त्रि.) द्विज। ब्राह्मण, क्षत्रिय या वैश्य वर्ण का।
त्र्यक्ष (पुं.) तीन नेत्र वाला। शिव।
त्र्यक्षर (पुं.) ओंकार।
त्र्यङ्गुल (न.) तीन अंगुल की माप।
त्र्यम्बक (पुं.) शिव। त्रिनेत्र। त्रिलोचन।
त्र्यम्बकसखा (पुं.) शिव का मित्र। कुबेर।
त्र्यहस्पर्श (पुं.) वह दिन जिसमें तीन तिथियों का समावेश हो जाय।
त्वक् (स्त्री.) खाल। छाल।
त्वक्सार (पुं.) बाँस। तेजपात। दालचीनी। गुर्च। (त्रि.) जिसमें केवल छाल ही छाल हो ऐसा वृक्ष अथवा प्राणी।
त्वक्सुगन्ध (पुं.) नारङ्गी।
त्वचा (स्त्री.) खाल। छाल।
त्वदीय (त्रि.) तुम्हारा।
त्वद्विध (त्रि.) तुम्हारे ऐसा।
त्वरा (स्त्री.) जल्दी। फुर्ती। शीघ्रता।
त्वष्टा (पुं.) विश्वकर्मा। १२ आदित्यों में से एक आदित्य। बढ़ई। चित्रा नक्षत्र।
त्वादृश (त्रि.) तुम्हारे ऐसा।
त्वाष्ट्र (पुं.) विश्वकर्मा का पुत्र। वृत्रासुर।
त्विष् (स्त्री.) शोभा। कान्ति। प्रकाश।
त्विषांपति (पुं.) सूर्यदेव।
त्सरु (पुं.) तलवार की मूठ। कब्जा।
त्सरुक (त्रि.) तलवार पकड़ने या चलाने में चतुर।

थ

थ (पुं.) पहाड़। बचाने वाला। रोगभेद। भयचिह्न। भक्षण। (न.) मंगल। साहस।
थुत्कार (पुं.) थूकने का शब्द।
थूथू (अ.) निन्दासूचक शब्द।
थैथै (अ.) नाच के समय मृंदग के बोल।

द

द (पुं.) यह समास के पीछे आता है। देना। उत्पन्न करना। काटना। नष्ट करना। पृथक् करना। भेंट। पहाड़। (स्त्री.) भार्य्या। गर्मी। पश्चात्ताप।
दंश् (क्रि.) डसना। काटना। डङ्क मारना।
दंश (पुं.) बनैली मक्खी। मर्म। गुप्त भाग। दोष (रत्न का)। दाँत। कवच। अङ्ग।
दंशन (न.) डसना। डङ्क मारना। कवच पहने हुए।
दंशित (त्रि.) कवच पहने हुए।
दंशेर (पुं.) हानिकारक।
दंष्ट्रा (स्त्री.) दाढ़।
दंष्ट्रिन् (पुं.) शूकर। साँप। कुत्ता आदि दाढ़ वाला।
दकं (न.) जल। जैसे "दकोदर"।
दक्ष् (क्रि.) उगना। बढ़ना। करना। चोटिल करना।

दक्ष (त्रि.) निपुण। पटु। कार्यकुशल।
"नाट्ये च दक्षा वयम्"।

दक्षकन्या (स्त्री.) सती। दक्ष प्रजापति की कन्या। अश्विनी आदि नक्षत्र।

दक्षिण (पुं.) नायकविशेष। मध्य देश के दक्षिण वाला देश। शरीर का दाहिना भाग। सरल। दूसरे की इच्छानुसार चलने वाला। उदार स्वभाव।

दक्षिणतस् (अव्य.) दक्षिण दिशा या देश।

दक्षिणपूर्वा (स्त्री.) अग्निकोण।

दक्षिणमार्ग (पुं.) पितृमार्ग। मार्ग जिससे पितृलोक में जीव जाता है। तंत्र का विधानविशेष।

दक्षिणस्थ (पुं.) रथवान। सारथि।

दक्षिणा (स्त्री.) यमराज की दिशा। यज्ञान्त में कर्मसमाप्ति के अर्थ दिया जाने वाला द्रव्य। यज्ञपत्नी। प्रतिष्ठा। रुचि प्रजापति की कन्या।

दक्षिणाग्नि (पुं.) यज्ञीय अग्निभेद।

दक्षिणचार (पुं.) आचारविशेष।

दक्षिणात् (अव्य.) दक्खिन से।

दक्षिणापथ (पुं.) अवन्ती। दक्षिण दिशा का देश। दाहिनी ओर रास्ता।

दक्षिणामूर्त्ति (पुं.) शिव की मूर्त्ति विशेष।

दक्षिणायन (न.) कर्क संक्रान्ति से मकर राशि पर्यन्त जब सूर्य जाते हैं तब सूर्य का जो अयन बदलता है उसे दक्षिणायन कहते हैं। इस अयन में सूर्य छः मास रहते हैं।

दक्षिणावर्त्त (त्रि.) दाहिनी और घूमा हुआ। शंखविशेष।

दक्षिण्य (त्रि.) दक्षिणा के योग्य।

दग्ध (त्रि.) भस्म किया हुआ। जलाया हुआ।

दघ् (क्रि.) मारना। विनष्ट करना।

दण्ड (न.) लाठी। डण्डा। घोड़ा। सेना। साठ पल का कालविशेष। भूमि का माप विशेष। सूर्य का अनुचर। राजाओं की चौथी नीति।

दण्डका (स्त्री.) दण्डक वन के अन्तर्गत जनस्थान नामक स्थानविशेष।

दण्डकारण्य (न.) दण्डक नामक राजा का देश जो शुक्र के शाप से वन हो गया था। तीर्थविशेष।

दण्डधर (पुं.) यमराज। राजा। कुम्हार।

दण्डनायक (पुं.) कोतवाल। सिपाही।

दण्डनीति (स्त्री.) नीतिविशेष। फौजदारी की आईन।

दण्डपारुष्य (न.) स्मृतिकथित अठारह प्रकार के झगड़ों में से एक। राजाओं का दुर्व्यसनविशेष।

दण्डवत् (पुं.) दण्ड ले जाने वाला। बड़ी सेना वाला। दण्ड की तरह सतर खड़ा होने वाला। पसर कर प्रणाम करने वाला।

दण्डादण्डि (अवय.) लाठमलाठी।

दण्डाहत (न.) माठा। तक्र। छाछ।

दण्डिन् (पुं.) राजा। यमराज। द्वारपाल। सूर्य्य के पास बिचरने वाला। संन्यासी। चौथे आश्रम वाला। कविविशेष।

दत्त (त्रि.) दिया गया। रखा गया। छोड़ा गया। बारह प्रकार के पुत्रों में से एक। वैश्य की उपाधिविशेष। दत्तात्रेयी नामक भगवदवतार विशेष।

दत्ताप्रदानिक (न.) दी हुई वस्तु को पुनः ले लेने का झगड़ा। नारदकथित व्यवहारभेद।

दत्तात्मन् (पुं.) पुत्रविशेष।

दत्रिम (त्रि.) दत्तक पुत्र। गोद आया लड़का।

दद् (क्रि.) देना। धीरज बँधाना।

दद्रु (पुं.) दाद रोग। कछुआ।

दद्रुघ्न (पुं.) दाद को दूर करने वाली दवा।

दद्रुण (पुं.) दाद का रोगी।

दद्रू (पुं.) दाद।

दध् (क्रि.) देना। धारण करना।

दधि (न.) दही। एक प्रकार का दूध का विकार।

दधिकूर्चिका (स्त्री.) गर्म दूध में खट्टा दही डाल कर जो एक पदार्थ तैयार किया जाता है।

दधिसार (पुं.) दही का सार। मक्खन।

दधीचि (पुं.) अथर्व मुनि का औरस पुत्र। मुनि जिसकी हड्डी से वृत्र दैत्य के मारने को वज्र बनाया गया था।

दनु (स्त्री.) कश्यपपत्नी। दक्ष प्रजापति की कन्या। दानव माता। राक्षसमाता। दैत्यमाता।

दनुज (पुं.) असुर। दैत्य।

दन्त (पुं.) दाँत।

दन्तक (त्रि.) दातों में लगा हुआ। नागदन्त।
दन्तकाष्ठ (न.) दतवन। मुखारी। दन्तधावन।
दन्तच्छद (पुं.) होंठ।
दन्तधावन (पुं.) खदिर और बकुल का पेड़। दतौन। दतवन।
दन्तपत्रक (न.) दाँत की तरह जिसके सफेद पत्र हों। कुन्दपुष्प। कुन्द का फूल।
दन्तवक्र (पुं.) बड़े बड़े दाँतों वाजा। श्रीकृष्ण जी का विरोधी राजाविशेष।
दन्तबीजक (पुं.) अनार। दाडिम।
दन्तालिका (स्त्री.) लगाम।
दन्तावल (पुं.) हाथी।
दन्तिन् (पुं.) दाँतों वाला। हाथी।
दन्तुर (त्रि.) ऊँचे दाँत वाला। नीची ऊँची जगह।
दन्त्य (त्रि.) दाँतों की सहायता से बोले जाने वाले अक्षर। दाँतों के लिये हितकर।
दन्दशूक (पुं.) साँप।
दम्भ् (क्रि.) चोटिल करना। छलना। धोखा देना।
दभ्र (गु.) छोटा। थोड़ा। (पुं.) समुद्र।
दम् (क्रि.) अधीन करना। अपने वश में करना।
दम (पुं.) बाहिर की वृत्तियों का रोकना दम कहलाता है। बुरे कामों से मन को हटाना। कीचड़। रोकना।
दमघोष (पुं.) शिशुपाल का पिता। चन्द्रवंशीय एक राजा।
दमयन्ती (स्त्री.) नल राजा की पत्नी। दमघोष की लड़की। भद्रमल्लिका।
दमित (त्रि.) रोकने वाला। सहने वाला। इन्द्रियों की वृत्तियों को अपने वश में करने वाला।
दमु-मू (पुं.) अग्नि। शुक्राचार्य।
दम्पती (पुं.) पति पत्नी। जोड़ा।
दम्भ (पुं.) कपट। छल। धूर्तता। पाप। अभिमान। घमंड।
दम्भोलि (पुं.) वज्र नामक अस्त्र। एक प्रकार का हथियार। योग की कष्टसाध्य मुद्राविशेष।
दम्य (पुं.) वयस्क। बोझा उठाने योग्य। बछड़ा। बैल। वश करने योग्य।
दय् (क्रि.) जाना। मारना। देना। पालन करना।
दया (स्त्री.) कृपा। किसी को दुःखी देख कर उसका दुःख दूर करने की इच्छा।
दयालु (त्रि.) दया वाला। कृपालु।
दयित (पुं.) पति। प्यारा।
दर (अव्य.) थोड़ा। डर। गढ़ा।
दरकाण्टिका (स्त्री.) शतावरी।
दरद् (स्त्री.) जलप्रपात। डर। पहाड़। बाण। हृदय। म्लेच्छजातिभेद। खस जाति।
दरिद्र (पुं.) निर्धन। धनरहित। दीन।
दरिद्रा (क्रि.) बुरी दशा को प्राप्त होना। गरीब होना।
दर्दुर (पुं.) बादल। मेंडक। बाजा विशेष। पहाड़। मिट्टी का पात्रविशेष। एक प्रकार के चावल।
दर्दू (स्त्री.) रोगभेद। एक प्रकार की बीमारी।
दर्प (पुं.) अहङ्कार। गर्व। अभिमान। घमण्ड। असारत्व। हिरन विशेष। छल।
दर्पक (पुं.) अभिमान उत्पन्न करने वाला। कामदेव।
दर्पण (पुं.) बट्टा। आदर्श। आईना। एक पर्वत का नाम।
दर्भ (पुं.) कुश आदि छः प्रकार की घास।
दर्भर (सं.) निज का कमरा।
दर्व (पुं.) हिंस्र। शैतान। सर्प का फन।
दर्वर (पुं.) गाँव का चौकीदार। पुलिस का अफसर। द्वारपाल।
दर्वरीक (पुं.) इन्द्र की उपाधि। एक प्रकार का बाजा। वायु। पवन।
दर्विक-का, (स्त्री.) कलछी। चमचा। चंमच।
दर्वी-र्वि (स्त्री.) कलछी। चमचा। सर्प का फैला हुआ फन।
दर्वीकर (पुं.) साँप। सर्प।
दर्श (पुं.) अमावास्या तिथि। यज्ञविशेष। "दर्शपूर्णमासाभ्यां यजेत-" श्रुतिः। देखना। देखने वाला।
दर्शक (पुं.) आये हुओं को राजा का दर्शन कराने वाला।
दर्शन (न.) आँख। स्वप्न। बुद्धि। धर्म। शीशा। शास्त्रविशेष।
दर्शनीय (त्रि.) देखने योग्य। मनोहर।

दर्शयितृ (त्रि.) द्वारपाल। दरवान।

दल् (क्रि.) फूट जाना। बीच से फट जाना। दरार होना।

दल (न.) टुकड़ा। मियान। पत्ता। बादल। तमाल वृक्ष। आधा। अस्त्र की धार। सेना का भाग। मिलावट।

दलप (पुं.) अस्त्र। सुवर्ण।

दल्भ (पुं.) पहिया। छल। जाल। कपट।

दल्मि (पुं.) इन्द्रि की उपाधि। वज्र।

दलिक (पुं.) लकड़ी का टुकड़ा। शहतीर। तख्ता।

दलित (त्रि.) तोड़ा गया। टूटा हुआ। तड़का हुआ। कुचला हुआ। रुँधा हुआ। प्रस्फुटित। प्रकट।

दव् (क्रि.) जाना।

दव (पु.) वन। जङ्गल। वन की आग। गर्मी। ज्वर। पीड़ा।

दवथु (पुं.) गर्मी। अग्नि। पीड़ा। चिन्ता। कष्ट। आँख की सूजन।

दवाग्नि (पुं.) वन की आग। दावानल।

दविष्ठ (त्रि.) बहुत दूर।

दश् (क्रि.) चमकना। डसना। काटना।

दशक (न.) दस की संख्या।

दशकण्ठ (पुं.) रावण। दशकण्ठ वाला।

दशत् (पुं.) दसों का समूह।

दशधा (अव्य.) दस प्रकार का।

दशन् (पु.) दाँत। शिखर। क्वच। (क्रि.) डसना। दाँत से काटना।

दशकर्म (न.) दस प्रकार के संस्कार!

दशभुजा (स्त्री.) दुर्गा देवी।

दशम (त्रि.) दसवाँ।

दशमिन् (त्रि.) बहुत बूढ़ा।

दशमी (स्त्री.) दसमी तिथि। कामदेव की दसवीं अवस्था। बहुत बूढ़ी उम्र।

दशमीस्थ (त्रि.) अति वृद्ध। बहुत बूढ़ा। स्मृतिहीन।

दशमूल (न.) दस प्रकार की जड़ों का बना काढ़ा या चूर्ण।

दशरथ (पुं.) जिसका रथ दसों दिशाओं में घूम फिर आया हो। सूर्यवंशी एक राजा जिनके प्रसिद्ध पुत्र श्रीरामचन्द्र जी थे।

दशहरा (स्त्री.) जो दश जन्म के अर्जित पापों को नष्ट करे। गङ्गा का जन्मदिन। जेठ मास की शुक्ला दशमी। विजया दशमी। कुआँर और चैत्र के शुक्ल पक्ष की दशमी।

दशा (स्त्री.) अवस्था। आँचल। जवानी। बालावस्था। वृद्धावस्था। ज्योतिष में ग्रह और योगिनी की दशा।

दशाकर्ष (पुं.) दीवा। आँचल।

दशार्ण (पुं.) देशविशेष। एक नदी का नाम।

दशार्ह (पुं.) राजा यदु का देश। उस देश के रहने वाले।

दशावतार (पुं.) दस अवतार वाला। विष्णु।

दशाश्व (पुं.) दस घोड़ों के रथ वाला। चन्द्रमा।

दशाश्वमेधिक (पुं.) जहाँ ब्रह्मा ने दस अश्वमेघ यज्ञ किये हैं। काशी वा प्रयाग में स्थान विशेष।

दशाह (पुं.) दस दिन। दसवाँ दिन।

दशेन्धन (पुं.) दीपक, चिराग।

दष्ट (त्रि.) काटा गया। डँसा गया।

दस्यु (पुं.) चोर। शत्रु। बड़ा साहसी।

दस्र (पुं.) गधा। अश्विनीकुमार।

दहन (पुं.) अग्नि। बहेड़ा। कबूतर।

दहर (पुं.) मूसा। चाँदी। सोना गलाने की घरिया। थोड़ा। सूक्ष्म। हृदय।

दह (पुं.) दावानल। हृदय के भीतर की अग्नि।

दा, (क्रि.) दान।

दाक (पुं.) यजमान। दाता।

दाक्षायणी (स्त्री.) सती। शिव की स्त्री।

दाक्ष्ज्ञाय्य (पुं.) गिद्ध।

दाक्षिणात्य (त्रि.) दक्खिनी। दक्षिण दिशा का। नारियल।

दाक्षिण्य (न.) अनुकूलता।

दाक्षी (स्त्री.) व्याकरणाचार्य पाणिनि की माता।

दाक्ष्य (न.) दक्षता। निपुणता।

दाघ (पुं.) घाम। उष्णता।

दाड़क (पुं.) दन्त।

दाड़िम (पुं.) अनार। इलायची।

दाड़िम्ब (पुं.) अनार।

दाढ़ा (स्त्री.) दाढ़। अभिलाषा। समूह।
दाण्डा (स्त्री.) पटेबाजी का खेल।
दात (त्रि.) कटा। शुद्ध। साफ।
दाता (त्रि.) दानी। देने वाला।
दात्यूह (पुं.) चातक। जलकाग। मेघ।
दात्र (न.) कुल्हाड़ी। आरी।
दान (न.) हाथी का मदजल। पालन। देना। सफाई।
दानक (न.) निन्दित दान।
दानपति (पुं.) अक्रूर। सदा देने वाला।
दानव (पुं.) असुर।
दानवारि (पुं.) देवता लोग। इन्द्र विष्णु।
दानशील (त्रि.) स्वाभाविक दानी।
दानशौण्ड (त्रि.) दानशूर। उदार।
दान्त (त्रि.) जितेन्द्रिय।
दापित (त्रि.) दिलाया गया। दण्डित। वश किया गया।
दाम (स्त्री.न.) रस्सी। माला। लड़।
दामिनी (स्त्री.) बिजली।
दामोदर (पुं.) श्रीकृष्ण।
दाम्भिक (त्रि.) पाखण्डी।
दाय (पुं.) दहेज। बाप दादे की सम्पत्ति। विरसा। बँटने की जायदाद।
दायभाग (पुं.) बाप दादे की सम्पत्ति का हिस्सा बाँट।
दायाद (पुं.) पुत्र। सगोत्र। सम्बन्धी।
दारक (पुं.) बालक। पुत्र। शूकर।
दारकर्म (न.) विवाह।
दारण (न.) फाड़ना।
दारद (पुं.) विष। पारा। हींग। समुद्र।
दारा (नित्य पुं.) स्त्री। भार्या।
दारिका (स्त्री.) बालिका।
दारिद्र्य (न.) दरिद्रता। गरीबी।
दारी (स्त्री.) बेवाँई।
दारु (न.) पीतल। लकड़ी। देवदारु। कारीगर।
दारुक (पुं.) कृष्ण का सारथी।
दारुका (स्त्री.) कठपुतली।
दारुण (त्रि.) भयानक। घोर।
दारुसार (न.) चन्दन। लकड़ी के भीतर का चार चूर्ण। बुरादा।
दारुसिता (स्त्री.) दालचीनी।
दार्दुर (न.) दक्षिणावर्त शंख।
दार्वट (न.) सलाह करने का स्थान। कचहरी।
दार्वण्ड (पुं.) मयूर।
दार्वाघाट (पुं.) कठफोरवा पक्षी।
दार्वी (स्त्री.) लकड़ी की।
दाल (पुं.) कोदौ। मधुविशेष।
दाल्भ्य (पुं.) एक मुनि।
दाव (पुं.) जंगल की आग। वन।
दावानल (पुं.) दाव। वन में लगी हुई आग। दवाड़।
दाश (पुं.) धीवर। मल्लाह।
दाशरथ-थि (पुं.) दशरथ के पुत्र श्रीरामचन्द्र, लक्ष्मण, भरत ओर शत्रुघ्न।
दाशार्ह (पुं.) श्रीकृष्ण। विष्णु।
दाशेयी (स्त्री.) वेदव्यास की माता।
दाशेरक (पुं.) मालवा देश।
दाश्व (पुं.) दाता।
दास (पुं.) नौकर। गुलाम। शूद्र।
दासकर्म (न.) नौकरी। गुलामी। सेवा। टहल।
दासी (स्त्री.) टहलुई। चाकरानी।
दासेय (पुं.) दास का लड़का।
दासेर (पुं.) ऊँट। धीवर।
दास्य (न.) सेवकाई।
दास्र (न.) अश्विनी नक्षत्र।
दाह (पुं.) जलन। जलना।
दाहज्वर (पुं.) ज्वरविशेष।
दाहन (न.) जलाना।
दाहसर (पुं.) मसान।
दिक्क (पुं.) बीस वर्ष का हाथी।
दिक्कर (पुं.) नौजवान।
दिक्पति (पुं.) इन्द्र आदि १० दिक्पाल।
दिक्पाल (पुं.) दिशाओं के स्वामी।
दिक्शूल (न.) भिन्न २ दिशाओं की यात्रा में निषिद्ध भिन्न २ दिन।
दिगन्त (पुं.) दिशा का छोर।

दिगम्बर (त्रि.) नंगा। (पुं.) शिव। बौद्ध भिक्षु विशेष। अन्धकार।
दिग्गज (पुं.) ऐरावत आदि आठ दिशाओं में पृथ्वी के रक्षक दिग्गज। गजराज।
दिग्दर्शन (न.) कंपास। इशारा।
दिग्दाह (पुं.) सूर्यास्त के समय कभी २ दिखने वाली आकाश की लड़ाई।
दिग्ध (पुं.) विष-बुझा तीर। आग। स्नेह। प्रबन्ध। (त्रि.) लिपा हुआ।
दिग्विजय (पुं.) बल या विद्या से सब दिशाओं को जीत लेना।
दिङ्मात्र (न.) एक देश। एक हिस्सा।
दिति (स्त्री.) दैत्यमाता। कश्यप ऋषि की स्त्री।
दितिज (पुं.) दैत्य।
दित्सा (स्त्री.) देने की इच्छा।
दिदृक्षा (स्त्री.) देखने की इच्छा।
दिधिषाय्य (पुं.) मदिरा।
दिधिषु (पुं.) दुबारा ब्याही गई स्त्री का पति।
दिधिषू (स्त्री.) दुबारा ब्याही गई स्त्री।
दिन (न.) दिन।
दिनकर (पुं.) सूर्य।
दिनक्षय (पुं.) तिथि का घट जाना।
दिनपति (पुं.) सूर्य।
दिनमणि (पुं.) सूर्य।
दिनमुख (न.) प्रातःकाल। सबेरा।
दिनान्त (पुं.) सायंकाल।
दिनावसान (नं.) सायंकाल।
दिलीप (पुं.) सूर्यवंश का एक राजा।
दिलीर (न.) धरती का फूल।
द्यौः (स्त्री.) स्वर्ग। आकाश।
दिव (न.) स्वर्ग। आकाश। दिन। जंगल।
दिवस (पुं.न.) दिन।
दिवस्पति (पुं.) इन्द्र।
दिवा (अ.) दिन।
दिवाकर (पुं.) सूर्य। मदार का वृक्ष। कौआ।
दिवाकीर्ति (पुं.) नाई। चंडाल।
दिवाटन (पुं.) कौआ।
दिवान्ध (पुं.) उल्लू पक्षी।
दिवान्धकी (स्त्री.) छछूँदर।
दिवाभीत (पुं.) चोर। चन्द्रमा। उल्लू पक्षी।
दिवामणि (पुं.) सूर्य।
दिवामध्य (न.) दोपहर।
दिवास्वाप (पुं.) दिन को सोना।
दिविज (त्रि.) स्वर्गीय। स्वर्ग में होने वाला।
दिविषद (पुं.) देवता।
दिवोदास (पुं.) चन्द्रवंशी काशी का राजा।
दिवौकस (पुं.) देवता।
दिव्य (न.) लवंग। चन्दन। कसम। (पुं.) गूगल। जव। (त्रि.) अद्भुत। अलौकिक। मनोहर। सुन्दर।
दिव्यस्त्री (स्त्री.) अप्सरा। सुन्दर स्त्री।
दिव्या (स्त्री.) आँवला। सतावर। ब्राह्मी। सफेद दूब। हड़।
दिशा (स्त्री.) पूर्व आदि चार दिशाएँ।
दिष्ट (न.) भाग्य। समय।
दिष्टान्त (पुं.) मरण।
दिष्ट्या (अ.) हर्ष। मंगल। बड़े भाग से।
दिष्णु (त्रि.) दाता।
दीक्षा (स्त्री.) नियम। मन्त्र लेना। संस्कार।
दीक्षागुरु (पुं.) मन्त्रोपदेश करने वाला गुरू।
दीक्षित (त्रि.) दीक्षा ले चुका।
दीधिति (स्त्री.) किरण।
दीन (त्रि.) दुर्गति को प्राप्त। दरिद्र। डरा हुआ। शोचनीय।
दीनार (पुं.) सोने का गहना। सोने का सिक्का (मोहर)। ३२ रत्ती सोना।
दीप (पुं.) दीवा। एक राग। काव्य का एक अर्थालंकार। बाज पक्षी। कुंकुम। एक छन्द।
दीपकूपी (स्त्री.) पलीता।
दीपध्वज (पुं.) काजल।
दीपन (पुं.) प्याज। तगर की जड़। केसर। मेथी।
दीपमालिका (स्त्री.) दीवाली। दीपकों की माला।
दीप्त (पुं.) सिंह। नींबू। (न.) सुवर्ण। हींग। (त्रि.) प्रकाशित।
दीप्तजिह्वा (स्त्री.) स्यारी।
दीप्तलोचन (पुं.) बिलाव।

दीप्ताग्नि (पुं.) अगस्त्य मुनि।
दीप्ति (स्त्री.) प्रभा। कान्ति। चमक।
दीप्यमान (त्रि.) प्रकाशमान। चमक रहा।
दीयमान (त्रि.) दिया जा रहा।
दीर्घ (पुं.) ऊँट। दो मात्रा का अक्षर (त्रि.) लम्बा।
दीर्घकण्टक (पुं.) बबूल
दीर्घकण्ठ (पुं.) बगला
दीर्घकेश (पुं.) भालू। रीछ।
दीर्घग्रन्थि (पुं.) ईख। गन्ना।
दीर्घजिह्व (पुं.) सर्प।
दीर्घतरु (पुं.) ताड़ का वृक्ष।
दीर्घदर्शी (पुं.) पण्डित। दूरदर्शी। दूरअन्देश। गिद्ध। भालू।
दीर्घनाद (पुं.) शंख।
दीर्घनिद्रा (स्त्री.) मरण।
दीर्घपल्लव (पुं.) सन का पेड़।
दीर्घपादप (पुं.) लंबा पेड़। सन का पेड़। सुपारी का पेड़।
दीर्घफला (स्त्री.) काली दाख।
दीर्घरागा (स्त्री.) हल्दी।
दीर्घसत्र (न.) यज्ञविशेष। बहुत दिनों में होने वाला यज्ञ।
दीर्घसूत्र (पुं.) } ढिलंगा। किसी काम में बहुत
दीर्घसूत्री } बहुत देर लगाने वाला।
दीर्घायु (पुं.) मार्कण्डेय ऋषि। (त्रि.) चिरजीवी। बड़ी उमर वाला।
दीर्घिका (स्त्री.) बावली।
दीर्घिमा (स्त्री.) लम्बाई।
दीर्ण (त्रि.) फटा हुआ। डरा हुआ।
दुःख (न.) पीड़ा। कष्ट। तकलीफ।
दुःखग्राम (पुं.) संसार।
दुःखत्रय (न.) आध्यात्मिक। आधिभौतिक और आधिदैविक संज्ञक तीन दुःख।
दुःखवसान (पु..) दुःख का अन्त।
दुःखित (त्रि.) दुखिया। दुःख पाया हुआ।
दुःखी (त्रि.) दुखिया। दुःख पाया हुआ।
दुःशकुन (न.) असगुन।
दुःशासन (पुं.) दुर्योधन का छोटा भाई। धृतराष्ट्र का लड़का।
दुःशील (त्रि.) बुरे स्वभाव का। बदमिजाज।
दुःसह (त्रि.) असह्य।
दुःसाक्षी (त्रि.) बुरा गवाह। झूठा गवाह।
दुःसाधी (पुं.) द्वारपाल।
दुःसाध्य (त्रि.) कष्टसाध्य। कठिनाई से होने वाला।
दुःस्थ (त्रि.) दुर्गति में पड़ा
दुःस्थित हुआ। दीन। मूर्ख।
दुःस्पर्श (त्रि.) जो छुआ न जा सके।
दुकूल (न.) महीन कपड़ा। रेशमी वस्त्र। दुपट्टा। चिकना। वस्त्र।
दुग्ध (न.) दूध। अमृत। (त्रि.) दुहा गया।
दुग्धफेन (पुं.) दूध का फेना। झाग।
दुग्धिका (स्त्री.) दूधी नाम की घास।
दुन्दुभि (पुं.) नगाड़ा। एक राक्षस। विष। (स्त्री.) पाँसे।
दुम्बक (पुं.) दुम्म। भेड़ा।
दुर् (अ.) निषेध। दुष्ट। दुःख। निन्दा।
दुरक्ष (पुं.) कपट के पाँसे।
दुरतिक्रम } (त्रि.) दुस्तर। जिसे नाँघना।
दुरत्यय } या पार जाना कठिन हो।
दुरदृष्ट (न.) दुर्भाग्य। बदकिस्मती।
दुरधिगम (त्रि.) दुःख से जो मिल सके।
दुरन्त (त्रि.) बुरे फल वाली जुआ, मद्यपान, शिकार आदि की आदतें। दुर्ज्ञेय। अथाह।
दुराग्रह (पुं.) बुरा हठ। व्यर्थ हठ।
दुराचार (पुं.) दुष्ट आचार। बुरा चलन।
दुरात्मा (त्रि.) नीच। दुष्ट।
दुराधर्ष (त्रि.) दुष्प्राप्य। जिस पर हमला करना कठिन हो।
दुराप (त्रि.) दुर्लभ।
दुरारोह (त्रि.) जिस पर चढ़ना कठिन हो।
दुरासद (त्रि.) दुष्प्राप्य। दुर्धर्ष।
दुरित (न.) पाप।
दुरुक्त (न.) शाप। गाली।
दुरुह (त्रि.) बड़ी कठिनता से जो जाना जा सके।
दुरोदर (न.) जुआ। चौंसर।

दुर्ग (न.) गढ़। कोट। एक असुर।
दुर्गत (त्रि.) दुर्दशाग्रस्त।
दुर्गति (स्त्री.) दुर्दशा। दारिद्र्य। नरक।
दुर्गन्ध (पुं.) बदबू।
दुर्गम (त्रि.) जहाँ जाना कठिन हो।
दुर्गा (स्त्री.) देवी।
दुर्गाध्यक्ष (पुं.) सेनापति। सिपहसालार।
दुर्घट (त्रि.) जिसका होना बहुत ही कठिन हो।
दुर्जन (त्रि.) दुष्ट। बुरा आदमी।
दुर्जय (त्रि.) जिसे जीतना कठिन हो।
दुर्जर (त्रि.) जो कठिनता से जीर्ण हो।
दुर्जात (न.) संकट। असमंजस।
दुर्दर्श (पुं.) बड़े कष्ट से दिखलाई पड़ने वाला।
दुर्दान्त (पुं.) ऊधमी। उपद्रवी।
दुर्दिन (न.) बदली का दिन।
दुर्धर (पुं.) विष्णु। (त्रि.) जिसे धारण करना या पकड़ रखना कठिन हो।
दुर्द्धर्ष (त्रि.) जिसका तिरस्कार न हो सके। जो पकड़ा न जा सके।
दुर्नाम (न.) बदनामी।
दुर्बल (त्रि.) दुबला। कमजोर।
दुर्भग (त्रि.) अभागा।
दुर्भाग्य (न.) अभाग्य।
दुर्भिक्ष (न.) अकाल। कहत। सूखा।
दुर्मति (त्रि.) दुष्ट बुद्धि वाला। मूर्ख।
दुर्मना (त्रि.) उदास। घबड़ाया।
दुर्मर्षण (त्रि.) डाह रखने वाला। न सह सकने वाला।
दुर्मुख (पुं.) घोड़ा। बानर। एक दैत्य। (त्रि.) बुरे मुख वाला। अप्रिय। वचन बोलने वाला।
दुर्मेधा (त्रि.) कुबुद्धि वाला।
दुर्योधन (पुं.) धृतराष्ट्र का बड़ा लड़का।
दुर्लभ (त्रि.) दुष्प्राप्य।
दुर्वर्ण (न.) धोबी। रँगरेज। (त्रि.) बुरे रंग वाला। मैला।
दुर्वाक् (स्त्री.) दुष्ट वाणी।
दुर्वाच्य (न.) गाली आदि न कहने की बातें।
दुर्वाद (पुं.) बदनामी। निन्दा।
दुर्वासा (पुं.) ऋषिविशेष।
दुर्विज्ञेय (त्रि.) जो न जाना जा सके।
दुर्विध (त्रि.) दरिद्र। नीच। मूर्ख।
दुर्विनीत (त्रि.) ढीठ।
दुर्विभाव्य (त्रि.) अतर्क्य। अचिन्तनीय।
दुर्वृत्त (त्रि.) दुर्जन। दुष्ट।
दुर्हृद (त्रि.) दुष्ट हृदय वाला।
दुल् (क्रि.) ऊपर फेंकना। लुकाना।
दुलि-ली (स्त्री.) कमठी। मादा। कच्छप। मुनिविशेष।
दुश्चर्म्म (पुं.) बुरे चमड़े वाला। महापातक से उत्पन्न चिह्नों वाला।
दुश्च्यवन (पुं.) इन्द्र। च्यवन ऋषि के कोप से एव बार इन्द्र को च्युत होना पड़ा था।
दुष् (क्रि.) बदल जाना। वैर करना।
दुष्कर (न.) कठिनता से करने योग्य। आकाश।
दुष्कर्मन् (न.) पाप। पापी। बुरा काम। बुरे काम करने वाला।
दुष्कृत (न.) पाप। पापी।
दुष्ट (त्रि.) नीच। अधम। दुर्जन। कोढ़। दुर्बल। (ा) (स्त्री.) व्यभिचारिणी स्त्री।
दुष्य-(ष्म)न्त (पुं.) चंद्रवंशी एक राजा। भरत राजा का पिता। शकुन्तला का पति।
दुःषम (पुं.) बुरा। भूला।
दुस् (उप.) इसे संज्ञा और क्रियाओं के पहले लगाने से उनका अर्थ बुरा, दूषित, दुष्ट, नीच, कठिन, कठोर आदि हो जाया करते हैं।
दुस्तर (त्रि.) कठिनता से पार होने योग्य।
दुह् (क्रि.) दुहना। निचोड़ना। वध करना। मारना।
दुहितृ (स्त्री.) बेटी। लड़की।
दू (क्रि.) दुःखी होना। कष्ट सहना।
दूत (पुं.) सँदेशा ले जाने वाला।
दूति-ती (स्त्री.) कुटनी।
दूत्य (न.) दूतपना।
दून (त्रि.) थका हुआ। तपा हुआ। दुःखित।
दूर (त्रि.) दूर। अगोचर। आँखों से परे।
दूरग (त्रि.) दूर तक फैला हुआ।
दूरद (पुं.) कड़ा।
दूरदर्शन (पुं.) दूर से देखने वाला। गीध।

दूरदर्शिन् (पुं.) पण्डित। दूर से देखने वाला।

दूर्वा (स्त्री.) एक प्रकार की घास जो घोड़ों को खिलाई जाती है। बहुत फैलने वाली। गणेशजी की पूजा की प्रधान और प्रिय सामग्री। रक्तशुद्धि करने वाली घास।

दूषण (पुं.न.) एक राक्षस जो रावण की मौसी का बेटा था और जनस्थान की चौकी पर जो रहता था। हानिकारक। दोष।

दूषिका (स्त्री.) आँख का कीचर।

दूषित (त्रि.) बुरा। दोषयुक्त। निन्दित।

दूष्य (न.) तम्बू। रुई। दूषण देने योग्य। (स्त्री.) हाथी की मादा बच्ची।

दृ (क्रि.) मारना। आदर करना।

दृक्छत्र (न.) पलक।

दृक्प्रसाद (पुं.) कुलत्था, इसका बना हुआ अञ्जन आँख में लगाने से नेत्र साफ होते हैं।

दृढ़ (न.) कड़ा। बहुत मोटा। गाढ़ा। सबल। लोहा।

दृढ़मुष्टि (पुं.) खड्ग। कृपण। सूम। कञ्जूस।

दृढ़व्रत (पुं.) दृढ़ प्रतिज्ञा वाला। पक्का नियमिष्ठ।

दृता (स्त्री.) जीरा।

दृति (पुं.) चमड़े की मसक। चरस। एक प्रकार की मच्छी।

दृन्भू (पुं.) राजा। वज्र। सूर्य्य। साँप। पहिया।

दृप् (क्रि.) कष्ट देना। भड़काना। प्रसन्न होना। घमण्ड करना। पागल होना।

दृप्त (त्रि.) गर्वीला। अहङ्कारी। घमण्डी।

दृफ् (क्रि.) कष्ट उठाना।

दृब्ध (त्रि.) गुथा हुआ। डरा हुआ।

दृभ् (क्रि.) गूँथना। गाँठना।

दृश-दृश् (क्रि.) देखना।

दृश (न.) नेत्र। आँख। दो की संख्या। साक्षी। जानने वाला।

दृशीका (स्त्री.) सूरत।

दृश्य (गु.) प्रत्यक्ष। नाटक का सीन।

दृश-(ष) द् (स्त्री.) पत्थर। सिल।

दृश-(ष)द्वती (स्त्री.) वैदिक साहित्य की एक नदी का नाम जो सरस्वती में गिरती है।

दृषत्कण (पुं.) चमकीला पत्थर। बिल्लौर पत्थर। पेबिल।

दृषद् (स्त्री.) चट्टान।

दृषन्नौ (स्त्री.) पत्थर की नौका।

दृष्ट (न.) देखा गया। लौकिक। अपनी अथवा शत्रु की सेना का भय। ज्ञान। बोध।

दृष्टकूट (न.) कूट प्रश्न। कठिन प्रश्न। पहेली।

दृष्टान्त (पुं.) उदाहरण। अर्थालंकार विशेष। मृत्यु। शास्त्र।

दृष्टि (स्त्री.) निगाह। दर्शन। बुद्धि। नेत्र। आँख। दो की संख्या। मानसिक व्यापार।

दॄह् (क्रि.) वढ़ाना।

दे (क्रि.) पालन करना। बचाना।

देव् (क्रि.) खेलना।

देव (पुं.) अमर। स्वर्गीय। देवता। ब्राह्मण की उपाधि। इन्द्रिय। पूज्य। नाट्योक्ति में राजा।

देवक (पुं.) श्रीकृष्ण के मातामह (नाना) देवकी का पिता।

देवकी (स्त्री.) देवक राजा की बेटी। वसुदेव की स्त्री और श्रीकृष्ण की मां।

देवकी-नन्दन (पुं.) श्रीकृष्ण।

देवकुसुम (न.) लौङ्ग। लवङ्ग।

देवकुल (न.) मन्दिर।

देवखात (न.) अकृत्रिम तालाब। जिसको देवताओं ने बनाया हो।

देवखातबिल (न.) गुहा। गुफा। देवताओं का खोदा हुआ छिद्र।

देवगायन (पुं.) गन्धर्व।

देवगुरु (पुं.) देवताओं का गुरु। बृहस्पति। कश्यप की उपाधि।

देवच्छन्द (पुं.) सौ लरों का हार।

देवतरु (पुं.) मदार। पारिजात। कल्पतरु। हरिचन्दन।

देवता (स्त्री.) इन्द्रादि देवता।

देवतुमुल (न.) दैवी उपद्रव। आँधी पानी।

देवदत्त (पुं.) देवता का दिया हुआ। देवता को अर्पण किया हुआ। अर्जुन का शङ्ख। जमुहाई उत्पन्न करने वाला वायु।

देवदारु (न.) एक वृक्ष।

देवदासी (स्त्री.) इन्द्रिय को मारने वाली। वेश्या। बनैला। तर्बूज।

देवदीप (पुं.) नेत्र।
देवदेव (पुं.) महादेव। शङ्कर।
देवन (पुं.) पाँसा। पाश का खेल चमक। स्तुति। व्यवहार। जुआ। जीतने की कामना।
देवनदी (स्त्री.) देवताओं की नदी। गङ्गा।
देवपति (पुं.) इन्द्र। देवताओं का स्वामी।
देवपथ (पुं.) उत्तर का रास्ता। छायापथ।
देवपुरोधस् (पुं.) देवताओं का पुरोहित। बृहस्पति। देवगुरु।
देवभवन (न.) स्वर्ग। देवों का स्थान।
देवभूय (न.) देवत्व। देवसायुज्य।
देवमणि (पुं.) शिव। कौस्तुभमणि।
देवयान (न.) देवरथ। अर्चिरादि मार्ग। (ी) शुक्राचार्य की कन्या।
देवयात्रा (स्त्री.) यात्रोत्सव।
देवयु (पुं.) पवित्र।
देवयोनि (पुं.) देवताओं के अंश के उत्पन्न विद्याधर आदि नौ योनियाँ प्रधान हैं। जैसे-विद्याधर, अप्सरा, यक्ष, राक्षस, गन्धर्व, किन्नर, पिशाच, गुह्यक और सिद्ध।
देवर (पुं.) पति का छोटा भाई।
देवराज (पुं.) इन्द्र।
देवरात (पुं.) अभिमन्युपुत्र। परीक्षित्।
देवर्षि (पुं.) नारदादि मुनि। देवताओं के ऋषि।
देवल (पुं.) एक मुनि। पुजारी। जिसकी जीविका देवपूजन से चलती हो।
देवलोक (पुं.) स्वर्ग।
देववर्द्धकि (पुं.) विश्वकर्मा।
देवव्रत (पुं.) भीष्म।
देवसात् (अव्य.) देवताओं के अधीन।
देवसायुज्य (न.) देव के साथ मेल। देव के साथ एकासन होने की योग्यता।
देवसेना (स्त्री.) इन्द्रकन्या। कार्तिकेय की स्त्री षष्ठी। सोलह माताओं में से एक। इन्द्रादि देवताओं की फौज।
देवसेनापति (पुं.) कार्तिकेय। इन्द्रपुत्र। शिवपुत्र।
देवस्व (न.) देवताओं का धन।
देवहूति (स्त्री.) स्वायम्भव मनु की कन्या। कर्दम मुनि की स्त्री। कपिल भगवान् की माता।
देवाजीव (त्रि.) देवता की प्रतिमा के द्रव्य से जीने वाला।
देवात्मन् (पुं.) पीपल का वृक्ष। देवता जैसा।
देवानांप्रियः (पुं.) देवताओं का प्यारा। बकरा। मूर्ख।
देवापि (पुं.) चन्द्रवंशीय एक राजा।
देवार्ह (न.) देवताओं के योग्य। सहदेवी लता।
देवालय (पुं.) स्वर्ग। देवमन्दिर।
देविका (स्त्री.) नदीविशेष।
देवी (स्त्री.) दुर्गा। ब्राह्मणियों की उपाधि।
देवृ (पुं.) देवर। पति का छोटा भाई।
देवेश (न.) महादेव। देवदेव। विष्णु।
देवेष्ट (पुं.) गुग्गुल। बनबीजपूरक।
दैवैनस (न.) देवशाप।
देवोद्यान (न.) वैभ्राज। मिश्रक। सिधकरण और नन्दन-ये चार देवोद्यान हैं।
देव्यायतन (न.) दुर्गा देवी का मन्दिर।
देश (पुं.) भूमण्डल का कोई विभाग। भाग स्थान।
देशान्तर (न.) अन्य देश। और देश।
देशिक (पुं.) पथिक। बटोही। गुरु। उपदेश देने वाला।
देशिनी (स्त्री.) तर्जनी। अंगूठे के पास वाली अंगुली।
देश्य (न.) प्रथम सम्मति। पूर्व पक्ष।
देह (पुं.) शरीर। वपु। वदन।
देहधारक (पुं.) हड्डी।
देहभृत (पुं.) जीवात्मा। शरीर का रक्षक।
देहयात्रा (स्त्री.) आजीविका। शरीर की रक्षा का साधन। भोजन। मरण।
देहली (स्त्री.) ड्योढ़ी। घर का प्रवेश-स्थान। मर्यादा
देहसार (पुं.) मज्जा।
देहात्मवादिन् (पुं.) चार्वाक। नास्तिक।
देहिन् (त्रि.) शरीर वाला। प्राणी। जीव।
दैप् (क्रि.) साफ करना।
दैतेय (पुं.) असुर। दैत्य।
दैत्यगुरु (पुं.) शुक्राचार्य। दैत्यों का गुरु।
दैत्यनिसूदन (पुं.) विष्णु। दैत्यों के वधकर्ता।
दैत्यमेदज (पुं.) गुग्गुल। पृथिवी। भूमि।
दैत्या (स्त्री.) सुरा। दैत्य की स्त्री।
दैत्यारि (पुं.) दैत्यों के शत्रु। विष्णु।

दैन (न.) दीनपन। कायरपन।
दैनन्दिन (त्रि.) प्रतिदिन होने वाला।
दैनन्दिनप्रलय (पुं.) रचे हुए सम्पूर्ण पदार्थों का क्षय।
दैन्य (न.) दीनता। कायरता।
दैव (न.) भाग्य। देवसम्बन्धी।
दैवज्ञ (पुं.) गणक। ज्योतिषी। भूत-भविष्य को जानने वाला। भाग्य का ज्ञाता।
दैवत (पुं.) देवसमूह।
दैवतन्त्र (त्रि.) भाग्याधीन।
दैवपर (त्रि.) भाग्य पर निर्भर। कायर। कामचोर।
दैववाणी (स्त्री.) आकाशवाणी।
दैवात् (अव्य.) हठात्। अचानक। ईश्वरेच्छा से।
दैविक (न.) देवसम्बन्धी। विचित्र। विलक्षण।
दैवी (स्त्री.) देवता की सात्त्विक।
दैवोदासी (पुं.) दिवोदास का सन्तान। प्रतर्दन राजा।
दैव्य (न.) भाग्य देवता का।
दैशिक (त्रि.) देश का। विशेषण सम्बन्ध।
दैष्टिक (त्रि.) भाग्याधीनतावादी।
दैहिक (गु.) शरीरसम्बन्धी।
दो (क्रि.) छेद करना। काटना।
दोःशिखर (न.) कन्धा। मुड्ढा।
दोग्धृ (पुं.) दुहैया। अहीर। बछड़ा। सोने वाला।
दोर्दण्ड (पुं.) भुजदण्ड।
दोर्मूल (न.) कक्ष। बगल।
दोल (पुं.) दोलयात्रा। डोली।
दोलायमान (त्रि.) झूलता हुआ।
दोष (पुं.) पाप। वैद्यक में वात, पित्त और कफ ये तीन दोष होते हैं। अलङ्कार में रसादि बिगाड़ने वाले शब्द। न्याय में राग, द्वेष, मोह।
दोषग्राहिन् (त्रि.) दोष देखने वाला।
दोषज्ञ (त्रि.) पण्डित। चिकित्सक।
दोषत्रय (न.) तीन दोष-वात, पित्त, कफ।
दोषन् (अ.) बिगड़ा हुआ।
दोषस् (न.) साँझ। अन्धेरा।
दोषा (स्त्री.) रात।
दोषाकर (पुं.) चन्द्रमा। दोषों का समूह।
दोषैकदृक् (त्रि.) केवल दोष ही को देखने वाला। नीच। खल।
दोस्-षा (पुं.) भुजा। बाहु।
दोह (पुं.) दूध। दुधैड़ी। चीनी का बर्तन (क्रि.) दुहना।
दोहद (पुं.) लालसा। गर्भ का लक्षण।
दोहदिनी (स्त्री.) गर्भवती। दो हृदय वाली।
दोहनी (स्त्री.) दुधैड़ी या दूध दुहने का पात्र।
दोहा (स्त्री.) मात्रा छन्द विशेष जिसका प्रयोग प्रायः भाषा की कविता में हुआ करता है।
दौत्य (न.) दूतपना। दूत का काम।
दौरात्म्य (न.) खुटाई। खलता।
दौर्गत्य (न.) दीनता। दरिद्रता। दुर्गति में जाना।
दौर्जन्य (न.) दौरात्म्य। दुष्टता।
दौर्भाग्य (न.) अभाग्यपना। मन्दभाग्यत्व।
दौर्मनस्य (न.) उदासी। चिन्ताजन्य घबराहट। बुरा परामर्श।
दौर्व्रत्य (न.) अवज्ञा। दुष्ट वृत्ति से रहना।
दौवारिक (पुं.) द्वारपाल। दरवाजे का रक्षक।
दौष्कुलेय (त्रि.) छोटी जाति का। नीच।
दौर्हृद (पुं.) गुण्डा। बुरे कर्म द्वारा पेट पालने वाला। धूर्त। बदमाश।
दौहित्र (न.) दोहता। कन्यां का पुत्र।
द्यावापृथिवी (स्त्री.) भूमि-आकाश।
द्यु (पुं.) अग्नि। सूर्य। मदार वृक्ष। आकाश। दिन।
द्युत् (क्रि.) चमकना।
द्युति-ती (स्त्री.) कान्ति। शोभा। चमक।
द्युपति (पुं.) सूर्य। मदार का वृक्ष।
द्युम्न (पुं.) धन। बल।
द्युयोषित् (स्त्री.) अप्सरा।
द्यू (पुं.) चौसर या पाँसे का खेल।
द्यूत (न.) जुआ। कैतव। छल।
द्यूतकर (त्रि.) ज्वारी।
द्यूतपूर्णिमा (स्त्री.) आश्विन की पूर्णिमा।
द्यो (स्त्री.) स्वर्ग। आकाश।
द्योत (पुं.) प्रकाश। धूप। चमक।
द्योतनिका (स्त्री.) व्याख्या। प्रकरण-पत्रिका।
द्योतिस् (न.) नक्षत्र। तारा।
द्रङ्ग (पुं.) कसबा। जनपद।
द्रढ़िमन् (पुं.) दृढ़ता। पक्कापन।

द्रधस् (न.) कपड़ा।

द्रष्-य-स (न.) छाछ। मठा। बूँद।

द्रव (पुं.) रस। पतला। पनीला।

द्रवत्व (न.) पतलापन। पनीलापन।

द्रवद्रव्य (न.) दूध, दही, घी आदि बहने वाले पदार्थ।

द्रवन्ती (स्त्री.) नदी। शतमूलिका। मूषिकपर्णी।

द्रविड (पुं.) एक देश।

द्रविण (न.) सोना। पराक्रम। बल।

द्रव्य (न.) पीतल। धन। लेपन पदार्थ। लाख। विनय। मदिरा। वृक्षविकार। दवा।

द्रष्ट्ट (त्रि.) विचारकुशल। चतुर। साक्षी। देखने वाला।

द्रा (क्रि.) सोना। भागना।

द्राक् (अव्य.) शीघ्र।

द्राक्षा (स्त्री.) अङ्गूर। मुनक्का। किसमिस।

द्राघय (क्रि.) देर करना।

द्राघिमन् (पुं.) लम्बाई।

द्राघिष्ठ (त्रि.) अति लम्बा।

द्रावक (पुं.) जार। उपपति। चन्द्रकान्त मणि।

द्राविड़ी (स्त्री.) द्रविड़ में उत्पन्न हुई। छोटी इलायची।

द्राह् (क्रि.) जागना।

द्रु (क्रि.) जाना।

द्रुः (पुं.) ऊपर बहने वाला या जाने वाला। वृक्ष। पेड़।

द्रुघण (पुं.) कुल्हाड़ी।

दुड़ (क्रि.) डुबकी मारना।

द्रुण (क्रि.) टेढ़ा करना।

द्रुणस् (त्रि.) लम्बी नाक वाला।

द्रुणी (स्त्री.) कनखजूरा।

द्रुत (पुं.) तेज। झट। भागा हुआ।

द्रुपद (पुं.) चन्द्रवंशीय एक राजा जो द्रौपदी का पिता था। खम्भा।

द्रुम (पुं.) पेड़। पारिजात। कुबेर।

द्रुह् (क्रि.) बुरा चीतना। द्रोह करना।

द्रुहिण (पुं.) जगत्स्रष्टा। ब्रह्मा।

द्रेक् (क्रि.) शब्द करना। उत्साहित करना।

द्रै (क्रि.) सोना।

द्रोण (पुं.) पाण्डव राजकुमारों के गुरु। द्रोणाचार्य। काक विशेष। बिच्छू। बादल विशेष। एक वृक्ष। चौतीस सेर की तौल विशेष। आठ सौ गज लम्बा तालाब विशेष। कूड़ा। नाँद।

द्रोणि (स्त्री.) एक देश। एक नदी। नील का वृक्ष। एक पहाड़।

द्रोह (पुं.) बुरा चीतना। वैर।

द्रोणायन (पुं.) द्रोणाचार्य की औलाद। अश्वत्थामा।

द्रौपदी (स्त्री.) द्रुपदराज की कन्या। पाण्डवों की धर्मपत्नी।

द्वन्द्व (पुं.) रहस्य। कलह। जोड़ा। विवाद। रोगविशेष। समासविशेष। शोक। हर्ष। शीत। उष्ण।

द्वन्द्वचर (पुं.) जो साथ साथ जोड़ा हो कर विचरे। चकवा चकई।

द्वय (न.) दो की संख्या।

द्वाःद्वास्थ (पुं.) दरवान। द्वारपाल।

द्वाचत्वारिंशत् (स्त्री.) ४२।

द्वादश (त्रि.) बारह।

द्वादशकर (पुं.) कार्तिकेय और वृहस्पति।

द्वादशनेत्र (पुं.) कार्तिकेय।

द्वादशाङ्गुल (पुं.) बिलस्त का नाप।

द्वादशात्मन् (पुं.) सूर्य्य। मदार का पेड़।

द्वापर (पुं.) संशय। युग विशेष। जो सत्य और त्रेता के पीछे आता है।

द्वामुष्यायण (पुं.) गौतम मुनि।

द्वार (स्त्री.) द्वार। उपाय। वसीला।

द्वारका (स्त्री.) द्वारावती। सात पुरियों में से एक। श्रीकृष्ण की बसाई राजधानी।

द्वारकेश (पुं.) श्रीकृष्ण। द्वारकाधीश। रणछोड़।

द्वारप (त्रि.) द्वारपाल।

द्वारयंत्र (न.) ताला।

द्वारावती (स्त्री.) द्वारका।

द्वारिन् (त्रि.) द्वारपाल। दरवान।

द्वाविंशति (स्त्री.) बाइस।

द्वि (त्रि.) दो।

द्विक (पुं.) काक। कौआ। दो संख्या वाला।

द्विकक्कुत् (पुं.) ऊँट।
द्विगु (पुं.) संख्यावाचक शब्द पहले आने वाला समास। दो गौओं का स्वामी।
द्विगुण (त्रि.) दुगुना।
द्विज (पुं.) संस्कार और जन्म से दो बार जन्मा। ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य। त्रैवर्णिक। दाँत। अण्डज जीव। तुम्बुरू का एक वृक्ष। संस्कारित ब्राह्मण।
द्विजदेव (पुं.) ब्राह्मण। ऋषि। चन्द्रमा।
द्विजन्मन् (पुं.) देखो द्विज।
द्विजबन्धु (पुं.) कर्म से रहित। जन्ममात्र से जीने वाले ब्राह्मणादि प्रथम तीन वर्ण।
द्विजराज (पुं.) द्विजों का राजा। चन्द्र। अनन्त। गरुड़।
द्विजवर (पुं.) उच्च्व विप्र। ब्राह्मण।
द्विजाति (पुं.) देखो द्विजन्मा।
द्विजिह्व (पुं.) दो जीभ वाला। सर्पविशेष। खल। चुगल। चोर। झूँठा।
द्विजेन्द्र (पुं.) ब्राह्मणश्रेष्ठ। कर्मिष्ठ ब्राह्मण।
द्वितय (त्रि.) दो की संख्या वाला।
द्वितीय (त्रि.) दूसरा।
द्वितीयाकृत (त्रि.) दुबारा जोता हुआ खेत।
द्विदत् (त्रि.) दो दाँत वाला। घोड़ा। बैल आदि।
द्विदैव (पुं.) विशाखा नामी नक्षत्र।
द्विधा (अव्य.) दो प्रकार।
द्विप (पुं.) हाथी। मुँह और सूँड से पीने वाला।
द्विपद (पुं.) मनुष्य। देवता। पक्षी। राक्षस। राशि। दो पैर वाला।
द्विपदा (त्रि.) ऋग्वेदीय मंत्र विशेष।
द्विमातृक (पुं.) गणेश। जरासन्ध।
द्विमुख (पुं.) दो मुख वाला। राजसर्प। कुचलैंड़। चुगलखोर।
द्विरद (पुं.) दो दाँतों वाला। हाथी।
द्विरागमनम् (न.) गौना। विवाह के पश्चात् दूसरी बार दुलहिन का घर आना।
द्विरुक्त (त्रि.) दुहराया हुआ।
द्विरुढ़ा (स्त्री.) दो बार की विवाही स्त्री।
द्विरेफ (पुं.) भौंरा।
द्विवचन (न.) दो वचन।
द्विशफ (पुं.) गौ बकरी या वे जानवर जिनके खुर। फटे हुए हैं।
द्विशस् (अव्य.) दो बार जो देता या कर्ता।
द्विष् (स्त्री.) बैर करना।
द्विषत् (पुं.) शत्रु। बैरी।
द्विषन्तप (पुं.) शत्रु को तपाने वाला।
द्विष्ठ (त्रि.) दो के बीच का। संयोगादि पदार्थ।
द्विस् (अव्य.) दो बार। दुहरा।
द्विसप्तति (स्त्री.) बहत्तर।
द्विहल्य (त्रि.) दुबारा जोता हुआ खेत।
द्विहायनी (स्त्री.) दो वर्ष की गौ।
द्विहृदया (स्त्री.) गर्भवती।
द्वीप (न.) पानी से चारों ओर घिरा स्थल। टापू। चीते का चमड़ा। बाघ। दुरङ्गा।
द्वीपिन् (पुं.) चीता।
द्वीपिनी (स्त्री.) नदी।
द्वृ (क्रि.) संवरण करना। रोकना। ढाँकना।
द्वेधा (अव्य.) दो प्रकार से।
द्वेष (पुं.) बैर। विरोध।
द्वेषण (त्रि.) बैरी। शत्रु।
द्वेष्य (त्रि.) शत्रु। बैरी।
द्वैगुणिक (त्रि.) सूदखोर। ब्याज खाने वाला।
द्वैत (न.) दो प्रकार के भेद वाला।
द्वैतवन (न.) वनविशेष।
द्वैतवादिन् (त्रि.) जीव और ईश्वर में भेद मानने वाले।
द्वैध (पुं.) दो प्रकार।
द्वैप (पुं.) चीता का चमड़ा। चीते के चमड़े से ढका हुआ रथ।
द्वैपायन (पुं.) जिनकी दो मातायें हों। गणेश। जरासन्ध।
द्व्यणुक (न.) दो परमाणुओं से उत्पन्न पदार्थ।
द्वाष्ट (सं.) ताँबा। ताँमा।
द्वामुष्यायण (पुं.) एक प्रकार का गोद लिया हुआ पुत्र।

ध

ध (पुं.) धर्म। कुबेर। ब्रह्मा। धन।
धक्क् (क्रि.) नाश करना।
धट (पुं.) तुला। लकड़ी। तराजू।
धटक (पुं.) ४२ रत्ती की एक तौल।
धण् (क्रि.) ध्वनि करना। शब्द करना।
धत्तूर (पुं.) धतूरा।
धन् (क्रि.) धानों को उत्पन्न करना। शब्द करना।
धन (न.) सम्पत्ति। दौलत। लूट का माल।
धनञ्जय (पुं.) धन को जीतने वाला। अर्जुन। वह्नि। हाथी। शरीर को पुष्ट करने वाला। वायु। वृक्षविशेष।
धनद (पुं.) कुबेर। हिजल वृक्ष।
धनदानुचर (पुं.) यक्ष।
धनदानुज (पुं.) कुबेर का छोटा भाई। रावण। कुम्भकर्ण और विभीषण।
धनाधिप (पुं.) कुबेर।
धनिक (पुं.) धनी। साहूकार।
धनिष्ठा (स्त्री.) बहुत धन वाली। नक्षत्र। विशेष।
धनु (पुं.) कमान। धनुष।
धनुर्गुण (पुं.) रोदा। कमान की रस्सी।
धनुर्द्धर (पुं.) तीर चलाने वाला।
धनुर्वेद (पुं.) वेद विशेष जिसमें धनुष चलाने की विद्या का वर्णन है।
धनुष्क (पुं.) तीर चलाने वाला।
धनुष्मत् (पुं.) तीरन्दाज।
धनुस्(पुं.) धनुष्। तीर। मेष से नवमी राशि। बन। चार हाथ का नाप।
धन्य (पुं.) धन के लिये हितकर। अश्वकर्ण वृक्ष। सराहने योग्य। कृतार्थ। पुण्यशील। धन देने वाला। धनी।
धन्याक (न.) धनिका नामक पेड़ विशेष।
धन्वन् (न.) धनुष। तीर। मरुदेश। रेगिस्तान।
धन्वन्तरि (पुं.) श्रीविष्णु के चौबीस अवतारों में एक अवतार। देवताओं का वैद्य। इस नाम के कई वैद्य और कई पण्डित भी हो चुके हैं।
धन्वी (पुं.) अर्जुन। विदग्ध। चतुर। धनुषधारी। बकुल वृक्ष।
धम् (क्रि.) धौंकना। फूँकना।
धमक (पुं.) फूँकने या धौंकने वाला। लुहार।
धमनि (स्त्री.) नाड़ी। शिरा। ग्रीवा।
धमिल्ल (पुं.) स्त्रियों के गुहे हुए केश। जुड़ा।
धय (क्रि.) चूसना।
धर (पुं.) पकड़ना। धरना। पहाड़। कच्छपराज। वस्तुओं में से एक। कपासी सूत। धागा।
धरण (पुं.) पहाड़। लोक। गुण। धान। सूर्य। पुल। चौबीस रत्ती की तौल।
धरणि (स्त्री.) पृथिवी। बनकन्द। (पुं.) पहाड़। विष्णु। कच्छप।
धरा (स्त्री.) पृथिवी। गर्भाशय। जरायु। मेद को उठाने वाली नाड़ी।
धराधर (पुं.) पृथिवी को धारण करने वाला। पर्वत। विष्णु। शेष।
धरामर (पुं.) ब्राह्मण। पृथ्वी पर का देवता।
धरित्री (स्त्री.) पृथिवी। भूमि।
धरिमन् (पुं.) तराजू।
धर्णसि (गु.) मजबूत। दृढ़।
धर्तृ (पुं.) सहारा। अवलम्ब।
धर्म्म (पुं.) वेदविहित कर्म। वह कर्म जिसके करने से अपना अभ्युदय हो और मोक्ष मिले।
धर्मक्षेत्र (न.) कुरुक्षेत्र।
धर्मचारिणी (स्त्री.) धर्मपत्नी। भार्य्या। एक लता।
धर्मदेवी (स्त्री.) गङ्गा। महानदी।
धर्मध्वजिन् (त्रि.) जिसका झण्डा धर्म हो। अपनी जीविका के लिये धर्मचिह्नधारी।
धर्मपत्नी (स्त्री.) भार्या। कीर्ति। स्मृति। मेधा। धृति। क्षमा।
धर्मपुत्र (पुं.) युधिष्ठिर।
धर्मराज (पुं.) युधिष्ठिर। यमराज।
धर्मशास्त्र (न.) धर्म का कर्तव्य अकर्तव्य का यथार्थ उपदेशक शास्त्र। मनुस्मृति आदि ग्रन्थ।
धर्मशील (त्रि.) धार्मिक।
धर्मसंहिता (स्त्री.) देखो धर्मशास्त्र।

धर्मात्मन् (पुं.) धर्मात्मा। धार्मिक।
धर्माधिकरण (पुं.) विचारालय। कचहरी।
धर्माध्यक्ष (पुं.) न्यायकर्त्ता। विचारक।
धर्मासन (न.) न्यायासन।
धर्मिन् (त्रि.) धार्मिक।
धर्मिष्ठ (त्रि.) धर्म्मात्मा। साधु।
धर्म्य (त्रि.) धर्म वाला।
धर्ष (पुं.) चतुराई। कोप। मेल। मारना।
धर्षक (पुं.) आक्रमणकारी।
धर्षण (न.) तिरस्कार। अभिसारिका स्त्री। (प्रियतम से मिलने के लिये पूर्व साङ्केतिक स्थान पर गयी हुई स्त्री।)
धर्षित (न.) अपमानित। (स्त्री) कुलटा स्त्री।
धव् (क्रि.) जाना।
धव (पुं.) पति। धूर्त। वृक्ष। काँपना।
धवल (पुं.) इतना सफेद जिस पर दृष्टि न ठहरे और आँखें चौंधिया जाँय। धव वृक्ष। अच्छा बैल। चीनी कपूर।
धवलपक्ष (पुं.) हंस। शुक्लपक्ष।
धवलमृत्तिका (स्त्री.) खड़ी मिट्टी। सफेद मिट्टी।
धवलोत्पल (न.) कुमुद। रात को खिलने वाला कमल।
धवित्रम् (न.) पंखा।
धा (क्रि.) धारण करना। पकड़ना। पोसना। बढ़ाना। देना।
धाटी (स्त्री.) अचानक। आक्रमण। आश्चर्य।
धाणक (पुं.) मोहर।
धातकी (स्त्री.) धाई नामक लता।
धातु (पुं.) शब्दार्थ को बताने वाला वर्ण समूह। मुख्य पदार्थ। तत्त्व। सार। स्वर्ण, लोहा आदि नौ पदार्थ। परमात्मा।
धातुघ्न (न.) काञ्जी। जिससे धातुओं का असर जाता रहे।
धातुद्रावक (न.) सुहागा। धातुओं को गलाने वाला।
धातुभृत् (पुं.) पर्वत। वीर्य। धातु बढ़ाने वाली वस्तु।
धातुमारिणी (स्त्री.) सुहागा।
धातुवैरिन् (पुं.) गन्धक।
धातुशेखर (न.) कसीस।
धातृ (पुं.) पालने वाला। ब्रह्मा। विष्णु।
धात्री (स्त्री.) माता। धाई। आँवला। राई।
धाना (स्त्री.) धनिआँ। सत्तू। भुने हुए जौ।
धानी (स्त्री.) बर्तन। स्थान। पोषण। मुख्य स्थान। पीलू का पेड़। बिना साफ किये चाँवल।
धानुष्क (त्रि.) धनुषधारी।
धानुष्य (त्रि.) धनुर्द्धर।
धानेय (न.) धनिया।
धान्य (न.) तुष सहित चाँवल। चार तिला का परिमाण। धनिया।
धान्यत्वच् (स्त्री.) भूसी।
धान्यवीर (पुं.) माष।
धान्याचल (पुं.) (दान के लिये) धानों का पहाड़।
धान्योत्तम (पुं.) चाँवल।
धान्यकोष्ट (क.) धानों का गोला।
धामन् (न.) किरन। आसरा। स्थान। जन्म। घर। देह। तेज। ज्योति। प्रभाव। स्वयं प्रकाशित।
धामनिधि (पुं.) सूर्य। आक का पेड़।
धाम्या (स्त्री.) लकड़ी आग जलाने वाला ऋग्वेदीय मंत्र। (:) (पुं.) कुल पुरोहित।
धार (न.) पानी का प्रवाह। मेह का जल।
धारणा (स्त्री.) आत्मा में चित्त की स्थिति। मर्य्यादा। उचित मार्ग में ठहरना। निश्चय। नाड़ी। श्रेणी।
धारा (स्त्री.) घड़े आदि का छेद। अस्त्र की तेज कोर। उत्कर्ष। यश। बहुत वर्षा। समान। एक पुरी। घोड़ों की पाँच प्रकार की गति। सेना के आगे का स्कन्ध।
धाराङ्कुर (पुं.) ओला।
धाराञ्चल (पुं.) अस्त्र की पैनी कोर।
धाराट (पुं.) चातक। घोड़ा। बादल। मस्त हाथी।
धाराधर (पुं.) बादल। मेह।
धारावाहिन् (त्रि.) निरन्तर गिरने वाला।
धारासम्पात (पुं.) महावृष्टि। मूसलाधार वर्षा।
धारिका (स्त्री.) खम्भी। थुनकिया।
धारिणी (स्त्री.) भूमि। सिम्बल का पेड़।

धारिन् (पुं.) पीलू का पेड़। आसरा देने वाला।
धार्तराष्ट्र (पुं.) एक सर्प। एक हंस। धृतराष्ट्र की सन्तान। दुर्योधन आदि।
धार्मिक (त्रि.) धर्मशील। धर्मात्मा। धर्म्मी।
धाव् (क्रि.) भागना। जल्दी चलना।
धावक (पुं.) दौड़ने वाला। दूत। धोबी।
धावन (न.) साफ करना। शीघ्र जाना।
धाष्ट्र्य (न.) ढिठाई। निर्लज्जता।
धि (क्रि.) पकड़ना। रखना। सन्तुष्ट करना।
धिक् (अव्य.) झिड़कना। निन्दा।
धिक्कार (पुं.) तिरस्कार। निरादर।
धिक्कृत (त्रि.) झिड़का गया। निन्द्य। तिरस्कृत।
धिक्ष् (क्रि.) जगाना। रहना।
धिग्दण्ड (पुं.) लानत मलामत।
धियंधा (गु.) चतुर।
धिषण (पु.) देवगुरु। बृहस्पति।
धिषणा (स्त्री.) बुद्धि। तसला।
धिष्ण्य (न.) जगह। घर। शक्ति। तारा। आग। (पुं.) शुक्र। ऊँचे पद के योग्य (त्रि.)।
धी (स्त्री.) बुद्धि। समझ।
धीन्द्रिय (न.) आँख, कान आदि ज्ञानेन्द्रिय।
धीमत् (पु.) प्रज्ञावान्। बृहस्पति। बुद्धि वाला पण्डित।
धीति (स्त्री.) पीना। चूसना। अनुभव। भक्ति।
धीर् (क्रि.) अपमान करना।
धीर (त्रि.) धीरज वाला। नम्र। बल वाला तथा पण्डित। राजा बलि। बुद्धि को प्रेरने वाला। बुद्धिसाक्षी। परमेश्वर। केसर। एक नायिका। प्रतिष्ठित प्रज्ञा।
धीरोदात्त (पुं.) एक नायक। धीर और शान्त पुरुष।
धीवर (पु.) कैवर्त्त। मच्छी पकड़ने वाला।
धीशक्ति (स्त्री.) शुश्रूषा आदि आठ गुण।
धीसचिव (पु.) मंत्री। अमात्य।
धु (क्रि.) काँपना।
धुक्ष् (क्रि.) जगाना। रहना।
धुत (त्रि.) छोड़ा गया। काँप गया। त्यक्त। कम्पित।
धुनि-नी (स्त्री.) तूफानी। नदी।
धुन्धुमान (पुं.) बृहदश्व राजा का पुत्र। बीरबहूटी। इन्द्रगोप कीड़ा।
धुर-रा (स्त्री.) चिन्ता। रथ की धुरी।
धुरन्धर (त्रि.) बोझा ढोने वाला। मुख्य बैल।
धुरीण (त्रि.) श्रेष्ठ। अच्छा।
धुर्य (त्रि.) भार उठाने वाला। अच्छा। सर्वोत्तम। प्रथम। मुख्य।
धुर्व (त्रि.) मारना।
धुवित्र (न.) यज्ञादि में अग्नि का सुलगाना।
धुवन (सं.) वधस्थान। हिलना।
धू (क्रि.) काँपना।
धूत (त्रि.) काँप गया। छोड़ा गया। त्यक्त। झिड़का गया।
धूप् (क्रि.) चमकना। तपना।
धूप (पुं.) एक प्रकार का चूर्ण जिसे जलाने से सुगन्ध युक्त धुआँ निकलता है। इसके पंचाग, दशांग, षोडशांग आदि कई भेद हैं। वस्तुभेद से नामभेद है।
धूपित (त्रि.) थका हुआ। सन्तप्त। धूप दिया हुआ।
धूम (पुं.) धुआँ।
धूमकेतन (पुं.) अशुभसूचक तारों का समूह। पूँछ वाला तारा।
धूमयोनि (पुं.) मेघ। मौथा। आग। गीली लकड़ी।
धूमल (पुं.) काले और लाल रंग वाला।
धूम्या (स्त्री.) धुएँ का साधन।
धूम्र (पुं.) धुमैला। काले और लाल रंग वाला।
धूम्रक (पुं.) ऊँट।
धूम्रलोचन (पुं.) कबूतर। महिषासुर नामक एक सेनापति।
धूम्रवर्ण (पुं.) धुमैला रंग या धुमैले रंग वाला।
धूमावती (स्त्री.) देवीविशेष।
धूमिका (स्त्री.) बाफ। कोहरा। ओद।
धूर् (क्रि.) मारना। जाना।
धूर्ज्जटि (पुं.) जहाँ तीनों लोक की चिन्ता एकत्र हो रही हो। शिव।
धूर्त्त (पुं.) धतूरे का पेड़। ठग। वञ्चक। मायावी। ज्वारी। नायकविशेष।
धूर्त्तक (पुं.) श्रृंगाल। गीदड़।

धूर्तकितव (पुं.) ज्वारी।
धूर्वह (त्रि.) बोझ उठाने वाला।
धूलि-ली (स्त्री.) पराग। धूल।
धूलिध्वज (पुं.) वायु। हवा।
धूसर (पुं.) ऊँट। कबूतर। पीले रंग वाला।
धूसरित (गु.) धुमैला।
धृ (क्रि.) गिरना। ठहरना। धारण करना।
धृत पकड़ना।
धृतराष्ट्र (पुं.) चन्द्रवंशी एक राजा। दुर्योधन का पिता। साँप। पक्षी।
धृतात्मन् (गु.) दृढ़। मजबूत।
धृति (स्त्री.) तुष्टि। प्रसन्न होना। पकड़ना। यज्ञ। आठवाँ योग। सुख। धारणा। सहनशीलता। छन्दविशेष जिसके पाद में अठारह अक्षर होते हैं। १२ की संख्या।
धृतोत्सेक (गु.) गुस्सैल। क्रोधी।
धृष् (क्रि.) चतुराई दिखाना। बल को रोकना। क्रोध करना। दबाना।
धृष्ट (त्रि.) ढीठ। निर्लज्ज। एक नायक।
धृष्टद्युम्न (पुं.) गम्भीर बल वाला। द्रुपदराजा का पुत्र।
धृष्टि (पुं.) चीमटा। (स्त्री.) बहादुरी। वीरता।
धृष्णु (गु.) चतुर। वीर। निर्लज्ज।
धेनु (स्त्री.) नई ब्याई गई गाय।
धेनुक (पुं.) असुरविशेष जिसे श्रीकृष्ण ने मारा था। (स्त्री.) हथिनी। धेनु।
धेनुका (स्त्री.) दुधार गाय।
धेनुदुग्धकर (पुं.) गाजर।
धेनुष्या (स्त्री.) गिरवी रखी हुई गौ।
धैनुक (पुं.) गौओं का झुण्ड।
धैर्य (न.) धीरज। ऊँचाई।
धैवत (पुं.) गले से निकला एक प्रकार का शब्द।
धोर (क्रि.) चतुराई दिखाना। चाल चलना।
धोरण (न.) हाथी। घोड़ा। गाड़ी आदि सवारी। घोड़े की एक प्रकार की चाल।
धौत (गु.) धुला हुआ। उत्तेजित।
धौतकौषेय (न.) धोया हुआ वस्त्र। कीड़ों के कोष से उत्पन्न वस्त्र।
धौरेय (त्रि.) बैल आदि बोझा ढोने वाले। घोड़ा।
ध्मा (क्रि.) आँच को फूँकना।
ध्मात (त्रि.) फूँका गया। भड़काया गया।
ध्माक्ष चाहना। घोर रव। डरावना शब्द।
ध्माङ्क्ष (पुं.) काक। मच्छिओं को खाने वाला। भिक्षुक। भिखारी।
ध्रु (क्रि.) टिकना। पक्का होना। जाना। चलना। मारना।
ध्रुव (पुं.) शङ्कु। विष्णु। महादेव। राजा उत्तानपाद का पुत्र। योगविशेष। नासिका के आगे का भाग। भूगोल के दोनों केन्द्रों के ऊपर के भाग। ताराविशेष। पक्का। तर्क। आकाश। लगातार। स्थिर। एक गीत।
ध्रौव्य (न.) पक्का होना। स्थिर होना।
ध्वंस (पुं.) विनाश। गिरना।
ध्वज् (क्रि.) जाना।
ध्वज-जा (पुं.) झण्डा। निशान। कलवार। सेना। पुरुष का चिह्न।
ध्वजिन् (पुं.) राजा। रथ। ब्राह्मण। घोड़ा। साँप। कलवार। मोर।
ध्वजिनी (स्त्री.) सेना।
ध्वन् (क्रि.) शब्द करना।
ध्वन (पुं.) सुर। शब्द।
ध्वनि (पुं.) धीमा सुर। अलंकार का एक उत्तम काव्य।
ध्वंस् (क्रि.) जाना। विनाश होना। गिरना।
ध्वस्त (त्रि.) नष्ट। चला गया। नाश हो गया।
ध्वांक्ष् (क्रि.) चाहना। डरावना शब्द करना।
ध्वांक्ष (पुं.) काक। बगला। फकीर। घर।
ध्वान (पुं.) शब्द।
ध्वान्त (न.) अन्धकार। अन्धेरा।
ध्वान्तारि (पुं.) सूर्य्य। आक का वृक्ष। चन्द्रमा। आग।
ध्वृ (क्रि.) झुकाना। मारना।

न

न (अ.) पतला। अतिरिक्त। रिक्त। रीता। एक ही सा। वही। प्रशंसित। अविभाजित। मोती। गणेश। धन। सम्पत्ति। दल। गाँठ। युद्ध। बुद्धदेव का नाम। भेंट। नहीं।

नंशुक (गु.) हानिकारी। नाशकारक। छोटा। मिहीन। पतला। भटका हुआ। खोया हुआ।
नकुर (न.) नाक।
नकुल (त्रि.) न्यौला। चौथे पाण्डव का नाम। शिव। जटामांसी। केसर।
नक्त (न.) रात्रि। व्रतविशेष।
नक्तचारिन् (पुं.) उल्लू। बिलार। चोर। राक्षस। चमगीदड़ या रात में विचरने वाला कोई भी जीव।
नक्तञ्चर (पुं.) देखो नक्तचारिन्।
नक्तन्दिव (न.) रात और दिन।
नक्तम् (अव्य.) रात।
नक्र (पुं.) नाका। मगर। कुम्भीर। द्वार के आगे का काठ। नासिका (।) बर्रइयों अथवा शहद की मक्खियों का झुण्ड।
नक्षत्र (न.) अश्विनी आदि अट्ठाईस नक्षत्र। तारा।
नक्षत्रचक्र (न.) आकाशमण्डल में दीखने वाला ताराओं का राशिचक्र।
नक्षत्रनेमि (पुं.) ध्रुव नक्षत्र। चन्द्रमा। विष्णु।
नक्षत्रमाला (स्त्री.) तारों की नाईं माला। २७ मोतियों वाला हार। तारों की पंक्ति।
नक्षत्रसूचक (पुं.) कुगणक। पञ्चाङ्ग देख कर मुहूर्तादि बताने वाला। कम पढ़ा सिद्धान्त न जानने वाला ज्योतिषी। सिद्धान्त ग्रन्थों में नक्षत्रसूची का मुख देखने से प्रायश्चित्त करना लिखा है। पूरा गणित-विशारद ज्योतिषी ही ज्योतिष-सम्बन्धी कार्य कर सकता है।
नक्षत्रेश (पुं.) चन्द्रमा। नक्षत्रों का स्वामी।
नक्षत्रविद्या (स्त्री.) ज्योतिषविद्या। खगोल विद्या।
नख् (क्रि.) जाना। चलना। सरकना।
नख (पुं.न.) जहाँ सूराख हो। नाखून। न्हो।
नखकुट्ट (पुं.) नाई। हज्जाम।
नखर (पुं.न.) पञ्चे के आकार का।
नखरायुध (पुं.) सिंह। व्याघ्र। चीता। भेंड़िया। कुत्ता। बिल्ली।
नखानखि (अव्य.) परस्पर नखों की लड़ाई।
नग (पुं.) पहाड़। वृक्ष।
नगण (पुं.) छन्दोशास्त्र में एक गण विशेष।
नगभिद् (पुं.) इन्द्र। पहाड़ को तोड़ने वाला।
नगभू (स्त्री.) पहाड़ से उत्पन्न होने वाली नदी। पत्थर।
नगर (न.) पुर। नगरी। शहर।
नगरन्ध्रकर (पुं.) कार्त्तिकेय।
नगरी (स्त्री.) पुरी।
नगरौकस् (पुं.) नगरवासी।
नगाट (पुं.) बन्दर।
नगाधिप (पुं.) हिमालय। नगेन्द्र। गजराज।
नगेन्द्र (पुं.) नगाधिप। हिमालय। गजराज।
नगौकस् (पुं.) पक्षी। सिंह। शरभ आदि।
नगाग्र (पुं.) पर्वतशिखर।
नग्न (गु.) नङ्गा। जैनियों का एक भेद। तीन वेद रूपी परदों को डालने वाला जन।
"नग्नक्षपणके देशे रजकः किं करिष्यति।"
नग्निका (स्त्री.) नङ्गी। वह स्त्री जो रजस्वला न हुई हो। निर्लज्ज स्त्री।
नज् (क्रि.) लजाना। शर्माना।
नञ् (अव्य.) नहीं। रोकना। स्वल्पत्व। बुरा। लाँघना। थोड़ा। बराबर। विरोध। अन्तर।
नट् (क्रि.) नाचना। मारना।
नट (पुं.) नाचने वाला। तमाशा करने वाला। नाटक का पात्र। स्त्री के सहारे जीने वाला। वर्णसङ्कर विशेष। अशोक वृक्ष।
नटन (न.) नृत्य। नाच।
नटी (स्त्री.) नट की स्त्री। नाटकपात्री। वेश्या।
नड् (क्रि.) गिरना।
नड़ (पुं.) नरकुल। चूड़ीगर।
नत (गु.) झुका हुआ। टेढ़ा। (न.) तगर की जड़।
नतनासिका (गु.) चिपटी नाक वाला।
नताङ्गी (स्त्री.) स्तन और जघन के बोझ से झुकी हुई स्त्री।
नति (स्त्री.) नम्रता। नमन।
नद् (क्रि.) सन्तोष करना। प्रसन्न होना।
नद (पुं.) वड़ा जलप्रवाह।

नदी (स्त्री.) स्रोतस्विनी। नदी उसे कहते हैं जो १००८ धनुष दूर तक बहे।
नदीज (पुं.) अर्जुन वृक्ष। अग्निमंथ वृक्ष यह नदी में जमता है।
नदीन (पुं.) समुद्र। वरुण।
नदीमातृक (त्रि.) नदी जिसे माता की नाईं पालती है। नदी के जल से सींचे हुए धानों से पला हुआ देश।
नदीष्ण (त्रि.) नदी में स्नान करने में पटु।
नद्ध (त्रि.) बँधा हुआ। मिला हुआ।
नद्धी (स्त्री.) चमड़े की बनी हुई रस्सी।
ननन्द (स्त्री.) सेवा करने पर भी जो प्रसन्न न हो। ननद। स्वामी की बहिन।
ननु (अव्य.) प्रश्न। निश्चय रूप से बुलाना। सम्बोधन। निन्दा।
नन्द (पुं.) एक गोप। श्रीकृष्ण के पोषण करने वाले पिता।
नन्दकी (पुं.) विष्णु की तलवार। मेंढक। आनददायी। कुलपालक।
नन्दयु (पुं.) आनन्द।
नन्दन (पुं.) प्रसन्न करने वाला। पुत्र। मेंढ़क। एक पहाड़। एक पर्वत।
नन्दनन्दन (पुं.) नन्दजी को प्रसन्न करने वाले। नन्दकुमार। श्रीकृष्ण।
नन्दनन्दिनी (स्त्री.) नन्द की कन्या। दुर्गा।
नन्दा (स्त्री.) गौरी। पार्वती। तिथि विशेष। (१ दा। ११शी। ६ष्ठी)। ननद।
नन्दि (पुं.) वृक्ष विशेष। आनन्द। महादेव का पार्श्वचर। नन्दिकेश्वर। विष्णु। शिव।
नन्दिन् (पुं.) शिवजी का एक द्वारपाल।
नन्दिनी (स्त्री.) वसिष्ठजी की धेनु का नाम। लड़की। सुता। पार्वती। गङ्गा। ननद। व्याडि की माता। रेणुका औषध।
नन्दिनीसुत (पुं.) व्याकरण का संग्रहकर्त्ता। व्याडि मुनि।
नन्दिपुराण (न.) नन्दी कथित पुराण। एक उपपुराण।
नन्दीश (पुं.) शिवजी का द्वारपाल।
नपुंसक (पुं.न.) हिजड़ा। जनखा। क्लीब।
नप्तृ (पुं.) पौत्र। पोता। दोहिता।
नभ (न.) आकाश। सावन का महीना।
नभःसद (पुं.) देवता। आकाश-निवासी।
नभश्चर (पुं.) आकाशचारी। बादल। वायु। पक्षी। सूर्क्ष, चन्द्रादि ग्रह। राक्षस।
नभस् (न.) आकाश।
नभस् (न.) बादल। श्रावण मास।
नभस्य (पुं.) भादों अर्थात् जिसमें वर्षा अच्छी हो।
नभस्वत् (पुं.) वायु। हवा।
नभोमणि (पुं.) सूर्य्य। सूरज।
नभोरजस् (न.) अन्धकार। अंधेरा।
नभ्राज् (पुं.) मेघ। बादल।
नमस् (अव्य.) नति। झुकना। छोड़ना। शब्द करना।
नमस्कार (पुं.) प्रणाम। अभिवादन।
नमस्य (त्रि.) प्रणाम करने योग्य।
नमुचि (पुं.) शुम्भ निशुम्भ का छोटा भाई। जो युद्ध को न छोड़े।
नमेरु (पुं.) सुरपुन्नाग वृक्ष। रुद्राक्ष।
नम्ब् (क्रि.) जाना।
नम्र (त्रि.) नत। झुका हुआ। विनयान्वित।
नम्रक (पुं.) वेंत।
नय् (पुं.) जाना।
नय (पुं.) नीति। शुक्राचार्यादि से रचा हुआ एक शास्त्र। नेता। न्याय्य। एक प्रकार का जुआ।
नयन (न.) नेत्र। आँख।
नर (पुं.) परमात्मा (आपो वै नरसूनवः) विष्णु। मनुष्य का अवतार। मनुष्य। अर्जुन। एक ऋषि। धूम घड़ी की एक पिन (Pin) कील।
नरक (पुं.) पृथिवी का बीच। वराह से उत्पन्न एक दैत्य। पापियों के दुःख भोगने का स्थान विशेष। रौरव आदि २८ प्रकार के नरक बतलाये जाते हैं। कुल संख्या हजारों है।
नरकजित् (पुं.) नरकान्तक। श्रीकृष्ण।
नरदेव (पुं.) राजा।
नरनारायण (पुं.) भगवान् का एक अवतार। ऋषभदेव। श्रीकृष्ण और अर्जुन।
नरपति (पुं.) नरदेव। राजा। नृपति।

नरपुङ्गव (पुं.) मनुष्यों में श्रेष्ठ। राजा।
नरमाला (स्त्री.) मनुष्यों के कटे सिरों की माला। "नरमाला विभूषणा" इति चण्डी।
नरमेध (पुं.) एक यज्ञ जिसमें नर के मांस से होम किया जाता है।
नरयान (सं.) पालकी। पीनस। डोली। तामझाम। कण्डी।
नरवाहन (पुं.) कुबेर।
नरसिंह (पुं.) विष्णु भगवान् का नर और सिंह के रूपों से मिला हुआ एक अवतार जो प्रह्लाद की रक्षा के लिये हुआ था।
नरस्कन्ध (पुं.) बहुत से मनुष्य।
नरेन्द्र (पुं.) राजा। विषवैद्य। २१ अक्षरों के पाद वाला एक शब्द।
नरेश (पुं.) राजा। नराधिप।
नरोत्तम (पुं.) राजा। वैरागी। पुरुषोत्तम।
नर्तक (पुं.) चारण। कथक। नचैया।
नर्त्तन (न.) नाच।
नर्द (क्रि.) शब्द करना।
नर्म्मद (पुं.) विदूषक। मसखरा (।) नदी विशेष।
नर्म्मन् (न.) परिहास। क्रीड़ा।
नलकिनी (स्त्री.) जङ्घा। लात।
नलकूबर (पुं.) कुबेरपुत्र जिसका शापोद्धार श्रीकृष्ण ने किया था।
नलिका (स्त्री.) नाड़ी। नाली। सुगन्धि द्रव्य।
नलिनीखण्ड (न.) कमलिनियों का समूह।
नल्व (पुं.) एक नाप जो चार सौ हाथ का होता है।
नव (पुं.) नूतन। नया। स्तव। प्रशंसा।
नवग्रह (पुं.) सूर्य्य आदि नौ ग्रह।
नवति (स्त्री.) नव्वे की संख्या।
नवदल (न.) नया पत्ता। कमल की कर्णिका के पास का पत्ता।
नवदुर्गा (स्त्री.) शैलपुत्री आदि नौ दुर्गाओं की प्रतिमायें।
नवद्वारपुर (न.) नौ द्वार वाला पुर। शरीर। देह।
नवधा (अव्य.) नौ प्रकार।
नवधातु (पुं.) सोना आदि नौ धातु।
नवन् (त्रि.) नौ की संख्या।
नवनीत (न.) नया निकाला गया। मक्खन।
नवमल्लिका (स्त्री.) बहुत फूलों वाला वृक्ष।
नवम (त्रि.) नवाँ। नवमी।
नवरत्न (न.) नौ रत्नों का मेल। विक्रमादित्य की सभा के प्रसिद्ध नौ पण्डित।
नवरात्र (न.) नौ रातें। आश्विन तथा चैत्र शुक्ला १दा से ६ मी तक।
नववस्त्र (न.) नया कपड़ा जो पहली बार ही पहना गया हो।
नवशायक (पुं.) माली, तेली, नाई आदि जातियाँ।
नवश्राद्ध (न.) एकादशा श्राद्ध। ग्यारहवें दिन करने योग्य श्राद्ध।
नवसूतिका (स्त्री.) नई ब्याई गाय।
नवान्न (न.) नया नाज या नये अनाज के आने का समय।
नवीन (त्रि.) नूतन। नया।
नवोदक (न.) नया पानी या नया पानी बरसने का समय।
नवोद्धृत (न.) ताजा मक्खन।
नव्य (त्रि.) नूतन। नया।
नष्ट (त्रि.) तिरोहित। छिपा हुआ। जिसका पता न हो।
नष्टचेष्टता (स्त्री.) संज्ञाशून्य। अचेत। बेहोशी।
नष्टाग्नि (पुं.) प्रमाद से अग्निहोत्र करना छोड़ने वाला। निरग्नि। मन्दाग्निरोगी।
नष्टेन्दुकला (स्त्री.) चतुर्दशी से मिली हुई अमावास्या।
नस्य (न.) सूँघनी।
नस्योत (पुं.) नथा हुआ। बैल।
नहि (अव्य.) निषेध। रोकना। नहीं।
नहुष (पुं.) चन्द्रवंश का एक राजा। सर्प विशेष।
नहुषात्मज (पुं.) नहुषपुत्र। राजा ययाति।
ना (अव्य.) देखो नहि।
नाक (पुं.) स्वर्ग। बड़े सुख का स्थान।
नाकिन् (पुं.) देवता। स्वर्गवासी जीव।
नाग (पुं.) फन और पूँछ वाले साँप। हाथी। बादल। नागकेसर। मोथा। वायु विशेष जिससे पेट में डकार आती है।

नागदन्त (पुं.) हाथीदाँत।
नागपाश (पुं.) वरुणदेव का एक अस्त्र।
नागर (त्रि.) नगर का। विदग्ध। होशियार। नागरमोथा।
निःसत्त्व (त्रि.) धीरज रहित। कमजोर।
निःसम्पात (पुं.) आधीररात।
निःसरणम् (न.) घर का द्वार। मरना। बुझना।
निःसार (पुं.) सारशून्य। केले का पेड़।
निःसारणम् (न.) घर से निकलने का रास्ता।
निःस्नेहा (स्त्री.) प्रेमरहित। अतसी का वृक्ष।
निःस्व (पुं.) निर्धन। गरीब।
निकट (न.) समीप। पास।
निकर (पुं.) समूह। सार धन।
निकष-स (पुं.) कसौटी। सिल्ली। सान।
निकर्षण (न.) वास स्थानों के बाहिर घूमने फिरने का स्थान।
निकषा (अव्य.) निकट। मध्य। राक्षसों की माता।
निकषोपल (न.) सान। सिल्ली। कसौटी।
निकाम (न.) इच्छानुसार। बहुत। घर। परमात्मा।
निकाय (न.) निवास। एक धर्म वालों का समुदाय।
निकाय्य (न.) घर।
निकार (स.) तिरस्कार। अपमान। अपकार। छाँटना। कूटना।
निकाश (पुं.) दृष्टि। दृश्य।
निकुञ्ज (न.) उपवन। लता आदि से ढका हुआ स्थान।
निकुम्भ (पुं.) कुम्भकर्ण का पुत्र। दन्ती पेड़।
निकुम्भिला (स्त्री.) लङ्का में स्थापित एक देवीविशेष।
निकुरम्ब (न.) समुदाय। समूह। अतिशय। बहुतसा।
निकृत (त्रि.) तिरस्कृत। वञ्चित। धूर्त। नीच।
निकृति (स्त्री.) धूर्तता। तिरस्कार। अपमान। निध निता।
निकृष्ट (त्रि.) जाति और आचार से निन्दित। नीच। अधम।
निकेतन (न.) घर।
निकोच (पुं.) सिकुड़न।
निक्रमण (सं.) कुचलना।
निक्व-क्वा-ण (पुं.) वीणा का शब्द।
निक्षिप्त (त्रि.) फेंका गया। स्थापित।
निक्षेप (पुं.) धरोहर। ठीक करने के लिये शिल्पी के हाथ में सौंपी गयी वस्तु।
निखनन (न.) खोद कर गाड़ना।
निखर्ब (पुं.) बौना। दस हजार करोड़। दस खर्ब संख्या।
निखात (त्रि.) गढ़ा। खोदा हुआ।
निखिल (त्रि.) सम्पूर्ण। सकल।
निगड (पुं.) श्रृखला। सकरी। हथकड़ी। बेड़ी।
निगडित (त्रि.) बँधा हुआ।
निगद (पुं.) भाषण। चिल्ला कर पाठ करना।
नियम (पुं.) निश्चय। प्रतिज्ञा। वेद। न्याय शास्त्र के पञ्च अवयवों में से अन्तिम अवयव। व्यापार। वेद की शाखा। हाट। मार्ग।
निगमन (न.) न्याय शास्त्र का अवयव विशेष।
निगा-र (पुं.) भोजन। आहार।
निगाल (पुं.) घोड़े के गले का स्थान।
निगु (पुं.) मन। मल। विष्ठा। मूल विशेष। चित्रण।
निगृहीत (त्रि.) रोका हुआ। पाड़ित। झिड़का हुआ।
निग्रन्थन (न.) मारण। वध।
निग्रह (पुं.) झिड़कना। सीमा। बन्धन। कोप। मारना। प्रवृत्ति से हटाना। रोक। तिरस्कार।
निग्रहस्थान (न.) रोकने का स्थान। गौतम कथित षोडश पदार्थों में से अन्तिम पदार्थ।
निग्राह (पुं.) शाप। कटुवचन।
निघ (पुं.) गेंद। वृक्ष। वृत्त। जितना ऊँचा उतना ही चौड़ा। पाप।
निघण्टु (पुं.) अर्थ सहित शब्दसंग्रह। विशेष कर के वैदिक शब्दों का संग्रह। जिसे यास्क मुनि ने निरुक्त में किया है। वैद्यक का कोश जिसमें हर एक वस्तु के नाम और गुण-दोष हैं।
निघस (पुं.) भोजन। आहार।
निघ्न (त्रि.) अधीन। गुणा गया। "द्विगुणान्त्यनिघ्न-" लीलावती।
निचय (पुं.) बढ़ा हुआ। ढेर। समूह।

निचाय (पुं.) राशीकृत। समूह।
निचित (त्रि.) पूरित। भरा हुआ। फैला हुआ। संङ्कीर्ण। मिला हुआ। रचा हुआ।
निचोल (पुं.) डोली का परदा। डुपट्टा। चादर।
निज (न.) अपना।
निटल (न.) कपाल। माथा।
निण्य (न.) छिपा हुआ। गुप्त। रहस्यमय।
नितम्ब (पुं.) कटिदेश। चूतड़। कन्धा। तट। किनारा। कमर।
नितम्बिनी (स्त्री.) स्त्री।
नितरां (अव्य.) सदैव। अतिशय। विशेष करके।
नितल (न.) बहुत नीचा। पाताल विशेष।
नितान्त (न.) एकान्त। असाधारण। अतिशय। बहुत। सघन।
नित्य (न.) निरन्तर। अनन्त। अक्षर। अन्त रहित। (पुं.) समुद्र।
नित्यकर्म (न.) सन्ध्यावन्दनादि प्रतिदिन करने योग्य कर्म।
नित्यदा (अव्य.) सदा। सदैव। रोजरोज। नित्यनैमित्तिक कर्म। कोई कर्म जो किसी विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिये नित्य किया जाय। कोई सामयिक कृत्य जो समय पर सदैव किया जाय।
नित्यमुक्त (पुं.) परमात्मा और शेष विष्वक्सेन आदि सूरिगण जिन्हें वेदों में "तद्विष्णोः परमं पद सदा पश्यन्ति सूरयः।" इत्यादि कहा है।
नित्ययज्ञ (पुं.) बलि-वैश्वदेव। अग्निहोत्रादि।
नित्यसत्त्वस्थ (त्रि.) धैर्य्यवान्।
नित्यसमास (पुं.) समासविशेष।
नित्यानध्याय (पुं.) वेद न पढ़ने का नियत दिन। प्रतिपदा आदि।
नित्याभियुक्त (त्रि.) केवल शरीर की रक्षा करने वाला। योगाभ्यास में निरत।
निदर्शन (न.) उदाहरण। अर्थालङ्कार।
निदाघ (पुं.) गरम। पसीना। गर्मी की ऋतु।
निदाघकर (पुं.) सूर्य्य।
निदान (न.) आदिकारण। शुद्धि। बछड़े की रस्सी। अवसान। रोग निर्णय करने वाला। रोग का मूल कारण और सामान्य लक्षण तथा परिणामनिदर्शक ग्रन्थ विशेष।
जैसे- "निदाने माधवः प्रोक्तः।"
माधवनिदान ग्रन्थ तथा और भी वैद्यक के ग्रन्थविशेष। रोग का कारण। तपःफल की याचना।
निदिग्ध (त्रि.) उपचित। बढ़ा हुआ। तेल मला गया।
निदिध्यासन (न.) ध्यान विशेष। विचारे हुए अर्थ में निमग्न होना।
निदेश (पुं.) शासन। आज्ञा। कथन। पास। वर्तन।
निद्रा (स्त्री.) नींद।
निधन (पुं.) मरण। नाश। कुल। लग्न से आठवाँ स्थान।
निधान (न.) आश्रम। धनागार। कार्यान्त।
निधि (पुं.) धन। वह धन जिसका कोई पाने वाला या स्वामी नहीं। अवलम्ब।
जैसे "दयानिधिः"। "वारिधिः"।
निधीश (पुं.) कुबेर।
निधुवन (न.) सुरत। क्रीड़ा। संयोग। मैथुन।
निनद / **निनाद** } (पुं.) ध्वनि। शब्द। रथ या गाड़ी का शब्द।
निन्दा (स्त्री.) बुराई। अपवाद। दोष।
निन्दक (पुं.) निन्दा करने वाला।
निन्द्य (गु.) निन्दा करने योग्य। बुरा।
निपत्या (स्त्री.) युद्धभूमि।
निपात (पुं.) मरण। व्याकरण में च, प्र आदि अजीव-वाचक अव्यय।
निपान (न.) कुएँ का हौद। दुधैड़ी।
निपीडित (त्रि.) निचोड़ा गया।
निपुण (त्रि.) प्रवीण। चतुर।
निबन्ध (पुं.) किसी वस्तु का किसी नियत समय पर देने की प्रतिज्ञा। गन्थ या प्रबन्धरचना। मूत्ररोगविशेष। बन्धन। नीम का पेड़। अनाह रोग जिसमें मल-मूत्र रुक जाते हैं।
निबन्धन (न.) हेतु। बाँधना। वीणा का ऊपरी भाग।
निभ (पुं.) वहाना। सदृश। समान।

निभृत (त्रि.) गुप्त। निर्जन। एकान्त। अस्तोन्तुख। विनीत। धी। निश्चल।

निमज्जथु (पुं.) अवगाहन। स्नान करना। चुपचाप स्थित रहना।

निमज्जन (न.) चुप रहना। निश्चल रहना। जल में घुसना।

निमंत्रण (न.) बुलावा। आह्वान।

निमान (न.) मूल्य। मोल।

निमि (पुं.) चन्द्रवंशीय एक राजा का नाम।

निमित्त (न.) हेतु। कारण। चिह्न। होने वाले शुभ अशुभ को बताने वाला। शकुन। उद्देश्य।

निमित्तकारण (न.) न्याय शास्त्र का कारण विशेष। जो निमित्तमात्र हो जैसे घड़ा, दीपक आदि का कुम्हार, चाक, सूत्र आदि निमित्त कारण है। मिट्टी उपादान कारण।

निमिष } **निमेष** } (पुं.) वह समय जितने में आँख का पलक झपकै।

निमीलन (न.) आँख का झपकाना। समेटना।

निम्न (त्रि.) गभीर। नीचा। गहरा। गढ़ा। खोल।

निम्नगा (स्त्री.) नदी। गहरी बहने वाली।

निम्नोन्नत (त्रि.) ऊँचा नीचा। दबा हुआ और उठा हुआ। असम।

निम्ब (पुं.) नीम का पेड़।

निम्लोचन (न.) अस्तप्राय।

नियत (त्रि.) निश्चित। पक्का। नित्य। आचार वाला। नियम वाला। नित्य का काम।

नियति (स्त्री.) नियम। भाग्य।

नियन्तृ (पुं.) सारथि। गाड़ीवान्। प्रभु। दण्ड देने वाला।

नियन्तृत (त्रि.) अबाध। रुका हुआ। भले प्रकार वश में किया गया।

नियम (पुं.) प्रतिज्ञा। निश्चय। व्रत। शौच। सन्तोष। तप। वेदाध्ययन। ईश्वर में चित्त लगाना।

नियामक (पुं.) आज्ञादाता। स्वामी। माँझी।

नियुत (न.) दस लाख।

नियोग (पुं.) अवधारण। जताना। काम। काम में लगाना।

नियोग्य (त्रि.) प्रभु। स्वामी।

नियोज्य (त्रि.) जिसे काम दिया जा सकता है। भेजने योग्य। नौकर। दास। परिचारक।

नियोजन (न.) लगाना। आज्ञा देना। मिलाना। स्थिर करना।

निर् (अव्य.) निषेध। नहीं। निश्चय। बाहिर।

निरंश (त्रि.) अंशरहित। पतित।

निरग्नि (पुं.) अग्निरहित। अग्नि द्वारा किये जाने वाले वैदिक कर्म्मों से रहित।

निरङ्कुश (त्रि.) जो अङ्कुश से भी न माने। जो वश में न हो। वज्रहठी।

निरञ्जन (त्रि.) निर्मल। परब्रह्म।

निरतिशय (त्रि.) परमोत्कृट। सर्वोत्तम। जिससे बढ़ कर कोई न हो।

निरत्यय (त्रि.) नाशरहित। न रुकने वाला। अमायिक। छलरहित।

निरन्तर (त्रि.) लगातार। निविड। सघन।

निरपत्रप (त्रि.) निर्लज्ज।

निरर्गल (त्रि.) न रुकने वाला। अबाध।

निरर्थक (त्रि.) व्यर्थ। निष्प्रयोजन।

निरवग्रह (त्रि.) बेरोक।

निरवद्य (त्रि.) दोषरहित। अच्छा।

निरवयव (पुं.) आकाररहित।

निरवशेष (त्रि.) सब। सारा।

निरवसित (त्रि.) चाण्डाल आदि नीच वर्ण।

निरसन (न.) परित्याग। छोड़ना। मारना। निकालना। तिरस्कार करना।

निरस्त (त्रि.) थूका गया। चोटिल किया गया। तिरस्कृत।

निराकरण (न.) निवारण। दूर करना। तिरस्कार करना।

निराकरिष्णु (त्रि.) निकाल देने वाला।

निराकृति (स्त्री.) हटाव। निवारण।

निरामय (त्रि.) रोग से निकला। रोग रहित। वन का बकरा और सूकर।

निरुक्त (न.) वेद का एक अङ्ग विशेष। कहा हुआ। निश्चय किया हुआ।

निरुक्ति (स्त्री.) निर्वचन। कथन। निश्चय।

निरुपाख्य (त्रि.) अस्फुट स्वरूप।
निरूढ (पुं.) अविवाहित।
निरूढलक्षणा (स्त्री.) शक्तितुल्या। लक्षणा।
निरुढि (स्त्री.) प्रसिद्धि। ख्याति।
निरूपण (न.) तत्त्वज्ञान के अनुकूल शब्द का प्रयोग करने वाला विचार।
निरूपित (त्रि.) वर्णित। नियुक्त। रचित।
निरोध (पुं.) नाश। प्रलय। प्रतिरोध। रोक।
निरोधन (न.) कारागार में बन्द कर के रोकना। बन्द करना।
निर्ऋति (पुं.) दक्षिण और पश्चिम दिशा का पति। अलक्ष्मी। जहाँ अवश्य घृणा उत्पन्न हो। निरुपद्रव।
निर्गुण (पुं.) सम्पूर्ण धर्मों से शून्य। गुणहीन। मूर्ख। प्राकृत गुणरहित ईश्वर।
निर्गुण्डी (स्त्री.) नीरस। सूखा। कमल की जड़। कली। सिन्धुवार का पेड़।
निर्ग्रन्थ (पुं.) क्षपणक दिगम्बर। ज्वारी। निर्धन। मूर्ख। असहाय। वैरागी। मुनि विशेष।
निर्ग्रन्थिक (पुं.) निर्गुण। कौपीन तक न पहिनने वाला। ग्रन्थिहीन।
निर्घात (पुं.) दो पवनों के टकराने से उत्पन्न शब्द। नाश। तूफान्। भूकम्प।
निर्घृण (त्रि.) निर्दयी। दयाशून्य।
निर्घोष (पुं.) हर तरह का शब्द।
निर्जन (त्रि.) विजन। एकान्त।
निर्जर (पुं.) देवता। अमृत। बुढ़ापे से शून्य।
निर्जरा (स्त्री.) गुर्च। गिलो। तालपर्णी।
निर्झर (पुं.) झरना।
निर्झरिणी (स्त्री.) नदी।
निर्णय (पुं.) निश्चय। ज्ञान। निष्कर्ष। निचोड़।
निर्णिक्त (त्रि.) सफा। संशोधित। संस्कारित।
निर्णेजक (पुं.) धोबी। साफ करने वाला।
निर्दहन (पुं.) अग्निरहित।
निर्दिष्ट (त्रि.) उपदिष्ट। बतलाया हुआ। ठहराया हुआ। कहा हुआ। दिखलाया हुआ।
निर्देश (पुं.) शासन। आज्ञा। वेतन। "कालतेव प्रतीक्षेत निर्देशं भृतको यथा।" देश से बाहिर हुआ।
निर्धन (पुं.) धन से रहित। गरीब।
निर्धारण (न.) पृथक्करण। निश्चय करना।
निर्धारित (त्रि.) निश्चय किया हुआ।
निर्द्वन्द्व (त्रि.) द्वन्दों से रहित। बेफिक्र।
निर्बन्ध (पुं.) हठ। प्रार्थना। आग्रह। अभिनिवेश।
निर्बाध (त्रि.) निरुपद्रव। बाधाशून्य। कष्टरहित।
निर्भय (पुं.) भयरहित। अच्छा घोड़ा।
निर्भर (न.) अवलम्बित। अतिमात्र।
निर्मक्षिक (अव्य.) मक्खी का अभाव। एकान्त।
निर्म्मम (त्रि.) ममताशून्य।
निर्म्मल (त्रि.) शुद्ध। मलरहित।
निर्म्माल्यम् (न.) देवोच्छिष्ट। विष्णु के सिवाय अन्य देवताओं को अर्पण किया पदार्थ जो उनका जूठा हो चुका हो।
निर्मुक्त (पुं.) बन्धनशून्य। छुटा हुआ।
निर्मोक (पुं.) साँप की केंचुली छोड़ने की क्रिया। सन्नाह। आकाश।
निर्याण (न.) हाथी के नेत्र का एक कोन। पशु के पाँव बाँधने की रस्सी। श्रृंखला। यात्रा। मोक्ष।
निर्यातन (न.) बैर निकालना। लौट कर देना। समर्पण। अमानत देना।
निर्यास (पुं.) गोंद। वृक्ष का रस। काढ़ा।
निर्यूह (पुं.) कील। द्वारा। गोंद। मुकुट। चोटी।
निर्वचन (न.) धातु एवं प्रत्यय के विभाग से अर्थ कहने वाली निरुक्ति। अर्थ का निष्कर्ष।
निर्वपण (न.) बीज बोना। दान। पितृ श्राद्ध।
निर्वर्तित (त्रि.) निष्पादित। अन्त तक पहुँचाया हुआ।
निर्वहण (न.) कथा की समाप्ति। अन्त। नाश। नाटक की एक संधि।
निर्वाण (न.) मोक्ष। छुटकारा। विनाश। गजस्नान। कीचड़। शान्त। विश्रान्त।
निर्वाद (पुं.) लोकापवाद। बदनामी। लोकनिन्दा।
निर्वापण (न.) मार डालना। देना।
निर्वासन (न.) निकालना। देशनिकासा देना। मारना। विसर्जन। छोड़ना।
निर्वाह (पुं.) कार्यसम्पादन। निष्पत्ति। अन्त। जीविका।

निर्विकल्प (त्रि.) जानने योग्य ज्ञान। अलौकिक अनुभव रूप ज्ञान।
निर्विकार (पुं.) विकार अथवा परिवर्तन रहित। परमात्मा।
निर्बीजा (स्त्री.) एक प्रकार की सांख्यमतानुसार समाधि। बेदाना।
निर्वृत्ति (स्त्री.) सुस्थिति। आराम से रहना। मोक्ष। छुटकारा।
निर्वृत्त (त्रि.) निष्पन्न। पूरा किया हुआ।
निर्वेद (पुं.) अनुपाय। अवमान। उदासी। वैराग्य।
निर्वेश (पुं.) भोग। वेतन। विवाह। प्राप्ति।
निर्व्यूढ (त्रि.) त्यक्त। असमाप्त। पूरा दिखलाया गया।
निर्हार (पुं.) तीर के निकालने की क्रिया। मल मूत्रादि का त्याग। मृतकक्रिया समूलोत्पाटन। छोड़ना। इच्छानुसार लगाना।
निर्हारिन (पुं.) शव को जलाने के लिये ले जाने वाला।
निर्ह्राद (पुं.) शब्द।
निलय (पुं.) घर। आवासस्थान। रहने की जगह।
निवपन (न.) पिता आदि के नाम पर किसी वस्तु का देना।
निवर्त्तन (न.) हटाना। सौ वर्ग गज भूमि।
निवर्हण (न.) मारना।
निवसति (स्त्री.) गृह। घर।
निवसथ (पुं.) ग्राम। गाँव।
निवसन (न.) घर। कपड़ा।
निवह (पुं.) समुदाय। समूह। झुण्ड।
निवात (पुं.) वातरहित देश। कवच।
निवातकवच (पुं.) एक देव। प्रह्लाद का पुत्र।
निवाप (पुं.) पितरों के लिये दान।
निवास (पुं.) घर। आसरा।
निविड (त्रि.) घन। मोटा।
निवीत (न.) कण्ठ में पड़ा हुआ जनेऊ। कपड़े पहने हुए।
निवृत्त (न.) निरत। हटा हुआ। लौट गया। चुपचाप।
निवृत्ति (स्त्री.) उपरम। हटना। विरति।
निवेदन (न.) सम्मानपूर्वक विज्ञप्ति।
निवेश (पुं.) विन्यास। धरना। छावनी। विवाह। स्थान।
निवेशन (न.) घर। प्रवेश। रहना।
निशृ (स्त्री.) रात। हल्दी।
निशा (स्त्री.) रात। हल्दी। मेष आदि राशि समूह।
निशाकर (पुं.) चन्द्रमा। मुर्गा।
निशाचर (पुं.) राक्षस। उल्लू। साँप। पिशाच। चकवा। चोर। रात को विचरने वाला।
निशान (न.) तीक्ष्णीकरण। तेज करना।
निशान्त (न.) घर।
निशापति (पुं.) चन्द्रमा।
निशीथ (पुं.) आधीरात। रात।
निशीथिनी (स्त्री.) रात।
निशुम्भ (पुं.) शुम्भ दैत्य का भाई। एक दैत्य। मलना।
निश्चल (पुं.) संशयरहित सिद्धान्त। निर्णय पक्का।
निश्चल (त्रि.) स्थिर। पक्का। भूमि। (स्त्री.) शालपर्णी।
निश्वास (पुं.) साँस।
निषङ्ग (पुं.) तर्कस।
निषङ्गिन् (त्रि.) धनुषधारी।
निषद्या (स्त्री.) हाट। बाजार। दूकान। छोटा खटोला। मण्डी।
निषद्वर (पुं.) कीच। कामदेव।
निषध (पुं.) कठिन। एक देश। निषाद स्वर।
निषाद (पुं.) वीणा या गले का स्वर। चाण्डाल। वर्णसङ्कर विशेष।
निषादिन् (पुं.) महावत। हस्तिप।
निषिद्ध (त्रि.) बुरा। रोका हुआ। हटाया हुआ।
निषेक (पुं.) गर्भाधान।
निष्क् (क्रि.) मापना।
निष्क (पुं.) सोलह माशे की तौल। १०८ रत्ती भर सोना। सोने का बर्तन।
निष्कर्ष (पुं.) निचोड़। निश्चय। सार। तत्त्व।
निष्कल (त्रि.) कलाशून्य। जो हुनर न जानता हो। (पुं.) आश्रय।
निष्कासित (त्रि.) निकाला हुआ।
निष्कुट (पुं.) घर के पास का उपवन। खेत। अन्तःपुर। (स्त्री.) इलायची।

निष्कुषित (त्रि.) खण्डित। तोड़ा। गया। खाल उतार गया।
निष्कृति (स्त्री.) छुटकारा। मुक्ति।
निष्कृष्ट (त्रि.) निकाला गया। खींचा गया। सारांश। निचोड़।
निष्कोषण (न.) भीतर के हिस्सों या अंगों को बाहर निकालना।
निष्क्रमण (न.) बाहर निकलना। एक वैदिक संस्कार।
निष्क्रय (पुं.) बिक्री। तन्ख्वाह।
निष्क्रान्त (त्रि.) निकला।
निष्क्रिय (त्रि.) बेकार। कुछ न करने वाला।
निष्क्वाथ (पुं.) रसा। जूस।
निष्ठा (स्त्री.) निश्वास। दृढ़ता। अन्त।
निष्ठीवन (न.) थूक। खखार।
निष्ठुर (न.) निठुर। बेरहम।
निष्ठ्यूत (त्रि.) फेंका गया। थूका गया।
निष्णात (त्रि.) पारंगत। निपुण। नहाया हुआ।
निष्पत्ति (स्त्री.) निपटेरा। समाप्ति। सिद्धि।
निष्पदयान (न.) नौका। नाव।
निष्पन्न (त्रि.) पूर्ण। समाप्त। सिद्ध।
निष्परिग्रह (त्रि.) सन्यासी। परमहंस। अपने पास कुछ न रखने वाला।
निष्पादन (न.) सम्पादन। पूर्ण करना।
निष्पादित (त्रि.) समाप्त किया गया। पूरा किया गया।
निष्पाप (त्रि.) पापरहित।
निष्प्रतिभ (त्रि.) मूर्ख। जड़।
निष्प्रभ (त्रि.) प्रभारहित। फीका।
निष्फल (त्रि.) बेकार। व्यर्थ। वृथा।
निसु (अ.) निषेध। सफलता। निश्चय। पूरा पूरा।
निसर्ग (पुं.) स्वभाव। रूप।
निसूदन (न.) मारना। जान लेना।
निसृष्ट (त्रि.) न्यस्त। मध्यस्थ। पैदा किया। छोड़ा।
निसृष्टार्थ (पुं.) दोभाषिया।
निस्तत्त्व (त्रि.) तत्त्वशून्य। असार।
निस्तरण (न.) उपाय। निस्तार। तैरना।
निस्तल (त्रि.) गोल। बे पेंदे का।
निस्तार (पुं.) उद्धार। उबार। छुटकारा।
निस्तुषित (त्रि.) त्यागा हुआ। त्वचाहीन।
निस्तेज (त्रि.) तेज रहित।
निस्तोद (पुं.) पीड़ा। व्यथा। ८५।
निस्त्रिंश (पुं.) खड्ग। खाँड़ा।
निस्त्रैगुण्य (त्रि.) निष्काम।
निस्नेह (त्रि.) रूखा। बेमुरौवत।
निस्पन्द (पुं.) धड़कन। हिलना।
निस्पृह (त्रि.) लापर्वाह। कोई चाह न रखने वाला।
निस्यन्द (पुं.) टपकना। बहना।
निस्राव (पुं.) चावल का माँड़।
निस्व (त्रि.) उत्साहरहित। कंगाल। निर्धन। निर्बल।
निस्वन (पुं.) शब्द।
निस्सारित (त्रि.) निकाला गया।
निस्सीम (त्रि.) सीमारहित। बेहद।
निहत (त्रि.) मारा गया।
निहनन (न.) वध करना। मार डालना।
निहन्ता (त्रि.) मारने वाला।
निहव (पुं.) बुलाना। पुकारना।
निहित (त्रि.) भीतर रक्खा हुआ।
निह्नव (पुं.) छिपाना। कपट।
निह्नुत (त्रि.) छिपाया गया।
निह्राद (पुं.) अस्पष्ट भारी शब्द।
नीकार (पुं.) तिरस्कार।
नीकाश (पुं.) निश्चय। समान।
नीच (त्रि.) छोटी जाति का और छोटे खोटे हृदय का।
नीचीन (त्रि.) अधोमुख। औंधा।
नीचैः (अ.) नीचे। थोड़ा। क्षुद्र।
नीड़ (पुं.) झोंझ। घोंसला।
नीड़ज (पुं.) पक्षी। चिड़िया। घोंसले में पैदा होने वाला।
नीत (त्रि.) लाया गया। पहुँचाया गया।
नीति (स्त्री.) एक शास्त्र। न्याय। उचित व्यवहार।
नीतिशात्र (न.) नीति के ग्रन्थ।
नीतिज्ञ (त्रि.) नीति को जानने वाला।
नीप (पुं.) कदम्ब। नीला। अशोक। दुपहरिया।
नीयमान (त्रि.) पहुँचाया जा रहा। लिया जा रहा।
नीर (न.) जल। रस।

नीरज (न.) कमल। मोती। जलजीव।(त्रि.) रज से रहित।

नीरद (पुं.) बादल। मोथा।(त्रि.) बे दाँत वाला।

नीरधि, नीरनिधि (पुं.) समुद्र।

नीरन्ध्र (त्रि.) गाढ़ा। घना। छिद्र रहित।

नीरस (त्रि.) रूखा। रसहीन।

नीराजन (न.) आरती उपतारना।

नीरुक् (पुं.) रोगरहित। आराम।

नील (पुं.) नीला। वानर विशेष। निधि विशेष। पर्वत विशेष। लाञ्छन। कलंक। नीलम मणि।

नीलक (न.) काला नमक।

नीलकण्ठ (पुं.) महादेव। एक पक्षी। पपीहा। मोर।

नीललोहीत (पुं.) महादेव। काला और लाल मिला हुआ रंग।

नीलाम्बर (पुं.) बलदाऊजी। शनैश्चर। राक्षस। (न.) नीले रंग का कपड़ा।

नीलोत्पल (न.) नीले रंग का कमल।

नीवार (पुं.) तृणधान्य। तिन्नी के चाव।

नीवी (स्त्री.) पूँजी। स्त्रियों के लहँगे का नाला।

नीवृत् (पुं.स्त्री.) जनपद। देश।

नीशार (पुं.) पर्दा। कनात। तंबू।

नीहार: (पुं.) कुहासा। कुहरा।

नु (अ.) तर्कणा। विकल्प। अपमान। अनुनय। प्रश्न। कारण। व्यतीत।

नुति (स्त्री.) स्तुति। पूजा।

नुत्त (त्रि.) प्रेरित।

नुन्न (त्रि.) अस्त। प्रेरित। निरस्त।

नूतन (त्रि.) नया।

नूत्न (त्रि.) नया।

नूद (पुं.) शहतूत का दरख्त।

नून (त्रि.) समूचा।

नूनम् (अ.) निश्चय। तर्कणा। स्मरण। उत्प्रेक्षा। वचनपूर्ति।

नूपुर (पुं.) नेवर। बिछिया।

नृ (पुं.) पुरुष। मनुष्य।

नृकरोटिका (स्त्री.) मनुष्य की खोपड़ी।

नृकरोटिका (स्त्री.) मनुष्य की खोपड़ी।

नृग (पुं.) एक बड़े दानी राजा।

नृति (स्त्री.) नाचना।

नृत्त, नृत्य (न.) ताल लय के साथ नाचना।

नृप (पुं.) राजा।

नृपति (पुं.) राजा। कुबेर।

नृपशु (पुं.) पशु की तरह विवेकरहित मनुष्य।

नृपाध्वर (पुं.) राजसूय यज्ञ।

नृशंस (त्रि.) क्रूर। नीच। खूनी।

नृसिंह (पुं.) विष्णु का एक अवतार। मनुष्यों में शेर।

नेजक (पुं.) धोबी।

नेता (त्रि.) अगुआ। मुखिया। मालिक।

नेत्र (न.) मथानी की रस्सी। आँख। रथ।

नेत्रच्छद (पुं.) पलकें।

नेत्रबन्ध (पुं.) आँखमिचौनी का खेल।

नेत्राम्बु (न.) आँसू।

नेदिष्ठ (त्रि.) अत्यन्त निकटवर्ती।

नेदीयान् (त्रि.) बहुत ही नजदीकी।

नेप (पुं.) पुरोहित।

नेपथ्य (न.) रंगभूमि। स्टेज। वेशभूषा बनाने का स्थान।

नेपाल (पुं.) नैपाल देश।

नेम (पुं.) समय। अवधि। खण्ड। प्रकार। छल कपट। गढ़ा।

नेमि (स्त्री.) गरारी। पहिये की लकीर। जैनियों के एक देवता।

नेमिश (न.) नैमिषारण्य (नीमखार) क्षेत्र।

नेमी (स्त्री.) पहिये की लकीर। गरारी।

नेष्ट (त्रि.) निषिद्ध। अप्रिय। नापसन्द।

नैकट्य (न.) निकटता।

नैकृतिक (त्रि.) चुगलखोर।

नैगम (पुं.) उपनिषद्। ब्रह्मविद्या। बनिया। व्यापारी।

नैज: (त्रि.) अपना।

नैत्य (न.) नित्यता।

नैपुण्य (न.) निपुणता। चातुरी।

नैमित्तिक (त्रि.) विशेष कारण से होने वाला (कर्म)।

नैमिष (न.) नीमखार क्षेत्र। नैमिषारण्य। वायुपुराणोक्त वह स्थान, जहाँ ब्रह्मा का दिया हुआ मानसचक्र आरा टूट कर गिर गया और तपस्या आदि के लिये सर्वोत्तम स्थान माना गया। "निमिःशीर्यत्यस्मिन्।"
नैयायिक (त्रि.) न्याय शास्त्र को पढ़ने या जानने वाला।
नैरन्तर्य (न.) निरन्तरता। अखण्डता।
नैराश्य (न.) नाउम्मैदी। आशा न रहना।
नैरुक्त (पुं.) निरुक्तसम्बन्धी।
नैर्ऋत (पुं.) राक्षस। पश्चिम-दक्षिण दिशा के स्वामी।
नैर्गुण्य (न.) निर्गुणता। मुक्ति।
नैवेद्य (न.) निवेदन (अर्पण) करने की सामग्री। भगवान् का भोग।
नैश (त्रि.) रात का।
नैषध (पुं.) महाराज नल। श्रीहर्ष कविराज का बनाया महाकाव्य।
नैष्कर्म्य (न.) कर्म न करना। बेकाम रहना।
नैष्ठिक (पुं.) बालब्रह्मचारी।
नैसर्गिक (त्रि.) स्वाभाविक। स्वभावसिद्ध।
नो (अ.) नहीं। अभाव। निषेध।
नोचेत् (अ.) नहीं तो।
नोदना (स्त्री.) प्रेरणा।
नौ (स्त्री.) नाव। बेड़ा।
नौका (स्त्री.) नाव।
नौकादण्ड (पुं.) डाँड़।
न्यक्कार (पुं.) अनादर। धिक्कार।
न्यग्रोध (पुं.) बर्गद का पेड़।
न्यङ्कु (पुं.) मुनिविशेष। बारहसिंगा।
न्यञ्चित (त्रि.) औंधा।
न्यस्त (त्रि.) रक्खा गया। त्यक्त।
न्यस्तदण्ड (पुं.) संन्यासी।
न्यस्तशस्त्र (त्रि.) त्यक्तशस्त्र। निहत्था।
न्याय (पुं.) उचित। इन्साफ। नीति। छः दर्शन शास्त्रों में से एक दर्शन शास्त्र।
न्याय्य (त्रि.) युक्तियुक्त। मुनासिब।
न्यास (पुं.) धरोहर। अमानत। संन्यास। रखना।
न्युब्ज (पुं.) कुशनिर्मित स्रुवा। (न.) कमरख। (त्रि.) कुबड़ा। औंधा।
न्यून (त्रि.) कम। निन्दा योग्य।

प

प पीना। बचाना। वायु। पत्ता। अण्डा।
पक्क (त्रि.) पका हुआ। दृढ़।
पक्कण (न.) भील का घर। चाण्डाल की झोपड़ी।
पक्ष (पुं.) १५ दिन। पखवाड़ा। पंख। सहाय। तरफ।
पक्षक (पुं.) खिड़की। पक्खा या कोट। दीवार।
पक्षति (स्त्री.) पखवाड़े की आरम्भ तिथि। पड़वा। प्रतिपदा तिथि। पक्षियों के पंखों की जड़।
पक्षपात (पुं.) तरफदारी। पक्ष का गिर जाना। पंख झड़ जाना।
पक्षान्त (पुं.) अमावस और पूर्नों का दिन। जिसमें पखवाड़ा समाप्त हो।
पक्षिल (त्रि.) सहायता देने वाला। वात्स्यायन मुनि।
पक्षी (पुं.) चिड़िया। तीर। पखवाड़े वाला। महीना।
पक्ष्म (न.) पलक।
पङ्क (पुं.न.) कीचड़। पाप।
पङ्कज (न.) कमल। (त्रि.) जो कीचड़ में पैदा हो।
पङ्किल (त्रि.) मैला। कीचड़ वाला।
पङ्करुह (न.) कमल। सारस पक्षी।
पङ्क्ति (स्त्री.) पाँति। कतार। श्रेणी।
पङ्क्तिदूषक (पुं.) धूर्त। चार आदमियों में न बैठने लायक। अनाचारी। जिसके साथ भोजन करने से भ्रष्टता हो जाय।
पङ्क्तिपावन (पुं.) विद्वान्। गुणी। सदाचारी जिसके साथ भोजन को बैठने वाले पवित्र हो जायँ।
पङ्क्तिशः (अ.) कतार की कतार। अनुक्रम से।
पङ्गु (त्रि.) लँगड़ा। (पुं.) शनैश्चर ग्रह।
पचन (न.) पकाना। अन्नादि का पचना।
पज्ज (पुं.) शूद्र।
पञ्चक (न.) पाँच का समूह। धनिष्ठा के उत्तरार्ध से रेवती तक पाँच नक्षत्र।
पञ्चकषाय (पुं.) जामुन। सेमर। बेर आदि पाँच कसैली चीजें।

पञ्चकोष (पुं.) अन्नमय। प्राणमय। मनोमय। विज्ञानमय और आनन्दमय-ये शरीर के भीतरी पाँच भाग।

पञ्चगव्य (न.) गौ की पाँच चीजें-दूध, दही, घी, गोमूत्र, गोबर। त्रिवर्ण इसको पी कर अपनी देहशुद्धि मानते हैं।

पञ्चचूड़ा (स्त्री.) एक अप्सरा।

पञ्चजन (पुं.) एक दैत्य। पाँच आदमी। पुरुष।

पञ्चतत्त्व (न.) पाँच तत्त्व-पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश।

पञ्चवटी (स्त्री.) दण्डकारण्य का एक स्थान। जहाँ वनवास में रामचन्द्र ने निवास किया था। सीताहरण का स्थान।

पञ्चबाण (पुं.) पाँच बाण वाला। कामदेव के पाँच बाण ये हैं-

"अरविन्दमशोकञ्च चूतं च नवमल्लिका।
नीलोत्पलं च पञ्चैते पञ्च बाणस्य सायकाः।।"

अर्थात्- कमल, अशोक, आम, नयी मालती (मधुमालती) और नीले रंग का कमल ये पाँच बाण हैं। अथवा-

"उन्मादनस्तापनश्च स्तम्भनः शोषणस्तथा।
सम्मोहनश्च कामस्य पञ्च बाणाः प्रकीर्तिताः ।।"

अर्थात्- पागल कर देना। सन्तप्त कर देना। कर्तव्यशून्य करना। शरीर सुखा देना और मोहित (आशक) कर देना ये पाँच बाण हैं। कामदेव।

पञ्चशाख (पुं.) पन्शाखा। हाथ।

पञ्चसूना (स्त्री.) चूल्हा, चक्की, बुहारी, लीपना और चलना-इनसे होने वाली जीवों की हत्या।

पञ्चाग्नि (पुं.) चारों तरफ आग जला कर ऊपर से सूर्य का ताप सहना। पाँच आगें तपस्वी गरमी में दोपहर के वक्त तापते हैं।

पञ्चाङ्ग (न.) जिसमें तिथि, वार, नक्षत्र, योग और करण ये पाँच अङ्ग हों। पत्रा। तिथिपत्र। (पुं.) कछुआ। (त्रि.) पाँच अंग वाला।

पञ्चामृत (न.) दूध, दही, घी, खाँड़ और शहद पाँचों वस्तु मिलाया हुआ एक पदार्थ।

पञ्चाल (पुं.) पंजाब।

पञ्चाली (स्त्री.) गुड़िया। द्रौपदी। पञ्चाल देश के राजा की कन्या।

पञ्चाशत् (स्त्री.) पचास।

पञ्चेन्द्रिय (न.) पाँच। इन्द्रियाँ-आँख, नाक, कान, जीभ, त्वचा।

पञ्जर (पुं.न.) हड्डियों का ढाँचा। पिंजड़ा।

पञ्जी (स्त्री.) सूत की अट्टी। तिथिपत्र। जन्त्री।

पञ्चतय (न.) पाँच की संख्या।

पञ्चतन्मात्र (न.) इन्द्रियों से ग्रहण किये जाने वाले पाँच विषय-शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध।

पञ्चत्व (न.) मरण। मृत्यु। पाँच तत्त्वों में लुप्त हो जाना।

पञ्चदश (त्रि.) पन्द्रह।

पञ्चदशी (स्त्री.) वेदान्त का एक ग्रन्थ। पूनों और अमावस्या तिथि। पन्द्रहवीं तिथि।

पञ्चधा (अ.) पाँच तरह।

पञ्चनख (पुं.) पाँच नख वाले व्याघ्र आदि जीव।

पञ्चनदः (पुं.) पंजाब प्रदेश।

पञ्चभूत (न.) पञ्चतत्त्व।

पञ्चम (त्रि.) पाँचवाँ। (पुं.) स्वरविशेष। पंचम राग।

पञ्चमकार (न.) तन्त्रोक्त मद्य-मांस-मुद्रा-मत्स्य-मैथुन।

पञ्चमहायज्ञ (पुं.) स्वाध्याय, अग्निहोत्र, अतिथिपूजन, तर्पण, बलिवैश्वदेव।

पञ्चमास्य (पुं.) कोयल।

पट (पुं.) कपड़ा।

पटकार (पुं.) जुलाहा।

पटकुटी (स्त्री.) तंबू।

पटच्चर (न.) फटा पुराना कपड़ा (पुं.) चोर।

पटल (न.) छत। पर्दा। आँख की बीमारी (फुल्ली)। ग्रन्थ विशेष।

पटह (पुं.न.) ढोल।

पटीर (न.) चलनी। खेत। मेघ। वंशलोचन। कत्था। पेट। कामदेव। चंदन।

पटीयान् (त्रि.) काम करने में होशियार।

पटोल (पुं.) पर्वल।

पट्ट (न.) प्रधान। नगर। चौराहा। पटा। पटड़ा। ढाल। राजा का सिंहासन। रेशम। पीसने का पत्थर।
पट्टज (न.) रेशमी वस्त्र।
पट्टदेवी (स्त्री.) पटरानी।
पट्टन (न.) भारी शहर। बड़ा मुल्क।
पठ् (क्रि.) पढ़ना। बाँचना। पाठ करना।
पड् (क्रि.) जाना।
पण् (क्रि.) व्यवहार करना। मोल लेना और बेचना। स्तुति करना।
पण (पुं.) मूल्य। दाम। ताम्बा। मजदूरी। नियम। व्यवहार। अस्सी कौड़ियाँ। चार काकिनी'
पणन (न.) बेचना।
पणव (पुं.स्त्री.) एक प्रकार का ढोल।
"पणवानकगोमुखाः"- भगवद्गीता।
पणाया (स्त्री.) व्यवहार। मण्डी। व्यापार का लाभ। जुआ। स्तुति।
पणायित (त्रि.) सराहा गया। प्रशंसित।
पणितव्य (त्रि.) मोल लेने योग्य। स्तुति करने योग्य।
पण्डित (पुं.) तत्त्व पहचानने वाली बुद्धिवाला। विद्वान्। समझदार।
पण्डितम्मन्य (पुं.) अपने को पण्डित मानने वाला।
पण्यवीथी (स्त्री.) मण्डी। गञ्ज। दूकान। हाट।
पण्यस्त्री (स्त्री.) वेश्या। रण्डी।
पण्याजीव (पुं.) बनिया। व्यापारी।
पत् (क्रि.) जाना। गिरना। नीचे आना।
पतग (पुं.) पक्षी। चिड़िया।
पतङ्ग (पुं.) सूर्य्य। मकरी। पक्षी। महुए का पेड़।
पतञ्जलि (पुं.) मुनिविशेष। व्याकरण के भाष्यकार।
पतत् (पुं.) पक्षी।
पतत्र (पुं.) बाजू। डहना। पर।
पतत्रि (पुं.) पक्षी।
पतत्रिन् (पुं.) पक्षी। पर वाला।
पतद्ग्रह (पुं.) नारद पाञ्चरात्रोक्त पञ्च कटोरी की पूजा में पाँचो पात्रों का जल गिरने का पात्र विशेष। पीकदान। खकारदान। उगालदान।
पतयालु (त्रि.) गिरने वाला।
पताका (स्त्री.) झण्डी। सौभाग्य नाटक का एक अङ्ग। छन्द का एक चक्र।
पताकिन् (त्रि.) पताकाधारी।
पति (पुं.) भर्त्ता। स्वामी। अधिपति। रक्षक।
पतित (त्रि.) गिरा हुआ। नीच। जाति भ्रष्ट।
पतिम्बरा (स्त्री.) अपनी इच्छानुसार पति को स्वीकार करने वाली कन्या। काला जीरा।
पतिवत्नी (स्त्री.) सधवा। सौभाग्यवती स्त्री। मकोव।
पतिव्रता (स्त्री.) सती। पति की आज्ञानुवर्तिनी स्त्री। पति ही का नियम धारणा करने वाली।
पत्ति (पुं.) सेना जिसमें एक रथ, एक हाथी, ३ घोड़े, ३ पैदल सिपाही हों।
पत्नी (स्त्री.) विधिपूर्वक ब्याही हुई स्त्री।
पत्र (न.) चिट्ठी। कागज। पत्ता।
पत्रभङ्ग (पुं.) शरीर को सजाने के लिये चित्रविचित्र लिखने। रचनाविशेष। सजावट।
"कस्तूरीवरपत्रभङ्गनिकरो सृष्टो न गण्डस्थले"
पत्ररथ (पुं.) पक्षी।
पत्रसूचि (स्त्री.) काँटा। कण्टक।
पत्राञ्जन (न.) मसी। स्याही।
पत्रिन् (पुं.) पक्षी। तीर। बाज पक्षी। रथी। पर्वत। ताल।
पथ् (क्रि.) जाना।
पथ (पुं.) मार्ग। रास्ता।
पथिक (पुं.) बटोही। राहगीर। राही।
पथिन् (पुं.) पथ। मार्ग।
पथ्य (त्रि.) रोगी के खाने के योग्य वस्तु। हितकर वस्तु। हर्र का पेड़।
"हरीतकी सदा पथ्या कुपथ्यं बदरीफलम्।"
पद् (क्रि.) गल जाना। हिलना।
पद (न.) श्लोक का चौथा चरण। किरण। स्थान। चिह्न। उद्यम। पाँव। चरण। निश्चय। रक्षा।
पद्ग (त्रि.) पैदल।
पदवि-वी (स्त्री.) पद। रास्ता।
पदाजि (पुं.) पाँव से चलने वाला।
पदाति (पुं.) पैदल।
पदार्थ (पुं.) अभिधेय। वस्तुमात्र। पदों का अर्थ।
पद्गन (पुं.) पैदल।
पद्धति-ी (स्त्री.) पगडण्डी। पथ। रास्ता। पंक्ति। पूजन आदि की विधि की पुस्तक। रिवाज।

पद्म (न.) कमल। सेनाचक्र विशेष। दस अर्ब की संख्या। धातु। पुष्करमूल। सीसा। नाड़ीचक्र।
पद्मकेशर (पुं.) कमल की तिरी।
पद्मगर्भ (पुं.) ब्रह्मा। कमल का मध्य।
पद्मनाभ (पुं.) विष्णु। जिनकी नाभि में कमल हो।
पद्मपुराण (न.) अठारह पुराणों में से एक।
पद्मबन्ध (पुं.) शब्दसम्बन्धी अलंङ्कार विशेष।
पद्मबन्धु (पुं.) सूर्य्य। भौंरा।
पद्मभू (पुं.) पद्मोद्भव। ब्रह्मा।
पद्मराग (न.) माणिक। लाल।
पद्मलाञ्छन (पुं.) सूर्य्य। ब्रह्मा। राजा। कुबेर।
पद्मा (स्त्री.) लक्ष्मी। लवङ्ग। मनसा देवी। कुसुम्भ का पुष्प।
पद्मासन (न.) बैठक भेद। आसन विशेष।
पद्मिनी (स्त्री.) कमलों का समूह। कमलों वाला देश। स्त्री विशेष।
पद्मिन् (पुं.) हाथी। कमलों वाला।
पद्मेशय (पुं.) विष्णु।
पद्य (न.) श्लोक। कविता। कवियों की छन्दोबद्ध रचना।
पन् (क्रि.) स्तुति करना।
पनस (पुं.) कटहर। काँटाल। कण्टकीफल।
पन्न (त्रि.) गला हुआ। गिरा हुआ।
पन्नग (पुं.) साँप। सर्प।
पन्नगाशन (पुं.) गरुड़। साँप का खाने वाला। सर्पभोगी।
पन्नद्धा (स्त्री.) पाँव में बाँधी गयी। चर्म्मपादुका। जूती।
पम्पा (स्त्री.) दक्षिणी एक तालाब। पम्पा सरोवर। जहाँ श्रीरामचन्द्र और सुग्रीव की भेंट हुई थी। नदी विशेष।
पय् (क्रि.) जाना।
पय (न.) दूध। जल। पानी।
पयस्य (त्रि.) दुग्धविकार। दही, मलाई इत्यादि। बिल्ला। अर्कपुष्पिका और कुटुम्बिनी स्त्री।
पयस्विनी (स्त्री.) दूध वाली। गौ। नदी। काकोली। बकरी। जीवन्ती। रात्रि।
पयोधर (पुं.) मेघ। स्त्री का स्तन। नारियल।
पयोधि (पुं.) समुद्र।
पयोव्रत (न.) बारह दिन का व्रतविशेष जिसमें केवल दूध पिया जाता है।
पर (त्रि.) भिन्न। और। दूसरा। अगला। दूर। सर्वोत्तम। छुटकारा। केवल। (न.) ब्रह्म। (पुं.) शत्रु।
परःशत (न.) सौ से अधिक।
परःश्वस् (अव्य.) परसों का दिन।
परःसहस्र (न.) एक हजार से ऊपर की गिन्ती।
परकीय (त्रि.) दूसरे का। (ा) (स्त्री.) उपनायिका।
परच्छन्द (पुं.) दूसरे की इच्छा। पराधीन।
परजात (त्रि.) दूसरे से उत्पन्न।
परतंत्र (त्रि.) पराधीन। दूसरे के अधीन।
परत्व (न.) वैशेषिक मतानुसार सिद्ध गुण विशेष एवं भेद।
परपिण्डाद (त्रि.) परान्नोपजीवी। दूसरे के अन्न से जीने वाला।
परपुष्ट (पुं.) कोइल (स्त्री.) वेश्या।
परपूर्वा (स्त्री.) दूसरा पति करने वाली स्त्री।
परभाग (पुं.) दूसरे का हिस्सा।
परभृत् (पुं.) काक। कौवा।
परम् (अव्य.) नियोग। क्षेप। केवल। अनन्तर।
परम (त्रि.) प्रधान। उत्कृष्ट। बड़ा। पहला। ओंङ्कार।
परमम् (अव्य.) अनुज्ञा। स्वीकार करना।
परमर्षि (पुं.) ब्रह्मवेत्ता। श्रेष्ठ सन्त।
परमहंस (पुं.) कुटीचक आदि संन्यासियों में से एक प्रकार का सबसे ऊँचा अन्तिम श्रेणी का संन्यासी।
परमाणु (पुं.) बहुत मिहीन अणु।
परमात्मन् (पुं.) परब्रह्म।
परमान्न (न.) खीर। दूध में पका हुआ अन्न। क्षीरान्न। देवप्रिय होने से परम संज्ञा है।
परमायुस् (न.) १०० वर्ष की पूरी आयु।
परमेश्वर (पुं.) जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और पालन का हेतु अर्थात् परमात्मा। चक्रवर्ती राजा।
परम्परा (स्त्री.) वंश। व्यवधान। सन्तति।

परम्पराक (न.) यज्ञार्थ पशुहनन।
परम्परीण (त्रि.) क्रमागत। अविच्छेद्य। सन्तत। त्याग।
परवश (त्रि.) पराधीन।
परवत् (त्रि.) परवश। दूसरे के अधीन।
परशु (पुं.) कुल्हाड़ा।
परशुराम (पुं.) जमदग्निपुत्र। एक ऋषि। भगवान का चौबीस में से एक अवतार।
परश्वधः (पुं.) कुल्हाड़ा।
परस्पर (त्रि.) आपस में।
परस्मैपदः (न.) जिससे दूसरे के लिये फल का ज्ञान हो। व्याकरण में कथित तिप् आदि।
परा (अव्य.) उलटा। बड़ाई। बुरे वचन कहना। सामने। देना। बहादुरी। नितान्त। जाना। टूटना। तिरस्कार। लौटना।
पराक (पुं.) व्रतविशेष। स्वंग। रोग विशेष। छोटा।
पराक्रम (पुं.) बल। जोर। वीरता।
पराग (पुं.) पुष्परज। उपराग। चन्दन।
पराङ्.मुख (त्रि.) विमुख। मुँह मोड़े। नाराज।
परांचित (त्रि.) दूसरे द्वारा घिरा या पुष्ट हुआ। दूसरे से पाला हुआ।
पराचीन (त्रि.) पराङ्मुख। परकालिक। पुराना।
पराजय (पुं.) पराभव। तिरस्कार। दबाव। विनाश।
परामर्श (पुं.) युक्ति। विवेचन। सलाह।
परायण (न.) तत्पर और प्रिय।
परारि (अव्य.) व्यतीत तृतीय वर्ष। बड़ा शत्रु।
परार्द्धः (न.) चरम संख्या। ब्रह्मा की आयु का आधा भाग, उनके ५० वर्ष।
परार्द्ध्य (त्रि.) श्रेष्ठ। बहुत अच्छा।
परावर्तः (पुं.) बदला। बदलना। विनिमय।
पराशर (पुं.) व्यासदेव के पिता का नाम।
परासनः (न.) मारना।
परासुः (त्रि.) मरा हुआ। मृत।
परास्तः (त्रि.) निरस्त। पराजित।
पराह (पुं.) परदिन। अगला दिन। दूसरा दिन।
पराह्ण (पुं.) दिन का पिछला हिस्सा।
परि (अव्य.) चारों ओर से। बर्जना। बीमारी। शेष। निकालना। पूजा। भूषण। शोक। सन्तोष। बोलना। बहुत। त्याग एवं नियम।
परिकरः (पुं.) परिवार। पर्य्यङ्क। समारम्भ। समूह। विवेक। कमर कसना। साथी।
परिकर्म्मन् (न.) देह का संस्कार। भूषण। उबटन लगाना। सेवक।
परिक्रम (पुं.) परिक्रमा। खेल आदि।
परिक्षित् (पुं.) अर्जुन के पुत्र अभिमन्यु का पुत्र। कुरुवंश का एक राजा। परीक्षित्। इसने पाँच वर्ष की अवस्था में श्रीकृष्ण को परीक्षा से जान लिया था।
परिखा (स्त्री.) खाई।
परिगत (त्रि.) प्रान्त। ज्ञान। विस्मृत। चेष्टित। घिरा हुआ। चला गया।
परिग्रह (पुं.) सेना का पिछला भाग। भार्य्या। परिजन।
परिघः (पुं.) लोहे का मुग्दर। लोहे से मढ़ा हुआ लट्ठ। शूल। घड़ा। घर। योगों में एक योग।
परिचय (पुं.) पहचान। संस्तव। प्रणय।
परिचर्य्या (स्त्री.) सेवा। अधीनता। पूजा।
परिचाय्य (पुं.) यज्ञ की आग।
परिचारक (पुं.) सेवक।
परिच्छदः (पुं.) सामान। परिवार।
परिच्छेदः (पुं.) विशेषरूप से सीमा बाँधना। सर्ग। अध्याय। सीमा। विचार।
परिजनः (पुं.) परिवार। प्रतिपाल्यजन।
परिणत (त्रि.) परिपक्व। बढ़ा हुआ। किसी काम के अन्तिम फल का लाभ। टेढ़े दाँत चलाने वाला हाथी।
परिणय (पुं.) विवाह।
परिणाम (पुं.) विकार। प्रकृति का अन्यथा भाव। शेष। अर्थालंकार। अन्तिम फल।
परिणाह (पुं.) विस्तार। फैलाव।
परिणेतृ (पुं.) विवाह करने वाला। भर्ता। पति।
परितस् (अव्य.) चारों ओर से।
परितापः (पुं.) तपन। दुःख। शोक। गर्मी। भय। कम्प। नरकविशेष।
परित्राण (न.) रक्षण। बचाना। हटाना।
परिदान (न.) विनिमय। एक वस्तु के बदले दूसरी वस्तु देना।

परिदेवन (न.) बारम्बार सोचना। विलाप। पश्चाताप।

परिधान (न.) पहिनने का कपड़ा। पहिरना।

परिधि (पुं.) चन्द्र अथवा सूर्य का मण्डल। परिवेश। गोल। गूलर वृक्ष की शाखा। चारों ओर। पास।

परिधिस्थ (त्रि.) परिचारक। सेवक। टहलुआ। रथी की रक्षा के लिये रणभूमि में चारों ओर खड़ी सेना।

परिपन (न.) मूलधन। पूञ्जी।

परिपन्थ (पुं.) शत्रु।

परिपन्थिन् (पुं.) चतुराई।

परिपाटि-टी (स्त्री.) अनुक्रम। रीति।

परिप्लव (न.) चञ्चल। अस्थिर।

परिबर्ह (पुं.) राजा के चढ़ने योग्य घोड़ा, हाथी।

परिभ-भा+व (सं.) अनादर। तिरस्कार।

परिभाषण (न.) गालीगलौज। नियम।

परिभाषा (स्त्री.) कृत्रिम संज्ञा विशेष नाम।

परिभूत (त्रि.) तिरस्कृत। अपमानित।

परिमण्डल (त्रि.) गोल आकार का। गोल।

परिमल (पुं.) केसर चन्दनादि का उबटन। सुगन्धित।

परिमाण (न.) माप। बरावरी। प्रमाण। समता। तौल।

परिमित (त्रि.) मापा हुआ। युक्त। ठीक। तौला।

परि-री+रम्भ (पुं.) छाती से लगाना।

परिवर्जन (न.) छोड़ना। देना। मारना।

परि-री+वर्त्त (पुं.) बदली। विनिमय। युगान्त काल। अध्याय आदि।

परिवह (पुं.) सप्तवायु में से एक।

परि-री+वाद (पुं.) अपवाद। निन्दा। बदनामी।

परिवादिनी (स्त्री.) निन्दा करने वाली स्त्री।

परि-री+वाप (न.) मुण्डन। हजामत।

परिवापित (त्रि.) मुड़ा हुआ।

परि-री+वार (पुं.) तलवार की म्यान। परिजन। कुटुम्बी।

परिवित्र (त्रि.) वह भाई जिसके छोटे भाई का विवाह, उसके पूर्व हो गया हो। ऐसी ही ज्येष्ठा भगिनी।

परिवित्ति (पुं.) अविवाहित बड़े भाई का विवाहित छोटा भाई। विवाहित छोटे भाई का अविवाहित बड़ा भाई।

परिवृत (त्रि.) घिरा हुआ। युक्त।

परिवृढ (त्रि.) स्वामी। मालिक।

परिवेदन (न.) बड़े भाई से पहले छोटे का ब्याह हो जाना।

परिवेश (पुं.) घेरा। सूर्य और चन्द्रमा के बिम्ब के चारों ओर कभी २ दिखलाई पड़ने वाला मण्डल।

परिवेषण (न.) परोसना। घेरा घेरना।

परिव्राट् (पुं.) संन्यासी। यती।

परिव्राजक (पुं.) संन्यासी। यती।

परिव्यय (पुं.) चटनी।

परिशङ्कनीय (त्रि.) शंका के योग्य। विश्वास-पात्र नहीं।

परिशिष्ट (न.) बच गया। रह गया। क्रोड़पत्र।

परिश्रम (पुं.) मेहनत।

परिश्रय (पुं.) सभा। समिति। कमेटी।

परिषद् (स्त्री.) सभा। धर्मसभा। विद्वानों की सभा।

परिषद्बल (त्रि.) सभासद्। मेंबर।

परिष्क (त्रि.) परपालित। दूसरे के द्वारा पाला गया।

परिष्कार (पुं.) साफ सुथरा।

परिष्टि (पुं.) कष्ट।

परिष्यन्द (पुं.) धार।

परिष्वंग (पुं.) लिपटना। भेंटना।

परिसर (पुं.) नदी। नगर और पहाड़ के आसपास की जगह। मौत। नियम।

परिसर्ग (पुं.) चारों ओर से लपेटना। चारों ओर जाना।

परिसर्या (स्त्री.) चारों ओर जाना।

परिसंवत्सर (पुं.) पूरा साल।

परिस्कन्द (पुं.) गाड़ी के पीछे दौड़ते चलने वाला नौकर।

परिस्यन्द (पुं.) हिलना। टपकना। सफाई। परिवार। नौकर।

परिहार, **परीहार** (पुं.) त्यागना। दोष दूर करना।

परिहास, **परीहास** (पुं.) हँसी। मसखरी।

परीक्षक (त्रि.) परीक्षा लेने वाला। परखैया।
परीक्षण (न.) परखना। परीक्षा लेना।
परीक्षा (स्त्री.) परखना। जाँचना। इम्तिहान।
परीक्षित् (पुं.) पाण्डवों के पौत्र का नाम।
परीक्षित (त्रि.) परखा गया। जाँचा गया। समझा गया।
परिताप / **परीताप** (पुं.) पछतावा। गर्मी।
परीप्सा (स्त्री.) जल्दी।
परु (पुं.) अंग। जोड़।
परुत् (अ.) पिछला साल। गत वर्ष।
परुष (त्रि.) कठोर। कड़ा।
परुषेतर (त्रि.) कोमल। नर्म।
परुस् (न.) गाँठ। जोड़।
परेत (त्रि.) मर गया। दूर गया।
परेतर (त्रि.) विश्वासी। विश्वस्त।
परेतराज (पुं.) यमराज।
परेद्यु (अ.) दूसरे दिन। कल।
परोक्षम् (अ.) अपने पीछे। आँखों की ओट में।
परोपकार (पुं.) पराया उपकार। दूसरे की भलाई।
पर्क (पुं.) मेल।
पर्जन्य (पुं.) बादल। इन्द्र।
पर्ण (न.) पत्ते। पर। पंख। पान।
पर्णशाला (स्त्री.) पत्तों की झोपड़ी।
पर्णास (पुं.) तुलसी।
पर्पट (पुं.) पापड़।
पर्यक् (अ.) चारों ओर।
पर्यङ्क (पुं.) खाट। पलँग।
पर्यटक (पुं.) घूमने वाला। यात्री। संन्यासी।
पर्यटन (न.) घूमना। फिरना। यात्रा करना।
पर्यन्त (पुं.) तक। तलक।
पर्यय (पुं.) चक्कर। लौट पौट। अनाचार।
पर्यवधारण (न.) दृढ़ निश्चय। दृढ़ विचार।
पर्यवस्था (स्त्री.) विरोध।
पर्यश्रु (अ.) आँसुओं से तर।
पर्यस्त (त्रि.) उलझापुलझा। अस्तव्यस्त। गिरा हुआ। अस्त हुआ।
पर्याण (न.) घोड़े की काठी।
पर्याप्त (न.) यथेष्ट। काफी।
पर्याय (पुं.) बारी बारी। सिलसिला।
पर्यालोचन (न.) अच्छी तरह देखना-विचारना।
पर्यावृत्त (त्रि.) लौटा हुआ।
पर्यास (पुं.) किनारा।
पर्युक (न.) छिड़कना।
पर्युक्षण (न.) छिड़कना।
पर्युदञ्चन (न.) ऋण। कर्ज़।
पर्युदस्त (त्रि.) निवारित। रोका गया। हटाया गया।
पर्युदास (पुं.) निवारण। रोकना। हटाना।
पर्युषित (त्रि.) बासी।
पर्येषणा (स्त्री.) खोज। तलाश।
पर्वत (पुं.) पहाड़।
पर्वतीय (त्रि.) पहाड़ी।
पर्व (न.) त्यौहार। गाँठ। हिस्सा। खंड। भाग।
पर्वसन्धि (पुं.) जोड़। सूर्य और चन्द्रमा के 'ग्रहण' का समय।
पर्शान (पुं.) खाड़ी। गुफा।
पर्शु (स्त्री.) पसली।
पर्शुका (स्त्री.) पसली की हड्डी।
पर्षद (स्त्री.) सभा। धर्मोपदेशक पण्डितों का समाज।
पल (न.) एक छोटी तौल। बहुत सूक्ष्म काल। सेकंड। मांस।
पलल (न.) कीचड। मांस।
पलाण्डु (पुं.) प्याज।
पलायन (न.) भागना।
पलाल (पुं.न.) पुआल। पैरा।
पलाश (न.) पत्ता। ढाँक। हरा रंग। राक्षस।
पलिक्नी (स्त्री.) बुढ़िया। बचपन में ही गर्भधारण करने वाली स्त्री।
पलित (न.) बालों का पकना। बदन की झुर्रियाँ।
पल्यङ्क (पुं.) पलँग।
पल्लव (पुं.) वृक्षों की कोपल। नई पत्तियाँ। महावर।
पल्ली (स्त्री.) छोटा गाँव। खेरा।
पवन (पुं.) हवा। (न.) साफ करना।
पवनात्मज (पुं.) हनुमान्। भीमसेन। आग।
पवनाश (पुं.) साँप।
पवमान (पुं.) वायु। हवा।

पवि (पुं.) वज्र। पहिए का 'हाल'।
पवित्र (त्रि.) शुद्ध।
पवित्री (स्त्री.) कुशों की बनी पैंती।
पशु (पुं.) मृग, कुत्ता, बिल्ली आदि जानवर। देवता।
पशुपति (पुं.) महादेव।
पशुराट् (पुं.) शेर। सिंह।
पश्चात् (अ.) पीछे।
पश्चात्ताप (पुं.) पछतावा। सोच।
पश्चार्ध (पुं.) पिछला आधा हिस्सा।
पश्चिम (पुं.) पूर्व के सामने की दिशा। पछाँह।
पश्यतोहर (पुं.) सुनार। गिरहकट।
पश्यन्ती (स्त्री.) नाड़ीविशेष।
पह्लव (पुं.) म्लेच्छों की एक जाति।
पा (क्रि.) पीना, रक्षा करना।
पांशु (पुं.) धूलि। राख। पाप।
पांशुल (त्रि.) मटमैला। पापी।
पाक (पुं.) पकना। एक दैत्य।
पाकशाला (स्त्री.) रसोईघर।
पाकशासन (पुं.) इन्द्र।
पाक्षिक (त्रि.) एक पक्ष का। एक पखवाड़े का।
पाचक (पुं.) रसोंइया।
पाचन (न.) पचाने वाला। चूरन वगैरह।
पाञ्चजन्य (पुं.) विष्णु का शंख।
पाञ्चाल (पुं.) पंजाब।
पाटन्धर (पुं.) चोर।
पाटल (पुं.) गुलाबी रंग।
पाटलिपुत्र (पुं.) पटना शहर।
पाटव (न.) होशियारी। तन्दुरुस्ती।
पाठ (पुं.) सबक। पढ़ना।
पाठक (पुं.) पढ़ाने वाला। ब्राह्मणों की एक जाति।
पाठशाला (स्त्री.) पढ़ने की जगह। मदर्सा। स्कूल।
पाठीन (पुं.) पढ़िना मछली।
पाणि (पुं.) हाथ।
पाणिगृहीती (स्त्री.) भार्या। जोडू।
पाणिग्रहण (न.) हाथ पकड़ना। विवाह संस्कार।
पाणिनि (पुं.) व्याकरण के आचार्य एक प्रसिद्ध मुनि।
पाणिनीय (न.) पाणिनिरचित व्याकरण।
पाणिसर्ग्या (स्त्री.) रस्सी।
पाण्डव (पुं.) राजा पाण्डु के लड़के युधिष्ठिर आदि।
पाण्डु (पुं.) चन्द्रवंशी एक राजा। पीला।
पाण्डुर (पुं.) पीला। काँवर का रोग।
पाण्ड्य (पुं.) एक देश।
पात (पुं.) पतन। गिरना। रक्षित।
पातक (न.) पाप।
पातञ्जल (न.) पतञ्जलि कथित योगशास्त्र।
पाताल (न.) पृथिवी के नीचे का लोक।
पातुक (त्रि.) गिरने वाला।
पात्र (न.स्त्री.) बर्तन। आधार। नाटक में अभिनय करने वाला।
पात्रीय (त्रि.) यज्ञीय द्रव्य।
पाथ (न.) जल। अग्नि। सूर्य।
पाथस् (न.) जल। अन्न। वायु। आकाश।
पाथेय (त्रि.) रास्ते में खाने के लिये भोजन।
पाद (पुं.) चरण। पैर। चतुर्थांश। वृक्ष की जड़।
पादकटक (पुं.) नूपुर। पाँजेब। झाँझन।
पादकृच्छ्र (पुं.) एक प्रकार का व्रत। एक दिवस का उपवास।
पादग्रहण (न.) पालागन।
पादचारिन् (पुं.) पैरों चलने वाला। पैदल।
पादत्राण (न.) जूता। खड़ाऊँ।
पादप (पुं.) पेड़। पीढ़ा।
पादमूल (न.) पैर का तलवा।
पादविक (त्रि.) पथिक। बटोही। पैदल।
पादाङ्गद (न.) बिछिया। पायजेब। झाँझन।
पादात (न.) सैन्य समूह।
पादुका (स्त्री.) जूते। खड़ाऊँ।
पाद्य (न.) पैर धोने का जल।
पान (न.) पीना। शराब। पीने का बर्तन। रक्षा। नहर।
पानगोष्ठी (स्त्री.) शराबियों की मण्डली।
पानभाजन (न.) पानपात्र। मदिरा पीने का प्याला या गिलास।
पानीय (न.) जल। पीने योग्य।
पानीयशालिका (स्त्री.) पौसाला। पौंसला।

पान्थ (पुं.) पथिक। बटोही।
पाप (न.) बुरे कर्म।
पापघ्न (पुं.) पाप नाश करने वाला। तिल।
पापपुरुष (पुं.) पापी जन। दुष्ट कर्म करने वाला मनुष्य।
पापात्मन् (पुं.) पापी।
पाप्मन् (पुं.) पाप।
पामन् (न.) खाज।
पामघ्न (पुं.) गन्धक।
पामन (त्रि.) खजुहा। खाज का रोगी।
पामर (त्रि.) नीच। मूर्ख। खल।
पायस (पुं.) खीर।
पायु (पुं.) गुदा। गुह्यद्वार।
पार (क्रि.) काम समाप्त करना।
पारक्य (त्रि.) परलोक हितकारी कर्म।
पारग (त्रि.) दूसरे पार जाने वाला।
पारण (न.) व्रतोद्यापन। व्रत की समाप्ति में भोजन।
पारतन्त्र्य (पुं.) पराधीनता।
पारत्रिक (त्रि.) परलोक के लिये हितकर।
पारदन्त (पुं.) पारा।
पारदार्य्य (पुं.) परदार गमन।
पारमार्थिक (त्रि.) कल्याण साधक कर्म।
पारम्पर्य्य (न.) लगातार चला आना।
पारलौकिक (त्रि.) दूसरे लोक का।
पारशव (पुं.) दोगला। लोहा। कुल्हाड़े का।
पारसीक (पुं.) देश विशेष। फारसी।
पारस्त्रैणेय (त्रि.) परस्त्री में उत्पन्न पुत्र। जारज।
पारापत (पुं.) कबूतर। परेवा।
पारापा-वा+र (न.) समुद्र। पारावार।
पारायण (न.) किसी ग्रन्थ का साद्यन्त पाठ।
पारावारीण (त्रि.) समुद्र पार जाने वाला।
पाराशर (पुं.) वेदव्यास।
पाराशरिन् (पुं.) भिक्षुक। संन्यासी।
पाराशर्य्य (पुं.) वेदव्यास।
पारिकाङ्क्षिन् (पुं.) मौनव्रतधारी। ब्रह्मज्ञान चाहने वाला।
पारिजात (पुं.) देवताओं का एक वृक्ष। नन्दनकानन का वृक्ष विशेष।
पारिणाष (त्रि.) विवाह के समय प्राप्त धन।
पारिपन्थिक (पुं.) चोर। डाँकू। ठग।
पारिपा-या+त्र (पुं.) मालव देशकी सीमा का एक पर्वत।
पारिपार्श्वक (पुं.) सूत्रधार के पास रहने वाला नट।
पारिप्लव (न.) चञ्चल। आकुल।
पारिभाव्य (न.) जामिन। एक प्रकार की औषधि।
पारिभाषिक (गु.) प्रचलित। चलतू। साधारण। जगत्मान्य। विशेष अर्थवाची।
पारिमाण्डल्य (न.) सर्वत्र विद्यमानत्व। अणु।
पारिमित्य (सं.) सीमा। परिमित स्थान या संख्या।
पारिमुखिक (गु.) मुँह के सामने। समीप।
पारियानिक (पुं.) यात्रा करने की गाड़ी।
पारिरक (पुं.) साधु। तपस्वी।
पारिवित्त्य (गु.) छोटे भाई के ब्याहे जाने पर भी जो बड़ा भाई अनब्याहा रहे।
पारिशील (पुं.) चपाती। रोटी।
पारिषद (त्रि.) सभास्थ। सभ्य। असेसर। राजा का सहचारी।
पारिहार्य्य (पुं.) कड़ा। पहुँची। ककना।
पारिहास्य (न.) हँसी-खेल।
पारी (स्त्री.) हाथी का पैर बाँधने की रस्सी। जल पीने का पात्र। प्याला। घड़ा। दुधेड़ी।
पारीण (त्रि.) पारग। निष्णात।
पारीणह्य (न.) घरेलू सामान। बर्तन आदि।
पारीन्द (पुं.) शेर। बड़ा सर्प।
पारीरण (पुं.) कछुवा। छड़ी। कपड़ा।
पारु (पुं.) सूर्य। अग्नि।
पारुष्य (न.) कड़ाई। निष्ठुरता।
पारेरक (पुं.) अबोध। रहस्यमय। गुप्त।
पार्घट (न.) धूलि।
पार्जन्य (न.) वर्षासम्बन्धी।
पार्थ (पुं.) पृथापुत्र। युधिष्ठिरादि पर विशेष कर अर्जुन।
पार्थक्य (न.) पृथक्त्व। जुदाई। भिन्नता।
पार्थव (न.) बड़प्पन। बहुतायत। चौड़ाई।
पार्थिव (पुं.) पृथिवी का। पृथिवी का अधिपति। राजा।

पार्पर (पुं.) अञ्जलि भर चावल। क्षयरोग। राख। यम का नाम।
पार्यन्तिक (न.) अन्तिम।
पार्वण (त्रि.) पूर्णिमा आदि में होने वाला श्राद्ध विशेष।
पार्वत (पुं.) पहाड़ी। पर्वत-सम्बन्धी।
पार्वती (स्त्री.) हिमालय की कन्या। शिव की स्त्री। पर्वत की वनस्पति।
पार्वतीनन्दन (पुं.) गणेश। कार्तिकेय।
पार्शव (पुं.) कुल्हाड़ा से सुसज्जित सिपाही।
पार्शुका (स्त्री.) पसली।
पार्श्व (पुं.) काँख। बगल। पास। पहिया। चक्र।
पार्षत (पुं.) द्रुपद और उसके पुत्र धृष्टद्युम्न की पदवीं।
पार्षद (पुं.) साम्य। सभास्थ जन।
पार्ष्णि (पुं.स्त्री.) गिट्टे के नीचे का भाग। एड़ी सेना का पिछला भाग।
पार्ष्णिग्रह (पुं.) शत्रु जो पीछे हो। सेनापति जो सेना के पिछले भाग का संचालन करता हो।
पाल् (क्रि.) रक्षण करना। पालन करना।
पाल (त्रि.) रक्षा करने वाला। रक्षक।
पालक (पुं.) रक्षक। राजा। चित्रक पेड़।
पालङ्क (पुं.) पलङ्ग। पलकी का साग। कुन्दुरू का वृक्ष।
पालाश (न.) पलाशसम्बन्धी। तेजपात।
पावक (पुं.) आग। बिजली की आग।
पावकी (पुं.) अग्निपुत्र। कार्तिकेय।
पावन (पुं.) अग्नि। व्यासदेव। गोमय। प्रायश्चित्त। गङ्गा। हर्र। तुलसी।
पाश (पुं.) पशु और पक्षियों को फँसाने वाला फन्दा।
पाशक (पुं.) पाँसा।
पाशपाणि (पुं.) वरुण।
पाशुपत (पुं.) व्रतविशेष। अस्त्रविशेष। शिवभक्त।
पाशुपाल्य (न.) पशुओं का पालना। वैश्य जाति का धर्म।
पाश्चात्त्य (त्रि.) पश्चिम देश का।
पाश्या (स्त्री.) बहुत से फन्दे।
पाष-ख+ण्ड (पुं.) ढोंग।
पाषण्डिन् (पुं.) वेदाचारत्यागी। ढोंगी।
पाषाण (पुं.) पत्थर।
पाषाणदारक (पुं.) टाँकी जिससे पत्थर फोड़े जाते हैं।
पि (स्त्री.) जाना।
पिक (पुं.) कोकिल। कोइल।
पिकबन्धु (पुं.) आम का पेड़।
पिङ्ग (पुं.) मूसा। हरताल।
पिङ्गल (पुं.) नाग। रुद्र। सूर्य के समीप रहने वाला। बन्दर। खजाना। एक मुनि। मङ्गलग्रह। छन्दोग्रन्थ का रचयिता। एक आचार्य। नाड़ी। राजनीति। वेश्या (स्त्री.)।
पिङ्गाक्ष (पुं.) शिव। सुदर्शन।
पिचण्ड (पुं.) उदर। पेट।
पिचु (पुं.) कपास। कुष्ठ विशेष।
पिच्च (क्रि.) काटना। छेद करना।
पिच्छ (न.) मोर की पूँछ और चोटी। सिंवल का पेड़। सुपारी। कोष। पंक्ति।
पिज् (क्रि.) चमकना।
पिञ्ज (न.) बल। काफूर। (त्रि.) विकल। (स्त्री) हल्दी। अहिंसा।
पिञ्जट (पुं.) कीचड़।
पिञ्जर (न.) हरताल। सोना। नागकेसर। पिञ्जड़ा। ठइरी। घोड़ा विशेष। पीला और लाल रङ्ग।
पिट् (क्रि.) इकट्ठा होना। शब्द करना।
पिटक (पुं.) डलिया। पिटारी। फोड़ा।
पिठ् (क्रि.) कष्ट उठाना। मारना।
पिठर (पुं.) बर्तन। मथानी। थाली।
पिण्ड (त्रि.) शरीर का एक भाग। घर का एक भाग। श्राद्ध का एक अन्न का बना गोलाकार सामान। हाथी का माथा। मदन पेड़। आजीवन। लोहा।
पिण्डखर्जूर (पुं.) वृक्ष विशेष।
पिण्डयस (न.) तेज लोहा।
पिण्डार (पुं.) क्षपणक। गोप। गूजर।
पिण्डी (स्त्री.) गेंद। चक्र की धुरी। पिंडुरी। अशोक वृक्ष। घर। पीढ़ा। वेदी।
पिण्डीशूर (पुं.) गृहशूर।

पिण्याक (न.) तिलों का चूरा। हींग। खल।
पितामह (पुं.) बाबा। दादा। ब्रह्मा का नाम।
पितृ (पुं.) पिता। बड़े लोग।
पितृकानन (न.) श्मशान।
पितृतीर्थ (न.) गया। तर्जनी और अङ्गूठे का मध्यभाग।
पितृपति (पुं.) यमराज।
पितृपसू (स्त्री.) साँझ। दादी।
पितृयज्ञ (पुं.) पितृतर्पण।
पितृयाण (पुं.) पितरों के जाने का मार्ग।
पितृलोक (पुं.) चन्द्रलोक के ऊपर पितरों के रहने योग्य लोक।
पितृबन्धु (पुं.) पिता के मामा के लड़के।
पितृव्य (पुं.) चाचा। काका।
पितृष्वस्रीय (पुं.स्त्री.) बुआ का बेटा या बेटी।
पितृसन्निभ (पुं.) जो पिता के समान हो।
पित्त (न.) देहस्थ धातु विशेष। गर्मी।
पित्तल (न.) पीतल धातु। पित्त वाले स्वभाव का।
पित्र्य (त्रि.) मधु। मघा नक्षत्र। अमावास्या।
पित्सन् (पुं.) गिरने की इच्छा वाला।
पिधान (न.) परदा। ओढ़ना। पिछौरी।
पिनद्ध (त्रि.) पहना हुआ। बँधा हुआ।
पिनाक (पुं.न.) कमान। धूलि की वर्षा।
पिनाकिन् (पुं.) महादेव।
पिपासा (स्त्री.) पीने की इच्छा। प्यास।
पिपासु (त्रि.) प्यासा।
पिपीलक (पुं.) चेंटा।
पिप्पल (न.) पीपल का पेड़। जल। कपड़े का टुकड़ा। पक्षी।
पियाल (पुं.) वृक्ष विशेष।
पिल (क्रि.) चलाना।
पिव् (क्रि.) सींचना।
पिश (क्रि.) हिस्सा करना।
पिशङ्ग (पुं.) कमल की धूलि के सदृश रङ्ग वाला पीला रङ्ग।
पिशाच (पुं.) देवयोनिभेद।
पिशित (न.) मांस। जटामांसी।
पिशुन (न.) क्रूर। चुगलखोर। केसर। नारद और कौआ।
पिष् (क्रि.) पीसना।
पिष्ट (न.) पीठी। सीसा। दला गया।
पिष्टक (पुं.न.) चावल के चूरे का बना हुआ। पीठी।
पिष्टप (पुं.न.) भुवन। जगत्। सर्ग।
पिष्टात (पुं.) केसर आदि गन्धद्रव्य।
पिस् (क्रि.) जाना। चमकना। सुगन्धि लगाना। बल करना। मारना। देना।
पिहित (त्रि.) छिपा हुआ।
पी (क्रि.) पीना।
पीठ (पुं.न.) पीढ़ा। वेदी। चौकी।
पीड् (क्रि.) वध करना। प्रवेश करना।
पीडन (न.) दबाव। कष्ट। आक्रमण।
पीड़ा (स्त्री.) व्यथा। दुःख।
पीड़ित (त्रि.) दुःखित।
पीत (न.) हल्दी के रङ्ग जैसा।
पीतक (न.) केसर। हरताल। पीतल।
पीतवासस् (पुं.) श्रीकृष्ण।
पीन (त्रि.) स्थूल। मोटा। बूढ़ा। सम्पन्न।
पीनोध्नी (स्त्री.) बहुत मोटे थन वाली गौ।
पीनस (पुं.) नासिका का रोग जिसमें नाक से कीड़े झरते हैं। नाक गल कर गिर जाती है। खाँसी। जुकाम।
पीय् (क्रि.) मोटा होना।
पीवन (त्रि.) स्थूल। मोटा। बल वाला। (पुं.) वायु।
पीवर (त्रि.) युवती गौ। शतपर्णी अश्वगन्धा। स्थूल।
पुंलिङ्ग (न.) पुरुष का चिह्न।
पुंश्चली (स्त्री.) असती स्त्री। दुश्चरित्रा स्त्री।
पुंस् (क्रि.) मलना।
पुंसवन (न.) गर्भ का संस्कार विशेष। दूध।
पुंस्त्व (पुं.) पुरुषत्व। अङ्ग विशेष। शुक्र।
पुक्कस-श (पुं.) चाण्डाल। अधम।
पुंख (पुं.) तीर का सिरा। पूरा।
पुङ्गव (पुं.) बैल। किसी शब्द के पीछे आने पर इसका अर्थ उत्तम होता है जैसे नरपुङ्गव।
पुच्छ् (क्रि.) नापना। मापना।
पुच्छ (न.) पूँछ। दुम।
पुञ्ज (पुं.) राशि। समूह। ढेर।

पुट् (क्रि.) चमकना। जुड़ना। मिलना।
पुट (न.) जायफल। मिट्टी के प्याले। ढँकना। ढ़ोना।
पुटभेद (पुं.) नगर। बाजा। दरार। हवा का बवण्डर।
पुटिका (स्त्री.) इलायची।
पुटितम (त्रि.) गुँथा हुआ। सम्पुट दिया हुआ।
पुट्ट (क्रि.) अपमान करना।
पुड् (क्रि.) मलना। पीसना।
पुण् (क्रि.) धर्मकार्य करना।
पुण्डरीक (पुं.) अग्निकोण का दिग्गज। भेड़िया। चिरा कमल का फूल। दवाई।
पुण्डरीकाक्ष (पुं.) कमल-नयन। श्रीविष्णु। श्रीकृष्ण।
पुण्ड (पुं.) एक प्रकार का गन्ना। माधवी लता। चित्रक। दैत्य विशेष।
पुण्य (न.) अच्छा काम। धर्म।
पुण्यजन (पुं.) राक्षस।
पुण्यजनेश्वर (पुं.) कुबेर।
पुण्यभूमि (स्त्री.) आर्यावर्त्त। बिन्ध्य और हिमालय के मध्य की भूमि।
पुण्यश्लोक (त्रि.) जिसका चरित्र पुण्यदायक है। प्रसिद्ध। शुद्धयशस्वी।
"पुण्यश्लोको नलो राजा पुण्यश्लोको युधिष्ठिरः।
पुण्यश्लोका च वैदेही पुण्यश्लोको जनार्दनः।।"
पुण्याह (न.) पुण्य उपजाने वाला दिन। पवित्र दिन।
पुण्याहवाचन (न.) वैदिक कर्म विशेष।
पुत्तिका (स्त्री.) छोटी मक्खी।
पुत्र (पुं.) बेटा। तनय।
पुत्रक (पुं.) कृत्रिम पुत्र। धूर्त। शरभ। पहाड़ विशेष।
पुत्रदा (स्त्री.) वन्ध्या। कर्कटी। लक्ष्मणकन्द।
पुत्रिकापुत्र (पुं.) पुत्र के अभाव में पुत्र के स्थान में स्वीकृत लड़की। लड़की का लड़का।
पुत्रेष्टि (स्त्री.) पुत्र के लिये यज्ञ।
पुथ् (क्रि.) मारना। हानि पहुँचाना।
पुद्गल (पुं.) परमाणु। शरीर। आत्मा। शिवजी का एक नाम।
पुनःपुनर (अव्य.) धीरे धीरे। बार। बार।
पुनःपुना (पुं.) एक नदी।
पुनःसंस्कार (पुं.) दूसरी बार संस्कार।
पुनर् (अव्य.) भेद। फिर्। अधिकार।
पुनरुक्तवदाभास (पुं.) अलङ्कार विशेष।
पुनर्नव (पुं.) नख। नौं।
पुनर्भू (स्त्री.) दुबारा ब्याही हुई। फिर पैदा हुआ।
पुनर्वसु (पुं.) विष्णु। शिव। अश्विनी से सातवाँ नक्षत्र।
पुन्नाग (पुं.) वृक्ष विशेष। श्वेत कमल। जायफल। श्रेष्ठ मनुष्य।
पुन्नामनरक (पुं.) नरक विशेष।
पुमान् (पुं.) पुरुष।
पुरकोट्ट (न.) गढ़ी।
पुरः (अ.) आगे।
पुरःसर (त्रि.) आगे जाने वाला।
पुर (न.) नगर। शहर।
पुरञ्जन (पुं.) जीव।
पुरञ्जय (पुं.) सूर्यवंशी एक राजा। शिव। इन्द्र। (त्रि.) पुर को जीतने वाला।
पुरतः (अ.) आगे।
पुरन्दर (पुं.) इन्द्र। चोर।
पुरद्वार (न.) नगर का सदर फाटक।
पुरन्धि (स्त्री.) उत्साह।
पुरन्ध्रि (स्त्री.) दाई। बहुत परिवार वाली स्त्री।
पुरश्चरण (न.) किसी कार्य की सिद्धि के लिए नियमित देवपूजा। प्रयोग।
पुरस्कार (पुं.) पूजा। इनाम। आगे करना।
पुरस्कृत (त्रि.) आगे किया गया। इनाम को प्राप्त।
पुरस्तात् (अ.) आगे।
पुरा (अ.) पहले।
पुराकथा (स्त्री.) पुरानी कथा।
पुराण (त्रि.) पुराना। (न.) व्यासरचित अट्ठारह ग्रंथ।
पुराणपुरुष (पुं.) विष्णु। (त्रि.) बूढ़ा आदमी।
पुरातन (त्रि.) पुराना।
पुराधिप (पुं.) शहर का हाकिम।
पुराविद् (पुं.) पुरानी बातें जानने वाला। इतिहासज्ञ।
पुरावृत्त (न.) इतिहास। तवारीख।
पुरी (स्त्री.) नगरी।

पुरीतत् (स्त्री.) आँत। नाड़ी।
पुरीष (न.) विष्ठा। मैला।
पुरु (पुं.) चन्द्रवंश का एक राजा। एक दैत्य। एक नदी। स्वर्ग (त्रि.) बहुत।
पुरुष (पुं.) जीव। मर्द।
पुरुषकार (पुं.) पौरुष। हिम्मत। उद्योग।
पुरुषसिंह (पुं.) श्रेष्ठ पुरुष। बहादुर आदमी।
पुरुषार्थ (पुं.) शक्ति। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष।
पुरुषोत्तम (पुं.) विष्णु। उत्तमपुरुष।
पुरुहानि (स्त्री.) बड़ी हानि।
पुरुहूत (पुं.) इन्द्र।
पुरूरवा (पुं.) एक चन्द्रवंशी राजा।
पुरोग (त्रि.) अग्रगामी।
पुरोडाश (पुं.) यज्ञ का देव-भाग।
पुरोधा (पुं.) पुरोहित। पाधा।
पुरोभागी (त्रि.) सबसे पहले भाग पाने वाला।
पुलक (पुं.) रोमाञ्च। कीड़ा। मणिचिह्न। अँगूठा। शराब का प्याला। राई। हाथी का भोजन।
पुलस्त्य (पुं.) एक मुनि। रावण और कुबेर का दादा।
पुलह (पुं.) एक मुनि।
पुलाक (पुं.) अन्न-शून्य।
पुलिन (न.) समुद्र नदी आदि का तट।
पुलिन्द (पुं.) चाण्डाल जाति विशेष।
पुलोमजा (स्त्री.) इन्द्र की स्त्री।
पुलोमा (पुं.) एक असुर।
पुष्कर (न.) एक तीर्थ। हाथी की सूँड़। कमल। एक द्वीप। (पुं.) एक दिग्गज। एक राजा। एक पहाड़। एक रोग।
पुष्करिणी (स्त्री.) कमलिनी। तलैया। पालकी।
पुष्कल (न.) बहुत। भरत का पुत्र।
पुष्ट (त्रि.) मजबूत।
पुष्टि (स्त्री.) पुष्ट होना।
पुष्प (प.) फूल। कुबेर का विमान। एक नेत्ररोग। स्त्री का रज।
पुष्पकरण्डक (न.) फूलों की टोकरी। झाबा।
पुष्पचाप (पुं.) कामदेव। फुलों का बना धनुष।
पुष्पदन्त (पुं.) एक दिग्गज। एक विद्याधर जो शिव का भारी भक्त और 'महिम्न' स्तोत्र का रचने वाला हुआ है।
पुष्पपुर (न.) पटना शहर।
पुष्पमास (पुं.) चैत का महीना।
पुष्पलिङ् (पुं.) भौंरा।
पुष्पशरासन (पुं.) कामदेव।
पुष्पिताग्रा (स्त्री.) एक छन्द।
पुष्य (पुं.स्त्री.) एक नक्षत्र।
पुष्यलक (पुं.) कस्तूरी मृग।
पुस्त (न.) लिखना। ग्रन्थ। पलस्तर।
पुस्तक (पुं.) पोथी। किताब।
पुस्तिका (स्त्री.) पोथी। किताब।
पूग (पुं.) समूह। सुपारी। छन्द। काँटेदार पेड़।
पूगीफल (न.) सुपारी।
पूजक (पुं.) पुजारी, पूजा करने वाला।
पूजन (न.) पूजा। पूजा करना।
पूजा (स्त्री.) पूजना।
पूजनीय (त्रि.) मान्य। पूजा करने योग्य।
पूजार्ह (त्रि.) पूजा के योग्य।
पूज्य (पुं.) पूजा के योग्य। श्रद्धेय।
पूण् (क्रि.) इकट्ठा करना।
पूत (न.) पवित्र। सत्य। शंख।
पूतक्रतायी (स्त्री.) शची। इन्द्राणी।
पूतक्रतु (पुं.) जिसने सौ यज्ञ किये हों। देवराज। इन्द्र।
पूतना (स्त्री.) एक राक्षसी जो श्रीकृष्ण द्वारा मारी गई। हर्र। रोगविशेष।
पूति (स्त्री.) पवित्रता।
पूतिक (न.) विष्ठा। वृक्ष विशेष।
पूतिगन्धन (पुं.) गन्धक। इङ्गुदीवृक्ष। दुर्गन्ध।
पूप (पुं.) बड़ा। कचौरी।
पूपाष्टकाम (स्त्री.) अगहन बदी ८ मी को किया हुआ श्राद्ध। बड़ों की ८ मी।
पूय् (क्रि.) बदबू उठना। फाड़ना।
पुय (न.) पीप। राल।
पूर् (क्रि.) भरना। प्रसन्न होना।
पूर (पुं.) नदी का चढ़ाव। सरोवर। घाव का भराव। एक प्रकार की रोटी। नाक के द्वारा स्वाँस

को धीरे-धीरे खीचना। वृक्ष विशेष। गन्ध विशेष।
पूरक (पुं.) एक प्रकार का नीबू। प्रेत के शरीर को पूरा बनाने वाला। दसवाँ पिण्ड।
पुरुष (पुं.) नर। आदमी।
पूर्ण (त्रि.) भरा हुआ।
पूर्णपात्र (न.) भरा हुआ बर्तन। हर्ष का काल। यज्ञ में २५६ मुट्ठी चावलों से भरा एक पात्र विशेष।
पूर्णमास (पुं.) पूर्णिमा के दिन करने योग्य यज्ञ विशेष।
पूर्णिमा (स्त्री.) पूर्णमासी।
पूर्त (न.) तालाब। कूप। भरना। समय। ढका हुआ। पूरित।
पूर्ब-र्ब (क्रि.) बसना। बुलाना।
पूर्ब-र्व (त्रि.) प्रथम। समस्त। सारा। ज्येष्ठ भाई।
पूर्ब-र्व+देव (पुं.) असुर। दैत्य। अच्छा देवता।
पूर्बदेश (पुं.) पुरबिया देश।
पूर्वपक्ष (पुं.) पहिला पक्ष।
पूर्बपद (न.) पहिला पद।
पूर्बपर्वत (पुं.) उदयाचल।
पूर्बफाल्गुनी (स्त्री.) अश्विनी से ग्यारहवाँ नक्षत्र।
पूर्वभाद्रपद (पुं.स्त्री.) अश्विनी से २५ वाँ नक्षत्र।
पूर्वरङ्ग (पुं.) अभिनय (नाटक) में पहला अभिनय।
पूर्वरूप (न.) रोग का निदान।
पूर्बवादिन् (पुं.) मुद्दई। वादी।
पूर्बा-र्वा-षाढ़ा (स्त्री.) अश्विनी से तीसवाँ नक्षत्र।
पूर्वाह्ण (पुं.) पहला आधा दिना।
पूर्वेद्युस् (अव्य.) पहिला दिन।
पूल् (क्रि.) इकट्ठा करना।
पूष् (क्रि.) बढ़ाना।
पूषन् (पुं.) सूर्य्य।
पृ (क्रि.) काम करना। प्रसन्न होना। पालन करना।
पृच् (क्रि.) जोड़ना। मिलना। छूना। इकट्ठा होना।
पृच्छा (स्त्री.) प्रश्न। भविष्य के विषय में प्रश्न।
पृतना (स्त्री.) विशेष संख्या वाली सेना।
पृथ (क्रि.) फेंकना। फैलाना।
पृथक् (अव्य.) भिन्न। विना। नानारूप वाला।
पृथक्जन (पुं.) नीच। मूर्ख। पामर।
पृथग्विध (त्रि.) नानारूप। नाना प्रकार।
पृथा (स्त्री.) कुन्ती।
पृथिवी, पृथ्वी (स्त्री.) धरा। भूमि।
पृथिवीपति (पुं.) भूपति। राजा।
पृथु (पुं.) मोटा। राजा विशेष।
पृथुक (न.) चिड़वा। (पुं.) बालक।
पृथुल (त्रि.) स्थूल। मोटा।
पृथूदर (पुं.) थोंदिल। बड़े पेट वाला। मेढ़ा।
पृथ्वी (स्त्री.) धरती। भूमि। बड़ी इलायची। जीरा।
पृदाकु (पुं.) साँप। बीछी। भेड़िया। हाथी। चित्रक वृक्ष।
पृश्नि (त्रि.) बौना। पतला। कमजोर। थोड़ा। श्रीकृष्ण की माँ देवकी।
पृश्निगर्भ (पुं.) श्रीकृष्ण।
पृष् (क्रि.) सींचना।
पृषत् (न.) बिन्दु। दाग। सींचने वाला।
पृषत (पुं.) चिट्टादार हिरन। बून्द।
पृषत्क (पुं.) बाण। तीर।
पृषदश्व (पुं.) वायु। हवा।
पृषदाज्य (न.) दधिमिश्रित घृत।
पृषन्ति (पुं.) बून्द।
पृषोदर (त्रि.) धब्बों वाला।
पृष्ठ (न.) पीठ। स्तोत्र विशेष।
पृष्ठतस् (अव्य.) पीछे-पीछे।
पृष्ठदृष्टि (पुं.) भालू। रीछ।
पृष्ठवंश (पुं.) पीठ की हड्डी। मेरुदण्ड।
पृष्ठ्यम् (न.) यज्ञ विशेष। घोड़ा। बैल।
पेचक (पुं.) उल्लू। हाथी की पूँछ का सिरा। पर्यङ्क। जूँ। मेघ।
पेटक (पुं.न.) पेटी। सन्दूक। टोकरी। थैला। ढेर।
पेल् (क्रि.) काँपना।
पेल (न.) अङ्ग विशेष। अण्डकोष।
पेलव (त्रि.) कोमल। नरम। सुन्दर।
पेश-स+ल (त्रि.) सुन्दर। दक्ष। कोमल।
पेशि-शी (स्त्री.) अण्डा। मांसखण्ड। तलवार की

म्यान। नदी विशेष। राक्षसी विशेष। इन्द्र का वज्र। जूता।
पेष् (क्रि.) सेवा करना। निश्चय करना।
पेषण (न.) पीसना। नीच।
पेषणि (स्त्री.) पीसने की सिल।
पेस (क्रि.) जाना।
पै (क्रि.) सूखना। मुर्झाना।
पैङ्गि (पुं.) यास्क का नाम।
पैञ्जूषः (पुं.) कान।
पैठर (गु.) पिठर में उबला हुआ।
पैठीनसि (पुं.) एक मुनि का नाम।
पैण्डिक्य (न.) भिक्षुक। भिखारी।
पैतृक (न.) दाय। पुरखों का।
पैतृमत्य (पुं.) अनब्याही स्त्री का पुत्र। किसी नामी ग्रामी का पुत्र।
पैतृष्वसेय (पुं.) बुआ का बेटा।
पैत्तल (गु.) पीतल धातु का।
पैत्र (न.) पिता या पितरों का। पितृतीर्थ।
पैशाच (पुं.) अष्ट प्रकार के विवाहों में से एक दैत्य विशेष।
पैष्टी (स्त्री.) आटे से निकाली गयी मदिरा। गौडी।
पो (पुं.) पवित्र। स्वच्छ।
पोगण्ड (त्रि.) पाँच और दस वर्ष के बीच की अवस्था का। विकलाङ्ग। पौगण्ड।
पोट (पुं.) घर की नींव। संमिश्रण।
पोटा (स्त्री.) मर्दानी अर्थात् मूँछ दाड़ी वाली स्त्री।
पोटक (पुं.) सेवक। नौकर।
पोटिक (पुं.) एक फोड़ा।
पोटी (स्त्री.) एक बड़ा मगर। गुदा।
पोट्टलिका (स्त्री.) पोटली। पारसल।
पोड्डु (पुं.) खोपड़ी के ऊपर वाली खोपड़ी।
पोत (पुं.) जहाज। किसी जानवर का बच्चा। दस वर्ष की अवस्था का हाथी। कपड़ा। छोटा पेड़। घर की नींव।
पोतवणिज् (पुं.) जहाज द्वारा व्यापार करने वाला व्यापारी।
पोतवाह (पुं.) मल्लाह। माँझी।
पोतास (पुं.) एक प्रकार का कपूर।
पोतृ (पुं.) यज्ञ कराने वाले सोलह प्रकार के यज्ञकर्त्ताओं में से एक विष्णु का नाम।
पोत्या (पुं.) नावों का बेड़ा।
पोत्रं (न.) घुरघुराहट (शूकर की)। नाव। जहाज। बादज की गड़गड़ाहट। कपड़ा।
पोत्रिन् (पुं.) सूअर।
पोथकी (स्त्री.) आँख के पलकों पर लाल फुंसियाँ। रोहे।
पोल (पुं.) ढेर।
पोलिका (स्त्री.) गेहूँ के आटा की रोटी।
पोलिन्द (पुं.) जहाज का मस्तूला।
पोष (पुं.) पालन। वृद्धि। उन्नति।
पोषण (न.) पालना। सेवा।
पोषयित्नु (पुं.) कोइल।
पोष्यवर्ग (पुं.) वे कुटुम्बी जिनका पालन पोषण करना कर्त्तव्य है यथा माता, पिता, गुरु, स्त्री, सन्तान, अतिथि आदि।
पौंड्र (पुं.) एक देश का नाम। उस देश के निवासी। ईख विशेष। भीम के शंख का नाम।
पौड्रक (पुं.) एक प्रकार के पौड़े। वर्णसङ्कर विशेष।
पौतवं (न.) एक प्रकार का माप।
पौत्तिक (न.) पीले रङ्ग का मधु। शहद।
पौत्र (पुं.) नाती। पुत्र का पुत्र।
पौनःपुनिक (न.) बारम्बार। दुहराया गया।
पौनर्भव (पुं.) दुबारा ब्याही हुई स्त्री में उत्पन्न। बारह प्रकार के पुत्रों में से एक।
पौर (न.) नगरसम्बन्धी। नगरवासी।
पौरव (पुं.) पुरु नामी चन्द्रवंशीय राजा का पुत्र।
पौरस्त्य (त्रि.) पूर्वी। पहला। आगे का।
पौराणिक (पुं.) पुराणज्ञ। पुराण जानने वाला।
पौरुष (न.) विक्रम। वीरता। उद्यम।
पौरोगव (पुं.) राजा के रसोईघर का अध्यक्ष।
पौर्णमास (पुं.) पूर्णिमा को किया गया एक प्रकार का यज्ञ।
पौर्विक (गु.) पहला। पैतृक। पुराना।
पौलस्त्य (पुं.) रावण आदि।
पौलि (पुं.) एक प्रकार की रोटी।

पौलोमी (स्त्री.) शची। इन्द्राणी।

पौष (पुं.) पुस महीना।

प्यै (क्रि.) बढ़ना।

प्र (अव्य.) आरम्भ। गति चारों ओर से। प्रथमत्व। उत्पत्ति। प्रसिद्धि। व्यवहार।

प्रकट (त्रि.) स्पष्ट। प्रकाश।

प्रकम्पन (पुं.) हवा। वायु। नरक विशेष। बहुत काँपने वाला।

प्रकर (पुं.) समूह। अधिकार।

प्रकरण (न.) प्रस्ताव। प्रसङ्ग। दृश्य काव्य विशेष। ग्रन्थ-सन्धि।

प्रकर्ष (पुं.) उत्कर्ष। बढ़ती। बड़ाई। उत्तमता।

प्रकाण्ड (पुं.) वृक्ष का वह भाग जो उसकी जड़ से शाखा पर्यन्त होता है। प्रशस्त। अच्छा।

प्रकाम (त्रि.) बहुत ही। इच्छानुसार। (अव्य) मन की प्रसन्नता प्रकट करना।

प्रकार (पुं.) सादृश्य। भेद।

प्रकाश (पुं.) चमक। उजियाला। विकाश।

प्रकाशात्मन् (पुं.) सूर्य्य। परमात्मा।

प्रकीर्ण (न.) बिखरा हुआ। चामर। भिन्न-भिन्न जातियों का एकत्व।

प्रकृत (त्रि.) आरब्ध। आरम्भ किया हुआ।

प्रकृति (स्त्री.) स्वभाव। चिह्न। अज्ञान। मित्र। स्वामी। पुरवासी। दुर्ग। बल। कारीगर। शक्ति। स्त्री। परमात्मा। जीव। छन्द विशेष। माता। धातु।

प्रकृष्ट (त्रि.) प्रधान। उत्तम।

प्रकोष्ट (पुं.) मणिबन्ध का अन्त। सहन। कमरा।

प्रक्रम (पुं.) क्रम। सिलसिला। उपक्रम।

प्रक्रिया (स्त्री.) रीति। भांति। राजचिह्नों का लेना। उच्च पदवी। किसी ग्रन्थ का अध्याय। जैसे "उणादि प्रक्रिया"। अधिकार विशेष। किसी ग्रन्थ का उपोद्घात का अध्याय। शब्द बनाने के नियम।

प्रक्क-क्वा+ण (पुं.) वीणा का शब्द।

प्रक्ष्वेडन (पुं.) लोहे का तीर।

प्रखर (त्रि.) बड़ा पैना। घोड़े का साज। मुर्गा। कुत्ता। खच्चर।

प्रगण्ड (पुं.) उत्तम कपोल। कोहनी। दुर्ग की दीवाल।

प्रगल्भ (त्रि.) प्रतिभाशाली। हाजिरजवाब। नायिकाविशेष।

प्रगाढ (त्रि.) बहुत गाढ़ा। मजबूत।

प्रगुण (त्रि.) दक्ष। सीधे स्वभाव का।

प्रगृह्य (न.) स्मृति। वाक्य। व्याकरण में स्वर सन्धि न होने योग्य पद।

प्रगे (अव्य.) तड़का। बड़े सबेरे।

प्रघण (न.) बराण्डा। लोहे का मूसल।

प्रग्रह (पुं.) पकड़। घोड़े आदि की रस्सी। लगाम। किरण। बन्दी भाट। बाजू।

प्रचण्ड (त्रि.) दुरन्त। प्रतापी।

प्रचय (पुं.) एकीकरण। ढेर। जोड़। उन्नति। वृद्धि। एक श्रुति।

प्रचुर (त्रि.) बहुत।

प्रचेतस् (पुं.) वरुण। मुनि विशेष।

प्रचेतृ (पुं.) सारथी। रथवान्।

प्रचेल (न.) पीला चन्दन काष्ठ।

प्रचेलक (पुं.) घोड़ा।

प्रच्छ (क्रि.) पूँछना।

प्रच्छद् (क्रि.) ढकना। लपेटना। पर्दा डालना।

प्रच्छन्न (न.) छिपा हुआ। गुप्त।

प्रच्छर्दिका (स्त्री.) वमन।

प्रच्छादन (न.) पिछौरी।

प्रच्छान (न.) तीता करना।

प्रच्छाय (न.) घनी छाया। छायादार स्थान।

प्रच्छिल (त्रि.) शुष्क। जलरहित।

प्रच्यु (क्रि.) चला जाना। लौट जाना।

प्रजन (पुं.) उत्पत्ति।

प्रजा (स्त्री.) रियाया। सन्तान।

प्रजापति (पुं.) ब्रह्मा। दक्ष आदि। जामाता। सूर्य। अग्नि। विश्वकर्मा। त्वष्टा।

प्रजावती (स्त्री.) सन्तानवती स्त्री। भौजाई।

प्रज्ञा (स्त्री.) बुद्धि। सरस्वती। (पुं.) पण्डित।

प्रज्ञान (न.) बुद्धि। चिह्न।

प्रज्ञु (त्रि.) टेढ़ी जानु वाला।

प्रड़ीन (न.) पक्षियों की चाल या उड़ान।

प्रणय (पुं.) प्रीति। उत्पत्ति। स्नेह। विश्वास। निर्वाण। शान्ति।

प्रणयिन् (पुं.) प्रेम करने वाला। भर्त्ता। नायक।
प्रणव (पुं.) ओंकार।
प्रणाद (पुं.) कान की बीमारी।
प्रणाम (पुं.) झुकना। नवना। नमस्कार।
प्रणाय्य (त्रि.) प्रीतिशून्य। शत्रु। साधु। प्रिय।
प्रणिधान (न.) प्रयत्न। अभिनिवेश।
प्रणिधि (पुं.) चर। दूत। अनुचर। माँगना।
प्रणिपात (पुं.) झुकना। प्रणाम।
प्रणिहित (त्रि.) प्राप्त। पाया। स्थापित।
प्रणीत (त्रि.) फेंका हुआ। बनाया हुआ। यज्ञ। संस्कारित अग्नि। यज्ञीय पात्र विशेष।
प्रणेय (त्रि.) अधीन।
प्रतति (स्त्री.) विस्तार। वल्ली। बेल।
प्रतन (पुं.) पुरानी वस्तु।
प्रतल (न.) खुली हुई अङ्गुली वाला हाथ। चाँटा।
प्रताप (पुं.) ताप। गर्मी। आक का पेड़।
प्रतारण (न.) ठगना। धोखा देना।
प्रति (अव्य.) व्याप्ति। लक्षण। भाग। उलट कर देना। को। ओर। फिर।
प्रतिकर्म्मन् (न.) बनावटी। टीमटाम।
प्रति-ती+कार (पुं.) बदला। चिकित्सा।
प्रति-ती+काश-स (त्रि.) सदृश। चमक।
प्रतिकूल (त्रि.) विरुद्ध।
प्रतिकृति (स्त्री.) प्रतिमा। सादृश्य। प्रतिनिधि। फोटो।
प्रतिक्षणम् (अव्य.) बारम्बार।
प्रतिक्षिप्त (त्रि.) भेजा हुआ। झिड़का हुआ। बाधित। टूट गया। तिरस्कृत।
प्रतिग्रह (पुं.) स्वीकार। दान लेना। सेना की पीठ। सूर्य।
प्रतिघातन (न.) मारना।
प्रतिछन्दस् (न.) आशय के अनुसार। प्रतिरूप।
प्रतिच्छाया (स्त्री.) प्रतिमा। सादृश्य। चित्र। प्रतिलिपि। लेख की नकल।
प्रतिज्ञा (स्त्री.) वचनदान। नियम लेना।
प्रतिज्ञात (त्रि.) वचनबद्ध। वचन दिया हुआ।
प्रतिदान (न.) विनिमय। बदला। तुल्य दान। धरोहर सौंपना।
प्रतिध्वनि (पुं.) गूञ्ज। झाँई।
प्रतिध्वान (पुं.) गूञ्ज। झाँई।
प्रतिनिध (पुं.) प्रतिरूप।
प्रतिपक्ष (पुं.) विरुद्ध पक्ष वाला।
प्रतिपत्ति (स्त्री.) धीरज। चतुराई। गौरव। कर्त्तव्य ज्ञान। पद प्राप्ति।
प्रतिपद् (स्त्री.) पड़वा। प्रतिपदा। पाँव-पाँव पर। बारबार।
प्रतिपन्न (त्रि.) अवगत। जाना हुआ। माना हुआ। बलवान्।
प्रतिपादन (न.) दान देना। समझाना। अपने कथन की पुष्टि।
प्रतिबन्ध (पुं.) अड़चन। रोक।
प्रतिबल (पुं.) शत्रु। बैरी।
प्रतिभय (त्रि.) भयानक। डरावना।
प्रतिभा (स्त्री.) बुद्धि।
प्रतिभू (पुं.) लग्नक। जामिन।
प्रतिमा (स्त्री.) मूर्ति।
प्रतिमान (न.) प्रतिबिम्ब। परछाही।
प्रतिमुक्त (त्रि.) पहिना गया। छोड़ा हुआ। जकड़ा गया। लगाया गया।
प्रतियत्न (पुं.) इच्छा। उपग्रह। निग्रह। संस्कार। लेना। परिश्रमी।
प्रतियातना (स्त्री.) प्रतिमा। तसवीर।
प्रतियोगिन् (त्रि.) विरुद्ध सम्बन्ध वाला।
प्रतिरूप (न.) प्रतिबिम्ब। परछाही।
प्रतिविरोध (पुं.) बाधा। रोक। अड़चन।
प्रतिलोम (त्रि.) उलटा। विपरीत।
प्रतिलोमज (पुं.) वर्णसङ्कर। दोगला।
प्रतिवचन (न.) उत्तर। जवाब।
प्रतिवादिन् (पुं.) विपक्षी। प्रतिवादी।
प्रतिवासी (त्रि.) पड़ोसी।
प्रतिविधान (न.) प्रतीकार। उपाय। यत्न।
प्रतिबिम्ब (न.) परछाही।
प्रतिशासन (न.) विरुद्ध आज्ञा।
प्रतिश्रय (पुं.) यज्ञशाला। सभा। घर। आसरा।
प्रतिश्रव (पुं.) स्वीकार। गूञ्ज।
प्रतिश्रुत (स्त्री.) प्रतिज्ञा।

प्रतिषेध (पुं.) निषेध।
प्रतिष्टम्भ (पुं.) रोक। अड़चन।
प्रतिष्ठा (स्त्री.) क्षिति। पृथिवी। छन्द जिसके प्रत्येक पाद में चार अक्षर हों। प्रतिष्ठा। आश्रय। सदा के लिये स्थिरता करना जैसे मूर्त्तिप्रतिष्ठा।
प्रतिसर (पुं.) सेना का पिछला भाग। हस्तसूत्र।
प्रतिसर्ग (पुं.) विरुद्ध रचना। प्रलय।
प्रतिसीरा (स्त्री.) परदा। कनात।
प्रतिसृष्ट (त्रि.) तिरस्कृत। भेजा गया।
प्रतिहत (त्रि.) रोका गया। उलट कर मारा हुआ।
प्रति-ती+हार (पुं.) उलट कर चोट मारना। द्वार। द्वारपाल। दर्वान।
प्रतीक (पुं.) अवयव। प्रतिरूप।
प्रतीक्षा (स्त्री.) आवश्यकता। आशा। बाट।
प्रतीक्ष्य (त्रि.) पूज्य। प्रतिष्ठा योग्य।
प्रतीचीन (त्रि.) पश्चिमी।
प्रतीच्छक (पुं.) पाने वाला।
प्रतीति (स्त्री.) विश्वास। ख्याति। आदर। हर्ष।
प्रतीत्त (त्रि.) फेरा हुआ। वापिस किया गया।
प्रतीन्धक (पुं.) विदेह देश।
प्रतीनाह (पुं.) झण्डा। निशान।
प्रतीप (त्रि.) प्रतिकूल। चन्द्रवंशी एक राजा।
प्रतीपदर्शिनी (स्त्री.) स्त्री। औरत।
प्रतीर (न.) तट। किनारा।
प्रतोव (पुं.) चाबुक।
प्रतोली (स्त्री.) गली।
प्रत्न (त्रि.) पुराना।
प्रत्यक्ष (अव्य.) आँख के सामने।
प्रत्यग्र (त्रि.) नया। साफ हुआ।
प्रत्यच् (त्रि.) पिछला समय। पश्चिम दिशा।
प्रत्यन्तपर्वत (पुं.) बड़े पहाड़ के पास की पहाड़ी।
प्रत्यभियोग (पुं.) वादी पर अभियोग।
प्रत्यभिवाद (पुं.) आशीर्वाद।
प्रत्यय (पुं.) शपथ। विश्वास। अधीन। शब्द। छिद्र। आधार। निश्चय। कारण। व्याकरण का शब्द विशेष।
प्रत्ययित (त्रि.) प्राप्त। विश्वासी। लौटा।
प्रत्यर्थिन् (त्रि.) शत्रु। प्रतिवादी।
प्रत्यर्पण (न.) प्रतिदान। लौटाना।
प्रत्यवसान (न.) भोजन। खाना।
प्रत्यवसित (त्रि.) भुक्त। खाया हुआ।
प्रत्यवस्कन्द (पुं.) आईनी चार प्रकार के जवाबों में से एक। औषध विशेष।
प्रत्यवस्थातृ (त्रि.) शत्रु। प्रतिवादी।
प्रत्यवाय (पुं.) पाप। दोष। अड़चन। लोप। हताश।
प्रत्याख्यात (त्रि.) अस्वीकृत। उत्तर दिया गया।
प्रत्याख्यान (न.) अस्वीकार। उत्तर दे देना।
प्रत्यादिष्ट (त्रि.) निकाला गया। तिरस्कृत। अस्वीकृत।
प्रत्यादेश (पुं.) निकालना। अस्वीकार करना।
प्रत्यालीढ (न.) धनुषधारी का पैतरा। चाटा हुआ।
प्रयासन्न (त्रि.) अति निकटस्थ।
प्रत्याहार (पुं.) वापिस लेना।
प्रत्युत्क्रम (पुं.) युद्ध की तैयारी। काम करना।
प्रत्युत्तर (न.) उत्तर का उत्तर।
प्रत्युत्थान (न.) विरुद्ध खड़े होना। अगवानी। आगत व्यक्ति के सम्मानार्थ निज आसन छोड़ कर उठना।
प्रत्युत्पन्नमति (त्रि.) समय पर उचित बुद्धि का उत्पन्न होना।
प्रत्युद्गमनीय (न.) उपस्थान के योग्य। पूजा के योग्य।
प्रत्यूष (पुं.) प्रभात। सबेरा। आठ वसुओं में से एक।
प्रत्यूह (पुं.) विघ्न। रुकावट।
प्रथ् (क्रि.) प्रसिद्ध होना।
प्रथम (त्रि.) पहिला। प्रधान।
प्रथित (त्रि.) प्रसिद्ध।
प्रथिमन् (पुं.) मुटाई। बड़प्पन।
प्रदर (पुं.) फाड़ना। योनि का रोग विशेष।
प्रदीप (पुं.) दीप। दीवा।
प्रदीपन (पुं.) उदराग्नि को भड़काने वाला।
प्रदेश (पुं.) एक देश। दीवाल।
प्रदेश-शि+नी (स्त्री.) तर्जनी अङ्गुली।
प्रद्युम्न (पुं.) कामदेव। श्रीकृष्ण के ज्येष्ठ पुत्र का नाम। भगवान् के प्रधान चार व्यूहों में से एक।
प्रद्रव (पुं.) भागना।

प्रधन (न.) युद्ध। लड़ाई।
प्रधान (न.) मुख्य। परमात्मा। प्रशस्त। वजीर।
प्रधि (पुं.) पहिया। धुरा।
प्रपञ्च (पुं.) संसार। उलटापन। इकट्ठा। ठगना।
प्रपथ्या (स्त्री.) हरीतकी हर्र।
प्रपद (न.) पाँव के आगे का भाग।
प्रपन्न (त्रि.) शरणागत।
प्रपा (स्त्री.) पौसाला। पौंसला।
प्रपात (पुं.) झरना। कूल। किनारा। आश्रयदान।
प्रपितामह (पुं.) बाबा का पिता। ब्रह्मा।
प्रपौत्र (पुं.) पौत्र का बेटा। पन्ती।
प्रफुल्ल (त्रि.) खिला हुआ।
प्रबन्ध (पुं.) सन्दर्भ। ग्रन्थादि की रचना।
प्रवाल (न.) नया पत्ता। लाल रङ्ग। मूँगा। बीन का डण्डा।
प्रबोध (पुं.) अच्छी समझ। ज्ञान।
प्रबोधन (न.) जागना। चेतना। समझना।
प्रबोधनी (स्त्री.) कार्तिक शुक्ल ११। जगाने वाली वस्तु।
प्रभञ्जन (न.) वायु। हवा।
प्रभद्र (पुं.) नीम का पेड़।
प्रभव (पुं.) उत्पादक। बल। जन्म।
प्रभा (पुं.) चमक। दीप्ति।
प्रभाकर (पुं.) सूर्य। मीमांसा शास्त्र के रचने वाले।
प्रभात (न.) सबेरा।
प्रभाव (पुं.) राजाओं का कोष और दण्ड से उत्पन्न तेज। सामर्थ्य।
प्रभास (पुं.) एक तीर्थ "प्रभासक्षेत्र जिसकी कथा श्रीमद्भागवत में है"।
प्रभिन्न (पुं.) मस्त हाथी। अन्तर वाला।
प्रभु (पुं.) विष्णु। पारा। शक्त। स्वामी।
प्रभूत (पुं.) प्रचुर। बहुत ऊँचा।
प्रभृति (अव्य.) तब से लेकर।
प्रमथ (पुं.) शिव का एक अनुचर। घोड़ा। (स्त्री) हर्र।
प्रमथन (न.) वध। क्लेश देना।
प्रमथाधिप (पुं.) शिव। प्रमथादि गणों का स्वामी।
प्रमदवन (न.) राजा का विलासवन।
प्रमदा (स्त्री.) सुन्दरी स्त्री।
प्रमनस् (त्रि.) जिसका मन बहुत खुश होता है।
प्रमा (स्त्री.) यथार्थ ज्ञान।
प्रमाण (न.) मर्यादा। शास्त्र। हेतु। प्रमाता।
प्रमातामह (पुं.) नाने का पिता।
प्रमाद (पुं.) अनवधानता। असावधानी। लापरवाही।
प्रमापण (न.) मारना।
प्रमिति (स्त्री.) प्रमा। यथार्थ ज्ञान।
प्रमीत (त्रि.) मर गया। यज्ञार्थ मारा हुआ पशु।
प्रमीला (स्त्री.) तन्द्रा।
प्रमुख (त्रि.) मान्य। समूह। सुपारी। अच्छा। आरम्भ।
प्रमुदित (त्रि.) प्रसन्न।
प्रमेह (पुं.) एक प्रकार का रोग।
प्रमोद (पुं.) हर्ष।
प्रयत (त्रि.) पवित्र। साफ। शुद्ध।
प्रयत्न (पुं.) विशेष चेष्टा। प्रयास। आदर।
प्रयाग (पुं.) गङ्गा और यमुना के सङ्गम का प्रसिद्ध तीर्थ। इन्द्र। घोड़ा।
प्रयास (पुं.) प्रयत्न।
प्रयुत (न.) दस लाख।
प्रयोक्तृ (त्रि.) प्रयोग करने वाला। ऋणदाता। लगाने वाला।
प्रयोग (पुं.) अनुष्ठान। निदर्शन। मसाल। घोड़ा। कार्य अथवा औषधादि की योजना।
प्रयोजक (पुं.) लगाने वाला। प्रेरक।
प्रयोजन (न.) हेतु। मतलब। अभिप्राय।
प्रयोज्य (त्रि.) लगाने योग्य।
प्ररूढ़ (त्रि.) बढ़ा हुआ। उत्पन्न हुआ।
प्रलम्ब (पुं.) एक दैत्य।
प्रलम्बघ्न (पुं.) प्रलम्ब को मारने वाले। बलदेवजी।
प्रलय (पुं.) नाश। छिपना।
प्रलाप (पुं.) अनर्थक वाक्य। बकवाद।
प्रवचन (न.) वेदार्थ ज्ञान।
प्रवण (पुं.) चौराहा। चौड़ा। नम्र। झुका हुआ। निर्बल।
प्रवयस् (त्रि.) बड़ी उम्र वाला। बूढ़ा।
प्रवर (पुं.) श्रेष्ठ। अगुरुचन्दन।

प्रवर्ग (पुं.) होमाग्नि विशेष।
प्रवर्त्तक (त्रि.) काम में लगाने वाला।
प्रवर्त्तना (स्त्री.) व्यापार। काम में लगाना।
प्रवर्ह (त्रि.) श्रेष्ठ। अच्छा।
प्रवह (पुं.) वायु विशेष।
प्रवहण (न.) डोली। पालकी।
प्रवाद (पुं.) गौगा। अफवाह।
प्रवास (पुं.) विदेश वास।
प्रवासन (त्रि.) विदेश वास। मारना।
प्रवासिन् (त्रि.) परदेशी।
प्रवाह (पुं.) जल की धार। व्यवहार। अच्छा घोड़ा।
प्रविदारण (न.) युद्ध। लड़ाई।
प्रवीण (त्रि.) निपुण। चतुर। बीन का गवैया।
प्रवृत्ति (स्त्री.) बात। अवन्ती आदि देश।
प्रवृद्ध (त्रि.) बढ़ा हुआ। प्रौढ़। गाढ़ा।
प्रवेक (त्रि.) प्रधान। सर्दार। बड़ा।
प्रवेणि-णी (स्त्री.) स्त्रियों के केश का जूड़ा। चित्रित कम्बल। जहाज।
प्रवेश (पुं.) भीतर जाना।
प्रवेशन (न.) प्रधान द्वार। वड़ा द्वार। सिंहद्वार।
प्रव्रजित (पुं.) संन्यासी। जैन का शिष्य।
प्रव्रज्या (स्त्री.) संन्यास।
प्रव्रज्यावसति (पुं.) यति। संन्यासी।
प्रशंसा (स्त्री.) गुणों को प्रकट करने वाले वाक्य। तारीफ।
प्रशमन (न.) वध। मारना। हटाना। ठंढा करना।
प्रशस्त (त्रि.) प्रशंसा के योग्य। अच्छा। चौड़ा। योग्य।
प्रश्न (पुं.) जिज्ञासा। सवाल।
प्रश्रय (पुं.) स्नेह। प्यार।
प्रश्रित (त्रि.) विनीत। सीखा हुआ। भला।
प्रष्ठ (त्रि.) आगे जाने वाला।
प्रष्ठवाह (पुं.) घोड़ा। बैल।
प्रसक्त (त्रि.) प्रसङ्ग। जुड़ा हुआ।
प्रसक्ति (स्त्री.) आपत्ति और अनुमति। प्रसङ्ग। लगन।
प्रसङ्ग (पुं.) आपत्ति। मेल। मैथुन।
प्रसन्न (त्रि.) निर्मल। साफ। सन्तुष्ट।
प्रसत्ति (स्त्री.) सफाई। प्रसन्नता।
प्रसभ (न.) बलात्कार। हठपूर्वक।
प्रसर (पुं.) उत्पत्ति। वेग। समूह। युद्ध। नीवार। पास जाना। फैला हुआ।
प्रसर्पण (न.) सेना के लोगों का चारो ओर फैलना। किसी विषय जल आदि का फैलना।
प्रसव (पुं.) गर्भमोचन। उत्पत्ति। फल।
प्रसवित्री (स्त्री.) जननी। माता। जच्चा।
प्रसव्य (त्रि.) विरुद्ध। विपरीत।
प्रसह्यः (अव्य.) हठात्। जोराबरी।
प्रसह्यचौर (पुं.) धाड़ा मारने वाला। चोर।
प्रसाद (पुं.) अनुग्रह। सफाई। देवताओं को नैवेद्य लगाया हुआ।
प्रसादना (स्त्री.) सेवा। प्रसन्न करने की खटपट करना।
प्रसाधक (त्रि.) सजाने वाला। पूरा करने वाला।
प्रसाधन (न.) सजावट। वेश। भेस।
प्रसाधित (त्रि.) पूरा किया गया। अलंकृत किया गया।
प्रसारण (न.) फैलाव। विस्तारकरण।
प्रसारिन् (त्रि.) फैलाने वाला।
प्रसित (त्रि.) आसक्त। जुड़ा हुआ।
प्रसिति (स्त्री.) रस्सी।
प्रसिद्ध (त्रि.) ख्यात। भूषित।
प्रसू (स्त्री.) जननी। जच्चा। केला। लता। घोड़ी।
प्रसूति (स्त्री.) पेट। माता। औलाद। सन्तान की उत्पत्ति।
प्रसूतिका (स्त्री.) जच्चा। सन्तान की माता।
प्रसूतिज (न.) प्रसव काल का दुःख। प्रसव काल का उत्पन्न बालक।
प्रसून (न.) पुष्प। फूल। फल।
प्रसृत (पुं.) आधी अञ्जली।
प्रसेवक (पुं.) तूँबा (वीणा का)।
प्रस्कन्न (पुं.) एक ऋषि। गिरा हुआ।
प्रस्तर (पुं.) पाषाण। पत्थर।
प्रस्तार (पुं.) फैलाव। प्रक्रिया। तृणवन।
प्रस्ताव (पुं.) प्रकरण। प्रसङ्ग। मजमून।
प्रस्तावना (स्त्री.) उत्थानिका। आरम्भ का कथन।
प्रस्तुत (त्रि.) प्रासङ्गिक। उपस्थित। उद्यत। बहुत स्तुति किया गया।

प्रस्थ (पुं.) एक सेर की तौल। पहाड़। फैलाव।
प्रस्थान (न.) जयेच्छु की रणयात्रा। यात्रा। जाना। चल देना।
प्रस्फोटन (न.) चोट लगाना। खिलाना। फोड़ना।
प्रस्रवण (न.) झरना। पसीना। टपकना। एक पर्वत का नाम।
प्रस्राव (पुं.) मूत्र। पेशाब। बहना।
प्रहर (पुं.) पहर। दिन का आठवाँ हिस्सा।
प्रहरण (न.) चोट लगाना। अस्त्र। सन्दूक (गाड़ी का) युद्ध। प्रहार। वशीभूत करना।
प्रहसन (न.) हास्य। एक प्रकार का नाटक।
प्रहसन्ती (स्त्री.) लता। वासन्ती।
प्रहर्षिणी (स्त्री.) हल्दी। बारह अक्षरों के पाद वाला एक छन्द।
प्रहस्त (पुं.) रावण के एक अमात्य एवं सेनापति का नाम।
प्रहि (पुं.) कूप। खौं जिसमें नाज दाबा जाता है।
प्रहित (त्रि.) भेजा हुआ। फेंका हुआ। दाल।
प्रहेलिका (स्त्री.) पहेली। बुझौअल।
प्रह्लाद (पुं.) हिरण्यकशिपु दैत्य का पुत्र एक प्रसिद्ध भगवद्भक्त जिसके लिये भगवान् को नरसिंह अवतार लेना पड़ा।
प्रह्व (त्रि.) नम्र। विनीत।
प्रांशु (त्रि.) ऊँचा। उन्नत।
प्राकाम (न.) आठ सिद्धियों में से एक।
प्राकार (पुं.) प्राचीर। नगरकोट।
प्राकृत (त्रि.) नीच। स्वभावसिद्ध। बिगड़ी हुई बोली जो नाटकों में प्रायः काम में लाई जाती है।
प्राकृतप्रलय (पुं.) प्रकृति का लय जिसमें हो। ब्रह्मा के दिन की समाप्ति में होने वाला दैनंदिन प्रलय।
प्राक्तन (त्रि.) पहिले का।
प्रागभाव (पुं.) भविष्यत् काल।
प्राग्भार (पुं.) भारी बोझ। उत्कर्ष। बहुत सा। पर्वत का शिखर।
प्राग्रहर (त्रि.) जो सब से आगे किया जाय।
प्राग्र्य (त्रि.) श्रेष्ठ। नेक। बहुत आगे हुआ।
प्राग्वंश (पुं.) हवनशाला से पूर्व की ओर यजमानादि के रहने का घर।
प्राघार (पुं.) यज्ञादि में अग्नि पर घी का प्रवाह।
प्राघुण (पुं.) अतिथि। महमान।
प्राङ्गण (न.) आँगन। चबूतरा। हाता। बेड़ा। वाद्ययंत्र विशेष।
प्राच् (त्रि.) पहिला समय ओर देश। पूर्व दिशा।
प्राचीन (त्रि.) पुराना या पूर्व दिशा का।
प्राचीनबर्हिस् (पुं.) इन्द्र। एक राजा।
प्राचीनावीत (न.) श्राद्ध आदि कामों में यज्ञोपवीत का दहिने कन्धे पर रखना।
प्राचीर (न.) दीवार। नगरकोट। प्राकार।
प्राचेतस (पुं.) प्राचीनबर्हि राजा का पुत्र। वरुणपुत्र।
प्राच्य (पुं.) पूर्व का। शरावती नदी के पूर्व और दक्षिण भाग का देश।
प्राजापत्य (पुं.) आठ प्रकार के विवाहों में से एक प्रकार का विवाह। बारह दिन व्यापी एक व्रत। प्रजापति का चरु आदि।
प्राज्ञ (पुं.) पण्डित। बुद्धिमान्। चतुर।
प्राज्यम् (न.) बहुत।
प्राञ्जल (त्रि.) स्पष्टवादी। साफ। सच्चा।
प्राडविवेक (पुं.) मुंसिफ। न्यायकारी।
प्राण (पुं.) शरीर का वायु विशेष। काव्य का जीवनरस। वायु। बल।
प्राणनाथ (पुं.) पति। प्राणों का स्वामी।
प्राणमयकोष (पुं.) कर्मेन्द्रिय सहित पांचों प्राण अर्थात् प्राण, अपान, समान, उदाग और व्यान।
प्राणयाम (पुं.) योग की क्रिया विशेष।
प्राणय्य (ग.) ठीक। योग्य। उपयुक्त।
प्राणिद्यूत (न.) बाजी लगा कर मुर्गा, मेढ़ा आदि को लड़ाना।
प्राणिन् (पुं.) जीव। चेतन।
प्राणीत्य (न.) ऋण। कर्जा।
प्रातःकृत्य (न.) सबेरे करने योग्य काम। पूजा अनुष्ठानादि।
प्रातःसन्ध्या (स्त्री.) सबेरे करने योग्य सन्ध्या।
प्रातर् (अव्य.) सबेरा। तीन घड़ी दिन चढ़ने तक।

प्रातराश (पुं.) सबेरे का भोजन। कलेवा।
प्रातिका (स्त्री.) जवा।
प्रातिपदिक (पुं.) सार्थक शब्द।
प्रातिभाव्य (न.) जामिन होना।
प्रातिस्विक (न.) प्रत्येक पदार्थ का स्वाभाविक धर्म।
प्रातिहारिक (त्रि.) मायाकारक। छलिया।
प्राथमिक (त्रि.) पहला।
प्रादुर्भाव (पुं.) प्रकाश। आविर्भाव।
प्रादेश (पुं.) तर्जनी सहित फैला हुआ अङ्गूठा। एक प्रकार का नाप।
प्रादेशन (न.) दान देना।
प्राध्व (पुं.) रथ। रास्ता। नम्र। बद्ध।
प्रान्त (पुं.) शेष। सीमा।
प्रान्तर (न.) दूर गम्य पथ। जङ्गल। वृक्ष की खोड़। छायारहित मार्ग।
प्राप्ति (स्त्री.) वृद्धि। लाभ। दूसरे स्थान पर पहुँचना। मेल। आणिमा आदि सिद्धियों में से एक।
प्राप्य (त्रि.) गम्य। पाने योग्य।
प्राभृत (न.) उपढौकन द्रव्य। भेट।
प्रामाणिक (त्रि.) ठीक। प्रमाण सहित।
प्रामाण्य (पुं.) प्रमाण का होना।
प्राय (पुं.) मृत्यु। बाहुल्य। अनखाये मरना।
प्रायश्चित्त (त्रि.) प्रायश्चित्त करने योग्य जन।
प्रायस् (अव्य.) बहुतायत। तपस्या।
प्रायोपविष्ट (त्रि.) धरना देने वाला। विना खाये पिये प्राण देने वाला।
प्रायोवपवेश (पुं.) देखो प्रायोपविष्ट।
प्रारब्ध (न.) भाग्य। अदृष्ट। आरम्भ किया हुआ।
प्रार्थना (स्त्री.) माँगना। हिंसा। विनती।
प्रार्थित (त्रि.) माँगा गया। कहा हुआ। मारा हुआ। विनय।
प्रालम्ब (न.) बहुत लटकने वाला।
प्रालेय (न.) नाश होने वाला। बर्फ।
प्रावरण (न.) दुपट्टा। पिछौरी। चादर।
प्रावृष-षा (स्त्री.) वर्षा काल।
प्राश्निक (त्रि.) कुशलादि प्रश्न पूँछने वाला। सभ्य।
प्रास (पुं.) भाला।
प्रासाद (पुं.) महल।
प्राह्ण (पुं.) दिन का पहला पहर। अच्छा या प्रथम दिन।
प्राह्णेतराम् (अव्य.) बड़े तड़के।
प्रिय (पुं.) भर्त्ता। पति। मालिक। एक हिरन। मनोहर।
प्रियंवद (त्रि.) मधुर बोलनेवाला। एक गन्धर्व।
पियङ्गु (पुं.) एक वृक्ष। एक बेल। राई। पीपल। कंगुनी।
प्रियतम (पुं.) अतिप्रिय। मयूरशिखा वृक्ष।
प्रियता (स्त्री.) स्नेह। प्रियव्रत।
प्रियदर्शन (त्रि.) सुन्दर।
प्रियव्रत (पुं.) दृढ़नियमी। स्वायंभू मनु का पुत्र। प्रथम राजा जिसने सूर्य के समान रथचक्र घुमाया था।
प्रियाल (पुं.) पीपल का पेड़।
प्री (क्रि.) तृप्त कना। प्रसन्न करना।
प्रीणन (न.) तर्पण। प्रसन्नता।
प्रीत (त्रि.) हृष्ट। प्रसन्न।
प्रीति (स्त्री.) हर्ष। प्रसन्नता।
प्रु (क्रि.) सरकना।
प्रुद् (क्रि.) मलना।
प्रुष् (क्रि.) सींचना। भरना। प्यार करना।
प्रुष्ट (त्रि.) सड़ा हुआ। जला हुआ।
प्रेक्षा (स्त्री.) भले प्रकार देखना। पर्यालोचन।
प्रेक्षावत् (त्रि.) सोच विचार कर काम करने वाला।
प्रेंखा (स्त्री.) परिभ्रमण। घर विशेष। नृत्य।
प्रेखोंल (क्रि.) झूलना।
प्रेत (पुं.) नरकस्थ जीव। सूक्ष्म शरीर। मरा हुआ।
प्रेतकर्मन् (न.) दाह से ले कर सपिण्डीकरण कर्म तक।
प्रेतगृह (न.) श्मशान।
प्रेतनदी (स्त्री.) वैतरणी नदी।
प्रेत्यम् (अव्य.) लोकान्तर। मर कर।
प्रेमन् (न.) इन्द्र और वायु। प्रेम और ठट्ठा।
प्रेयस् (त्रि.) अतिप्रिय।
प्रेरण (न.) भेजना।
प्रेष (क्रि.) जाना।
प्रे-प्रै+ष (पुं.) भेजना। पीड़ा पहुँचाना।

प्रेष्ठ (त्रि.) अति प्यारा।
प्रे-प्रै+ष्य (पुं.) दास। टहलुआ। (त्रि.) भेजने योग्य। (स्त्री.) जङ्घा।
प्रोक्षण (न.) चारों ओर जल छिड़कना। मारना। यज्ञार्थ पशु हनन।
प्रोक्षित (त्रि.) सींचा गया।
प्रोञ्छन (गु.) पोंछना।
प्रोत (त्रि.) गुथा हुआ। सियाँ हुआ। पिरोया हुआ। जड़ा हुआ। कपड़ा।
प्रोथ (पुं.न.) घोड़े की नाक। कमर। धोती। गर्म। गर्त। घोड़े का मुख। (त्रि.) पथिक। रखा हुआ।
प्रोषित (त्रि.) परदेशी।
प्रोषितभर्तृका (स्त्री.) स्त्री जिसका पति विदेश गया हो।
प्रो-प्रौ-ष्ठपद (पुं.) भाद्र मास।
प्रौढ (त्रि.) युवा। उद्योगी। निपुण। नायिका विशेष।
प्लक्ष् (क्रि.) खाना।
प्लक्ष (पुं.) बड़ का वृक्ष। द्वीप विशेष।
प्लव (पुं.) उछलना। तरना। कूदना। मेंडक। मेढ़ा। बानर। श्वपच। जलकाक। पाकुड़ का पेड़। कारण्डव पक्षी। शब्द। वैरी। नागरमोथा। खस।
प्लवग (पुं.) बन्दर। मेंडक। सूर्य का सारथी। पक्षी विशेष।
प्लवङ्ग (पुं.) बन्दर। हिरन। वृक्ष विशेष।
प्लवङ्गम (पुं.) बन्दर। मेंडक।
प्लावन (न.) स्नान। बहाव। तूफान।
प्लावित (त्रि.) डूबा हुआ। बहा हुआ। आर्द्र।
प्लि-प्ली (क्रि.) जाना।
प्लीह (पुं.) तिल्ली का रोग। लर्क। फ्लीहा।
प्लु (क्रि.) फरकना। उछल कर जाना।
प्लुत (न.) झपट कर जाना। घोड़े की चाल। ह्रस्व से तिगुने समय में जाने वाला अक्षर।
प्लुष् (क्रि.) जलाना।
प्लुष्ट (त्रि.) जला हुआ।
प्लोष (पुं.) जलन। जलाना।
प्लोत (पुं.) पट्टी। कपड़ा।
प्सा (क्रि.) खाना।
प्सा (सं.) भोजन। भूख।
प्सात (त्रि.) खाया हुआ।
प्सुर (गु.) प्यारा। सुन्दर। साकार। आकार युक्त।

फ

फ (न.) रूखा बोल। फूत्कार। फूँक। झञ्झा वात। जमुहाई। साफल्य। रहस्यमय अनुष्ठान। व्यर्थ की बकवाद। गर्मी। उन्नति।
फक्क् (क्रि.) भूल करना। धीरे-धीरे जाना। पहले ही से (बिना समझे बूझे) कोई मत स्थिर कर लेना।
फक्क (पुं.) खञ्ज। पङ्गु।
फक्किका (स्त्री.) निर्णय के लिये पूर्व पक्ष। छल। डाह। कौमुदी की क्लिष्ट पंक्तियाँ।

"कठिनदीक्षितकौमुदिफक्किका,
दहति छात्रवधूहृदयं सदा।
सुभगरूपधरे सखि कोमुदि,
त्वत्समा न हि वैरिणि मामपि।।"

फट् (अव्य.) योग। विनाश। विध्वंस। तंत्र में प्रायः इस शब्द का प्रयोग होता है। यथा "अस्त्राय फट्"।
फट (पुं.) साँप का फन।
फडिङ्गा (स्त्री.) टीढ़ी।
फण् (क्रि.) जाना। अपने आप उपजना।
फण (पुं.) साँप का फन।
फण-न+धर (पुं.) साँप। शिव।
फणिन् (पुं.) साँप।
फणीश्वर (पुं.) अनन्त। शेष। सर्पराज।
फणिज्झक (पुं.) लता विशेष।
फण्ड (पुं.) पेट। उदर।
फत्कारिन् (पुं.) पक्षी विशेष।
फर (न.) दाल।
फरुबक (न.) बिलहरा। गिलौरीदान।
फर्फरायते (क्रि.) फड़फड़ाना। इधर उधर घूमना। चमकना।
फर्फरीक (पुं.) खुला या फैला हुआ हाथ। छोटी डाली या कल्ला। कोमलता।

फल् (क्रि.) फल का उपजना। फाड़ना। तोड़ना।
फल (न.) लाभ। वृक्ष। का फल। ढाल। कार्य। अभिप्राय। प्रयोजन। जायफल। त्रिफला। तीर का अगला भाग। दान।
फलद (पुं.) वृक्षमात्र। फलदाता।
फलश्रेष्ठ (पुं.) आम का पेड़। अच्छे फलवाला।
फलिन् (त्रि.) फल वाला।
फलेग्रहि (पुं.) ठीक समय। फलने वाला पेड़।
फलोदय (पुं.) लाभ। स्वर्ग। हर्ष।
फल्गु (त्रि.) रम्य। मनोहर। व्यर्थ। गया में एक नदी।
फल्गूत्सव (पुं.) होली का त्योहार।
फल्य (न.) फल लाने वाला। फूल।
फाट् बुलाने का शब्द।
फाटकी (स्त्री.) फिटकरी।
फाणि (पुं.) करम्भ। हलवा। लप्सी। दही और सत्तू। सीरा।
फाणित (न.) कच्ची खाण्ड।
फाण्ट (न.) अनायास बनाया गया। वैद्यक के अनुसार फाँट औषध बनती है, वह फेंटकर (थाली डाल कर चींजें मिला कर घँसवा) बनाई जाती है।
फाण्ड (न.) पेट। उदर।
फाल (न.) हल की नोक। सीमन्त भाग। सिर पर की माँग। भाल। बलराम का नाम। शिव।
फालखेला (स्त्री.) पक्षी विशेष।
फाल्गुन (पुं.) हिन्दू वर्ष का बारहवाँ मास। अर्जुन का नाम। वृक्ष विशेष।
फाल्गुनी (स्त्री.) नक्षत्र विशेष। फागुन की पूर्णिमा।
फि (पुं.) दुष्टजन। गप्प। क्रोध।
फिङ्गक (पुं.) काँटेदार पूँछ वाला पक्षी विशेष।
फिरङ्ग (पुं.) योरुप। फिरङ्गियों का देश। गर्मी। आतशक।
फु (पुं.) मंत्रोच्चारपूर्वक फूँकना।
फुक (पुं.) पक्षी विशेष।
फुट (त्रि.) विदीर्ण। फटा हुआ। साँप का फन।
फुप्फुस (पुं.) फेफड़ा।
फुल्ल् (क्रि.) खिलना।
फुल्ल (त्रि.) खिला हुआ। पुष्प। फल।
फुल्लरीक (पुं.) जिल्त। जगह। सर्प।
फेटकार (पुं.) चींख।
फेण-न (पुं.) फेन। झाग। थूक। बर्फ।
फेर } (पुं.) श्रृगाल। गीदड़।
फेरण्ड }
फेरव (पुं.) श्रृगाल। गीदड़। राक्षस। धूर्त।
फेरु (पुं.) श्रृगाल।
फेल् (क्रि.) जाना।
फल-ला (न.स्त्री.) उच्छिष्ट। जूठा।

ब

ब (पुं.) बुन्ना। बोना। वरुण। घड़ा। योनि। समुद्र। जल। गमन। तन्तु सन्तान। सूचन।
बढ् (क्रि.) बढ़ना। उगना। दृढ़ करना।
बंहिष्ठ (त्रि.) बहुत ही।
बंहीयस् (त्रि.) अतिशय। बहुत ही।
बकुर (त्रि.) भयानक। बिजली।
बकुल (पुं.) वृक्ष विशेष। मौलसिरी।
बकेरुका (स्त्री.) छोटी जाति का सारस। हवा के झोके से झुकी वृक्ष की डाली।
बकोट (पुं.) हंस। सारस।
बटु (पुं.) बालक। छोकरा।
बडवा (स्त्री.) घोड़ी। अश्विनी। दासी। गोली।
बडवाग्नि (पुं.) समुद्री आग।
बडवासुत (पुं.) अश्विनीकुमार। घोड़ी का बच्चा। बछेड़ा।
बडि-लि+श (न.) मछली का काँटा।
बण् (क्रि.) शब्द करना।
बणिक्पथ (पुं.) हाट। मण्डी।
बणिग्भाव (पुं.) व्यापार।
बणिज (पुं.) व्यापार।
बत (अव्य) दुःख। शोक। दया। हर्ष। सन्तोष।
बद् (क्रि.) बोलना।
ब-व+दरी } (स्त्री.) बेर का पेड़। कपास।
ब-व+दर } (न.)
ब-व+दरिकाश्रम (पुं.न.) बेर के पास वाला

एक आश्रम। हिमालय पर्वत पर तीर्थ विशेष। श्रीबद्रीनाथ। उत्तर दिशा का प्रधान तीर्थ।

बद्धमुष्टि (त्रि.) कृपण। कञ्जूस। तङ्गखर्च।

बद्धशिख (पुं.) शिशु। बँधी चोटी वाला।

बध (क्रि.) मारना। हनन करना।

बधिर (त्रि.) बहरा।

बधू (स्त्री.) नारी। बहू। औरत।

बधूटी (स्त्री.) अल्पवयस्का स्त्री।

बध्य (त्रि.) मारने योग्य।

बध्यभूमि (स्त्री.) मारने का स्थान। फाँसी लटकाने का या हिंसा का स्थान।

बध्र (न.) सीसा। चमड़े की रस्सी।

बन् (क्रि.) माँगना।

बन्ध् (क्रि.) बाँधना।

बन्ध (पुं.) रोक। शरीर। आधि।

बन्धक (पुं.) विनिमय। गिरवी रखी हुई वस्तु। व्यभिचारिणी स्त्री।

बन्धन (न.) बाँधना। मारना। रस्सी।

बन्धनस्तम्भ (पुं.) कीला। खूँटा।

बन्धनवेश्मन् (न.) जेलखाना।

बन्धु (पुं.) मित्र। भाई। इष्ट। मामा का पुत्र आदि। एक वृक्ष विशेष।

बन्धुता (स्त्री.) भाईचारा। मित्रता।

बन्धुर (न.) मुकुट। स्त्रीचिह्न। तिलों का चूरा। बहिरा। डोरा। हंस। बगला। मनोहर। नम्र। ऊँचा-नीचा। (स्त्री.) वेश्या। सत्तू।

बन्ध्य (पुं.) निष्फल। बेफल। पुत्ररहित स्त्री। बाँझ।

बभ्र (क्रि.) जाना।

बभ्रवी (स्त्री.) दुर्गा का नाम।

बभ्रु (त्रि.) ललोहा भूरा। (पुं.) गञ्जा। अग्नि। एक यादव का नाम। शिव। विष्णु। चातक पक्षी। महतर। भङ्गी। एक देश का नाम। पीला रंग। पीले रंग वाला।

बभ्रुधातु (पुं.) सोना। धतूरा। गेरू। लाल मिट्टी।

बभ्रुवाहन (पुं.) अर्जुनपुत्र, जो चित्राङ्गदा से हुआ था।

बम्ब् (क्रि.) जाना।

बम्भर (पुं.) मधुमक्खी।

बम्भराली (स्त्री.) मक्खी।

बर (न.पुं.स्त्री.) कुङ्कुम। अदरक। जामाता। धूर्त। यार। गुडूची। त्रिफला। मेदा। ब्राह्मी। हल्दी।

बरट (पुं.) अन्न विशेष।

बर्ब् (क्रि.) जाना।

बर्बट (पुं.) राजभाषा।

बर्बटी (स्त्री.) राजमाष। वेश्या।

बर्वणा (स्त्री.) नीले रङ्ग की मक्खी।

बर्बर (पुं.) जङ्गली। नीच। मूर्ख।

बर्बुर (पुं.) बबूर का पेड़।

बर्स (पुं.) गाँठ। बिन्दु। सिरा।

बर्ह् (क्रि.) बोलना। देना। ढकना। चोटिल करना। मारना। नाश करना। बिछाना।

बर्ह (न.) मोर की पूँछ। किसी पक्षी की पूँछ। पत्र। भीड़।

बर्हण (न.) पत्र। पत्ता।

बर्हि (पुं.) अग्नि। कुश।

बर्हिण (पुं.) मोर।

बल् (क्रि.) जीना। नाज एकत्र करना। देना। चोटिल करना। मारना। बोलना। देखना। चिह्न करना। निरूपण करना। पालना।

बल (न.) सेना। सामर्थ्य। मुटाई। गन्धरस। वीर्य। रूप। शरीर। पत्र। लाल। बल वाला। काक। बलदेव। वरुणावृक्ष। दैत्य विशेष।

बलक्ष (पुं.) बलक्षयकारी। सफेद रङ्ग।

बलद (पुं.) बलदाता। अग्नि विशेष।

बलदेव (पुं.) बलराम। श्रीकृष्ण का बड़ा भाई।

बलभद्र (पुं.) बलदेव। गवय। (बनरोझ)।

बलराम (पुं.) रोहिणीनन्दन। बलदेव।

बलवत् (अवय.) अतिशय। बहुत बल वाला। ताकतदार। दृढ़। मजबूत।

बलविन्यास (पुं.) सेना की रचना विशेष। व्यूह।

बलशालिन् (त्रि.) बल वाला।

बलसूदन (पुं.) इन्द्र। बल दैत्य को मारने वाला।

बला (स्त्री.) बल वाली। अस्त्रविद्या विशेष जो विश्वामित्र ने राम को दी थी।

बलाका (स्त्री.) बक भेद। प्रणयिनी।
बलाट (पुं.) मूँग।
बलात् (अव्य.) अचानक। जबरदस्ती।
बलात्कार (पुं.) जबरदस्ती करना।
बलानुज (पुं.) श्रीकृष्ण। बलराम का छोटा भाई।
बलाय (पुं.) बल का स्थान। वरुण वृक्ष।
बलराति (पुं.) इन्द्र।
बलासक (पुं.) आँख की सफेदी में पीला चिट्टा। रोग विशेष।
बलाह (न.) पानी।
बलाहक (पुं.) बादल। पर्वत। प्रलय के सात बादलों में से एक। विष्णु के चार घोड़ों में से एक।
बलि (पुं.) पूजा की भेंट। कर। उपद्रव। चामरदण्ड। चौरी। भूतयज्ञ। दैत्य का नाम। सकुड़न। छप्पर की बाढ़।
बलिध्वंसिन् (पुं.) विष्णु का वामन अवतार।
बलिन् (त्रि.) बलि वाला। बुढ़ापे के कारण ढीले चमड़े वाला।
बलिपुष्ट (पुं.) काक। काक-बलि खा कर पुष्ट।
बलिभुज् (पुं.) काक। कौआ। काकबलि का भोक्ता।
बलि-ली+मुखः (पुं.) बन्दर।
बलिष्ठ (त्रि.) बहुत बल वाला। ऊँट।
बलिसद्मन् (न.) पाताल।
बलीक (पुं.) छप्पर की बाढ़।
बलीन (पुं.) बिच्छू।
बलीयस् (त्रि.) बहुत बल वाला।
बलीवर्द (पुं.) बैल।
बल्यम् (न.) प्रधान धातु। शुक्र। लता विशेष।
बल्वज-जा (पुं.स्त्री.) एक प्रकार की मोटी घास।
बाल्हिका (पुं.) एक देश का नाम।
बव (पुं.) कर्ण। दिन का प्रथम विभाग (ज्योतिष के अनुसार) ।
बष्कय (न.) पूरी उम्र का (यथा बछड़ा)।
बस्त (पुं.) बकरा।
बहुल (न.) बहुत। बड़ा। दृढ़। घना। कड़ा। (पुं.) पौड़ा। (स्त्री.) बड़ी इलायची।
बहिस् बाहिर। बाहिरी। पृथक्।
बहिष्कार (पुं.) निकास। त्याग। जातिच्युत करना।
बहु (त्रि.) विपुल। बहुत। (यह वहु भी होता है)।
बहुत्वच् (पुं.) भोजनपत्र का पेड़।
बहुप्रज (त्रि.) शूकर। मूञ्ज।
बहुमञ्जरी (स्त्री.) तुलसी का वृक्ष।
बहुमल (पुं.) सीसा।
बहुरूप (पुं.) धुना। विष्णु। हिरणगर्भ। शिव। कामदेव।
बहुल (त्रि.) अनेक संख्या वाला। प्रचुर।
बहुब्रीहि (त्रि.) बहुत से धान वाला। व्याकरण का एक समास भेद।
बहुशस् (अव्य.) अनेक बार। कई बार।
बहुशल्य (पुं.) लाल कत्थे का पेड़। अनेक कीलों वाला।
बहुसूति (स्त्री.) बहुत सन्तान वाली।
बह्वृच (पुं.) ऋग्वेद। सूक्त।
बाडव (न.) बहुत घोड़े। ब्राह्मण। और्व। समुद्र का अग्नि।
बाडवेय (पुं.) अश्विनीकुमार।
बाडव्य (न.) विप्र समुदाय।
बाडीर (पुं.) नौकर। कुली।
बाढ (न.) दृढ़। बहुत। उच्च। अवश्य। हाँ। बहुत अच्छा।
बाण (पुं.) तीर। गौ का थन। विरोचन पुत्र। कवि विशेष। बाण का पर।
बाणि-णी (स्त्री.) कपड़े बुनने की क्रिया। वाक्य। बोली। सरस्वती।
बादरायण (पुं.) वेदव्यास। बेर के वननिवासी।
बादरायणि (पुं.) व्यासपुत्र। शुक्रदेव।
बाधृ (क्रि.) रोकना। कष्ट उठाना।
बाध (पुं.) रोक। दर्द। उपद्रव।
बाधक (त्रि.) रोकने वाला। स्त्रियों के ऋतु को रोकने वाला एक रोग विशेष।
बाधिर्य्य (न.) बहिरापन।
बान्धकिनेय (पुं.स्त्री.) कुलटा स्त्री की सन्तान।
बान्धव (पुं.) सम्बन्धी। कुटुम्बी। विशेष कर पिता और माता के सम्बन्ध वाले।
बाभ्रवी (स्त्री.) दुर्गा देवी का नाम।
बाभ्रुक (पुं.) भूरा। चित्ता।

बार्पटीर (पुं.) टीन। अङ्कुर। वेश्यापुत्र। आम फल की गुठली।

बार्हद्रथ (पुं.) जरासन्ध का नाम।

बार्हस्पत (पुं.) बृहस्पति का शिष्य।

बार्हिण (पुं.) मोर का।

बाल (पुं.न.) छोटा। नया। अज्ञ। हाथी व घोड़े की पूँछ। नारियल। पाँच वर्ष का हाथी।

बालक (पुं.न.) गन्धवाला द्रव्य। बच्चा। १६ वर्ष के नीचे की उम्र वाला लड़का। कड़ा।

बाल-लि+खिल्य (पुं.) मुनिविशेष बालखिल्य और वालखिल्य एक ही हैं। इनका रूप अँगूठे के सिरे के बराबर और संख्या साठ हजार है। सूर्यनारायण के सन्मुख मुँह किये सूर्य की स्तुति करते हुए ये पीछे की ओर चलते हैं।

बालग्रह (पुं.) बच्चों को कष्ट देने वाले ग्रह। वैद्य-शास्त्र में इनमें अनेक भेद हैं।

बालधि (पुं.) बालों वाली पूँछ।

बालभोज्य (पुं.) बालकों के खाने योग्य। चना। बालभोग। विनियोग। जलपान।

बालव्यजन (न.) चामर। चँवर। छोटा पंखा।

बालहस्त (पुं.) पशुओं की पूँछ।

बाला (स्त्री.) नारियल। हल्दी। घृतकुमारी। बालछड़। षोड़शी स्त्री युवती। सोलह वर्ष की कन्या।

बालि (पुं.) इन्द्रपुत्र। बानरराज।

बालिश (त्रि.) मूर्ख। बच्चा। तकिया।

बालिहन् (पुं.) श्रीरामचन्द्र।

बाली (स्त्री.) कान में पहनने का एक गहना।

बालुका (स्त्री.) रेत। रेणुका।

बालुकी (स्त्री.) एक प्रकार की ककड़ी।

बालूक (पुं.) विष विशेष।

बालेय (पुं.) एक दैत्य। बलि की सन्तान। गधा। नरम।

बालेष्ट (पुं.) दर। बेर। बालकों का प्रिय।

बाल्य (न.) लड़कपन। १६ वर्ष तक की उम्र। मूर्खता।

बाल्हीक (पुं.) एक देश। एक राजा का नाम। केसर। हींग।

बाष्प-स्प (पुं.) भाप। आँसू। गर्मी।

बाह (पुं.) बाँह। घोड़ा।

बाहा (स्त्री.) बाहु।

बाहीक (पुं.) बाहिरी (ाः) पञ्जाबी। बैल।

बाहु (पुं.) भुजा।

बाहुज (पुं.) क्षत्रिय।

बाहुत्र (पुं.न.) अस्त्र की चोट बचाने के लिये बाहु में बँधा हुआ चमड़ा या लोहा।

बाहुमूल (न.) काँख। बगल। मुड्ढा।

बाहुयुद्ध (न.) मल्लयुद्ध।

बाहुल (पुं.) वह्नि। आग। कार्तिक मास। कृत्तिका का स्वामी।

बाह्य (त्रि.) बाहिरी।

बाहुलेय (पुं.) कार्तिकेय। महादेव का बड़ा पुत्र।

बिट् (क्रि.) चिल्लाना। शपथ खाना। शाप देना।

बिटक (पुं.) फोड़ा।

बिठ (न.) आकाश।

बिड (न.) एक प्रकार का नमक।

बिडाल (पुं.) आँख की पुतली। (ी) बिल्ली।

बिडालक (पुं.) बिल्ला।

बिडौजस् (पुं.) इन्द्र का नाम।

बिद् (क्रि.) अलग करना। चीरना।

बिन्दवि (पुं.) बून्द।

बिन्दु (पुं.) बून्द।

बिब्बोक (पु.) क्रोध। भावभङ्गी।

बिभित्सा (स्त्री.) भीतर घुसने या छेद करने की इच्छा।

बिभीषक (गु.) डरावना। भयदायी।

विभीषण (पुं.) रावण का छोटा भाई।

बिभीषिका (स्त्री.) भय। डरावना। डराने वाली वस्तु।

बिभ्रक्षु (गु.) नाशकारी।

बिम्ब (न.) सूर्य की गोलाई। मूर्ति। छाया। दर्पण। घड़ा।

बिल् (क्रि.) फाड़ना। अलग करना।

बिल्म (न.) शिरस्त्राण। गड़ी।

बिल्ल (न.) बढ़ा। आलबाल। हींग का पौधा।

बिल्व (पुं.) बेल का वृक्ष।

बिस् (क्रि.) जाना। उसकाना। फेंकना। उगना। चीरना।

बिस्त (पुं.) सुवर्ण की तौल विशेष।
बिल्हण (पुं.) कवि विशेष। जिसने विक्रमाङ्कदेवचरित की रचना की।
बीज (न.) बीजा। कीट। उद्गम स्थान। वीर्य। गणित विशेष। मंत्र के विशेष अक्षर। सत्य। वृक्ष विशेष।
बीभत्स (त्रि.) घृणित। पापी। निष्ठुर। रस विशेष।
बीरिट (पुं.) वायु। भीड़।
बुक्क् (क्रि.) भूखना। बात करना। बोलना।
बुक्क (न.) हृदयपिण्ड। हृदय।
बुट् (क्रि.) चोटिल करना। मार डालना।
बुड् (क्रि.) छिपाना। ढकना।
बुद् (क्रि.) पहचानना। जानना।
बुद्ध (त्रि.) ज्ञात। जाना हुआ। जागा हुआ। (पुं.) भगवान् का नवाँ अवतार।
बृद्धि (स्त्री.) ज्ञानशक्ति।
बुद्बुद (न.) बुलबुला। बलबूला।
बुध् (क्रि.) जानना। समझना। विचारना।
बुध (पुं.) पण्डित। बार का नाम। देव विशेष। चतुर। दक्ष। समझदार।
बुधरत्न (न.) पन्ना।
बुधाष्टमी (स्त्री.) बुधबार सहित अष्टमी।
बुधित (त्रि.) ज्ञाता। जाना हुआ।
बुध्न (न.) वृक्षमूल। शिव। शरीर।
बुभुक्षा (स्त्री.) भूख। क्षुधा।
बुभुक्षित (त्रि.) भूखा।
बुभुत्सा (स्त्री.) जानने की इच्छा। हैरानी। अद्भुत।
बल् (क्रि.) डूबना। डुबोना।
बुलि (स्त्री.) डर। भय।
बुल्व (गु.) बाँका। तिरछा।
बुस् (क्रि.) छोड़ना। निकालना। बाँटना।
बुस (न.) भूँसी। सूखा गोबर। धन। खट्टा गाढ़ा दही। पानी।
बुस्त् (क्रि.) मान करना। प्रतिष्ठा करना।
बुस्त (न.) छिलका। भुजा हुआ मांस।
बृंह् (क्रि.) उगना।
बृह् (क्रि.) बढ़ना। उगना।
बृहत् (गु.) बड़ा।
बृहस्पति (पुं.) देवगुरु। बार का नाम।
बेकनाट (पुं.) सूदखोर।
बेड़ा (सं.) नाव।
बेहृ (क्रि.) प्रयत्न करना।
बैडालव्रत (सं.) दम्भ। ढोंग।
बोध (पुं.) ज्ञान।
बोधकर (पुं.) भाट। जताने वाला।
बोधन (न.) विज्ञापन। जागरण।
बोधनी (स्त्री.) पीपल। देवोत्थान एकादशी। कार्तिक शुक्ल एकादशी।
बोधि (पुं.) पीपल का पेड़। जानने वाला।
बौद्ध (न.) बुद्धदेव के अनुयायी। उनके शास्त्र।
बोधायन (पुं.) एक प्राचीन लेखक।
व्युष् (क्रि.) छोड़ना। जुदा करना।
ब्रण (क्रि.) शब्द करना। बोलना।
ब्रतति (स्त्री.) लता। बहुत फैलाव।
ब्रघ्न (पुं.) सूर्य्य। आक का पौधा। शिव। पेड़ की जड़। घोड़ा। तीर की नोक।
ब्रह्मन् (सं.) परमात्मा। प्रशंसा का गीत। धर्मग्रन्थ। वेद। ओंकार। ब्राह्मण। ब्राह्मी शक्ति। धन। भोजन। सत्य।
ब्रह्मकूर्च (न.) व्रत विशेष।
ब्रह्मचर्य (न.) द्विजाति के लिये प्रथम आश्रम। मैथुनराहित्य। इन्द्रियनिग्रह।
ब्रह्मचारिन् (पुं.) ब्रह्मचारी। जितेन्द्रिय।
ब्रह्मज्ञ (न.) परमात्मा का ज्ञान रखने वाले। ब्रह्मवेत्ता। वेदज्ञ।
ब्रह्मण्य (न.) ब्राह्मण और वेदों का रक्षक। विष्णु।
ब्रह्मतीर्थ (न.) पुष्पकरराज। कमल की जड़।
ब्रह्मत्व (न.) ऋत्विग्विशेष। ब्रह्मा का धर्म। निर्विकार ब्रह्म की प्राप्ति।
ब्रह्मदण्ड (पुं.) ब्राह्मण से वसूल किया गया जुर्माना। ब्रह्मशाप। ब्राह्मण की लकड़ी।
ब्रह्मदाय (पुं.) समावृत विप्र को देने योग्य धन।
ब्रह्मनाल (न.) ब्रह्म में विश्राम। परमानन्द।
ब्रह्मपुत्र (पुं.) विष। एक नद। एक क्षेत्र। (स्त्री.) सरस्वती नदी।
ब्रह्मपुरी (स्त्री.) हृदय। सत्यलोक। काशी।

ब्रह्मभूय (न.) ब्रह्मपन। ब्रह्म के साथ मिलन।
ब्रह्मयज्ञ (पुं.) पञ्चयज्ञों में एक प्रधान यज्ञ। जिसमें श्रीविष्णु की स्तुति की जाती है। वेद का पढ़ना और पढ़ाना।
ब्रह्मरन्ध्र (न.) खोपड़ी के भीतर का छेद।
ब्रह्मराक्षस (पुं.) जो ब्राह्मण का सर्वस्व छीनता है। वह ब्रह्मराक्षस होता है-
"अपहृत्य च विप्रस्वं, भवति ब्रह्मराक्षसः।"
ब्रह्मर्षि (पुं.) वशिष्ठादि ऋषि।
ब्रह्मलोक (पुं.) सत्यलोक।
ब्रह्मवर्चस् (न.) वेदाध्ययन से उत्पन्न हुआ तेज। ब्रह्मतेज, जिसके बल से वशिष्ठ ने विश्वामित्र को हराया था और विश्वामित्र ने कहा था-
"धिग्बलं क्षत्रियबलं, ब्रह्मतेजोबलं बलम्।
अतस्तत्साधयिष्यामि,यद्वै ब्रह्मत्वकारणम्।।"
ब्रह्मवादिन् (पुं.) वेदपाठक। ब्रह्म का निरूपण करने वाला।
ब्रह्मविद्या (स्त्री.) वेदान्तदर्शन।
ब्रह्मबिन्दु (पुं.) वेदाध्ययन के समय मुख से निकला जलबिन्दु।
ब्रह्मवैवर्त्त (न.) अठारह पुराणों में से एक।
ब्रह्मसंहिता (स्त्री.) वैष्णावाचार द्योतक ग्रन्थ विशेष।
ब्रह्मसायुज्य (न.) मुक्ति विशेष।
ब्रह्मसूत्र (न.) जनेऊ। शारीरिक सूत्र।
ब्रह्महत्या (स्त्री.) ब्राह्मण की हत्या।
ब्रह्महन् (त्रि.) विप्रहत्याकारी।
ब्रह्महुत (न.) गृहस्थों के पाँच यज्ञों में से एक।
ब्रह्माञ्जलि (पुं.) यजुर्वेद पढ़ते समय हाथ से जो स्वर दिया जाता है वह मुद्रा।
ब्रह्माणी (स्त्री.) ब्रह्मशक्ति।
ब्रह्माण्ड (न.) सारा विश्व।
ब्रह्मावर्त्त (पुं.) सरस्वती और दृषद्वती नदियों के बीच का देश। बिठूर।
ब्रह्मासन (न.) ध्यान का आसन विशेष।
ब्राह्म (पुं.) ब्रह्म का। पुराण भेद। विवाह विशेष। राजा का धर्म।
ब्राह्मण (पुं.) परब्रह्म को जानने वाला। वेदज्ञ। चार वर्णों में से प्रथम वर्ण। विप्र।
ब्राह्मणब्रुव (पुं.) जो अपने को केवल उत्पत्ति ही से ब्राह्मण कहता है दूषित आचरण वाला ब्राह्मण।
ब्राह्मण्य (न.) विप्रधर्म।
ब्राह्ममुहूर्त्त (पुं.) अरुणोदय से पूर्व की दो घड़ी।
ब्रू (क्रि.) कहना।
ब्लेष्क (न.) जाल। फन्दा।

भ

भ (न.) नक्षत्र। मेष आदि राशियाँ। (पुं.) शुक्राचार्य। भौरा। भगण। २७ की संख्या। मधुमक्खी। रूप।
भक्किका (स्त्री.) झींगुर।
भक्त (पुं.न.) भक्ति करने वाला। भात। विभक्त।
भक्तदास (पुं.) उदरदास। पन्द्रह प्रकार के दासों में से एक।
भक्तमण्ड (पुं.न.) चावलों का बसाया हुआ पानी। माँड़।
भक्ति (स्त्री.) आराधना। बँटवारा। उपचार। अवयव। रचना। श्रद्धा।
भक्तियोग (पुं.) भक्तिरूपी योग। अनुराग उत्पन्न होने से चित्त का एक ओर लग जाना।
भक्ष् (क्रि.) खाना।
भग (पुं.न.) सूर्य। वीर्य। यश। लक्ष्मी। वैराग्य। योनि। इच्छा। माहात्म्य। यत्न। धर्म। मोक्ष। सौभाग्य। कान्ति। चन्द्रमा।
भगदत्त (पुं.) कामरूप देश का प्रसिद्ध राजा जो महाभारत में लड़ा था।
भगन्दर (पुं.) रोग विशेष।
भगवत् (त्रि.) परमेश्वर। भाग्यवान्। छः प्रकार के ऐश्वर्य वाला।
भगाङ्कुर (पुं.) बवासीर के मस्से।
भगिनी (स्त्री.) बहिन। सोदरा।
भगीरथ (पुं.) सूर्य्यवंशी राजा दिलीप का पुत्र, जिसने तपस्या का गङ्गा को प्रसन्न किया और उन्हें इस लोक में प्रवाहित किया।
भग्न (त्रि.) टूटा फूटा। पराजित।
भग्नप्रक्रम (पुं.) अलङ्कार कथित काव्य का दोष विशेष।

भङ्ग (पुं.) पराजय। हार। खण्ड। तिरछापन। भय। डर। पत्ररचना विशेष। जाना। पानी का निकास। सन। भाँग (स्त्री.)।

भङ्गिनी (स्त्री.) विच्छेद। कौटिल्य। विन्यास। लहर। भेद। बहाना।

भङ्गुर (त्रि.) कुटिल। स्वयं टूटने वाला। नदियों का घुमाव।

भङ्गय (न.) भाँग का खेत।

भज् (क्रि.) बाँटना। सेवा करना। पकाना। देना।

भजमान (त्रि.) बाँटने वाला। सेवक। न्यासपूर्वक प्राप्त धन।

भट् (क्रि.) पालना। बोलना।

भटित्र (न.) कबाब।

भट्ट (पुं.) भाट। स्वामित्व। जाति विशेष। वेदज्ञ। पण्डित। सभी शास्त्रों का अर्थज्ञ।

भट्टार (पुं.) पूज्य। सूर्य।

भट्टारक (पुं.) पूज्य। बहुत पढ़ा हुआ। नाटक में राजा के लिये भी इस शब्द का प्रयोग होता है।

भट्टिनी (स्त्री.) ब्राह्मणी। नाटक की अकृताभिषेक रानी।

भड् (क्रि.) बहुत बोलना।

भण् (क्रि.) कहना।

भणिति (स्त्री.) कथन। कहना।

भण्ड (पुं.) गन्दे शब्द बोलने वाला।

भद् (क्रि.) प्रसन्न होना। कल्याण करना।

भदन्त (पुं.) पूजा गया। बौद्ध विशेष।

भद्र (न.) मङ्गल। सोना। मोथा। ज्योतिष का करण विशेष। महादेव। रामचन्द्र। बलदेव। सुमेरु। (स्त्री.) ज्योतिष में २या, ७मी और १२शी तिथियाँ। (त्रि.) साधु। श्रेष्ठ।

भद्रज (पुं.) इन्द्रजौ।

भद्रतुरग (न.) जम्बूद्वीप के नव वर्षों में से एक, जहाँ अच्छे घोड़े पाये जाते हैं।

भद्रपदा (स्त्री.) पूर्वा और उत्तरा भाद्रपदा नक्षत्र।

भद्रश्रय (न.) चन्दन रस। सन्दल का वृक्ष।

भद्रासन (न.) राजसिंहासन। नृपासन।

भय (न.) भय। डर।

भयङ्कर (त्रि.) डरावना। रस विशेष।

भयानक (पुं.) डरावना। भेड़िया। राहु। रस विशेष।

भर (पुं.) अतिशय। बहुत। पालन करने वाला।

भरण (न.) पोषण। मजूदरी। पकड़ना। (स्त्री.) घोष लता।

भरणयभुज् (त्रि.) मजदूर। वैतनिक कर्मचारी।

भरत (पुं.) जड़भरत नामक मुनि विशेष। नाट्यशास्त्र और अलङ्कारशास्त्र के निर्माता। भील। उरजी। खेत। जुलाहा। राम के भाई जिनका जन्म कैकेयी के गर्भ से हुआ था। नट। दुष्यन्तपुत्र भरत। एक वह राजा जिनके कारण यह वर्ष भारतवर्ष कहा जाता है।

भरतखण्ड (न.) जम्बूद्वीप के नव टुकड़ों में से एक, जिसे भरत ने प्रसिद्ध किया। भारतवर्ष।

भरतवर्ष (न.) भारतवर्ष। भारतखण्ड।

भरताग्रज (पुं.) भरत के बड़े भाई श्रीरामचन्द्र।

भरद्वाज (पुं.) मुनिविशेष। पक्षीभेद।

भर्ग (पुं.) शिव। चमकने वाला पदार्थ। तेज। सूर्यान्तर्गत ईश्वरीय तेज। प्रकाश।

भर्तृ (पुं.) मालिक। पति। राजा। धाता।

भर्तृदारक (पुं.) राजा का पुत्र।

भर्तृहरि (पुं.) विक्रमादित्य का बड़ा भाई। एक राजा।

भर्त्स (क्रि.) झिड़कना। तिरस्कार करना।

भर्त्सन (न.) तिरस्कार युक्त वचन।

भर्म् (क्रि.) मारना।

भर्म (न.) सुवर्ण। मजदूरी। नाभि। भार। घर। सहारा। पालना।

भर्व् (क्रि.) मारना।

भल (क्रि.) मारना।

भल्ल् (क्रि) देना। वध करना। निरूपण करना।

भल्ल (पुं.) रीछ। भालू। अस्त्र विशेष।

भव (पुं.) जन्म। उत्पत्ति।

भवत् (त्रि.) आप।

भवादृश (त्रि.) आपके समान।

भवानी (स्त्री.) पार्वती। दुर्गा।

भवितव्य (न.) अवश्य होने वाला।

भवितव्यता (स्त्री.) भाग्य। अदृष्ट। होनहार।

भविष्णु (त्रि.) होनहार। भवितव्यता।
भविष्यत् (पुं.) आने वाला समय।
भव्यः (त्रि.) सुन्दर। होनहार। मङ्गल। शुभ। सत्य। योग्य।
भष् (क्रि.) भोंकना।
भषक (पुं.) कुत्ता।
भस् (क्रि.) चमकना।
भस्त्रा (स्त्री.) फुंकनी। धौकनी। मसक।
भस्मक (न.) रोग विशेष जिसके कारण बहुत सा खाने पर भी भूख बनी ही रहती है।
भस्मन् (न.) शिवजी की विभूति।
भस्मसात् (अव्य.) पूरी तरह भस्म कर डालना।
भादीप्ति (क्रि.) चमकना।
भा (स्त्री.) चमकना। प्रकाश।
भाग (पुं.) बाँट। अंश। चाही गयी। एक देश। भाग्य राशि का तीसवाँ भाग।
भागधेय (न.) राजा का कर। सपिण्ड।
भागवत (त्रि.) अठारह पुराणों में से एक पुराण। भगवद्भक्त। वैष्णव। भगवत्सम्बन्धी।
भागशस् (अव्य.) एक-एक भाग का दान।
भागहर (त्रि.) अंशग्राही। उत्तराधिकारी।
भागिन् (त्रि.) हिस्सेदार।
भागिनेय (पुं.) भानजा।
भागीरथी (स्त्री.) गङ्गा।
भागुरि (पुं.) धर्मशास्त्र और व्याकरण का बनाने वाला एक मुनि विशेष।
भाग्य (न.) अदृष्ट। हिस्सेदार।
भाङ्गीन (न.) भाँग का खेत।
भाज् (क्रि.) पृथक् करना।
भाजन (न.) पात्र। बर्तन। योग्य। आसरा।
भाज्य (त्रि.) बाँटने योग्य।
भाटक (न.) भाड़ा। किराया।
भाण (पुं.) दृश्य काव्य विशेष।
भाण्ड (न.) पात्र। बर्तन। भाण्डार। पूञ्जी। नक्काल। नदी के दोनों तटों का बीच।
भाण्डारिन् (पुं.) भण्डारी।
भाण्डिवाह (पुं.) नाई।
भाति (स्त्री.) चमक। मनोहरता।
भाद्र (पुं.) चैत से ६वाँ मास। पूर्व और उत्तर भाद्रपद नक्षत्र।
भाद्रमातुर (पुं.) सती का पुत्र।
भानु (पुं.) आक का पौधा। सूर्य। किरन। स्वामी। राजा।
भानुमत् (पुं.) सूर्य।
भानुमति (स्त्री.) राजा विक्रमादित्य की रानी।
भाम् (क्रि.) क्रोध करना।
भाम (पुं.) सूर्य। रोष वाली स्त्री।
भामिनी (स्त्री.) स्त्रीमात्र। विशेष कर वह स्त्री जो रोष करती है।
भार (पुं.) बोझा। आठ हजार तोले की तौल।
भारत (न.) वेदव्यास रचित इतिहास का महाग्रन्थ।
भारती (स्त्री.) सरस्वती। पक्षी विशेष। अलङ्कार की एक प्रकार की वृत्ति। संस्कृत भाषा।
भारद्वाज (पुं.) भरद्वाजगोत्री। द्रोणाचार्य। अगस्त्य मुनि। पक्षी विशेष। वृहस्पतिपुत्र। बनैला कपास।
भारयष्टि (स्त्री.) बोझ उठाने का डण्डा। खूँटी।
भारवाह (पुं.) बोझ उठाने वाला।
भारवि (पुं.) किरातार्जुनीय काव्य का रचयिता कवि।
भारक (पुं.) बोझ उठाने वाला। मजूर।
भार्गव (पुं.) शुक्राचार्य। परशुराम। तीरन्दाज। हाथी। वेद की एक विद्या विशेष। (स्त्री.) पार्वती। लक्ष्मी। दूब।
भार्य्या (स्त्री.) विधिपूर्वक विवाही गयी स्त्री। पत्नी।
भाल (न.) ललाट। मस्तक। माथा।
भालदर्शन (न.) सिन्दूर।
भालनेत्र (पुं.) शिवजी। जिनके मस्तक में नेत्र हो।
भालाङ्क (पुं.) एक प्रकार का साग। अस्त्र विशेष। सण्डासी। रोहू मछली। महापुरुष के चिह्न वाला। शिव। कछुआ। भाग्यवान् मनुष्य।
भालु-लू+क (पुं.) रीछ।
भाव (पुं.) पसीना। कम्प। साध्य। सिद्ध वा क्रिया रूपी धातु का अर्थ। अनुराग। आशय। अस्तित्व। दशा। परिस्थिति।

भावक (पुं.) मन का विकार। पदार्थ को सोचने वाला। उत्पादक।
भावत्क (पुं.) आपका।
भावना (न.) चिन्ता। ध्यान। पर्य्यालोचना। चिकित्सा शास्त्र में दवाइयों का संस्कार विशेष।
भावबोधक (पुं.) शरीर की चेष्टा। मुख का सुर्ख होना।
भावानुगा (स्त्री.) छाया। टीका। आशय के पीछे जाने वाली।
भावित (त्रि.) साफ। चिन्तित। प्राप्त। पैदा किया। स्वीकृत। बाहिर हुआ।
भाविनी (स्त्री.) स्त्री विशेष जिसके मन में किसी प्रकार की चिन्ता है। साधारणतः स्त्री मात्र।
भावुक (न.) होनहार। फलाफूला। प्रसन्न। शुभ। काव्य की रुचि रखने वाला। (पुं.) (नाटक में) बहनोई।
भाष् (क्रि.) बोलना।
भाषा (स्त्री.) बोली। प्रतिज्ञासूचक वाक्य।
भाषापाद (पुं.) अभियोग। दावा।
भाषित (न.) कहा हुआ।
भाष्य (न.) सूत्रों का व्याख्यान ग्रन्थ, जैसे- व्याकरण पर पातञ्जल, ब्रह्मसूत्र भाष्य आदि।
भास् (क्रि.) चमकना।
भास (पुं.) चमक। गोष्ठ। कुत्ता। शुक्र।
भासुर (त्रि.) चमकने वाला। स्फटिक। वीर। (पुं.) कुष्ठ की दवा।
भास्कर (पुं.) सूर्य। अग्नि। वीर। आक का पेड़। सिद्धान्तशिरोमणि ग्रन्थ का निर्माता।
भास्करप्रिय (पुं.) पद्मरागमणि।
भास्वर (त्रि.) सूर्य। दिन। आक। अग्नि (पुं.)।
भास्वत (पुं.) सूर्य। आक का पौधा। वीर। चमकने वाला।
भिक्ष् (क्रि.) लालच करना। क्लेश देना।
भिक्षा (स्त्री.) भीख।
भिक्षाक (त्रि.) सन्यासी। भिखारी।
भिक्षाशिन् (त्रि.) भीख खा कर जीने वाला। भिखारी। संन्यासी।
भिक्षु (पुं.) भिखारी। संन्यासी।
भिक्षुक (पुं.स्त्री.) भीख पर जीने वाला। भिखारी। संन्यासी।
भित्त (न.) दीवार। टुकड़ा।
भित्ति (स्त्री.) दीवार। अवसर। विभागकरण।
भिद् (क्रि.) दो टूक करना। बढ़ाना।
भिदा (स्त्री.) चीर फाड़। विशेष वृद्धि।
भिदुर (न.) वज्र। प्लक्ष वृक्ष। तोड़ने वाला।
भिन्दिपाल (पुं.) अस्त्र विशेष।
भिन्न (पुं.) जुदा किया। फोड़ दिया।
भिन्नाभिन्नात्मन् (पुं.) चने।
भिल् (क्रि.) फाड़ना।
भिल्ल (पुं.) भील।
भिष् (क्रि.) चिकित्सा करना।
भिषग (पुं.) वैद्य। चिकित्सक।
भिस्सटा (स्त्री.) दग्धान्न। सड़ा हुआ अन्न।
भी (क्रि.) डरना।
भी (स्त्री.) भय।
भीति (स्त्री.) भय। कम्प।
भीम (त्रि.) भयानक। महादेव। भीमसेन। (पुं.) अमलतास। (स्त्री.) दुर्गा।
भीमसेन (पुं.) युधिष्ठिर का छोटा भाई।
भीमैकादशी (स्त्री.) ज्येष्ठशुक्ला एकादशी।
भीरु (त्रि.) डरपोक। शतावरी।
भीरुक (पुं.) गीदड़।
भीषण (पुं.) भयानक।
भीष्म (पुं.) गङ्गापुत्र। देवव्रत। भयङ्कर।
भीष्मपञ्चक (न.) कार्तिक शुक्ला ११शी से १५शी तक पाँच तिथियाँ।
भुक्त (त्रि.) खाया हुआ। भोगा हुआ।
भाजनसमुज्झित (त्रि.) अवशिष्ट अन्न जो भोजन के बाद छोड़ा जाता है।
भुक्तिप्रद (पुं.) मूँग।
भुग्न (त्रि.) कुबड़ा।
भुज् (क्रि.) भक्षण करना।
भुज (पुं.स्त्री.) बाहु। क्षेत्र की रेखा विशेष। हाथी की सूँड़। वृक्ष की शाखा।
भुजग (पुं.) साँप। अश्लेषा नक्षत्र।
भुजगान्तक (पुं.) गरुड़। सर्पहन्ता।

भुजङ्ग (पुं.) साँप। जार। आश्लेषा नक्षत्र।
भूजङ्गप्रयात (न.) एक छन्द जिसके प्रत्येक पाद में १२ अक्षर होते हैं।
भुजङ्गम (पुं.) सर्प। साँप।
भुजशिरस् (पुं.) कन्धा।
भुजान्तर (न.) कोख। कुक्षि। गोद।
भुजिष्य (पुं.) दास। रोग। स्वतंत्र। हाथ का डोरा। (स्त्री.) दासी। वेश्या।
भुवन (न.) जगत्। दुनिया। लोग। आकाश। १४ की संख्या।
भुवनकोष (पुं.) भूगोल। ज्योतिष का एक ग्रन्थ।
भुवर् (अव्य.) आकाशस्वरूप दूसरा लोक।
भू (क्रि.) पाना। साफ करना। होना।
भूकेश (पुं.) बड़ का पेड़। सिवार। शैवाल।
भूगोल (पुं.) पृथिवीमण्डल।
भूच्छाया (स्त्री.) पृथिवी की छाया।
भूजम्बू (स्त्री.) गेहूँ। फल विशेष।
भूत (त्रि.) उचित। पृथिवी। तेज। जल। वायु। आकाश। यथार्थ। पिशाच आदि। रूप रस गन्ध आदि विशेष गुण वाले पदार्थ। कुमार। योगियों के राजा। कृष्णपक्ष। सदृश। सत्य। कृष्णा १४ शी।
भूतघ्न (पुं.) भोजनपत्र। लहसन। ऊँट। (स्त्री.) तुलसी।
भूतचतुर्दशी (स्त्री.) यमचतुर्दशी, यह आश्विन कृष्ण और कार्तिक मास की कृष्ण तथा शुक्ल की चतुर्दशी है, इन चतुर्दशियों में यमराज को दीपदान किया जाता है।
भूतधात्री (स्त्री.) पृथिवी।
भूतनाथ (पुं.) भैरव। महादेव।
भूतनाशन (न.) रुद्राक्ष। सरसों।
भूतपक्ष (पुं.) कृष्णपक्ष।
भूतभावन (पुं.) विष्णु। बटुक भैरव।
भूतयज्ञ (पुं.) कौवा आदि जीवों के लिये अन्नदान। पञ्चमहायज्ञों में से गृहस्थ के करने योग्य यज्ञ विशेष बलि-वैश्वदेव।
भूतल (न.) पृथ्वी।
भूतशुद्धि (स्त्री.) शरीर का संस्कार जो मंत्र द्वारा किया जाता है।
भूतहर (पुं.) गुग्गुल।
भूतात्मन् (पुं.) परमात्मा। विष्णु। बटुक भैरव।
भूतावास (पुं.) विष्णु। बहेड़े का पेड़।
भूति (स्त्री.) सम्पत्ति। जाति। अणिमा आदि आठ प्रकार की सिद्धियाँ।
भूदार (पुं.) सूअर।
भूदेव (पुं.) ब्राह्मण
भूधर (पुं.) पहाड़।
भूप (पुं.) नरेश। राजा।
भूपाल (पुं.) राजा। नृपति।
भूभुज् (पुं.) भूपाल। राजा।
भूभृत् (पुं.) पहाड़। राजा।
भूमन् (पुं.) बहुत्व।
भूमि-मी (स्त्री.) पृथिवी। जिह्वा। एक की संख्या।
भूमिका (स्त्री.) रचना। पृथिवी। उपोद्घात। छलने का भेष। मन की अवस्था। सीढ़ी। कक्षा। फर्श।
भूमिज् (पुं.) भूमि का पुत्र। मङ्गलग्रह। नरक दैत्य, इसीका नाम भौमासुर है।
भूमिरुह् (पुं.) वृक्ष।
भूमिष्ठ (पुं.) झुका हुआ।
भूमिस्पृश् (पुं.) वैश्य। झुका हुआ। धरती पर रखा हुआ।
भूमीन्द्र (पुं.) नृप। राजा।
भूयस् (अव्य.) फिर। बहुत ही।
भूयिष्ठ (त्रि.) बहुत ही।
भूर् (पुं.) नीचे के सप्त लोकों में एक। ब्रह्मा का मानसिक पुत्र।
भूरि (पुं.) विष्णु। शिव। इन्द्र (न.) सोना। (त्रि.) प्रचुर।
भूरिगम (पुं.) गधा।
भूरिमाय (पुं.) श्रृगाल। गीदड़।
भूरिशस् (अव्य.) बहुत बार।
भूरिश्रवस् (पुं.) चन्द्रवंशी राजा सोमदत्त का पुत्र। राजा विशेष।
भुर्ज्ज (पुं.) भोजनपत्र का वृक्ष।
भूर्ज्जपत्र (पुं.) भोजनपत्र।
भूष् (क्रि.) सजाना।

भूषण (न.) अलङ्कार। गहना।

भूषा (स्त्री.) सजावट।

भूषित (त्रि.) सजा हुआ।

भूष्णु (त्रि.) होनहार।

भृ (क्रि.) धारण करना। पालना।

भृकुंस-श (पुं.) भौ का इशारा। स्त्री का भेष धारण करने वाला नट।

भृकुटि-टी (स्त्री.) भौं का चढ़ाव उतार। भौं का तिर्छापन।

भृगु (पुं.) मुनि विशेष। जिन्होंने ब्रह्मा, विष्णु और शिव तीनों में बड़े की परीक्षा करने के लिये जा कर विष्णु को लात मारी थी। वह चिह्न "भृगुलता" सदा के लिये हो गया। शङ्कर। शुक्र ग्रह। पहाड़ की चोटी। जमदग्नि। ऊँचा स्थान। भृगुवंशीय।

भृगुलता (स्त्री.) विष्णु के वक्षःस्थल में भृगु के लात मारने का नित्य चिह्न जो भूषण में माना जाता है।

भृगुपति (पुं.) भृगुवंशीय। परशुराम।

भृगुसुत (पुं.) परशुराम। शुक्राचार्य।

भृङ्ग (पुं.) जार। भौंरा। अभरक। पक्षी विशेष।

भृङ्गरिट-टी (पुं.) शिवजी का गणविशेष।

भृङ्गाभीष्ट (पुं.) भौंरे का प्रिय। आम का पेड़।

भृङ्गि (पुं.) शिवजी का गण।

भृज् (क्रि.) भूनना।

भृतक (त्रि.) मजदूर।

भृति (स्त्री.) भरण। पोषण। मजदूरी। मूल्य।

भृतिभुज् (त्रि.) मजदूर। नौकर।

भृत्य (पुं.) दास। नौकर।

भृ-भ्र+मि (पुं.) भँवर। वायुभेद।

भृश् (क्रि.) नीचे गिरना।

भृश (न.) बहुत। अधिक।

भृष्ट (त्रि.) भुना हुआ।

भॄ (क्रि.) भूँजना। झिड़कना। पालना।

भेक (पुं.) मेंडक। भेड़ा। ऋषि विशेष।

भेद (पुं.) जुदा करना। फाड़ना।

भेदक (त्रि.) विदारक। फाड़ने वाला।

भेदन (त्रि.) हींग। अमलतास। विदारण।

भेदित (त्रि.) विदारित। फाड़ा हुआ।

भेद्य (त्रि.) विदार्य। फाड़ने योग्य।

भेरि-री (स्त्री.) बड़ा नगाड़ा या ढोल।

भेल (पुं.) बेड़ा। (गु.) भीरु। मूर्ख। चञ्चल। लम्बा। तीव्र।

भेलक (पुं.) नाव। बेड़ा।

भेष् (क्रि.) डरना। भय खाना।

भेषज (न.) औषध।

भेषजाङ्ग (न.) अनुपान।

भैक्ष (न.) भीख।

भैक्षचर्य्या (स्त्री.) भीख माँगना।

भैमी (स्त्री.) ज्येष्ठशुक्ला ११शी। दमयन्ती।

भैरव (न.) भय। भयानक। रस विशेष। शङ्कर। रागभेद।

भैषज्य (न.) दवाई।

भो (अव्य.) सम्बोधन। हे। अरे।

भोग (पुं.) सुख दुःख का अनुभव। साँप का फन। धन। पोषण। आहार।

भोगदेह (पुं.) प्रेतदेह।

भोगभूमि (स्त्री.) भारतवर्ष।

भोगवती (स्त्री.) पातालगङ्गा।

भोगिन् (पुं.) साँप। राजा। नाई। गाँव का मुखिया। भोगने वाला।

भोगिवल्लभ (पुं.) चन्दन।

भोगीन्द्र (पुं.) अनन्त देव। वासुकि।

भोग्य (न.) धन। धान्य। भोगने योग्य।

भोज (पुं.) भोजराज।

भोजन (न.) आहार। विष्णु का नाम।

भोज्य (त्रि.) खाने योग्य पदार्थ।

भोटाङ्ग (पुं.) भूतान। देश विशेष।

भौतिक (त्रि.) व्याधि।

भौम (त्रि.) मङ्गलग्रह। नरकनामी दैत्य। पानी। प्रकाश। अत्रि ऋषि। (स्त्री) सीता।

भौमरत्न (न.) मूँगा। प्रवाल।

भौमिक (त्रि.) जमींदार।

भौरिक (त्रि.) खजान्ची।

भ्यस् (क्रि.) डरना।

भ्रण (क्रि.) शब्द करना।

भ्रङ्कश-स (पुं.) स्त्री का रूप रख कर नाचने वाला नट।

भ्रकुटि-टी (स्त्री.) भ्रूभङ्ग। भौं चढ़ाना।

भ्रम् (क्रि.) चलना घूमना।

भ्रम (पुं.) मिथ्याज्ञान। पानी के निवास का स्थान। पानी का झरना। कुन्द फूल।

भ्रमण (न.) घूमना।

भ्रमर (पुं.) भौंरा।

भ्रमरक (पुं.) काली अलकें या जुल्फें।

भ्रश् (क्रि.) नीचे गिरना।

भ्रष्ट (त्रि.) गिरा हुआ।

भ्रसज् (क्रि.) पकाना। राँधना।

भ्राज (क्रि.) चमकना।

भ्राजिष्णु (त्रि.) चमकने वाला।

भ्रातृ (पुं.) भाई। सहोदर।

भ्रातृज (पुं.) भतीजा।

भ्रातृव्य (पुं.) भतीजा। शत्रु।

भ्रातृश्वशुर (पुं.) स्वामी का बड़ा भाई। जेठ।

भ्रात्रीय (पुं.) भाई का। भतीजा।

भ्रान्त (न.) मिथ्या ज्ञान वाला। घूमने वाला।

भ्रान्ति (स्त्री.) मिथ्या ज्ञान। भ्रमण।

भ्रान्तिमत् (गु.) घूमने वाला। भूलना। अर्थालङ्कार भेद।

भ्रामक (पुं.) गीदड़। घुमाने वाला।

भ्रामर (न.) शहद। भौंरा सम्बन्धी।

भ्राष्ट (न.) आकाश। कड़ाही।

भ्रुकुंस (पुं.) स्त्री का रूप धर कर नाचने वाला पुरुष।

भ्रुकुटि-टी (स्त्री.) क्रोध में भर कर भौं चढ़ाना।

भ्रू (स्त्री.) भौं।

भ्रूक्षेप (पुं.) भौं का चढ़ाना। कटाक्ष करना।

भ्रूण (पुं.) गर्भ। बालक।

भ्रूणघ्न (त्रि.) गर्भ की हत्या करने वाला।

भ्रेज् (क्रि.) चमकना।

भ्रेष् (क्रि.) पीना। चलना। उचित स्थान से गिरना।

भ्लक्ष् (क्रि.) खाना।

भ्लाश् (क्रि.) चमकना।

म

म (पुं.) चन्द्रमा। शङ्कर। ब्रह्मा। यम। समय। मधुसूदन। विष। विष्णु। गण विशेष। मध्यम स्वर। प्रसन्नता। जल।

मह् (क्रि.) उगना। बढ़ना। देना। बोलना। चमकना।

मक् (क्रि.) सजाना। जाना।

मकर (पुं.) मगर। कामदेव के झण्डे का चिह्न। दसवीं राशि। एक प्रकार के कान का आभूषण। कुबेर के नव कोषों में से एक। व्यूह विशेष।

मकरकुण्डल (पुं.) कान का आभूषण जिसकी बनावट मगरमच्छ जैसी होती है।

मकरकेतन (पुं.) कामदेव। मत्स्यध्वज।

मकरन्द (पुं.) फूल का रस। कुन्द वृक्ष। तरी। कोइल। भौंरा। आम का विशेष सुगन्ध वाला वृक्ष।

मकुट (न.) ताज। मुकुट।

मकुर (पुं.) दर्पण। आईना। बकुल वृक्ष। कुम्हार की लकड़ी। फूल की कली।

मक्क् (क्रि.) जाना।

मक्कल (पुं.) एक प्रकार का भयानक घोड़ा जो तरेट में होता है।

मक्कुल (पुं.) लाल खड़ी। गेरू।

मक्कोल (पुं.) खड़िया। चाक।

मक्ष् (क्रि.) गुस्सा करना। इकट्ठा करना।

मक्षवीर्य (पुं.) प्रियाल का पेड़!

मक्षिका, **मक्षीका** (स्त्री.) मक्खी।

मख् (क्रि.) रिंगना। सरकना। जाना।

मख (पुं.) यज्ञ। (त्रि.) सुन्दर। चालाक।

मग् (क्रि.) सरकना।

मग (पुं.) सूर्योपासक।

मगध (पुं.) पाप या दोष को धारण करने वाला। एक देश विशेष।

मगधेश्वर (पुं.) मगध देश का राजा। जरासन्ध।

मगधोद्भवा (स्त्री.) पीपल।

मघ् (क्रि.) छल करना। सजाना।

मघवत् (पुं.) इन्द्र।
मघवन् (पुं.) इन्द्र।
मघा (स्त्री.) अश्विनी से दसवाँ नक्षत्र।
मङ्क् (क्रि.) चलना। सजाना।
मङ्किल (पुं.) वन की आग।
मङ्कुर (पुं.) दर्पण।
मङ्क्षण (न.) पैरों का कवच।
मंक्षु } मङ्क्षु } (अव्य.) तुरन्त। बहुतसा।
मङ्ख (पुं.) बन्दी।
मङ्ग् (क्रि.) चलना।
मङ्ग (पुं.) नाव का सिरा। जहाज का एक भाग।
मङ्गल (त्रि.) एक ग्रह। प्रशस्त। दुर्गा। कुशा। शुभ।
मङ्गलच्छाया (पुं.) वटवृक्ष।
मङ्गलपाठक (पुं.) स्तुति पाठ करने वाला।
मङ्गलप्रदा (स्त्री.) हल्दी।
मङ्गल्य (न.) सोना। सिन्दूर। दही। बिल्व।
मङ्गल्यक (पुं.) मसूर की दाल।
मङ्गिनी (स्त्री.) नाव। जहाज।
मङ्घ् (क्रि.) सजाना।
मच् (क्रि.) ऊँचा करना। ठगना। अभिमान करना। पूजा करना। पकड़ना।
मचर्चिका (स्त्री.) यह शब्द जब संज्ञावाचक शब्द के पीछे लगता है तो अपनी जाति में अच्छे को सूचित करता है जैसे गोमचर्चिका। प्रशस्त। बहुत अच्छा।
मच्छ (पुं.) यह मत्स्य का अपभ्रंश है। इसका अर्थ है- बड़ी मछली।
मज्जन (न.) स्नान। नहान।
मज्जमुद्भव (न.) शुक्र। वीर्य।
मज्जा (स्त्री.) हड्डियों का सार। वृक्ष का सार अंश।
मज्जाज (न.) गुग्गल।
मज्जारस (पुं.) वीर्य।
मज्जिका (स्त्री.) मादा सारस।
मज्जूषा (स्त्री.) पेटी। डलिया।
मञ्च् (क्रि.) ग्रहण करना। ऊँचा होना। चलना। चमकना। सजाना।
मञ्चः (पुं.) खाट। ऊँचा मण्डप विशेष।
मञ्चिका (स्त्री.) कुर्सी।
मञ्ज् (क्रि.) साफ करना। धोना। शब्द करना।
मञ्जर (न.) फूलों का गुच्छा। मोती। तिलक वृक्ष।
मञ्जरि-री (स्त्री.) नई निकली कोमल पत्तों की वल्लरी। मुक्ता। तुलसी।
मञ्जा (स्त्री.) बकरी। बेल। फूलों का गुच्छा।
मञ्जिका (स्त्री.) रण्डी।
मञ्जिमन् (पुं.) सुन्दरता।
मञ्जिष्ठ (पुं.) चमकीला। लाल।
मञ्जिष्ठा (स्त्री.) मजीठ। बेल विशेष।
मञ्जीर (न.) बिछिया। पायजेब। वह खम्भा जिसमें मक्खन निकालने की रई रस्सी से बाँधी जाती है।
मञ्जील (पुं.) वह गाँव जिसमें अधिकतर धोबी बसते हों।
मञ्जु (त्रि.) सुन्दर। मनोहर।
मञ्जुघोष (पुं.) देवता विशेष। (स्त्री.) अप्सरा।
मञ्जुल (त्रि.) मनोहर। (पुं.) जलरङ्क पक्षी। (न.) निकुञ्ज।
मञ्जूषा (स्त्री.) पेटी। पिटारी।
मट् (क्रि.) नाश होना। निर्बल होना।
मटची } मटती } (स्त्री.) ओला।
मट्टक (न.) छत की मेंड़।
मठ् (क्रि.) रहना। चलना। पीसना।
मठ (पुं.) तपस्वियों के रहने का स्थान। देवमन्दिर। पाठशाला।
मठिका (स्त्री.) मठी।
मड् (क्रि.) सजाना।
मड्डु } मड्डुक } (पुं.) वाक्यभेद। एक प्रकार का बाजा। बड़ा। डमरू।
मण् (क्रि.) बर्राना। अज्ञात शब्द करना।
मणि } मणी } (पुं.स्त्री) रत्न। मट्टी का मटका। सर्वोत्कृष्ट कोई भी वस्तु। लिङ्ग का ऊपरी भाग।
मणिकर्णिका (स्त्री.) काशी का एक तीर्थस्थान।
मणिकूट (पुं.) उत्तर देश का एक पहाड़।
मणित (न.) मैथुन के समय स्त्रियों का धीरे-धीरे अव्यक्त शब्द करना।

मणिपुर (न.) मनीपुर नामक एक नगर या राज्य।
मणिबन्ध (पुं.) हाथ का पहुँचा। सेंधे नमक का पहाड़।
मणिमण्डप (पुं.) मणियों का मण्डप (घर)।
मणिबीज (पुं.) अनार।
मणिसर (पुं.) मणियों का पिरोया हुआ हार।
मणीवः (अव्य.) मणि की तरह।
मण्ड (पुं.न.) सब अन्नों का सार। माँड़। आँवला। (स्त्री.) शराब। (पुं.) अण्डी का पेड़। साग विशेष। मेंडक।
मण्डन (पुं.) गहना। सजाना।
मण्डप (पुं.न.) देवादिगृह। थोड़े दिनों के लिये खड़ा किया गया मण्डवा। खीमा। निकुञ्ज। देवगृह।
मण्डल (न.) गोल आकार का। चार सौ योजन का एक देश। वृत्त। नखाघात। बारह राजाओं का समूह। गोल। चौक यथा गृहमण्डल, सर्वतोभद्र मण्डल। कुत्ता। साँप।
मण्डलनृत्य (न.) चक्र बाँध कर नाचना।
मण्डलाधीश (पुं.) मण्डलेश्वर। चार सौ योजन पर्य्यन्त भूमि का स्वामी।
मण्डलिन् (पुं.) कुड़रियादार साँप। बिल्ला। बड़ का पेड़।
मण्डित (त्रि.) भूषित।
मण्डूक (पुं.) मेंडक। मुनि विशेष।
मण्डूर (न.) लोहे का मैल।
मत (त्रि.) सम्मत। माना गया। ज्ञात। पूजा गया। (न.) आशय। पूजा।
मतङ्ग (पुं.) मेघ। बादल। एक मुनि।
मतङ्गज (पुं.) गज। हाथी।
मतल्लिका (स्त्री.) प्रशस्त। भला।
मति (स्त्री.) ज्ञान। इच्छा। चाह। स्मृति।
मतिभ्रम (पुं.) बुद्धि का फेर।
मतिविभ्रम (पुं.) उन्मादरोग। पागलपन।
मत्क (पुं.) खटमल। मेरा।
मत्कुण (पुं.) खटमल।
मत्कुणारि (पुं.) भाँग।
मत्त (पुं.) दुर्मद। मदयुक्त। प्रसन्न।
मत्तकाशिनी (स्त्री.) उत्तम योषिता। मस्त
मत्तकासिनी स्त्री। साधारण स्त्री।
मत्तमयूर (पुं.) बादल। एक प्रकार का छन्द।
मत्तवारण (पुं.) मस्त। हाथी।
मन्त्र् (क्रि.) गुप्त बात चीत करना।
मत्सर (पुं.) ईर्ष्या। क्रोध। कृपण। (स्त्री.) मक्खी।
मत्स्य (पुं.) मछली।
मत्स्यधानी (स्त्री.) मछली रखने का पात्र।
मत्स्यण्डी (स्त्री.) बिना साफ की हुई
मत्स्यण्डिका खाण्ड। राव।
मत्स्यरङ्क (पुं.) मछरङ्गा एक प्रकार का पक्षी।
मत्स्यराज (पुं.) रोहित मछली। विराट का नाम।
मत्स्यवेधन (न.) मछली फँसाने की बंसी। पानकौड़ी।
मत्स्योदरी (स्त्री.) मत्स्यगन्धा। वेदव्यास की माता। काशी में एक तीर्थ विशेष।
मथ् (क्रि.) बिलोना। मथना। मारना।
मथन (न.) मारना। क्लेश देना। बिलोना।
मथित (त्रि.) हत। मारा गया। बिना पानी का माठा।
मथुरा (स्त्री.) श्रीकृष्ण की जन्मभूमि।
मथूरा प्राचीन शूरसेन देश की राजधानी।
मद् (क्रि.) अभिमान करना। प्रसन्न होना।
मद (पुं.) हाथी के गाल का पानी। आमोद। अहङ्कार। वीर्य। कस्तूरी। मस्ती। कल्याणकारी पदार्थ।
मदकट (पुं.) चीनी। खाण्ड।
मदकल (पुं.) बहुत मस्त। मतवाला हाथी।
मदगन्ध (पुं.) सप्तछद वृक्ष। शराब।
मदन (पुं.) कामदेव। वसन्त। मौसिम।
मदनचतुर्दशी (स्त्री.) चैत्रशुक्ला चतुर्दशी।
मदनमोहन (पुं.) श्रीकृष्ण देव।
मदनावस्था (स्त्री.) उन्मत्त दशा।
मदयित्नु (पुं.) कामदेव। मेघ। कलवार। (त्रि.) मादक। (न.) मदिरा।
मदालापिन् (पुं.) कोइल।
मदिरा (स्त्री.) शराब। लाल कत्था।
मदोत्कट (पुं.) मत्त गज। (स्त्री.) शराब। (त्रि.) मस्त।

मदोदग्र (पुं.) मत्त। (स्त्री.) नारी।
मदोद्धत (त्रि.) मत्त।
मद्गु (पुं.) एक प्रकार का साँप। नौका। जन्तु विशेष। दोगला। बगुला।
मद्य (न.) मदिरा।
मद्र (पुं.) देश विशेष। प्रसन्नता।
मद्वन् (गु.) नशीला। मादक (पुं.) शिव।
मधव्य (पुं.) वैशाख मास।
मधु (न.) शहद। पुष्पराग। शराब। जल। चीनी। मिठाई। सोम रस। एक दैत्य। चैत्र मास। वसन्त ऋतु। अशोक वृक्ष। मुलहठी।
मधु-अष्ठीला (स्त्री.) शहद का छत्ता।
मधु-आधार (न.) मोम।
मधुआम्र (पुं.) आम विशेष।
मधुकार (पुं.) भौरा।
मधुक्षीर (पुं.) खजूर का पेड़।
मधुज (न.) मोम। मधु दैत्य। मेद से उपजी।
मधुजित् (पुं.) विष्णु।
मधुत्रय (न.) शहद, घी और मिश्री।
मधुप (पुं.) भौंरा।
मधुपर्क (न.) दही, घी, पानी, शहद और मिश्री। काँसे के पात्र में रखा शहद और दही।
मधुपुरी (स्त्री.) मथुरा।
मधुमक्षिका (स्त्री.) शहद की मक्खी।
मधुमत् (त्रि.) चित्तवृत्ति विशेष। वेद की तीन ऋचाएँ। तान्त्रिक एक देवी।
मधुयष्टि (स्त्री.) मुलहठी।
मधुर (पुं.) मीठा। मनोहर। (प्रि.) प्रिय। (पुं.) लाल गन्ना। गुड़। धान। जीरा।
मधुरस (पुं.) गन्ना। पानी।
मधुरस्रवा (स्त्री.) पिण्डखजूर।
मधुलिह् (पुं.) भ्रमर।
मधुवन (न.) मथुरा क्षेत्र में एक स्थान विशेष। किष्किन्धा नगरी में सुग्रीव का बगीचा।
मधुवार (पुं.) बारम्बार मद्यपान।
मधुवीज (पुं.) अनार।
मधुशेष (पुं.न.) मोम।
मधुसख (पुं.) कामदेव।
मधुसूदन (पुं.) श्रीकृष्ण। भौंरा। शाक विशेष। पलाँकी का शाक।
मधुस्वर (पुं.) कोकिल। मीठी आवाल।
मधुहन् (पुं.) विष्णु। नारायण।
मधूच्छिष्ट (न.) मोम।
मधूपघ्न (पुं.न.) मथुरा नगरी।
मध्य (पुं.) बीच। कमर। पेट। बीच की अङ्गुली।
मध्यगन्ध (पुं.) आम का फल और पेड़।
मध्यतस् (न.) बीच। बीच से और बीच में
मध्यदेश (पुं.) कमर। हिमालय और विन्ध्याचल का बीच। देश विशेष।
मध्यन्दिन (न.) मध्याह्न। दोपहर। इस नाम की शाखा।
मध्यपदलोपिन् (पुं.) व्याकरण का समास विशेष।
मध्यम (त्रि.) बीच का।
मध्यमक (गु.) बीच का।
मध्यमिका (स्त्री.) लड़की जो ऋतुधर्म की अवस्था को पहुँच चुकी हो।
मध्यमपाण्डव (पुं.) अर्जुन।
मध्यमभृतक (पुं.) किसान। नौकरी पा कर खेती करने वाला।
मध्यमलोक (पुं.) पृथिवी।
मध्यमसंग्रह (पुं.) साधारण झगड़ा, जिसका कारण यह हो कि पराई स्त्री के पास माला मिठाई आदि भेजना।
"प्रेषणं गन्धमाल्यानां धूपभूषणवाससाम्।
प्रलोभनं चान्नपानैर्मध्यमः संग्रहःस्मृतः।।"
तीन प्रकार के दण्ड़ों में से दूसरे प्रकार का दण्ड।
मध्यमसाहस (पुं.) पाँच पण का दण्ड। जोर से कोई कार्य करना। दूसरे के वस्त्रों को फेंकना या फाड़ना।
मध्यमा (स्त्री.) ऋतु वाली स्त्री। बीच की अङ्गुली। कमल की डण्डी। हृदयोद्भवा एक प्रकार की बाणी।
मध्यमाहरण (न.) प्रसिद्ध अव्यक्त मान को बतलाने वाली गणना।
मध्यरात्र (पुं.) निशीथ। आधी रात।

मध्यवर्तिन् (त्रि.) मध्यस्थ। बिचवनिया।
मध्यस्थ (पुं.) बीच में पड़ने वाला।
मध्या (स्त्री.) नायिका विशेष। मध्यमा अङ्गुली। छन्द जिसका पाद तीन अक्षर वाला होता है।
मध्याह्न (पुं.) दोपहर। दिन का बीच।
मध्वक (पुं.) मधुमक्षिका।
मध्वासव (पुं.) मदिरा। शराब।
मध्विजा (सं.) नशीला कोई आसव। मदिरा।
मन् (क्रि.) पूजा करना। अभिमान करना। जानना। विचारना। अनुमान करना। मान करना।
मनःशिला (स्त्री.) लाल रङ्ग की एक धातु। मनसिल।
मनस् (न.) मनसिल। मन।
मनसा (स्त्री.) आस्तीक मुनि की माता। जरत्कारु की पत्नी।
मनसिज (पुं.) कामदेव।
मनसिजय (पुं.) कामदेव।
मनस्कार (पुं.) मन का सुखेच्छु होना।
मनस्ताप (पुं.) पश्चात्ताप। मन की पीड़ा। मानसिक दुःख।
मनस्विन् (त्रि.) अच्छे मन का। धीर। पण्डित। दृढ़ चित्त वाला।
मनाक (अव्य.) थोड़ा। धीरे। थोड़ा सा।
मनाका (स्त्री.) हथिनी।
मनावी-यी (स्त्री.) मनु की स्त्री।
मनित (त्रि.) जाना हुआ।
मनीक (न.) आँख का कीचड़।
मनीषा (स्त्री.) बुद्धि। इच्छा। चाह। समझ। वैदिक सूक्त का गीत।
मनीषिका (स्त्री.) समझ। बुद्धि।
मनीषित् (गु.) चाहा हुआ। अभिलषित।
मनीषिन् (पुं.) पण्डित। बुद्धि वाला।
मनु (स्त्री.) एक प्रजापति। मानव शास्त्र के निर्माता। ब्रह्मा से उत्पन्न।
मनु+अन्तर (मन्वन्तर), (न.) मनु की आयु का ७१ चौगुनी। ब्रह्मा के दिन का चौदहवाँ हिस्सा।
मनुज (पुं.) मनुष्य। मन से उत्पन्न।
मनुजा (स्त्री.) स्त्री।
मनुज्येष्ठ (पुं.न.) तलवार।
मनुश्रेष्ठ (पुं.) विष्णु का नाम।
मनुसंहिता (स्त्री.) मानवधर्मशास्त्र।
मनुष्य (पुं.) आदमी। नर। मनुष्य जाति।
मनुष्यधर्मन् (पुं.) कुबेर। धन के राजा।
मनुष्ययज्ञ (पुं.) अतिथिसत्कार।
मनुष्यलोक (पुं.) विनाशशील देहधारियों का लोक। पृथिवी।
मनुष्यविश् (पुं.) मानव जाति।
मनुष्यशोणित (न.) मनुष्य का रक्त।
मनुष्यसभा (स्त्री.) नरों की सम्मेलनी।
मनुष्यता } (सं.) आदमियत।
मनुष्यत्व } इन्सानियत।
मनोतृ (पुं.) आविष्कारकर्त्ता। प्रबन्धक।
मनोजव (त्रि.) मन के समान वेग वाला। बड़े वेग वाला। (स्त्री.) आग की जीभ।
मनोजवृद्धि (पुं.) कामवृद्धि वृक्ष।
मनोज्ञ (त्रि.) मनोहर। सुन्दर। मनसिल। (स्त्री.) मदिरा।
मनोभव (पुं.) कामदेव।
मनोरथ (पुं.) इच्छा। अभिलाष।
मनोरम (त्रि.) मनोहर। सुन्दर। (स्त्री.) गोरोचना।
मनोहर (त्रि.) मनोरम। रुचिर। सुन्दर। (पुं.) कुन्द का वृक्ष। (न.) सोना।
मञ्ज (क्रि.) पोंछना।
मन्तु (पुं.) अपराध। मनुष्य। प्रजापति।
मंत्र (पुं.) परामर्श। वेद का भाग विशेष। ऋचायें। देवता की सिद्धि के लिये वाक्य समूह विशेष।
मंत्रजिह्व (पुं.) अग्नि।
मंत्रदातृ (पुं.) गुरु।
मंत्रिन् (पुं.) अमात्य। सचिव। दीवान।
मन्थ् (क्रि.) बिलोना। रिड़कना।
मन्थ (पुं.) मथानी। सूर्य। आक का वृक्ष। आँख का कीचर। किरण।
मन्थज (न.) नवनीत। मक्खन।
मन्थन (पुं.) मथनी। रई।
मन्थर (त्रि.) धीमा। मन्द। मूर्ख। सुस्त। टेढ़ा। कोप। सूचक। केश। कोष। ताजा नवनीत।

मथानी। रुकावट। (पुं.) फल। (स्त्री.) कैकेयी की दासी मन्थरा।

मन्थरु (पुं.) चौरी का पवन।

मन्थान (पुं.) मथनी। शिव।

मन्थिन् (क्रि.) बिलोने वाला। सोमलता का रस। वर्तन विशेष।

मन्थशैल (पुं.) मन्दार नामक पर्वत।

मन्द (त्रि.) सुस्त। मूर्ख। मृदु। अभागा। रोगी। थोड़ा। स्वतंत्र। खुला। नीच। शनिग्रह। हाथी विशेष। यम। प्रलय। सूर्य्यसंक्रमण।

मन्दग (त्रि.) धीरे-धीरे जाना। सुस्त।

मन्दरता (स्त्री.) मन्दपना। आलस्य। जड़ता।

मन्दर (पुं.) इस नाम का एक पर्वत। मन्दार का पेड़। स्वर्ग। हार विशेष। दर्पण। (त्रि.) बहुत। मन्द।

मन्दाकिनी (स्त्री.) स्वर्गगङ्गा। आकाश गङ्गा।

मन्दाक्रान्ता (स्त्री.) छन्द जिसके प्रत्येक चरण में १७ अक्षर होते हैं।

मन्दाक्ष (न.) लज्जा। कम दृष्टि।

मन्दाग्नि (पुं.) पाचन शक्ति की क्षीणता। अनपच रोग। धीमी आँच।

मन्दिर (न.) घर। विशेष कर देवस्थान। पुर। शिविर। समुद्र। घुटने के पीछे का भाग।

मन्दिरपशु (पुं.) बिल्ली।

मन्दिरमणि (पुं.) शिव का नाम।

मन्दिरा (स्त्री.) घुड़साल। अस्तबल।

मन्दुरा (स्त्री.) घुड़साल। अस्तबल। चटाई।

मन्दोदरी (स्त्री.) मय दानव की कन्या। रावण की पटरानी।

मन्दोष्ण (न.) थोडा गरम। गुनगुना।

मन्द्र (पुं.) नीचा। गहरा। पोला। खड़खड़ाहट (शब्द)। प्रसन्नकर। हर्षप्रद। प्रशस्य। धीमा शब्द। एक प्रकार का ढोल। हाथी विशेष।

मन्धातृ (पुं.) बुद्धिमान् पुरुष। भक्त।

मन्मथ (पुं.) कामदेव। कैथा का पेड़।

मन्थु (पुं.) दीनता। कायरपन। यज्ञ। क्रोध। अहङ्कार।

मन्यु (पुं.) क्रोध। शोक। दुःख। दुरवस्था। नीचता। बलि। उत्साह। अभिमान। शिव। अग्नि।

मन्वन्तर (न.) सत्ययुग आदि ७१ चौकड़ियाँ। ३११४४८०० वर्षों का समय।

मभ्र (क्रि.) जाना।

मम (अव्य.) मेरा।

ममता (स्त्री.) मेरापन। स्नेह।

ममापताल (पुं.) ज्ञानेन्द्रिय।

मय् (क्रि.) जाना।

मम्मट (पुं.) काव्यप्रकाश ग्रन्थ के रचयिता।

मयु् (क्रि.) जाना।

मय (पुं.) एक दैत्य। ऊँट। खच्चर।

मयट (पुं.) झोंपड़ी।

मयष्टक, **मयुष्टक** (पुं.) एक प्रकार की सेम या छीमी।

मयस (न.) हर्ष। सन्तोष।

मयु (पुं.) किन्नर। हिरन। बारहसिंहा।

मयूख (पुं.) चमक। किरन। शिखा। शोभा।

मयूखिन् (त्रि.) चमकीला। भड़कदार।

मयूर (पुं.) मोरपक्षी। पुष्प विशेष। सूर्यशतक काव्य के निर्माता का नाम। समय मापक यन्त्र विशेष।

मयूरकेतु, **मयूररथ** (पुं.) कार्तिकेय का नाम।

मयूरारि (पुं.) गिरगट। कृकलास।

मर (पुं.) वैदिक प्रयोग में आता है, इसका अर्थ है-मृत्यु। पृथिवी।

मरक (पुं.) महामारी। छुआछूत की बीमारी।

मरकत (न.) पन्ना। हरे रङ्ग की मणि। इसके धारण करने से छुआछूत या महामारी का भय नहीं रहता।

मरण (न.) मरना। मृत्यु।

मरणशील (त्रि.) मरने वाला। मरने के स्वभाव वाला।

मरत (पुं.) मृत्यु।

मरन्द, **मरन्दक** (पुं.) मकरन्द। पुष्पराग।

मरार (पुं.) अनाज की खत्ती।

मराल (पुं.) राजहंस। कज्जल। कारण्डव। घोड़ा। बादल। नीच। अनार का वन। चिकना।

मरीचि (पुं.) एक मुनि। किरण। कृपण। सूम। ब्रह्मा के दस मानसिक पुत्रों मरीचि में से एक स्मृतिकार का नाम। श्रीकृष्ण का नाम।
मरीचिका (स्त्री.) मृगतृष्णा।
मरीमृज (त्रि.) बार बार रगड़ने वाला।
मरु (पुं.) पर्वत। रेगस्तान। मारवाड़ देश।
मरुक (पुं.) मोर।
मरुण्डा (स्त्री.) बड़े माथे वाली स्त्री।
मरुत् (पुं.) वायु।
मरुत्त (पुं.) चन्द्रवंशी एक राजा।
मरुत्पथ (पुं.) आकाश।
मरुत्पाल (पुं.) इन्द्र। देवराज।
मरुत्वत् (पुं.) इन्द्र।
मरुत्सखा (पुं.) इन्द्र। चित्रक वृक्ष।
मरुदान्दोलम् (न.) पंखा।
मरुदिष्ट (पुं.) गुग्गुल।
मरुभू (पुं.) मारवाड़ देश। जलरहित देश।
मरुल (पुं.) एक प्रकार की बत्तक।
मरूव (पुं.) **राहु। पौधा विशेष।**
मरूवक, **मरूबक** (पुं.) व्याघ्र। राहु। सारस।
मरूक (पुं.) मोरपक्षी।
मरोलि, **मरोलिक** (पुं.) समुद्र का एक जीव। मकर। नक्र। मगर।
मर्क् (क्रि.) जाना।
मर्कक (पुं.) मकड़ी। मकड़ा।
मर्कट (पुं.) बन्दर। मकड़ी। सारस। विष विशेष।
मर्कटीजाल (न.) छन्द शास्त्र में एक चक्र विशेष जिससे लघु और गुरु का विचार किया जाता है।
मर्कर (पुं.) भृङ्गराज वृक्ष। भाण्ड। (स्त्री.) बाँझ स्त्री।
मर्करा (स्त्री.) बर्तन। गुफा। बन्ध्या स्त्री।
मर्च् (क्रि.) लेना। साफ करना। बजाना। जाना। डराना। चोट लगाना। भय में डालना।
मर्जू (पुं.) धोबी। गुदा भञ्जन कराने वाला।
मर्त् (क्रि.) पकड़ना।
मर्त्त (पुं.) मनुष्य। पृथिवी। मरणशील।
मर्त्य (त्रि.) मरणशील। मनुष्य।
मर्त्यलोक (पुं.) वह लोक जिसमें मरणशील देहधारी रहते हैं। मनुष्यलोक।
मर्दल (पुं.) एक प्रकार का ढोल।
मर्द्द (न.) पिसा हुआ। कुटा हुआ। चूर्ण किया हुआ।
मर्दन (न.) चूरा करना। पीसना। मलना।
मर्दित (त्रि.) चूर्णित।
मर्व (क्रि.) जाना। मरना।
मर्मज्ञ (पुं.) तत्त्वज्ञ। रहस्यवेत्ता।
मर्मन् (न.) कोमल। सन्धिस्थान। सार। भेद। तात्पर्य।
मर्म्मर (पुं.) मर्रमर्र शब्द। (स्त्री.) हल्दी।
मर्मरी (स्त्री.) इमली।
मर्मरीक (पुं.) गरीब मनुष्य। खोटा मनुष्य।
मर्म्मस्पर्शी (त्रि.) मर्म्मपीडक।
मर्य (त्रि.) मरणशील।
मर्य्या (अव्य) सीमा। हद। (पुं.) मनुष्य।
मर्य्यादा (स्त्री.) सीमा। तट।
मल् (क्रि.) अधिकार करना। पकड़ना।
मल (पुं.) मैल। पाप। विष्ठा। कीट। काई। पसीना। कफ। कपूर। कृपण।
मलघ्न (पुं.) शाल्मलीकन्द।
मलद्राविन् (पुं.) जमालगोटा।
मलमास (पुं.) लौंद का मास। अधिक महीना।
मलय (पुं.) नन्दनवन। पर्वत विशेष के निकट का स्थान। नवद्वीपों में से एक। ऋषभदेव का एक पुत्र।
मलयज (न.) चन्दन। मलय देश का पवन।
मलाका (स्त्री.) दूती। हथिनी। कामातुरा स्त्री।
मलि (स्त्री.) अधिकार। विलास।
मलिक (पुं.) राजा। अधिपति।
मलिन (त्रि.) मैला। दूषित। सड़ा हुआ। दागदगीला। सुहागा।
मलिम्लुच (पुं.) डाँकू। चोर। राक्षस। मच्छर। पवन। अग्नि। पञ्चमहायज्ञ नित्य न करने वाला ब्राह्मण। चित्रक वृक्ष। कोहरा। बर्फ।
मलिष्ठा (स्त्री.) रजस्वला स्त्री।

मलीमस्‌ (गु.) मैला। अपवित्र। काला। दुष्ट। पापी। लोहा।
मल्ल्‌ (क्रि.) पकड़ना।
मल्ल (पुं.) पहलवान। प्याला। गण्डस्थल। वर्णसङ्कर विशेष। देश विशेष।
मल्लक (पुं.) डीवट (दीपक रखने की)।
मल्लभू (स्त्री.) अखाड़ा।
मल्लयुद्ध (न.) कुश्ती।
मल्लारः (पुं.) छः रागों में से एक राग।
मल्लि, **मल्ली** (स्त्री.) मालती की बेल।
मल्लिनाथ (पुं.) एक विद्वान्। रघुवंश आदि ग्रन्थों के प्रसिद्ध टीकाकार।
मल्लिका (स्त्री.) एक प्रकार का हंस। जिसकी चोंच पीली होती है। माघ मास। मालती।
मल्लीकर (पुं.) चोर।
मल्लुः (पुं.) रीछ।
मल्लूर (पुं.) लोहे की जङ्ग।
मव्‌, **मव्य** (क्रि.) बाँधना। जकड़ना।
मश्‌ (क्रि.) क्रोध करना। मिनमिनाना।
मश (पुं.) मच्छर। मच्छर का शब्द।
मशक क्रोध।
मशकिन्‌ (पुं.) उदुम्बर का पेड़।
मशहरी (स्त्री.) मसहरी।
मशी, **मसी** (स्त्री.) स्याही।
मशुन (पुं.) कुत्ता।
मष्‌ (क्रि.) मार डालना। घायल करना।
मस्‌ (क्रि.) तौलना। मापना। रूप बदलना।
मस (पुं.) माप या तौल विशेष।
मसरा (स्त्री.) मसूर।
मसार, **मसारक** (पुं.) रत्न विशेष। पन्ना।
मसि (स्त्री.पुं.) स्याही।
मसिधान (न.) दवात।
मसिपण्य (पुं.) मुंशी। बाबू। लेखक।
मसिप्रसू (स्त्री.) लेखनी। स्याही की बोतल।
मसिक (पुं.) साँप का बिल।
मसिन (त्रि.) अच्छे प्रकार पिसा हुआ।
मसीना (स्त्री.) अलसी।
मसूर (पुं.) मसूर की दाल। तकिया। वेश्या।
मसूरक (पुं.) तकिया। इन्द्र की ध्वजा का आभूषण विशेष।
मसूरिका (स्त्री.) चेचक का रोग। कुटनी। मसहरी।
मसूरी (स्त्री.) छोटी माता या चेचक।
मसृणः (त्रि.) चिकना। कोमल। नरम। प्यारा।
मस्क्‌ (क्रि.) जाना। गति।
मस्कर (पुं.) बाँस। पोला बाँस। ज्ञान। जाना।
मस्करिन्‌ (पुं.) संन्यासी। चन्द्रमा।
मस्ज्‌ (क्रि.) नहाना। डुबकी मारना। डूबना।
मस्त, **मस्तक** (न.) माथा।
मस्तकस्नेह (पुं.) भेजा। मगज।
मस्ति (स्त्री.) नापना। तौलना।
मस्तिष्क (न.) मगज। भेजा।
मस्तमूलक (न.) गरदन। गला।
मस्तु (न.) खट्टी मलाई। दही का पानी।
मह्‌ (क्रि.) मान करना। पूजा करना। चमकना। बढ़ना।
मह (पुं.) उत्सव। तेज। यज्ञ। भैंसा।
महक (पुं.) प्रसिद्ध पुरुष। कच्छप। विष्णु।
महक्क (पुं.) दूर तक फैली हुई गन्ध।
महत्‌ (त्रि.) विपुल। बड़ा। बूढ़ा।
महती (स्त्री.) नारद बाबा की वीणा।
महत्तत्त्व (न.) बड़ा तत्त्व। बुद्धि।
महर्लोक (पुं.) भू आदि ऊपर के सात लोकों में से एक।
महर्षि (पुं.) वेदव्यास आदि बड़े ऋषि।
महस्‌ (न.) तेज। यज्ञ। उत्सव।
महा (स्त्री.) गौ। बड़ा।
महाकाय (पुं.) बड़े शरीर वाला। शिवजी का नन्दी। हाथी। स्थूल शरीर वाला।
महाकार्तिकी (स्त्री.) रोहिणी नक्षत्र वाली कार्तिक की पूर्णिमा।

महाकाल (पुं.) शिवजी। एक बैल। भैरव विशेष।
महाकाव्य (न.) आठ से अधिक सर्ग वाला काव्य।
महाकुल (न.) बड़ा कुल। जिसमें दस पीढ़ी तक वेद का पढ़ना पढ़ाना चला आता हो।
महागन्ध (न.) हरिचन्दन। (स्त्री.) नागबला।
महागुरु (पुं.) माता। पिता। आचार्य। दान की गयी कन्या का पति।
महाग्रीव (पुं.) ऊँट।
महाङ्ग (पुं.) ऊँट। गोक्षुरक।
महाच्छाय (पुं.) वट वृक्ष।
महाजन (पुं.) वेद के वाक्यों में विश्वास करने वाला पुरुष। आस्तिक। श्रेष्ठ पुरुष।
महाज्यैष्ठी (स्त्री.) विशेष लक्षण वाली जेठ मास की पूर्णिमा।
महाढ्य (पुं.) कदम्ब का पेड़। बड़ा धनी।
महातल (न.) नीचे के लोकों में से पाँचवाँ पाताल।
महातारा (स्त्री.) जैनियों की देवी।
महातीक्ष्ण (स्त्री.) भिलावा। बहुत तेज।
महातेजस् (पुं.) पारा। अतितेजस्वी। कार्त्तिकेय। अग्नि।
महात्मन् (त्रि.) बड़े आशय वाला।
महादानम् (न.) बड़ा दान।
महादेव (पुं.) शिव।
महाद्रुम (पुं.) अश्वत्थ वृक्ष।
महाधन (पुं.) सुवर्ण।
महाधातु (पुं.) सोना।
महानदी (स्त्री.) गङ्गा।
महानन्द (पुं.) मोक्ष। माघ शुक्ला ६मी। सुरा। अतिशय आनन्द। एक नदी।
महानन्दि (पुं.) कलियुग का अन्तिम भारतवर्षीय नरेश।
महानवमी (स्त्री.) आश्विन मास की शुक्ला नवमी।
महानस (न.) पाकस्थान। रसोईघर।
महानाटक (न.) हनुमन्नाटक। नाटक विशेष।
महानाद (पुं.) बड़े शब्द वाला। हाथी। सिंह। बादल। ऊँट।
महानिद्रा (स्त्री.) बड़ी नींद। मृत्यु। मौत।
महानिशा (स्त्री.) रात्रि के मध्यभाग के दो प्रहर।
महानुभाव (पुं.) महाशय। बड़े विचार वाला।
महापथ (पुं.) बड़ा मार्ग। बड़ी सड़क। हिमालय के उत्तर स्वर्ग जाने का मार्ग।
महापद्म (पुं.) नाग विशेष। कुबेर का भण्डार। एक राजा।
महापातक (न.) ब्रह्महत्या, सुरापान। चोरी, गुर्वङ्गनागमन और इन चारों के साथ मेल रखना-ये महापातक हैं।
महापुराण (न.) सृष्टि आदि दश लक्षण युक्त व्यास रचित पुराण।
महापुरुष (पुं.) सुरश्रेष्ठ। नारायण।
महाप्रलय (पुं.) ब्रह्मा के आयुष्य की समाप्ति में जब वे अपने रचे सब पदार्थों को विलीन करते हैं। घोर प्रलय।
महाप्रसाद (पुं.) जगन्नाथजी का प्रसाद।
महाप्राण (पुं.) द्रोण नामक एक काक। अक्षरोच्चारण का बाह्यप्रयत्न विशेष।
महाफल (पुं.) बेल। (स्त्री.) इन्द्र वारुणी।
महाबल (पुं.) बड़े बल वाला। वायु। बुद्ध। सीसा।
महाभारत (पुं.न.) संस्कृत का वेदव्यास रचित इतिहास का बड़ा ग्रन्थ। इसमें १ लक्ष श्लोक हैं। इसका दूसरा नाम पञ्चम वेद भी है।
महाभीता (स्त्री.) छुईमुई। लज्जालु लता। बहुत डरी हुई।
महाभूत (न.) पाँच तत्त्व-पृथिवी, जल, तेज, वायु और आकाश।
महामनस् (त्रि.) उदार। महाशय।
महामात्र (त्रि.) बहुत बड़ा। प्रधानामात्य। "मन्त्रे कर्मणि भूषायां वित्ते माने परिच्छदे। मात्रा च महती यैषा महामात्रास्तु ते स्मृताः।।" हाथियों को आज्ञा देने वाला। महावत।
महावारुणी (स्त्री.) शनिवार। शतभिषा नक्षत्र। शुभ योग सहित चैत्र की कृष्णा १३शी।
महामाया (स्त्री.) दुर्गा।
महामाष (पुं.) उर्द। राजमाष।
महामृग (पुं.) बड़ा पशु। हाथी। शरभ।
महामृत्युञ्जय (पुं.) शिव का एक प्रकार का वेदोक्त ओं जूं सः बीजयुक्त "त्र्यम्बकं यजामहे०" मन्त्र।

महामेद (पुं.स्त्री.) औषध विशेष।
महामोह (पुं.) अज्ञान विशेष।
महायज्ञ (पुं.) बड़ा यज्ञ।
महारथ (पुं.) शिव। बड़ा योद्धा।
महारस (पुं.) गन्ना। पारा। काञ्जी।
महाराज (पुं.) राजों के राजा। जैनियों के गुरु विशेष। हाथ की उङ्गली का नख।
महाराजिक (पुं.) विष्णु का नाम। पर जब यह बहुवचनान्त होता है तब उन देवताओं का अर्थ देता है जिनकी संख्या २२० या २३६ बतलाई जाती है।
महाराज्ञी (स्त्री.) महारानी। पटरानी। दुर्गा का नाम।
महारात्रि (स्त्री.) महाकल्प। अर्द्धरात्रि के पीछे की दो घड़ी। होली, दीवाली की दो रातें।
महाराष्ट्र (पुं.) मरहटों का देश। गजपिप्पली। बोली विशेष।
महारोग (पुं.) मिरगी आदि आठ रोग।
महारौरव (पुं.) बड़ा नरक विशेष।
महार्घ (त्रि.) बड़े मूल्य वाला। महँगा।
महार्णव (पुं.) महासागर।
महालय (पुं.) पितृपक्ष। परमात्मा। विहार।
महालक्ष्मी (स्त्री.) बड़ी लक्ष्मी। अठारह भुजा वाली दुर्गा की शक्ति का भेद। लक्ष्मी विशेष। जगन्माता। रमा।
महावराह (पुं.) विष्णु का अवतार विशेष।
महावरोह (पुं.) वट वृक्ष। ताड़ वृक्ष।
महावाक्य (न.) वेदवाक्य। बहुत से वाक्यों के स्वरूप में एक वाक्य।
महाविद्या (स्त्री.) दस महाविद्याएँ।
महाविषुव (न.) सूर्य की मेष राशि स्थिति।
महावीचि (पुं.) एक नरक।
महावीर (पुं.) बड़ा बहादुर। गरुड़। हनुमान्। सिंह। यज्ञाग्नि। वज्र। चिड्डा। घोड़ा। कोकिल। धनुर्धारी।
महावीर्य्य (पुं.) बड़े वीर्य्य वाला। वाराहीकन्द। परमात्मा।
महाव्याधि (पुं.) बड़ा रोग। कोढ़ आदि।
महाव्याहृति (स्त्री.) वैदिक मंत्र विशेष।
महाव्रण (न.) बड़ा फोड़ा।
महाव्रत (न.) बाहर वर्ष का व्रत विशेष।
महाशङ्ख (पुं.) बड़ा शङ्ख। तान्त्रिक माला विशेष जो मनुष्यों की खोपड़ी से बनती है। कान और आँख के बीच की हड्डी।
महाशठ (पुं.) धतूरा। बड़ा धूर्त्त।
महाशय (त्रि.) बड़े आशय वाला। महानुभाव। उदार।
महाशूद्र (पुं.) आभीर। जाति विशेष।
महाश्मशान (न.) काशी। बड़ा मरघटा।
महाष्टमी (स्त्री.) आश्विन के शुक्ल पक्ष की अष्टमी।
महासन्तपन (न.) सात दिन में समाप्त होने वाला व्रत।
महासेन (पुं.) बड़ी सेना के पति। कार्त्तिकेय।
महि, मही (स्त्री.) पृथिवी। मालवा देश की एक नदी।
महिका (स्त्री.) हिम। बर्फ।
महित् (त्रि.) प्रतिष्ठित। पूज्य।
महिन्धक (पुं.) चूहा। मूसा।
महिमन् (पुं.) बड़प्पन। बड़ाई।
महिर, मिहिर (पुं.) सूर्य्य। अर्क वृक्ष।
महिला (स्त्री.) स्त्री। मस्त स्त्री। प्रियङ्गु लता। रेणुका नाम्नी गन्धद्रव्य।
महिष (पुं.) भैंसा। एक असुर।
महिषध्वज (पुं.) यमराज।
महिषमर्दिनी (स्त्री.) एक देवी। दुर्गा।
महिषासुर (पुं.) एक असुर जो दुर्गा के हाथ से मारा गया था।
महिषी (स्त्री.) भैंस। पटरानी।
महिष्ठ (त्रि.) सब से बड़ा।
मही (स्त्री.) पृथिवी। खंबात की खाड़ी में गिरने वाली एक नदी। एक बड़ी सेना।
महीक्षित् (पुं.) नृप। राजा।
महीज (न.) अदरक। मङ्गल ग्रह। नरकासुर।
महीघ्र (पुं.) पर्वत। पहाड़।
महीप्राचीर (न.) समुद्र।
महीभृत् (पुं.) पर्वत। राजा।

महीयस् (त्रि.) बहुत बड़ा।
महीय्यमान (त्रि.) पूज्य। श्रेष्ठ।
महीरुह (पुं.) वृक्ष। शाक।
महेच्छ (त्रि.) महाशय। महानुभाव।
महेन्द्र (पुं.) इन्द्र। परमेश्वर। जम्बुद्वीप का एक पर्वत।
महेन्द्रपुरी (स्त्री.) अमरावती।
महेश (पुं.) शिव।
महेशबन्धु (पुं.) बिल्व वृ क्ष।
महैला (स्त्री.) मोटी इलायची।
महोक्ष (पुं.) बड़ा बैल।
महोत्सव (पुं.) बड़ा उत्सव।
महोत्साह (त्रि.) बड़ा साहसी।
महोदधि (पुं.) समुद्र।
महोदय (पुं.) कन्नौज देश। आनन्द। प्रताप।
महोन्नत (पुं.) बहुत ऊँचा। ताल वृक्ष।
महोरग (पुं.) एक प्रकार का बड़ा सर्प।
महौषधि (स्त्री.) दूब। लाजवन्ती। स्नान की औषधियाँ।
मा (क्रि.) मापना। सीमाबद्ध करना। गरजना। दिखाना। बनाना। नपवाना।
मा (अव्य.) यह निषेधार्थ में आता है। (स्त्री.) लक्ष्मी। माता। माप विशेष।
मांस (न.) मास। आमिष।
मांसज (न.) चर्बी।
मांसल (त्रि) मोटा। पुष्ट। बलवान्।
मांससार (पुं.) मेद। चर्बी।
मांसिक (त्रि.) कसाई। बूचर।
माकन्द (पुं.) आम का पेड़। आँवले का पेड़। पीला चन्दन। गङ्गातटवर्त्ती एक नगर का नाम।
माकर (पुं.) **माकरी** (स्त्री.) } मकर राशि प्राप्त सूर्य्य के समय की। समुद्री जन्तु मकर सम्बन्धी।
माकलि (पुं.) इन्द्र के सारथि का नाम। चन्द्रमा।
माक्ष् (क्रि.) चाहना।
माक्षिक, **माक्षीक** } (न.) उपधातु विशेष। मधु
माक्षिकज (न.) मोम।
माख-ी (त्रि.) यज्ञसम्बन्धी।

मागध (पुं.) सफेद जीरा। भाट। वर्णसङ्कर विशेष। मगध देश जात। छोटी इलायची। खाण्ड। बोली विशेष।
माघ (पुं.) एक मास का नाम। शिशुपालवध नामक काव्य और उसके निर्माता का नाम।
माध्य (न.) कुन्दपुष्प।
माङ्गल्य (न.) शुभ। हितकर।
माच (पुं.) मार्ग।
माचल (पुं.) चोर। बटमार।
माचिका (स्त्री.) मक्खी।
माजल (पुं.) पक्षी विशेष।
माञ्जिष्ट, **माञ्जिष्ठ** } (पुं.) लाल रङ्ग।
माठ (पुं.) मार्ग। रास्ता।
माठर (पु.) व्यास का नाम। ब्राह्मण विशेष सूर्य्य का पार्श्ववर्त्ती एक गण।
माठी (स्त्री.) कवच।
माड (पुं.) वृक्ष विशेष। तौल। माप।
माडि (पुं.) राजप्रासाद।
माड्डुक, **माड्डुकिक** } (पुं.) ढोल बजाने वाला।
माढि (स्त्री.) शोक। निर्द्धनता। क्रोध। गोट। सञ्जाफ। नया निकला वृक्ष का पत्ता। कोपल।
माणव (पुं.) छोकरा। लड़का। सोलह लड़ का मोतियों का हार।
माणवक (पुं.) छोकरा। बोना। खोटा मनुष्य। ब्रह्मचारी। सोलह या बीस लड़ का हार।
माणविका (स्त्री.) छोकरी। अप्सरा।
माणवीन (त्रि.) लड़कपन। छोकरापन।
माणव्य (न.) छोकरों का दल या समूह।
माणिका (स्त्री.) माप विशेष जो आठ पल के बराबर है।
माणिक्य (न.) लाल मणि।
माणिक्या (स्त्री.) छिपकली। बिस्तुइया।
माणिबन्ध (न.) सेंधा या पहाड़ी नोन।
माण्डलिक (त्रि.) एक प्रान्त का शासक।
मातङ्ग (पुं.) हाथी। चाण्डाल। किरात। पीपल का वृक्ष।

मातङ्गी (स्त्री.) दस महाविद्याओं में से एक।
मातरपितृ (स्त्री.) माता पिता।
मातरिपुरुष (पुं.) भीरु। डरपोंक।
मातरिश्वन् (पुं.) वायु।
मातलि (पुं.) इन्द्र का साारथि।
माता (स्त्री.) माता।
मातामह (पुं.) नाना।
मातुल, मातुलक (पुं.) मामा।
मातुलानी, मातुली (पुं.) मामा का पुत्र।
मातुलेय (पुं.) मामा का पुत्र।
मातुलेयी (स्त्री.) मामा की बेटी।
मातुलिङ्ग, मातुलुङ्ग (पुं.) बीजपुर। नीबू। अनार।
मातृ (स्त्री.) माता। गौ। लक्ष्मी। दुर्गा। आकाश। पृथिवी। देवी। रेवती। आखुकर्णी, इन्द्रकर्णी।, जटामांसी आदि रूखरी। अष्टमातृकाएँ यथा-
"ब्राह्मी माहेश्वरी चण्डी वाराही वैष्णवी तथा।
कौमारी चैव चामुण्डा चर्चिकेत्यष्टमातरः।।"
किन्तु किसी-किसी के मतानुसार आठ की जगह सात ही हैं। यथा-
"ब्राह्मी माहेश्वरी चैव कौमारी वैष्णवी तथा।
माहेन्द्री चैव वाराही चामुण्डा सप्तमातरः।।"
कोई-कोई सोलह मातृका तक मानते हैं। आठ प्रकार की पितृलोकवासिनी माताएँ। सात माताओं की पूजा वसुधारा में और षोडश मातृकाओं की ग्रहमख आदि माङ्गलिक कृत्यों में होती है। जीव। ज्ञाता।
मातृबन्धु (पुं.) मातृबन्धुओं में इनकी गणना है। यथा-
"मातुः पितुः स्वसुः पुत्रा मातुर्मातुः स्वसुः सुताः।
मातुर्मातुलपुत्राश्च विज्ञेया मातृबन्धवः।।"
मातृष्वसृ (स्त्री.) मौसी।
मातृष्वस्रेय (पुं.) मौसी का लड़का।
मात्र (न.) अल्प। माप। परिमाण। धन। ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत आदि। लवुवर्ण को उच्चारण करने का एक अवयव। इन्द्रियों की वृत्तियाँ।
मात्रा (स्त्री.) माप विशेष। फुट। पल। अणु। अंश। धन। नागरी वर्णमाला के स्वरों के चिह्न जो अक्षरों के ऊपर नीचे अगल बगल लगाये जाते हैं। काने में पहनने की वाली। रत्न।
मात्सर्य (न.) ईर्ष्या।
मात्स्यिक (पुं.) मछली पकड़ने वाला। धीमर। मल्लाह।
माथ (पुं.) पन्था। मार्ग। (क्रि.) बिलोना। नष्ट करना। मारना।
माथुर (त्रि.) मथुरा में उत्पन्न। मथुरा में आया हुआ।
माद (पुं.) नशा। दर्प। हर्ष।
मादक (त्रि.) नशैला। नशा उत्पन्न करने वाला। पपीहा।
मादन (न.) लौंग। कामदेव। मदन वृक्ष। (स्त्री.) भाँग।
मादृक्ष, मादृशी (त्रि.) मेरे समान।
माद्री (स्त्री.) मद्रदेशसम्भूत पाण्डुराज की दूसरी स्त्री।
माधव (पुं.) नारायण। लक्ष्मीपति। बसन्त ऋतु। वैशाख मास। महुआ का पेड़। (स्त्री.) वासन्ती लता। इन्द्र। परशुराम। यादव। सायन के साथी और ऋग्वेद के टीकाकार।
माधवक (पुं.) मद्य विशेष जो मधु से बनाई जाती है।
माधविका (स्त्री.) एक लता।
माधवी (स्त्री.) एक प्रकार की मदिरा। वासन्ती लता। कुटनी।
माधुर (न.) मालती का पुष्प।
माध्य (त्रि.) बीच का।
माध्यन्दिन (न.) दिन का मध्य भाग। यजुर्वेद की एक शाखा।
माध्याि (त्रि.) दोपहर सम्बन्धी।
माध्व (गु.) मध्व के अनुयायी।
मान् (क्रि.) विचार करना। पूजा करना।
मान (न.) सम्मान। प्रतिष्ठा। अभिमान (अच्छे भाव में) क्रोध। माप। हाथ। तौलना। प्रमाण। गीत का अङ्ग।

मानग्रन्थि (पुं.) अपराध। भूल चूक।
मानरन्ध्रा (स्त्री.) एक प्रकार का समय सूचक यंत्र।
माननीय (गु.) मान के योग्य। प्रतिष्ठित।
मानःशिलम् (न.) मनसिल का।
मानव (पुं.) मनुष्य। मनु के वंशधर।
मानवधर्मशास्त्र (न.) मनु का बनाया धर्मशास्त्र।
मानस (न.) मन। मानसरोवर।
मानसव्रत (न.) अहिंसा, सत्य आदि व्रत, चोरी न करना। ब्रह्मचर्य्य धारण, लालच न करना-ये मानस व्रत कहलाते हैं।
मानसिक (न.) मन सम्बन्धी।
मानसौक (पुं.) हंस।
मानिका (स्त्री.) मदिरा विशेष। तौल विशेष।
मानिनी (स्त्री.) मान करने वाली स्त्री। फली वाला वृक्ष।
मानुष (पुं.) आदमी। मानव।
मानुषी (स्त्री.) स्त्री। नारी।
मानुष्य (न.) मनुष्यत्व। आदमीपन।
मानोज्ञक (न.) सुन्दरता।
मान्त्रिक (पुं.) मन्त्र जानने वाला।
मान्थ् (क्रि.) चोटिल करना।
मान्थर्य्य (न.) सुस्ती। थकावट। निर्बलता।
मान्दार (पुं.) वृक्ष विशेष।
मान्द्य (न.) जड़पना। सुस्ती। बीमारी। न्यूनता।
मान्धातृ (पुं.) सूर्य्यवंशी एक राजा का नाम। यह युवनाश्व का पुत्र था और अपने बाप के पेट से उत्पन्न हुआ था। पेट से उसके निकलते ही ऋषियों ने कहा था-
"कं एष धास्यति ?" इस पर इन्द्र ने प्रकट हो कर कहा- "मां धास्यति।" तब ही से इसका नाम मान्धातृ या मान्धाता पड़ा।
मान्य (पुं.) पूज्य।
मापत्य (पुं.) कामदेव।
माम (सर्व.) मुझे। मेरा (सम्बोधन में) चाचा।
मामक, **मामिका** } (त्रि.) मेरा। स्वार्थी। लालची।
माय (पुं.) बाजीगर। राक्षस।
माया (स्त्री.) अज्ञान विशेष। भ्रम। कृपा। दम्भ। लक्ष्मी। बुद्धदेव की माता। ईश्वर की उपाधि।
मायाकृत (पुं.) मदारी। बाजीगर।
मायादेवीसुत (पुं.) बुद्धदेव।
मायाविन् (त्रि.) ऐन्द्रजालिक। मदारी।
मायिक (त्रि.) मदारी। कपटी। छली।
मायु (पुं.) सूर्य्य। देहस्थ पित्त। रोग विशेष।
मायूर (न.) मोर सम्बन्धी। मोरों का झुण्ड।
मार (पुं.) मरण। मौत।
मारक (पुं.) मारण। महामारी। कामदेव। घातक। बाज पक्षी।
मारकस्थान (पुं.) वधस्थल। जन्मकुण्डली में लग्न से सातवाँ और दूसरा स्थान।
मारि (स्त्री.) महामारी।
मारीच (पुं.) ताडका राक्षसी का बेटा। एक राक्षस जिसे रामचन्द्र ने विश्वामित्र के यज्ञ में चार सौ योजन फेंका था। जिसने मायामृग बन कर सीता का हरण कराया था।
मारुतात्मज (पुं.) वायु का पुत्र, हनुमान् और भीमसेन।
मार्कण्ड (पुं.) एक मुनि। मृगकण्डु की सन्तान जो सदैव १४ ही वर्ष के रहते हैं।
मार्ग (क्रि.) ढूँढ़ना। साफ करना।
मार्गण (न.) अन्वेषण। खोज। याचन। प्रणय।
मार्गशिर, **मार्गशीर्ष** } (पु.) अगहन।
मार्गित (त्रि.) खोजा हुआ।
मार्गिन् (पुं.) नेता। अग्रसर होने वाला।
मार्ज् (क्रि.) बुहारना। बटोरना। धोना। पोंछना। साफ करना।
मार्जन (न.) पोंछ कर साफ करना।
मार्जनी (स्त्री.) बुहारी। झाड़ू।
मार्ज्जार, **मार्ज्जाल** } (पु.) बिलार। मोर।
मार्ज्जारी (स्त्री.) बिल्ली।
मार्ज्जारीय (पुं.) बिल्ली। शूद्र। कार्यशोधन।
मार्ज्जित (पुं.) साफ किया हुआ। सजाया हुआ।
मार्ज्जिता (स्त्री.) एक प्रकार की चटनी, जो दही में चीनी तथा अन्य मसालों के मिश्रण से बनायी जाती है।

मार्तण्ड (पुं.) सूर्य्य। अर्क वृक्ष। सूअर। बारह की संख्या। मरे अण्डे में उत्पन्न।
मार्तिक (पुं.) मिट्टी का बना। ढेला। घड़े का ढकना।
मार्त्य (त्रि.) मरणशील।
मार्दङ्ग (पुं.) ढोलची। ढोल बजाने वाला। नगर विशेष।
मार्दाङ्कक (पुं.) ढोल बजाने वाला।
मार्दव (न.) कोमलता। कोमल या दयालु हृदय वाला।
मार्द्वीक (न.) शराब। मदिरा।
मार्मिक (त्रि.) मर्म जानने वाला।
मार्ष्टि (स्त्री.) शोधन। सफाई।
माल (पुं.) बङ्गाल के एक नगर का नाम। जङ्गली लोगों की जाति। विष्णु।
मालक (पुं.) नीम का पेड़। ग्राम के समीप का वन। नारियल की लकड़ी का बना पात्र।
मालकौश (पुं.) राग विशेष।
मालति, मालती (स्त्री.) चमेली। कली। अविवाहिता युवती। रात्रि। चाँदनी।
मालतीरज (पुं.) सुहागा।
मालतीत्री (स्त्री.) जावित्री।
मालतीफल (न.) जायफल।
मालयः (पुं.) मलय पर्वत का। चन्दन।
मालयी (स्त्री.)
मालव (पुं.) एक देश जिस पर लक्ष्मीजी की कृपा हो (मायाः लवो यस्मिन्) दुर्भिक्षादि वर्जित मालवा प्रान्त। राग विशेष। (बहुवचन में) मालवा प्रान्त वासी।
मालविका (स्त्री.) त्योंरी।
मालसी (सं.) मौलसिरी का पेड़।
माला (स्त्री.) हार। गजरा। गुच्छा। डोरी। गुञ्ज।
मालाकारः (पुं.) माली।
मालादीपकम् (न.) अलङ्कार में अर्थालङ्कार विशेष।
मालिकः (पुं.) माली। रङ्गरेज। रङ्गइया। पक्षी विशेष।
मालिका (स्त्री.) मालती की बेल। गरदन का गहना। असली। पुत्री। राजभवन। सुरा। पक्षी विशेष। नदी विशेष। फूलों की माला।
मालिन् (पुं.) मालाकार। १५ अक्षर के पाद वाला छन्द। गौरी। चम्पा नगरी। आकाशगङ्गा। कण्व के आश्रम के निकट की एक नदी। अग्निशिखा वृक्ष।
मालेय (त्रि.) माला की रचना में चतुर। माली।
माल्यम् (न.) पुष्प। फूल। माथे पर डालने की पुष्पमाला।
माल्यवत् (त्रि.) माला वाला। केतुमाल और इलावृत वर्ष की सीमा का पहाड़। सुकेश राक्षस का बेटा। रावण का मंत्री। एक राक्षस।
मालिन्यं (न.) मैलापन। मैल।
मालु (स्त्री.) लताविशेष। स्त्री।
मालूरः (पुं.) बेल और कैथे का पेड़।
मालेया (स्त्री.) बड़ी इलायची।
माल्ल (पुं.) वर्णसङ्कर जाति विशेष।
माल्लवी (स्त्री.) कुश्ती के जोड़।
माशब्दिक (त्रि.) निषेध करने वाला।
माषः (पुं.) मासा (तौल का)। मूर्ख। उर्द की दाल। मुहाँसा।
माषकः (पुं.) फली। सेम। मासा (तौल का)।
माषवर्द्धकः (पुं.) सुनार।
माषिकः (गु.) मासा भर।
माषिकी (स्त्री.)
माषीणम् (न.) उर्द का खेत।
मास्, मासः (पुं.) चन्द्रमा। तीस दिन का समय। महीना।
मासन (न.) सोमराजी लता।
मासरः (पुं.) चावल का उबला हुआ पानी। माण्ड।
मासलः (पुं.) वर्ष।
मासान्त (पुं.) महीने का अन्त।
मासिक (त्रि.) महीने का।
मासुरी (स्त्री.) डाढ़ी।
मासूरम् (न.) मसूर की दाल का।
मासूरी (स्त्री.)
मास्म (अव्य.) हटाना। रोकना।
माह् (क्रि.) नापना मापना।
माहा (स्त्री.) गौ।
माहाकुल (त्रि.) बड़े कुल वाला।
माहाकुली (स्त्री.) कुलीन स्त्री।

माहात्म्य (न.) महिमा।
माहिष (न.) भैंस का दूध।
माहिष्य (पुं.) सङ्कर। दोगला।
माहेन्द्र (पुं.) इन्द्र का। योग विशेष। पूर्व दिशा। इन्द्र की स्त्री। गौ।
माहेय (पुं.) पृथिवी की सन्तान। मङ्गल ग्रह। नरकासुर। गौ।
माहेश्वर (त्रि.) शिव सम्बन्धी। शिव पूजक।
माहेश्वरी (स्त्री.) पार्वती।
मि (क्रि.) फेंकना।
मिच्छ (क्रि.) रोकना। चिड़ाना।
मित् (स्त्री.) खम्भा।
मित (त्रि.) परिमित। मापा हुआ। निर्दिष्ट। सीमाबद्ध।
मितङ्गमः (पुं.) धीरे-धीरे चलना। हाथी।
मितद्रुः (पुं.) समुद्र।
मितम्पचः (पुं.) सूम।
मिति (स्त्री.) ज्ञान। माप। प्रमाण। साक्ष्य। संकल्प।
मित्रम् (न.) सुहृद। दोस्त।
मित्रविन्दः (पुं.) अग्नि।
मित्रता, **मित्रत्व** } (सं.) मैत्री। दोस्ती।
मित्रयुः (पुं.) मित्रवत्सल।
मिथ् (क्रि.) मिलना। मारना। समझना। काटना। पकड़ना।
मिथिस् (अव्य.) अकेले। आपस में।
मिथिला (स्त्री.) तिरहुत। राजा जनक की पुरी।
मिथुनम् (न.) स्त्री पुरुष का जोड़ा। मेष से तीसरी राशि। विषय के अर्थ मिलन।
मिथ्या (अव्य.) असत्य। झूठ।
मिथ्यादृष्टि (स्त्री.) भूल।
मिथ्यानिरसनम् (न.) शपथ खा कर अस्वीकार करना या मुकरना।
मिथ्याभियोगः (पुं.) झूठी फरियाद।
मिथ्याभिशंसनम् (न.) झूठा कलङ्क।
मिथ्याभिशापः (पुं.) झूठा अपवाद।
मिथ्यामति (स्त्री.) भ्रम। भूल।
मिद् (क्रि.) स्नेह करना।
मिल् (क्रि.) मिलना।
मिलिन्द (पुं.) मधुमक्षिका।
मिलिन्दक (पुं.) सर्प विशेष।
मिलीमिलिन् (पुं.) शिव का नाम।
मिश् (क्रि.) शब्द करना।
मिश्र (क्रि.) मिलाना। हाथी विशेष। एक देश। पदवी। श्रेष्ठ।
मिश्रव्यवहार (पुं.) गणितविद्या की क्रिया विशेष।
मिष् (क्रि.) दूसरों को नीचा दिखाने की अभिलाषा। आँख मारना। नम करना।
मिषम् (न.) स्पर्द्धा। छल। कपट।
मिषिका (स्त्री.) जटामांसी।
मिष्ट (त्रि.) मीठा।
मिह् (क्रि.) सींचना। प्रस्राव या पेशाब करना। वीर्य निकालना।
मिहिका (स्त्री.) पाला। बर्फ।
मिहिरः (पुं.) सूर्य। आक का पेड़। वृद्ध। मेघ। चन्द्रमा। वायु।
मिहिराणः (पुं.) शिव।
मी (क्रि.) मारना। कम करना। बदलना। भङ्ग करना। खोना। भटकना। जाना। जानना। मरना। नष्ट होना।
मीढ (त्रि.) मूता हुआ।
मीढुष्टमः (पुं.) शिव। सूर्य। चोर।
मीनः (पुं.) **मछली। बारहवीं राशि।**
मीनकेतनः (पुं.) कामदेव।
मीनगन्धः (पुं.) सत्यवती।
मीनाण्डा (स्त्री.) मिश्री। परिष्कृत शर्करा। मछली का अण्डा।
मीम् (क्रि.) शब्द करना।
मीमांसकः (पुं.) मीमांसा शास्त्र के ज्ञाता अथवा उसके पढ़ने वाले। परीक्षक। सिद्धान्ती। निर्णयकर्त्ता।
मीमांसा (स्त्री.) गूढ़ विचार। अनुसन्धान। भारतवर्षीय षड्दर्शनों में से एक दर्शन का नाम। यह दर्शन दो भागों में विभक्त है एक पूर्वमीमांसा है, जिसके बनाने वाले जैमिनिजी हैं। इस भाग में कर्म का प्रतिपादन किया गया है। दूसरे

भाग का नाम उत्तरमीमांसा है। इसके रचयिता बारदायणजी हैं। इसमें ब्रह्मविद्या का निरूपण है। विचार। परीक्षा।

मीर (पुं.) समुद्र। सीसा। शर्बत। पर्वत का अङ्ग विशेष।

मील् (क्रि.) पलकों को बन्द करना। मुर्झाना। मिलना।

मीलनम् (न.) सकोड़ना। बन्द करना।

मीलित (त्रि.) अनखिला। संकुचित। अलङ्कार विशेष।

मीव् (क्रि.) जाना। मोटा होना।

मीवर (त्रि.) अहितकर। मान्य। सेनापति।

मीवा (स्त्री.) पवन।

मु (पुं.) शिव। चिता। भूरा रङ्ग।

मुकुटः (पुं.) शिरोभूषण। ताज।

मुकुः (पुं.) छुटकारा। उत्सर्ग। त्याग। मोक्ष।

मुकुन्दः (पुं.) मोक्षदाता। विष्णु। पारा। बहुमूल्य रत्न विशेष। कुबेर की नव निधियों में से एक। एक प्रकार का ढोल।

मुकुम् (अव्य.) मोक्ष। निर्विकल्पक समाधि।

मकुर (पुं.) शीशा। दर्पण। बकुल वृक्ष। कुम्हार का डण्डा। मालती का पेड़। कली।

मुकुल (पुं.न.) अधखिली कली। आत्मा। शरीर।

मुकुष्ठ, **मुकुष्ठक** } (पुं.) एक प्रकार की सेम या छीमी

मुक्त (त्रि.) छुटकारा प्राप्त। आनन्दयुक्त।

मुक्तसङ्ग (त्रि.) परिव्राजक। संन्यासी।

मृक्तहस्त (त्रि.) उदार। बहुदानशील।

मुक्ता (स्त्री.) मोती।

मुक्ताप्रसू (स्त्री.) सीप।

मुक्ताफलम् (न.) मोती। कपूर। सीताफल। वोपदेव कृत ग्रन्थ विशेष, जिसमें भक्ति का विशेष वर्णन है।

मुक्तावली (स्त्री.) मोतियों की माला। इस नाम का न्यायशास्त्र गन्थ।

मुक्तास्फोट (पुं.स्त्री.) सीप।

मुक्ति (स्त्री.) छुटकारा। मोख।

मुक्तिक्षेत्र (न.) काशी धाम।

मुक्त्वा (अव्य.) छुटकारा पाकर। अतिरिक्त। छोड़ कर।

मुख (न.) मुँह। थूँथन। थूथड़। सामने या आगे का भाग। तीर का अग्रभाग। द्वार। उपोद्घात। आद्य। प्रधान।

मुखजः (पुं.) विप्र।

मुखनिरीक्षक (त्रि.) मुँह की ओर देखने वाला। आलसी। खुशामदी।

मुखपूरण (न.) अञ्जलि भर जल।

मुखभूषण (न.) पान। बीड़ा।

मुखर (त्रि.) कह डालने वाला। वाचाल। बहुत शब्द करने वाला। अपशब्द बोलने वाला। अप्रियवादी। काक। शंख।

मुखरित (त्रि.) शब्द करने वाला।

मुखलाङ्गल (पुं.) शूकर।

मुखवल्लभः (पुं.) अनार का पेड़।

मुखवासन (पुं.) मुख को सुगन्धियुक्त करने वाला।

मुखव्यादान (पुं.) मुख खोलना। मूँदना। जमुहाई।

मुखशोधनम् (न.) दालचीनी।

मुखस्रावः (पुं.) लार।

मुखाग्निः (पुं.) ब्राह्मण। दावानल।

मुख्य (त्रि.) प्रधान। अग्रज।

मुग्ध (त्रि.) मूढ़। सादा। सीधा। आकर्षक। सुन्दर।

मुग्धा (स्त्री.) नायिका भेद।

मुच् (क्रि.) ठगना। छोड़ना।

मुचकुन्द, **मुचुकुन्द** } (पुं.) पुष्प वाला वृक्ष विशेष। राजा मान्धाता के पुत्र का नाम।

मुचकुन्दप्रसादक (पुं.) श्रीकृष्ण।

मुचिर (त्रि.) उदार। (पुं.) देव विशेष। नेकी। पवन।

मुचिलिन्द (पुं.) एक प्रकार का पुष्प।

मुचुटी (स्त्री.) चीमटी।

मुज् (क्रि.) साफ करना। बजाना।

मुञ्ज् शब्द करना।

मुञ्ज (पुं.) मूंज। जिससे ब्राह्मणों के लिये मेखला बनायी जाती है। मेखला। धार नगरी के एक राजा का नाम। जो भोज के चाचा थे।

मुञ्जाट, **मुञ्जातक** } (पुं.) एक प्रकार का पौधा।

मुञ्जर (न.) कमल की जड़।
मुट् (क्रि.) तोड़ना। पीसना। दबाना।
मुड् (क्रि.) बालों का काटना या मलना।
मुण्ड (पुं.न.) मस्तक। एक दैत्य। नाई। शाखापत्रहीन वृक्ष।
मुण्डक (पुं.) नाई।
मुण्डफल (पुं.) नारियल।
मुण्डिन् (पुं.) नाई।
मुण् (क्रि.) वचन हारना। प्रतिज्ञा करना।
मुत्य (न.) मोती।
मुद् (क्रि.) प्रसन्न होना।
मुद, मुदा } (स्त्री.) हर्ष।
मुदिर (पुं.) बादल। कामुक। कामी। पाला।
मुदी (स्त्री.) चाँदनी। जुन्हाई।
मुद्ग (पुं.) मूँग। पक्षी विशेष। जलकाक।
मुद्गर (न.) मालती भेद। मुग्दर। कली।
मुद्गल (पुं.) एक ऋषि का नाम। एक प्रकार की घास। राजा विशेष।
मुद्गष्ठ (पुं.) छीमी या सेम विशेष।
मुद्रा (स्त्री.) मनोहर। चिह्न। टकसाल में ढले रुपये पैसे। पूजन में अंगुली आदि को विशेष रूप से मोड़ने सिकोड़ने की क्रिया।
मुद्रालिपि (स्त्री.) छापे के अक्षर। पाँच प्रकार की लिखावटों में से एक।
मुद्रिका (स्त्री.) अंगूठी। मोहर। रुपया।
मुद्रित (त्रि.) चिह्नित। छापा हुआ। बन्द।
मुधा (अव्य.) मिथ्या। झूठ। व्यर्थ। वृथा।
मुनि (पुं.) पवित्र पुरुष। ऋषि। सात की गिन्ती।
मुनिभेषज (न.) हर्र। अगस्त्य। कुछ न खाना।
मुनीन्द्र (पुं.) ऋषिश्रेष्ठ। सांख्य मुनि। भरत। शिव।
मुन्थ् (क्रि.) जाना।
मुन्था (स्त्री.) ज्योतिष के ताजिक (वर्षफल) भाग में प्रयुक्त होने वाला एक विशेष ग्रह। दसवाँ ग्रह।
मुन्यन्न (न.) नीवार। कन्द।
मुमुक्षा (स्त्री.) मोक्ष की कामना।
मुमुक्षु (त्रि.) मोक्ष की इच्छा वाला।
मुमुचान (पुं.) बादल।
मुमुषिषु (पुं.) चोर।
मुमूर्षु (त्रि.) आसन्नमृत्यु।
मुर् (क्रि.) घेर लेना। फँसा लेना।
मुर (पुं.) दैत्य विशेष। वेष्टन। गन्धद्रव्य।
मुरज (पुं.) मृदङ्ग। कुबेरपत्नी।
मुररिपु (पुं.) विष्णु। मुरारि।
मुरला (स्त्री.) केरल देश की एक नदी का नाम।
मुरली (स्त्री.) बंसी। वेणु।
मुरलीधर (पुं.) श्रीकृष्ण। वंशीधर।
मुर्च्छ् (क्रि.) मूर्च्छित होना।
मुर्मुर (पुं.) तुषाग्नि। सूर्य्य का घोड़ा।
मुशली, मुसली } (स्त्री.) छिपकली।
मुशलिन् (पुं.) बलराम।
मुष् (क्रि.) मूँसना। लूटना।
मुषल, मुशल, मुसल } (पुं.) मूसल जिससे अनाज उखली में डाल कर छरा जाता है।
मुषित (त्रि.) चुराया हुआ द्रव्य। वह मनुष्य जिसका द्रव्य चोर चुरा ले गये हों।
मुष्क (पुं.) अण्डकोष। चोर। वृक्ष विशेष। मोटा आदमी।
मुष्कशून्य (पुं.) खोजा। नपुंसक।
मुष्टि (पुं.स्त्री.) मुट्ठी। माप विशेष। मूठ या मुठिया। लिङ्ग। (स्त्री.) चुराना।
मुष्टिमुष्टि (अव्य.) घूँसों की लड़ाई।
मुष्टिक (पुं.) कंस का एक पहलवान। सुनार। डोम।
मुष्टिकान्तक (पुं.) बलदेव। मुष्टिकासुर। मल्ल के काल।
मुष्टिन्धय (पुं.) बालक। बच्चा। मूठी चूँबने वाला।
मुष्टिबन्ध (पुं.) मुट्ठी बाँधना। मुट्ठी भर।
मुष्ठक (पुं.) काली सरसों। राई।
मुस् (क्रि.) टुकड़े-टुकड़े करना। चीरना। बाँटना।
मुसल (पुं.) मूसल।
मुसलिन् (पुं.) बलराम। मुसलधारी।
मुसलीका (स्त्री.) बिसतुइया। छिपकली।
मुस्त् (क्रि.) देर करना। एकत्र करना।

मुस्त (पुं.) मोथा। तृणविशेष।
मुस्र (न.) लोढ़ा। मूसल। दरार।
मुह् (क्रि.) बेसुध होना। अचेत होना। मूर्च्छित होना। हैरान होना। गड़बड़ी में पड़ना।
मुहिर (पुं.) कामदेव। मूर्ख।
मुहुक (न.) (वैदिक प्रयोग) क्षण। पल।
मुहुस् (अव्य.) प्रायः। बार-बार।
मुहूर्त (पुं.न.) ४८ मिनिट का काल विशेष। किसी कार्य के लिये नियत समय।
मुहेर (पुं.) मूर्ख। ज्योतिषी।
मू (क्रि.) बाँधना।
मूक (पुं.) मत्स्य। मछली। गूँगा। दीन। दैत्य विशेष।
मूकिमन् (पुं.) गूँगापन।
मूत (त्रि.) बँधा हुआ। घिरा हुआ।
मूत्र (न.) पेशाब।
मूत्रकृच्छ्र (सं.) पेशाब की बीमारी जिसमें पेशाब बड़े कष्ट से उतरता है।
मूर (त्रि.) मूर्ख। नाश करना।
मूर्ख (त्रि.) बुद्धिहीन। गँवार।
मूर्च्छना (स्त्री.) बेसुध होना।
मूर्च्छा (स्त्री.) मोह। अचैतन्यावस्था। वृद्धि।
मूर्च्छाल (त्रि.) मूर्च्छित। बेसुध। अचेत।
मूर्त (त्रि.) अचेत। बेसुध।
मूर्ति (स्त्री.) प्रतिमा। विग्रह।
मूर्तिमत् (पुं.) आकारसम्पन्न। शरीर। कड़ा।
मूर्धन् (पुं.) माथा। सर्व्वोच्च स्थान। नेता। अगला। आधार।
मूर्धज (पुं.) केश। बाल।
मूर्धन्य (त्रि.) माथे में उत्पन्न होने वाले। ऋ, ट, ठ, ड, ढ, ण, र, ष ये मूर्धन्य कहलाते हैं।
मूर्धाभिषिक्त, **मूर्वा**, **मूर्वी** } (स्त्री.) हर्ष।
मूर्विका (स्त्री.) एक लता, जिसके द्वारा धनुषों की प्रत्यञ्चा और क्षत्रियों की करधनी बनायी जाती है।
मूल् (क्रि.) स्थित होना। पक्का होना। लगाना। उगना।
मूल (न.) जड़। नीव। आधार। यथार्थ। मुख्य। परम्परागत प्राप्त सेवक। धनमूल। निकुञ्ज। पूँजी। समीपी। पिप्पलीमूल। उन्नीसवाँ नक्षत्र।
मूलक (न.) एक प्रकार का कन्द। मूली।
मूलकर्म्मन् (न.) मुख्य काम। जादू। मंत्र और औषधि से किये जाने वाले कर्म।
मूलकृच्छ्र (न.) व्रतविशेष।
मूलप्रकृति (स्त्री.) प्रधान प्रकृति। युद्ध के चार सिद्धान्त, जिन पर युद्ध के समय ध्यान दिया जाता है, यथा-विजिगीषु, अरि, मध्यम और उदासीन।
मूलिन् (पुं.) वृक्ष।
मूलविभुज (पुं.) रथ। गाड़ी। छकड़ा।
मूलाधार (पुं.) नाभि। लिङ्ग का मध्य भाग। तंत्र का त्रिकोण वाला एक चक्र।
मूल्य (न.) दाम। कीमत।
मूष् (क्रि.) लूटना।
मूषक (पुं.स्त्री.) मूसा। चूहा।
मूष, **मूषिक** } (पुं.) चूहा
मूषी (स्त्री.) घरिया जिसमें रख कर सोना आदि पिघलाया जाता है।
मृ (क्रि.) मरना। मारना।
मृकण्डु (पुं.) एक मुनि का नाम।
मृग् (क्रि.) खोजना। पीछा करना। आखेट खेलना।
मृग (पुं.) पशुमात्र। हिरन। हाथी। चन्द्रलाञ्छन। अश्विनी से पाँचवाँ नक्षत्र। माँगना। यज्ञ। कस्तूरी। मकर राशि। शाकद्वीप का एक नगर।
मृगगामिनी (स्त्री.) औषध विशेष।
मृगजीवन (पुं.) शिकारी। व्याध।
मृगणा (स्त्री.) नष्ट द्रव्य को खोजना।
मृगतृष्णा (स्त्री.) जल की भ्रान्ति।
मृगदंशक (पुं.) कुत्ता।
मृगधूर्तक (पुं.) श्रृगाल। सियार।
मृगनाभि (पुं.) कस्तूरी।
मृगनेत्रा (स्त्री.) हिरन के समान नेत्र वाली स्त्री।
मृगपति (पुं.) सिंह।

मृगवधाजीव (पुं.) व्याध। शिकारी।
मृगबन्धनी (स्त्री.) जाल। फन्दा।
मृगमद (पुं.) कस्तूरी।
मृगया (स्त्री.) अहेर। शिकार।
मृगयु (पुं.) ब्रह्मा। श्रृगाल।
मृगराज (पुं.) सिंह। चन्द्रमा।
मृगलक्षण (पुं.) चन्द्रमा।
मृगवाहन (पुं.) वायु।
मृगव्यथ (न.) शिकार। अहेर।
विपण (पुं.) बिक्री करना।
विपणि (पुं. स्त्री.) दुकान। हाट।
विपत्ति (स्त्री.) आपद।
विपथ (पुं.) निन्दित मार्ग।
विपद्, विपदा (स्त्री.) विपत्ति।
विपत्र (त्रि.) विपद् में फँसा हुआ।
विपरीत (त्रि.) प्रतिकूल।
विपर्य्यय (पुं.) उलटा।
विपर्य्यस्त (त्रि.) व्यतिक्रान्त। उलटा हुआ।
विपर्य्यास (पुं.) विपरीत। उल्टापन।
विपल (पुं.) अति सूक्ष्म समय।
विपश्चित् (पुं.) शिक्षित। दाता। पण्डित। ऋषि। ज्ञानी।
विपाक (पुं.) पकाना। पसीना।
विंपाश् विपाशा (स्त्री.) व्यास नदी।
विपिन (न.) वन।
विपुल (त्रि.) विस्तीर्ण। अगाध। बहुत। सुमेर की पश्चिम दिशा का एक पहाड़। मेरु हिमालय। (स्त्री.) आर्य्या छन्द विशेष।
विप्र (पुं.) ब्राह्मण। पीपल का पेड़।
विप्रकार (पुं.) अपकार। बुराई। तिरस्कार।
विप्रकर्ष (पुं.) दूर होना।
विप्रकृत (त्रि.) अपमानित। उत्पीडित।
विप्रकृष्ट (त्रि.) दूर रहने वाला।
विप्रचित्ति (स्त्री.) एक दैत्य। एक राक्षस।
विप्रतिपत्ति (स्त्री.) विरोध। संशय।
विप्रतिपन्न (त्रि.) सन्देह युक्त। कृत विरोध।
विप्रतिसार, विप्रतीसार (पुं.) अनुताप। पछतावा। रोष।
विप्रयुक्त (त्रि.) विरहित। बिछुड़ा हुआ।
विप्रयोग (पुं.) ठगी। विरोध। झगड़ा। वियोग।
विप्रलब्ध (त्रि.) ठगा हुआ। (स्त्री.) एक प्रकार की नायिका।
विप्रलम्भ (पुं.) विसंवाद। झगड़ा। ठगी। विछोह। श्रृंगार की एक अवस्था।
विप्रश्निका (स्त्री.) दैव की जानने वाली स्त्री। ज्योतिषिनी। टोनहाइन।
विप्रसात् (अव्य.) ब्राह्मण को देना।
विप्रस्व (न.) ब्राह्मण का धन।
विप्रिय (पुं.) अपराध। अनप्यारा। वैरी।
विप्रुष (स्त्री.) बिन्दु। बूंद। वेदाध्ययन काल में मुख से निकली पानी की बूंद।

विप्रोषित (त्रि.) निर्वासित। देश से निकाला हुआ। परदेश में गया।
विप्लव (पुं.) घबराहट। उपद्रव। बिगाड़। खलबली। गदर।
विप्लाव (त्रि.) घोड़े की गति विशेष। डूबा। चारों ओर से पानी का उमड़ाव।
विप्लुत (त्रि.) आफत में फँसा हुआ। बिगड़ा हुआ। उपद्रुत।
विफल (त्रि.) निरर्थक। निष्फल।
विफला (स्त्री.) केतकी। केवड़ा।
विवध (पुं.) एकत्र किये हुए चांवल आदि।
विबन्ध (पुं.) रोग विशेष।
विबुध (पुं.) पण्डित। देवता।
विभक्त (त्रि.) बाँटा हुआ।
विभक्ति (स्त्री.) विभाग। व्याकरण में सुप् तिङ् प्रत्यय।
विभव (पुं.) धन। मोक्ष। ऐश्वर्य। एक वर्ष का नाम।
विभा (स्त्री.) किरण। शोभा। प्रकाश।
विभाकर (पुं.) सूर्य्य। अर्कवृक्ष।
विभाग (पुं.) भाग। हिस्सा। बटखरा।
विभाज्य (त्रि.) विभाग योग्य।
विभाण्डक (पुं.) मुनि विशेष। श्रृङ्ग ऋषि के पिता।
विभात (पुं.) परिचित। मित्र। उत्तेजन देने वाला।
विभावना (स्त्री.) एक प्रकार का अलंकार, जिसमें कारण के बिना कार्य्य की उत्पत्ति प्रतीत होती है।
विभावरी (स्त्री.) रात्रि। हल्दी। कुट्टनी।
विभावसु (पुं.) सूर्य्य। आक का वृक्ष। आग। चित्रक वृक्ष।
विभाषा (स्त्री.) निषेध। विकल्प।
विभिन्न (त्रि.) प्रकाशित। चमका हुआ। विदलित। खिला हुआ।
विभीतक (पुं.) शत्रुओं को बहुत डराने वाला। रावण का छोटा भाई। नल तृण।
विभीषिका (स्त्री.) भय प्रदर्शन।
विभु (पुं.) प्रभु। महादेव। बलवान्। ब्रह्म।
विभूति (स्त्री.) भस्म। खाक। अणिमा आदि आठ प्रकार का ऐश्वर्य।
विभूषा (स्त्री.) शोभा। भूषण। सजावट।
विभ्रम (पुं.) स्त्रियों के श्रृङ्गार का अङ्ग विशेष। चेष्टा विशेष। शोभा। सन्देह। भ्रमण। स्त्रियों का विलास।
विभ्राज् (त्रि.) भूषण।
विमत (त्रि.) वैरी। शत्रु।
विमनस्, **विमनस्क** } (त्रि.) व्याकुल चित्त।
विमर्द्द (पुं.) मलना। बटना।
विमर्शन (न.) परामर्श। वितर्क। विचार।
विमर्ष (पुं.) विचार। नाटक का एक अङ्ग।
विमल (त्रि.) स्वच्छ। साफ। निर्मल।
विमातृ (स्त्री.) सौतेली माता।
विमातृज (पुं.) सौतेला भाई।
विमान (पुं. न.) माप विशेष। चक्रवर्ती का एक घर। घोड़ा। देवताओं का यान।
विमार्ग (पुं.) बुरा रास्ता। कुपथ। निन्दिताचार।
विमुद्र (त्रि.) खिला हुआ। विकसित।
विम्ब (बिम्ब) (पुं. न.) दर्पण। परछाहीं। कमण्डल। सूर्य्य आदि का मण्डल। विम्बिका फल। कुँदुरू।
वियत् (न.) आकाश। आसमान।
वियद्गङ्गा (स्त्री.) स्वर्गगङ्गा। आकाशगङ्गा।
वियात (त्रि.) धृष्ट। ढीठ। बेशरम। निर्लज्ज।
वियोग (पुं.) विच्छेद। विछोह।
वियोगिन् (पुं.) चक्रवाक। चकवा पक्षी।
विरक्त (त्रि.) विरत। हटा हुआ।
विरचित (त्रि.) बनाया गया। निर्मित।
विरजस्तमस् (त्रि.) सत्त्व प्रधान।
विरजस् (स्त्री.) ऋतु रहिता स्त्री।
विरजा (स्त्री.) एक नदी जी श्रीवैकुण्ठ लोक में हैं। दूर्वा। दूब। गोलोक वासिनी राधिका की एक सहेली।
विरञ्च, **विरञ्चि** } (पुं.) विधाता। ब्रह्मा।
विरत (त्रि.) विरक्त। हटा हुआ।
विरति (त्रि.) निवृत्ति। हटाव।
विरल (त्रि.) अवकाश। खाली। थोड़ा।
विरह (पुं.) विच्छेद। अभाव। विछोह। विप्रलम्भ नाम की श्रृङ्गार रस की अवस्था विशेष।

विरहित (त्रि.) त्यक्त।
विराग (पुं.) रागाभाव।
विराज् (पुं.) क्षत्रिय। छन्द विशेष। ब्रह्मा की प्रथम सन्तान। सौन्दर्य। प्रकाश।
विराट (पुं.) एक देश। उस देश का राजा। अज्ञात वास की अवधि पाण्डवों ने द्रौपदी सहित इन्हीं राजा के यहाँ रूप बदल कर बिताई थी।
विराणिन् (पुं.) हाथी।
विराध (पुं.) एक राक्षस।
विराधन (न.) पीड़ा
विराम (पुं.) अवसान। अन्त। चुप होना।
विराव (पुं.) शब्द। शब्द रहित।
विरिञ्चि (पुं.) विष्णु। ब्रह्मा। शिव।
विरूढ (त्रि.) दुष्ट रूप वाला। (न.) पीपलामूल।
विरूपाक्ष (पुं.) महादेव। (त्रि.) डरावने नेत्रों वाला।
विरेक (पुं.) अतिरेक। जुलाब।
विरेचनम् (न.) मल आदि का निकालना। (त्रि.) फाड़ने वाला। जुलाब।
विरोक (पुं. न.) छेद। सूर्य्य की किरण।
विरोचन (पुं.) सूर्य। आक का पेड़। राजा बलि के पिता का नाम। प्रह्लाद का पुत्र। एक दैत्य। चन्द्रमा। रुचिकर।
विरोध (पुं.) वैर।
विरोधिन् (पुं.) रिपु। शत्रु। प्रभवादि साठ संवत्सरों में एक।
विरोधोक्ति (स्त्री.) अलंङ्कार विशेष। विरुद्ध वचन। उलटा बोलना।
विल् (क्रि.) ढांकना। छिपाना।
विलम् (न.) छेद। गुफा।
विलक्ष (त्रि.) हैरान। चिह्न रहित। लज्जित।
विलक्षण (त्रि.) विशेष लक्षण वाला। विभिन्न। अद्भुत। (न.) कमर। मेष आदि उदित राशियाँ।
विलम्ब (पुं.) देर। अबेर। प्रतीक्षा के योग्य समय।
विलम्बित (त्रि.) लटकता हुआ। धीमा।
विलय (पुं.) प्रलय। नाश।
विलशय / **विलेशय** (पुं.) सांप। चूहा। छिपकली। बिसतुइया।
विलाप (पुं.) रोकर बोलना।
विलास (पुं.) हर्ष। चमक। आनन्द में अङ्गों का विशेष रूप से हिलाना। स्त्रियों की श्रृंङ्गार सम्बन्धी चेष्टा विशेष।
विलासिन् (स्त्री.) नारी। स्त्री।
विलासिनी (स्त्री.) वेश्या। (पुं.) सांप। कृष्ण। आग। कामदेव। महादेव। चन्द्रमा।
विलीन (त्रि.) नष्ट-प्राप्त। छिपा हुआ। गुप्त।
विलेपन (न.) पीसा व घिसा हुआ चन्दन। उबटन। फोड़े आदि की दवाई।
विलोचन (न.) नेत्र। आँख।
विलोडित (न.) बिलोया गया।
विलोम (त्रि.) विपरीत। उल्टा।
विलोमजिह्व (पुं.) हाथी।
विलोल (त्रि.) चञ्चल। लालची।
विल्व (**बिल्व**) (पुं.) नारियल का पेड़। बिल्व वृक्ष। (न.) परिमाण। नाप।
विवध / **वीवध** (पुं.) कन्धे पर रख कर बोझ उठाने की एक लकड़ी। सड़क। घड़ा। अनाज एकत्र करना।
विवर (न.) छिद्र। दोष।
विवरण (न.) व्याख्यान। रिपोर्ट। किसी का लिखा हुआ हाल। स्पष्टीकरण। खुलासा।
विवरनालिका (स्त्री.) वेणु। बांस। पोंगी।
विवर्ण (त्रि.) अधम। नीच।
विवर्त्त (पुं.) नाच। मोड़।
विवश (त्रि.) पराधीन। परवश। व्याकुल।
विवस्वत् (पुं.) सूर्य। आक का पेड़। अरुण।
विवाद (पुं.) झगड़ा। कलह।
विवाह (पुं.) ब्याह। शादी।
विवाहित (त्रि.) ब्याहा हुआ।
विवाह्य (त्रि.) विवाह योग्य। विशेष कर उठाने योग्य।
विविक्त (त्रि.) निर्जन। पवित्र। असंयुक्त। विवेकी।
विविध (त्रि.) कई प्रकार।
विवीत (त्रि.) बहुत घासवाला देश।
विवृत (स्त्री.) विस्तार। व्याख्यान।
विवेक (पुं.) विचार। भेद ज्ञान।
विवोढ (पुं.) जामाता। दामाद।

विव्वोक (पुं.) स्त्रियों के हाव भाव कटाक्ष। कोमलता।
विश् (क्रि.) प्रवेश करना।
विश (पुं.) मनुष्य। बनिया।
विशङ्कट (त्रि.) विशाल। लम्बा।
विशद (पुं.) सफेद रङ्ग।
विशय (पुं.) संशय। शक। मीमांसा।
विशर (पुं.) वध। मारना।
विशल्या (स्त्री.) गुसा। अजवाइन। (त्रि.) जिसका तीर दूर हुआ हो।
विशसन (न.) मारण। मारना। (पुं.) तलवार।
विशस्त (त्रि.) बीतगया। नष्ट।
विशाख (पुं.) कार्त्तिकेय। तारा विशेष। धनुषधारियों का आसन विशेष।
विशारण (न.) मारण।
विशारद (पुं.) पण्डित। बकुल वृक्ष। चतुर। (त्रि.) अच्छा। चतुर।
विशाल (त्रि.) विस्तीर्ण। (पुं.) हिरन। राजा।
विशालता (स्त्री.) बड़प्पन। विस्तार। फैलाव।
विशाला (स्त्री.) इन्द्रवारुणी। महेन्द्रवारुणी। उज्जैन। नदी विशेष।
विशालाक्ष (पुं.) महादेव। गरुड़। विष्णु। (त्रि.) बड़ी आँखों वाला।
विशालाक्षी (स्त्री.) पार्वती। नागदन्ती।
विशिख (पुं.) तीर। शरवृक्ष। (त्रि.) शिखाहीन।
विशिखा (स्त्री.) गली। कुल्हाड़ी। सुई या आलपीन। बड़े तीक्ष्ण। तीर। मार्ग। नाइन।
विशिष्ट (त्रि.) मिला हुआ। विलक्षण। विशेषण वाला।
विशिष्टाद्वैत (न.) एक सिद्धान्त जो अनादि काल से प्रवृत्त है। बीच में अनेक बाधायें होकर इस के कृश होने पर श्री रामानुजाचार्य द्वारा ब्रह्मसूत्रादि भाष्य द्वारा निर्णीत। इस में कार्यरूपा माया और वैसे ही जीव को कारण रूप ब्रह्म से अभिन्न और इसी कारण तीनों तत्त्व नित्य माने जाते हैं। वेदान्त-सिद्धात।
विशीर्ण (त्रि.) शुष्क। सूख गया। बूढ़ा हो गया।
विशुद्ध (त्रि.) निर्मल, साफ।
विशुद्धि (स्त्री.) शोधन। साफ करना। दोष-शून्यता।
विशृंखल (त्रि.) परिपाटी से रहित।
विशेष (त्रि.) विलक्षण। बहुत। अधिक। (पुं.) विवेक। अन्तर। चिह्न विशेष। विशेष सम्पत्ति। विशेषत्व। विलक्षणत्व। रुग्णावस्था में विशेष शोच्य अथवा सुधार की दशा। अङ्ग। जाति। प्रकार। रीति। सर्वोत्तमता। व्यक्तित्व। माथे का तिलक। टीका। अलङ्कार विशेष। वैशेषिक दर्शन के सात पदार्थों में से एक।
विशेषक (पुं.) माथे पर लगाया गया तिलक। (त्रि.) अधिक करने वाला। तीन। (न.) तीन श्लोकों का एक वाक्य।
विशेषगुण (पुं.) वैशेषिक दर्शन में वर्णित गुण विशेष।
विशेषण (न.) जिसके द्वारा विशेष्य निरूपण किया जाय। गुण रूप आदि का बताने वाला शब्द।
विशेषविधि (पुं.) नियम विशेष।
विशेषशास्त्र (न.) ग्रन्थ विशेष।
विशेषित (त्रि.) निजी गुण रूपादि दिखाया गया। विशेषण युक्त किया हुआ। फाड़ा गया। फर्क किया गया।
विशेषोक्ति (स्त्री.) विशेष वचन। अर्थ सम्बन्धी अलङ्कार विशेष। बढ़कर कहना।
विशोक (पुं.) अशोक का पेड़। (त्रि.) शोक से रहित।
विशोधनी (स्त्री.) बज्रदन्ती। (त्रि.) शोधन करने वाली।
विश्रणन, **विश्राणन** (न.) दान। देना। वितरण करना। बाँटना। प्रतिपादन करना।
विश्रब्ध (त्रि.) विश्वस्त। शान्त। अनुद्धत। गाढ।
विश्रम, **विश्राम** (पुं.) विराम। आराम। किसी वर्त्तमान क्रिया का अवसान।
विश्रम्भ (पुं.) विश्वास। प्रत्यय। खेल सम्बन्धी विवाद। वध।
विश्राव (पुं.) प्रसिद्धि। ख्याति।
विश्रुत (पुं.) विख्यात। प्रसिद्ध।
विश्रश्लिष्ट (त्रि.) वियुक्त। बिछुड़ा हुआ। ढीला।
विश्व (न.) जगत्। संसार। (पुं.) जीवात्मा। (त्रि.) समस्त।
विश्वकर्मन् (पुं.) सूर्य। देवशिल्पी। मुनि विशेष। परमात्मा।
विश्वकृत् (पुं.) विश्वकर्मा। परमेश्वर।

विश्वकेतु (पुं.) अनिरुद्ध।
विश्वक्सेन / **विष्वक्सेन** (पुं.) विष्णु। श्रीबैकुण्ठ में नित्यसूरि श्रीविष्णु के सेनापति।
विश्वच (अव्य.) सर्वत्र। सब ओर। **विष्वच** (त्रि.) विश्वगामी।
विश्वधारिणी (स्त्री.) पृथिवी। संसार को धारण करने वाली।
विश्वप्सन (पुं.) अग्नि। चन्द्रमा। देवता। विश्वकर्मा।
विश्वम्भर (पुं.) जगत्पालक। इन्द्र। विष्णु।
विश्वरेतस् (पुं.) ब्रह्मा। भगवान्। विष्णु।
विश्ववेदस् (पुं.) इन्द्रादि देवगण।
विश्वसृज् (पुं.) ब्रह्मा। परमात्मा।
विश्वस्त (त्रि.) विश्वासपात्र।
विश्वस्ता (स्त्री.) विधवा स्त्री। विश्वासपात्र स्त्री।
विश्वाची (स्त्री.) एक अप्सरा।
विश्वात्मन् (पुं.) विष्णु। नारायण।
विश्वानर (पुं.) सावित्री की उपाधि।
विश्वामित्र (पुं.) गाधिपुत्र। ऋषि विशेष। एक राजा।
विश्वाराज् (पुं.) विश्वों का अधिपति। परमेश्वर।
विश्वावसु (पुं.) एक गन्धर्व।
विश्वास (पुं.) प्रत्यय। भरोसा। श्रद्धा।
विश्वेदेव (पुं.) श्राद्ध में पूजे जाने वाले दस देवता। आग।
विश्वेश (पुं.) जगत्पति। विष्णु और शिव।
विष् (क्रि.) फैलाना। खाना। जाना। घेरना। पृथक् करना। उड़ेलना। छिड़कना।
विष् (स्त्री.) विष्ठा। फैलाव। लड़की।
विष (न.) कमल की केसर। मृणाल। वत्सनाभ विष। जल।
विषकण्ठ (पुं.) शिव।
विषघ्न (पुं.) शिरीष वृक्ष। घी। बहेड़ा। (त्रि.) विष को दूर करने वाला। बच औषधि।
विषज्वर (पुं.) महिष। भैंसा। ज्वर विशेष।
विषण्ड (न.) मृणाल।
विषदन्तक (पुं.) सर्प।
विषधर (पुं.) साँप।
विषम (त्रि.) अयुग्म। ऊंचा नीचा। दारुण। (न.) संकट। एक प्रकार का पद्य।
विषमच्छद (त्रि.) सप्तच्छद।
विषमज्वर (पुं.) ज्वर विशेष। मलेरिया बुखार। वह ज्वर जिसका समय नियत न हो।
विषमनयन (पुं.) महादेव।
विषमस्थ (त्रि.) सङ्कटापन्न। ऊंची नीची भूमि में ठहरने वाला।
विषमशिष्ट (न.) अनुचित शासन।
विषमायुध (पुं.) कामदेव।
विषय (पुं.) इन्द्रियों के कर्म, देखना सुनना आदि। निबन्ध। वस्तु। पदार्थ। स्थान। जगह।
विषयिन् (न.) ज्ञान। ज्ञानेन्द्रिय। (पुं.) राजा। कामदेव। (त्रि.) विषयी। विषयों में फँसा हुआ।
विषलता (स्त्री.) इन्द्रवारुणी बेल।
विषविद्या (स्त्री.) विष दूर करने की विद्या।
विषवैद्य (पुं.) विष दूर करने की विद्या जानने वाला।
विषाण (न.) सींग। हाथी और सूअर का दांत। क्षीरकाकोली। कोढ़ की दवा।
विषाद (पुं.) अवसाद। दुःख।
विषान्तक (पुं.) शिव। (त्रि.) विष दूर करने वाला।
विषान्तक (पुं.) विषशत्रु। धतूरा।
विषास्य (पुं.) सांप। जिसके मुँह में विष हो। दुष्ट।
विषु (अव्य.) बराबरी। नाना रूप वाला।
विषुव (न.) समय विशेष। जब रात दिन समान होते हैं।
विष्क् (क्रि.) वध करना।
विष्कम्भ (पुं.) सूर्य चन्द्रमा के एकत्र होने का योग विशेष। विस्तार। रोक। नाटक का एक अङ्क। योगियों का एक बन्ध। द्वार का बेड़ा। खम्भा। वृक्ष विशेष।
विष्टप (न.) भुवन। लोक।
विष्टब्ध (त्रि.) प्रतिरुद्ध। रुका हुआ।
विष्टम्भिन् (त्रि.) रोकने वाला।
विष्टर (पुं.) कुशासन। वृक्ष भेद।
विष्टरश्रवस् (पुं.) विष्णु।
विष्टि (स्त्री.) मजूरी। किराया। भाड़ा। बेगार। नरकवास।
विष्टा / **विष्ठा** (स्त्री.) पुरी। मल।
विष्णु (पुं.) व्यापक। नारायण। वह्नि। शुद्ध। साफ।

वासुदेव। एक स्मृतिकार का नाम। श्रवण नक्षत्र।
विष्णुगुप्त (पुं.) चाणक्य पण्डित।
विष्णुतैल (न.) तैल विशेष।
विष्णुपद (न.) आकाश।
विष्णुपदी (स्त्री.) गंगा। सूर्य का वृष, सिंह, वृश्चिक और कुम्भ राशि पर गमन।
विष्णुपुराण (न.) अष्टादश पुराणों में से एक।
विष्णुमाया (स्त्री.) अविद्या शक्ति। दुर्गा।
विष्णुरथ (पुं.) गरुड़।
विष्णुरात (पुं.) परीक्षित् नाम का राजा।
विष्फार (पुं.) धनुष का टङ्कार।
विष्य (त्रि.) विषवध्य।
विष्वाण (न.) भोजन। आहार।
विस (न.) मृणाल।
विस् (क्रि.) छोड़ना।
विसंवाद (पुं.) ठगना। उल्टा सीधा कथन।
विसकुसुम (न.) पद्म।
विसङ्कट (पुं.) सिंह। इङ्गुदी का पेड़।
विसनाभि (स्त्री.) पद्मिनी और पद्मों का समूह।
विसर (पुं.) समूह। विस्तार।
विसर्ग (पुं.) दान। त्याग। मोक्ष। प्रलय।
विसर्ज्जन (न.) त्याग। प्रेरणा।
विसर्पण (न.) प्रसार। फैलाव।
विसिनी (स्त्री.) पद्मलता।
विसूचिका (स्त्री.) इस नाम का एक रोग। हैज़ा।
विसृत (त्रि.) फैला हुआ।
विसृत्वर (त्रि.) विसरण शील।
विसृमर (त्रि.) फैलने वाला।
विसृष्ट (त्रि.) प्रेरित। क्षिप्त।
विस्त (पुं. न.) सोने की मोहर। अस्सी रत्ती की तौल।
विस्तार (पुं.) विटप। शाखाओं का फैलाव।
विस्तीर्ण (त्रि.) विशाल। फैला हुआ।
विस्फुलिङ्ग (पुं.) एक प्रकार का विष। आग की चिनगारी।
विस्फोट (पु.) फोड़ा विशेष।
विस्मय (पुं.) आश्चर्य।
विस्मापात (पु.) इन्द्रजाल का खेल। कामदेव (न.) गन्धर्वों का नगर।
विस्मित (त्रि.) आश्चर्यान्वित।
विस्मृत (त्रि.) भूल गया।
विस्मृति (स्त्री.) भूलना।
विस्र (न.) कच्ची सन्धि।
विस्रगन्धि (पुं.) हरताल।
विस्रम्भ (पुं.) विश्वास। प्रत्यय।
विस्रम्भिन् (त्रि.) विश्वासी।
विस्रसा (स्त्री.) क्षीणता। बुढ़ाई।
विहग (पुं.) अकाश में उड़ने वाला। पक्षी।
विहङ्गम (पुं.) आकाशगामी। पक्षी।
विहङ्गराज (पुं.) पक्षियों का राजा। गरुड़।
विहनन (न.) रुकावट। हिंसा।
विहर (पुं.) वियोग। विछोह।
विहसित (न.) मध्यम हास्य।
विहस्त (त्रि.) विकल। पण्डित। चतुर।
विहापित (न.) छुड़ाया गया। दान।
विहायस (पुं. न.) आकाश। पक्षी।
विहार (पुं.) भ्रमण। लीला। बौद्धों का मन्दिर।
विहित (त्रि.) अनुसार। कृत। बोधित।
विहीन (त्रि.) त्यक्त। रहित।
विह्वल (त्रि.) विलीन। घबराया हुआ।
वी (क्रि.) चाहना। उत्पन्न करना। फैलना। फेंकना। खाना।
वीकाश } देखो विकाश।
विकाश }
वीक्षण (न.) नेत्र। आंख। देखना।
वीचि } (पुं.स्त्री.) तरङ्ग। लहर। अवकाश। थोड़ा।
वीची } फिरना। हर्ष।
वीचिमालिन् (पुं.) समुद्र।
वीज् (क्रि.) पङ्खा करना।
वीज (**बीज**) (न.) कारण। शुक्र। अंकुर। अव्यक्त गणित। मन्त्र विशेष। धान्य आदि का फल आदि।
वीजकोष (**बीजकोष**) (पुं.) वरारक। कौड़ी। पद्मबीज का आश्रय।

वीजगर्भ (बीजगर्भ) (पुं.) पटोल।
वीजन (न.) पंखा। चामर। चमर। वस्त्र। (पुं.) चक्रवाक।
वीजसञ्चय (बीजसञ्चय) (पुं.) बहुत से बिया।
वीजसू (बीजसू) (पुं.) पृथिवी।
वीजिन् (बीजिन्) (पुं.) उत्पादक। (त्रि.) बीज वाला।
वीज्य (त्रि.) कुलीन।
वीटि (स्त्री.) पान की बीड़ी।
वीटी
वीणा (स्त्री.) बीन।
वीतशोक (पुं.) जिसका सोच दूर हो गया हो। योगी। उदासीन। अशोक का पेड़। (त्रि.) शोक रहित।
वीति (स्त्री.) गति। दीप्ति। खाना और भोगना। (पुं.) घोड़ा।
वीतिहोत्र (पुं.) वह्नि। आग। सूर्य्य।
वीथि (स्त्री.) पंक्ति। श्रेणी। गली।
विथी नाटक का देखने योग्य एक अंग।
वीध्र (त्रि.) निर्मल। साफ। (पुं.) आकाश। वायु।
वीनाह (पुं.) ढकना। पाट।
वीप्सा (स्त्री.) व्याप्ति। फैलाव। बड़ी इच्छा।
वीर (न.) कमल मूल। काञ्जी। उशीर। मिरच। (त्रि.) बहादुर। शूर। (न.) कुलाचार।
वीरण (न.) उशीर अर्थात् खस। चन्दन।
वीरपत्नी (स्त्री.) शूर वीर की भार्या।
वीरपत्रा (स्त्री.) विजया। भांग।
वीरपान (न.) मदिरा पान।
वीरपाण
वीरभद्र (पुं.) अश्वमेघ का घोड़ा। (न.) वीरण।
वीरसू (स्त्री.) वीर की माँ।
वीरसेन (पुं.) राजा नल का पिता।
वीरहन् (पुं.) अग्नि होत्र छोड़ने वाला ब्राह्मण। नष्टाग्नि विप्र।
वीरा (स्त्री.) आमलकी। क्षीरकाकोली। पति पुत्र सहिता स्त्री। रम्भा। महाशतावरी। घृतकुमारी। अतिविषा। दाख।
वीराशंसन (न.) युद्ध स्थल।
वीरासन (न.) आसन विशेष।
वीरुध् (स्त्री.) फैली हुई बेल।
वीरुधा
वीरेश्वर (त्रि.) काशी में इस नाम का एक शिव लिङ्ग। महावीर। अतिबली।
वीर्य्य (न.) पाराक्रम। बल। प्रभाव। तेज। दीप्ति।
वीर्य्यवत् (त्रि.) वीर्य्य वाला। बलवान्।
वीवध (पुं.) चांवल आदि का गल्ला संग्रह। मार्ग। भार।
वीवधिक (पुं.) बोझा ढोने वाला।
वीहार (पुं.) विहार। क्रीड़ा। विलास।
वृ (क्रि.) ढाकना। सेवा करना। मांगना। स्वीकार करना।
वृंहित (न.) हाथी का चिङ्घार।
वृक् (क्रि.) पकड़ना।
वृक (पुं.) भेड़िया। काक। वकवृक्ष। उदराग्नि।
वृकदंश (पुं.) कुत्ता।
वृकधूर्त (पुं.) गीदड़। श्रृगाल।
वृकोदर (पुं.) भीसेन। इनके पेट में वृक अग्नि है।
वृक्ण (त्रि.) छिन्न। काटा हुआ।
वृक्ष (पुं.) कुटज वृक्ष।
वृक्षचर (पु.) वानर। बन्दर।
वृक्षच्छाया (न.) बहुत से वृक्षों की छाया।
वृक्षनाथ (पुं.) वट वृक्ष।
वृक्षभवन (न.) पेड़ की खोहड़।
वृक्षवाटिका (स्त्री.) घर के समीप का उपवन। नज़र बाग।
वृज् (क्रि.) त्यागना। छोड़ना।
वृजन (न.) आकाश। पाप। (पुं.) केश। (त्रि.) टेढ़ा। तिर्च्छा।
वृजिन (न.) पाप। (पुं.) देश। (त्रि.) टेढ़ा।
वृण् (क्रि.) भक्षण करना। खाना।
वृत् (क्रि.) होना।
वृत (त्रि.) प्रार्थित। स्वीकृत।
वृति (स्त्री.) मांगना। वेष्टन। लपेट। घेरा।
वृत्त (न.) गुरु का नाम। दया। शौच। सत्य। इन्द्रिय निग्रह। हितकर कार्य्यों में रति-इस प्रकार के आचरण। पद्य विशेष। आजीविका। बीत गया। गोल। (त्रि.) पढ़ा हुआ। भरा हुआ। उत्पन्न हुआ। (पु.) कूर्म्म।

वृत्तगन्धि (न.) पद्य विशेष।
वृत्तफल (न.) मिर्च, अनार, बेर, आमला, आदि गोल फल।
वृत्तस्थ (त्रि.) अच्छे आचरण वाला। सदाचारी।
वृत्तान्त (पुं.) संवाद। हाल। समाचार।
वृत्ति (स्त्री.) स्थिति। आजीविका। परिवर्तन विशेष। बर्ताव। जीविका।
वृत्र (पुं.) अन्धकार। बैरी। विश्वकर्म्मा का पुत्र। दैत्य विशेष। मेघ। पर्वत विशेष। मन्त्र। शब्द।
वृत्रहन् (पु.) इन्द्र।
वृथा (अव्य.) निरर्थक।
वृथादान (न.) विधि पूर्वक न दिया हुआ दान।
वृथामांस (न.) देवोद्देश्य से न मारे गये पशु का मांस।
वृद्ध (न.) गन्ध द्रव्य विशेष। (पुं.) वृक्ष विशेष। (त्रि.) बूढ़ा। बढ़ती वाला। पण्डित।
वृद्धप्रपितामह (पुं.) दादे का बाप।
वृद्धश्रवस् (पुं.) इन्द्र।
वृद्धा (स्त्री.) बूढ़ी।
वृद्धि (स्त्री.) अभ्युदय। बढ़ती।
वृद्धजीविका (स्त्री.) सूद खोरी।
वृद्धिश्राद्ध (न.) मंगल श्राद्ध। नान्दी मुख श्राद्ध। आभ्युदयिक श्राद्ध।
वृद्धाजीद (त्रि.) व्याज की आय पर जीने वाला।
वृध् (क्रि.) चमकना। बढ़ना।
वृन्त (न.) फल और पत्तों का बन्धन।
वृन्ताक (पुं. स्त्री.) भंटा। बैंगन।
वृन्द (न.) समूह। दस अरब की संख्या।
वृन्दा (स्त्री.) तुलसी। राधिका।
वृन्दारक (पुं.) देवता। (त्रि.) मुख्य। सुन्दर। मनोहर।
वृन्दावन (पुं.) मथुरा के पास कृष्ण का क्रीड़ा स्थल-वैष्णवों का तीर्थ विशेष।
वृन्दिष्ठ (त्रि.) विशेष मुख्य।
वृश्चिक (त्रि.) बिच्छू। मेष से आठवीं राशि। औषधि।
वृष् (क्रि.) सींचना। उत्पाद शक्ति का होना।
वृष (पुं.) बैल। मेष से दूसरी राशि। पुरुष विशेष। इन्द्र। धर्म। सींग वाला। चूहा। शत्रु। कामदेव। बलवान्। ऋषभ नाम दवा। मोर पुच्छ।
वृषण (पुं.) अण्ड कोष। पेलहर।
वृषदंशक (पुं.) चूहे खाने वाला। बिल्ला। बिडाल।
वृषध्वज (पुं.) शिव।
वृषन् (पुं.) इन्द्र। कर्ण। बैल। घोड़ा।
वृषपर्वन् (पुं.) शिव। दैत्य विशेष।
वृषभ (पुं.) बैल। कान का छेद। औषधिवि शेष। श्रीवेङ्कट पर्वत जो दक्षिण में प्रधान तीर्थ है।
वृषभगति (पुं.) शिव।
वृषभानु (पुं.) एक गोप का नाम जो राधिका जी के पिता थे।
वृषल (पुं.) शूद्र। गाजर। घोड़ा। अधर्मी। राजा चन्द्र गुप्त।
वृषली (स्त्री.) शूद्र की स्त्री। कन्या जो विवाहिता होने के पूर्व ही ऋतुमती हो गयी।
वृषलोचन (पुं.) भूँसा। बैल की आँखें। (त्रि.) बैल की आँखों वाला।
वृषवाहन (पुं.) शिव।
वृषस्यन्ती (स्त्री.) कामुकी। कामातुरा स्त्री।
वृषाकपायी (स्त्री.) स्वाहा। शची। गौरी। लक्ष्मी। जीवन्ती।
वृषाकपि (पुं.) महादेव। विष्णु। अग्नि। इन्द्र।
वृषाकर (पुं.) बलवर्द्धक। उर्द।
वृषाङ्क (पुं.) शिव।
वृषि / **वृषी** } (स्त्री.) व्रती के लिए कुशासन।
वृषोत्सर्ग (पुं.) साण्ड बनाना। मरे हुए के नाम पर बछड़े को दाग कर छोड़ना।
वृष्टि (स्त्री.) वर्षा।
वृष्टिभू (पुं.) मेंड़क। (त्रि.) वर्षा में हुआ।
वृष्णि (पुं.) यादवों का वंश। श्रीकृष्ण। बादल।
वृष्णिगर्भ (पुं.) श्रीकृष्ण।
वृह् (बृह) (क्रि.) चमकना। शब्द करना। बढ़ाना।
वृहत् (बृहत्) (त्रि.) बड़ा।
वृहती (बृहती) (स्त्री.) नारद की वीणा। ३६ की संख्या। लवादा। चादर। वाणी। कण्डियारी। एक छन्द जिसका पाद नौ अक्षरों का होता है।
वृहद्भानु (बृहद्भानु) (पुं.) सूर्य। चित्रक का पेड़।
वृहतीपति (बृहतीपति) (पुं.) बृहस्पति।

वृहस्पति (बृहस्पति) (पुं.) वाणी का स्वामी। देवगुरु।
वृ (क्रि.) स्वीकार करना। वरण करना।
वेंकट (पुं.) पर्वत।
वेंकटेश (पुं.) विष्णु का रूप विशेष। श्रीनिवास।
वेग (पुं.) प्रवाह। गति। तेज।
वेगिन् (पुं.) बाज पक्षी। (त्रि.) वेग वाला।
वेचा (स्त्री.) भाड़ा। किराया।
वेण्, वेन् (स्त्री.) बाजे पर नाचना। जाना। जानना। विचारना। लेना। देखना। प्रशंसा करना।
वेण (पुं.) वर्णसङ्कर। पृथु राजा का पिता।
वेणि, वेणी (स्त्री.) स्त्रियों के सिर के केशों की ग्रन्थि। चोटी। जल की धार। दो या अधिक नदियों का संगम यमुना। गंगा और सरस्वती का संगम स्थल।
वेणीर (पुं.) नीम का पेड़।
वेणु (पुं.) बाँस। बँसी।
वेणुज (पुं.) चावल विशेष। जिसका आकार जौ जैसा होता है।
वेणुध्म (पुं.) बँसी बजाने वाला।
वेणुवाद (त्रि.) वेणुवादक। बँसी बजाने वाला।
वेतन (न.) किये हुए काम की नियत मजदूरी। तनख्वाह।
वेतनादान (न.) व्यवहार विशेष। तनख्वाह लेना। नियत द्रव्य लेना।
वेतस् (पुं.) बैंत। एक वृक्ष।
वेताल (पुं.) मल्ल। भूताधिष्ठित शव। शिव जी का एक गण। द्वारपाल।
वेतृ (त्रि.) जानने वाला। उठाने वाला। पाने वाला।
वेत्र (पुं.) बैंत।
वेत्रधर (पुं.) द्वारपाल। छड़ीदार।
वेत्रवती, वेत्रावती (स्त्री.) नदी विशेष।
वेत्रासन (न.) मूढ़ा। कुर्सी। चटाई।
वेद (न.) विष्णु। ज्ञान। संहिता विशेष।
वेदगर्भ (पुं.) हिरण्य गर्भ।
वेदन (न.) ज्ञान। सुख दुःखादि का अनुभव। विवाह। धन। सम्पत्ति। दान। शूद्रा स्त्री के साथ उच्चवर्ण का विवाह।
वेदपारग (पुं.) समस्त वेदों को जानने वाला।
वेदमातृ (स्त्री.) गायत्री महामन्त्र।
वेदविद् (पुं.) विष्णु। (त्रि.) वेद को जानने वाला।
वेदव्यास (पुं.) पराशर पुत्र। सत्यवती गर्भ सम्भूत मुनि विशेष। शुक देव के पिता।
वेदस् (पुं.) जाने वाला।
वेदाङ्ग (न.) वेदों के छः अंग। जैसे शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्योतिष।
वेदादि (पुं.) प्रणव। ओंकार।
वेदान्त (पुं.) तत्वज्ञान का प्रधान शास्त्र।
वेदाधिप (पुं.) वेद के स्वामी। यथा ऋग्वेद के बृहस्पति, यजुर्वेद के शुक्र, सामवेद के मंगल, अथर्व के बुध। विष्णु।
वेदान्तिन् (त्रि.) वेदान्त दर्शन का जानने वाला।
वेदाभ्यास (पुं.) वेद का पढ़ना।
वेदि (स्त्री.) साफ की गई भूमि। (पुं.) पण्डित।
वेदिजा (स्त्री.) द्रौपदी।
वेदितृ (त्रि.) ज्ञाता। जानने वाला।
वेदिन् (पुं.) पण्डित। हिरण्यगर्भ (त्रि.) जानने वाला।
वेध (पुं.) बींधना। बेधना।
वेधक (न.) कपूर। धनियां। (त्रि.) बेधने वाला।
वेधस् (पुं.) हिरण्य गर्भ। विष्णु। सूर्य्य। पण्डित। ब्रह्मा। बनाने वाला।
वेधित (पुं.) बेधा गया। छिद्रित।
वेधिनी (स्त्री.) जोंक।
वेपृ (क्रि.) काँपना।
वेपथु (पुं.) काँपना।
वेपन (न.) हिलना।
वेम (पुं.) बुन्ने का डण्डा।
वेल् (क्रि.) चलना। हिलना।
वेल (न.) उपवन। काल।
वेला (स्त्री.) समुद्र का तट।
वेल्ल (क्रि.) हिलाना।
वेल्लज (पुं.) मिरच।
वेल्लन (न.) घोड़े आदि का जमीन पर लोट लगाना। रोटी आदि बेलने का काठ का टुकड़ा।

वेवी (क्रि.) चाहना। फेंकना। फैलना। खाना।
वेश (पुं.) सजावट का कार्य। वेश्यागृह। प्रवेश।
वेशधारिन् (पुं.) कपटी। दम्भी।
वेशन्त (पुं.) छोटा ताल। अग्नि।
वेश्मन् (न.) गृह। घर।
वेश्मभू (स्त्री.) घर बनाने योग्य स्थान।
वेश्य (न.) कान का पलड़ा। पगड़ी। पेठा। प्राचीर। (पुं.) घेरा।
वेश्या (स्त्री.) रण्डी।
वेष्टित (त्रि.) प्राचीर से घिरा हुआ। रुका हुआ।
वेस् (क्रि.) जाना।
वेसन (न.) चने का आटा।
वेहार (पुं.) देश विदेश।
वै (अव्य) अनुनय। पाद को पूर्ण करता है। निश्चय। सम्बोधन।
वैकक्ष (न.) हार विशेष।
वैकंकत (पुं.) वृक्ष विशेष।
वैकल्पिक (त्रि.) दो में से एक।
वैकल्य (न.) घबराहट।
वैकुण्ठ (पुं.) विष्णु। गरूड़। इन्द्र।
वैकृत (न.) विकार। परिवर्तन।
वैखरी (स्त्री.) कण्ठ्य आदि अक्षरों का बना शब्द विशेष।
वैखानस (पुं.) वानप्रस्थ।
वैगुण्य (न.) बिगाड़ना। अन्याय। अपूर्णता।
वैचित्र्य (न.) विलक्षणता।
वैजयन्त (पुं.) इन्द्र प्रासाद। दैत्य विशेष। पताका।
वैजिक (न.) सुहांजन का तेल। कारण। (त्रि.) बीज सम्बधी।
वैज्ञानिक (पुं.) निपुण। विशेष ज्ञानी। विज्ञान वेत्ता।
वैडालव्रत (न.) दम्भ युक्त व्रत। कपटाचार।
वैणव (न.) बाँस का फल। (त्रि.) बाँस सम्बन्धी।
वैणविक (त्रि.) वंशी बजाने वाला।
वैणिक (त्रि.) बीन बजाने वाला।
वैण्य, **वैन्य** (पुं.) राजा पृथु।
वैतंसिक (त्रि.) व्याधा। शिकारी।
वैतनिक (त्रि.) वेतन लेकर काम करने वाला।
वैतरिणी, **वैतरिणि** (स्त्री.) यमराज के नगर के समीप की एक नदी।
वैतानिक (पुं.) वेद विधि के अनुसार अग्नि स्थापन।
वैतालिक (त्रि.) भाट। बन्दी।
वैतालीय (पुं.) छन्द विशेष।
वैदग्ध (न. स्त्री.) चातुर्य।
वैदर्भ (पुं.) विदर्भ देश का राजा भीष्मक, जिसकी कन्या रुक्मिणी थी और पुरंजनी आदि।
वैदर्भी (स्त्री.) रचना विशेष। रुक्मिणी। दमयन्ती। पुरंजनी।
वैदिक (पुं.) वेदज्ञ ब्राह्मण।
वैदुष्य (न.) पाण्डित्य।
वैदूर्य (न.) मणि विशेष।
वैदेह (पुं.) बनियां। शूद्र पुरुष और वैश्य स्त्री से उत्पन्न जाति विशेष। राजा जनक।
वैदेही (स्त्री.) सीता। राम पत्नी। हल्दी। मद्य। बनीनी।
वैद्य (पुं.) चिकित्सक।
वैद्यक (न.) चिकित्सा ग्रन्थ या शास्त्र।
वैध (त्रि.) विधान किया हुआ।
वैधात्र (पुं.) सनत्कुमार आदि मुनि विशेष।
वैधृति (पुं.) धैर्य रहित। योग विशेष।
वैधेय (त्रि.) मूर्ख।
वैधर्म्य (न.) विरुद्ध धर्म। विरुद्ध लक्षण।
वैधव्य (न.) रण्डापा।
वैनतेय (पु.) गरुड़। अरुण।
वैनयिक (त्रि.) शास्त्र ज्ञान से नम्रीभूत।
वैनाशिक (पुं.) बौद्धों का शास्त्र। (त्रि.) बौद्धों के शास्त्र को जानने वाला।
वैपरीत्य (न.) उलटापन।
वैभव (न.) विभूति। ऐश्वर्य्य।
वैभ्राज (न.) देवताओं का उपवन।
वैमुख्य (न.) विमुखता।
वैमात्र (पुं.) सौतेली मां की सन्तान।
वैयाकरण (त्रि.) व्याकरण जानने वाला।
वैयाघ्र (पुं.) भेड़िये की खाल से ढकी गाड़ी।
वैयाघ्रपद्य (पुं.) गोत्र के चलाने वाले एक मुनि।
वैयात्य (न.) निर्लज्जता।

वैयासिक (पुं.) शुकदेव।
वैर (न.) विरोध।
वैरकर (त्रि.) विरोधी।
वैरक्तय (न.) विराग।
वैरनिर्यातन (न.) प्रतिकार।
वैराग्य (न.) त्याग।
वैरिन् (त्रि.) दुश्मन। वैरी।
वैरूप्य (न.) विरूपता। कुरूप।
वैलक्षण्य (न.) विलक्षणता।
वैलक्ष्य (न.) लज्जा।
वैवधिक (त्रि.) दूकानदार। हल्कारा।
वैवर्ण्य (न.) मैलापन। रंग का बंदलाव।
वैवस्वत (पुं.) यमराज। रुद्र विशेष।
वैवाहिक (त्रि.) विवाह के योग्य। ससुर। (त्रि.) विवाह वाला।
वैशम्पायन (पुं.) व्यास के एक शिष्य।
वैशस (न.) मारना। (त्रि.) मारने वाला।
वैशाख (पुं.) वर्ष का दूसरा मास। मथानी। धनुर्धरों का एक प्रकार का पैतरा।
वैशिष्ट्य (न.) विशेष और विशेषण का सम्बन्ध। भेद। अन्तर।
वैशेषिक (न.) कणाद मुनि प्रणीत एक शास्त्र।
वैशेष्य (न.) भेद। विशेषत्व।
वैश्य (पुं.) तीसरा वर्ण। बनियां।
वैश्यवृत्ति (स्त्री.) खेती। व्यापार। गोरक्षा।
वैश्रवण (पुं.) विश्रवा का बेटा। कुबेर। रावण।
वैश्वदेव (पुं.) बलि विशेष।
वैश्वानर (पुं.) अग्नि विशेष जो मनुष्यों के पेट में रहता है। चित्रक वृक्ष। सामवेद की एक शाखा।
वैषम्य (न.) वैलक्षण्य। असमानता।
वैषयिक (त्रि.) शब्द आदि से उत्पन्न। सुख विशेष।
वैष्णव (त्रि.) विष्णु भक्त। जिसने विधिपूर्वक विष्णु की दीक्षा ली हो।
वैसारिण (पुं.) मच्छ।
वैहासिक (पुं.) विदूषक। मसखरा।
वोढु (पुं.) एक मुनि।
वोढृ (त्रि.) वाहक। उठाने वाला। (पुं.) वर। त्रि.। बोझा ढोने वाला। मूर्ख।
व्यंसक (पुं.) धूर्त। ठग। नटखट।
व्यंसित (पुं.) वञ्चित। ठगा हुआ।
व्यक्त (त्रि.) स्फुट। प्रकाशित। देखने योग्य। प्राज्ञ। स्थूल। (पुं.) मोटा।
व्यक्ति (स्त्री.) प्रकाश। जन। पृथक्-पृथक्।
व्यग्र (त्रि.) व्याकुल। बहुत फंसा हुआ।
व्यंग (त्रि.) विकलांग। अंग से हीन। लंगड़ा। कुहासा। गाल पर काले-काले तिल या धब्बे।
व्यंग्य (न.) व्यंजना वृत्ति से जानने योग्य अर्थ।
व्यंजन (न.) पंखा।
व्यंजक (पुं.) व्यञ्जना द्वारा बतलाने वाला शब्द। (त्रि.) प्रकाश करने वाला।
व्यञ्जन (न.) भोजनोपकरण।
व्यञ्जित (त्रि.) प्रकाशित।
व्यतिकर (पुं.) सम्बन्ध। व्यसन। दुःख।
व्यतिक्रम (पुं.) विपर्य्यय। उल्टा।
व्यतिरिक्त (त्रि.) भिन्न। पृथक्। जुदा। और।
व्यतिरेक (पुं.) विशेष। अतिक्रम। अभाव। विना। अर्थालंकार विशेष।
व्यतिषक्त (त्रि.) गुथा हुआ। मिला हुआ।
व्यतिषङ्ग (पुं.) परस्पर मेल।
व्यतिहार, व्यतीहार } (पुं.) परस्पर एक प्रकार की क्रिया। परिवर्तन
व्यतीत (त्रि.) अतीत। बीता हुआ। निकला हुआ।
व्यतीपात (त्रि.) महोत्पात भेद। एक प्रकार का बड़ा उपद्रव। ज्योतिष का एक योग विशेष।
व्यत्यय (पुं.) व्यतिक्रम। उलटा। उल्लंघन।
व्यत्यास (पुं.) विपर्यय। उल्टा।
व्यथ् (क्रि.) चलना। दुःखानुभव करना।
व्यथा (स्त्री.) पीड़ा रव।
व्यध् (क्रि.) चोट लगना।
व्यध (पुं.) चोट लगाना। फाड़ना।
व्यध्व (पुं.) दूषित मार्ग। कुपथ।
व्यपदेश (पुं.) कहना। संज्ञा। कापट्य। बहाना।
व्यपरोपण (न.) छेदना। काटना।
व्यपरोपित (त्रि.) छिन्न। कटा हुआ।
व्यपाकृति (स्त्री.) निराकरण। अस्वीकृत करना। छिपाना। न मानना।
व्यपाश्रय (पुं.) आसरा।

व्यपेक्षा (स्त्री.) अपेक्षा। विशेष चाह।बड़ी गरज।
व्यभिचार (पुं.) निन्दिताचार। दुराचार। न्याय में हेतु-दोष।
व्यभिचारिन् (पुं.) जार पुरुष। स्थानभ्रष्ट। दुराचारी। अलंकार में "निर्वेद" आदि रस का अंग विशेष।
व्यभिचारिणी (स्त्री.) कुलटा स्त्री।
व्यय (पुं.) विगम। जाना। खर्च। जन्मकुण्डली में लग्न से १२वां स्थान।
व्यर्थ (त्रि.) निष्प्रयोजन। विफल। निरर्थक।
व्यलीक (न.) अप्रिय। अनृत। झूठ।
व्यवकलन (न.) वियोजन। विगमन। निकालना। घटाना।
व्यकवकलित (त्रि.) घटाया गया। वियोजित।
व्यवच्छिन्न (त्रि.) छिन्न। कटा हुआ। विशेषण युक्त।
व्यवच्छेद (पुं.) अलगाव। विशेषत्व। मोचन।
व्यवधा (स्त्री.) व्यवधान। अन्तर । बीच।
व्यवधायक (त्रि.) कर्ता। अन्तर डालने वाला। ढांकने वाला।
व्यवसाय (पुं.) उद्यम। अनुष्ठान। अवधारण।
व्यवस्था (स्त्री.) शास्त्र मर्य्यादा। तजवीज। युक्ति।
व्यवस्थित (त्रि.) शास्त्र द्वारा विधान। किया हुआ पदार्थ। ठीक। सही।
व्यवस्थितविभाषा (स्त्री.) विकल्प (व्याकरण में)।
व्यवहर्तृ (त्रि.) व्यवहार करने वाला।
व्यवहार (पुं.) पैसे का देना और लेना आदि निस्सन्देह बर्ताव। आचार, नियमादि अठारह सम्बन्धों के अनुकूल चलना। अनेक संशय रहित मैत्री युक्त बर्ताव। (वि-अव-हार) जैसे- "विनानार्थेऽव सन्देहे हरणं हार उच्यते। नानासन्देहहरणाद्व्यवहार इति स्मृतः।।"
व्यवहारपद (न.) झगड़े का स्थान। अभियोग के योग्य। साहूकार की दूकान।
व्यवहारमातृका (स्त्री.) व्यवहार की माता। न्यायालय। कचहरी। पञ्चायत। सभा आदि जहाँ विद्वान, वकील आदि मुखिया बैठकर न्याय दें।
व्यवहारिक (त्रि.) व्यवहार सम्बन्धी। लेन-देन आदि परस्पर सम्बन्ध सूचक चलन या वस्तु। जैसे-घड़ा, कपड़ा इत्यादि। (पुं.) इंगुद वृक्ष।

व्यवहार्य (त्रि.) व्यवहार के योग्य। अपने ढंग का। मिलता-जुलता। काम में लाने के योग्य।
व्यवहित (त्रि.) दूर अन्तर वाला। आड़ में रखी चीज। ढकी हुई।
व्यवाय (पुं.) ग्राम्य धर्म। मैथुन। छिपावा। सफ़ाई। (न.) तेज।
व्यसन (न.) विपत्ति। गिरना। काम और क्रोध से उपजा दोष। मैथुन और मद्यपान दोष। दैवोपद्रवादि। वह दोष जिसके बिना रहा न जाय जैसे-व्यभिचार, भाँग, गांजा आदि, जूआँ आदि। आश्रय, भगवद्भक्ति आदि।
व्यसु (त्रि.) मृत। मरा हुआ।
व्यस्त (त्रि.) व्याकुल। विभक्त। विपरीत। उल्टा।
व्याकरण (न.) वह शास्त्र जिसे शब्दों का विवरण भली-भाँति ज्ञात हो जाय। शब्द शास्त्र।
व्याकुल (त्रि.) घबड़ाया हुआ। विकल।
व्याकृति (स्त्री.) भद्दा रूप। प्रकाशन। व्याकरण। अधिक वर्णन करना।
व्याकृत (त्रि.) विभक्त। व्याख्या किया हुआ। भद्दी शकल किया गया।
व्याकोश / **व्याकोष** } (त्रि.) फैला हुआ। खिला हुआ। प्रमुख।
व्याक्षिप् (क्रि.) उछालना। फैलाना। खोलना।
व्याक्षोभ (पुं.) हलचल। घबराहट।
व्याख्या (स्त्री.) विस्तार से किसी विषय को सरल शब्दों में कहना। वर्णन। कथन।
व्याख्यात (त्रि.) वर्णित। कहा हुआ। व्याख्यान किया हुआ।
व्याख्यान (न.) वर्णन। वक्तता। क़िसी विषय को भली भाँति खुलासा कर के पांच लक्षण युक्त कहना। जैसे- "पदच्छेदः पदार्थोक्तिर्विग्रहो वाक्ययोजना। आक्षेपस्य समाधानं व्याख्यानं पंचलक्षणम्।।"
व्याघट्टन (न.) मथना। परस्पर रगड़ना।
व्याघात (पुं.) चोट। विघ्न। रुकावट। अर्थ सम्बन्धी एक अलंकार।
व्याघ्र (पुं.) बाघ। लाल एरण्ड। करञ्ज का वृक्ष।
व्याघ्रास्य (पुं.) बिडाल। बिल्ला।

व्याज (पुं.) बहाना। कपट।
व्याजनिन्दा (स्त्री.) कपट निन्दा। अर्थालंकार विशेष।
व्याजस्तुति (स्त्री.) अर्थालंकार विशेष। कपट युक्त प्रशंसा।
व्याजोक्ति (स्त्री.) अर्थालंकार विशेष। कपट युक्त कहना।
व्याड़ (पुं.) मांस खाने वाले जीव जैसे बाघ बिल्ली आदि। सर्प। इन्द्र। (त्रि.) ठग। गुण्डा।
व्याड़ि (पुं.) एक ग्रन्थकार। जिसने व्याकरण और कोष के एक एक ग्रन्थ रचे।
व्याध (पुं.) शिकारी। बहेलिया।
व्याधभीत (पुं.) जो पारधी को देख कर डरे। हिरण। पशु आदि।
व्याधि (पुं.) रोग। बीमारी। कोढ़ का रोग। उपद्रव।
व्याधित (त्रि.) बीमार। उपद्रव युक्त।
व्याधुत, **व्याधूत** (त्रि.) काँपा हुआ। हिला हुआ।
व्यान (पुं.) प्राणवायु विशेष।
व्यापक (त्रि.) फैला हुआ।
व्यापन्न (त्रि.) मरा हुआ। विपत्ति में फंसा हुआ।
व्यापाद (पुं.) हिंसा। वध। द्रोहचितन।
व्यापादन (न.) मारना। दूसरे का बुरा सोचना।
व्यापार (पुं.) काम। लाभ होने योग्य काम। परिश्रम। चेष्टा। उद्योग।
व्यापारिन् (त्रि.) व्यापारी। उद्यमी।
व्यापिन् (त्रि.) फैला हुआ। (पुं.) विष्णु।
व्यापृत (त्रि.) व्यापार वाला।
व्याप्त (त्रि.) पूर्ण। पूरा। भरा हुआ।
व्याप्ति (स्त्री.) पूर्त्ति-व्यापकता।
व्याप्य (त्रि.) व्याप्त होने के लायक, जैसे-शमी की लकड़ी में आग इत्यादि।
व्याम (पुं.) दोनों भुजाओं के बीच का माप विशेष।
व्यायत (त्रि.) लम्बा। चौड़ा। दूर। बहुत। (न.) लम्बाई। चौड़ाई।
व्यायाम (पुं.) श्रम। मेहनत। कसरत।
व्यायोग (पुं.) एक प्रकार का काव्य।
व्याल (त्रि.) दुष्ट। बुरा। निष्ठुर। (पुं.) दुष्ट या खूनी हाथी। सर्प। बाघ। चीता। राजा। छलिया। ठग। विष्णु का नाम।
व्यालक (पुं.) बिगड़ैल हाथी।
व्यालग्राह (पुं.) सपेरा। साँप पकड़ने वाला।
व्यालरूप (पुं.) शिव।
व्यालम्ब (पुं.) एरण्ड वृक्ष विशेष।
व्यालोल (त्रि.) हिलने वाला। काँपने वाला। खुला हुआ। स्पष्ट।
व्यावकलन (न.) घटान। बाकी।
व्यावहासी (स्त्री.) परस्पर हँसना।
व्यावृत्त (त्रि.) वृत्त। घेरा। गोल। निवृत्त। हट गया। रूक गया।
व्यावृत्ति (स्त्री.) निवारण। हटाव। लौटना।
व्यास (पुं.) भागों में विभक्त। चौड़ाई, औड़ाई। वृत्त का व्यास। संग्रहकर्त्ता या विभाग कर्त्ता विशेष। सत्यवती सुत। द्वैपायन व्यास।
व्यासक्त (त्रि.) तत्पर। आसक्त।
व्यासंग (पुं.) आसक्ति।
व्यासिद्ध (त्रि.) निषिद्ध। रोका गया।
व्याहत (त्रि.) घबराया हुआ। रुका हुआ।
व्याहार (पुं.) वाक्य। उक्ति।
व्युत्क्रम (पुं.) क्रम विपर्यास। उलट पुलट।
व्युत्थान (न.) वैर बाँधना। स्वातन्त्र्य करण। प्रतिरोधन। नृत्य विशेष।
व्युत्पत्ति (स्त्री.) उत्पत्ति। शब्दों के अर्थ जानने की शक्ति। पद पदार्थ की ज्ञान शक्ति।
व्युत्पन्न (त्रि.) पण्डित। विद्वान्। बुद्धिमान्।
व्युदस्त (त्रि.) फेंका हुआ। तिरस्कार किया हुआ।
व्युदास (पुं.) निरादर करना।
व्युष् (क्रि.) त्यागना। छोड़ना।
व्युष्ट (त्रि.) दग्ध। जला हुआ।
व्यूढ (त्रि.) विशेष रीति से खड़ी की गयी सेना। चौड़ा। फैला हुआ। पहिना हुआ। विवाहित।
व्यूत (त्रि.) सीया हुआ। बुना हुआ।
व्यूह (पुं.) समूह। निर्माण। सम्यक् तर्क। शरीर। सेना।
व्यो (अव्य.) लोहा। बीज।
व्योकार (पुं.) लुहार।
व्योमकेश (पुं.) शिव। महादेव।
व्योमचारिन् (पुं.) पक्षी। देवता। ग्रह। नक्षत्र।
व्योमधूम (पुं.) मेघ। बादल।

व्योमन् (न.) आकाश। पानी।
व्योमयान (न.) उड़न खटोला। बैलून। आकाशगामी विमान।
व्योष (न.) तीन कड़वी वस्तु-यथा, सोठ, काली मिर्च और पीपल। त्रिकटु।
व्रज् (क्रि.) जाना। चलना।
व्रज (पुं.) समूह। झुण्ड। ग्वालों के ठहरने का स्थान। गोशाला। सड़क। बादल। पुराणेतिहास-प्रसिद्ध चौरासी कोस का मथुरा मण्डल।
व्रजनाथ (पुं.) श्रीकृष्ण।
व्रजमोहन (पुं.) श्रीकृष्ण।
व्रजवल्लभ (पुं.) श्रीकृष्ण।
व्रजाङ्गना (स्त्री.) व्रज वासिनी स्त्री। गोपी।
व्रज्या (स्त्री.) पर्य्यटन करना। घूमना। युद्ध की इच्छा से यात्रा।
व्रण् (क्रि.) घाव लगना। चोट खाना।
व्रण (पुं. न.) घाव। जखम। क्षत।
व्रणित (त्रि.) घायल। चोटिल।
व्रत (पुं. न.) पुण्य के साधन उपवासादि नियम विशेष। प्रतिज्ञा।
व्रतति / **व्रतती** } (स्त्री.) लता। बेल। बढ़ाव।
व्रतिन् (पुं.) यजमान। व्रत धारण करने वाला। नियमी।
व्रश्च् (क्रि.) काटना। घायल करना।
व्रश्चन् (पुं.) आरी। सुनारों की छैनी या टाँकी। (न.) कटाव। चिराव। घाव।
व्राज (पुं.) गमन। समूह।
व्राजि (स्त्री.) तूफानी हवा।
व्रात (पुं.) समूह। झुण्ड। शारीरिक श्रम। बराती।
व्रातीन (त्रि.) मजदूर। रोजन्दारी पर काम करने वाला।
व्रात्य (पुं.) संस्कार च्युत द्विज। नीच मनुष्य। वर्णसङ्कर विशेष। भ्रष्ट। "सावित्री पतिता व्रात्याः।।"-मनुः।
व्रात्यस्तोम (पुं.) व्रात्य के करने योग्य व्रत। वेद में एक तन्त्र जो व्रात्यों ही के लिये है।
व्री (क्रि.) चुनना। जाना। ढकना। चुना जाना।
व्रीड (पुं.) / **व्रीडा** (स्त्री.) } लज्जा।
व्रीडन (न.) लजाना।
व्रीडित (त्रि.) लज्जित।
व्रीस् (क्रि.) घायल करना। वध करना।
व्रीहि (पुं.) चावल।
व्रीहिकाञ्चन (न.) एक प्रकार की दाल।
व्रुड् (क्रि.) ढकना। एकत्र करना। ढेर लगाना। डूबना।
व्रैहेय (त्रि.) चावल। धान उपजने योग्य खेत।
व्ली (क्रि.) जाना। पकड़ना। सहारना। सहारा देना। चुनना।
व्लेक्ष् (क्रि.) देखना।

श

श (पुं.) काटने वाला। नाश करने वाला। अस्त्र। शिव। (न.) प्रसन्नता।
शंयु (त्रि.) प्रसन्न। समृद्धिशील।
शंव (पुं.) हल चलाना। इन्द्र का वज्र। खल्ल के दस्ते का लोहे वाला अग्र भाग।
शंवर (न.) जल। पानी।
शंस् (क्रि.) प्रंशसा करना। दुहराना। पाठ करना। चोटिल करना।
शंस (पुं.) प्रशंसा। पाठ। आह्वान। तन्त्र। जादू। भलाई की इच्छा। आशीर्वाद। शाप। विपत्ति।
शंसित (त्रि.) प्रशंसित। निश्चित। पक्का। मारा गया। कहा गया।
शंस्य (त्रि.) मारने योग्य। प्रशंसा के योग्य।
शक् (क्रि.) डरना। योग्य होना।
शक (पुं.) एक देश। एक जाति। एक राजा जिसने अपना शक चलाया। उसका चलाया वर्ष। युधिष्ठिर, विक्रमादित्य और शालिवाहन इन तीनों राजाओं ने अपने अपने शक चलाये थे।
शकट (पुं. न.) छकड़ा। एक दैत्य, जिसे श्रीकृष्ण ने मारा था।
शकटहन् (पुं.) श्रीकृष्ण।
शकल (पुं. न.) खण्ड। हिस्सा। अश। टुकड़ा। छाला। काँटा (मछली का)।
शका (पुं.) बहुवचन। देश विशेष। जाति विशेष।

शकार (पुं.) राजा की बिन व्याही स्त्री का भाई अनूढ़ माता। मद माता। अभिमानी।

शकारि (पुं.) शक का शत्रु। विक्रमादित्य राजा जिसने शक बन्द अपना संवत् चलाया था।

शकुन (न.) सगुन। पक्षी विशेष। मङ्गलाचार। गीध। शुभ सूचक चिह्न।

शकुनज्ञ (त्रि.) ज्योतिषी।

शकुन्त (पुं.) पक्षी। एक प्रकार का कीड़ा।

शकुन्तला (स्त्री.) दुष्यन्त की स्त्री।

शक्कर } **शक्करि** } (त्रि.) बैल। चौदह अक्षर का पाद वाला एक छन्द।

शक्करी (स्त्री.) एक नटी। नीच जाती की स्त्री। अङ्गुली।

शक्त (त्रि.) शक्ति वाला। कठोर। धनी। अभिधा। चतुर।

शक्ति (स्त्री.) सामर्थ्य। देवी। धर्म्म विशेष। बर्च्छी।

शक्तिग्रह (पुं.) अर्थ को बताने वाली वृत्ति का समझना। वृत्ति। अस्त्र। स्वामिकार्त्तिक। शिव।

शक्तिधर (पुं.) कार्त्तिकेय। (त्रि.) शक्ति रखने वाला।

शक्तिहेतिक (पुं.) बर्च्छी से लड़ने वाला।

शक्तु } **सक्तु** } (पुं.) सतुआ।

शक्नु (त्रि.) प्रियभाषी।

शक्य (त्रि.) शक्ति वाला।

शक्र (पुं.) इन्द्र। कुटज वृक्ष। अर्जुन वृक्ष। ज्येष्ठा नक्षत्र। उल्लू। चौदह की संख्या। शिव।

शक (पुं.) बीर बहूटी।

शक्रज (पुं.) इन्द्र का पुत्र। जयन्त। अर्जुन।

शक्रजित् (पुं.) मेघनाद। इन्द्रजित्।

शक्रधनुस् (न.) राम धनुष्। इन्द्र धनुष्।

शक्रसुत (पुं.) इन्द्र पुत्र। बालि नामी वानरों का राजा।

शक्राणी (स्त्री.) इन्द्र की पत्नी-पुलोमजा। शची।

शङ्कर (पुं.) कल्याण कर्त्ता। महादेव।

शटा (स्त्री.) सन्देह। त्रास। वितर्क। संशय।

शङ्कित (त्रि.) डरा हुआ। सन्दिग्ध।

शङ्कु (पुं.) सूखा वृक्ष। मच्छी भेद। शल्य नामक अस्त्र। कील। दस करोड़ की संख्या। महादेव। १२ अङ्गुल लम्बा एक यन्त्र विशेष, जिससे सूर्य की छाया नापी जाती है।

शङ्कुकर्ण (पुं.) गधा।

शङ्ख (पुं. न.) समुद्र से उत्पन्न शङ्ख। ललाट की हड्डी। निधि। हाथी के दांत का मध्य भाग। एक मुनि।

शङ्खध्म (पुं.) शङ्ख बजाने वाला।

शङ्खभृत (पुं.) विष्णु। नारायण।

शङ्खिनी (स्त्री.) चोरपुष्पी। यवतिक्ता। एक प्रकार की स्त्री।

शच् (क्रि.) जाना। बोलना।

शचि } **शची** } (स्त्री.) इन्द्र पत्नी।

शचीपति (पुं.) इन्द्र।

शट् (क्रि.) रोगी होना। अलग करना। जाना। थकना।

शट (पुं.) खट्टा।

शटा (स्त्री.) शेर की गर्दन के बाल।

शठ् (क्रि.) ठगना। धोखा देना। वध करना। चोटिल करना। समाप्त करना। अधूरा छोड़ देना। जाना। सुस्त पड़े रहना। बुराई करना। प्रशंसा करना।

शठ (न.) लोहा। केसर। (पुं.) ठग। बदमाश। उठाई गीरा। मूर्ख। कूढ़मग्ज। बिचवानिया। मध्यस्थ। पञ्च। धतूरा। ढीला या सुस्त मनुष्य। (त्रि.) ओटपायी। नटखट। उपद्रवी। बेईमान। धोखा देने वाला।

शठता (स्त्री.) शाठ्य। ठगी।

शण् (क्रि.) देना।

शण (पुं.) सन। भाँग। सन का पाधा।

शण्ड (न.) नपुंसक बैल।

शत (न.) एक सौ।

शतकुम्भ (पुं.) एक पर्वत जिसमें से सोना निकलता है।

शतकोटि (पुं.) जिसमें सौ करोड़ नौ के हों। वज्र। हीरा। (स्त्री.) सौ करोड़ की गिनती।

शतक्रतु (पुं.) इन्द्र। देवों का राजा।

शतघ्नी (स्त्री.) एक प्रकार का हथियार। तोप। बिच्छू। गले की बीमारी।

शततम (त्रि.) सौवाँ।

शतद्रुधा (पुं.) सतलज नदी।

शतधा (स्त्री.) दूब। दूर्वा। सौगुना।

शतधामन् (पुं.) विष्णु।
शतधार (पुं.) वज्र। हीरा।
शतधृति (पुं.) इन्द्र। ब्रह्मा। स्वर्ग।
शतपत्र (न.) कमल। बहुत पत्तों वाला।
शतपथ (पुं.) यजुर्वेदान्तर्गत ब्राह्मण ग्रन्थ विशेष।
शतपथिक (त्रि.) शतपथ जानने वाला। कई मतों पर चलने वाला।
शतपद (न.) कान खजूरा। गोजर।
शतभिषज् (स्त्री.) चौबीसवाँ नक्षत्र। शततारका।
शतमख (पुं.) इन्द्र।
शतरुद्रीय (न.) यजुर्वेद का रुद्राध्याय।
शतरूपा (स्त्री.) स्वायम्भुव मनु की स्त्री।
शतसाहस्र (त्रि.) लाख की गिनती वाला।
शतह्रदा (स्त्री.) बिजली।
शतानन्द (पुं.) अहल्या के गर्भ से उत्पन्न एक मुनि। जनक राजा के पुरोहित।
शतानीक (पुं.) व्यास शिष्य विशेष। (त्रि.) सैकड़ों सैनिक वाला।
शतार (न.) वज्र। सैकड़ों आरा वाला।
शतायुस् (त्रि.) एक सौ वर्ष की उमर वाला।
शातिक (त्रि.) सौ के मूल्य की वस्तु।
शत्य (त्रि.) सौ की गिन्ती वाले द्रव्य से मोल लिया गया।
शत्रु (पुं.) रिपु। वैरी। लग्न से छठवाँ स्थान।
शत्रुघ्न (पुं.) दशरथ पुत्र।
शद् (क्रि.) गिरना। नाश करना। काटना।
शनि (पुं.) सूर्य का बेटा। छाया के गर्भ से उत्पन्न एक ग्रह।
शनिवार (पुं.) सातवाँ वार।
शनैश्चर (पुं.) शनिग्रह।
शनैस् (अव्य.) मन्द-मन्द। धीरे।
शंस् (क्रि.) मारना। स्तुति करना।
शप् (क्रि.) चिल्लाना। कसम खाना। शाप देना।
शपथ (पुं.) कसम। किरिया।
शपन (न.) शपथ। सौं। कसम।
शप्त (त्रि.) शापित। कोसा हुआ।
शफ (न.) खुर। सुम। वृक्ष की जड़।
शफर (पुं. स्त्री.) मछली विशेष।

शब्द् (क्रि.) शब्द करना।
शब्द (पुं.) आवाज।
शब्दग्रह (पुं.) कान। शब्द का ज्ञान।
शब्दब्रह्मन् (न.) वेद। शब्द स्वरूप ब्रह्म।
शब्दभेदिन् (पुं.) शब्द भेदी तीर। अर्जुन। गुदा। लिङ्ग।
शब्दशक्ति (स्त्री.) अर्थ बतलाने वाली शब्द की शक्ति।
शब्दानुशासन (न.) व्याकरण।
शब्दालङ्कार (पुं.) अनुप्रासादि अलंकार।
शब्दित (स्त्री.) बुलाया हुआ।
शम् (क्रि.) शान्त करना।
शम (पुं.) शान्ति।
शमथ (पुं.) शान्ति।
शमनस्वसृ (स्त्री.) यमराज की बहिन। यमुना।
शमल (न.) विष्ठा। मल।
शमि / **शमी** } एक वृक्ष का नाम। छेंकुर का पेड़।
शमिन् (त्रि.) शान्त। धीर। साबिर।
शमीक (पुं.) एक मुनि का नाम।
शमीगर्भ (पुं.) आग। ब्राह्मण।
शम्पा (स्त्री.) बिजुली।
शम्ब् (क्रि.) जाना।
शम्ब (पुं.) वज्र। भाग्यवाला। मूसल की नोक का लोहा।
शम्बर (न.) जल। धन। व्रत। चित्र। मृग। एक दैत्य। एक मच्छ। एक पर्वत। लड़ाई। चित्रक वृक्ष। लोध। अर्जुन वृक्ष। (त्रि.) बहुत अच्छा।
शम्बरारि (पुं.) शम्बर दैत्य को मारने वाला। कामदेव।
शम्बल (पुं. न.) कूल। किनारा। मार्ग व्यय। मत्सर।
शम्भल (पुं.) मुरादाबाद जिले के अन्तर्गत एक गाँव जहाँ कल्कि अवतार होगा।
शम्भु (पुं.) महादेव।
शम्भुतनय (पुं.) गणेश। स्वामि कार्त्तिक।
शम्बु / **शम्बू** } (पुं. स्त्री.) सींप। रामायण का प्रसिद्ध शूद्र तपस्वी। शङ्ख। दैत्य विशेष।
शम्या (स्त्री.) कील (जुएँ की)।

शय (पुं.) हाथ। साँप। नींद। सेज। पण।
शयनीय (न.) शय्या। सेज।
शयनैकादशी (स्त्री.) आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी।
शयालु (त्रि.) निद्राशील। सोने वाला। अजगर। (पुं.) कुत्ता।
शयित (त्रि.) निद्रित। सो गया।
शयु (पुं.) अजगर साँप।
शय्या (स्त्री.) खाट। पलङ्ग।
शर (न.) जल। तीर। दही और दूध का सार।
शरजन्मन् (पुं.) कार्त्तिकेय।
शरट (पुं.) कृकलास। कुसुम्भ शाक।
शरण (न.) गृह। घर। रक्षक। बचाना। वध। घातक।
शरणागत (त्रि.) शरणापन्न।
शरणि / **शरणी** (स्त्री.) पथ। रास्ता। सड़क।
शरण्य (त्रि.) शरण आये हुए की रक्षा करने वाला।
शरद् (स्त्री.) ऋतु विशेष। आश्विन और कार्त्तिक।
शरधि (पुं.) तर्कस। बाण रखने का कोष।
शरभ (पुं.) हाथी का बच्चा। आठ पैर का जन्तु विशेष जो सिंह से भी अधिक भयानक और बलवान् बतलाया जाता है। ऊँट। टिड्डी।
शरभू (पुं.) कार्त्तिकेय।
शरयु / **सरयू** (स्त्री.) एक नदी जिसकी विशेष प्रसिद्धि अयोध्या में हैं।
शरल (त्रि.) टेढ़ा। धोखा देने वाला।
शरलक (न.) जल। पानी।
शरव्य (न.) लक्ष्य। निशाना।
शराभ्यास (पुं.) तीर चलाने का अभ्यास।
शरारु (त्रि.) हिंसा।
शरारोप (पुं.) धनुष। कमान।
शराव (पुं. न.) मिट्टी का दीपक। रकाबी। सरवा। कठोरता। करई।
शरावती (स्त्री.) एक नदी।
शराश्रय (पुं.) तूण। तर्कस।
शरीर (न.) देह।
शरीरक (पुं.) जीवात्मा।
शरीरज (पुं.) रोग। बीमारी। (त्रि.) शरीर से उपजने वाला। पसीना। बाल।
शरीरावरण (न.) चमड़ा। कवच। कुर्ता, अँग-रखा आदि।
शरीरिन् (पुं.) जीव।
शरु (पुं.) तीर। अस्त्र। वज्र। क्रोध। व्यसन। तीर चलाने का अभ्यास।
शरेष्ट (पुं.) आम।
शर्करा (स्त्री.) खाँड़। छोटी कङ्करी। ओले का टुकड़ा। पथरी नामक एक रोग।
शर्ध (पुं.) अपान वायु मोचन। समूह। बल। पराक्रम।
शर्द् (क्रि.) जाना। चोटिल करना। मार डालना।
शर्मद (त्रि.) सुख देने वाला। (पुं.) विष्णु।
शर्मन् (न.) सुख। (त्रि.) सुख वाला। (पुं.) ब्राह्मण की उपाधि।
शर्मिष्ठा (स्त्री.) वृषपर्वा की कन्या जो राजा ययाति को ब्याही गयी थी।
शर्व्य (त्रि.) चोटिल। (पुं.) शत्रु।
शर्या (स्त्री.) रात। अङ्गुलू। तीर।
शर्य्याति (पुं.) वैवस्वत मनु का एक पुत्र।
शर्व (पुं.) महादेव।
शर्वर (पुं.) कामदेव। (न.) अन्धेरा।
शर्व्वरी (स्त्री.) रात्रि। स्त्री। हल्दी।
शर्व्वाणी (स्त्री.) शिवपत्नी। पार्वती या दुर्गा।
शल् (क्रि.) जाना।
शलभ (पुं.) पतङ्ग। एक कीड़ा।
शलाका (स्त्री.) शल्य। तीर। सिलाई। मैना। मूर्ति लिखने की कूँची। हड्डी।
शलाटु (त्रि.) कच्चा फल। एक प्रकार की जड़। (पुं.) बेल।
शल्क (न.) टुकड़ा। वृक्ष का वल्कल। मच्छी का काँटा।
शाल्मलि / **शाल्मलि** (पुं.) छेंकुर का पेड़।
शल्य (न.) बाण। तीर। तोमर। विष। कील।
शल्ल् (क्रि.) जाना।
शल्व (पुं.) देश विशेष।
शद् (क्रि.) बिगाड़ना। जाना।
शव (पुं. न.) मृत शरीर। मुर्दा (न.) जल।
शवकाम्य (पुं.) कुत्ता।

शवयान (न.) ठठरी। शिविका। मुर्दे को उठाने का तख्ता।

शबर (न.) म्लेच्छ जाति विशेष। (पुं.) पानी और शिव।

शवरथ (पुं.) मुर्दा ढोने वाली गाड़ी।

शवल (पुं.) रङ्ग वरङ्गी।

शश् (क्रि.) उछल कर जाना।

शश (पुं.) खरगोश।

शशधर (पुं.) चन्द्रमा।

शशबिन्दु (पुं.) राजा विशेष विष्णु।

शशाद (पुं.) बाज पक्षी। सूर्यवंशी एक राजा।

शशिकला (स्त्री.) चन्द्रमा का सोलहवाँ भाग।

शशिकान्त (न.) कुमुद। (पुं.) चन्द्र कान्तमणि।

शशिन् (पुं.) चन्द्रमा।

शशिप्रभ (न.) कुमुद का फूल। चाँदनी।

शशिभूषण (पुं.) महादेव।

शशिलेखा (स्त्री.) चन्द्रकला। गिलोय।

शशिशेखर (पुं.) महादेव।

शशोर्ण (न.) खरगोश का रोम।

शश्वत् (अव्य.) निरन्तर। सदा। लगातार।

शष् (क्रि.) वध करना।

शष्कुल (पुं.) एक प्रकार का पुआ। कान का छेद। एक मच्छ।

शष्प (न.) छोटी छोटी घास। नयी घास।

शयू (क्रि.) वध करना।

शसृ (क्रि.) आर्शीवाद देना। सोना। स्वप्न देखना।

शसन (न.) यज्ञार्थ पशु हनन।

शस्त (न.) कल्याण। (त्रि.) कल्याण वाला। प्रशंसित। स्तुत। बहुत अच्छा।

शस्त्र (न.) तलवार आदि हथियार।

शस्त्रजीविन् (पुं.) शस्त्र बाँधकर जीनेवाला।

शस्त्रपाणि (पुं.) हाथ में शस्त्र पकड़ने वाला। आततायी।

शस्त्राभ्यास (पुं.) शस्त्र चलाने की शिक्षा।

शस्त्रिन् (त्रि.) शस्त्रधारी। हथियारबन्ध।

शस्त्री (स्त्री.) छुरी।

शस्य (न.) फल। धान।

शस्यमञ्जरी (स्त्री.) नये धान की मञ्जरी।

शाक (पुं. न.) पत्ते, फूल आदि। (पुं.) एक प्रकार का वृक्ष। शिरीष वृक्ष। शक चलाने वाले राजे। (न.) हर्र।

शाकटायन (पुं.) व्याकरण रचने वाले मुनि विशेष।

शाकटिक (पुं.) छकड़े पर जाने वाला।

शाकतरु (पुं.) सागोन का पेड़।

शाकम्भरी (स्त्री.) दुर्गा। सागों से पालनेवाली।

शाकराज (पुं.) बथुआ का शाक।

शाकिनी (स्त्री.) शाक उत्पन्न करने वाली पृथिवी। देवी की एक सहचरी।

शाकुन (पुं.) सगुन जानने का साधन। एक ग्रन्थ विशेष। काकचरित।

शाकुनिक (पुं.) राजा भरत।

शाक्त (त्रि.) तान्त्रिक जो देवी की उपासना करते हैं।

शाक्तीक (पुं.) बर्छी से लड़ने वाला।

शाक्य (पुं.) बुद्धदेव।

शाक्यसिंह (पुं.) बुद्ध विशेष।

शाख (क्रि.) फैलना।

शाख (पुं.) कार्त्तिकेय।

शाखा (स्त्री.) डाली। बाहू। दल। भाग। सर्ग। सम्प्रदाय। राहु। बेल। वेद का एक भाग।

शाखानगर (न.) गाँव का कुछ विभाग जो उससे अलग बसा हो। शहर का मुहल्ला।

शखामृग (पुं.) बन्दर।

शाखारण्ड (पुं.) अपनी शाखा को छोड़ कर काम करने वाला।

शाखिन् (पुं.) पेड़। वेद का एक भाग। एक राजा। म्लेच्छ विशेष।

शाखोट, **शाखोटक** } (स्त्री.) वृक्ष विशेष।

शाङ्कर (पुं.) नादिया। साँड़।

शाङ्करि (पुं.) कार्त्तिकेय। गणेश। अग्नि।

शाङ्ख (न.) शङ्ख का शब्द।

शाङ्खिक, (पुं.) शङ्ख बनाने वाला। सङ्कर जाति विशेष। शङ्ख बजाने वाला।

शाचि (त्रि.) प्रसिद्ध। बली।

शाट } (पुं.) कपड़ा। पोशाक।
शाटक

शाटी (स्त्री.) कुर्ती।

शाट्यायन (न.) एक प्रकार की होम विधि विशेष। जो मुख्य होम में किसी प्रकार की भूल या विघ्न होने से किया जाता है।

शाठ्य (न.) शठता। ढीठपन। मूर्खता।

शाण (न.) सनिया कपड़ा। कसौटी। सान। सिल्ली। आरा। चार माशे का माप।

शाणित (त्रि.) तेज किया हुआ।

शाण्डिल्य (पुं.) एक मुनि। धर्मशास्त्र बनाने वाले एक मुनि विशेष। बिल्व वृक्ष। अग्निभेद।

शाण्डिलयगोत्र (पुं.) शाण्डिल के गोत्र वाले।

शात (त्रि.) पैना। रगड़ा हुआ। पतला। दुबला। निर्बल। सुन्दर। कटा हुआ। प्रसन्न। उन्नतशील। (न.) प्रसन्नता।

शातोदरी (स्त्री.) पतली कमर वाली स्त्री।

शातकुम्भ (न.) सोना। धतूला। (पुं.) करवीर।

शातन (न.) पैना। काटछाँट। विनाशन।

शातपत्रक } (पुं.) चाँदनी।
शातपत्रकी } (स्त्री.)

शातमान (त्रि.) एक सौ के मूल्य की।

शात्रव (पुं.) शत्रु। (न.) वैरियों का समूह। शत्रुता। चोर।

शाद (पुं.) छोटी घास। कीचड़।

शादहरित (पुं.) रमना। हरी हरी घास से भरा पूरा मैदान।

शाद्वल (पुं.) बहुत घासवाला स्थान।

शान् (क्रि.) पैना करना। तेज करना।

शान (पुं.) कसौटी। सान धरने का पत्थर या सिल्ली।

शानपाद (पुं.) चन्दन रगड़ने का हुर्सा-या चकला। पारियात्र पर्वत।

शान्तनव (पुं.) भीष्मपितामह।

शान्तनु (पुं.) एक राजा जो भीष्म का पिता था।

शान्ति (स्त्री.) काम क्रोध आदि का जीतना। विषयों से विराग।

शान्तनिक (त्रि.) उपद्रवों को दूर करने वाली होम आदि प्रक्रिया।

शाप (पुं.) कोसना। गाली। कड़ी बात। शपथ।

शापास्त्र (पुं.) मुनि। ऋषि। सन्त।

शाब्दबोध (पुं.) ज्ञान विशेष।

शाब्दिक (पुं.) व्याकरण शास्त्र का ज्ञाता।

शामित्र (न.) पशु के बाँधने का स्थान।

शाम्बरी (स्त्री.) माया। इन्द्रजाल।

शाम्भव (पुं.) गुग्गल। काफूर। एक विष। शिवपुत्र। (न.) देवदारु। (त्रि.) शिवोपासक।

शायक } (स्त्री.) बाण। तीर।
सायक

शार (न.) चितकबरा। रङ्ग विरङ्गा।

शारङ्ग (पुं.) पपीहा। हिरन। हाथी। भौंरा। मोर।

शारद (न.) चिरा कमल। काही। बकुल। (पुं.) हरी मूँग (त्रि.) शरद् ऋतु में उत्पन्न होने वाला।

शारदिक (न.) शरत् काल का श्राद्ध (पुं.) इस ऋतु में उत्पन्न होने वाला।

शारदीया (स्त्री.) शरत् काल में करने योग्य दुर्गा की पूजा।

शारि } (स्त्री.) पासा। शतरञ्ज के मोहरे। मैना
शारी } पक्षी। छल। हाथी का पलाना।

शारिफल (पुं. न.) शतरञ्ज खेलने का खानों वाला कपड़ा या तख्ता।

शारीर (त्रि.) शरीर के साथ मिला हुआ सुख दुःख। (पुं.) बैल मल।

शारीरिक (त्रि.) शरीर से उपजा। शरीर सम्बन्धी।

शारुक (त्रि.) जल्लाद। हिंसक।

शार्कर (त्रि.) ईंट रोड़ों वाला स्थान।

शार्ङ्ग (पुं.) सींग का बना हुआ धनुष। सामान्य धनुष। विष्णु का धनुष। सोंठ।

शार्ङ्गिन् (पुं.) विष्णु। शार्ङ्ग धनुर्धारी।

शार्दूल (पुं.) बाघ। भेड़िया। एक राक्षस। शरभ। जब यह किसी शब्द के पीछे लगाया जाता है तब इसका अर्थ श्रेष्ठ होता है। यथा नरशार्दूल अर्थात् श्रेष्ठ नर।

शार्दूलविक्रीड़ित (न.) छन्द विशेष।

शार्वर (न.) रात का। बहुत अन्धेरा।

शाल् (क्रि.) कहना। चापलूसी करना। प्रशंसा करना। चमकना। मुक्त होना। शेखी मारना।

शाल (पुं.) एक वृक्ष का नाम जो बहुत लम्बा होता है। घेरा। बाड़ा। मछली। शालिवाहन राजा।
शालग्राम (पुं.) विष्णु चिह्न बताने वाला वह पत्थर जो गंडकी नदी में हो, वहाँ से लाया गया हो, किसी ने बनाया न हो, स्वाभाविक मूर्त्ति। धर्मशास्त्रों में प्रधान उपास्य शालग्राम शिला। विष्णुस्मृति और कई पुराणो में इनकी महिमा प्रसिद्ध है। शालग्राम पहाड़ से उत्पन्न मूर्ति। महाविष्णु।
शालनिर्य्यास (पुं.) साल वृक्ष का गोंद।
शालभञ्जिका (स्त्री.) काठ की पुतली। वेश्या।
शाला (स्त्री.) गृह। घर का स्थान। पेड़ की डाली। घुड़साल।
शालामृग (पुं.) गीदड़। श्रृंगाल।
शालावृक (पुं.) कुत्ता। गीदड़। पिल्ला। हिरन। बन्दर।
शालि (पुं.) धान।
शाहिलवाहन (पुं.) एक राजा विशेष, जिसने अपना शाका चलाया।
शाली (स्त्री.) काला जीरा।
शालीन (त्रि.) ढीठ। निर्लज्ज।
शालु (न.) कसैला पदार्थ। (पुं.) मेंड़क।
शालूर (पुं.) मेंडक।
शालोत्तरीय (पुं.) पाणिनि मुनि।
शाल्मल (पुं.) द्वीप विशेष।
शाल्व (पुं.) एक देश।
शाव (पुं.) शिशु।
शावर (पुं.) पाप। अपराध। लोध का पेड़। शवर कृत मीमांसा भाष्य।
शाबरी (स्त्री.) भिल्लनी। विद्या विशेष।
शाश्वत (त्रि.) सतत्। नित्य। सदैव।
शास् (क्रि.) प्रशंसा करना। सिखाना। शासन करना। आज्ञा देना। कहना। परामर्श देना। दण्ड देना। पालना। वश में करना। इच्छा करना।
शासन (न.) उपदेश करना। सजा देना। हुक्म देना।
शासनहर (पुं.) दूत।
शासितृ (त्रि.) शासनकर्त्ता। हुक्काम।
शास्त्र (न.) मनुष्यों के कर्तव्य और अकर्तव्यों का निश्चय-प्रदर्शक ग्रन्थ। जैसे- "तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्य- व्यवस्थितौ। ज्ञात्वा शास्त्रविधानोक्तं कर्मकर्तुमिहार्हसि ।। १ ।।" गीता।
शास्त्रदर्शिन् (त्रि.) शास्त्र दिखाने वाला। विद्वान्। प्राज्ञ।
शास्त्रीय (त्रि.) छहों शास्त्रों में कथित धर्म।
शास्य (त्रि.) उपदेश देने योग्य। शिक्षा देने के योग्य। शिक्षा देने के योग्य।
शि (क्रि.) काटना।
शिंशपा (स्त्री.) वृक्ष विशेष। सरसई।
शिकथ, **सिक्थ** } (न.) छींका।
शिक्यित (त्रि.) छींके पर रखा हुआ।
शिक्ष् (क्रि.) अभ्यास करना। पढ़ाना।
शिक्षा (स्त्री.) पथ। रास्ता। उपदेश। सीख। अभ्यास। अक्षरों के उच्चारण को बतलाने वाला वेद का अङ्ग विशेष। विद्या।
शिक्षागुरु (पुं.) विद्या सिखाने वाला।
शिक्षित (त्रि.) अभ्यासी। शिक्षा प्राप्त।
स्मित (न.) मुस्कराना। थोड़ा सा हँसना।
स्मृ (क्रि.) याद करना।
स्मृत (त्रि.) याद किया हुआ।
स्मृति (त्रि.) स्मरणशक्ति। याददाश्त। मनु आदि महर्षि प्रोक्त धर्मोपदेशक शास्त्र।
स्मृतिहेतु (पुं.) संस्कार। वासना रूप गुण विशेष।
स्मेर (त्रि.) खिला हुआ।
स्यद (पुं.) वेग। जोर।
स्यन्द् (क्रि.) बहना।
स्यन्द (पुं.) बहाव। चूना।
स्यन्दन (न.) बहना। जल। रथ। (पुं.) तिनिस का पेड़।
स्यन्दनारोह (पुं.) रथ पर चढ़ कर लड़ाई लड़ने वाला।
स्यन्दिन् (त्रि.) प्रस्रवी। बहने वाला।

स्यत्र (त्रि.) बहा हुआ।
स्यम् (क्रि.) शब्द करना।
स्यमन्तक (पुं.) एक विशेषमणि जो सत्राजित् को तप करने पर सूर्य से मिली थी और जिसकी चोरी श्रीकृष्ण को लगी थी, फिर अन्त में श्रीकृष्ण के पास भी थी, उसमें कई भर सोना नित्य उत्पन्न होता था और उसमें बड़ा गुण यह था कि जहाँ वह रहती वहाँ अकाल नहीं पड़ता था।
स्यूत (त्रि.) सिंया गया। (पुं.) कपड़ा।
स्यूति (स्त्री.) सींवन। सिलाई।
स्रंसन (न.) नीचे गिरना।
स्रंसिन् (त्रि.) नीचे गिरने वाला।
स्रग्वत् (त्रि.) माला वाला। माला धारण किये हुए। (अ.) माला के समान।
स्रज् (स्त्री.) माला।
स्रंस् (क्रि.) गिरना।
स्रम्भ (क्रि.) विश्वास करना।
स्रव, **स्राव** } (पुं.) बहना। झरना।
स्रवण (न.) मूत्र। जल। पसीना।
स्रवन्त (स्त्री.) नदी। एक औषध। (त्रि.) बहने वाला।
स्रष्टृ (पुं.) ब्रह्मा। शिव। (त्रि.) सृष्टिकर्त्ता।
स्रस्त (पुं.) च्युत। पतित। गिरा हुआ।
स्तस्तर (पुं.) आसन।
स्राक् (क्रि.) झट। त्वरित।
स्रु (क्रि.) जाना।
स्रुघ्न (पुं.) एक देश।
स्रुच् (स्त्री.) स्रुवा।
स्रुत (त्रि.) बहा हुआ। गया। (स्त्री.) हींग के वृक्ष की पत्ती।
स्रुव (पुं.) खैर की लकड़ी का बना हुआ यज्ञीय पात्र विशेष जिससे घी होमा जाता है।
स्रोत (न.) सोता। प्रवाह।
स्रोतस् (न.) वेग से पानी का निकास। वीर्य्य। रेतस्।
स्रोतस्वत् (त्रि.) झरना। (स्त्री.) नदी।
स्रोतस्विनी (स्त्री.) नदी। (त्रि.) प्रवाह वाली।
स्रोतोञ्जन (न.) सौवीर देश का काजल। सुरमा।
स्रोतोवहा (स्त्री.) नदी।
स्व (न.) धन। (पुं.) आत्मा। ज्ञाति। (त्रि.) अपना।
स्वकर्मन् (न.) अपना काम।
स्वकीय (त्रि.) अपना।
स्वगत (त्रि.) मनोगत। मन की बात।
स्वच्छ (त्रि.) बहुत निर्मल। (पुं.) मोती। स्फटिक।
स्वच्छन्द (त्रि.) स्वाधीन। स्वतंत्र।
स्वच्छमणि (पुं.) बिल्लौर।
स्वज (न.) रुधिर। लोहू। (पुं.) पुत्र। (त्रि.) अपने से उत्पन्न हुआ।
स्वजन (पुं.) ज्ञाति। जात। अपने लोग।
स्वतन्त्र (त्रि.) स्वाधीन।
स्वतस् (अव्य.) आपही।
स्वतो (न.) किसी पदार्थ पर अपना अधिकार।
स्वधर्म (पुं.) वेदादि शास्त्र विहित अपना कर्म। अधःपात से बचाने वाला कार्य।
स्वधा (अव्य.) पितरों के उद्देश्य से हवि का देना।
स्वधाप्रिय (पुं.) काला तिल।
स्वधाभुज् (पुं.) पितृगण। देवता।
स्वधिति, **स्वधिती** } (स्त्री.) कुठार।
स्वन् (क्रि.) शब्द करना।
स्वन (पुं.) शब्द।
स्वनित (त्रि.) शब्दित।
स्वपन (न.) शयन। सोना। नींद।
स्वप्न (पुं.) नींद। सपना।
स्वभाव (पुं.) निज शील।
स्वभावोक्ति (स्त्री.) अपने स्वभाव का कथन।
स्वभू (पुं.) ब्रह्मा। विष्णु। शिव जी। कामदेव।
स्वयंवर (पुं.) विवाह की एक पद्धति विशेष, जिसमें कन्या अपनी इच्छा के अनुसार वर को पसन्द कर स्वीकार करती है।
स्वयंकृत (पुं.) बनावटी।
स्वयंदत्त (पुं.) वह लड़का जिसने अपने को अपने आप ही दिया हो।
स्वयम् (अव्य.) आप ही आप।
स्वर (अव्य.) परलोक। अच्छा। देवताओं के रहने

का स्थान। (पुं.) अक्षर के उच्चारण का यत्न विशेष। गाने की आवाज।

स्वरभङ्ग (पुं.) एक प्रकार का रोग। गले की आवाज बैठ जाना।

स्वरस (पुं.) अपना अभिप्राय। वाक्य की रचना विशेष। किसी गीली वस्तु को कूट कर निचोड़ा गया रस।

स्वराज् (पुं.) ईश्वर। वेद का छन्द विशेष।

स्वरापगा (स्त्री.) गङ्गा।

स्वरित (त्रि.) स्वर वाला।

स्वरु (पुं.) वज्र। यज्ञीय स्तम्भ का टुकड़ा। तीर। सूर्य्य की किरण। बिच्छू भेद।

स्वरुचि (त्रि.) स्वातन्त्र्य। स्वतन्त्रता।

स्वरूप (न.) अपना पदार्थ। (पुं.) जानने वाला। पण्डित। (त्रि.) मनोहर।

स्वरूपसम्बन्ध (पुं.) अपने रूप का सम्बन्ध।

स्वरोदय (पुं.) एक विद्या जिससे नाक की श्वास द्वारा भावी शुभाशुभ का ज्ञान हो जाता है।

स्वर्ग (पुं.) बड़े सुख का स्थान। देवताओं का लोक।

स्वर्गनाथ (पुं.) इन्द्र।

स्वर्गवधू (स्त्री.) स्वर्गलोक की स्त्रियाँ इन्द्राणी आदि।

स्वर्गाचल (स्त्री.) सुमेरू पर्वत।

स्वर्गिन् (पुं.) देवता (त्रि.) स्वर्गवासी।

स्वर्गौकस् (पुं.) देवता।

स्वर्ण (न.) कांचन। सोना। धतूरा। नागकेसर।

स्वर्णकाय (पुं.) गरुड़।

स्वर्णकार (पुं.) सुनार।

स्वर्णदी (स्त्री.) गङ्गा।

स्वर्भानु (पुं.) राहु।

स्वर्लोक (पुं.) स्वर्ग।

स्वर्वापी (स्त्री.) गङ्गा।

स्वर्वेश्या(स्त्री.) मेनका आदि अप्सरायें।

स्वल्प (त्रि.) वहुत थोड़ा। क्षुद्र।

स्ववासिनी (स्त्री.) पिता के घर में चिर काल तक रहने वाली स्त्री।

स्वसृ (स्त्री.) वहिन।

स्वस्ति (अव्य.) क्षेम। कल्याण। आशीर्वाद।

स्वस्तिक (पुं. न.) कल्याणप्रद। घर विशेष। आसन भेद। द्रव्य विशेष। छः पद का चिह्न विशेष।

स्वस्तिवाचम् (न.) ब्राह्मण द्वारा मङ्गलपाठ।

स्वस्तिवाचनिक (त्रि.) मङ्गलपाठ का साधन। आशीर्वादग्रहण की सामग्री।

स्वस्त्ययन (न.) शुभ के लिये वेदविहित ग्रह भाग आदि।

स्वस्थ (त्रि.) स्वर्ग में रहने वाला। सुख से रहने वाला।

स्वस्रीय (पुं.) भाञ्जा।

स्वागत (न.) कुशल।

स्वाति / **स्वाती** (पुं.स्त्री.) सूर्य्य की एक स्त्री। अश्विनी से पन्द्रहवाँ नक्षत्र।

स्वाद् (क्रि.) प्रसन्न होना। स्वाद लेना। चाटना।

स्वाद (पुं.) रस का अनुभव। प्रसन्न होना। चाटना।

स्वादु (पुं.) मिठाई। गुड़। (त्रि.) चाहा हुआ। मीठा। मनोहर।

स्वाधीन (त्रि.) स्वतन्त्र।

स्वाधीनपतिका (स्त्री.) नायिका विशेष।

स्वान्त (न.) मन। साहाय्य।

स्वाप (पुं.) सोना। निद्रा। अज्ञान।

स्वापतेय (न.) धन। दौलत।

स्वाभाविक (त्रि.) स्वभाव सिद्ध।

स्वामिन् (त्रि.) अधिपति। ईश्वर। (पुं.) महादेव। राजा। कार्तिकेय। पति। वात्स्यायन मुनि। गरुड़। परमहंस। मालिक। स्त्री का पति।

स्वायम्भुव (पुं.) स्वयम्भू का पुत्र। चौदह में इस नाम का पहिला मनु। (त्रि.) स्वयम्भू सम्बन्धी।

स्वार्थिक (त्रि.) व्याकरण का प्रत्यय विशेष।

स्वाराज् (पुं.) इन्द्र।

स्वाराज्य (न.) इन्द्रत्व।

स्वार्थ (पुं.) अपना अभिप्राय।

स्वारोचिष् (पुं.) दूसरा मनु।

स्वास्थ्यम् (न.) आरोग्य। आराम। सुख।

स्वाहा (स्त्री.) अग्नि की स्त्री। दुर्गा। हवन में आहुतिसूचक वचन।

स्वाहाप्रिय (पुं.) अग्नि।

स्वाहाभुज् (पुं.) देव। देवता।

स्विद् (अव्य.) प्रश्न। पादपूरण।
स्विन्न (त्रि.) पीसने वाला।
स्वीकार (पुं.) मानना।
स्वीय (त्रि.) अपना। (स्त्री.) एक प्रकार की नायिका।
स्वृ (क्रि.) शब्द करना।
स्वेच्छा (स्त्री.) अपनी अभिलाषा।
स्वेच्छामृत्यु (पुं.) जिसका मरना अपनी इच्छा के अनुसार हो, जैसे-"भीष्मपितामह" इन्होंने उत्तरायण आने पर अपनी इच्छानुसार देह-त्याग किया था।
स्वेद (पुं.) पीसना। गर्मी।
स्वेदनी (स्त्री.) तवा। कढ़ाई। भट्ठी।
स्वैर (न.) अपनी इच्छा। (त्रि.) अपनी इच्छा वाला।
स्वैरिन् (त्रि.) स्वेच्छाचारी। स्वतन्त्र। (स्त्री.) व्यभिचारिणी स्त्री।
स्वोपार्जित (त्रि.) अपना कमाया हुआ।
स्वोवंशीय (न.) सम्पदा।

ह

ह (पुं.) शिव। जल। आकाश। रक्त। शून्य। ध्यान। शुभत्व। स्वर्ग। सुख। डर। ज्ञान। चन्द्रमा। विष्णु। युद्ध। अश्व। अभिमान। वैद्य। कारण। अभिप्रेत। (नं.) परमात्मन्। प्रसन्नता। अस्त्र विशेष। रत्न की चमक। वंशी का नाद। (अव्य.) स्पष्ट। प्रसिद्ध।
हंस (पुं.) मानसरोवरवासी पक्षी विशेष। परब्रह्म। जीवात्मन्। सूर्य्य। शिव। विष्णु। कामदेव। सन्यासी विशेष। पवित्र मनुष्य। पर्वत। स्पर्द्धा। भैंसा।
हंसक (पुं.) पाँव का कड़ा या पायजेब। नूपुर।
हंसगामिनी (स्त्री.) ब्रह्माणी। एक शक्ति।
हंसनादिनी (स्त्री.) पतली कमर वाली स्त्री विशेष।
हंसमाला (स्त्री.) हंसों की कतार।
हंसरथ (पुं.) ब्रह्मा।
हंसारूढ़ (पुं.) ब्रह्मा। (स्त्री.) ब्रह्माणी।
हंसी (स्त्री.) मादा हंस। बाइस अक्षरों के पाद वाला छन्द विशेष।
हे हो (अव्य.) सम्बोधन। प्रश्न।
हञ्जे, हाञ्जा (अव्य.) नाटक में चेटि का सम्बोधन।
हट् (क्रि.) चमकना।
हट्ट (पुं.) बाजार। मण्डी। गञ्ज।
हट्टचौरक (पुं.) खुले मैदान चोरी करने वाला।
हठ (पुं.) दुराग्रह।
हठयोग (पुं.) योग का भेद।
हड्ड (न.) हड्डी। अस्थि। एक जाति।
हण्डा (स्त्री.) मिट्टी का बड़ा पात्र। नाटक में नीच का सम्बोधन।
हत (त्रि.) मारा गया। आशा से मरा हुआ। नष्ट। बिगड़ा।
हतक (त्रि.) गया गुजरा।
हताश (त्रि.) आशारहित। दयारहित। चुगलखोर।
हति (स्त्री.) मारना। गुणना।
हत्या (स्त्री.) मारना। वध।
हद् (क्रि.) मल त्यागना।
हन् (क्रि.) मार डालना। जाना।
हनुमत्, हनूमत् (पुं.) ठोडी वाला। अञ्जनीसुत। महावीर। हनुमान्।
हन्त (अव्य.) हर्ष। दया। विषाद। पीड़ा। किसी वाक्य का आरम्भ। खेद।
हन्तकार (पुं.) अतिथि को देने योग्य अन्न। श्राद्ध के दिन पाँच प्रकार का निकाला हुआ अन्न। हन्त शब्द का प्रयोग।
हन्तृ (त्रि.) मारने वाला।
हन्न (त्रि.) जिसने मल त्याग दिया हो।
हम्भा, हम्मा (त्रि.) गौओं की ध्वनि।
हय् (क्रि.) जाना।
हय (पुं.) घोड़ा।
हयग्रीव (पुं.) विष्णु का अवतार विशेष। एक दैत्य।
हर (पुं.) रुद्र। अग्नि। गधा। बाँटने वाला। हरण। विभाजन।
हरण (न.) दूसरे स्थान पर ले जाना। बँटवारा। यौतुकादि में देने योग्य धन।
हरगौरी (स्त्री.) शिव-पार्वती।

हरतेजस् (न.) महादेव का तेज। पारा।
हरशेखरा (स्त्री.) गङ्गा।
हरि (पुं.) विष्णु। सिंह। सर्प। वानर। भेक। चन्द्र। सूर्य्य। वायु। घोड़ा। यमराज। महादेव। ब्रह्मा। ब्रह्मा। किरण। नौ वर्षों में से एक। मोर। कोइल। हंस। तोता। भर्तृहरि नामक वाक्यप्रदीप नामक ग्रन्थ का बनाने वाला एक पण्डित। इन्द्र। पीला। हरा रङ्ग।
हरिकेश (पुं.) एक यक्ष।
हरिचन्दन (न.) चन्दन विशेष। इन्द्र और विष्णु को प्रिय हरे रङ्ग का चन्द "यह खास मलयाचल में होता और बहुत ही सुगन्धित होता है"। केसर।
हरिण (पुं.) हिरन। शिव। विष्णु। हंस। सफेद रङ्ग।
हरिणहृदय (त्रि.) भीरु। ड़रपोंक।
हरिणाक्षी (स्त्री.) हिरन के समान नेत्रों वाली स्त्री। गन्धवाला द्रव्य।
हरिणाङ्क (पुं.) चन्द्रमा। जिसकी गोद में हरिण हो। मृगलाञ्छन।
हरित (पुं.) सूर्य्य का घोड़ा। मूँग। शेर। सूर्य्य। विष्णु।
हरिताल (न.) एक उपधातु का नाम। प्राचीन काल में अशुद्ध की शुद्धि करने के लिये यही लगा दी जाती थी।
हरितालिका (स्त्री.) भाद्र मास की शुल्का तृतीया। पार्वती का किया हुआ व्रत विशेष।
हरिद्वार (न.) इस नाम का एक तीर्थ गङ्गा जी का आर्यावर्त में आने का मुहाबा। गङ्गाद्वार।
हरिनामन् (न.) हरि का नाम। (पुं.) मूँग।
हरिनेत्र (न.) विष्णु की आँख। सफेद कमल। (पुं.) उल्लू।
हरिन्मणि (पुं.) पन्ना।
हरिभक्त (त्रि.) विष्णु का भक्त।
हरिभुज् (पुं.) सर्प।
हरिवंश (पुं.) एक पुराण-इसके विधिपूर्वक सुनने से पुत्रहीन को पुत्र होता है।
हरिवर्ष (न.) जम्बुद्वीप के नौ वर्षों में से एक।
हरिवासर (न.) एकादशी का दिन। आषाढ़ भाद्रपद और कार्तिक में क्रमशः अनुराधा, श्रवण और रेवती नक्षत्रों के प्रथम द्वितीय और चतुर्थ चरणों से युक्त द्वा दशी। इन द्वादशियों में भूल से पारण करने वाले का बारह महीने का फल नष्ट हो जाता है।
हरिवाहन (न.) गरुड़। इन्द्र का वाहन। ऐरावत।
हरिबीज (न.) हड़ताल।
हरिशयन (न.) आषाढ़ शुल्का एकादशी से कार्तिक शुल्का १२शी तक। चार मास का समय। आषाढ़ी। एकादशी का व्रत।
हरश्चिन्द्र (पुं.) सूर्य्यवंशीय। अयोध्या के एक राजा का नाम, जिसने सत्य पालन के लिये अनेक प्रकार के कष्ट सहे थे।
हरिसङ्कीर्तन (न.) हरि का नाम लेना।
हरिहय (पुं.) इन्द्र।
हरिहर (पुं.) मूर्ति विशेष जिसका आधा अङ्ग शिव का और आधा विष्णु का है।
हरिहरक्षेत्र (न.) पटना के उत्तर का (गङ्गा और गण्डकी के सङ्गम वाला) एक तीर्थ विशेष।
हरीतकी (स्त्री.) हर्र या हर्र का पेड़।
हर्तृ (त्रि.) चोर। (पुं.) सूर्य्य।
हर्म्य (न.) महल। राजप्रसाद।
हर्य्यक्ष (पुं.) पीली आँख वाला। शेर। कुबेर।
हर्य्यश्व (पुं.) इन्द्र। प्राचीनबर्हि राजा के अयोनिज दश पुत्र।
हर्ष (पुं.) सुख।
हर्षण (पुं.) विष्कम्भ आदि में चौदहवाँ योग। (त्रि.) हर्षप्रद। (न.) सुखी करने वाला।
हर्षमाण (पुं.) श्राद्ध का देवता विशेष। (त्रि.) प्रसन्नचित्त।
हर्षिणी (स्त्री.) भाँग। (त्रि.) प्रसन्न करने वाली।
हर्षित (त्रि.) प्रसन्न हुआ।
हल् (क्रि.) खींचना।
हल (न.) लाङ्गल। हल।
हलधर (पुं.) बलराम। किसान।
हलभूति (स्त्री.) खेती बारी। किसानी।
हला (स्त्री.) सखी। पृथिवी। जल।
हलायुध (पुं.) बलराम। किसान।

हलाहल (पुं.) उग्र विष जो देव-दैत्यों के समुद्र मथने से पहले पहल निकला था और शिव जी ने पिया था, पीते समय अंगुलियों की सन्धि से चुई बूँदें एक, दो, आधी खा लेने वाले जीव साँप, बीछू, बर्र आदि हो गये। संखिया। बचनाग (सींगिया)।

हलिन् (पुं.) बलराम। किसान।

हल्य (त्रि.) जोता हुआ खेत। हलसम्बन्धी।

हव (पुं.) यज्ञ। आज्ञा। होम। बुलउआ।

हवन (न.) होम।

हवनी (स्त्री.) यज्ञकुण्ड।

हवनीय (त्रि.) होम का पदार्थ।

हविष्यान्न (न.) पवित्र अन्न जो अग्नि में हवन किया जा सकता है और व्रत आदि में खाने योग्य हो। द्रव्य विशेष।

हविस् (न.) होम योग्य प्रत्येक पदार्थ।

हव्य (न.) देवताओं के निमित्त। होम करने योग्य द्रव्य।

हव्यवाह (पुं.) अग्नि। जो हवन की चीजें जिनके नाम दी जायँ उन्हें पहुँचा दे।

हस् (क्रि.) हँसना।

हस, **हास** } (पुं.) हँसना।

हसन (न.) हास्य। हँसना।

हसन्ती (स्त्री.) अ ीठी। (क्रि.) हँसने वाली।

हसित (न.) हँसना। (त्रि.) हँसा हुआ। खिला हुआ।

हस्त (पुं. स्त्री.) हाथ। हाथी की सूँड़। अश्विनी से तेरहवाँ तारा।

हस्तामलक (न.) सहज ही में देखने योग्य पदार्थ। जैसे हाथ में रक्खा हुआ आँवला सब पूरा-पूरा सहज में दीखता है। वेदान्त का ग्रन्थ विशेष। करामलक।

हस्तिक (न.) हाथियों का समूह।

हस्तिदन्त (पुं.) हाथी का दाँत। घर की दीवाल में गाड़ी गयी कील।

हस्तिन् (पुं.) गज। हाथी। चन्द्रवंशी एक राजा।

हस्तिनापुर (न.) नगर। दिल्ली। पाण्डवों की राजधानी।

हस्तिनी (स्त्री.) हथिनी। स्त्री विशेष।

हस्तिपः (पुं.) महावत। हाथीवान्।

हस्तिमद (पुं.) हाथी का मद। एक प्रकार का गन्ध वाला द्रव्य।

हस्त्यारोह (पुं.) महावत। हाथीवान्।

हा (क्रि.) छोड़ना। त्यागना। जाना।

हा (अव्य.) विषाद। शोक। पीड़ा। निन्दा।

हाटक (न.) एक देश। उस देश में उत्पन्न सोना। धतूरा। (त्रि.) सुवर्ण का बना हुआ।

हानि (स्त्री.) क्षति। नुकसान।

हायन (पुं.) धान। वर्ष। (स्त्री.) आग की लाट।

हार (पुं.) मोतियों की माला। बाँटने वाला। विभाजक।

हारक (पुं.) चोर। धूर्त्त। खच्चर। भाजक अङ्क। (त्रि.) चुराने वाला।

हारावली (स्त्री.) मोतियों की माला।

हारिद्र (त्रि.) हल्दी से रङ्गा हुआ। (पुं.) कदम्ब का पेड़।

हारिन् (त्रि.) चुराने वाला। हार वाला। मनोहारी।

हारीत (पुं.) एक मुनि। धर्म्मशास्त्र बनाने वाला। एक पक्षी। धूर्त्त।

हार्द (न.) स्नेह। प्रेम। (त्रि.) हृदय में उत्पन्न या मन में जाना हुआ।

हार्य (पुं.) बहेड़ा। (त्रि.) ले जाने योग्य।

हाल (पुं.) बलराम। हल।

हाला (स्त्री.) मद। तालरस की मदिरा।

हालाहल (पुं.न.) उग्र विष विशेष। कीड़ा विशेष (स्त्री.)। मदिरा। (देखो हलाहल)।

हालिक (त्रि.) किसान। हलका।

हाव (पुं.) आह्वान। स्त्रियों की श्रृङ्गार भाव से उत्पन्न चेष्टा।

हास्तिक (न.) हाथी का समूह।

हास्तिन (न.) हस्तिनापुर। दिल्ली।

हास्य (न.) हँसना। अलङ्कार का रस विशेष।

हाहाकार (पुं.) शोक का शब्द (हाय हाय)।

हि (क्रि.) बढ़ना। जाना।

हि (अव्य.) हेतु। कारण। निश्चय। विशेष। प्रश्न। क्योंकि। शोक। श्लोक का पूरक।

हिंसक (पुं.) भेड़िया आदि हिंसक पशु। शत्रु। (त्रि.) हिंसा करने वाले।

हिंसा (स्त्री.) वध। किसी को प्राणों से मारना या चोरी करना सताना आदि।

हिंस्र (त्रि.) मारने वाला। डरावना।

हिक्क (क्रि.) शब्द करना। कूकना। प्राण लेना। मार डालना।

हिक्का (स्त्री.) हिचकी। एक रोग हीक (बराड़ी)।

हिङ्गु (न.) हींग।

हिड् (क्रि.) जाना। घूमना।

हिडिम्ब (पुं.) एक राक्षस, जिसे भीम ने मारा था।

हिडिम्बा (स्त्री.) ह्रिडिम्ब राक्षस की बहिन, जिसने भीम के साथ विवाह किया और उसके पेट से घटोत्कच की उत्पत्ति हुई थी, इस घटोत्कच ने महाभारत के युद्ध में बड़ी वीरता दिखलायी थी।

हित (त्रि.) बीत गया। हितकारी। भलाई।

हितकारिन् (त्रि.) शुभकारक। भलाई करने वाला। हितकारक।

हितैषिन् (त्रि.) हित चाहने वाला।

हितोपदेश (पुं.) भलाई का उपदेश। पं. विष्णुशर्म्मा का रचा हुआ शिक्षाप्रद मनोरंजक एक ग्रथ।

हिन्दोल (पुं.) झूलन। एक राग विशेष।

हिम (न.) बर्फ। शीतल स्पर्श। (स्त्री.) छोटी इलायची। नागरमोथा। (पुं.) अगहन, पूस का महीना (या हेमन्त)। चन्दन का पेड़। चन्द्रमा। कपूर। (त्रि.) ठण्डा।

हिमकर (पुं.) चन्द्रमा। कपूर।

हिमगिरि (पुं.) हिमालय पर्वत।

हिमप्रस्थ (पुं.) हिमालय पर्वत।

हिमवत् (पुं.) हिमालय पर्वत।

हिमसंहति (स्त्री.) बर्फ का ढेर।

हिमांशु (पुं.) चन्द्रमा। कपूर।

हिमागम (पुं.) अगहन और पूस दो मास की ऋतु। हेमन्त ऋतु।

हिमाद्रिजा (स्त्री.) पार्वती। गङ्गा।

हिमाद्रितनया (स्त्री.) दुर्गा। पार्वती।

हिमानी (स्त्री.) वर्फ का ढेर।

हिमाराति (पुं.) सूर्य्य। आग। अर्कवृक्ष।

हिमालय (पुं.) भारत की उत्तरी सीमा पर स्थित एक विशाल भूधर का नाम।

हिमाब्ज (न.) ओला। कमल का फूल।

हिरण्मय (त्रि.) सोने का बना हुआ। (न.) नौ वर्षों में से एक। (पुं.) सूर्य्य में रहने वाला परब्रह्म।

हिरण्य (न.) सोना। धवूता। धन।

हिरण्यकशिपु (पुं.) एक दैत्य, जो कश्यप मुनि का पुत्र और प्रह्लाद का पिता था और जिसे मारने के लिए भगवान् ने श्रीनृसिंह अवतार धारण किया था।

हिरण्यकशिपुहन् (पुं.) हिरण्यकशिपु के मारने वाले, श्रीनरसिंह।

हिरण्यगर्भ (पुं.) ब्रह्मा। शालग्राम शिला विशेष। परमात्मा। एक मात्रा जो त्रिदोष और कफ के कण्ठरोधन करने पर दी जाती है।

हिरण्यवाह, **हिण्यवाहु** } (पुं.) महादेव। शोणनामी एक नद।

हिरण्यरेतस् (पुं.) आग। चित्रक वृक्ष।

हिरण्याक्ष (पुं.) कश्यप का दिति स्त्री से उत्पन्न पुत्र एक बली दैत्य, जिसे मारने को भगवान् ने वाराह अवतार धारण किया था।

हिरुक् (अव्य.) रोकना।

हिल्लोल् (क्रि.) झुलाना।

हिल्लोल (पुं.) तरङ्ग। लहर।

हिव् (क्रि.) प्रसन्न करना।

हिवक (न.) (ज्योतिष में) लग्न से चौथा स्थान।

हिस् (क्रि.) मार डालना। वध करना।

ही (अव्य.) विस्मय। दुःख। विषाद। शोक।

हीन (त्रि.) रहित। अधम। निन्दा के योग्य। नीच।

हीनवादिन् (पुं.) यथार्थ विषय को छोड़ कर विषयान्तरों में बोलने वाला। वादी विशेष।

हीनाङ्ग (त्रि.) न्यून अङ्ग वाला, जैसे-लङ्गड़ा, अन्धा, लुञ्जा।

हरि (न. पुं.) वज्र। हीरा। शिव। साँप। हार। सिंह।

हु (क्रि.) होम करना।

हुड् (क्रि.) इकट्ठा करना।

हुड (पुं.) मेघ। बादल। चोर की रोक को पृथिवी में गड़ी कील विशेष।

हुत (त्रि.) होमा हुआ।

हुतभुज् (पुं.) अग्नि।

हुतवह, हुताश (पुं.) आग। चित्रक वृक्ष।

हुति (स्त्री.) होम।

हुम् (अव्य.) स्मरण। प्रश्न। हुक्म। रोक।

हुहु, हुहू (पुं.) एक गन्धर्व।

हुङ्कार, (पुं.) अवज्ञा को बताने वाला। एक प्रकार का शब्द। हूँ शब्द।

हूत (त्रि.) बुलाया हुआ।

हूति (स्त्री.) न्योता। बुलावा।

हून, हूण (पुं.) म्लेच्छों की जाति।

हूर्च्छन (न.) कुटिलता। बिर्धापन।

हृ (क्रि.) ले जाना। चोरी करना। जोरावरी ले जाना।

हृच्छय (पुं.) कामदेव (त्रि.) हृदयशायी। हृदय में सोने वाला।

हृच्छूल (न.) पेट का रोग विशेष।

हृणी (क्रि.) निन्दा करना।

हृणीया (स्त्री.) निन्दा।

हृत्कम्प (पुं.) हृदय का काँपना।

हृत (त्रि.) चुराया गया। स्नानान्तरित।

हृत् (त्रि.) चुराने वाला। (न.) हृदय। मन।

हृदय (न.) मन। वक्षःस्थल।

हृदयग्रन्थि (पुं.) हृदय की गाँठ। ऐंठ बानी। सन्देह। मन का मैल। अविद्या और अज्ञान की गाँठ।

हृदयङ्गम (न.) युक्तियुक्त वाक्य। रोचक वाक्य। (त्रि.) मनोहर। प्रिय वाक्य।

हृदयस्थान (न.) वक्षःस्थल।

हृदयिक (न.) अच्छे चित्त वाला।

हृदयेश (पुं.) मालिक।

हृदावर्त्त (पुं.) घोड़े की छाती पर रोमों का भौंरा।

हृदिका (स्त्री.) कृपाचार्य की माँ।

हृदिस्पृश (त्रि.) हृद्य। मनोहर। दुःखदायी।

हृद्य (न.) दारचीनी। (त्रि.) मनोहर।

हृद्रोग (पुं.) हृदय की एक प्रकार की बीमारी।

हृद्वण्टक (पुं.) जठर। पेट।

हृल्लास (पुं.) हिचकी का रोग।

हृल्लेख (पुं.) ज्ञान। तर्क। तांत्रिक मंत्र विशेष। औत्सुक्य।

हृष् (क्रि.) प्रसन्न होना।

हृषित (त्रि.) प्रसन्न। विस्मित।

हृषीक (न.) चक्षुरादि इन्द्रिय। ज्ञान का साधन।

हृषीकेश (पुं.) विष्णु।

हृष्ट (त्रि.) हैरान। प्रसन्न।

हृष्टमानस (त्रि.) प्रसन्न चित्त वाला।

हृष्टरोमन् (त्रि.) जिसके रोएँ खड़े हो गये हैं। प्रसन्नचित्त।

हृष्टि (स्त्री.) आनन्द। हर्ष।

हे (अव्य.) सम्बोधन।

हेड् (क्रि.) अनादर करना।

हेति (स्त्री.) अस्त्र। बाण। आग की लाट। सूर्य्य की किरन। हर प्रकार का तेज। फल।

हेतु (पुं.) कारण। फल।

हेतुता (स्त्री.) कारणपन।

हेतुमत् (त्रि.) हेतु वाला। कारण भरा।

हेत्वाभास (पुं.) जो कारण जैसा जान पड़े। दुष्टहेतु।

हेम (न.) सोना। धतूरा। १ माशे की तौल। (पुं.) काले रङ्ग का घोड़ा। बुध।

हेमकार (पुं.) सुनार।

हेमकूट (पुं.) किम्पुरुषवर्ष का एक पहाड़।

हेमन् (न.) सोना। धतूरा। नागकेसर। बर्फ।

हेमन्त (पुं. न.) शीतऋतु।

हेममालिन् (पुं.) सूर्य्य।

हेमाङ्ग (पुं.) गरुड़। सिंह। सुमेरु पर्वत। ब्रह्म। चम्पा का पेड़। विष्णु। (त्रि.) सोने का रङ्ग जैसा।

हेमाद्रि (पुं.) सोने का पर्वत। सुमेरु पर्वत। दक्षिण के किसी राजा का एक भूतपूर्व मंत्री जिसके रचे (कई खण्ड में) दानखण्ड, श्राद्धखण्ड आदि ग्रन्थ बड़े प्रामाणिक माने जाते हैं।

हेय (त्रि.) त्याज्य। छोड़ने योग्य।
हेरम्ब (पुं.) गणेश।
हेरम्बजननी (स्त्री.) दुर्गा। पार्वती।
हेलन (न.) अवज्ञा। निरादर। अपमान।
हेला (स्त्री.) अपमान करना। श्रृङ्गार भाव से उत्पन्न स्त्रियों की चेष्टा विशेष।
हेषृ (क्रि.) घोड़ा का शब्द। हिनहिन।
हेषा (स्त्री.) हिनकार।
हेहै (अव्य.) सम्बोधन। बुलाना।
हैतुक (त्रि.) युक्तियुक्त वचन कहने वाला।
हैम (त्रि.) सोने का विकार। सोने का बना हुआ।
हैमन (पुं.) हेमन्त काल। (त्रि.) हेमन्त ऋतु में उत्पन्न।
हैमवत (न.) हिमालय का। भारतवर्ष। एक प्रकार का विष।
हैमवती (स्त्री.) पार्वती। हर्र।
हैयङ्गवीन (न.) नवनीत। ताज़ा घी।
हैहय (पुं.) एक देश और वहाँ का राजा। एक वंश जिसमें सहस्रार्जुन हुआ था।
होड (पुं.) नौका विशेष।
होतृ (पुं.) ऋग्वेदज्ञ। (त्रि.) होम करने वाला।
होत्र (न.) होम की सामग्री। (स्त्री.) प्रशंसा।
होत्रिन् (पुं.) होम करने वाला।
होत्रीय (न.) हविर्गृह। (त्रि.) होम सम्बन्धी।
होम (पुं.) देवयज्ञ।
होमकुण्ड (न.) होम के लिए कुण्ड।
होमधान्य (न.) तिल और जौ।
होमिन् (पुं.) होम करने वाला।
होम्य (त्रि.) होम के उपयोगी घी।
होरा (स्त्री.) ज्योतिष की लग्न विशेष। राशि का आधा भाग। रेखा। लग्नसूचक शास्त्र।
होलका (स्त्री.) तृण आदि से अधपक्के शमी के धान।
होलाका (स्त्री.) होली का उत्सव।
हु (क्रि.) चोरी करना।
ह्मल् (क्रि.) चलना।
ह्यस् (अव्य.) पिछला दिन।
ह्यस्तन (त्रि.) बीते दिन का हुआ।
ह्रद (पुं.) गहरा तालाब। झील।
ह्रदिनी (स्त्री.) नदी।
ह्रसिष्ठ (त्रि.) बहुत छोटा।
ह्रसिमन् (पुं.) छुटाई।
ह्रसीयस् (त्रि.) बहुत छोटा।
ह्रस्व (न.) एक प्रकार का नाप (त्रि.) छोटा। बौना। (पुं.) एक मात्रा के समय में उच्चारण करने योग्य लघु वर्ण। वामन। (न.) औषध विशेष।
ह्रस्वगर्भ (पुं.) कुश। दर्भ।
ह्रास (पुं.) शब्द। कोलाहल। अवनति। छुटाई। रोक। गलाड। छोटी संख्या। अभाव।
ह्राद् (क्रि.) शब्द करना। गरजना।
ह्राद (पुं.) शब्द। हिरण्यकशिपु का एक पुत्र।
ह्रादिनी (स्त्री.) बिजली। वज्र। नदी।
ह्रिणी (क्रि.) शरमाना। लज्जित होना।
ह्रिणाया (स्त्री.) धिक्कार। तिरस्कार। लज्जा। दया।
ह्री (क्रि.) लजाना।
ह्री (स्त्री.) लज्जा।
ह्रीजित् (त्रि.) लज्जाशील। शर्मीला।
ह्रीण, ह्रीत (त्रि.) लज्जित।
ह्रीवेर (न.) एक प्रकार का गन्धद्रव्य।
हुड्, हूड् (क्रि.) जाना। होड़ बदना।
ह्रेप् (क्रि.) जाना।
ह्रेष् (क्रि.) हिनहिनाना।
ह्रेषा (स्त्री.) घोड़े की हिनहिन बोली।
ह्रौड् (क्रि.) जाना।
ह्रग् (क्रि.) छिपाना।
ह्रत्ति (स्त्री.) प्रसन्नता।
ह्रप् (क्रि.) बोलना। शब्द करना।
ह्रस् (क्रि.) शब्द करना।
ह्लाद् (क्रि.) प्रसन्न होना।
ह्लाद (पुं.) आनन्द। प्रसन्नता।
ह्लादिनी (स्त्री.) बिजली। वज्र। ईश्वर की शक्ति विशेष।
ह्वल् (क्रि.) चलना। हिलना।
ह्वान (न.) बुलावा। न्योता। पुकार। बुलाहट। शब्द।
ह्वे (क्रि.) माँगना। स्पर्द्धा करना। शब्द करना। नाम लेना। होड़ बदना।

परिशिष्ट १

संस्कृत छन्दःशास्त्र

परिचय- संस्कृत छन्दःशास्त्र का सबसे पहला और अत्यन्त महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ पिंगल ऋषिप्रणीत छन्दःशास्त्र है। यह आठ अध्यायों का एक सूत्रग्रंथ है। अग्निपुराण में भी पिंगलपद्धति पर आधारित छन्दःशास्त्र का पूर्ण विवरण है और अनेक ग्रन्थ इसी विषय पर भिन्न-भिन्न विद्वानों द्वारा रचे गये हैं-उदा० श्रुतबोध, वाणीभूषण, बृत्तदर्पण, वृत्तरत्नाकर, वृत्तकौमुदी और छन्दोमंजरी आदि। आगे के पृष्ठों में मुख्यतः छन्दोमंजरी और वृत्तरत्नाकर के आधार पर ही कुछ लिखा गया है। इस परिशिष्ट में वैदिक तथा प्राकृत छन्दों को नहीं रक्खा गया है।

संस्कृत की रचना या तो गद्य में होती है या पद्य में। काव्यरचना प्रायः श्लोकों में होती है। श्लोक या पद्य में चार चरण होते हैं जिन्हें या तो अक्षरों की संख्या से विनियमित किया जाता है अथवा मात्राओं की गिनती से।

पद्य या तो बृत्त होता है अथवा जाति। वृत्त एक ऐसा श्लोक होता है जिसका छन्द प्रत्येक चरण में अक्षरों की गिनती और स्थिति के अनुसार निर्धारित किया जाता है। जाति एक ऐसा श्लोक होता है जिसका छन्द प्रत्येक चरण में मात्राओं की गिनती के अनुसार निश्चित किया जाता है।

वृत्त तीन प्रकार के होते हैं- (१) **समवृत्त**- जिसमें श्लोक के चारों चरण समान हों। (२) **अर्धसमवृत्त**- जिसमें प्रथम, तृतीय और द्वितीय तथा चतुर्थ चरण समान हों। (३) और **विषमवृत्त**- जिसके वारो चरण असमान हों।

अक्षर (वर्ण) एक ऐसा शब्द है जो एक साँस में बोला जाय, अर्थात् एक स्वर, इसके साथ चाहे एक व्यंजन हो, चाहे एक से अधिक और चाहे केवल स्वर ही हो।

अक्षर (वर्ण) लघु भी होता है, गुरु भी; जैसा कि उसका स्वर हो-ह्रस्व या दीर्घ। अ इ उ ऋ और ऌ ह्रस्व हैं, आ ई ऊ ॠ ए ऐ ओ और औ दीर्घ हैं। परन्तु छन्दःशास्त्र में ह्रस्व स्वर दीर्घ माना जाता है जबकि उसके आगे अनुस्वार या विसर्ग हो, अथवा कोई संयुक्त व्यंजन हो, जैसे कि 'गन्ध' का 'अ' या 'ग'। (प्र, ह्र और ब्र क्र इसके अपवाद हैं। इनके पूर्व का स्वर यद्यपि एक प्रकार की काव्यात्मक छूट के कारण ह्रस्व रह सकता है, उदा० कु० ७।११, या शि० १०।६०; तथापि यहाँ पर समालोचकों ने छन्द को छन्दःशास्त्र के सामान्य नियमों के अनुरूप बनाने के लिए संशोधन भी प्रस्तुत किये हैं)। इसी प्रकार पाद का अन्तिम अक्षर भी छन्द की अपेक्षा के अनुरूप लघु या गुरु माना जा सकता है, वह स्वयं चाहे कुछ ही हो।

सानुस्वारश्च दीर्घश्च विसर्गो च गुरुर्भवेत्।
वर्णः संयोगपूर्वश्च तथा पादान्तगोऽपि वा।।

मात्राओं की संख्या से निर्धारित होने वाले वृत्तों में ह्रस्व स्वर की एक मात्रा होती है, और दीर्घस्वर की दो मात्राएँ।

अक्षरों की संख्या से विनियमित वृत्तों की मापतोल के लिए, छन्दःशास्त्र के लेखकों ने आठ 'गणों' (अक्षरपाद) की एक युक्ति निकाली है। प्रत्येक गण में तीन अक्षर होते हैं, वे तीनों लघु या गुरु होने के कारण एक दूसरे से भिन्न होते हैं। वे गण नीचे लिखे श्लोक में बतलाये गये हैं।

मस्त्रिगुरुस्त्रिलघुश्च नकारो,
भादिगुरुः पुनरादिलघुर्यः।
जो गुरुमध्यगतो रलमध्यः,
सोऽन्तगुरुः कथितोऽन्तलघुस्तः।।
आदिमध्यावसानेषु यरता यान्ति लाघवम्।
भजसा गौरवं यान्ति मनौ तु गुरुलाघवम्।।

प्रतीकाक्षरों में अभिव्यक्त (गुरु ऽ, लघु।) भिन्न-भिन्न गण निम्न प्रकार से दर्शाये जा सकते हैं :-

ऽ ऽ ऽ मगण

। ऽ ऽ यगण

ऽ । ऽ रगण

। । ऽ सगण

ऽ ऽ । तगण

। ऽ । जगण

ऽ । । भगण

। । । नगण

इसी प्रकार 'ल' लघु तथा 'ग' गुरु को प्रकट करता है।

विशेष- प्रत्येक चरण के अक्षरों (वर्णों) की गिनती के अनुसार संस्कृत के छन्दःशास्त्रियों ने वृत्तों का वर्गीकरण किया है। इस प्रकार वे 'समवृत्तों' को छब्बीस श्रेणियों में रखते हैं जैसे कि समवृत्तों के प्रत्येक चरण में अक्षरों की संख्या एक से लेकर छब्बीस तक पृथक्-पृथक् हो सकती है। इनमें से प्रत्येक श्रेणी में लघु और गुरु की पृथक्-पृथक् भिन्न-भिन्न स्थिति होने के कारण असंख्य वृत्तों की संभावना हो जाती है। उदाहरणतः छः अक्षरों के प्रत्येक चरण वाली श्रेणी में, (अक्षर चाहे लघु हों या गुरु) संभावित संख्या २ × २ × २ × २ × २ × २ या $२^{६}$=६४ होती है, परन्तु प्रयोग में छः वृत्त भी नहीं आते। यही बात छब्बीस अक्षर वाली श्रेणी की है। वहाँ भी वृत्तों की संभावित संख्या $२^{२६}$ या ८७१०८८६४ होती है। परन्तु यदि हम अर्धसमवृत्त या विषमवृत्तों की बात देखें तो वहाँ तो संभावित वृत्तों की विविधता अनन्त है। पिंगल, लीलावती और वृत्तरत्नाकर के अंतिम अध्याय में संभावित विविधताओं की संख्या, उनका स्थान, या उनकी नियमित गणना में किसी एक छंद विशेष की निश्चित जानकारी प्राप्त करने के लिए निर्देश दिये गए हैं। संभावित वृत्तों के इस विशाल समुदाय की तुलना में कवियों द्वारा प्रयुक्त किये जाने वाले वृत्तों की विविधता नगण्य है। परन्तु यह नगण्य संख्या भी इतनी अधिक है कि इस परिशिष्ट में नहीं रक्खी जा सकती। अतः हम यहाँ निम्न क्रम में केवल उन्हीं वृत्तों का वर्णन करेंगे जो बहुत प्रयुक्त किये जाते हैं अथवा जिनका उल्लेख करना आवश्यक है।

अनुभाग (क) समवृत्त

अनुभाग (ख) अर्धसमवृत्त

अनुभाग (ग) विषमवृत्त

अनुभाग (घ) जाति आदि

नोट- निम्नांकित परिभाषाओं में गणों का प्रतिनिधित्व करने वाले भ म स और ल ग आदि वर्णों के स्वर का बहुधा वृत्त की अपेक्षा के कारण लोप कर दिया जाता है- उदा० 'म्रभ्न' प्रकट करता है म र भ न को, इसी प्रकार 'म्तो' दर्शाता है म त को। पहली पंक्ति में हमने वृत्त की परिभाषा दी है, दूसरी पंक्ति में गणक्रम और यति-विराम अर्थात् श्लोक या चरण का सस्वर पाठ करने में जहाँ रुकना होता है और जो कि परिभाषा में करणकारक द्वारा संकेतित किया गया है (प्रकोष्ठ में अंग्रेजी अंकों द्वारा) प्रकट की जाती है, फिर तीसरी पंक्ति में उदाहरण (इनमें से अधिकांश माघ, भारवि, कालिदास और दंडी की रचनाओं से लिए गए हैं)।

चार वर्णों के चरण वाले वृत्त

(प्रतिष्ठा)

कन्या

परि० ग्मौ चेत्कन्या।

गण० ग, म

उदा० भास्वत्कन्या सैका धन्या।
यस्याः कूले कृष्णोऽखेलत्।।

पाँच वर्णों के चरण वाले वृत्त

(सुप्रतिष्ठा)

पंक्ति

परि० भूमौ गिति पंक्तिः

गण० भ, ग, ग

उदा० कृष्ण सनाथा तर्णकपंक्तिः।
यामुनकच्छे चारु चचार।।

छः वर्णों के चरण वाले वृत्त

गायत्री

(१) तनुमध्यमा

परि० त्यौ चेत्तनुमध्यमा।

गण० त, य।

उदा० मूर्तिर्मुरशत्रोरत्यद्भुतरूपा।
आस्तां मम चित्ते नित्यं **तनुमध्या**।।

(२) विद्युल्लेखा ('वाणी' भी कहते हैं)

परि० विद्युल्लेखा मो मः।

गण० म, म (३, ३)।

उदा० श्रीदीप्ती ह्रीकीर्ती धीनीती गीः प्रीती।
एधेते द्वे द्वे ते ये नेमे देवेशे।।
काव्य० ३।८६।

(३) शशिवदना

परि० शशिवदना न्यौ।

गण० न, य।

उदा० **शशिवदनानां** व्रजतरुणीनाम्।
अधरसुधोर्मि मधुरिपुरैच्छत्।

(४) सोमराजी

परि० द्विया सोमराजी।

गण० य, य (२. ४.)।

उदा० **हरे सोमराजी**- समा ते यशः श्रीः।
जगन्मण्डलस्य छिनत्त्यन्धकारम्।।

सात वर्णों के चरण वाले वृत्त

(उष्णिक्)

(१) कुमारललिता

परि० कुमारललिता ज्सूगाः।

गण० ज, स, ग (३. ४.)।

उदा० मुरारितनुवल्ली **कुमारललिता** सा।
व्रजैणनयनानां ततान मुदमुच्चैः।।

(२) मदलेखा

परि० मसौ स्यान्मदलेखा।

गण० म, स, ग (३. ४.)।

उदा० रङ्गे बाहुविरुग्णाद् दन्तीन्द्रान्म**दलेखा**।
लग्नाभून्मुरशत्रौ कस्तूरीरसचर्चा।

(३) मधुमती

परि० ननगि मधुमति।

गण० न, न, ग (५. २.)।

उदा० रविदुहितृतटे नवकुसुमततिः।
व्यधित **मधुमती** मधुमथनमुदम्।।

आठ वर्णों के चरण वाले वृत्त

(अनुष्टुभ्)

(१) अनुष्टुभ्

(इसे 'श्लोक' भी कहते हैं)

इस छन्द के अनेक भेद हैं। परन्तु जिसका सबसे अधिक प्रयोग होता है उसके प्रत्येक चरण में आठ वर्ण होते हैं, मात्रायें सबकी भिन्न- भिन्न। इस प्रकार प्रत्येक चरण का पाँचवाँ वर्ण लघु, छठा दीर्घ, तथा सातवाँ वर्ण (प्रथम, तृतीय चरण का) दीर्घ, एवं (द्वितीय तथा चतुर्थचरण का) ह्रस्व होता है।

श्लोक षष्ठं गुरु ज्ञेयं सर्वत्र लघु पंचमम्।
द्विचतुष्पादयोर्ह्रस्वं सप्तमं दीर्घमन्ययोः।।

उदा० वागर्थाविव संपृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये।
जगतः पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ।।
।रघु०१।१।।

(२) गजगति

परि० नभलगा गजगतिः।

गण० न, भ, ल, ग (४. ४.)।

उदा० रविसुतापरिसरे विहरतो दृशि हरेः।
व्रजवधू**गजगति**र्मुदमलं व्यतनुत।।

(३) प्रमाणिका

परि० प्रमाणिका जरौ लगौ।

गण० ज, र, ल, ग (४. ४.)।

उदा० पुनातु भक्तिरच्युता सदा च्युताङ्घ्रिपद्मयोः।
श्रुतिस्मृति**प्रमाणिका** भवाम्बुराशितारिका।।

(४) माणवक

परि० भात्तलगा माणवकम्।

गण० भ, त, ल, ग, (४. ४.)।

उदा० चंचलचूडं चपलैर्वत्सकुलैः केलिपरम्।
ध्याय सखे स्मेरमुखं नन्दसुतं **माणवकम्**।।

(५) विद्युन्माला

परि० मो मो गो गो विद्युन्माला।

गण० म, म, ग, ग, (४. ४.)।

उदा० वासोवल्ली **विद्युन्माला** बर्हश्रेणी **शक्रश्चापः**।
यस्मिन्नास्तां तापोच्छित्यै गोमध्यस्थः कृष्णाम्भोदः।।

(६) समानिका

परि० ग्लौ रजौ समानिका तु।

गण० ग, ल, र, ज, (४. ४.)।

उदा० यस्य कृष्णपादपद्ममस्ति हृत्-तडागसद्म।
धीः **समानिका** परेण नोचितात्र मत्सरेण।।

नौ वर्णों के चरण वाले वृत्त
(बृहती)
(१) भुजगशिशुभृता

परि० भुजगशिशुभृता नौ मः।

गण० न, न, म, (७. २.)

उदा० ह्रदतटनिकटक्षौणी भुजगशिशुभृता याऽऽसीत्।
मुररिपुदलिते नागे व्रजजनसुखदा साऽभूत्।।

(२) भुजङ्गसङ्गता

परि० संजरैर्भुजङ्गसङ्गता।

गण० स, ज, र, (३. ६.)।

उदा० तरला तरङ्गरिङ्गितैर्यमुना भुजङ्गसङ्गता।
कथमेति वत्सचारकश्चपलः सदैव तां हरिः।।

(३) मणिमध्य

परि० स्यान्मणिमध्यं चेद्भमसाः।

गण० भ, म, स, (५. ४.)।

उदा० कालियभोगाभोगगतस्तन्मणिमध्यस्फीतरुचा।
चित्रपदाभो नन्दसुतश्चारु ननर्त स्मेरमुखः।।

दस वर्णों के चरण वाले वृत्त
(पङ्क्ति)
(१) त्वरितगति

परि० त्वरितगतिश्च नजनगैः।

गण० न, ज, न, ग, (५. ५.)।

उदा० त्वरितगतिर्व्रजयुवतिस्तरणिसुता विपिनगता।
मुररिपुणा रतिगुरुणा परिरमिता प्रमदमिता।।

(२) मत्ता

परि० ज्ञेया मत्ता मभसगसृष्टा।

गण० म, भ, स, ग, (४. ६.)।

उदा० पीत्वा मत्ता मधु मधुपाली।
कालिन्दीये तटवनकुञ्जे।
उद्दीव्यन्तीर्व्रजजनरामाः
कामासिक्ता मधुजिति चक्रे।।

(३) रुक्मवती (चम्पकमाला)

परि० रुक्मवती सा यत्र भमसगाः।

गण० भ, म, स, ग, (५. ५.)।

उदा० कायमनोवाक्यैः परिशुद्धैः
यस्य सदा कंसद्विषि भक्तिः।
राज्यपदे हर्म्यालिरुदारा
रुक्मवती विघ्नः खलु तस्य।।

ग्यारह वर्णों के चरण वाले वृत्त
(त्रिष्टुभ्)
(१) इन्द्रवज्रा

परि० स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः।

गण० त, त, ज, ग, ग, (५. ६.)

उदा० गोष्ठे गिरिं सव्यकरेण धृत्वा
रुष्टेन्द्रवज्राहतिमुक्तवृष्टौ।
यो गोकुलं गोपकुलं च सुस्थम्
चक्रे स नो रक्षतु चक्रपाणिः।।

(२) उपेन्द्रवज्रा

परि० उपेन्द्रवज्रा प्रथमे लघौ सा।

गण० ज, त, ज, ग, ग, (५. ६.)

उदा० उपेन्द्रवज्रादिमणिच्छटाभि-
र्विभूषणानां छुरितं वपुस्ते।
स्मरामि गोपीभिरुपास्यमानम्
सुरद्रुमूले मणिमण्डपस्थम्।।

(३) उपजाति

परि० अनन्तरोदीरितलक्ष्मभाजौ
पादौ यदीयावुपजातयस्ताः।
इत्थं किलान्यास्वपि मिश्रितासु
वदन्ति जातिष्विदमेव नाम।।

गण० जब इन्द्रवज्रा और उपेन्द्रवज्रा को एक ही श्लोक में मिला देते हैं तो उसे **उपजाति** वृत्त कहते हैं। इसके चौदह भेद होते हैं।

उदा० अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा
हिमालयो नाम नगाधिराजः।
पूर्वापरौ तोयनिधी वगाह्य
स्थितः पृथिव्या इव मानदण्डः। कु० १।१।

दे० रघु० २, ५, ६, ७, १३, १४, १६, १८,; कु० ३, कु० १७ आदि। जब अन्य वृत्त भी एक ही श्लोक में मिला दिये जाते हैं तो भी **उपजाति** वृत्त ही होता है। उदा० माघ कवि के निम्नश्लोक में वंशस्थ और इन्द्रवंशा मिला दिए गए हैं।

इत्थं रथाश्वेभनिषादिनां प्रगे
गणो नृपाणामथ तोरणाद्बहिः।
प्रस्थानकालक्षमवेषकल्पना-
कृतक्षणक्षेपमुदैक्षताच्युतम् ।। शि० १२।१।

(४) दोधक

परि० दोधकमिच्छति भत्रितयाद्गौ।
गण० भ, भ, भ, ग, ग, (६. ५.)
उदा० या न ययौ प्रियमन्यवधूभ्यः
सा रतरागमनाऽयतमानम्।
तेन सहेह बिभर्ति रहः स्त्री
सार तरागमनायतमानम्। शि० ४।४५।

(५) भ्रमरविलसितम्

परि० म्भौ न्लौ गःस्याद् भ्रमरविलसितम्।
गण० म, भ, न, ल, ग, (४. ७.)।
उदा० प्रीत्यै यूनां व्यवहिततपनाः
प्रौढध्वान्तं दिनमिह जलदाः।
दोषामन्यं विदधति सुरत-
क्रीडायासश्रमशमपटवः। शि० ४।६२।

(६) रथोद्धता

परि० रात्परैर्नरलगै रथोद्धता।
गण० र, न, र, ल, ग, (३. ८. या ४. ७.)।
उदा० कौशिकेन स किल क्षितीश्वरो
राममध्वरविघातशान्तये।
काकपक्षधरमेत्य याचित-
स्तेजसां हि न वयः समीक्ष्यते
।। रघु० ११।१
दे० कु० ८ भी।

(७) वातोर्मी

परि० वातोर्मीयं गदिता म्भौ तगौ गः।
गण० म, भ, त, ग, ग, (४. ७.)।
उदा० ध्याता मूर्तिः क्षणमप्यच्युतस्य
श्रेणी नाम्नां गदिता हेलयाऽपि।
संसारेऽस्मिन् दुरितं हन्ति पुंसाम्।
वातोर्मी पीतमिवाम्भोधिमध्ये।।

(८) शालिनी

परि० मात्तौ गौ चेच्छालिनी वेदलोकैः।
गण० म, त, त, ग, ग, (४. ७.)
उदा० अंहो हन्ति ज्ञानवृद्धिं विधत्ते
धर्मं दत्ते काममर्थं च सूते।
मुक्तिं दत्ते सर्वदोपास्यमाना
पुंसां श्रद्धा **शालिनी** विष्णुभक्तिः।।

(६) स्वागता

परि० स्वागता रनभगैर्गुरुणा च।
गण० र, न, भ, ग, ग, (३. ८.)।
उदा० यावदागमयतेऽथ नरेन्द्रान्
स स्वयंवरमहाय महीन्द्रः।
तावदेव ऋषिरिन्द्रदिदृक्षुः
नारदस्त्रिदशधाम जगाम।।
नै० ५।१।।
दे० कि० ६, शि० १०.

बारह वर्णों के चरण वाले वृत्त
(जगती)

(१) इन्द्रवंशा

परि० तच्चेन्द्रवंशा प्रथमाक्षरे गुरौ।।
गण० इन्द्रवंशा बिल्कुल वंशस्थविल या वंशस्थ (दे० नी० १३ वाँ) के समान है, सिवाय इसके कि इसका प्रथमाक्षर गुरु होता है। त, त, ज, र।
उदा० दैत्येन्द्रवंशाग्निरुदीर्णदीधितिः
पीताम्बरोऽसौ जगतां तमोपहः।
यस्मिन् ममज्जुः शलभा इव स्वयम्
ते कंसचाणूरमुखा मखद्विषः।।

(२) चन्द्रवर्त्म

परि० चन्द्रवर्त्म निगदन्ति रनभसैः।
गण० र, न, भ, स, (४. ८.)।
उदा० **चन्द्रवर्त्म** पिहितं घनतिमिरै
राजवर्त्म रहितं जनगमनैः।
इष्टवर्त्म तदलंकुरु सरसे
कुञ्जवर्त्मनि हरिस्तव कुतुकी।।

(३) जलधरमाला

परि० अब्ध्यंगैः स्याज्जलधरमालाम्भौ स्मौ।
गण० म, भ, स, म, (४. ८.)।
उदा० या भक्तानां कलिदुरितोत्तप्तानां
तापच्छेदे **जलधरमाला** नव्या।

भव्याकारा दिनकरपुत्रीकूले
केलीलोला हरितनुरव्यात् सा वः।।
दे० कि० ५।२३।।

(४) जलोद्धतगति

परि० रसैर्जसजसा जलोद्धतगतिः।
गण० ज, स, ज, स, (६. ६.)।
उदा० समीरशिशिरः शिरस्सु वसताम्
सतां जवनिका निकामसुखिनाम्।
बिभर्ति जनयन्नयं मुदमपा-
मपायधवला बलाहकततीः।शि० ४।५४।।

(५) तामरस

परि० इह वद तामरसं नजजा यः।
गण० न, ज, ज, य, (५. ७.)।
उदा० स्फुटसुषमामकरन्दमनोज्ञम्
व्रजललनानयनालिनिपीतम्।
तव मुखतामरसं मुरशत्रो
हृदयतडाग विकाशि ममास्तु।।

(६) तोटक

परि० वद तोटकमब्धिसकारयुतम्।
गण० स, स, स, स, (४. ४. ४.)।
उदा० स तथेति विनेतुरुदारमतेः
प्रतिगृह्य वचो विससर्ज मुनिम्।
तदलब्धपदं हृदि शोकधने
प्रतियातमिवान्तिकमस्य गुरोः।रघु० ८।९१।।
दे०शि० ६।७१।।

(७) द्रुतविलम्बित

परि० द्रुतविलम्बितमाह नभौ भरौ।
गण० न, भ, भ, र (४. ८. या ४. ४. ४.)।
उदा० मुनिसुताप्रणयस्मृतिरोधिना
मम च मुक्तमिदं तमसा मनः।
मनसिजेन सखे प्रहरिष्यता
धनुषि चूतशरश्च निवेशितः।श० ६।
दे० रघु०६, शि० ६ भी।

(८) प्रभा

परि० स्वरशरविरतिर्ननौ रौ प्रभा।
गण० न, न, र, र, (७. ५.)।
उदा० अतिसुरभिरभाजि पुष्पश्रिया-
मतनुतरतयेव संतानकः।
तरुणपरभृतः स्वनं रागिणा-
मतनुतरतये वसन्तानकः।।शि० ६।६७।
कि० ५।२१ भी।

(९) प्रमिताक्षरा

परि० प्रमिताक्षरा सजससः कथिता।
गण० स, ज, स, स, (५. ७.)
उदा० विहगाः कदम्बसुरभाविह गाः
कलयन्त्यनुक्षणमनेकलयम्।
भ्रमयन्नुपैति मुहुरभ्रमयम्,
पवनश्च धूतनवनीपवनः।शि० ४।३६।
कि० ९, शि० ९।

(१०) भुजंगप्रयात

परि० भुजंगप्रयातं चतुर्भिर्यकारैः।
गण० य, य, य, य, (६. ६.)।
उदा० धनैर्निष्कुलीनाः कुलीना भवन्ति
धनैरापदं मानवा निस्तरन्ति।
धनेभ्यः परो बान्धवो नास्ति लोके
धनान्यर्जयध्वं धनान्यर्जयध्वम्।।

(११) मणिमाला

परि० त्यौ त्यौ मणिमाला छिन्ना गुहवक्त्रैः।
गण० त, य, त, य, (६. ६.)।
उदा० प्रह्वामरमौलौ रत्नोपलक्लृप्ते
जातप्रतिबिम्बा शोणा **मणिमाला**।
गोविन्दपदाब्जे राजी नखराणा-
मास्तां मम चित्ते ध्वान्तं शमयन्ती।।

(१२) मालती ('यमुना' भी कहते हैं)

परि० भवति नजावथ मालती जरौ।
उदा० न, ज, ज, र, (५. ७.)।
उदा० इह कलयाच्युत केलिकानने
मधुरससौरभसारलोलुपः।
कुसुमकृतस्मितचारु विभ्रमा-
मलिरपि चुम्बति मालतीं मुहुः।।

(१३) वंशस्थबिल (वंशस्थ या वंशस्तनित)

परि० वदन्ति वंशस्थविलं जतौ जरौ।
गण० ज, त, ज, र, (५. ७.)।
उदा० तथा समक्षं दहता मनोभवम्
पिनाकिना भग्नमनोरथा सती।

निनिन्द रूपं हृदयेन पार्वती।
प्रियेषु सौभाग्यफला हि चारुता।।
कु० ५।१।
दे० रघु० ३ भी।

(१४) **वैश्वदेवी**

परि० बाणाश्वैश्छिन्ना वैश्वदेवी ममौ यौ।
गण० म, म, य, य, (५. ७.)।
उदा० अर्चामन्येषां त्वं विहायामराणा-
मद्वैतेनैकं विष्णुमभ्यर्च्य भक्त्या।
तत्राशेषात्मन्यचित्ते भाविनी ते
भ्रातः संपन्नाराधना **वैश्वदेवी**।।

(१५) **स्रग्विणी**

परि० कीर्तितैषा चतूरेफिका स्रग्विणी।
गण० र, र, र, र, (६. ६.)।
उदा० इन्द्रनीलोत्पलेनेव या निर्मिता
शातकुम्भद्रवालङ्कृता शोभते।
नव्यमेघच्छविः पीतवासा हरे-
र्मूर्तिरास्तां जयायोरसि **स्रग्विणी**।।

तेरह वर्णों के चरण वाले वृत्त
(अतिजगती)

(१) **कलहंस** (सिंहनाद या कुटजा)

परि० सजसाः सगौ च कथितः कलहंसः।
गण० स, ज, स, स, ग, (७. ६.)।
उदा० यमुना विहारकुतुके **कलहंसो**
व्रजकामिनीकमलिनीकृतकेलि।
जनचित्तहारिकलकण्ठनिनादः
प्रमदं तनोतु तव नन्दतनूजः।।
दे० शि० ६।७३।

(२) **क्षमा** (चन्द्रिका और उत्पलिनी)

परि० तुरगरसयतिर्नौ ततौ गः क्षमा।
गण० न, न, त, त, ग, (७. ६.)
उदा० इह दुरधिगमैः किंचिदेवागमैः
सततमसुतरं वर्णयन्त्यन्तरम्।
अमुमतिविपिनं वेद दिग्व्यापिनम्
पुरुषमिव परं पद्मयोनिः परम्। किं० ५।१८।

(३) **प्रहर्षिणी**

परि० त्र्यशाभिर्मनजरगाः प्रहर्षिणीयम्।
गण० म, न. ज, र, ग, (३. १०.)।
उदा० ते रेखाध्वजकुलिशातपत्रचिह्नं
सम्राजश्चरणयुगं प्रसादलभ्यम्।
प्रस्थानप्रणतिभिरङ्गुलीषु चक्रु
र्मौलिस्रक्च्युतमकरन्दरेणुगौरम्।।
रघु० ४।८८, दे० कि० ७, शि० ८।

(४) **मंजुभाषिणी** (सुनन्दिनी, और प्रबोधिता)

परि० सजसा जगौ च यदि मंजुभाषिणी।
गण० स, ज, स, ज, ग, (६. ७.)
उदा० यमुनामतीतमथ शुश्रुवानमुम्
तपसस्तनूज इति नाधुनोच्यते।
स यदाऽचलत्रिजपुरादहर्निशम्
नृपतेस्तदादि समचारि वार्तया। शिव १३।१।

(५) **मत्तमयूरी**

परि० वेदैरन्ध्रैर्म्तौ यसगा मत्तमयूरम्।
गण० म, त, य, स, ग, (४. ६.)।
उदा० दृष्ट्वा दृश्यान्याचरणीयानि विधाय
प्रेक्षकारी याति पदं मुक्तमपायैः।
सम्यग्दृष्टिस्तस्य परं पश्यति यस्त्वाम्
यश्चोपास्ते साधु विधेयं स विधत्ते।।कि०१८।
२८, शि० ४।४४, ६।७६, रघु० ६।७५।

(६) **रुचिरा** (प्रभावती)

परि० जभौ सजौ गिति रुचिरा चतुर्ग्रहैः।
गण० ज, भ, स, ज, ग, (४. ६.)
उदा० कदा मुखं वरतनु कारणादृते
तवागतं क्षणमपि कोपपात्रताम्।
अपर्वणि ग्रहकलुषेन्दुमण्डला
विभावरी कथय कथं भविष्यति।।
मालवि० ४।१३।
दे० भट्टि० १।१, शि० १७।

चौदह वर्णों के चरण वाले वृत्त
(शक्वरी)

(१) **अपराजिता**

परि० ननरसलघुगैः स्वरैरपराजिता।
गण० न, न, र, स, ल, ग, (७. ७.)।
उदा० यदनवधि भुजप्रतापकृतास्पदा
यदुनिचयचमूः परैरपराजिता।
व्यजयत समरेसमस्तरिपुव्रजम्
स जयति जगतां गतिर्गरुडध्वजः।।

(२) असंबाधा

परि० म्तौ न्सौ गावक्षग्रहविरतिरसंबाधा।

गण० म, त, न, स, ग, ग, (५. ९.)।

उदा० वीर्याग्नौ येन ज्वलति रणवशात् क्षिप्रे
दैत्येन्द्रे जाता धरणिरियम**संबाधा**।
धर्मस्थित्यर्थं प्रकटिततनुसम्बन्धः
साधूनां बाधां प्रशमयतु स कंसारिः।।

(३) पथ्या (मंजरी)

परि० सजसा यलौ च सह गेन पथ्या मता।

गण० स, ज, स, य, ल, ग, (५. ९.)।

उदा० स्थगयन्त्यमूः शमितचातकार्तस्वरा
जलदास्तडित्तुलितकान्तकार्तस्वराः।
जगतीरिह स्फुरितचारु चामीकराः
सवितुः क्वचित् कपिशयन्ति चामीकराः।
शि० ४।२४।

(४) प्रमदा (कुररीरुता)

परि० नजभजला गुरुश्च भवति प्रमदा।

गण० न, ज, भ, ज, ल, ग (६. ८.)।

उदा० अनतिचिरोज्झितस्य जलदेन चिर-
स्थितबहुबुद्बुदस्य पयसोऽनुकृतिम्।
विरलविकीर्णवज्रशकला सकला-
मिह विदधाति धौतकलधौतमही।।
शि० ४।४१।

(५) प्रहरणकलिका

परि० ननभनलगिति प्रहरणकलिका।

गण० न, न, भ, न, ल, ग (७. ७.)

उदा० व्यथयति कुसुम**प्रहरणकलिका**
प्रमदवनभवा तव धनुषि तता।
विरहविपदि मे शरणमिह ततो
मधुमथनगुणस्मरणविरतम्।।

(६) मध्यक्षामा (हंसश्येनी या कुटिल)

परि० मध्यक्षामायुगदशविरमा म्भौ न्यौ गौ।

गण० म, भ, न, य, ग, ग (४. १०.)।

उदा० नीतोच्छ्रायं मुहुरशिशिररश्मेरुस्रै-
रानीलाभैर्विरचितपरभागा रत्नैः।
ज्योत्स्नाशङ्कामिह वितरति **हंसश्येनी**
मध्येऽप्यह्नः स्फटिकरजतभित्तिच्छाया।।
कि० ५।३१।

(७) वसन्ततिलका

(वसन्ततिलक, उद्धर्षिणी या सिंहोन्नता)

परि० उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ गः।

गण० त, भ, ज, ज, ग, ग (८. ६.)।

उदा० यात्येकतोऽस्तशिखरं पतिरोषधीना-
माविष्कृतारुणपुरःसर एकतोऽर्कः।
तेजोद्वयस्य युगपद् व्यसनोदयाभ्यां
लोको नियम्यत इवात्मदशान्तरेषु।।शि०४।१।

(८) वासन्ती

परि० मात्तो नो मो गौ यदि गदिता वासन्तीयम्।

गण० म, त, न, म, ग, ग (४. ६. ४.)।

उदा० भ्राम्यद्भृङ्गी निर्भरमधुरालापोद्गीतैः
श्रीखण्डाद्रेरद्भुतपवनैर्मन्दान्दोला।
लीलालोला पल्लवविलसद्धस्तोल्लासैः
कंसाराती नृत्यति सदृशी वासन्तीयम्।।

पन्द्रह वर्णों के चरण वाले वृत्त

(अतिशक्वरी)

(१) तूणक

परि० तूणकं समानिका पदद्वयं विनान्तिमम्।

गण० र, ज, र, ज, र (४.४.४.३ या ७.८)

उदा० सा सुवर्णकेतकं विकाशि भृङ्गपूरितम्
पञ्चवाणवाणजालपूर्णहेतितूणकम्।
राधिका वितर्क्य माधवाद्य मासि माधवे
मोहमेति निर्भरं त्वया विना कलानिधे।।

(२) मालिनी

परि० ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः।

गण० न, न, म, य, य (८. ७.)

उदा० शशिनमुपगतेयं कौमुदी मेघमुक्तम्
जलनिधिमनुरूपं जह्नुकन्यावतीर्णा।
इति समगुणयोगप्रीतयस्तत्र पौराः
श्रवणकटुनृपाणामेकवाक्यं विवव्रुः।।
रघु० ६।८५।

(३) लीलाखेल

परि० एकन्यूनौ विद्युन्मालापादौ चेल्लीलाखेलः।

गण० म, म, म, म, म

उदा० मा कान्ते पक्षस्यान्ते पर्याकाशे देशे स्वाप्सीः
कान्तं वक्त्रं वृत्तं पूर्णं चन्द्रं मत्वा रात्रौ चेत्।

क्षुत्क्षामः प्राटश्चेतश्चेतो राहुः क्रूरः प्राद्यात्
तस्माद्ध्वान्ते हर्म्यस्यान्ते शय्यैकांते कर्तव्या।।
सरस्वती०

(४) शशिकला

परि० गुरुनिधनमनुलघुरिह शशिकला।
गण० न, न, न, न, स (अन्तिम को छोड़ कर सब लघु)
उदा० मलयजतिलकसमुदित**शशिकला**
व्रजयुवतिलसदलिक गगनगता।
सरसिजनयनहृदयसलिलनिधिं
व्यतनुत विततरभसपरितलम्।।

सोलह वर्णों के चरण वाले वृत्त
(अष्टि)

(१) चित्र

परि० चित्रसंज्ञमीरितं रजौ रजौ रगौ च वृत्तम्।
गण० र, ज, र, ज, र, ग (८. ८. या ४. ४. ४. ४)
उदा० विद्रुमारुणाधरौष्ठशोभिवेणुवाद्यहृष्ट-
वल्लवीजनाङ्गसंगजातमुग्धकण्टकाङ्ग।
त्वां सदैव वासुदेव पुण्यलभ्यपाद देव
वन्यपुष्प**चित्र**केशं संस्मरामि गोपवेश।।

(२) पञ्चचामर

परि० प्रमाणिका पदद्वयं वदन्ति पंचचामरम्।
(जरौ जरौ ततो जगौ च पंचचामरं वदेत्)
गण० ज, र, ज, र, ज, ग (८. ८. या ४. ४. ४. ४)
उदा० सुरद्रुमूलमण्डपे विचित्ररत्ननिर्मिते
लसद्वितानभूषिते सलीलविभ्रमालसम्।
सुरांगनाभवल्लवीकरप्र**पंचचामर**-
स्फुरत्समीरवीजितं सदाच्युतं भजामि तम्।।

(३) वाणिनी

परि० नजभजरैर्यदा भवति वाणिनी गयुक्तैः।
गण० न, ज, भ, ज, र, ग।
उदा० स्फुरतु ममानने ऽद्य ननु वाणि नीतिरम्यम्
तव चरणप्रसादपरिपाकतः कवित्वम्।
भवजलराशिपारकरणक्षमं मुकुन्दम्
सततमहं स्तवैः स्वरचितैः स्तवानि नित्यम्।।

सत्रह वर्णों के चरण वाले वृत्त
(अत्यष्टि)

(१) चित्रलेखा (अतिशायिनी)

परि० ससजा भजगा गु दिक्स्वरैर्भवति चित्रलेखा।
गण० स, स, ज, भ, ज, ग, ग (१०. ७)
उदा० इति धौतपुरंध्रिमत्सरान् सरसि मज्जनेन
श्रियमाप्तवतो ऽ**तिशायिनी**मपमलांगभासः।
अवलोक्य तदैव यादवानपरवारिराशेः
शिशिरेतररोचिषाप्यपां ततिषु मंक्तुमीषे।।
शि० ८।७१।

(२) नर्दटक (कोकिलक)

परि० यदि भवतो नजौ भजजला गुरु नर्दटकम्।
गण० न, ज, भ, ज, ज, ल, ग (८. ६.)
उदा० तरुणतमालनीलबहुलोन्नमदम्बुधराः
शिशिरसमीरणावधूतनूतनवारिकणाः।
कथमवलोकयेयमधुना हरिहेतिमती-
र्मदकलनीलकंठकलहैर्मुखराः ककुभः।।
मा० ६।१८; दे० ५।३१।

(३) पृथ्वी

परि० जसौ जसयला वसुग्रहयतिश्च पृथ्वी गुरुः।
गण० ज, स, ज, स, य, ल, ग (८. ६.)
उदा० इतः स्वपिति केशवः कुलमितस्तदीयद्विषा-
मितश्च शरणार्थिनः शिखरिणां गणाः शेरते।
इतोऽपि वडवानलः सह समस्तसंवर्तकै-
रहो विततमूर्जितं भरसहं च सिन्धोर्वपुः।।
भर्तृ० २।७६।

(४) मन्दाक्रान्ता

परि० मन्दाक्रान्ताम्बुधिरसनगैर्मो भनौ तौ गयुग्मम्।
गण० म, भ, न, त, त, ग, ग (४. ६. ७)
उदा० गोपी भर्तुर्विरहविधुरा काचिदिन्दीवराक्षी
उन्मत्तेव स्खलितकबरी निःश्वसन्ती विशालम्।
अत्रैवास्ते मुररिपुरिति भ्रान्तिदूतीसहाया
त्यक्त्वा गेहं झटिति यमुनामञ्जुकुञ्जं जगाम।।
पंदाक० १।

(समस्त मेघदूत इसी वृत्त में लिखा गया है)

(५) वंशपत्रपतित

परि० दिङ्मुनिवंशपत्रपतितं भरनभनलगैः।
गण० भ, र, न, भ, न, ल, ग (१०. ७)।
उदा० दर्पणनिर्मलासु पतिते घनतिमिरमुषि
ज्योतिषि रौप्यभित्तिषु पुरः प्रतिफलति मुहुः।
व्रीडमसंमुखोऽपि रमणैरपहृतवसनाः
काञ्चनकन्दरासु तरुणीरिह नयति रविः।।
शि० ४।६७।

(६) शिखरिणी

परि० रसै रुद्रैश्छिन्ना यमनसभला गः शिखरिणी।
गण० य, म, न, स, भ, ल, ग (६. ११.)।
उदा० दिगन्ते श्रूयन्ते मदमलिनगण्डाः करटिनः
करिण्यः कारुण्यास्पदमसमशीलाः खलु मृगाः।
इदानीं लोकेऽस्मिन्ननुपमशिखानां पुनरयम्
नखानां पाण्डित्यं प्रकटयतु कस्मिन् मृगपतिः।।
भामि० १।२।

(७) हरिणी

परि० नसमरसलागः षड्वेदैर्हयैर्हरिणी मता।
गण० न, स, म, र, स, ल, ग (६. ४. ७.)।
उदा० सुतनु हृदयात्प्रत्यादेशव्यलीकमपैतु ते
किमपि मनसः संमोहो मे तदा बलवानभूत्।
प्रबलतमसामेवंप्रायाः शुभेषु हि वृत्तयः
स्रजमपि शिरस्यन्धः क्षिप्तां धुनोत्यहिशङ्कया।।
श० ७।२४।

अठारह वर्णों के चरण वाले वृत्त
(धृति)

(१) कुसुमितलतावेल्लिता

परि० स्याद्भूतर्त्वश्वैः कुसुमितलता
वेल्लिता म्तौ नयौ यौ।
गण० म, त, न, य, य, य (५. ६. ७.)।
उदा० क्रीडत्कालिन्दीललितलहरीवारिभिर्दाक्षिणात्यैः
वातैः खेलद्भिः कुसुमितलतावेल्लिता मन्दमन्दम्।
भृङ्गालीगीतैः किसलयकरोल्लासितैर्लास्यलक्ष्मीम्
तन्वाना चेतो रभसतरलं चक्रपाणेश्चकार।।
।

(२) चित्रलेखा

परि० मन्दाक्रान्ता नपरलघुयुता कीर्तिता चित्रलेखा।
गण० म, भ, न, य, य, य (४. ७. ७.)।
उदा० शङ्केऽमुष्मिन् जगति मृगदृशां साररूपं यदासी-
दाकृष्येदं व्रजयुवति सभा वेधसा सा व्यधायि।
नैतादृक्चेत् कथमुदधिसुतामन्तरेणाच्युतस्य
प्रीतं तस्या नयनयुगमभूच्चित्रालेखाद्भुतायाम्।

(३) नन्दन

परि० नजभजरैस्तु रेफसहितैः शिवैर्हयैर्नन्दनम्।
गण० न, ज, भ, ज, र, र (११. ७.)।
उदा० तरणिसुतातरङ्गपवनैः सलीलमान्दोलितम्
मधुरिपुपादपंकजरजः सुपूतपृथ्वीतलम्।
मुरहरचित्रचेष्टितकलाकलापसंस्मारकम्,
क्षितितलनन्दनं व्रज सखे सुखाय वृन्दावनम्।।

(४) नाराच

परि० इह ननरचतुष्कसृष्टं तु नाराचमाचक्षते।
गण० न, न, र, र, र, र (८. ५. ५.)।
उदा० रघुपतिरपि जातवेदो विशुद्धां प्रगृह्य प्रियाम्
प्रियसुहृदि विभीषणे संगमय्य श्रियं वैरिणः।
रविसुतसहितेन तेनानुयातः ससौमित्रिणा
भुजविजितविमानरत्नाधिरूढ़ः प्रतस्थे पुरीम्।।
रघु० १२।१०४।

(५) शार्दूलललित

परि० मः सो जः सतसा दिनेश-
ऋतुभिः शार्दूलललितम्।
गण० म, स, ज, स, त, स, (१२.६)
उदा० कृत्वाकंसमृगे पराक्रमविधिं शार्दूलललितम्
यश्चक्रे क्षितिभारकारिषु दरं चैद्यप्रभृतिषु।
संतोषं परमं तु देवनिवहे त्रैलोक्यशरणम्,
श्रेयो नः स तनोत्वपारमहिमा लक्ष्मीप्रियतमः।।

उन्नीस वर्णों के चरण वाले वृत्त
(अतिधृति)

(१) मेघविस्फूर्जिता

परि० रसर्त्वश्वैर्य्मौन्सौ ररगुरुयुतै
मेघविस्फूर्जितास्यात्।

गण० य, म, न, स, र, र, ग (६.६.७)

उदा० कदम्बामोदाढ्या विपिनपवनः केकिनः कान्तकेका

विनिद्राः कन्दल्यो दिशि दिशि मुदा दर्दुरा दृप्तनादाः।

निशा नृत्यद्विद्युद्विलसितलसन्मेघ विस्फूर्जिता चेत्

प्रियःस्वाधीनोऽसौ दनुजदलनो राज्यमस्मात् किमन्यत्।।

(२) शार्दूलविक्रीडित

परि० सूर्याश्वैर्यदि मः सजौ सततगाः शार्दूलविक्रीडितम्।
गण० म, स, ज, स, त, त, ग (१२.७)
उदा० वेदान्तेषु यमाहुरेकपुरुषं व्याप्य स्थितं रोदसी
यस्मिन्नीश्वर इत्यनन्यविषयः शब्दो यथार्थाक्षरः।
अन्तर्यश्च मुमुक्षुभिर्नियमितप्राणादिभिर्मृग्यते।
स स्थाणुः स्थिरभक्तियोगसुलभो निःश्रेयसायास्तु वः।।
वि० १।१।

(३) सुमधुरा

परि०
म्रौ भ्नौ मो नो गुरुश्चेद् हयऋतुरसैरुक्ता सुमधुरा।।
गण० म, र, भ, न, म, न, ग (७.६.६)
वेदार्थान् प्राकृतस्त्वं वदसि न च ते जिह्वा निपतिता
मध्याह्ने वीक्षसेऽर्कं न तव सहसा दृष्टिर्विचलिता।
दीप्ताग्नौ पाणिमन्तः क्षिपसि स च ते दग्धो भवति नो
चारित्र्याच्चारुदत्तं चलयसि न ते देहं हरति भूः।।
मृच्छ० ६।२१।

(४) सुरसा

परि०

म्रौ भ्नौ यो नो गुरुश्चेत् स्वरमुनिकरणैराह सुरसाम्।
गण० म, र, भ, न, य, न, ग (७.७.५)
उदा० कामक्रीडासतृष्णो मधुसमयसमारम्भरभसात्
कालिन्दीकूलकुंजे विहरणकुतुकाकृष्टहृदयः।
गोविन्दो वल्लवीनामधररससुधां प्राप्य सुरसाम्
शङ्के पीयूषपानैः प्रचुरकृतसुखं व्यस्मरदसौ।।

बीस वर्णों के चरण वाले वृत्त
(कृति)

(१) गीतिका

परि०
सजजा भरौ सलगा यदा कथिता तदा खलुगीतिका।
गण० स, ज, ज, भ, र, स, ल, ग (५.७.८)
उदा० करतालचञ्चलकङ्कणस्वनमिश्रणेन मनोरमा
रमणीयवेणुनिनादरङ्गिमसंगमेन सुखावहा।
बहलानुरागनिवासरासससमुद्भवा भवरागिणम्
विदधौ हरिं खलु वल्लवीजनचारुचामरगीतिका।।

(२) सुवदना

परि० ज्ञेया सप्ताश्वषड्भिर्मरभनययुता भ्लौ गः सुवदना।
गण० म, र, भ, न, य, भ, ल, ग (७.७.६)
उदा०
उत्तुङ्गास्तुङ्गकूलं स्रुतमदसलिलाः प्रस्यन्दिसलिलम्
श्यामा श्यामोपकण्ठद्रुममतिमुखराः कल्लोलमुखरम्।
स्रोतः खातावसीदत्तटमरुदशनैरुत्सादिततटाः
शोणं सिन्दूरशोणा मम गजपतयः पास्यन्ति शतशः।।
मुद्रा० ४।१६।

इक्कीस वर्णों के चरण वाले वृत्त
(प्रकृति)

(१) पञ्चकावली (सरसी, धृतश्री)

परि०
नजभनजा जरौ नरपते कथिता भुवि पञ्चकावली।
गण० न, ज, भ, ज, ज, ज, र (७.७.७)
उदा० तुरगशताकुलस्य परितः परमेकतुरङ्गजन्मनः
प्रमथितभूभृतः प्रतिपथं मथितस्य भृशं महीभृता।
परिचलतो वलानुजबलस्य पुरः सततं धृतश्रिय-
श्चिरगलितश्रियो जलनिधेश्च तदाऽभवदन्तरं
महत्।। शि० ३।८२।।

(२) स्रग्धरा

परि० म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम्।

गण० म, र, भ, न, य, य, य (७.७.७)

उदा० या सृष्टिः स्रष्टुराद्या वहति विधिहुतं या हविर्या च होत्री
ये द्वे कालं विधत्तः श्रुतिविषयगुणा या स्थिता व्याप्य विश्वम्।
यामाहुः सर्वभूतप्रकृतिरिति यया प्राणिनः प्राणवन्तः
प्रत्यक्षाभिः प्रपन्नस्तनुभिरवतु वस्ताभिरष्टाभिरीशः।।
श० १।१।

बाईस वर्णों के चरण वाले वृत्त

(आकृति)

हंसी

परि० मौ गौ नाश्चत्वारो गो गो वसुभुवनयतिरिति भवति हंसी।

गण० म, म, त, न, न, न, त, ग
या (म, म, त, न, न, न, स, ग) (८.१४)

उदा०
सार्धं कान्तेनैकान्तेऽसौ विकचकमलमधुसुरभि पिबन्ती।
कामक्रीडाकूतस्फीतप्रमदसरसतरमलघुरसन्ती।

कालिन्दीये पत्रारण्ये पवनपतनपरितरलपरागे
कंसाराते पश्य स्वेच्छं सरभसगतिरिह विलसति हंसी।।

तेइस वर्णों के चरण वाले वृत्त

(विकृति)

अद्रितनया

परि० नजभजभाजभौ लघुगुरू बुधैस्तु गदितेयमद्रितनया।

गण० न, ज, भ, ज, भ, ज, भ, ल, ग (११.१२)

उदा० खातरशौर्यपावकशिखापतङ्गनिभमग्न-
दृप्तदनुजो जलधिसुताविलासवसतिः सतां गतिरशेषमान्यमहिमा।
भुवनहितावतारचतुरश्चराचरधरोऽवतीर्ण
इहि क्षितिवलयेऽस्ति कंसशमनस्तवेति तमवोचदद्रितनया।।

चौबीस वर्णों के चरण वाले वृत्त

(संकृति)

तन्वी

परि० भूतमुनीनैर्यतिरिह भतनाः स्भौ भनयाश्च यदि भवति तन्वी।

गण० भ, त, न, स, भ, भ, न, य (५.७.१२)

उदा० माधव मुग्धैर्मधुकरविरुतैः
कोकिलकूजितमलयसमीरैः
कम्पमुपेता मलयजसलिलैः
प्लावनतोऽप्यविगततनुदाहा।
पत्रपलाशैर्विरचितशयना
देहजसंज्वरभरपरिदूनै-
र्निश्वसती सा मुहुरतिपरुषं
ध्यानलये तव निवसति तन्वी।।

पच्चीस वर्णों के चरण वाले वृत्त

(अतिकृत)

क्रौञ्चपदा

परि० क्रौञ्चपदा भ्मौ स्भौ ननना
न्गाविषुशरवसुमुनिविरतिरिह भवेत्।

गण० भ, म, स, भ, न, न, न, न, ग (५.५.८.७)

उदा० क्रौञ्चपदालीचित्रिततीरा
मदकलखगकुलकलकल रुचिरा
फुल्लसरोजश्रेणिविलासा
मधुमुदितमधुपरवरभसकरी।
फेनविलासप्रोज्ज्वलहासा
ललितलहरिभरपुलकितसुतनुः
पश्च हरेऽसौ कस्य न चेतो
हरति तरलगतिरहिमकिरणजा।।

छब्बीस वर्णों के चरण वाले वृत्त

(उत्कृति)

भुजंगविजृंभित

परि० वस्वीशाश्वैश्छेदोपेतं ममतननयुगरसल-
गैर्भुजङ्गविजृम्भितम्।

गण० म, म, त, न, न, न, र, स, ल, ग (८,११७)

उदा० हेलोदञ्चन्न्यञ्चत्पादप्रकटविकट-
नटनभरो रणत्करतालक-
श्चारुप्रेङ्खच्चूडावर्हः श्रुतितरलनव-
किसलयस्तरङ्गितहारधृक्।
त्रस्यन्नागस्त्रीभिर्भक्त्या मुकु-
लितकरकमलयुगं कृतस्तुतिरच्युतः
पायाद्वश्छिन्दन् कालिन्दीह्रदकृत-
निजवसतिबृहद्भुजङ्गविजृम्भितम्।।

दंडक

जिन वृत्तों के प्रत्येक चरण में सत्ताईस या इससे अधिक वर्ण होते हैं उनका एक सामान्य नाम दंडक है। इस वृत्त की जाति के चरण में वर्णों की संख्या अधिक से अधिक ९९९ बताई जाती है। प्रत्येक चरण में सबसे पहले दो नगण या छः लघु अक्षर होते हैं, शेष या तो रगण होते हैं या यगण या सभी चरण सगण होते हैं। दण्डक की जिन श्रेणियों का बहुधा उल्लेख मिलता है वे हैं- चण्डवृष्टिप्रयात, प्रचितक, मत्तमातंग-लीलाकर सिंहविक्रान्त, कुसुमस्तवक, अनङ्गशेखर, और संग्राम आदि। अन्तिम प्रकार के दण्डक का उदाहरण मा० ५।२३ है।

अनुभाग (ख)

अर्धसमवृत्त

(१) **अपरवक्त्र** ('वैतालीय' भी कभी कभी)

परि० अयुजि ननरला गुरुः समे
तदपरवक्त्रमिदं नजौ जरौ।

गण० न, न, र, ल, ग, (विषम चरण)
न, ज, ज, र, (सम चरण)

उदा० स्फुटसुमधुरवेणुगीतिभि-
स्तमपरवक्त्रमवेत्य माधवम्।
मृगयुवतिगणैः समं स्थिता
व्रजवनिता धृतचित्तविभ्रमाः।।

(२) **उपचित्र**

परि० विषमे यदि सौ सलगा दले
भौ युजिभाद् गुरुकावुपचित्रम्।

गण० स, स, स, ल, ग, (विषम चरण)
भ, भ, भ, ग, ग, (सम चरण)

उदा० मुरवैरिवपुस्तनुतां मुदं
हेमनिभांशुकचन्दनलिप्तम्।
गगनं चपलामिलितं यथा
शारदनीरधरैरुपचित्रम्।।

(३) **पुष्पिताग्रा** (औपच्छन्दसिक)

परि० अयुजि नयुगरेफतो यकारो
युजि तु नजौ जरगाश्च **पुष्पिताग्रा**।

गण० न, न, र, य, (विषम चरण)
न, ज, ज, र, ग, (सम चरण)

उदा० अथ मदनवधूरुपप्लवान्तं
व्यसनकृशा परिपालयांबभूव।
शशिन इव दिवातनस्य लेखा
किरणपरिक्षयधूसरा प्रदोषम्।।कु० ४।४६।

(४) **वियोगिनी** (वैतालीय या सुन्दरी)

परि० विषमे ससजा गुरुः समे
सभरा लोऽथ गुरुर्वियोगिनी।

गण० स, स, ज, ग, (विषम चरण)
स, भ, र, ल, ग, (सम चरण)

उदा० सहसा विदधीत न क्रिया-
मविवेकः परमापदां पदम्।
वृणते हि विमृश्यकारिणम्
गुणलुब्धाः स्वयमेव संपदः।। कि० २।३०।

(५) **वेगवती**

परि० सयुगात् सगुरू विषमे चेद्
भाविह **वेगवती** युजि भाद्गौ।

गण० स, स, स, ग, (विषम चरण)
भ, भ, भ, ग, ग, (सम चरण)

उदा० स्मर**वेगवती** व्रजरामा
केशववंशरवैरतिमुग्धा।
रभासन्न गुरून् गणयन्ती
केलिनिकुञ्जगृहाय जगाम।।

(६) **हरिणप्लुता**

परि० सयुगात्सलघू विषमे गुरु-
र्युजि नभौ भरकौ **हरिणप्लुता**।

गण० स, स, स, ल, ग, (विषम चरण)
न, भ, भ, र, (सम चरण)

उदा० स्फुटफेनचया हरिणप्लुता
बलिमनोज्ञतटा तरणेः सुता।
सकलहंसकुलारव शालिनी
विहरतो हरति स्म हरेर्मनः।।

विशे० अपरवक्त्र या औपच्छन्दसिक और वैतालीय या वियोगिनी प्रायः जाति समझे जाते हैं (दे० अनुभाग घ)। परन्तु कभी-कभी गणयोजना में उनकी परिभाषा दी जाती है, इसी लिए वे यहाँ वृत्तों के अन्तर्गत दे दिये गये हैं।

अनुभाग (ग)

विषमवृत्त (असमवृत्त)

इस श्रेणी के अन्तर्गत उद्गता अत्यंत सामान्य वृत्त कहलाता है।

परि० प्रथमे सजौ यदि सलौ च
नसजगुरुकाण्यनन्तरम्।
यद्यथ भनजलगाः स्युरथो
सजसा जगौ च भवतीयमुद्गता।।

गण० स, ज, स, ल, (प्रथम चरण)
न, स, ज, ग, (द्वितीय चरण)
भ, न, ज, ल, ग, (तृतीय चरण)
स, ज, स, ज, ग, (चतुर्थ चरण)

उदा० अथ वासवस्य वचनेन
रुचिरवदनस्त्रिलोचनम्।
क्लान्तिरहितमभिराधयितुम्
विधिवत्तपांसि विदधे धनंजयः।।
कि० १२।१।
दे० शि० १५ भी।

उद्गता का एक और भेद बताया जाता है जिसके तृतीय चरण में भ, न, ज, ल, ग, के स्थान में भ, न, भ, ग होते हैं। वृत्तों के अन्य भेद जिनमें प्रत्येक चरणों के वर्णों की संख्या भिन्न-भिन्न होती है, 'गाथा' के सामान्यशीर्षक के अन्तर्गत बतलाये हैं। चार से भिन्न चरणों की संख्या वाले वृत्तों के लिए भी यही नाम व्यवहृत होता है। जहाँ तक 'उपजाति' का संबंध है ये किसी भी नियमित वृत्त के दो या दो से अधिक चरणों को मिला कर अर्धसमवृत्त या विषमवृत्त बना लिए जाते हैं।

जाति

(यह छन्द मात्राओं की संख्या से विनियमित किये जाते हैं)।

(अ) इस प्रकार के वृत्तों की अत्यन्त सामान्य प्रकार **'आर्या'** है। इसके नौ अवान्तर भेद बताये जाते हैं:-

पथ्या विपुला चपला मुखचपला जघनचपला च।
गीत्युपगीत्युद्गीतय आर्यागीतिर्नवैव वार्यायाः।।

इन नौ भेदों में से अन्तिम चार प्रकार ही प्रायः प्रयुक्त होते हैं, इसीलिए इनका उल्लेख किया जाता है।

(१) आर्या

परि० यस्याः पादे प्रथमे द्वादशमात्रास्तथा तृतीयेऽपि।
अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पञ्चदश सार्या।।
श्रु० ४।

इसके प्रथम तथा तृतीय चरण में बारह मात्रायें होती हैं (ह्रस्व स्वर की एक मात्रा तथा दीर्घ की दो मात्रायें गिनी जाती हैं)। दूसरे चरण में अठारह तथा चौथे चरण में पन्द्रह मात्राएँ होती हैं।

उदा० प्रतिपक्षेणापिपतिं सेवन्ते भर्तुवत्सलाः साध्व्यः।
अन्यसरितां शतानि समुद्रगाःप्रापयन्त्यब्धिम्।।
मालवि० ५।१६।

गोवर्धन की समस्त **'आर्यासप्तशती'** इसी छन्द में लिखी गई है।

(२) गीति

परि० आर्यापूर्वार्धसमं द्वितीयमपि भवति यत्र हंसगते।
छन्दोविदस्तदानीं गीतिंताममृतवाणि भाषन्ते।।

इसके प्रथम तथा तृतीय चरण में बारह मात्रायें, और दूसरे तथा चौथे चरण में अठारह मात्राएँ होती हैं।

उदा० पाटीरतवपटीयानूकः परिपाटीमिमा मुरीकर्तुम्।
यत्पिंषतामपि नृणां पिष्टोऽपि तनोषि परिमलैः पुष्टिम्।।
भामि० १।१२।

(३) उपगीति

परि० आर्योत्तरार्धतुल्यं प्रथमार्धमपि प्रयुक्तं चेत्।

कामिनि **तामुपगीतिं** प्रतिभाषन्ते महाकवयः।।
श्रु० ६।

इस छन्द के प्रथम तथा तृतीय चरण में बारह मात्राएँ और द्वितीय तथा चतुर्थ चरण में पन्द्रह मात्राएँ होती हैं।

उदा० नवगोपसुन्दरीणां रासोल्लासे मुरारातिम्।
अस्मारयदुपगीतिः स्वर्गकुरङ्गीदृशां गीतेः।।

(४) उद्गीति

परि० आर्यासकलद्वितये विपरीते पुनरिहोद्गीतिः।

इसके प्रथम तथा तृतीय चरण में बारह मात्राएँ होती हैं, द्वितीय चरण में पन्द्रह तथा चतुर्थ चरण में अठारह मात्राएँ होती हैं।

उदा० नारायणस्य सन्ततमुद्गीतिः संस्मृतिर्भक्त्या।
अर्चायामासक्तिर्दुस्तरसंसारसागरे तरणिः।।

(५) आर्यागीति

परि० आर्यां प्राग्दलमन्तेऽधिकगुरु तादृक् परार्धमार्यागीतिः।

इसके प्रथम तथा तृतीय चरण में बारह मात्राएँ और द्वितीय तथा चतुर्थ चरण में बीस मात्राएँ होती हैं।

उदा०

सवधूकाः सुखिनोऽस्मिन्नवरतममन्दरागतामरसदृशः।
नासेवन्ते रसवन्नवरतममन्दरागतामरसदृशः।।
शि० ४।५१।

नोट- यह पाँचों भेद कभी कभी गणयोजना में भी परिभाषित किये जाते हैं।

(आ) वैतालीय

परि०

षड्विषमेऽष्टौ समे कलास्ताश्च समे स्युर्नोनिरन्तराः।
न समाऽत्रा पराश्रिता कला वैतालीयेऽन्ते रलौ गुरुः।।

यह चार चरण का श्लोक है। इसके प्रथम तथा तृतीय चरण में चौदह लघु मात्राओं का समय लगता है और द्वितीय तथा तृतीय चरण में सोलह मात्राओं का। पुनः प्रथम तथा तृतीय चरण में छः मात्राएँ होनी चाहिए। द्वितीय तथा चतुर्थ चरण में आठ मात्राएँ और उसके पश्चात् रगण (ऽ।ऽ) तथा लघु गुरु (।ऽ) होने चाहिए। आगे नियम इस बात की अपेक्षा करते हैं कि सम चरणों में सभी मात्राएँ ह्रस्व या दीर्घ नहीं होनी चाहिएँ, इसके अतिरिक्त प्रत्येक सम चरण की (अर्थात् द्वितीय, चतुर्थ तथा छठा चरण) मात्राएँ अगले चरणों (अर्थात् तृतीय, पंचम और सप्तम) से संयुक्त नहीं होनी चाहिए।

उदा० कुशलं खलु तुभ्यमेव तद्
वचनं कृष्ण यदभ्यघामहम्।
उपदेशपराः परेष्वपि
स्वविनाशाभिमुखेषु साधवः।।शि० १६।४१।

(इ) औपच्छन्दसिक

परि० पर्यन्ते यौ तथैव शेषमौपच्छन्दसिकं सुधीभिरुक्तम्।

यह वैतालीय के समान ही है। इसमें प्रत्येक चरण के अन्त में रगण और ल, ग के स्थान में रगण और यगण होने चाहिएँ। दूसरे शब्दों में यह वैतालीय ही है, इसमें केवल प्रत्येक चरण के अन्त में गुरु जोड़ा हुआ है।

उदा०

वपुषा परमेण भूधराणामथ संभाव्यपराक्रमं विभेदे।
मृगमाशु विलोकयांचकार स्थिरदंष्ट्रोग्रमुखं महेन्द्रसूनुः।।
कि० १३।१।

इसी प्रकार इसी सर्ग के अगले बावन श्लोकों में। दे० शि० २० भी।

यह बात ध्यान में रखने की है कि वियोगिनी या सुंदरी तथा अपरवक्त्र, वैतालीय की ही विशेषताएँ हैं, और पुष्पिताग्रा तथा मालभारिणी, औपच्छन्दसिक की। छन्दःशास्त्री वृत्तों की इन दोनों श्रेणियों का प्रतिपादन गणयोजना तथा मात्रा योजना दोनों स्थानों पर करते हैं। इसीलिए यह यहाँ भी दर्शाये गये हैं और अनुभाग (ग) में भी।

(ई) मात्रासमक

मात्रासमक वृत्त में चार चरण होते हैं, और प्रत्येक चरण में सोलह मात्राएँ। इसके अत्यन्त सामान्य प्रकार में नवाँ वर्ण लघु और अन्तिम वर्ण दीर्घ होता है। इसकी परिभाषा की हैः-मात्रासमकं नवमो ल्गान्त्यः।

परन्तु मात्राओं के ह्रस्व या दीर्घ होने के कारण

इस वृत्त के अनेक भेद हो जाते हैं। उदाहरण के रूप में यदि नवाँ तथा बारहवाँ वर्ण लघु है, और पन्द्रहवाँ तथा सोलहवाँ दीर्घ है, शेष वर्ण ऐच्छिक हैं, तो वह वृत्त वानवासिका कहलाता है। यदि पाँचवाँ, आठवाँ तथा नवाँ ह्रस्व हैं, और पद्रहवाँ तथा सोलहवाँ दीर्घ हैं तो वह वृत्तचित्र कहलाता है। यदि पाचवाँ और आठवाँ वर्ण ह्रस्व हैं, नवाँ, दसवाँ, पन्द्रहवाँ तथा सोलहवाँ दीर्घ है तो वह उपचित्रा कहलाता है। यदि पाचवाँ, आठवाँ और बारहवाँ ह्रस्व हैं, पन्द्रहवाँ तथा सोलहवाँ दीर्घ हैं, तथा शेष अनिश्चित हैं, तो वह **विश्लोक** कहलाता है। कभी कभी एक ही श्लोक में इन वृत्तों के दो या दो से अधिक भेद मिला दिये जाते हैं, उस अवस्था में हम उसे **पादाकुलक वृत्त** कहते हैं, उसमें कोई विशेष प्रतिबंध भी नहीं रहता है, केवल प्रत्येक चरण में सोलह मात्राओं का होना आवश्यक है।

उदा० मूढ जहीहि धनागमतृष्णां
कुरु तनुबुद्धे मनसि वितृष्णाम् ।।
यल्लभसे निजकर्मोपात्तं
वित्तं तेन विनोदय चित्तम् ।।
मोह०१

• • •

परिशिष्ट २

संस्कृत के प्रसिद्ध लेखकों का काल आदि

आर्यभट्ट- एक प्रसिद्ध ज्योतिर्विद्, जन्मकाल ४७६ ई०।

उद्भट- अलंकारशास्त्र का एक प्राचीन लेखक। यह काश्मीर के राजा जयापीड की राज्यसभा का मुख्य पंडित था। इसका काल ७७९ से ८१३ ई० तक है।

कय्यट- पतंजलिकृत महाभाष्य पर भाष्यप्रदीप नामक टीका का रचयिता। डाक्टर बुह्लर के मतानुसार यह तेरहवीं शताब्दी से पूर्व नहीं हुआ था।

कल्हण- राजतरंगिणी नामक राजाओं के इतिहास की प्रसिद्ध पुस्तक का रचयिता। यह काश्मीर के राजा जय सिंह का, जिसने ११२९ से ११५० ई० तक राज्य किया, समकालीन था।

कालिदास- अभिज्ञानशाकुन्तल, विक्रमोर्वशीय, मालविकाग्निमित्र, रघुवंश, कुमारसंभव, मेघदूत और ऋतुसंहार का रचयिता। इसके अतिरिक्त 'नलोदय' तथा अन्य कई छोटे-छोटे काव्यों के रचयिता। कालिदास का सबसे पहला अधिकृत उल्लेख हमें ६३४ ई० (तदनुसार ५५६ शाके) के शिलालेख में मिलता है। इसमें कालिदास और भारवि दोनों को प्रसिद्ध कवि बतलाया गया है। श्लोक यह है:-

येनायोजि न वेश्म,
स्थिरमर्थविधौ विवेकना जिनवेश्म।
स विजयतां रविकीर्तिः
कविताश्रितकालिदासभारविकीर्तिः।।

हर्षचरित के आरंभ में बाण ने कालिदास का उल्लेख किया है। इससे प्रतीत होता है कि कालिदास बाण से पहले अर्थात् सातवीं शताब्दी के पूर्वार्ध से पहले हुआ था। परन्तु सातवीं शताब्दी से कितना पूर्व-इस बात का अभी तक पता नहीं लग सका। मेघदूत के चौदहवें श्लोक की व्याख्या करते हुए मल्लिनाथ ने निचुल और दिङ्नाग को कालिदास का समकालीन बताया है। यदि मल्लिनाथ के इस सुझाव को जिसकी सत्यता में पूरा-पूरा सन्देह है, सही मान लिया जाय तो हमारा कवि कालिदास अवश्य ही छठी शताब्दी के मध्य में रहा होगा। यही काल दिङ्नाग का माना जाता है।

एक बात और है, यदि इसका ठीक निर्णय हो जाय तो कवि के जन्मकाल का ही ज्ञान हो जाय। यह बात है कालिदास द्वारा अपने अभिभावक के रूप में विक्रम का उल्लेख। यह कौन सा विक्रम है, इस बात का अभी पूरी तरह निर्णय नहीं हो पाया है। प्रचलित परंपरा के अनुसार वह विक्रम संवत् का जो ईसा से ५६ वर्ष पूर्व आरम्भ हुआ, प्रवर्तक था। यदि इस विचार को सही समझा जाय तो कालिदास निश्चय ही ईसा से पूर्व पहली शताब्दी में हुआ होगा। परन्तु कुछ विद्वान् अभी इस परिणाम पर पहुँचे हैं कि जिसे हम विक्रम संवत् (ईसा से ५६ वर्ष पूर्व) कहते हैं वह कोरूर के महायुद्ध के काल के आधार पर बना है। इस युद्ध में विक्रम ने ५४४ ई० में म्लेच्छों को पराजित किया था। और उस समय ६०० वर्ष पीछे ले जाकर (अर्थात् ईसा से ५६ वर्ष पूर्व) इसका नामकरण किया। यदि यह मत यथार्थ मान लिया जाय- विद्वान् लोग अभी इस बात पर एकमत दिखाई नहीं देते-तो कालिदास छठी शताब्दी में हुए हैं। अभी इस प्रश्न का पूरा समाधान नहीं हो सका है।

क्षेमेन्द्र- काश्मीर का एक प्रसिद्ध कवि, समयमातृका तथा कई अन्य पुस्तकों का रचयिता। यह ग्यारहवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में हुआ।

जगद्धर-एक प्रसिद्ध टीकाकार। इसने मालतीमाधव और वेणीसंहार पर टीकाएँ लिखीं। यह चौदहवीं शताब्दी के बाद हुआ।

जगन्नाथ पंडित- एक प्रसिद्ध आधुनिक लेखक। उसका प्रसिद्ध ग्रन्थ रसगंगाधर है जिसमें 'काव्य' विषय का विवेचन है। उसकी अन्य कृतियाँ हैं-भामिनीविलास, पाँच लहरियाँ (गंगा, पीयूष, सुधा, अमृत और करुणा) तथा कुछ अन्य छोटी रचनाएँ। ऐसा माना जाता है कि यह दिल्ली के सम्राट् शाहजहाँ के काल में हुआ। इसने जहांगीर के राज्य के अन्तिम दिन तथा १६५८ ई० में दारा का अस्थायी राज्य-सिंहासनारोहण देखा होगा। अतः इसका जन्म-और कुछ नहीं तो कार्य काल तो अवश्य-१६२० तथा १६६० ई० के बीच में रहा होगा।

जयदेव- गीतगोविन्द नामक ललित गीतिकाव्य का प्रणेता। यह बंगाल के वीरभूमि जिले के किंदुविल्व नामक गाँव का निवासी था। कहा जाता है कि यह राजा लक्ष्मणसेन के काल में हुआ जिसकी एकात्मता डॉक्टर बुह्लर ने बंगाल के वैद्य राजा से की है। इसका शिलालेख विक्रम संवत् ११७३ अर्थात् १११६ ई० का मिलता है। अतः कवि बारहवीं शताब्दी में हुआ होगा।

दंडिन्- यह दशकुमारचरित और काव्यादर्श का रचयिता है छठी शताब्दी के उत्तरार्ध में हुआ। माधवाचार्य के मतानुसार यह बाण का समकालीन था।

पतंजलि- महाभाष्य का प्रसिद्ध लेखक। कहते हैं कि यह ईसा से लगभग १५० वर्ष पूर्व हुआ।

नारायण- (भट्टनारायण)- वेणीसंहार का रचयिता। यह नवीं शताब्दी से पूर्व ही हुआ होगा, क्योंकि इसकी रचना का उल्लेख आनन्दवर्धन ने अपने ध्वन्यालोक में बहुत बार किया है। यह कवि अवन्तिवर्मा के राज्यकाल ८५५-८८४ ई० (राजतरंगिणी ५।३४) में हुआ।

बाण- हर्षचरित, कादंबरी और चंडिकाशतक का विख्यात प्रणेता। पार्वतीपरिणय और रत्नावली भी इसी की रचना मानी जाती हैं। इसका काल निर्विवाद रूप से इसके अभिभावक कान्यकुब्ज के राजा श्री हर्षवर्धन द्वारा निश्चित किया गया है। जिस समय ह्यून त्सांग ने समस्त भारत में भ्रमण किया उस समय हर्षवर्धन ने ६२६ से ६४५ ई० तक राज्य किया। इसलिए बाण या तो छठी शताब्दी के उत्तरार्ध में हुआ या सातवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में। बाण का काल कई और लेखकों के काल का-न्यूनातिन्यून उनका जिनका कि बाण ने हर्षचरित की प्रस्तावना में उल्लेख किया है- परिचायक है।

बिल्हण- महाकाव्य विक्रमांकदेवचरित तथा चौरपंचाशिका का रचयिता। यह ग्यारहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में हुआ।

भट्टि- यह श्रीस्वामी का पुत्र था। राजा श्रीधरसेन या उसके पुत्र नरेन्द्र के राज्यकाल में श्रीस्वामी वल्लभी में रहा। लैसन के मतानुसार श्रीधर का राज्यकाल ५३० से ५४५ ई० तक था।

भर्तृहरि- शतकत्रय और वाक्यपदीय का रचयिता। तेलंग महाशय के मतानुसार यह ईस्वी सन् की प्रथम शताब्दी के अन्तिम काल में अथवा दूसरी शताब्दी के आरम्भ में हुआ। परंपरा के अनुसार भर्तृहरि विक्रमराजा का भाई था और यदि हम इस विक्रम को वहीं मानें जिसने ५४४ ई० में म्लेच्छों को पराजित किया था, तो हमें समझ लेना चाहिए कि भर्तृहरि छठी शताब्दी के उत्तरार्ध में हुआ।

भवभूति- महावीरचरित, मालतीमाधव और उत्तररामचरित का रचयिता। यह विदर्भ का मूल निवासी था और कान्यकुब्ज के राजा यशोवर्मा के दरबार में रहता था। काश्मीर के राजा ललितादित्य (६६३ से ७२६ ई०) ने इसे परास्त किया था। अतः भवभूति सातवीं शताब्दी के अन्त में हुआ। बाण ने इसके नाम का उल्लेख नहीं किया, अतः यह काल सुसंगत है। कालिदास और भवभूति की समकालीनता के उपाख्यान निरे उपाख्यान होने के कारण स्वीकार्य नहीं है।

भारवि- किरातार्जुनीय काव्य का रचयिता। ६३४ ई० के एक शिलालेख में इसका उल्लेख कालिदास के साथ किया गया है। देखो कालिदास।

भास- वाण और कालिदास ने इसे अपना पूर्ववर्ती बताया है अतः यह सातवीं शताब्दी से पूर्व ही हुआ।

मम्मट- काव्यप्रकाश का रचयिता। यह १२६४ ई० से पूर्व ही हुआ है क्योंकि १२६४ ई० में तो जयन्त ने काव्यप्रकाश पर 'जयन्ती' नामक टीका लिखी है।

मयूर- यह बाण का श्वसुर था। इसने अपने कुष्ठ से मुक्ति पाने के लिए सूर्यशतक की रचना की। यह बाण का समकालीन था।

मुरारि- अनर्घराघव नाटक का रचयिता। रत्नाकर कवि ने (जो नवीं शताब्दी में हुआ) अपने हरविजय ३८।६७ में इसका उल्लेख किया है। अतः इसे नवीं शताब्दी से पूर्व का ही समझना चाहिए।

रत्नाकर- हरविजय नामक महाकाव्य का रचयिता। अवन्तिवर्मा (८५५-८८४ ई० तक) इस कवि के आश्रयदाता थे।

राजशेखर- बालरामायण, बालभारत और विद्धशालभंजिका का रचयिता। यह भवभूति के पश्चात् दसवीं शताब्दी के अन्त से पूर्व हुआ, अर्थात् यह सातवीं शताब्दी के अन्त और दसवीं शताब्दी के मध्य में हुआ।

वराहमिहिर- एक प्रसिद्ध ज्योतिर्विद्, वृहत्संहितानामक पुस्तक का रचयिता।

विक्रम- देखो कालिदास।

विशाखदत्त- मुद्राराक्षस का रचयिता। इस नाटक की रचना का काल तेलंग महाशय के अनुसार सातवीं या आठवीं माना जाता है।

शंकर- वेदान्त दर्शन का प्रसिद्ध आचार्य, तथा शारीरिक भाष्य का प्रणेता। इसके अतिरिक्त वेदान्त विषय पर इसकी अनेक रचनाएँ हैं। कहते हैं कि यह ७८८ ई० में उत्पन्न हुआ और ३२ वर्ष की थोड़ी आयु में ही ८२० ई० में परलोकवासी हुआ। परन्तु कुछ विद्वान् लोगों (तैलंग महाशय तथा डॉक्टर भंडारकर आदि) ने यह दर्शाने का प्रयत्न किया है कि यह छठी या सातवीं शताब्दी में हुआ होगा। मुद्राराक्षस की प्रस्तावना देखिये।

श्रीहर्ष- यह नैषधचरित का प्रसिद्ध रचयिता है। इसके अतिरिक्त इसकी अन्य आठ दस रचनाएँ भी मिलती हैं। इसे प्रायः बारहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में हुआ मानते हैं। विल्सन कहता है कि १२१३ ई० में अपने पिता कलश के पश्चात् श्रीहर्ष राजगद्दी पर बैठा। अतः रत्नावली नाटिका जो इस राजा द्वारा लिखित मानी जाती है अवश्य अपने राज्य काल के अन्त में १११३ से ११२५ के मध्य लिखी गई होगी। परन्तु 'रत्नावली' को इसके पूर्व का ही मानना पड़ेगा क्योंकि दशरूप में इसके अनेक उदाहरण उपलब्ध हैं और दशरूप दशवीं शताब्दी के अन्तिम भाग में रचा गया।

सुबन्धु- वासवदत्ता का रचयिता। इसका उल्लेख बाण ने किया है। अतः यह सातवीं शताब्दी के बाद का नहीं। इसने धर्मकीर्ति द्वारा लिखित बौद्धसंगति नामक एक रचना का उल्लेख किया है। यह पुस्तक छठी शताब्दी में लिखी गई थी।

हर्ष- बाण का अभिभावक। ऐसा समझा जाता है कि रत्नावली नाटक बाण ने लिखा और अपने अभिभावक के नाम से प्रकाशित कराया।

• • •

परिशिष्ट ३

प्राचीन भारतवर्ष के महत्त्वपूर्ण भौगोलिक नाम

अंग- गंगा के दक्षिणी तट पर स्थित एक महत्त्वपूर्ण राज्य। इसकी राजधानी चंपा थी, जो अंगपुरी भी कहलाता था। यह नगर शिलाद्वीप के पश्चिम में लगभग २४ मील की दूरी पर विद्यमान था। इसीलिए यह या तो वर्तमान भागलपुर था, अथवा उसके कहीं अत्यंत निकट स्थित था।

अंध्र- एक देश और उसके अधिवासियों का नाम। यह वर्तमान तेलंगण ही माना जाता है। गोदावरी का मुहाना अंध्रों के अधिकार में था। परन्तु इसकी सीमाएँ संभवतः पश्चिम में घाट, उत्तर में गोदावरी, तथा दक्षिण में कृष्णा नदी थी। कलिंग देश इसकी एक सीमा था (देखो दश० ७ वाँ उल्लास)। इसकी राजधानी अंध्रनगर संभवतः प्राचीन वेंगी या वेगी थी।

अवंति- नर्मदा नदी के उत्तर में स्थित एक देश। इसकी राजधानी उज्जयिनी थी जिसे अवंतिपुरी या अवंति और विशाला (मेघ० ३०) भी कहते थे। यह शिप्रा नदी के तट पर स्थित थी। मालवा देश का पश्चिमी भाग है। महाभारत काल में यह देश दक्षिण में नर्मदातट तक तथा पश्चिम में मही के तटों तक फैला हुआ था। अवंति के उत्तर में एक दूसरा राज्य था जिसकी राजधानी चर्मण्वती नदी के तट पर स्थित दसपुर थी, यह ही वर्तमान धौलपुर प्रतीत होता है। यह रन्तिदेव की राजधानी थी।

अम्मक- त्रावणकोर का पुराना नाम।

आनर्त- देखो सौराष्ट्र।

इन्द्रप्रस्थ- (हरिप्रस्थ या शक्रप्रस्थ भी कहलाता है) इसी नगर की वर्तमान दिल्ली से एकरूपता मानी जाती है। यह नगर यमुना के बाईं ओर बसा हुआ था, जब कि वर्तमान दिल्ली दाईं ओर स्थित है।

उत्कल या ओड्र- एक देश का नाम। वर्तमान उड़ीसा जो ताम्रलिप्त के दक्षिण में स्थित है और कपिशा नदी तक फैला हुआ है- तु० रघु ४।३८। इस-प्रांत के मुख्य नगर कटक और पुरी हैं जहाँ कि जगन्नाथ का प्रसिद्ध मन्दिर है।

कनखल- हरद्वार के निकट एक ग्राम का नाम है। यह शैवालिक पहाड़ी के दक्षिणी भाग पर गंगा के किनारे बसा हुआ है। वहाँ के आसपास का पहाड़ भी कनखल कहलाता है।

कपिशा दे०- 'सुह्म' के अन्तर्गत।

कलिंग- एक देश का नाम जो उड़ीसा के दक्षिण में स्थित है और गोदावरी के मुहाने तक फैला हुआ है। ब्रिटिशकाल की उत्तरी सरकार से इसकी एकरूपता स्थापित की जाती है। इसकी राजधानी कलिंग नगर प्राचीन काल में समुद्रतट से (तु० दश० ७ वाँ उल्लास) कुछ दूरी पर संभवतः राजमहेन्द्री में थी। दे० 'अंध्र' भी।

कांची- दे० 'द्रविड' के अन्तर्गत।

कामरूप- एक महत्त्वपूर्ण राज्य जो करतोया या सदानीरा के तट से लेकर आसाम की सीमा तक फैला हुआ है। यह उत्तर में हिमालय पर्वत तक तथा पूर्व में चीन की सीमा तक फैला हुआ होगा, क्योंकि यहाँ के राजा ने किरात और चीन की सेना के साथ दुर्योधन की सहायता की थी। इस राज्य की प्राचीन राजधानी लौहित्य या ब्रह्मपुत्र नदी के दूसरी ओर प्राग्ज्योतिष थी। तु० रघु० ४।८१।

कांबोज- एक देश और उसके अधिवासियों का

नाम। यह हिन्दुकुश पहाड़ के उस प्रदेश पर रहते होंगे जहाँ यह बलख से गिलगित को पृथक् करता है, तथा तिब्बत और लद्दाख तक फैला हुआ है। यह प्रदेश घोड़ों के कारण प्रसिद्ध है। यहाँ पर बकरी आदि जानवरों की ऊन से शाल भी बनाये जाते थे। इसके अतिरिक्त यहाँ अखरोट के वृक्ष बहुत पाये जाते हैं। तु० रघु० ४।६१।

कुंतल- चोल देश के उत्तर में स्थित एक देश। ऐसा प्रतीत होता है कि कुरुगदे के दक्षिण में कल्याण या कोलियन दुर्ग इस प्रदेश की राजधानी थी। यह देश हैदराबाद के दक्षिण-पश्चिमी भाग का प्रतिनिधित्व करता है।

कुरुक्षेत्र-दिल्ली के निकट एक विस्तृत प्रदेश। यहीं कौरव और पांडवों के मध्य महासंग्राम हुआ था। यह थानेश्वर के दक्षिण में इसी नाम के पवित्र सरोवर के निकट एक प्रदेश है जो सरस्वती के दक्षिणी से लेकर दृषद्वती के उत्तर तक फैला हुआ है। कभी कभी इस स्थान को 'समंतपंचक' नाम से पुकारते हैं जिसका अर्थ है परशुराम द्वारा वध किये गए क्षत्रियों के रक्त के 'पाँच पोखर'।

कुलूत- एक देश का नाम- वर्तमान कुल्लू प्रदेश। यह प्रदेश जलंधर दोआब से उत्तरपूर्व की ओर शतद्रु (सतलुज) नदी के दाईं ओर स्थित है।

कुशावंती या कुशस्थली- यह दक्षिणकोशल प्रदेश की राजधानी है और बिंध्यपर्वत की संकीर्ण घाटी में स्थित है। यह नर्मदा के उत्तर में परन्तु विंध्यपर्वत के दक्षिण में होगा। संभवतः यह वही स्थान है जिसे बुंदेलखंड में हम रामनगर कहते हैं। राजशेखर इस कुशस्थली के स्वामी को मध्यदेशनरेन्द्र अर्थात् मध्यभूमि या बुंदेलखंड का राजा कहते हैं।

केकय- सिंधुदेश की सीमा बनाने वाला केकय एक देश का नाम है।

केरल- कावेरी के उत्तरी समुद्र तथा पश्चिमी घाट की मध्यवर्ती भूमि की लंबी पट्टी। इस प्रदेश की मुख्य नदियाँ हैं नेत्रवती, सरावती तथा कालीनदी। यह काली नदी ही मुरला नदी समझी जाती है। इसका उल्लेख रघु० ४।५५ तथा उत्तर० ३ में किया गया है, यही केरलप्रदेश की मुख्य नदी है। केरल प्रदेश वर्तमान कानड़ा प्रदेश है जिसके साथ संभवतः मलाबार भी जुड़ा हुआ है और कावेरी से परे तक फैला हुआ है।

कोशल- एक प्रदेश का नाम जो रामायण के अनुसार सरयू नदी के तटों के साथ-साथ बसा हुआ है। इसके दो भाग हैं- उत्तर कोशल और दक्षिण कोशल। उत्तर कोशल का नाम 'गन्द' है और यह अयोध्या के उत्तरी प्रदेश को प्रकट करता है जिसमें गन्द तथा बहरायच सम्मिलित हैं। अज, तथा दशरथ आदि राजाओं ने इसी प्रान्त पर राज्य किया। राम की मृत्यु के पश्चात् उसके पुत्र कुश ने तो बिंध्यपर्वत की संकीर्ण घाटी में स्थित दक्षिणी कोशल की कुशावती राजधानी में राज्य किया, और लव ने उत्तरी कोशल में स्थित श्रावस्ती में रहकर राज्य किया।

कौशांबी- वत्स देश की राजधानी का नाम है। यह नगर इलाहाबाद से लगभग तीस मील दूरी पर वर्तमान कोसम के निकट स्थित था।

कौशिकी- एक नदी (कुसी) का नाम जो उत्तरी भागलपुर तथा पश्चिमी पूर्णिया से होती हुई दरभंगा के पूर्व में बहती है। इस नदी के तटों के निकट ऋष्यशृंग ऋषि का आश्रम था।

गौड या पुंड्र- उत्तरी बंगाल। (पुंड्र मूलरूप से 'पूरी' के वेतस प्रदेश को कहते हैं)।

चेदि- एक देश और उसके अधिवासियों का नाम। चेदियों को दाहल और त्रैपुर भी कहते हैं। यह लोग नर्मदा के उत्तरी तट पर बसे हुए थे, यह वही लोग थे जिन्हें हम दशार्ण कहते हैं। एक समय इनकी राजधानी त्रिपुरी थी। कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि यह लोग

मध्यभारत के वर्तमान बुन्देलखण्ड में रहते थे, कुछ लोग यह समझते हैं कि इनका देश वर्तमान चन्दसिल था। जबलपुर से नीचे भेरा घर के आसपास बिंध्य और रिक्ष पर्वतों के मध्य में नर्मदा के किनारे पर स्थित माहिष्मती नगरी में हैहय या कलचुरी लोग राज्य करते थे।

चोल- एक देश का नाम जो कावेरी के तट पर बसा हुआ है यह मैसूर प्रदेश का दक्षिणी भाग है। यह प्रदेश कावेरी के परे है। पुलकेशिन् द्वितीय ने इस नदी को पार करके इस देश पर आक्रमण किया था। यही देश बाद में कर्णाटक कहलाने लगा।

जनस्थान- (मानव वसति) यह दण्डक के महावन का एक भाग है और प्रस्रवण नामक पर्वत के निकट स्थित है। प्रसिद्ध पंचवटी (स्थानीय परम्परा के अनुसार इसी नाम का एक स्थान जो वर्तमान नासिक से लगभग दो मील दूर है) का स्थान इसी प्रदेश में विद्यमान है।

जालन्धर- वर्तमान जालन्धर दोआब। शतद्रु और विपाशा (सतलुज और व्यास) से सिंचित प्रदेश।

ताम्रपर्णी- मलय पर्वत से निकलने वाली एक नदी का नाम। यह वही नदी प्रतीत होती है जिसे आजकल तांब्रवारी कहते हैं, जो पश्चिमी घाट के पूर्वी ढलान से निकलकर तिन्नेवली जिले में से होती हुई मनार की खाड़ी में गिर जाती है, तु० रघु० ४।४९-५०, और बा० रा० १०।५६।

ताम्रलिप्त- दे० 'सुह्म' के अन्तर्गत।

त्रिगर्त- प्राचीन काल का एक अत्यन्त जलहीन मरु प्रदेश। यह सतलुज का पूर्ववर्ती मरुस्थल था। सरस्वती और सतलुज का मध्यवर्ती भाग भी इसमें सम्मिलित था। उत्तर में लुधियाना और पटियाला है तथा मरुस्थल का कुछ भाग दक्षिण में है।

त्रिपुर-री- चेदि देश की राजधानी 'चन्द्रदुहिता अर्थात् नर्मदा की तरंगों से शब्दायमान' अतएव इस नदी के किनारे स्थित। जबलपुर से ६ मील की दूरी पर स्थित वर्तमान तिबुर को ही त्रिपुर माना जाता है।

दशपुर- दे० 'अवन्ति' के अन्तर्गत।

दशार्ण- एक देश का नाम जिसमें से दशार्ण (दसन) नाम की नदी बहती है। यह मालवा का पूर्वी भाग था। इसकी राजधानी विदिशा नगरी थी जिसे वर्तमान भिलसा माना जाता है। यह वेत्रवती या बेतवा नदी के तट पर स्थित है, तु० मेघ० २४।२५, और कादंबरी। कालिदास ने भी विदिशा नाम की एक नदी का उल्लेख किया है जो संभवतः वही है जिसे हम आजकल ब्यास कहते हैं तथा जो बेतवा में मिल जाती है।

द्रविड- कृष्णा और पोलर नदियों के मध्यवर्ती जंगली भाग के दक्षिण में स्थित कोरोमंडल का समस्त समुद्रीतट इसमें सम्मिलित है। परन्तु यदि सीमित रूप से देखें तो यह प्रदेश कावेरी से परे नहीं फैला है। इसकी राजधानी कांची थी जिसे आजकल कांजीवरम् कहते हैं और जो मद्रास के ४२ मील दक्षिण-पश्चिम में वेगवती नदी के किनारे स्थित है।

द्वारका- दे० 'सौराष्ट्र' के अन्तर्गत।

निषधा- एक देश का नाम जहाँ नल का राज्य था। इस की राजधानी अलका थी जो अलकनन्दा नदी के तट पर स्थित है। ऐसा प्रतीत होता है कि उत्तरी भारत का वर्तमान कुमायूं प्रदेश इसका एक भाग था। यह एक वर्षपर्वत का नाम भी है।

पंचवटी-दे० 'जनस्थान' के अन्तर्गत।

पंचाल- एक प्रसिद्ध प्रदेश का नाम। राजशेखर के अनुसार (बा० रा० १०।८६) यह प्रदेश गंगा यमुना का मध्यवर्ती भाग था, इसीलिए यह गंगा दोआब कहलाता था। द्रुपद के काल में यह प्रदेश चर्मण्वती (चंबल) के तट से लेकर उत्तर में गंगाद्वार तक फैला हुआ था। भागीरथी का उत्तरीभाग उत्तरपंचाल कहलाता था। और इसकी राजधानी

अहिच्छत्र थी। इस प्रदेश का दक्षिणीभाग 'दक्षिणपंचाल' कहलाता था जो द्रुपद की मृत्यु के पश्चात् हस्तिनापुर की राजधानी में विलीन हो गया।

पद्मपुर- भवभूति कवि की जन्मभूमि। यह नगर नागपुर जिले में चन्द्रपुर (वर्तमान चाँदा) के निकट कहीं पर बसा हुआ था।

पद्मावती- मालवाप्रदेश में सिन्धु नदी के तट पर स्थित वर्तमान नरवाड़ से इसकी एकरूपता मानी जाती है। इसके आस-पास और दूसरी नदियाँ पारा या पार्वती, लूण और मधुवर हैं जिनका भवभूति ने पारा लावणी और मधुमती के नाम से उल्लेख किया है यह नगर के आसपास बहने वाली नदियाँ हैं। भवभूति के मालतीमाधव का वर्णित दृश्य यह नगर है।

पंपा- एक प्रसिद्ध सरोवर का नाम जो आजकल पेत्रसिर कहलाता है। इसके निकट ही ऋष्यमूक पर्वत विद्यमान है। इस नाम की नदी सरोवर से निकली है; विशेषकर इसका उत्तरीभाग चन्द्रदुर्ग के मध्यवर्ती शिलासरोवर से निकला है। यही संभवतः मूल पंपा था और चन्द्रदुर्ग ही ऋष्यमूक पर्वत। बाद में यह नाम इस सरोवर से नदी में परिवर्तित हो गया जो इससे निकली।

पाटलिपुत्र- गंगा और शोण नदी के संगम पर स्थित उत्तरी बिहार या मगध में एक महत्त्वपूर्ण नगर। यह 'कुसुमपुर' या 'पुष्पपुर' भी कहलाता था। संस्कृत के लौकिक साहित्य में इस नाम का उल्लेख मिलता है। कहते हैं कि लगभग अठारहवीं शताब्दी के मध्य में यह नगर एक नदी की बाढ़ की चपेट में आकर नष्ट हो गया।

पांड्य- भारत के बिल्कुल दक्षिण में स्थित एक देश को चोलदेश के दक्षिण-पश्चिम में विद्यमान है। मलयपर्वत और ताम्रपर्णी नदी का स्थान निर्विवाद रूप से निश्चत हो चुका है, तु० बा० रा० २।३१। इस प्रदेश की वर्तमान तिन्नेवली से एकरूपता स्थापित की जा सकती है। रामेश्वर का पावनद्वीप इसी राज्य के अन्तर्गत है। कालिदास ने पांड्यदेश की राजधानी का नाम 'नाग-नगर' बताया है। जो संभवतः मद्रास से १६० मील दक्षिण में वर्तमान 'नागपत्तन' ही है, तु० रघु० ६।५९-६४।

पारसीक- पर्शिया देश के रहने वाले लोग। संभवतः यह शब्द उन जातियों के लिए भी व्यवहार में आता था जो भारत की उत्तरपश्चिमी सीमा में सीमावर्ती जिलों में रहते हैं। इनके देश से 'वनायुदेश्य' नाम से घोड़ों के आने का उल्लेख मिलता है।

पारियात्र- भारत की एक मुख्य पर्वतशृंखला। संभवतः यह वही है जिसे हम शिवालिक पहाड़ कहते हैं और जो हिमालय के समानान्तर उत्तर पूर्व में गंगा के दोआब की रक्षा करता है।

प्रतिष्ठान- पुरूरवस् की राजधानी। पुरूरवा एक प्राचीनकाल का चन्द्रवंशी राजा था। यह स्थान प्रयाग या इलाहाबाद के सामने स्थित था। हरिवंश पुराण में बताया गया है कि यह स्थान प्रयाग के जिले में गंगा नदी के उत्तरी तट पर बसा हुआ था। कालिदास ने इसे गंगा यमुना के संगम पर स्थित बतलाया है। तु० विक्रम० २।

मगध- दक्षिणी बिहार या मगध का देश। इसकी पुरानी राजधानी गिरिव्रज (या राजगृह) थी।इसमें पाँच पर्वत-विपुलगिरि, रत्नगिरि, उदयगिरि, शोणगिरि और वैभार (व्याहार) गिरि सम्मिलित थे। इसकी दूसरी राजधानी पाटलिपुत्र थी। परवर्ती साहित्य में मगध का नाम कीकट भी आया है।

मत्स्य या विराट- धौलपुर के पश्चिम में स्थित देश। कहा जाता है कि पांडव लोग दशार्ण के उत्तर में शौरसेन तथा रोहितक के भूभाग से होते हुए यमुना के तट इस प्रदेश में आये थे। विराट देश की राजधानी संभवतः वैराट ही थी जो आजकल जयपुर से ४० मील उत्तर में बैरात के नाम से विख्यात है।

मलय- भारत की सात मुख्य पर्वत शृंखलाओं में से एक। इसकी एकरूपता संभवतः मैसूर के दक्षिण में फैले हुए घाट के दक्षिणी भाग से की जाती है जो ट्रावनकोर की पूर्वी सीमा बनाता है। भवभूति के कथनानुसार यह प्रदेश कावेरी से घिरा हुआ है (महावीर० ५।३ तथा लघु० ४।४६)। कहते हैं कि यहाँ इलायची, काली मिर्चें, चंदन और सुपारी के वृक्ष बहुत पाये जाते हैं। रघु० ४।५१ में कालिदास ने बतलाया है कि मलय और दर्दुर यह दो पर्वत दक्षिणी प्रदेश के दो वक्षःस्थल हैं। अतः दर्दुर घाट का वह भाग है जो मैसूर की दक्षिणपूर्वी सीमा बनाता है।

महेन्द्र- भारत की सात मुख्य पर्वतशृंखलाओं में से एक। वर्तमान महेन्द्रमाले से इसकी एकरूपता स्थापित की जाती है जो कि महानदी की घाटी से गंगा को विभक्त करता है। संभवतः इसमें महानदी और गोदावरी का मध्यवर्ती समस्त पूर्वी घाट सम्मिलित था।

महोदय-(कान्यकुब्ज या गाधिनगर) यह वही प्रदेश है जो गंगा के किनारे वर्तमान कन्नौज नाम से विख्यात है। सातवीं शताब्दी में यह नगर भारत का अत्यंत प्रसिद्ध स्थान था। तु० बा० रा० १०।८८-८६।

मानस- एक सरोवर का नाम है जो हाटक में स्थित था, जिसे आज कल लद्दाख कहते हैं। हाटक के उत्तर में उत्तरी कुरुओं का देश है जिसका नाम हरिवर्ष है। पूर्वकाल में यह सरोवर किन्नरों के आवास के रूप में विख्यात था। कवियों की उक्ति के अनुसार वर्षा ऋतु के आरम्भ में हंस प्रतिवर्ष यहीं आकर शरण लेते थे।

माहिष्मती- दे० 'चेदि' के अन्तर्गत।

मिथिला- दे० 'विदेह' के अन्तर्गत।

मुरल- दे० 'केरल' के अन्तर्गत।

मेकल- अमरकण्टक नाम का पर्वत जहाँ से नर्मदा नदी निकलती है।

लाट- एक देश का नाम जो नर्मदा के पश्चिम में फैला हुआ था। इसमें सभवतः ब्रोच, बड़ौदा और अहमदाबाद सम्मिलित थे। कुछ के मतानुसार खैर भी इसी में सम्मिलित था।

बंग- **(समतट)** पूर्वी बंगाल का एक नाम (उत्तरी बंगाल या गौड देश से बिल्कुल भिन्न है) इसमें बंगाल का समुद्रतट भी सम्मिलित है। ऐसा प्रतीत होता है कि किसी समय तिप्पड़ा और गैरो पहाड़ भी इसमें सम्मिलित थे।

वलभी- दे० 'सौराष्ट्र' के अन्तर्गत।

वाहीक, वाहीक- पंजाब में रहने वाली जातियों का सामान्य नाम। इनका देश वर्तमान बलख है। कहते हैं कि वे पंजाब के उस भाग में रहते थे जिसे सिन्धु नदी तथा पंजाब की अन्य पाँच नदियाँ सींचती हैं, परन्तु भारत की पुण्य भूमि से यह बाहर था। यह देश घोड़ो और हींग के कारण प्रसिद्ध है।

विदर्भ- वर्तमान वरार देश। प्राचीन काल में कुंतल के उत्तर में स्थित यह एक बड़ा राज्य था जो कृष्णा के तट से लेकर लगभग नर्मदा के तट तक फैला हुआ था। विशालकाय होने को कारण इसका नाम महाराष्ट्र भी था, तु० बा० रा० १०।७४। कुण्डिनपुर जिसे विदर्भ भी कहते हैं इस देश की प्राचीन राजधानी थी। इसी को संभवतः आजकल बीदर कहते हैं। विदर्भ देश को वरदा नदी ने दो भागों में विभक्त कर दिया है, उत्तरी भाग की राजधानी अमरावती है, तथा दक्षिणी भाग की प्रतिष्ठान।

विदिशा- दे० 'दशार्ण' के अन्तर्गत।

विदेह- मगध के पूर्वोत्तर में विद्यमान एक देश। इसकी राजधानी मिथिला थी जो अब मधुवनी के उत्तर में नैपाल में जनकपुर नाम से विख्यात है। प्राचीनकाल में विदेह के अन्तर्गत, नैपाल के एक भाग के अतिरिक्त वह सब स्थान जो अब सीतामढ़ी सीताकुंड अथवा तिरहुत के पुराने जिले का उत्तरी भाग और चम्पारन का उत्तर पश्चिमी भाग कहलाता है, इसमें सम्मिलित थे।

विराट- दे० 'मत्स्य'।

वृन्दावन- 'राधा का वन' आज कल मथुरा से कुछ मील उत्तर में एक नगर के रूप में बसा हुआ स्थान। यह यमुना के बायें किनारे स्थित है।

शक- एक जनजाति का नाम जो भारत के उत्तर-पश्चिमी सीमांत पर बसी हुयी थी। संस्कृत के श्रेष्ठ साहित्य में इसका उल्लेंख मिलता है। सिथियंस से इसकी एकरूपता मानी जाती है।

शुक्तिमत्- भारत की सात प्रमुख पर्वतशृंखलाओं में से एक। इसकी सही स्थिति का अभी कुछ निर्णय नहीं हो पाया है, परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि नैपाल के दक्षिण में यह हिमालय पर्वत की एक शाखा है।

श्रावस्ती- उत्तरी कोशल में स्थित एक नगर का नाम जहाँ, कहते हैं कि लव राज्य किया करता था (रघु० १५।९७ में इसीको 'शरावती' का नाम दिया है)। अयोध्या के उत्तर में वर्तमान साहेत माहेत से इसकी एकरूपता मानी जाती है। यह नगर धर्मपत्तन या धर्मपुरी भी कहलाता है।

सह्य- भारत की सात प्रमुख पर्वत शृंखलाओं में से एक। आज कल इसी का नाम सह्याद्रि है। पश्चिमी घाट जो मलय के उत्तर में नीलगिरि के संगम तक फैला है, ही सह्याद्रि है।

सिंधु- दे० 'पन्नावती' के अन्तर्गत।

सिंधुदेशः- वर्तमान सिंध प्रदेश जो सिंधु नदी का ऊपरी भाग है।

सुह्म- एक देश का नाम जो वंग के पश्चिम में स्थित है। इसकी राजधानी ताम्रलिप्त (जिसे तामलिप्त, दामलिप्त, ताम्रलिप्ति तथा तमालिनी भी कहते हैं) की एकरूपता वर्तमान तमलूक से की जाती है। तमलूक कोसी नदी के दक्षिणी किनारे पर स्थित है। इस कोसी का नाम ही कालिदास ने 'कपिशा' लिखा है। प्राचीन काल में यह नगर समुद्र के अधिक निकट बसा हुआ था। यहाँ पर ही अधिकांश समुद्री व्यापार किया जाता था। सुह्म लोगों को ही कभी कभी राढ के नाम से पुकारते थे, (अर्थात् पश्चिमी बंगाल के लोग)।

सौराष्ट्र-(आनर्त) काठियावाड़ का वर्तमान प्रायद्वीप। द्वारका आनर्तनगरी या अब्धिनगरी कहलाती थी। पुरानी द्वारका वर्तमान द्वारका से दक्षिण पूर्व में ९५ मील स्थित मधुपुर नामक नगर के निकट बसी हुई थी। यह स्थान रैवतक पर्वत के निकट था। ऐसा ज्ञात होता है कि यही वह स्थान है जिसे जूनागढ का निकटवर्ती गिरिनार पर्वत कहते हैं। इस देश की दूसरी राजधानी वलभी प्रतीत होती है। इस नगर के खंडहर भावनगर से उत्तर पश्चिम में १० मील की दूरी पर बिल्बी नामक स्थान पर पाये गये हैं। प्रभास नामक प्रसिद्ध सरोवर इसी देश में समुद्रतट पर स्थित था।

स्रुघ्न- पाटलिपुत्र से थोड़ी दूरी पर यह एक नगर तथा जिला था। यमुना के पुराने तल के तट पर स्थित वर्तमान 'सुंग' से इसकी एकरूपता मानी जाती है।

हस्तिनापुर- 'हस्तिन्' नाम का भरतवंश में एक प्रतापी राजा था। उसने ही इस प्रसिद्ध नगर को बसाया था। वर्तमान दिल्ली के उत्तरपूर्व में ५६ मील की दूरी पर यह नगर गंगा की एक पुरानी नहर के किनारे बसा हुआ है।

हेमकूट-'स्वर्णशिखर' पर्वत। यह पर्वत उस पर्वत शृंखला में से एक है जो इस महाद्वीप को सात वर्षों (वर्ष पर्वत) में बाँटती है। बहुधा ऐसा माना जाता है कि यह पर्वत हिमालय के उत्तर में-या हिमालय और मेरु के बीच में स्थित है तथा किन्नरों के प्रदेश (किंपुरुषवर्ष) की सीमा बनाता है। तु० का० १३६। कालिदास इसके विषय में कहता है-"यह पूर्वी और पश्चिमी समुद्रों में डूबा है और सुनहरी पानी का स्रोत है" दे० श० ७।

• • •

परिशिष्ट ४

संख्या	पूरणी संख्या पुँ० तथा नपुं०	पूरणी संख्या स्त्री०
१ एकः	प्रथमः-मम्	प्रथमा
२ द्विः	द्वितीयः-यम्	द्वितीया
३ त्रिः	तृतीयः-यम्	तृतीया
४ चतुर्	चतुर्थ*तुरीय, तुर्य	चतुर्थी, तुरीया, तुर्या
५ पञ्चन्	पंचम*	पंचमी
६ षष्	षष्ठ	षष्ठी
७ सप्तन्	सप्तम	सप्तमी
८ अष्टन्	अष्टम	अष्टमी
९ नवन्	नवम	नवमी
१० दशन्	दशम	दशमी
११ एकादशन्	एकादश	एकादशी
१२ द्वादशन्	द्वादश	द्वादशी
१३ त्रयोदशन्	त्रयोदश	त्रयोदशी
१४ चतुर्दशन्	चतुर्दश	चतुर्दशी
१५ पंचदशन्	पंचदश	पंचदशी
१६ षोडशन्	षोडश	षोडशी
१७ सप्तदशन्	सप्तदश	सप्तदशी
१८ अष्टादशन्	अष्टादश	अष्टादशी
१९ नवदशन्	नवदश	नवदशी
अथवा		
एकोनविंशति (स्त्री०)	एकोनविंश	एकोनविंशी
अथवा	एकोनविंशतितम	एकोनविंशतितमी
ऊनविंशति	ऊनविंश, ऊनविंशतितम	ऊनविंशी
अथवा		ऊनविंशतितमी
एकान्नविंशति	एकान्नविंश, एकान्नविंशतितम	एकान्नविंशी
		एकान्नविंशतितमी

* पूरण के अर्थ में षट्, कतिपय तथा चतुर् शब्दों में डट् प्रत्यय जुड़ने पर उन्हें थुक् आगम होता है (षट्कतिकतिपयचतुरां थुक्)। चतुर् शब्द में पूरण अर्थ में छ और यत् प्रत्यय भी लगते हैं आद्य अक्षर 'च' का लोप हो जाता है (चतुरश्छयतावाद्यक्षरलोपश्च)। इस प्रकार तुरीय और तुर्य रूप बनते हैं।

* नान्तसंख्यावाची शब्दों में पूरण के अर्थ में डट् प्रत्यय जुड़ने पर उसे मट् आगम होता है (नान्तादसंख्यादेर्मट्)

२०	विंशति	विंश* विंशतितम	विंशी, विंशतितमी
२१	एकविंशति	एकविंश, एकविंशतितम	एकविंशी एकविंशतितमी
२२	द्वाविंशति	द्वाविंश, द्वाविंशतितम	द्वाविंशी द्वाविंशतितमी
२३	त्रयोविंशति	त्रयोविंश, त्रयोविंशतिमम	त्रयोविंशी त्रयोविंशतितमी
२४	चतुर्विंशति	चतुर्विंश, चतुर्विंशतितम	चतुर्विंशी चतुर्विंशतिमी
२५	पंचविंशति	पंचविंश, पंचविंशतितम	पंचविंशी पंचविंशतितमी
२६	षड्विंशति	षड्विंश, षड्विंशतितम	षड्विंशी षड्विंशतितमी
२७	सप्तविंशति	सप्तविंश, सप्तविंशतितम	सप्तविंशी सप्तविंशतितमी
२८	अष्टाविंशति	अष्टाविंश	अष्टाविंशी अष्टाविंशतितमी
२९	नवविंशति	नवविंश	नवविंशी
	अथवा	नवविंशतितम	नवविंशतितमी
	एकोनत्रिंशत्	एकानत्रिंश, एकोनत्रिंशत्तम	एकोनत्रिंशी
	अथवा		एकोनत्रिंशत्तमी
	ऊनत्रिंशत्	ऊनत्रिंश, ऊनत्रिंशत्तम	ऊनत्रिंशी
	अथवा		ऊनत्रिंशत्तमी
	एकात्रत्रिंशत्	एकात्रत्रिंश, एकात्रत्रिंशत्तम	एकात्रत्रिंशी एकात्रत्रिंशत्तमी
३०	त्रिंशत्	त्रिंश, त्रिंशत्तम	त्रिंशी, त्रिंशत्तमी
३१	एकत्रिंशत्	एकत्रिंश एकत्रिंशत्तम	एकत्रिंशी एकत्रिंशत्तमी
३२	द्वात्रिंशत्	द्वात्रिंश द्वात्रिंशत्तम	द्वात्रिंशी द्वात्रिंशत्तमी
३३	त्रयस्त्रिंशत्	त्रयस्त्रिंश त्रयस्त्रिंशत्तम	त्रयस्त्रिंशी त्रयस्त्रिंशत्तमी
३४	चतुस्त्रिंशत्	चतुस्त्रिंश चतुस्त्रिंशत्तम	चतुस्त्रिंशी चतुस्त्रिंशत्तमी

* विंशति इत्यादि शब्दों में पूरणतम के अर्थ में विकल्प से ट् प्रत्यय लगता है (विंशत्यादिभ्यस्तमडन्यतरस्याम्) और डट् भी लगता है। इस प्रकार इनके दो-दो रूप होंगे विंशः, विंशतितमः, त्रिंशत्तमः इत्यादि।

३५	पंचत्रिंशत्	पंचत्रिंश	पंचत्रिंशी
		पंचत्रिंशत्तम	पंचत्रिंशत्तमी
३६	षट्त्रिंशत्	षट्त्रिंश	षट्त्रिंशी
		षट्त्रिंशत्तम	षट्त्रिंशत्तमी
३७	सप्तत्रिंशत्	सप्तत्रिंश	सप्तत्रिंशी
		सप्तत्रिंशत्तम	सप्तत्रिंशत्तमी
३८	अष्टात्रिंशत्	अष्टात्रिंश	अष्टात्रिंशी
		अष्टात्रिंशत्तम	अष्टात्रिंशत्तमी
३९	नवत्रिंशत्	नवत्रिंश	नवत्रिंशी
	अथवा	नवत्रिंशत्तम	नवत्रिंशत्तमी
	एकोनचत्वारिंशत्	एकोनचत्वारिंश	एकोनचत्वारिंशी
	अथवा	एकोनचत्वारिंशत्तम	एकोनचत्वारिंशत्तमी
	ऊनचत्वारिंशत्	ऊनचत्वारिंश	ऊनचत्वारिंशी
	अथवा	ऊनचत्वारिंशत्तम	ऊनचत्वारिंशत्तमी
	एकान्नचत्वारिंशत्	एकान्नत्वारिंश	एकान्नचत्वारिंशी
		एकान्नचत्वारिंशत्तम	एकान्नचत्वारिंशत्तमी
४०	चत्वारिंशत्	चत्वारिंश	चत्वारिंशी
		चत्वारिंशत्तम	चत्वारिंशत्तमी
४१	एकचत्वारिंशत्	एकचत्वारिंश	एकचत्वारिंशी
		एकचत्वारिंशत्तम	एकचत्वारिंशत्तमी
४२	द्वाचत्वारिंशत्	द्वाचत्वारिंश	द्वाचत्वारिंशी
	अथवा	द्वाचत्वारिंशत्तम	द्वाचत्वारिंशत्तमी
	द्विचत्वारिंशत्	द्विचत्वारिंश	द्विचत्वारिंशी
		द्विचत्वारिंशत्तम	द्विचत्वारिंशत्तमी
४३	त्रयश्चत्वारिंशत्	त्रयश्चत्वारिंश	त्रयश्चत्वारिंशी
	अथवा	त्रयश्चत्वारिंशत्तम	त्रयश्चत्वारिंशत्तमी
	त्रिचत्वारिंशत्	त्रिचत्वारिंश	त्रिचत्वारिंशी
		त्रिचत्वारिंशत्तम	त्रिचत्वारिंशत्तमी
४४	चतुश्चत्वारिंशत्	चतुश्चत्वारिंश	चतुश्चत्वारिंशी
		चतुश्चत्वारिंशत्तम	चतुश्चत्वारिंशी
४५	पञ्चचत्वारिंशत्	पञ्चचत्वारिंश	पञ्चचत्वारिंशत्तमी
		पञ्चचत्वारिंशत्तम	पञ्चचत्वारिंशत्तमी
४६	षट्चत्वारिंशत्	षट्चत्वारिंश	षट्चत्वारिंशी
		षट्चत्वारिंशत्तम	षट्चत्वारिंशत्तमी
४७	सप्तचत्वारिंशत्	सप्तचत्वारिंश	सप्तचत्वारिंशी
		सप्तचत्वारिंशत्तम	सप्तचत्वारिंशत्तमी
४८	अष्टाचत्वारिंशत्	अष्टाचत्वारिंश	अष्टाचत्वारिंशी
	अथवा	अष्टाचत्वारिंशतम	अष्टाचत्वारिंशत्तमी

	अष्टचत्वारिंशत्	अष्टचत्वारिंश	अष्टचत्वारिंशी
		अष्टचत्वारिंशत्तम	अष्टचत्वारिंशत्तमी
४९	नवचत्वारिंशत्	नवचत्वारिंश	नवचत्वारिंशी
	अथवा	नवचत्वारिंशत्तम	नवचत्वारिंशत्तमी
	एकोनपञ्चाशत्	एकोनपञ्चाश	एकोनपञ्चाशी
	अथवा	एकोनपञ्चाशत्तम	एकोनपञ्चाशत्तमी
	ऊनपंचाशत्	ऊनपंचाश	ऊनपंचाशी
	अथवा	ऊनपंचाशत्तम	ऊनपंचाशत्तमी
	एकान्नपञ्चाशत्	एकान्नपञ्चाश	एकान्नपञ्चाशी
		एकान्नपञ्चाशत्तम	एकान्नपञ्चाशत्तमी
५०	पञ्चाशत्	पञ्चाश	पञ्चाशी
		पञ्चाशत्तम	पञ्चाशत्तमी
५१	एकपञ्चाशत्	एकपञ्चाश	एकपञ्चाशी
		एकपञ्चाशत्तम	एकपञ्चाशत्तमी
५२	द्वापञ्चाशत्	द्वापञ्चाश	द्वापञ्चाशी
	अथवा	द्वापञ्चाशत्तम	द्वापञ्चाशत्तमी
	द्विपञ्चाशत्	द्विपञ्चाश	द्विपञ्चाशी
		द्विपञ्चाशत्तम	द्विपञ्चाशत्तमी
५३	त्रय:पञ्चाशत्	त्रय:पञ्चाश	त्रय:पञ्चाशी
	अथवा	त्रय:पञ्चाशत्तम	त्रय:पञ्चशत्तमी
	त्रिपञ्चाशत्	त्रिपञ्चाश	त्रिपञ्चाशी
		त्रिपञ्चाशत्तम	त्रिपञ्चाशत्तमी
५४	चतु:पञ्चाशत्	चतु:पञ्चाश	चतु:पञ्चाशी
		चतु:पञ्चाशत्तम	चतु:पञ्चाशत्तमी
५५	पञ्चपञ्चाशत्	पञ्चपञ्चाश	पञ्चपञ्चाशी
		पञ्चपञ्चाशत्तम	पञ्चपञ्चाशत्तमी
५६	षट्पञ्चाशत्	षट्पञ्चाश	षट्पञ्चाशी
		षट्पञ्चाशत्तम	षट्पञ्चाशत्तमी
५७	सप्तपञ्चाशत्	सप्तपञ्चाश	सप्तपञ्चाशी
		सप्तपञ्चाशत्तम	सप्तपञ्चाशत्तमी
५८	अष्टापञ्चाशत्	अष्टापञ्चाश	अष्टापञ्चाशी
	अथवा	अष्टापञ्चाशत्तम	अष्टापञ्चाशत्तमी
	अष्टपञ्चाशत्	अष्टपञ्चाश	अष्टपञ्चाशी
		अष्टपञ्चाशत्तम	अष्टपञ्चाशत्तमी
५९	नवपञ्चाशत्	नवपञ्चाश	नवपञ्चाशी
	अथवा	नवपञ्चाशत्तम	नवपञ्चाशत्तमी
	एकोनषष्टि	एकोनषष्ट	एकोनषष्टी
	अथवा	एकोनषष्टितम	एकोनषष्टितमी
	ऊनषष्टि	ऊनषष्ट	ऊनषष्टी

	अथवा	ऊनषष्टितम	ऊनषष्टितमी
	एकोत्रषष्टि	एकात्रषष्ट	एकात्रषष्टी
		एकात्रषष्टितम	एकात्रषष्टितमी
६०	षष्टि	षष्टितम	षष्टितमी
६१	एकषष्टि	एकषष्ट	एकषष्टी
		एकषष्टितम	एकषष्टितमी
६२	द्वाषष्टि	द्वाषष्ट	द्वाषष्टी
	अथवा	द्वाषष्टितम	द्वाषष्टितमी
	द्विषष्टि	द्विषष्ट	द्विषष्टी
		द्विषष्टितम	द्विषष्टितमी
६३	त्रयष्षष्टि	त्रयष्षष्ट	त्रयष्षष्टी
	अथवा	त्रयःषष्टितम	त्रयःषष्टितमी
	त्रिषष्टि	त्रिषष्ट	त्रिषष्टी
		त्रिषष्टितम	त्रिषष्टितमी
६४	चतुष्षष्टि	चतुष्षष्ट	चतुष्षष्टी
		चतुष्षष्टितम	चतुष्षष्टितमी
६५	पञ्चषष्टि	पञ्चषष्ट	पञ्चषष्टी
		पञ्चषष्टितम	पञ्चषष्टितमी
६६	षट्षष्टि	षट्षष्ट	षट्षष्टी
		षट्षष्टितम	षट्षष्टितमी
६७	सप्तषष्टि	सप्तषष्ट	सप्तषष्टी
		सप्तषष्टितम	सप्तषष्टितमी
६८	अष्टाषष्टि	अष्टाषष्ट	अष्टाषष्टी
	अथवा	अष्टाषष्टितम	अष्टाषष्टितमी
	अष्टषष्टि	अष्टषष्ट	अष्टषष्टी
		अष्टपष्टितम	अष्टषष्टितमी
६९	नवषष्टि	नवषष्ट	नवषष्टी
	अथवा	नवषष्टितम	नवषष्टितमी
	एकोनसप्तति	एकोनसप्तत	एकोनसप्तती
	अथवा	एकोनसप्ततितम	एकोनसप्ततितमी
	ऊनसप्तति	ऊनसप्तत	ऊनसप्तती
	अथवा	ऊनसप्ततितम	ऊनसप्ततितमी
	एकोत्रसप्तति	एकात्रसप्तत	एकान्नसप्तती
		एकात्रसप्ततितम	एकात्रसप्ततितमी
७०	सप्तति	सप्तत	सप्तती
		सप्ततितम	सप्ततितमी
७१	एकसप्तति	एकसप्तत	एकसप्तती
		एकसप्ततितम	एकसप्ततितमी
७२	द्वासप्तति	द्वासप्तत	द्विसप्तती

	अथवा	द्वासप्ततितम	द्वासप्ततितमी
	द्विसप्तति	द्विसप्तत	द्वासप्तती
		द्विसप्ततितम	द्विसप्ततितमी
७३	त्रयस्सप्तति	त्रयस्सप्तत	त्रयस्सप्तती
	अथवा	त्रयस्सप्ततितम	त्रयस्सप्ततितमी
	त्रिसप्तति	त्रिसप्तत	त्रिसप्तती
		त्रिसप्ततितम	त्रिसप्ततितमी
७४	चतुस्सप्तति	चतुस्सप्तत	चतुस्सप्तती
		चतुस्सप्ततितम	चतुस्सप्ततितमी
७५	पञ्चसप्तति	पञ्चसप्तत	पञ्चसप्तती
		पञ्चसप्ततितम	पञ्चसप्ततितमी
७६	षट्सप्तति	षट्सप्तत	षट्सप्तती
		षट्सप्ततितम	षट्सप्ततितमी
७७	सप्तसप्तति	सप्तसप्तत	सप्तसप्तती
		सप्तसप्ततितम	सप्तसप्ततितमी
७८	अष्टासप्तति	अष्टासप्तत	अष्टासप्तती
	अथवा	अष्टासप्ततितम	अष्टासप्ततितमी
	अष्टसप्तति	अष्टसप्तत	अष्टसप्तती
		अष्टसप्ततितम	अष्टसप्ततितमी
७९	नवसप्तति	नवसप्तत	नवसप्तती
	अथवा	नवसप्ततितम	नवसप्ततितमी
	एकोनाशिति	एकोनाशीत	एकोनाशीती
		एकोनाशीतितम	एकोनाशीतितमी
	ऊनाशीति	ऊनाशीत	ऊनाशीती
	अथवा	ऊनाशीतितम	ऊनाशीतितमी
	एकान्नाशीति	एकान्नाशीत	एकान्नाशीती
		एकान्नाशीतितम	एकान्नाशीतितमी
८०	अशीति	अशीतितम	अशीतितमी
८१	एकाशीति	एकाशीत	एकाशीती
		एकाशीतितम	एकाशीतितमी
८२	द्व्यशीति	द्व्यशीत	द्व्यशीति
		द्व्यशीतितम	द्व्यशीतितमी
८३	त्र्यशीति	त्र्यशीत	त्र्यशीती
		त्र्यशीतितम	त्र्ययशीतितमी
८४	चतुरशीति	चतुरशीत	चतुरशीती
		चतुरशीतितम	चतुरशीतितमी
८५	पंचाशीति	पंचाशीत	पंचाशीती
		पंचाशीतितम	पंचाशीतितमी
८६	षडशीति	षडशीत	षडशीती
		षडशीतितम	षडशीतितमी

८७	सप्ताशीति	सप्ताशीत	सप्ताशीती
		सप्ताशीतितम	सप्ताशीतितमी
८८	अष्टाशीति	अष्टाशीत	अष्टाशीती
		अष्टाशीतितम	अष्टाशीतितमी
८९	नवाशीति	नवाशीत	नवाशीती
	अथवा	नवाशीतितम	नवाशीतितमी
	एकोननवति	एकोननवत	एकोननवती
	अथवा	एकोननवतितम	एकोननवतितमी
	ऊननवति	ऊननवत	ऊननवती
	अथवा	ऊननवतितम	ऊननवतितमी
	एकान्ननवति	एकान्ननवत	एकान्ननवती
		एकान्ननवतितम	एकान्ननवतितमी
९०	नवति	नवतितम	नवतितमी
९१	एकनवति	एकनवत	एकनवती
		एकनवतितम	एकनवतितमी
९२	द्वानवती	द्वानवत	द्वानवती
	अथवा	द्वानवतितम	द्वानवतितमी
	द्विनवति	द्विनवत	द्विनवती
		द्विनवतितम	द्विनवतितमी
९३	त्रयोनवति	त्रयोनवत	त्रयोनवती
	अथवा	त्रयोनवतितम	त्रयोनवतितमी
	त्रिनवति	त्रिनवत	त्रिनवती
		त्रिनवतितम	त्रिनवतितमी
९४	चतुर्नवति	चतुर्नवत	चतुर्नवती
		चतुर्नवतितम	चतुर्नवतितमी
९५	पनञ्चवति	पञ्चनवत	पञ्चनवती
		पञ्चनवतितम	पञ्चनवतितमी
९६	षण्णवति	षण्णवत	षण्णवती
		षण्णवतितम	षण्णवतितमी
९७	सप्तनवति	सप्तनवत	सप्तनवती
		सप्तनवतितम	सप्तनवतितमी
९८	अष्टानवति	अष्टानवत	अष्टानवती
	अथवा	अष्टानवतितम	अष्टानवतितमी
	अष्टनवति	अष्टनवत	अष्टनवती
		अष्टनवतितम	अष्टनवतितमी
९९	नवनवति	नवनवत	नवनवती
	अथवा	नवनवतितम	नवनवतितमी
	एकोनशत (नपुं०)	एकोनशततम	एकोनशततमी

१०० शतं	शततम	शततमी
२०० द्विशत	द्विशततम	द्विशततमी
३०० त्रिशत	त्रिशततम	त्रिशततमी
४०० चतुश्शत	चतुश्शततम	चमुश्शततमी
५०० पञ्चशत	पञ्चशततम	पञ्चशततमी
१००० सहस्र	सहस्रतम	सहस्रतमी

१०,००० अयुत (नपुं०)

१,००,००० लक्ष (नपुं०) अथवा लक्षा (स्त्री०)

दस लाख-प्रयुत (नपुं०)
करोड़-कोटि (स्त्री०)
दस करोड़-अर्बुद (नपुं०)
अरब-अब्ज (नपुं०)
दस नील-जलधि (पुं०)
पद्‌म-अन्त्य (नपुं०)

दस अरब-खर्ब (पुं०, नपुं०)
खरब-निखर्ब (पुं०, नपुं०)
दस खरब-महापद्म (नपुं०)
नील-शङ्कु (पुं०)
दस पद्म-मध्य (नपुं०)
शङ्ख-परार्ध (नपुं०)

४०१	एकाधिकचतुःशतम्	एकोत्तरचतुःशतम्।
	एकाधिकं चतुःशतम्	एकोत्तरं चतुःशतम्।
५०२	द्व्यधिकपञ्चशतम्	द्व्युत्तरपञ्चशतम्।
	द्व्यधिकं पञ्चशतम्	द्व्युत्तरं पञ्चशतम्।
६०३	त्र्यधिकषट्शतम्	त्र्युत्तरषट्शतम्।
	त्र्यधिकं षट्शतम्	त्र्युत्तरं षट्शतम्।
७०४	चतुरधिकसप्तशतम्	चतुरुत्तरसप्तशतम्।
	चतुरधिकं सप्तसतम्	चतुरुत्तरं सप्तशतम्।
८०५	पञ्चाधिकाष्टशतम्	पञ्चोतराष्टशतम्।
	पञ्चाधिकमष्टशतम्	पञ्चोत्तरमष्टशतम्।
७९५	पञ्चनवत्यधिकसप्तशतम्	पञ्चनवत्युत्तरसप्तशतम्।
	पञ्चनवत्यधिकं सप्तशतम्	पञ्चनवत्युत्तरं सप्तशतम्।

१,२३४ चतुर्विंशत्यधिकत्रयोदशशतम् चतुर्विंशत्यधिकत्रिशताधिकसहस्रम्।

७९,६३५ पञ्चत्रिंशदधिकषट्शताधिकनवसहस्राधिकसप्तायुतम्।

१,१५ ३३२ द्वात्रिंशदधिकत्रिशतोत्तरपञ्चदशसहस्राणि एकं लक्षञ्च।

• • •